महाकवि सिंह द्वारा विरचित

पज्जुण्णचरिउ

[प्रद्युम्नचरित]



सम्पादन-अनुवाद
डॉ. विद्यावती जैन

पज्जुण्णचरिउ

तेरहवीं शती की उत्तर-मध्यकालीन काव्य-विधा में महाकवि सिंह कृत अपभ्रंश महाकाव्य 'पज्जुण्णचरिउ' (प्रद्युम्नचरित) भारतीय भाषा-साहित्य की एक महान् कृति है। इनमें शलाकापुरुष श्रीकृष्ण और उनके पुत्र प्रद्युम्नकुमार के चरित का विस्तार से वर्णन किया गया है।

केवल भाषा एवं साहित्य की दृष्टि से ही नहीं अपितु तत्कालीन भारतीय इतिहास, समाज एवं संस्कृति के अध्ययन के लिए भी यह कृति बहुत प्रामाणिक और उपयोगी सामग्री प्रस्तुत करती है। यह काव्य इसलिए भी विशिष्ट है कि महाकवि ने इसका कथ्य प्राचीन जैन कथास्रोतों के अतिरिक्त 'महाभारत' की कथा से भी सजीव बनाया है।

प्राकृत, संस्कृत एवं हिन्दी की विदुषी लेखिका डॉ. विद्यावती जैन ने ग्रन्थ के सम्पादन एवं अनुवाद के साथ इसकी बृहत्प्रस्तावना में तत्कालीन इतिहास के कतिपथ नये पक्ष उजागर किये हैं।

भारतीय ज्ञानपीठ का एक गौरवग्रन्थ।

महाकइ सिंह विरइउ

पज्जुण्णचरिउ

[प्रद्युम्नचरित]

मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला : अपभ्रंश ग्रन्थांक-22

महाकइ सिंह विरइउ

पज्जुण्णचरिउ

[प्रद्युम्नचरित]

समीक्षात्मक प्रस्तावना, हिन्दी अनुवाद तथा शब्दानुक्रमणिका सहित

सम्पादन-अनुवाद

डॉ. विद्यावती जैन

पी-एच.डी., डी. लिट्

भारतीय ज्ञानपीठ

दूसरा संस्करण : 2012 ☐ मूल्य : 350 रुपये

ISBN 978- 81-263-4039 - 2

भारतीय ज्ञानपीठ

(स्थापना : फाल्गुन कृष्ण 9; वीर नि. सं. 2470; विक्रम सं. 2000; 18 फरवरी 1944)

पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवी की स्मृति में
साहू शान्तिप्रसाद जैन द्वारा संस्थापित
एवं
उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रमा जैन द्वारा सम्पोषित

मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला के अन्तर्गत प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड़, तमिल आदि प्राचीन भाषाओं में उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि विविध विषयक जैन साहित्य का अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन तथा उनके मूल और यथासम्भव अनुवाद आदि के साथ प्रकाशन हो रहा है। जैन-भण्डारों की ग्रन्थसूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, कला एवं स्थापत्य पर विशिष्ट विद्वानों के अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन साहित्य ग्रन्थ भी इस ग्रन्थमाला में प्रकाशित हो रहे हैं।

•

प्रकाशक
भारतीय ज्ञानपीठ
18, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नयी दिल्ली-110 003

मुद्रक : बालाजी ऑफसेट, दिल्ली-110 032

© भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित

Moortidevi Jain Granthamala : Apabhransh Grantha No. 22

PAJJUṆṆACARIU

[Pradyumna-Carita]

of

Great poet Simha

with critical introduction, Hindi translation etc.

Edited and translated by

Dr. Vidyawati Jain

Ph.D., D. Litt.

BHARATIYA JNANPITH

Second Edition : 2012 □ **Price : Rs. 350**

ISBN 978- 81-263-4039 - 2

BHARATIYA JNANPITH

(Founded on Phalguna Krishna 9; Vira N. Sam. 2470; Vikrama Sam. 2000; 18th Feb. 1944)

MOORTIDEVI GRANTHAMALA

FOUNDED BY

Sahu Shanti Prasad Jain

In memory of his illustrious mother Smt. Moortidevi

and

promoted by his benevolent wife

Smt. Rama Jain

In this Granthamala critically edited Jain agamic, philosophical, puranic, literary, historical and other original texts in Prakrit, Sanskrit, Apabhramsha, Hindi, Kannada, Tamil etc. are being published in the original form with their translations in modern languages. Catalogues of Jain bhandaras, inscriptions, studies on art and architecture by competent scholars and popular Jain literature are also being published.

•

Published by
Bharatiya Jnanpith
18, Institutional Area, Lodi Road, New Delhi-110 003

Printed at : Balaji Offset, Delhi-110 032

© All Rights Reserved by Bharatiya Jnanpith

– श्रमण-संस्कृति के महामहिम आचार्यों की पावनभूमि कर्नाटक से अर्जित सुसंस्कारों के साथ जिन्होंने उत्तर भारत में प्रवेश कर उसे अपने विस्मृत स्वर्णिम गौरव का स्मरण दिलाया,

– दिग्-दिगन्त में अपने चातुर्मासों एवं विहार-यात्राओं के माध्यम से जिन्होंने समाज में नवजागरण का शंखनाद किया,

– अप्रकाशित पाण्डुलिपियों को परम्परा-प्राप्त साहित्यिक विरासत मानकर उनके उद्धार एवं प्रकाशन को जिन्होंने वर्तमान की अनिवार्यता घोषित की,

– विविध पुरस्कारों के माध्यम से सरस्वती के मूक-सेवकों को पुरस्कृत-सम्मानित करने की प्रेरणा प्रदान कर जिन्होंने उनको निरन्तर ऊर्जस्वित किया,

– विदुषी एवं जिज्ञासु महिलाओं के लिए जिन्होंने साहित्य, संगीत, कला एवं समाज-सेवा के क्षेत्र में अग्रगामी बनने की प्रेरणाएँ प्रदान कीं,

– प्राच्य भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं साहित्य के विविध प्रच्छन्न तथ्यों का उद्घाटन कर जिन्होंने शिक्षा-जगत् को आश्चर्यचकित किया, और

– आधुनिक भारतीय भाषाओं की जननी प्राकृत एवं अपभ्रंश का मूल्यांकन कर उसके प्रचार-प्रसार के लिए जिन्होंने सार्थक प्रयत्न किये,

– उन परमपूज्य **आचार्यश्री विद्यानन्द जी मुनिराज** की सेवा में यह श्रद्धासुमन सादर समर्पित है।

– विद्यावती जैन

विनम्र निवेदन

सन् 1972 के ग्रीष्मावकाश में सौभाग्य से मुझे राजस्थान, गुजरात एवं महाराष्ट्र में भ्रमण करने का सुअवसर मिला। वहाँ के अनेक दर्शनीय-स्थलों में से कुछ प्राचीन ग्रन्थागारों को भी देखने का सुयोग प्राप्त हुआ। आदिकालीन हिन्दी-साहित्य के अध्ययन-प्रसंगों में हिन्दी की जननी — अपभ्रंश के विषय में मुझे सामान्य जानकारी थी ही, और गुरुजनों ने बताया था कि राजस्थान एवं गुजरात के विभिन्न शास्त्र-भण्डारों में हिन्दी, अपभ्रंश, प्राकृत एवं संस्कृत के सहस्रों हस्तलिखित अप्रकाशित ग्रन्थ भरे पड़े हैं, जिनके अध्ययन एवं प्रकाशन की महती आवश्यकता है। अत: दीर्घकाल से मैं उन ग्रन्थों को देखने के लिए अत्यन्त लालायित थी। उक्त प्रवास प्रसंग में मुझे विशेष रूप से आमेर शास्त्र-भण्डार, जयपुर, ऐ०पं० सरस्वती-भवन, ब्यावर तथा अजमेर, अहमदाबाद, जामनगर, पूना, बड़ौदा एवं दिल्ली के प्राच्य शास्त्र-भण्डार देखने का अवसर मिला। ब्यावर के शास्त्र-भण्डार में पहुँचते ही वहाँ पोथियों के अवलोकन के समय **'पज्जुण्णचरिउ'** नामक प्रस्तुत अप्रकाशित ग्रन्थ ने मुझे अत्यधिक प्रभावित किया और वहीं पर मैंने यह संकल्प किया कि भले ही इसमें कुछ कठिनाइयाँ आयें, फिर भी इस ग्रन्थ का उद्धार मुझे करना ही है। यही विचार कर मैं उस ग्रन्थ को अपने साथ लेती आई और उसका एकरस होकर अध्ययन एवं मनन कर उसके प्रतिलिपि कार्य में संलग्न हो गयी। इसके प्रारम्भिक-कार्य में मुझे लगभग 3-4 वर्ष लग गये।

उस कार्यकाल में मैंने यह बार-बार अनुभव किया कि हस्तलिखित अप्रकाशित प्राचीन-लिपि का अध्ययन जितना कठिन है, उसका सम्पादन, हिन्दी-अनुवाद एवं समीक्षात्मक तथा तुलनात्मक अध्ययन उससे भी अधिक कठिन। यथार्थत: ये समस्त कार्य अत्यन्त धैर्य-साध्य, कष्ट-साध्य एवं व्यय-साध्य हैं। फिर भी, अपभ्रंश एवं हिन्दी के अनेक महारथी दिग्गज विद्वानों के महान् साहित्यिक-कार्यों का स्मरण तथा अवलोकन कर मैं गार्हस्थिक एवं अन्य शैक्षणिक-दायित्वबोधों की व्यस्तताओं के बीच भी धैर्यपूर्वक प्रस्तुत शोध-कार्य करती रही। अब मुझे इस बात की अत्यन्त प्रसन्नता है कि दीर्घावधि के परिश्रम के बाद में एक अद्यावधि अप्रकाशित एवं नष्ट-प्राय सरस-कृति का उद्धार कर सकी। मेरी दृष्टि से शोध की दिशा में अप्रकाशित-साहित्य का सम्पादन-अनुवाद एवं विविध दृष्टिकोणों से उसका समीक्षात्मक अध्ययन एक महत्त्वपूर्ण शोध-कार्य है और इस माध्यम से शोध-कार्यों में अनावश्यक पुनरावृत्तियों से भी बचा जा सकेगा।

प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध तीन खण्डों में विभक्त किया गया है— (1) मूलपाठ, (2) हिन्दी-अनुवाद एवं (3) समीक्षात्मक-अध्ययन। मूलपाठ एवं हिन्दी-अनुवाद यथास्थान प्रस्तुत हैं। हिन्दी-अनुवाद में कवि की मूलभावना को सुरक्षित रखने का यथासाध्य प्रयत्न तो किया ही गया है, यह भी ध्यान रखा गया है कि वह शब्दानुगामी अनुवाद के साथ-साथ प्रवाहपूर्ण भी बना रहे।

समीक्षात्मक-अध्ययन में उपलब्ध प्रतियों के परिचयों के अनन्तर काव्य-शास्त्रीय एवं सांस्कृतिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। साहित्य-जगत् के लिए महाकवि सिंह अद्यावधि एक अपरिचित अथवा अज्ञातप्राय कवि ही रहे हैं। उनका अथवा उनकी रचना का उल्लेख साहित्यिक इतिहास में नहीं मिलता, किन्तु इससे कवि अथवा इसकी कृति प्रभावहीन नहीं मानी जा सकती। उसके अँधेरे में पड़े रहने के अनेक कारण हो सकते हैं। मेरी दृष्टि से 13वीं सदी के बाद ही अगली 1-2 सदियों की राजनैतिक उथल-पुथल में सम्भवत: सुरक्षा की दृष्टि से

ही प०च० के किसी तलगृह में पड़ जाने के कारण वह दीर्घकाल तक कवियों की दृष्टि से ओझल बना रहा और बाद में जब कुछ राजनैतिक स्थिरता आयी और जब क्रमशः जैन शास्त्र-भण्डारों की भी पुनर्व्यवस्थाएँ एवं उनमें संगृहीत पोथियों का सूचीकरण आदि कार्य किया गया, तब कहीं इस महत्त्वपूर्ण रचना के विषय में जानकारी मिल सकी। वर्तमान में प्राच्य-लिपि एवं भाषाज्ञान की दुरूहता एवं ग्रन्थ की विशालता के कारण भी यह ग्रन्थ शोध-स्नातकों से अछूता ही बना रहा। वस्तुतः इस कोटि के ग्रन्थों पर शोध-कार्य कर पाना कितना कठिन है, इसका अनुभव कोई भुक्तभोगी ही कर सकता है।

पज्जुण्णचरिउ के कवि-परिचय एवं काल-निर्णय के लिए कोई विशेष आधार-सामग्री उपलब्ध नहीं है। किन्तु प०च० की आद्य एवं अन्त्य-प्रशस्ति में जो छिट-पुट सन्दर्भ मिले हैं, उन्हीं का विश्लेषण कर उक्त प्रकरण तैयार किया गया है।

तत्पश्चात् पृष्ठभूमि के रूप में अपभ्रंश-भाषा एवं साहित्य तथा उसके प्रमुख साहित्यकारों का परिचय देते हुए अपभ्रंश-साहित्य की विविध प्रवृत्तियों एवं हिन्दी काव्यों को उनकी देन सम्बन्धी चर्चा कर, प०च० का स्रोत एवं परम्परा, उसकी विषय-वस्तु तथा उसका अन्य उपलब्ध प्रद्युम्नचरितों के साथ संक्षिप्त तुलनात्मक अध्ययन (मानचित्र सहित) प्रस्तुत किया गया है।

प०च० के काव्यशास्त्रीय अध्ययन-प्रसंग में उसके **महाकाव्यत्व** को सिद्ध करते हुए उसमें प्रयुक्त रस, अलंकार, छन्द, भाषा, शैली, चरित्र-चित्रण; बिम्ब-योजना तथा कथानक-रूढ़ियों आदि पर प्रकाश डाला गया है।

प०च० के **सामाजिक**-चित्रण प्रकरण में वर्ण-व्यवस्था, प्रमुख जातियाँ एवं उनकी स्थिति, संस्कार, विवाह-प्रकार एवं उनके रीति-रिवाज तथा महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला गया है। **राजनैतिक**-सन्दर्भ-प्रकरण में राजा, माण्डलिक, सामंत, तलवर, दूत, युद्ध-विद्या, शस्त्रास्त्र-प्रकार आदि पर विचार गया है।

आर्थिक जीवन — आजीविका के साधन-प्रकरण में — कृषि एवं अन्य उत्पादन, वाणिज्य, लघु-उद्योग-धन्धे, जिनमें वस्त्र, बर्त्तन, आभूषण, वस्त्र-सिलाई, काष्ठ, लौह एवं आयुध-निर्माण, चर्मोद्योग, पशुपालन, भवन-निर्माण, प्रसाधन-सामग्री-निर्माण, खनिज आदि प्रमुख हैं, तथा क्रय-विक्रय के माध्यम एवं राज्यकर जैसे विषयों को भी उद्घाटित करने का प्रयत्न किया गया है।

सांस्कृतिक सन्दर्भों में वाद्य, संगीत, नृत्य, उत्सव, क्रीड़ाएँ, गोष्ठियाँ, भोजन-पान, आचार, सिद्धान्त, योग, पुनर्जन्म, धर्म एवं दर्शन, अंधविश्वास और लोकाचार जैसे विषयों को प्रकाशित किया गया है।

प०च० में मध्यकालीन कुछ **भौगोलिक**-सन्दर्भ भी उपलब्ध होते हैं। अतः उनका भी तुलनात्मक अध्ययन करने का प्रयत्न किया गया है। अन्त में उपसंहार में प०च० की विशेषताओं का संक्षेप में दिग्दर्शन कराया गया है।

कृतज्ञता-ज्ञापन

प्रस्तुत ग्रन्थ पर शोध-कार्य हेतु मुझे जिन-जिन संस्थाओं एवं उदार सहृदय विद्वानों से सहायता मिली है, उनमें आमेर शास्त्र-भण्डार जयपुर के निदेशक **डॉ० कस्तूरचन्द जी कासलीवाल** (अब स्वर्गीय) एवं श्री ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन, ब्यावर के अध्यक्ष **पं० हीरालाल जी शास्त्री** (अब स्वर्गीय) के प्रति मैं अपना सर्वप्रथम आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने पज्जुण्णचरिउ की उक्त हस्तलिखित प्रतियाँ उपलब्ध कराकर मुझे इस दिशा में शोध-कार्य करने की प्रेरणा दी। **श्री गणेश वर्णी दिगम्बर जैन संस्थान**, वाराणसी ने मुझे मेरे आर्थिक संकट के समय सन्

1977-78 में अपनी शोध-छात्रवृत्ति प्रदान की तथा शोध-कार्य को साकार रूप प्रदान करने में पूर्ण सहायता प्रदान की, इसके लिए मैं संस्थान के अधिकारियों, विशेषत: उसके तत्कालीन निदेशक श्रद्धेय **पं० फूलचन्द्र जी** सिद्धान्तशास्त्री तथा मन्त्री श्री **डॉ० दरबारीलाल जी कोठिया** के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करती हूँ।

डी०के० जैन ओरिएण्टल रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरा) तथा ह०द० जैन कॉलेज, आरा के संस्कृत-प्राकृत विभाग के बहुमूल्य ग्रन्थागारों से भी मुझे प्राय: सभी प्रकार की सन्दर्भ-सामग्री की उपलब्धि हो सकी, इसके लिए उनके निदेशक तथा अध्यक्ष **प्रो० (डॉ०) राजाराम जैन** के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करती हूँ।

गुरु तुल्य हितैषी विद्वानों में श्रद्धेय **प्रो० डॉ० उपेन्द्र ठाकुर** (मगध वि०वि०) श्रद्धेय **पं० कैलाशचन्द जी** सिद्धान्त शास्त्री, **प्रो० उदयचन्द्र जी सर्वदर्शनाचार्य** (वाराणसी), **डॉ० नेमिचन्द्र जी शास्त्री**, **प्रो० (डॉ०) राजाराम जैन**, **प्रो० (डॉ०) देवेन्द्र कुमार जी शास्त्री** आदि के प्रति भी मैं अपना आभार व्यक्त करती हूँ, जिनकी कृतियों के अध्ययन तथा बहुमूल्य सुझावों एवं प्रेरणाओं से मुझे अपने शोध-कार्य में विविध सहायताएँ मिली हैं।

मैं उन परमश्रेष्ठ पूज्य **आचार्य प्रवर विद्यानन्द जी**, **प्रो० (डॉ०) हीरालाल जी**, **प्रो० डॉ० ए०एन० उपाध्ये**, **प्रो० (डॉ०) गुलाबचन्द्र जी चौधरी** जैसे महारथी विद्वानों के प्रति भी अपनी भावपूर्ण श्रद्धा व्यक्त करती हूँ, जिनके महनीय ग्रन्थों का अध्ययन कर मैंने उनसे शोध-प्रेरणाएँ ग्रहण कीं तथा जिन्होंने मुझे इस शोध-प्रबन्ध के लिखने योग्य बनाया।

प्रो० (डॉ०) राजाराम जैन की मैं विशेष रूप से आभारी हूँ, जिनके निर्देशन के बिना यह शोध कार्य सम्भव न हो पाता। उन्होंने हर परिस्थिति में मुझे प्रोत्साहित रखा और निरन्तर कार्य करते रहने की प्रेरणा दी।

मैं भारतीय ज्ञानपीठ के निदेशक परमादरणीय **डॉ० दिनेश मिश्र** जी के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रकाशन-प्रस्ताव पर अपनी प्रवर-परिषद् से विचार-विमर्श ही नहीं किया, बल्कि कृति को महत्त्वपूर्ण मानकर उसके प्रकाशन हेतु तत्काल ही अपनी कृपापूर्ण स्वीकृति भी प्रदान कर दी।

प्रकाशनाधिकारी **डॉ० गुलाबचन्द्र जी जैन** ने विषय की सैटिंग कर तथा प्रूफ संशोधनादि कर उसे प्रामाणिक एवं नयनाभिराम बनाया, इसके लिए उनके प्रति भी मैं अपना आभार व्यक्त करती हूँ।

मैं चि० **महावीर शास्त्री**, प्रिय श्री **संजीव जैन** (कु०कु०भा०, नई दिल्ली) तथा श्री **सुरेश राजपूत** के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने इस ग्रन्थ की प्रारम्भिक मुद्रण-व्यवस्था में अपने मार्गदर्शन से मुझे काफी उत्साहित किया। अन्त में, मैं महाकवि सिंह के ही निम्न कथन के साथ अपनी त्रुटियों के लिए विद्वज्जनों से क्षमा-याचना करते हुए विनम्र निवेदन करती हूँ कि मेरी प्रस्तुत रचना में जो भी त्रुटियाँ हों, मुझे सूचित कर मेरा मार्ग-निर्देशन करें, जिससे आगे चलकर उसमें संशोधन करने का प्रयत्न कर सकूँ। **महाकवि सिंह** के ही शब्दों में—

"जं किंपि हीण-अहियं विउसा सोहंतु तं पि इय कव्वो।
धिट्ठत्तणेण रइयं खमंतु सव्वे वि मह गुरुणो।।"

विनयावनत
विद्यावती जैन

वीरशासन जयन्ती
29/7/99
महाजन टोली नं० 2
आरा (बिहार) 802301

संकेत-सूची

अनुशा० पर्व	अनुशासन पर्व (महाभारत)
अप०भा०सा०	अपभ्रंश भाषा और साहित्य
आदि पर्व	आदि पर्व (महाभारत)
आ०पु०	आदिपुराण (जिनसेन)
इका०	इकानामिक ज्योग्राफी — ब्राउन
इं०कं०फि०	इन्ट्रोडक्शन टू कम्पेरेटिव फिलालॉजी (गुणे)
उद्योग पर्व	उद्योग पर्व (महाभारत)
एन०एल० डे	नन्दूलाल डे
एपि० इंण्डि०	एपिग्राफिका इंडिका
क०मं०	कर्पूरमंजरी
का०मी०	काव्यमीमांसा
कुखं०	कुमारिका खण्ड
कू०वि०	कूर्म विभाग
चौलुक्य०	चौलुक्य कुमारपाल
ज्यो०ऑफ०ए०एम०आई०	ज्योग्राफिकल डिक्शनरी ऑफ ऐंशियेंट मिडिवल इंडिया
जै०सा०इ०	जैन साहित्य और इतिहास (नाथूराम प्रेमी)
डे ज्योग्राफी०	नन्दूलाल डे : ज्योग्राफिकल डिक्शनरी ऑफ ऐंशियेंट इंडिया
दे०	देखिए
द्रो० पर्व	द्रोण पर्व (महाभारत)
द्वयाश्रय०	द्वयाश्रयकाव्य (हेमचन्द्र)
धर्म०शा० इति०	धर्मशास्त्र का इतिहास (पी०वी० काणे)
प०च०	पज्जुण्णचरिउ (सिंह)
पोलिटिकल०	पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ नार्दर्न इंडिया फ्राम जैन सोर्सेज (डॉ० गुलाबचन्द्र चौधरी)
प्रा०भा०	प्राकृतभाषा (पी०वी० पण्डित)
प्रा०भा०	प्राचीन भारत (गंगाप्रसाद मेहता)
भा०आ०भा०हि०	भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी (सुनीतिकुमार चटर्जी)
भा०दि०जैन०ती०	भारत के दिगम्बर जैन तीर्थ (पं० बलभद्र जैन)
भा०प्रा०जै०ती०	भारत के प्राचीन जैन तीर्थ (डॉ० जगदीशचन्द्र जैन)
भा०इति०	भारतीय इतिहास : एक दृष्टि (डॉ० ज्योतिप्रसाद जैन)
भा०वा०शा०	भारतीय वास्तुशास्त्र
भी० पर्व	भीष्म पर्व (महाभारत)

संकेत-सूची

म०पु०	महापुराण (पुष्पदन्त)
मा०	मानसार
मा०पु०	मार्कण्डेय पुराण
यशस्तिलक०	यशस्तिलकचम्पू (सोमदेव सूरि)
र०सा०आ०प०	रइधू साहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन (डॉ० राजाराम जैन)
व०च०	वरांगचरित (जटासिंह नन्दी)
वन पर्व	वन पर्व (महाभारत)
वा०पु०	वामन पुराण
वी०सी० ला	विमलाचरण लाहा
शक्ति सं०त०	शक्तिसंगमतन्त्र
स०क०	सरस्वती कण्ठाभरण (भोजदेव)
सभा पर्व	सभा पर्व (महाभारत)
सरकार ज्योग्राफी	दिनेशचन्द्र सरकार : ज्योग्राफी ऑफ ऐंशियेंट एण्ड मिडिवल इंडिया
स०सि०	सर्वार्थसिद्धि
सम०क०	समराइच्चकहा
सि०हे० व्या०	सिद्धहेम व्याकरण
स्क०पु०	स्कन्दपुराण
हर्षच०	हर्षचरित
हि०गा०स०	हिन्दी गाथा सप्तशती (जगन्नाथ पाठक)
हि०ज्यो०आ०ऐ०इं०	हिस्टोरिकल ज्योग्राफी ऑफ ऐंशियेंट इंडिया : (वी०सी०एल०)
हि०सा०वृ०इति०	हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास (प्र०भा०), नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।
हे०प्रा० व्या०	हेमचन्द्र प्राकृत व्याकरण (पूना संस्करण)

विषय-सूची (प्रस्तावना)

1. अप्रकाशित पज्जुण्णचरिउ की हस्तलिखित प्रतियों का परिचय 8
   अ. प्रति परिचय, अ. प्रति की विशेषताएँ 10
   ब. प्रति परिचय, ब. प्रति की विशेषताएँ 10
2. ग्रन्थ-परिचय 11
3. रचना-काल-निर्णय 12
4. मूल प्रणेता कौन? 13
5. मूल ग्रन्थकार परिचय 14
6. ग्रन्थ-रचना-स्थल 15
7. मूल ग्रन्थकार-निवासस्थल 15
8. गुरु-परम्परा एवं काल 15
9. समकालीन शासक 16
10. ग्रन्थोद्धारक महाकवि सिंह 18
11. अपभ्रंश-साहित्य की प्रवृत्तियाँ 19
    1. प्रबन्ध-काव्य, 2. आध्यात्मिक-काव्य, 3. रोमाण्टिक काव्य, 4. बौद्ध-दोहा गान एवं चर्यापद, शौर्य-वीर्य एवं प्रणय सम्बन्धी मुक्तक काव्य,
12. अपभ्रंश काव्यों की हिन्दी-काव्यों को देन 23
    (1) कडवक-शैली, (2) अपभ्रंश की दूहा-पद्धति का हिन्दी-साहित्य में दोहा-पद्धति के रूप में विकास, (3) सन्धि-पद्धति, (4) हिन्दी के रासा-साहित्य की प्रेरणा का प्रमुख स्रोत, (5) अपभ्रंश के समान हिन्दी में भी "काव्य" के स्थान पर "चरित" शब्द का प्रयोग, (6) अपभ्रंश की प्रेम-कथाओं का हिन्दी-साहित्य में प्रेमाख्यानक-काव्यों के रूप में विकास, (7) अपभ्रंश-गीतिकाव्यों का हिन्दी-गीतिकाव्यों पर प्रभाव, (8) अपभ्रंश के अन्त्यानुप्रास की धारा का हिन्दी-साहित्य में प्रवाह, (9) गीतों में नाम-संयोजन की पद्धति, (10) अनुरणनात्मक शब्दों का प्रयोग बहुल, (11) अपभ्रंश की शब्दावलि का हिन्दी-कवियों में प्रायः यथावत् प्रयोग, (12) वर्णन-प्रसंगों का प्रभाव, (13) हिन्दी की रीतिकालीन साहित्य शैलियों पर प्रभाव, (14) अपभ्रंश-गद्य का हिन्दी-गद्य पर प्रभाव, (15) हिन्दी-महाकाव्यों के शिल्प और स्थापत्य के मूल-स्रोत अपभ्रंश महाकाव्यों में उपलब्ध, (16) कथानक रूढ़ियाँ
13. पज्जुण्णचरिउ :
    (1) स्रोत, परम्परा एवं विकास 29
    (2) विषयवस्तु 31
    (3) पज्जुण्णचरिउ एवं अन्य प्रद्युम्न-चरितों में विवेचित प्रद्युम्न-चरित के साम्य-वैषम्य का संक्षिप्त तुलनात्मक मानचित्र (दृष्टव्य-परिशिष्ट सं० 1) 39

(4) काव्यशास्त्रीय-अध्ययन 39
(1) महाकाव्यत्व, (2) वस्तु-व्यापार वर्णन, (3) रस, (4) अलंकार, (5) बिम्ब, (6) छन्द, (7) भाषा, (8) शैली, (9) चरित्र-चित्रण एवं (10) सूक्तियाँ, कहावतें एवं मुहावरे

(5) महाकवि सिंह तथा अन्य कवि : आदान-प्रदान
(1) अश्वघोष, (2) कालिदास, (3) भारवि, (4) माघ, (5) महासेन, (6) जायसी, (7) सधारु 70

(6) भौगोलिक-सन्दर्भ
अ. प्राकृतिक भूगोल 75
(1) द्वीप एवं क्षेत्र, (2) पर्वत, (3) नदी, (4) अरण्य एवं वृक्षों, पुष्पवृक्ष, फलवृक्ष, उभयवृक्ष, शोभावृक्ष, अन्य वृक्ष एवं पौधे, कल्पवृक्ष, (5) अनाज एवं तिलहन, (6) पशु, पक्षी एवं जीव-जन्तु
आ. राजनैतिक भूगोल 82
देश, नगर, ग्राम, मडंब, खेड, दरि, कव्वड, पत्तन

(7) सामाजिक चित्रण
(अ) वर्ण व्यवस्था, (आ) संस्कार, (इ) नारी 94

(8) राजनैतिक सन्दर्भ
(क) शासक भेद, (ख) राज्य के प्रमुख अंग, (ग) कवि का सैन्य-प्रकार एवं युद्ध-विद्या सम्बन्धी ज्ञान 104

(9) आजीविका के साधन
(1) कृषि एवं अन्य उत्पादन, (2) वाणिज्य, (3) लघु उद्योग-धन्धे, (4) खनिज-पदार्थ, (5) क्रय-विक्रय का माध्यम, (6) राज्य-कर 107

(10) सांस्कृतिक सामग्री
(क) मनोरंजन-संगीत, उत्सव, क्रीड़ाएँ एवं गोष्ठियाँ (ख) भोजन-पान, (ग) जैन-दर्शन, सिद्धान्त, आचार, योग, अध्यात्म एवं जैनेतर-दर्शन तथा आचार और अन्य पूर्व ग्रन्थों के उल्लेख (घ) भवान्तर अथवा पुनर्जन्म-वर्णन, (ङ) अन्ध-विश्वास और लोकाचार 110

उपसंहार 112

समीक्षात्मक प्रस्तावना

1. अप्रकाशित पज्जुण्णचरिउ की हस्तलिखित उपलब्ध प्रतियों का परिचय

पज्जुण्णचरिउ (प्रद्युम्नचरित) अद्यावधि अप्रकाशित ग्रन्थ है, जिसके सम्पादन एवं समीक्षात्मक अध्ययन में प्राच्य शास्त्र भण्डारों में उपलब्ध निम्न हस्तलिखित प्रतियों का उपयोग किया गया है। अध्ययन की सुविधा के लिए उन्हें अ एवं ब, जैसे सांकेतिक नाम प्रदान किए गए हैं। उन प्रतियों का परिचय इस प्रकार है—

अ. प्रति — यह प्रति आमेर शास्त्र-भंडार, जयपुर (राजस्थान) में सुरक्षित है। इसका प्रारम्भ इस प्रकार होता है—

ओं ।। स्वस्ति।। श्री जिनाय नमः।। खमदमजमणिलयहो तिहुअण तिलयहो वियलिय कम्मकलंकहो। थुइ करमि ससुत्तिए अइणिरुभत्तिए हरिकुलगयणससंकहो।। छ।।

पणवेप्पुणु णेमिजिणेसरहो भव्वयणकमलसरणेसरहो। भवतरु उम्मूलणवारणहो कुसुमसर पसरवि णिवारणहो।। .....इत्यादि। तथा उसका अन्त निम्न प्रकार हुआ है:—

जं किं पि हीण अहियं विउसासोहंतु तंपि इय कव्वो। धिट्ठत्तणेण रइयं खमंतु सव्वे वि मह गुरुणो।। प्रद्युम्नचरित्रं समाप्तमिति।।

संवत् 1553 वर्षे भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे पूर्णमास्यां तिथौ, बुधवासरे शतिभिषनक्षत्रे वरियाननान्नियोगे श्रीमूलसंघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे। कुंदकुंदाचार्यान्वये भट्टारक श्रीपद्मनन्दिदेव तत्पट्टे भट्टारक श्रीशुभचन्द्रदेवस्तत्पट्टे भट्टारक श्रीजिनचन्द्रदेव आचार्य श्रीकीर्तिदेव तत्शिष्य ब्रह्मचारि लाखा देव गुरु भक्तवत्। गोत्र चोरमंडण सवाई राजा तस्य भार्या फोदी तस्य पुत्र साहमहलू तस्यभार्या पूरी तस्य पुत्र साह नाथू हम्फराज। सुय ताल्हण श्रेष्ठिपुत्र तस्य भार्या अणभूशास्त्रपरदवन (प्रद्युम्न) 11 व्रतदशलाक्षणकौ, 11 ब्रह्मचारि लाखाहै कर्मक्षयनिमित्तघटायौ। रत्तनंदिनै शुभं भवतु ।।श्री।। श्रीकृष्णदास लिखितं।। श्रियार्थे।।

उक्त प्रति में कुल पत्र संख्या 101 (+1) है। इस प्रति के पृष्ठों में पंक्ति संख्या का क्रम सुनिश्चित नहीं है। किसी में 12 पंक्तियाँ हैं (यथा पृ० 101), तो किसी में 16 पंक्तियाँ (यथा पृ०87) और किसी में 15 पंक्तियाँ (यथा पृ०1)। इसी प्रकार प्रति पंक्ति में वर्णों की संख्या भी अनिश्चित है। किसी पंक्ति में 28 वर्ण हैं तो किसी में 33। पत्र संख्या ग्रन्थारम्भ वाले पृष्ठ से प्रारम्भ होती है। प्रथम पत्र के पीछे वाला पृष्ठ अलिखित है किन्तु उस पर "प्रद्युम्नचरित" लिखा हुआ है। इसके हाँशियों का क्रम भी अनिश्चित है। प्रथम पृष्ठ का बायाँ हाँशिया 1" तथा दायाँ हाँशिया 1.2", उपरला हाँशिया 1.3" तथा निचला 1.3" है। यही क्रम बदल कर पृ०सं० 56 के हाँशिये 1.5" (बायां), 1" (दायां), 2" (उपरला) तथा 1.1" (निचला) है। दाएँ एवं बाएँ हाँशिये कलाविहीन 2-2 दुहेरी पंक्तियाँ खींचकर काली-स्याही से बनाये गये हैं।

इस प्रति का कागज मटमैला है। बरसाती नमी के प्रभाव से इसका कागज गलित हो रहा है। पृष्ठों के किनारे क्षीण हो रहे हैं। सब कुल मिला कर इस प्रति की दशा जीर्ण-शीर्ण कही जा सकती है।

इस प्रति में सर्वत्र काली स्याही का प्रयोग किया गया है। लेखन में मोटी कलम का प्रयोग किया गया है। ग्रन्थ की सन्धि-समाप्ति-सूचना, घत्ता, छन्द नाम एवं छन्द संख्या लाल रंग से रंगे हुए हैं। हाँ, पत्र संख्या 101 के दाएँ-बाएँ हाँशियों पर लाल स्याही के ऊपर-नीचे दो वाणावलियों से संयुक्त 1-1 शून्य अंकित किया है।

प्रतिलिपि के समय यदि गलती से मूल विषय में कोई वर्ण, शब्द, पद अथवा चरण या पंक्ति लिखने से छूट गयी है तो प्रतिलिपिकार ने उसी पृष्ठ के किसी हाँशिए में पंक्ति संख्या तथा एक सांकेतिक चिह्न देकर अंकित कर दिया है।

इस प्रति के लिपिक श्रीकृष्णदास हैं, जिन्होंने किसी ब्रह्मचारी लाखा की प्रतिलिपि के आधार पर इसकी प्रतिलिपि वि०सं० 1553 के भाद्रपद मास की पूर्णमासी, बुधवार को की थी। प्रतिलिपिकार ने अपना स्वयं का परिचय नहीं दिया है, किन्तु ब्रह्मचारी लाखा के संक्षिप्त-परिचय के क्रम में कुछ भट्टारकों एवं प्रतिलिपि के लेखन-कार्य में प्रेरक एक परिवार की चर्चा की है। उनके अनुसार ब्रह्मचारी लाखा, मूलसंघ, बलात्कारगण, सरस्वतीगच्छ एवं कुन्दकुन्दाचार्य के आम्नाय के पालक भट्टारक श्रीकीर्तिदेव के शिष्य थे। भट्टारक श्रीकीर्त्तिदेव की परम्परा निम्नप्रकार है—

पद्मनन्दिदेव
शुभचन्द्रदेव (वि सं० 1450-1507)
जिनचन्द्रदेव (वि०सं० 1507-1571)
आचार्य श्रीकीर्तिदेव
ब्रह्मचारी लाखादेव

लिपिकार-प्रशस्ति में उक्त भट्टारक-परम्परा के विषय में विशेष परिचय नहीं मिलता। पट्टावलियों, मूर्त्तिलेखों एवं प्रशस्तियों[1] में उक्त पद्मनन्दि देव, शुभचन्द्रदेव एवं जिनचन्द्रदेव के नाम तो मिलते हैं, किन्तु आचार्य श्रीकीर्त्तिदेव तथा उनके शिष्य लाखादेव के नाम उस परम्परा में उल्लिखित नहीं हैं।

नीतिवाक्यामृत[2] की एक प्रशस्ति में भ० जिनचन्द्र के शिष्य रत्नकीर्ति का उल्लेख है। बहुत सम्भव है कि उक्त नाम में से रत्न शब्द किसी कारणवश त्रुटित हो जाने के कारण वह कीर्त्तिदेव के नाम से उल्लिखित हो गया हो। उक्त रत्नकीर्त्तिदेव अथवा कीर्त्तिदेव के शिष्य ब्रह्मचारी लाखा भट्टारक नहीं, एक सामान्य ब्रह्मचारी रहे होंगे। अतः पट्टावलि में उनके नाम का नहीं मिलना स्वाभाविक है।

ब्रह्मचारी लाखा को उक्त ग्रन्थ की प्रतिलिपि की प्रेरणा सम्भवतः अणभू नाम की महिला से प्राप्त हुई थी। शाह एवं राजा जैसे विशेषण देखकर ऐसा लगता है कि उनका परिवार सम्भवतः राजन्य वर्ग का था। अणभू ने अपने दशलक्षणव्रत के उद्यापन की स्मृति में इस ग्रन्थ की प्रतिलिपि कराई थी। उसकी कुल परम्परा निम्न प्रकार है:—



1. दे० भट्टारक सम्प्रदाय, पृ० 99-100, लेखांक 253; 2. वही०, पृ० 102, लेखांक 258

अ. प्रति की विशेषताएँ

(1) यह प्रति अद्यावधि प०च० की प्रतियों में प्राचीन एवं पूर्ण है।

(2) इसमें व एवं च, म एवं स, झ एवं त्र (ऋ) य एवं प, छ एवं ठ, क्ख एवं रक वर्णों में समानता जैसी रहती है। अत: प्रति का अध्ययन सावधानीपूर्वक करने की आवश्यकता है।

(3) ह्रस्व औ को उं के रूप में दर्शाया गया है।

(4) कहीं-कहीं ख के लिए ष का प्रयोग किया गया है।

(5) 'ण' के स्थान पर प्राय: 'न' का प्रयोग किया गया है।

(6) कहीं-कहीं पर कठिन शब्दों के संस्कृत पर्यायवाची शब्द अथवा उनके अर्थ भी मूल पंक्ति संख्या देकर हाँशियों में अंकित कर दिये गये हैं।

ब. प्रति

ब. प्रति श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन, नसियाँ जी, ब्यावर (राजस्थान) में सुरक्षित है। इसका प्रारम्भ इस प्रकार होता है— ।। ओं नम: सिद्धेभ्य:।। खमदमजमणिलयहो तिहुअणतिलयहो वियलियकम्म कलंकहो..... आदि।

इस प्रति में कुल पत्र संख्या 124 है। पृष्ठ के बायें एवं दायें हाँशिये क्रमश: 1.3, 1.5 इंच तथा ऊपरी एवं नीचे के हाँशिये क्रमश 1.1, 1.1 इंच के हैं। दाएँ-बाएँ हाँशियों में लाल स्याही से मोटी 3-3 रेखायें अंकित हैं। इनके दोनों किनारों पर भी मोटी 1-1 पंक्ति अंकित है।

प्रत्येक पृष्ठ में 11-11 पंक्तियाँ एवं 41-41 वर्ण हैं। इस प्रति में गहरी काली एवं लाल स्याही का प्रयोग किया गया है। मूल विषय काली स्याही में तथा छन्द-नाम, छन्द-संख्या तथा विराम-चिह्न लाल स्याही में अंकित हैं। सर्वत्र मोटी कलम का प्रयोग किया गया है। हाँ, हाँशिये में लिखित टिप्पणियों में पतली कलम का प्रयोग किया गया है। इसमें मटमैले कागज का प्रयोग किया गया है। प्रति की स्थिति उत्तम है। लेखन-प्रक्रिया की स्पष्टता, सुन्दरता, एकरूपता, एवं शुद्ध पाठों तथा क्वचित् कदाचित् संस्कृत टिप्पणियों को देखकर प्रतिलिपिकार की अगाध विद्वत्ता एवं समर्पित सरस्वती-भक्ति का अनुमान लगाया जा सकता है।

प्रत्येक पृष्ठ के ठीक मध्य भाग में 1.5, 1.7 इंच का अण्डाकार-आकृति का स्थान छोड़ा गया है। सम्भवत: यह स्थान आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा की दृष्टि से पत्रों को छेद कर उन्हें एक सूत्र में पिरोकर रखने की दृष्टि से छोड़ा गया होगा।

इस प्रति की शुद्धता, पूर्णता और सन्तोषजनक दशा में होने के कारण, इसी प्रति का अनुवाद तथा सम्पादनादि कार्य में उपयोग किया गया है।

ब. प्रति की विशेषताएँ

(1) वर्ण-प्रयोग—प्रस्तुत प्रति के निम्न वर्ण पाठकों को कुछ भ्रामक प्रतीत हो सकते हैं। अत: उन्हें सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए। यथा—

स-म, र-ग, दु-टु, ड-म, भि-ति, ठ-व, उ-नु, ग्न-ग्ग, तु-नु

(2) **ण्ण** एवं **ज्झ** को दर्शित करने के लिए उसी एकल वर्ण के मध्य में एक तिरछी रेखा अंकित की गयी है।

(3) प्रमाद या असावधानी से छूटे हुए पदों को हाशियों में अंकित किया गया है एवं उसके साथ मूल पृष्ठ की पंक्ति संख्या दे दी गयी है।

(4) कहीं-कहीं पर कठिन शब्दों के संस्कृत पर्यायवाची शब्द अथवा उनके अर्थ भी मूल पंक्ति संख्या देकर हाँशियों में अंकित कर दिये हैं।

(5) इस प्रति के किसी-किसी हाँशिये में किसी-किसी वर्ण के स्थान पर अन्य वर्ण के होने का भी संकेत दिया गया है, जिसे फुट नोटों में यथा स्थान दर्शाया गया है।

2. ग्रन्थ-परिचय

पज्जुण्णचरिउ प्रद्युम्नचरित सम्बन्धी अपभ्रंश-भाषा में लिखित सर्वप्रथम स्वतन्त्र महाकाव्य है। वह जैन-परम्परानुमोदित महाभारत का एक अत्यन्त मर्म-स्पर्शी आख्यान है। महाकवि जिनसेन (प्रथम) कृत हरिवंशपुराण एवं गुणभद्र कृत उत्तरपुराण जैसे पौराणिक महाकाव्यों से कथा-सूत्रों को ग्रहण कर महाकवि सिद्ध ने उसे नवीन भाषा एवं शैली से सजा कर एक आदर्श मौलिक स्वरूप प्रदान करने का सफल प्रयास किया है। जैन-परम्परानुसार प्रद्युम्न 21वां कामदेव था।[1] वह पूर्व-जन्म के कर्मो के फलानुसार भ० श्रीकृष्ण का पुत्र होकर भी जन्म-काल से ही अपहृत होकर विविध कष्टों को झेलता रहता है। माता-पिता का विरह, अपरिचित-परिवार में भरण-पोषण, सौतेले भाइयों से संघर्ष, दुर्भाग्यवश धर्म-पिता से भी भीषण-युद्ध, विमाता के विविध षडयन्त्र और अनजाने ही पिता श्रीकृष्ण से युद्ध जैसे घोर-संघर्षो के बीच प्रद्युम्न के विवश-जीवन को पाठकों की पूर्ण सहानुभूति प्राप्त होती है। विविध विपत्तियाँ प्रद्युम्न के स्वर्णिम भविष्य के लिए खरी-कसौटी सिद्ध होती हैं। काल-लब्धि के साथ ही उसके कष्ट समाप्त होते हैं। माता-पिता से उसका मिलाप होता है तथा वह एक विशाल साम्राज्य का सम्राट बन जाता है किन्तु भौतिक सुख उसे अपने रंग में नहीं रंग पाते। शीघ्र ही वह उनसे विरक्त होकर मोक्ष-लाभ करता है।

कवि ने उक्त कथानक को 15 सन्धियों एवं उनके कुल 308 कड़वकों में चित्रित किया है, जो निम्न प्रकार हैं:—

सन्धि-क्रम	कुल कड़वक संख्या	विषय
1	16	कवि सिद्ध द्वारा स्वप्न में सरस्वती-दर्शन एवं उनकी प्रेरणा से ग्रन्थ-प्रणयन तथा सौराष्ट्र-देश की सुरम्यता का वर्णन।
2	20	कृष्ण और बलभद्र का कुण्डिनपुर जाकर रुक्मिणी-हरण तथा शिशुपाल-वध।
3	14	रुक्मिणी के पुत्र प्रद्युम्न का जन्म एवं धूमकेतु-असुर द्वारा उसका हरण।
4	17	पुत्र-हरण एवं तत्सम्बन्धी शोक, नारद का प्रद्युम्न की खोज में सीमन्धर स्वामी के समवशरण में पहुँचना एवं उनके द्वारा प्रद्युम्न के पूर्व-बैर की कथा का आरम्भ।
5	17	प्रद्युम्न का पूर्व-भव निरूपण एवं मगध देश का वर्णन।
6	23	प्रद्युम्न का पूर्व-भव-निरूपण एवं उस माध्यम से अयोध्या एवं कौशल-नरेशों का

1. तिलोयपण्णत्ती० गाथा 1484।

		सौन्दर्य-वर्णन एवं बल-निरूपण।
7	18	नारद का रुक्मिणी को सन्देश देना कि प्रद्युम्न का मेघकूटपुर के राजा के यहाँ लालन-पालन हो रहा है तथा वह 16 वर्ष पूर्ण होने पर वापिस आयेगा।
8	19	कुमार प्रद्युम्न को सोलह-विद्याओं का लाभ।
9	24	कुमार प्रद्युम्न और राजा कालसंवर का परस्पर में भीषण युद्ध एवं नारद द्वारा युद्ध को रोकना।
10	21	नारद के साथ कुमार प्रद्युम्न का द्वारकापुरी के लिए प्रयाण एवं मार्ग में दुर्योधन की पुत्री उदधिकुमारी से भेंट तथा प्रद्युम्न का अनेक रूप धारण कर कौतुक करना एवं सत्यभामा के पुत्र--भानु का मान-भंग करना।
11	23	अनेक प्रकार के क्रिया-कलाप करते हुए प्रद्युम्न का अपने पितामह के साथ मेष युद्ध, तत्पश्चात् क्षुल्लक-वेश में अपनी माता रुक्मिणी के पास पहुँचना।
12	28	प्रद्युम्न का विविध रूप बनाकर द्वारकावासी नर-नारियों को परेशान करना एवं बलभद्र के साथ सिंह-वेश में युद्ध करना।
13	17	प्रद्युम्न का कृष्ण के साथ भीषण युद्ध, बाद में नारद द्वारा युद्ध बन्द कराकर पिता-पुत्र का मिलन करवाना।
14	24	प्रद्युम्न एवं भानु-विवाह, शम्बु-जन्म, सुभानु-जन्म एवं उसका विवाह और शम्बु के विवाह के लिए कुण्डिनपुर के राजा रूपकुमार से युद्ध।
15	28	राजा रूपकुमार पर विजय प्राप्त कर उनकी पुत्रियों से प्रद्युम्न एवं शम्बु का विवाह। तीर्थंकर नेमिनाथ द्वारा द्वारका-विनाश एवं जरदकुमार के द्वारा श्रीकृष्ण की मृत्यु की भविष्यवाणी तथा शम्बु, भानु, अनिरुद्ध, सत्यभामा, रुक्मिणी आदि का तपश्चरण एवं स्वर्ग-प्राप्ति तथा प्रद्युम्न का मोक्षगमन।

3. रचना-काल-निर्णय

पज्जुण्णचरिउ में कवि के जन्म-काल या लेखन-काल के विषय में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। जहाँ तक हमारा अध्ययन है, परवर्त्ती अन्य कवियों ने भी उसका स्मरण नहीं किया। अत: उसके जन्म या लेखन काल विषयक विचार करने के लिये निश्चित प्रमाण उपलब्ध नहीं हो सके हैं। किन्तु कवि ने अपनी प्रशस्ति में अपने भट्टारक-गुरु एवं कुछ राजाओं के उल्लेख अवश्य किये हैं जिनसे विदित होता है कि उसका समय 12वीं-13वीं सदी रहा होगा। इसके समर्थन में निम्न तर्क प्रस्तुत किये जा सकते हैं—

(1) पज्जुण्णचरिउ की प्राचीनतम प्रतिलिपि आमेर शास्त्र-भण्डार में सुरक्षित है, जिसका प्रतिलिपि काल वि०सं० 1553 है। अत: प०च० की रचना इसके पूर्व हो चुकी थी।

(2) कवि ने गज्जणदेश अर्थात् गजनी का उल्लेख किया है। यह ध्यातव्य है कि महमूद गजनवी ने भारत में जिस प्रकार भयानक आक्रमण किए थे तथा सोमनाथ में जो विनाश-लीला मचाई थी, भारत और विशेष रूप से गुजरात उसे कभी भुला नहीं सकता। परवर्त्ती कालों में गजनी की उस विनाश-लीला की चर्चा इतनी अधिक रही कि कवि ने भावाभिभूत होकर अन्योक्तियों के माध्यम से अथवा प्रद्युम्न एवं भानुकर्ण, प्रद्युम्न एवं

कृष्ण आदि के माध्यम से उसकी झलक पज्जुण्णचरिउ में प्रदर्शित की है। युद्ध में प्रयुक्त कुछ शस्त्रोपकरणों के उल्लेखों में भी उसके साथ समानता है। उक्त महमूद गजनवी का समय वि०सं० 1142 के आसपास है।

(3) कवि ने अर्णोराज, बल्लाल एवं भुल्लण जैसे शासकों के नामोल्लेख किए हैं। बड़नगर की वि०सं० 1207 की एक प्रशस्ति के अनुसार कुमारपाल ने अपने राजमहल के द्वार पर उक्त मृत बल्लाल का कटा मस्तक लटका दिया था। कुमारपाल का समय वि०सं० 1143 से 1173 के मध्य है।

अत: उक्त तथ्यों के आधार पर पज्जुण्णचरिउ का रचनाकाल 12वीं सदी का अन्तिम चरण या 13वीं सदी (विक्रमी) का प्रारम्भिक चरण सिद्ध होता है।

4. मूल प्रणेता कौन?

पज्जुण्णचरिउ की आद्य-प्रशस्ति से स्पष्ट विदित होता है कि प्रस्तुत ग्रन्थ का मूलकर्त्ता महाकवि सिद्ध है किन्तु प०च० की अन्त्य-प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि किन्हीं प्राकृतिक उपद्रवों के कारण वह रचना विनष्ट अर्थात् गलित हो चुकी थी। अत: अपने गुरु मलधारी देव अमृतचन्द्र के आदेश से महाकवि सिंह ने उसका छायाश्रित उद्धार किया था।[1]

उद्धारक महाकविसिंह ने अन्त्य-प्रशस्ति में स्वयं लिखा है—"एक दिन गुरु (मलधारीदेव अमृतचन्द्र) ने कहा—"हे छप्पय-कविराज (अर्थात् षट्पदियों के प्रणयन में दक्ष हे कविराज), हे बाल-सरस्वती, हे गुणसागर, हे दक्ष, हे वत्स, कवि सिंह, साहित्यिक-विनोद के बिना ही अपने दिन क्यों बिता रहे हो? अब तुम मेरे आदेश से चतुर्विध-पुरुषार्थ-रूपी रस से भरे हुए, कवि सिद्ध द्वारा विरचित, किन्तु दुर्दैव से विनष्ट हुए उसके (सिद्ध कवि के) इस "पज्जुण्णचरिउ" का निर्वाह करो। क्योंकि तुम गुणज्ञ एवं सन्त हो। तुम ही उस विनष्ट ग्रन्थ का छायाश्रित निर्माण कर सकते हो।" उक्त कथन से यह स्पष्ट है कि पज्जुण्णचरिउ की कवि सिद्ध-कृत रचना पूर्णतया नष्ट तो नहीं, किन्तु कुछ विगलित अवश्य हो चुकी थी तथा उसी रूप में भट्टारक अमृतचन्द्र को उपलपब्ध हुई थी। अत: उसके उद्धार के लिए ही उक्त भट्टारक द्वारा कवि सिंह को आदेश दिया गया था। वर्तमान में उपलब्ध पज्जुण्णचरिउ सिंह कवि-कृत पूर्वोक्त छायाश्रित रूप है।

कवि सिंह ने पज्जुण्णचरिउ के उद्धार-प्रसंगों में यद्यपि 'करहि' (15/29/19), विरयहि (15, 29, 27), णिम्मविय (15, 29, 33), रइयं (15, 29, 35) जैसे शब्दों के प्रयोग किए हैं, किन्तु कवि के ऐसे शब्द-प्रयोग भी उद्धार के प्रासंगिक अर्थों में ही लेना चाहिए, क्योंकि सिंह कवि के गुरु ने स्वयं ही उसे विनष्ट प०च० के निर्वाह (णिव्वाहहि, 15, 29, 17) का आदेश दिया था तभी सिंह नेभी उसे उद्धरियं (15, 29, 29) कहकर उसके उद्धार की स्पष्ट सूचना दी है।

अब पुन: प्रश्न यह उठता है कि सिद्ध कृत प०च० क्या समूल नष्ट हो गया था या आंशिक रूप में? उपलब्ध प्रतियों का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि यद्यपि समग्र ग्रन्थ का प्रणयन तो सिद्ध कवि ने ही किया था, किन्तु किन्हीं अज्ञात प्राकृतिक उपद्रवों के कारण वह विनष्ट अथवा विगलित हो चुका था। सन्धियों के अन्त में उपलब्ध पुष्पिकाओं से विदित होता है कि प्रथम 8 सन्धियाँ तो विगलित होने पर भी पठनीय रही होंगी, क्योंकि उनमें कवि सिद्ध का नाम उपलब्ध होता है। अत: उन्हें सिद्धकृत बताया गया है।[2] किन्तु उसके बाद के अंश या तो सर्वथा नष्ट हो चुके थे अथवा गल कर अपठनीय हो चुके थे। बहुत सम्भव है कि उन अंशों में क्वचित् कदाचित्

---

1. दे० पज्जुणचरिउ, 15/29/37। 2. दे० इसी शोध-प्रबन्ध के मूल भाग की सन्धि 1 से सन्धि 8 तक की अन्त्य पुष्पिकाएँ।

कोई-कोई चरण, पद, शब्द अथवा केवल वर्ण ही दृश्यमान रह गये हों और सिंह कवि ने गुरु के आदेश से कहीं तो उनकी धूमिल छाया या आनुमानित छाया के आधार पर अवशिष्टांशों का पल्लवन और कहीं-कहीं त्रुटित अंशों की प्रसंगवश मौलिक रचना कर उस कृति को सम्पूर्ण किया था। यदि ऐसा न होता तो सिंह कवि यह न लिखते कि— **जं किं पि हीण-अहियं विउसा सोहंतु तं पि हय कव्वो।**

f/kVBÙk.kSk jb;a [keaq lOoa fi egq xq#.kSA —*15/29/34-35*

अर्थात् पज्जुण्णचरिउ काव्य में मैंने यदि धृष्टतापूर्वक हीन अथवा अधिक (अंशों की) रचना कर दी हो तो मेरी उन समस्त त्रुटियों का विद्वज्जन (आवश्यक) संशोधन कर लें तथा मेरे गुरुजन मेरी समस्त त्रुटियों को क्षमा करें।

9वीं सन्धि से 15वीं सन्धि तक की अन्त्य पुष्पिकाओं में सिंह कवि का ही उल्लेख मिलता है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि सिंह कवि ने उक्त अन्तिम 7 सन्धियों का पूर्ण रूप में उद्धार अथवा प्रणयन किया था।

इन प्रमाणों से यह सिद्ध हो जाता है कि प०च० का मूलकर्त्ता कवि सिद्ध था और उसका उद्धारक था महाकवि सिंह।

5. मूल ग्रन्थकार-परिचय

जैसा कि पिछले प्रकरण में लिखा जा चुका है, प०च० का मूल ग्रन्थकार महाकवि सिद्ध है। उसका विस्तृत परिचय प्राप्त करने के लिए पर्याप्त एवं क्रमबद्ध सामग्री का अभाव है। प०च० की आद्य-प्रशस्ति से यही विदित होता है कि उसकी माता का नाम पम्पाइय तथा पिता का नाम देवण[1] था। उक्त प्रशस्ति से ही विदित होता है कि महाकवि सिद्ध सरस्वती का परम भक्त था। बहुत सम्भव है कि उसे वह सरस्वती सिद्ध हो, क्योंकि उसने लिखा है कि—"एक दिन जब वह चोरों के भय से आतंकित हो कर रात्रि-जागरण कर रहा था, तभी उसे अन्तिम प्रहर में निद्रा आ गई। उसी समय स्वप्न में उसने श्वेत वस्त्र धारण किए हुए, हाथों में कमल पुष्प तथा अक्षसूत्र ग्रहण किए हुए एक मनोहारी महिला को देखा। उसने कहा—हे सिद्ध (कवि), अपने मन में क्या-क्या विचार किया करते हो? तब सिद्ध कवि ने अपने मन में कम्पित होते हुए कहा—'काव्य-बुद्धि को प्राप्त करने की इच्छा करता हूँ, किन्तु लज्जित बना रहता हूँ क्योंकि मैं तर्कशास्त्र, छन्दशास्त्र एवं लक्षणशास्त्र के ज्ञान से रहित हूँ। न तो मैं समास एवं कारक जानता हूँ और न सन्धि-सूत्र के ग्रन्थों के सारभूत-अर्थों को जानता हूँ। किसी भी काव्य को देखा तक नहीं। मुझे कभी किसी ने निघण्टु तक नहीं पढ़ाया। इसी कारण मैं चिन्तित बना रहता हूँ। किन्तु (साहित्य-शास्त्र में) बौना होने पर भी साहित्य-शास्त्र रूपी ताल-वृक्ष को पा लेने की अभिलाषा है। (साहित्य-शास्त्र में) अन्धा होने पर भी नित्य नवीन काव्य-रूपी वस्तु देखने की इच्छा किया करता हूँ। बधिर होने पर भी साहित्य-शास्त्र रूपी संगीत के सुनने की आकांक्षा किया करता हूँ। मेरी यह प्रार्थना सुन कर वह श्रुतधारिणी सरस्वती बोली—हे सिद्ध, अपने मन से आलस्य छोड़ो। मेरे आदेशों को दृढ़तापूर्वक पालो, मैं (शीघ्र ही) तुझे मुनिवर के वेश में आ कर कोई काव्य-विशेष करने को कहूँगी, तब तुम उसकी रचना करना।[2]

"तत्पश्चात् महान् तपस्वी मलधारी देव मुनि-पुंगव माधवचन्द्र के शिष्य अमयचन्द्र भट्टारक विहार करते-करते बम्हडवाडपट्टन[3] पधारे और वहीं पर उन्होंने मुझे (सिद्ध कवि को) 'पज्जुण्णचरिउ' के प्रणयन का आदेश दिया।[4] इससे यह सिद्ध है कि कवि सरस्वती का परमोपासक था। इसके अतिरिक्त प०च० में अष्टद्रव्यपूजा के प्रसंग में कवि ने जल, चन्दन के पश्चात् पुष्प एवं अक्षत का क्रम रखा है।[5] इससे यह निश्चित है कि कवि

1. प०च०, 1/6/1 2. वही०, 1/3/9-10 3. वही०, 1/4/6-8 4. वही०, 1/5/4 5. वही०, 15/7/1-7

भट्टारकीय-परम्परा का श्रद्धालु भक्त था।

6. ग्रन्थ-रचना-स्थल

कवि ने यह स्पष्ट ही लिखा है कि भट्टारक अमयचन्द (अमृतचन्द्र) ने उन्हें बम्हडवाडपट्टन में प०च० के प्रणयन का आदेश दिया था। इससे यह विदित होता है कि कवि सिद्ध ने उसकी रचना वहीं बैठ कर की होगी। प०च० के अनुसार बम्हडवाडपट्टन विविध जैन-मठों, विहारों एवं रमणीक जिन-भवनों से सुशोभित था। वह सौराष्ट्र देश में स्थित था। बम्हडवाड की अवस्थिति, जलवायु तथा वहाँ के निवासियों की सुरुचि-सम्पन्नता ने उस भूमि को सम्भवत: साधना-स्थली बना दिया था। इन्हीं कारणों से आचार्य, लेखक और कवि वहाँ प्राय: आते-जाते बने रहते होंगे। लगता है कि महाकवि सिद्ध भी उसी क्रम में भ्रमण करते-करते वहाँ आये होंगे और संयोगवश उसी समय जब उक्त अमृतचन्द्र भट्टारक भी विहार करते हुए वहाँ पधारे तब वहाँ भेंट होते ही भट्टारक के आदेश से उन्होंने प्रस्तुत प०च० की रचना की थी।

7. मूल ग्रन्थकार — निवास-स्थल

यह कहना कठिन है कि कवि सिद्ध कहाँ के निवासी थे। कवि ने स्वयं ही उसकी कोई चर्चा नहीं की और न उसने अपने कुल-गोत्र या अन्य विषयक ऐसी कोई चर्चा ही की है कि उससे भी कुछ जानकारी मिल सके। किन्तु उनके माता-पिता के नामों की शैली देख कर यह अवश्य प्रतीत होता है कि वे दाक्षिणात्य थे तथा उनका निवास स्थल कर्नाटक में कहीं होना चाहिए। क्योंकि सिद्ध, पम्पा, देवण्ण आदि नाम कर्नाटक में ही प्राय: देखे जाते हैं। कवि ने अपनी उपाधि के रूप में मुनि, साधु, विरत अथवा तत्सम ऐसे किसी विशेषण का उल्लेख नहीं किया है। इससे यह प्रतीत होता है कि वह गृहस्थ रहा होगा और ज्ञान-पिपासा की तृप्ति अथवा वृत्ति हेतु भ्रमण करता-करता बम्हडवाडपट्टन पहुँचा होगा। कवि ने दक्षिण के अनेक देशों एवं नगरों आदि के प्राय: उल्लेख किये हैं। इनसे भी यही प्रतिभासित होता है कि कवि दाक्षिणात्य अथवा कर्नाटक-प्रदेश का निवासी रहा होगा।

8. गुरु-परम्परा एवं काल

महाकवि सिद्ध ने लिखा है कि अमृतचन्द्र भट्टारक ने उसे प०च० के प्रणयन का आदेश दिया। इससे यह सिद्ध है कि अमृतचन्द्र भट्टारक ही कवि के काव्य-प्रणयन में प्रेरक गुरु थे। कवि ने उन्हें मलधारीदेव, मुनिपुंगव माधवचन्द्र का शिष्य कहा है किन्तु वे किस गण एवं गच्छ के थे, इसके विषय में कवि ने कोई सूचना नहीं दी।

माधवचन्द्र की 'मलधारी' उपाधि से यह प्रतीत होता है कि वे मूलसंघ कुन्दकुन्दान्वय की परम्परा के आचार्य रहे होंगे[1], जिनका समय 12वीं सदी के लगभग रहा है। किन्तु इनकी निश्चित परम्परा एवं काल की जानकारी के लिए निश्चित प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं।

मलधारी माधवचन्द्र के विषय में कवि ने लिखा है कि वे मलधारीदेव माधवचन्द्र मुनिपुंगव मानों धर्म, उपशमवृत्ति एवं इन्द्रियजय की प्रत्यक्षमूर्त्ति थे। वे क्षमागुण, इच्छा-निरोध तथा यम-नियम से समृद्ध थे।[2] इस वर्णन से विदित होता है कि माधवचन्द्र घोर तपस्वी एवं साधक थे। सम्भवत: उन्होंने किसी ग्रन्थ का प्रणयन नहीं किया, अन्यथा कवि उसके विषय में संकेत अवश्य करता। उनके शिष्य अमृतचन्द्र भट्टारक के विषय में कवि ने लिखा है कि—"मलधारी देव माधवचन्द्र के शिष्य अमृतचन्द्र भट्टारक थे, जो तपरूपी तेज के दिवाकर, व्रत-तप, नियम एवं शील के रत्नाकर,

1. जैन शिलालेख संग्रह, भाग 2, भूमिका, पृ० 51-55। 2. प०च०, 1/4/2।

तर्कशास्त्र रूपी लहरों से झंकृत, परम-श्रेष्ठ तथा व्याकरण के पाण्डित्य से अपने पद का विस्तार करने वाले थे। जिनकी इन्द्रिय-दमन रूपी वक्र-भृकुटि देखकर मदन भी आशंकित होकर प्रच्छन्न ही रहा करता था।[1] विद्वानों में श्रेष्ठ वे अमृतचन्द्र भट्टारक अपने शिष्यों के साथ-साथ नन्दन-वन से आच्छादित मठों, विहारों एवं जिन-भवनों से रमणीक बम्हडवाडपट्टन पधारे।"[2] कवि के इस वर्णन से यह तो विदित हो जाता है कि अमृतचन्द्र भट्टारक तपस्वी, साधक एवं विद्वान् थे किन्तु उनका क्या समय था, इसका पता नहीं चलता। कवि ने बम्हडवाडपट्टन के तत्कालीन शासक भुल्लण का उल्लेख अवश्य किया है[3], जो राजा अर्णोराज, राजा बल्लाल एवं सम्राट कुमारपाल का समकालीन था। उनका समय चूँकि वि०सं० 1199 से 1229 के मध्य सुनिश्चित है, अतः उसी आधार पर भट्टारक अमृतचन्द्र का समय भी वि०सं० की 12वीं सदी का अन्तिम चरण या 13वीं सदी का प्रारम्भ रहा होगा।

9. समकालीन शासक

महाकवि सिद्ध ने बल्लाल को 'शत्रुओं के सैन्य-दल को रौंद डालने वाला[4] तथा 'अर्णोराज के क्षय के लिए काल के समान[5] जैसे विशेषण प्रयुक्त किए हैं, जो बड़े ही महत्वपूर्ण हैं। कवि का संकेत है कि अर्णोराज बड़ा ही बलशाली था। उस के शौर्य-वीर्य का पता इसी से चलता है कि कुमारपाल जैसे साधन-सम्पन्न एवं बलशाली राजा को उस पर आक्रमण करने के लिए पर्याप्त गम्भीर योजना बनानी पड़ी थी। लक्षग्रामों के अधिपति अर्णोराज ने सिद्धराज जयसिंह के विश्वस्त-पात्र उदयनपुत्र बाहड़ (अथवा चाहड़) जैसे एक कुशल योद्धा एवं गजचालक, वीर-पुरुष को कुमारपाल के विरुद्ध अपने पक्ष में मिला लिया था।[6] इसके साथ-साथ उसने अन्य अनेक राजाओं को भी धमकी दे कर अथवा प्रभाव दिखा कर अपने पक्ष में मिला लिया था।[7] मालव नरेश बल्लाल के साथ भी उसने सन्धि कर ली थी और कुमारपाल के विरुद्ध धावा बोल दिया था।[8] कुमारपाल उसकी शक्ति एवं कौशल से स्वयं ही घबराया हुआ रहता था। कवि सिद्ध को अर्णोराज की ये सभी घटनाएँ सम्भवतः ज्ञात थीं। किन्तु ऐसे महान् कुशल, वीर, लड़ाकू एवं साधन-सम्पन्न (चाहमान) राजा अर्णोराज के लिए भी राजा बल्लाल को "क्षय-काल के समान" बताया गया है। इससे यही ध्वनित होता है कि बल्लाल अर्णोराज से भी अधिक प्रतापी नरेश रहा होगा। यद्यपि उसने समस्वार्थ-विशेष के कारण किसी अवसर पर अर्णोराज के साथ राजनैतिक सन्धि कर ली थी। अर्णोराज एवं बल्लाल के बीच युद्ध होने के प्रमाण नहीं मिलते। अतः प्रतीत यही होता है कि अर्णोराज बल्लाल से भयभीत रहता होगा। इसीलिए कवि ने बल्लाल को अर्णोराज के लिए 'क्षयकाल के समान' कहा है।

कवि द्वारा बल्लाल के लिए प्रयुक्त "शत्रु-दल-सैन्य का मन्थन कर डालने वाला" विशेषण का अर्थ भी स्पष्ट है। बल्लाल की बढ़ती हुई शक्ति को देखकर आचार्य हेमचन्द्र को लिखना पड़ा कि—'अर्णोराज पर विजय प्राप्त करने के पश्चात् कुमारपाल को यह सलाह दी गयी कि वह मालवाधिपति बल्लाल को पराजित कर यशार्जन करें।'[9] इससे यह प्रतीत होता है कि कुमारपाल ने भले ही अनेक राजाओं पर विजय प्राप्त कर ली हो, किन्तु बल्लाल पर विजय प्राप्त किये बिना उसका राज्य निष्कंटक न हो पाता तथा उसे यशः प्राप्ति सम्भव न होती। बल्लाल ने कुमारपाल के आक्रमण के पूर्व उसके दो विश्वस्त सेनापतियों—विजय एवं कृष्ण को फोड़कर अपने पक्ष में मिला लिया था।[10] इस प्रकार कुमारपाल बल्लाल से भी आतंकित हो गया था, कभी-कभी उसे उस पर

---

1. प०च० 1/4/3-5। 2. वही०, 1/4/6-8। 3. वही०, 1/4/9-10। 4. वही०, 1/4/8। 5. वही०, 1/4/8। 6. चौलुक्य कुमारपाल, पृ० 101। 7. वही०, पृ० 102। 8. वही० 8-9। 9-10. द्वयाश्रय काव्य 19/97-98 — रक्षोभिपशुभिर्दामानिर्भरौलपिभिर्वृतः, श्रीमतैः श्रीमतैश्चामुं बल्लालो दर्पतोऽभ्यगात्।। शमीवत्याभिजित्याभ्यां शैखावत्येन चैषते, कृत्यौ विभेद सामन्तौ नाम्ना विजयकृष्णकौ।।

विजय प्राप्त करने में सन्देह भी उत्पन्न हो जाता होगा, फिर भी उसने अपनी पूरी तैयारी कर उस पर आक्रमण किया और अन्ततः उसे पराजित कर दिया।[1] बडनगर-प्रशस्ति का यह उल्लेख कि—"कुमारपाल ने मालवाधिपति बल्लाल का शिरच्छेद कर उसका मस्तक अपने राजप्रासाद के द्वार पर लटका दिया था,[2] यह कथन वस्तुतः बल्लाल की दुर्दम शक्ति एवं पराक्रम के विरुद्ध कुमारपाल के संचित क्रोध का ही ज्वलन्त उदाहरण है।

अर्णोराज के लिए क्षयकाल के समान तथा रिपु-सैन्य-दल का मन्थन कर देने वाला यह बल्लाल कौन था? इसके विषय में विद्वानों ने अपने-अपने अनुमान व्यक्त किये हैं, किन्तु वे सर्वसम्मत नहीं हैं।

सुप्रसिद्ध इतिहासकार ल्यूडर्स के अनुसार अज्ञात कुलशील बल्लाल ने परमारवंशी यशोवर्मन् को पराजित कर मालवा के कुछ अंश को हड़प लिया था।[3] श्री सी०वी० वैद्य के अनुसार "बल्लाल" शब्द एक विरुद (अपरनाम) था, जो कि उक्त यशोवर्मन् (परमार) के प्रथम पुत्र राजकुमार जयवर्मन् के साथ संयुक्त था।[4] मालवा के अभिलेखों में बल्लाल नाम के किसी भी राजा का उल्लेख नहीं है[5], जब कि उक्त जयवर्मन् को होयसल-नरेश नरसिंह-प्रथम की सहायता से कल्याणी के चौलुक्य-नरेश जगदेकमल्ल (वि०सं० 1196-1207) ने पराजित कर मालवा का राज्य हड़प लिया था।[6] उक्त चौलुक्यवंशी जगदेकमल्ल का आक्रमण मैसूर के एक शिलालेख से प्रमाणित है।[7] उसके प्रकाश में अध्ययन करने से यह प्रतीत होता है कि 'बल्लाल' यह नाम 'दाक्षिणात्य' है। अतः वह परमार-वंशी जयवर्मन् का अपरनाम नहीं हो सकता। इसमें कुछ भी तथ्य प्रतीत नहीं होता कि उत्तर-भारत का कोई राजा अपना नाम दाक्षिणात्यों के नाम-साम्य पर रखता।

हमारा अनुमान है कि महाकवि सिद्ध द्वारा उल्लिखित बल्लाल होयसल-वंशी बल्लाल राजाओं में से कोई एक बल्लाल ही रहा होगा। उक्त राजवंश में उस नामके तीन राजा हुए हैं[8], किन्तु आचार्य हेमचन्द्र ने कुमारपाल की जिस मालवपति बल्लाल के साथ युद्ध की चर्चा की है वह होयसल-वंशी नरेश रणरंग का ज्येष्ठ पुत्र होना चाहिए, जिसका समय वि०सं० 1158-1163 है।[9] इस सन्दर्भ में आचार्य हेमचन्द्र एवं बडनगर की वह प्रशस्ति ध्यातव्य है, जिसके अनुसार कुमारपाल ने स्वयं या उसके किसी सामन्त ने युद्ध-क्षेत्र में ही बल्लाल का वध कर दिया था। अतः प्रतीत होता है कि बल्लाल वि०सं० 1161-62 में दक्षिण से साम्राज्य-विस्तार करता हुआ उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा होगा और किसी भिल्लम[10] शासक को पराजित करता हुआ वह मालवा की ओर बढ़ा होगा तथा अवसर पाकर उसने मालवा पर आक्रमण किया होगा और सफलता प्राप्त की होगी किन्तु मालवा पर वह बहुत समय तक टिक न सका। वह सम्भवतः सिद्धराज जयसिंह के अन्तिम काल में वहाँ का अधिपति हुआ होगा। जयसिंह की मृत्यु के बाद चाहड़ एवं कुमारपाल के उत्तराधिकार को लेकर किए गये संघर्ष-काल[11] के मध्य ही बल्लाल मालवपति बनकर वहाँ अपने स्थायी पैर जमाने के लिए सैन्य-संगठन एवं आसपास के पड़ौसी राजाओं के साथ सन्धियाँ करता रहा होगा। इसी बीच कुमारपाल अणहिलपाटन का अधिकारी बना होगा। आचार्य हेमचन्द्र ने उसके राज्य को निष्कंटक बनाने हेतु सर्वप्रथम मालवपति बल्लाल को पराजित करने की सलाह दी होगी। बल्लाल की पराजय एवं वध उसी का फल था। अल्पकालीन विदेशी नरेश होने के कारण ही उसका नाम

---

1. वसन्त-विलास, 3/29 बल्लालमुल्लालयतिस्म खड्गं दण्डेन यः कन्दुकलीलयैव। 2. एपि० इं०, खण्ड 1, पृ० 302, पद्य 15; वही०, खण्ड 7, पृ० 202-8। 3. पोलिटिकल०, पृ० 114। 4. चौलुक्य, पृ० 109। 5. पोलिटिकल०, पृ० 114। 6. मैसूर इंस्क्रिप्शन्स, पृ० 58, 153। 7. प्राचीन भारत, पृ० 685-87। 8. भारतीय इतिहास, पृ० 341। 9. प्राचीन भारत, पृ० 681, 100। 10. प्रबन्ध चिन्तामणि — कुमारपालादि प्रबन्ध प्रकरण 126-129। 11. एपि० इं०, खंड 1, पृ० 293।

मालवा के अभिलेखों में नहीं मिलता।

बड़नगर की प्रशस्ति का समय वि०सं० 1208 है।[1] अत: उसके पूर्व ही उस का वध हो चुका होगा।

बल्लाल का पिता रणराग[2] ही प०च० का रणधोरी मानना चाहिए। बहुत सम्भव है कि बल्लाल के पिता रणराग का रण की धुरा को वहन करने के कारण रणधोरी यह विरुद रहा हो?

हम ऊपर चर्चा कर आये हैं कि बल्लाल ने मालवा पर आक्रमण के पूर्व, उत्तर में किसी भिल्लम को पराजित किया था। वह 'बम्हणवाड' का शासक रहा होगा, जिसे कवि ने गुहिल-गोत्रीय क्षत्रियवंशी भुल्लण कहा है। बल्लाल ने उसे पराजित कर अपना सामन्त बनाया होगा और उसे ही कवि ने भृत्य की उपाधि प्रदान की है, जो माण्डलिक की कोटि में आता है।

उक्त राजाओं में से बल्लाल का समय वि०सं० 1161-62 के आसपास निश्चित है। इसी आधार पर पज्जुण्णचरिउ का मूल रचनाकाल भी वि०सं० की 12वीं सदी का अन्तिम चरण माना जा सकता है।

10. ग्रन्थोद्धारक महाकवि सिंह

पज्जुण्णचरिउ के उद्धारक कवि सिंह ने अपनी विद्वत्ता के विषय में तो संकेत दिए हैं, किन्तु व्यक्तिगत परिचय में उन्होंने भी कोई विशेष सूचनाएँ नहीं दीं। उक्त ग्रन्थ की अन्त्य-प्रशस्ति में जो सूचनाएँ मिलती हैं, वे इस प्रकार हैं—

(1) उसके पिता का नाम बुध रल्हण एवं माता का नाम जिनमति था। बुध की उपाधि से यह स्पष्ट होता है कि उसके पिता भी कवि रहे होंगे, यद्यपि उनकी रचनाओं का पता नहीं चल सका है।

(2) महाकवि सिंह अपने परिवार में सबसे बड़े भाई थे। उनके अन्य तीन छोटे भाईयों के नाम थे— सुहंकर (शुभंकर), साहारण (साधारण) एवं महादेव।[3]

(3) कवि गुर्जर देश एवं गुर्ज्जर कुल में उत्पन्न हुआ था।[4]

(4) कवि अपभ्रंश के साथ-साथ संस्कृत का भी धुरन्धर विद्वान्-कवि था, क्योंकि उसने 10वीं सन्धि से अन्तिम सन्धि तक प्रत्येक सन्धि के अन्त में रचना-महिमा, कवि-महिमा, अथवा स्व-कवित्व-महिमा को ध्वनित करने वाले संस्कृत श्लोक दिए हैं। ये श्लोकशार्दूलविक्रीडित छन्द के हैं। महाकवि सिद्ध ने भी संस्कृत श्लोकों का प्रयोग किया है, किन्तु 8 सन्धियों में उनकी संख्या केवल 2 ही है। भले ही सिंह ने सिद्ध की उक्त परम्परा का निर्वाह किया हो,फिर भी संस्कृत-भाषा ज्ञान में वे सिद्ध की अपेक्षा अधिक अलंकृत प्रतीत होते हैं।

(5) महाकवि सिंह, सिद्ध की अपेक्षा एक अहंकारी कवि प्रतीत होते हैं। जहाँ सिद्ध कवि अपने को कवित्व के क्षेत्र में अज्ञानी, कुब्जा, बौना आदि कहते हैं,[5] वहीं पर सिंह कवि ने अपने को काव्य-क्षेत्र में "सिंह वृत्ति वाला" तथा "बाल-सरस्वती" तक भी कह दिया है।[6]

(6) सिंह कवि के गुरु का नाम अमृतचन्द्र था। जो मलधारी उपाधि से विभूषित थे। गुरु अमृतचन्द्र के गुरु एवं अन्य विषयक उल्लेख प्रशस्ति में अनुपलब्ध हैं।

सारांश यह है कि जिनमति एवं बुध रल्हण के पुत्र सिंह ने अपने गुरु मलधारी देव अमृतचन्द्र के आदेश से

---

1. 'भारतीय इतिहास : एक दृष्टि' में इसका नाम एयराग है, जो भ्रमात्मक है। 2. प० च०. 15/29/9। 3. वही०, 15/29/10-13। 4. वही०. 15/26/6, 12वी सन्धि की पुष्पिका। 5. वही०. 1/3/2-7। 6. वही०, 14वीं सन्धि का अन्तिम संस्कृत श्लोक एवं 15/29/16।

दुर्भाग्यवश विनाश को प्राप्त पज्जुण्णचरिउ का छायाश्रित निर्वाह (उद्धार) किया था।[1]

भले ही कवि सिंह ने मौलिक रूप से पज्जुण्णचरिउ की रचना न की हो, किन्तु उसका उद्धार कर वह जिस गर्व का अनुभव करता था, उसकी तुलना अभिमानमेरु एवं अभिमान-चिह्न उपाधिधारी महाकवि पुष्पदन्त की गर्व-भावना से की जा सकती है।

महाकवि सिंह की प्रशस्ति से यह ज्ञात नहीं होता कि उसने पज्जुण्णचरिउ का उद्धार कब एवं किस स्थल पर किया?

हमारा अनुमान है कि महाकवि सिद्ध एवं महाकवि सिंह के काल में अधिक अन्तर नहीं होना चाहिए। क्योंकि दोनों कवियों की गुरु-परम्परा निश्चित रूप से मलधारी देवोपासक रही है। सिद्ध ने अपने गुरु का नाम अमयचन्द[2] बताया है जबकि सिंह ने अमियचन्द[3] अथवा अमियमयंद[4]। अपभ्रंश-व्याकरण के नियमानुसार 'ऋ' स्वर का परिवर्तन 'अ' एवं 'इ' दोनों स्वरों में होता है। कवि छन्द एवं मात्रा तथा श्रुतिमधुरता को ध्यान में रख कर उक्त स्वर का परिवर्तन कर उसका प्रयोग कर लेता है। अत: अमयचन्दु, अमियचन्द्र एवं अमियमयंकु (मयंक=चन्द्र) वस्तुत: एक ही हैं। अन्त्य-प्रशस्ति में 'मलधारिदेव' (15/29/5) विशेषण अमियचंदु के गुरु माहवचंदु का ही विशेषण समझना चाहिए। अत: यह प्रतीत होता है कि पज्जुण्णचरिउ की रचना-समाप्ति के बाद सिद्ध कवि का सम्भवत: स्वर्गवास हो गया होगा और किसी प्राकृतिक प्रकोप के कारण पज्जुण्णचरिउ का कुछ अंश नष्ट या विगलित हो गया होगा, जिसकी प्रथम 8 सन्धियाँ तो सुविधापूर्वक ठीक कर ली गयी होंगी किन्तु बाकी की 7 सन्धियों को पूर्णतया विगलित या नष्ट देख कर गुरु अमृतचन्द्र ने सिंह कवि को उसके उद्धार का आदेश दिया होगा।

यदि हमारा उक्त अनुमान सही है तो सिद्ध और सिंह दोनों सतीर्थ्य सिद्ध होते हैं। सिंह ने पज्जुण्णचरिउ का उद्धार बम्हडवाडपट्टन में ही किया होगा क्योंकि पूर्व में लिखा जा चुका है कि उस समय अमृतचन्द्र बम्हणवाडपट्टन में रह रहे थे।

आद्य-प्रशस्ति में सिद्ध कवि द्वारा उल्लिखित माहवचन्दु, बल्लाल, भुल्लण जैसे व्यक्तियों के उल्लेख सिंह कवि ने सम्भवत: पुनरुक्ति दोष से बचने की दृष्टि से ही नहीं किये हैं। वस्तुत: वे सभी प्रसंग-प्राप्त सिद्ध होते हैं।

अत: इन तथ्यों से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रद्युम्नचरित का रचनाकाल 12वीं सदी का तीसरा चरण था। उसका उद्धारकाल अनुमानत: 12वीं सदी का अन्तिम चरण अथवा तेरहवीं सदी का प्रारम्भिक चरण रहा होगा। उद्धार-स्थल भी अन्य सक्षम प्रमाणों के मिलने तक बम्हणवाडपट्टन ही समझना चाहिए।

11. अपभ्रंश-साहित्य की प्रवृत्तियाँ

महाकवि सिद्ध का अभ्युदय उस काल में हुआ, जब अपभ्रंश-साहित्य के क्षेत्र में पर्याप्त लेखन-कार्य हो चुका था। काव्य के विविध रूपों का भी विकास हो चुका था एवं परवर्ती अपभ्रंश-कवि उनसे अनुप्राणित हो रहे थे। महाकवि सिद्ध के समय में जिन काव्य-रूपों एवं शैलियों का विकास हो चुका था, उनका वर्गीकरण निम्नप्रकार किया जा सकता है।[5]

---

1. प०च०. 15/29/37। 2. वही० 1/4/6। 3. वही०. 15/29/22। 4. वही०. 15/29/48। 5. दे० र०सा०आ०प० (वैशाली. 1974, पृ० 22)।

(1) प्रबन्ध काव्य

प्रबन्ध-काव्यों की श्रेणी में पुराण, चरित, काव्य एवं कथा-साहित्य आते हैं। विषय की दृष्टि से इन काव्यों को दो श्रेणी में विभक्त किया जा सकता है। पौराणिक काव्य एवं रोमाण्टिक काव्य। महाकवि स्वयम्भू, अभिमान-मेरु पुष्पदन्त एवं धर्कटवंशी महाकवि धनपाल को इस साहित्य की रत्नत्रयी माना जा सकता है। इन्होंने अपभ्रंश-साहित्य में जिन कथानक-रूढ़ियों एवं अभिप्रायों को गुम्फित किया, वे परवर्ती अपभ्रंश-साहित्य के लिए आधार बन गए। परवर्त्ती साहित्यकारों ने उसमें कोई विशेष उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं किया।

अपभ्रंश-साहित्य में भी संस्कृत-प्राकृत की परम्परा के अनुकूल किसी तीर्थंकर अथवा पौराणिक या धार्मिक महापुरुष के चरित्र का वर्णन पौराणिक शैली में परम्परानुमोदित ही किया गया है। कवि अपनी कवित्व एवं कल्पना-शक्ति के माध्यम से कथा में मात्र इतना ही परिवर्तन कर देता है कि समस्त चरित्र काव्यात्मक रूप ग्रहण कर रस से परिपूर्ण हो जाता है। इसी श्रेणी के अपभ्रंश-काव्यों में स्वयम्भूकृत पउमचरिउ एवं रिट्ठणेमिचरिउ, पुष्पदन्त कृत महापुराण, णायकुमार एवं जसहरचरिउ, वीर कवि कृत जम्बूसामिचरिउ, धवलकवि कृत हरिवंशपुराण, पद्मकीर्ति कृत पासणाहचरिउ आदि रचनाएँ प्रमुख हैं। इन सभी पौराणिक काव्यों को देखने से निम्न सामान्य-प्रवृत्तियाँ परिलक्षित होती हैं—

(1) तीर्थंकरों, शलाकापुरुषों या अन्य किसी महापुरुषों के जीवन-चरितों को अपनी कल्पना और भावुकता से उनमें थोड़ा बहुत परिवर्तन कर उन्हें काव्य का स्वरूप प्रदान किया गया है। संस्कृत-प्राकृत काव्यों से प्रेरणा ग्रहण कर के भी कवियों ने अपनी ही रचना-शैली को अपनाया है।

(2) चरित-नायकों के विभिन्न जन्मों की कथा के उन मर्मस्पर्शी अंशों को ही ग्रहण किया गया है, जिनका मानव-जीवन से घनिष्ठ सम्बन्ध है।

(3) भवान्तर-वर्णन के माध्यम से कर्म-विपाक के सिद्धान्त का प्रतिपादन सर्वत्र किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य दर्शन के मूल—कर्म-सिद्धान्त का उपदेश देना ही है। क्योंकि ये सभी काव्य वैराग्य मूलक हैं और जिनकी अन्तिम परिणति शान्त-रस में होती है।

(4) लोक-विश्वासों एवं कथाओं का प्रतिपादन उक्त काव्यों की अपनी विशेषता है।

(5) काव्यों के आरम्भ करने की शैली प्रायः एक सी है। कृति के आरम्भ में मंगलाचरण, तीर्थंकर वन्दना, सज्जन-दुर्जन स्मरण, आत्मगर्हा, महावीर प्रभु के समवशरण का राजगृह में आगमन एवं राजा श्रेणिक द्वारा प्रश्न तथा गौतम गणधर का उत्तर देना, तथा आदि एवं अन्त में प्रशस्तियों के माध्यम से कवि द्वारा आत्म-परिचय, गुरु-परम्परा, नगर, देश एवं समकालीन राजाओं, नगर सेठों, पूर्ववर्त्ती-साहित्य एवं साहित्यकारों के वर्णन परम्परा-प्राप्त ही हैं।

(6) उक्त सभी काव्य-ग्रन्थ पौराणिक हैं, फिर भी धार्मिकता के साथ-साथ उनमें शृंगार एवं वीर-भावों की व्यंजना भी मुखरित है। अवसर पाते ही कवि चन्द्र, सूर्य, नदी, पर्वत आदि प्राकृतिक वर्णनों के साथ ही जल-क्रीड़ा, सुरतक्रीड़ा के मनोरंजन, वर्णनों के मधुमय चित्र, युद्ध की विभीषिका आदि के वर्णनों के लिए भी कवि अवसर खोज लेता है।

इस प्रकार महाकवि सिद्ध को पौराणिक प्रबन्ध-काव्य की एक विस्मृत एवं प्रांजल-परम्परा उपलब्ध हुई है।

(2) आध्यात्मिक-काव्य

अपभ्रंश भाषा में लिखित आध्यात्मिक-काव्य के सर्वप्रथम कवि जोइन्दु माने जाते हैं, जिन्होंने अपने 'परमप्पयासु सह जोयसारु' (परमात्मप्रकाश एवं योगसार) में अध्यात्म का सुन्दर निरूपण किया है। इसीप्रकार मुनि रामसिंह ने पाहुड़-दोहा में इसी कोटि के काव्य की रचना की है। दोनों कवियों ने आत्मा-परमात्मा, सम्यक्त्व-मिथ्यात्व तथा समरसता आदि का मार्मिक विवेचन किया है। कुछ विद्वान् इस काव्य को रहस्यवाद की संज्ञा से अभिहित करते हैं। परवर्त्ती शोधों के अनुसार इन काव्यों के आध्यात्मिक पक्ष पर आचार्य कुन्दकुन्द के प्रवचनसार एवं समयसार का पूर्ण प्रभाव परिलक्षित होता है। महाकवि सिद्ध को यह परम्परा व्यवस्थित रूप में उपलब्ध हुई है।

(3) रोमाण्टिक काव्य

रोमाण्टिक काव्यों में धर्म एवं इतिहास का अद्भुत समन्वय है। इन काव्यों में धार्मिक पुरुषों या कामदेव के अवतारों के जीवन-चरित्रों के वर्णन हैं एवं कुछ व्रतों एवं मन्त्रों का माहात्म्य बतलाने के लिए अनेक आख्यान लिखे गये हैं। इस कोटि के काव्यों में णायकुमारचरिउ, भविष्यदत्त कहा, सुदंसणचरिउ एवं करकण्डुचरिउ (कनकामर, 11वीं सदी) प्रभृति हैं। इस प्रकार की विधा के काव्यों की विशेषताएँ निम्न प्रकार हैं—

(1) अपभ्रंश के रोमाण्टिक काव्य लोक-कथाओं पर आधारित हैं।

(2) उक्त काव्यों की एक प्रमुख विशेषता है, पात्रों के मनोवैज्ञानिक चरित्र-चित्रण की।

(3) कथावस्तु में रोमांच लाने के लिए समुद्र-यात्रा, जहाज का उलटना, उजाड़ वन, युद्ध आदि के अतिरंजित वर्णन इस प्रकार के काव्यों में प्रमुख हैं।

(4) प्रस्तुत काव्यों में कल्पना की उड़ान का प्रचुर प्रयोग पाया जाता है। कवि समुद्रतल से लेकर स्वर्ग लोक तक कल्पनाओं की कुलाचें मारता हुआ दौड़ लगाता रहता है।

(5) रोमाण्टिक-काव्य एक प्रकार से प्रेमाख्यानक काव्य हैं। इसमें युद्ध और प्रेम को विशेष महत्त्व दिया गया है। हिन्दी-साहित्य का प्रेमाख्यान-काव्य अपभ्रंश साहित्य की इस विधा का विशेष रूप से आभारी है।

(6) पौराणिक काव्यों के समान ही इनमें प्रासंगिक अवान्तर-कथाओं एवं भवान्तर वर्णनों का बाहुल्य है।

(7) उक्त काव्यों में कथानक-रूढ़ियों का प्रयोग अत्यधिक मात्रा में हुआ है, जिनमें से निम्न रूढ़ियाँ अत्यन्त प्रसिद्ध हैं—

(क) प्रथम दर्शन, गुण-श्रवण या चित्र-दर्शन द्वारा प्रेम का प्रादुर्भाव। यथा—भविसयत्तकहा, सुदंसणचरिउ आदि।

(ख) उजाड़ नगर का मिलना, वहाँ किसी कुमारी का दर्शन एवं विवाह तथा अटूट सम्पत्ति एवं वैभव की प्राप्ति। भविसयत्तकहा इसका अच्छा उदाहरण है।

(ग) मुनि श्राप। यथा — भविसयत्तकहा, करकण्डुचरिउ।

(घ) दोहद-कामना। यथा — करकंडुचरिउ।

(ङ) पूर्वजन्म की स्मृति के आधार पर शत्रुता। यथा — णायकुमारचरिउ, जसहरचरिउ, करकंडुचरिउ आदि।

(च) चरित्रहीना पत्नी। यथा — जसहरचरिउ, करकंडुचरिउ, सुदंसणचरिउ, भविसयत्तकहा आदि।

(छ) रूप-परिवर्तन। यथा — करकंडुचरिउ, भविसयत्तकहा आदि।

उक्त कथानक रूढ़ियाँ महाकवि सिद्ध को परम्परा से ही प्राप्त हुई, जिन का उपयोग उन्होंने अपने प्रबन्ध काव्य में प्रचुरता के साथ किया है।

(4) बौद्ध-दोहा, गान एवं चर्यापद

अपभ्रंश साहित्य की चौथी विधा बौद्ध-दोहा एवं चर्यापद है। सिद्ध कवियों ने प्रतीकात्मक भाषा में ब्रह्मानन्द, योग एवं साधना-तत्व का सरस निरूपण किया है। ब्राह्मण धर्म के क्रिया-काण्डों, यज्ञों एवं अन्य पाखण्डपूर्ण परम्पराओं के प्रति इन कवियों का बड़ा ही व्यंग्यात्मक उग्र रूप रहा है। सामाजिक कुरीतियों एवं बाह्याडम्बरों का पूर्ण विरोध इन कवियों का विशेष लक्ष्य रहा है। किन्तु इनकी यह प्रवृत्ति आध्यात्मिक कम और ध्वंसात्मक अधिक रही है। चर्यापदों और आध्यात्मिक-जैन-काव्यों में एक उल्लेखनीय अन्तर यह है कि जैन-काव्य समत्व-योगी एवं शुद्ध आध्यात्मिक हैं, जब कि चर्यापद प्राय: ध्वंसात्मक। महाकवि सिद्ध ने इस प्रवृत्ति का सूक्ष्मावलोकन कर परम्परानुमोदित तथ्यों के अनुसार उसे मोड़ दिया है।

(5) शौर्य-वीर्य एवं प्रणय सम्बन्धी मुक्तक काव्य

अपभ्रंश-साहित्य में यह काव्य-प्रवृत्ति अत्यन्त प्राचीन मानी गयी है। शोधक विद्वानों ने इस विधा को 'मुक्तक-काव्य' से अभिहित किया है। इस विधा का प्राथमिक स्वरूप हमें कालिदास के विक्रमोर्वशीय-नाटक में दिखाई पड़ता है जिसमें विरही पुरुरवा के हृदय के मार्मिक उद्‌गार व्यक्त हुए हैं। विक्षिप्त पुरुरवा जब मेघ को बरसते हुए देखता है तो दयार्द्र होकर कह उठता है—

मइ जाणिअ मिअलोअणि णिसिअरु कोइ हरेइ।
जाव णु णव तडिसामलि धाराहरु बरिसेइ।।[1]

अर्थात्—राजा नव-तड़ित से युक्त श्यामल मेघ को बरसते हुए देखकर कहता है—मैंने समझा कि कोई राक्षस मृगनयनी उर्वशी को हरण कर लिये जा रहा है।

इसी प्रकार उन्मत्त राजा बादल से प्रार्थना करता है कि—

जलहर संहर एहु कोप मिआढत्तओ। अविरल धारा-सार दिसा-मुह-कंतओ।
ए मइँ पुहवि भमंते जइ पिअं पेक्खिहिमि। तच्छे जं जु करीहसि तं तु सहीहिमि।।

हे जलधर ! अपना क्रोध रोक, यदि मुझे पृथ्वी पर घूमते-घूमते प्रियतमा मिल गयी तो जो-जो करोगे सब सहन करूँगा।

कवि ने मुक्तक-गान शैली में पुरुरवा की वेदना एवं मार्मिकता का सफल एवं हृदय-ग्राह्य चित्रण किया है। कालिदास की इस प्रणय-गान-पद्धति के पश्चात् मुक्तक गीतों की यह कड़ी हमें आचार्य हेमचन्द्र के व्याकरण-दोहों में देखने को मिलती है। यदि विक्रमोर्वशीय-नाटक में विरह की तीव्रता, मार्मिकता और वेदना की कसक है, तो हेमचन्द्र के दोहों में वीरता का तेज, विशुद्ध प्रेम एवं युवक-युवतियों के हास-उल्लास का सजीव चित्रण। इनमें शृंगार और वीर का अद्‌भुत समन्वय मिलता है। इसके साथ ही उनके पदों में अन्योक्ति, नीति, सुभाषित आदि के वर्णन भी मिलते हैं। इनमें सुन्दर साहित्यिक सरसता के साथ-साथ लौकिक जीवन एवं ग्राम्य जीवन के भी दर्शन होते हैं। यथा—

वीरता— **भल्ला हुआ ज मारिआ बहिणि म्हारा कंतु।**
लज्जेज्जं तु वयंसि अहु जइ भग्गा घर एंतु।।[2]

अर्थात् — बहिन अच्छा हुआ जो मेरा पति रणभूमि में ही मारा गया। यदि वह पराजित होकर लौटता तो

---

1. विक्रमोर्वशीय०, 4/8। 2. हे०प्रा० व्या०, 8/4/351।

मुझे अपनी सखियों के सामने लज्जित होना पड़ता।

शृंगार-रस का एक उदाहरण भी द्रष्टव्य है—

जिव जिव वंकिम लोअणहं णिरुसामलि सिक्खेइ।
तिव तिव वम्महु निअय-सरु खर-पत्थरि तिक्खेइ।।[1]

12. अपभ्रंश काव्यों की हिन्दी काव्यों को देन

यद्यपि अपभ्रंश काव्य-परम्पराओं एवं काव्य-रूढ़ियों के मूल स्रोत संस्कृत एवं प्राकृत-काव्य माने गए हैं, फिर भी उसकी कुछ परम्पराएँ एवं काव्य-रूढ़ियाँ ऐसी भी हैं, जो अपभ्रंश-काव्यों में स्वतन्त्र एवं मौलिक रूप से विकसित हुई और वे हिन्दी-काव्यों को विरासत के रूप में उपलब्ध हुई। इनमें से कुछ प्रमुख परम्पराएँ एवं काव्य-रूढ़ियाँ निम्नप्रकार हैं:—

(1) कडवक शैली:— अपभ्रंश के प्राचीन-साहित्य को देखने से यह स्पष्ट हो चुका है कि अपभ्रंश का मूल छन्द 'दोहा' था। कड़वक-पद्धति का आविर्भाव उसमें कब और कैसे हुआ, इस सम्बन्ध में कुछ कहना कठिन है। महाकवि स्वयम्भू ने अपने रिट्ठणेमिचरिउ की आद्यप्रशस्ति में लिखा है कि—

छड्डणिय दुवइ ध्रुवएहिं जडिय चउमुहेण समप्पिय पद्धडिया। —*रिट्ठ० 1/2/11*

अर्थात् चउमुह कवि ने दुवई (द्विपदी) और ध्रुवकों से जड़ा हुआ पद्धडिया छन्द समर्पित किया। स्वयम्भू के इस कथन से यह स्पष्ट हो जाता है कि चउमुह ने ध्रुवक एवं दुवई के मेल से पद्धडिया-छन्द को विकसित किया था। अपभ्रंश के प्रबन्ध-काव्यों में व्यवहृत कडवक-छन्द इसी पद्धडिया-छन्द का विकसित रूप कहा जा सकता है।[2]

साहित्यदर्पणकार ने "सर्ग: कडवकाभिध:" (6/325) कह कर कडवक को सर्ग का सूचक माना है। किन्तु यह युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कडवक का आकार इतना छोटा होता है कि वह सर्ग, आश्वास अथवा अध्याय का कार्य नहीं कर सकता। विचार करने पर प्रतीत होता है कि उसका विकास लोकगीतों के धरातल पर हुआ होगा। जब अपभ्रंश में प्रबन्ध-पद्धति का आविर्भाव हुआ और दोहा-छन्द इसके लिए अल्पकाय सिद्ध होने लगा, तब अपभ्रंश-कवियों ने मात्रिक-छन्द-परम्परा पर प्रबन्ध काव्य के वहन कर सकने योग्य पद्धडिया-छन्द का विकास किया। 16, 20, 24, 28, 32 एवं 48 अर्द्धालियों के अनन्तर घत्ता-छन्द देकर कडवक लिखने की परम्परा आविर्भूत हुई। कडवक को अनिवार्यत: घत्ता के साथ रखे जाने का नियम है। उसमें पंक्तियों की संख्या निश्चित नहीं। पुष्पदन्त ने 9 से 13 अर्द्धालियों के बाद घत्ते का प्रयोग किया है तो स्वयम्भू ने 8 अर्द्धालियों के पश्चात् घत्ते का[3]। आगे चलकर यही कडवक पद्धति हिन्दी-काव्यों में चौपाई-दोहे के रूप में विकसित हुई। रामचरितमानस में 8 अर्द्धालियों अर्थात् चौपाई के बाद दोहे के प्रयोग मिलते हैं, जबकि जायसी ने अपने पद्मावत में 7 अर्द्धालियों अर्थात् चौपाई के बाद दोहा-छन्द रखा है।

(2) अपभ्रंश की दूहा-पद्धति का हिन्दी-साहित्य में दोहा पद्धति के रूप में विकास:— आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने प्राचीन अपभ्रंश साहित्य को "दूहा विधा" कहा है।[4] उनके अनुसार वस्तुत: जिस प्रकार प्राकृत का गाथा-छन्द एवं संस्कृत का आर्या-छन्द प्रसिद्ध था, उसी प्रकार अपभ्रंश का दूहा-छन्द भी प्रसिद्ध था। दोहा छन्द अपभ्रंश के प्रतीक के रूप में माना जाता था। अपभ्रंश के प्राचीन काव्य परमप्पयासु, जोयसारु, सावयधम्म दोहा,

---

1. हे०प्रा०व्या०, 8/4/344। 2. दे०र०सा०आ०प०: पृ० 590-591। 3. वही०: पृ० 591। 4. दे०हि०सा० का आदि० (डॉ० द्विवेदी), पटना, 1952, पृ० 92।

एवं पाहुडदोहा आदि दूहा छन्द में ही लिखे गये। यह दूहा ही हिन्दी में दोहा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसमें 13 एवं 11 मात्राएँ अथवा 14 एवं 12 मात्राएँ होती हैं। सम्भवत: अपभ्रंश के उक्त काव्यों से ही दोहों की परम्परा कबीर, जायसी, तुलसी, रहीम एवं बिहारी को प्राप्त हुई।

हिन्दी के सोरठा, बरवै एवं कुण्डलिया के पूर्वार्द्ध का विकास भी अपभ्रंश के घत्ते एवं दूहा से ही हुआ। उसी प्रकार अष्टपदी, छप्पय, पादाकुलक, पज्झटिका, हरिगीता, ताटंक, मदनावतार आदि छन्द भी हिन्दी को अपभ्रंश की ही देन है।

(3) **सन्धि-पद्धति:**—अपभ्रंश-काव्यों में सर्ग एवं आश्वास के स्थान पर सन्धि का प्रयोग मिलता है। सन्धि का अर्थ है जोड़। अपभ्रंश-काव्यों में किसी कथानक के एक प्रकरण-विशेष की समाप्ति को सन्धि कहा गया है। इसमें प्रथमांश की समाप्ति एवं अग्रिमांश का प्रारम्भ इन दोनों के पूर्वापर-सम्बन्ध की अभिव्यक्ति रहती है। इसीलिए सम्भवत: इसका नाम सन्धि पड़ा। हिन्दी-काव्यों में सन्धि की परम्परा अपभ्रंश से ही आई। इस प्रकार के काव्यों में ब्रह्मगुलालचरित[1] (छत्रपति विरचित) आदि काव्य प्रमुख है आगे चल कर सन्धि का यह रूप पृथ्वीराजरासो में 'समय', पद्मावत में 'खण्ड' एवं रामचन्द्रिका में 'प्रकाश' के रूप में विकसित हुआ।

(4) **हिन्दी के रासा-साहित्य की प्रेरणा का प्रमुख स्रोत:**—हिन्दी-साहित्य के आधुनिक-काल को छोड़कर वीरगाथाकाल अथवा आदिकाल, भक्तिकाल एवं रीतिकाल अपभ्रंश-साहित्य से पूर्णत: प्रभावित हैं। वीरगाथाकालीन रासा-साहित्य के लिए अपभ्रंश के उपदेशरसायनरास (वि०सं०1132), भरतबाहुबलीरास (वि०सं०1241), जम्बूसामिरास (वि०सं०1266), रेवंतगिरिरास (वि०सं०1288) गयसुकुमालरास (वि०सं०1300) एवं समरारास (वि०सं०1371) आदि प्रेरणा-सूत्र माने गये हैं।

हिन्दी के रासा-साहित्य में भाषा का गठन भी तात्कालिक स्थानीय कुछ अनिवार्य प्रवृत्तियों को छोड़कर, अपभ्रंश-व्याकरण के आधार पर हुआ है। नरपतिनाल्ह कृत 'वीसलदेवरासो' के विषय में डॉ० रामकुमार वर्मा का यह कथन ध्यातव्य है—"वीसलदेवरासो का व्याकरण अपभ्रंश के नियमों का पालन कर रहा है, कारक, क्रियाओं और संज्ञाओं के रूप अपभ्रंश-भाषा के ही हैं। अतएव भाषा की दृष्टि से इस रासो को अपभ्रंश-भाषा से सद्य: विकसित हिन्दी का ग्रन्थ कहने में किसी प्रकार की भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए।"[2]

(5) **अपभ्रंश के समान हिन्दी में भी "काव्य" के स्थान पर चरित शब्द का प्रयोग:**— "काव्य" के लिए "चरित" शब्द का प्रयोग हिन्दी में प्राय: अपभ्रंश से आया है। यथा—अपभ्रंश के पासणाहचरिउ, पज्जुण्णचरिउ, णायकुमारचरिउ, जसहरचरिउ, महावीरचरिउ के बल पर हिन्दी के—रामचरितमानस, सुदामाचरित, सुजानचरित, वीरसिंहदेवचरित आदि।

(6) **अपभ्रंश की प्रेम-कथाओं का हिन्दी-साहित्य में प्रेमाख्यानक-काव्यों के रूप में विकास:**—अपभ्रंश में 'मयणरेहाकहा', रयणसेहरनिवकहा, सन्देशरासक तथा भविसयत्तकव्व, णायकुमारचरिउ, जसहरचरिउ जैसे अनेक ऐसे काव्य हैं, जिनमें आपातत: प्रेमकथानक अथवा प्रसंगानुकूल प्रेम-कथाओं की चर्चाएँ आती हैं। इनका स्पष्ट विकास हिन्दी-काव्यों में हुआ और जिनका नामकरण हिन्दी-साहित्य के इतिहासकारों ने प्रेमाख्यानक काव्यों के रूप में किया। इस प्रकार के काव्यों में से चन्दायन (दाऊद), पद्मावत (जायसी), चित्ररेखा (जायसी), मधुमालती

---

1. जै०सा०प्र० संस्था, दिल्ली (1961 ई०) से प्रकाशित। 2. दे०हि०सा० का आ०इ०: डॉ० रामकुमार वर्मा, (प्रयाग, 1948 ई०); पृ० 208।

(चतुर्भुज) आदि इसके सुन्दर उदाहरण हैं।

(7) **अपभ्रंश गीतिकाव्यों का हिन्दी-गीतिकाव्यों पर प्रभाव**:—अपभ्रंश-साहित्य अपनी गीतियों के लिए प्रसिद्ध है। ये गीतियाँ कडवक के रूप में दृष्टिगोचर होती हैं। गेयता एवं भावों की तीव्रता ही गीतियों का प्रधान लक्षण है। इन अपभ्रंश गीतियों से प्रभावित होकर आचार्य गोवर्द्धन ने भी उनकी प्रशंसा मुक्तकण्ठ से की है।[1] जयदेव की संस्कृत-गीतियों में यद्यपि उक्त दोनों तत्त्व वर्तमान हैं, किन्तु अनेक समीक्षकों ने उन्हें भी अपभ्रंश की छाया माना है।[2] अपभ्रंश की इन गीतियों की परम्परा सूर के पदों, विद्यापति के गीतों एवं तुलसी की गीतावली में मुखरित हुई है।

(8) **अपभ्रंश के अन्त्यानुप्रास की धारा का हिन्दी-साहित्य में प्रवाह**:—अन्त्यानुप्रास की यह प्रवृत्ति अपभ्रंश की अपनी निजी-पद्धति रही है, जो जायसी एवं तुलसी आदि के साहित्य में स्पष्ट परिलक्षित होती हैं। संस्कृत एवं प्राकृत-साहित्य में उक्त प्रवृत्ति नहीं पायी जाती।

(9) **गीतों में नाम-संयोजन की पद्धति**:—हिन्दी-काव्यों के अन्त में अथवा प्रत्येक गीत एवं पदों के अन्त में प्रणेता-कवि के नाम के जोड़े जाने की पद्धति प्राय: अपभ्रंश कवियों से ही आयी है। अपभ्रंश काव्यों में 'भासइ सिरिहरु-सुकुमाल चरिउ' (वि०सं० 1208, अप्रकाशित) भणइसिद्ध पज्जुण्णचरिउ (वि०सं० 13वीं सदी अप्रकाशित); धणवाल पयंपइ बाहुबलिदेउचरिउ (वि०सं० 15वीं सदी, अप्रकाशित), जैसे कथन मिलते हैं।[3] 'भणइ विद्यापति सोरठ गावहि'[4] 'सूरदास प्रभु तुमरे मिलन को'[5], एक नैन कवि मुहम्मद गुनी[6], 'तुलसी तिहारे विद्यमान जुवराज आजु[7], जैसे नाम-वाक्यों का अपने-अपने गीतों एवं पदों में प्रयोग किया।

(10) **अनुरणनात्मक शब्दों के प्रयोग-बहुल**:—

अपभ्रंश— **तोडइ तडत्ति तणु बंधणइं मोडइ कडत्ति हड्डइँ घणइं।**
फाडइ चडत्ति चम्मइँ चलइँ घुट्टइ घडत्ति सोधिय जलइँ।। —*(जसहरचरिउ 2,37, 3-4)*
झिरिमिरि झिरिमिरि झिरिमिरि ए मेहा वरिसंति। —*(सिरिथूलिभद्दफागु)*

हिन्दी— **हहकंत कूदंत नचै कमंधं, कडक्कंत वज्जंत कुट्टंत संघं।**
लहक्कंत लूटंत तूटंत भूमं।
झुकंते धुकंते दोउ वथ्य झूमं।।
दडक्कंत दीसंत पीसंत दंतं। —*(पृथ्वीराजरासो, पद्य सं० 2110)*

(11) **अपभ्रंश-शब्दावली का हिन्दी-काव्यों में प्राय: यथावत् प्रयोग—**

अपभ्रंश — यथा— **मुंडिय-मुंडिय मुंडिया सिर मुंडिउ चित्तु ण मुंडिया।**
चित्तहँ मुंडण जिं कियउ संसारहं खंडणु तिं कियउ।। —*(पाहुड़दोहा पद्य 135)*

हिन्दी —**केसों कहा बिगारिया जो मूंडौ सौ बार।**
मन को क्यों न मूँडिये जामें विषै विकार।। —*(कबीर ग्र० पद्य 12, पृ० 221)*

अपभ्रंश— **काइँ किलेसहिं काउ अयाणिए किं घिउ होइ विरोलिए (भविसयत्तकहा 2/7) पाणिए।**

---

1. दे० आर्यासप्तशती, पद्य 215। 2. दे० अप०सा० दिल्ली, वि०स० 2013, पृ० 389 (डॉ० हरिवंश कोछड़)। 3. कबीर ग्रन्था०, ना०प्र०सं०; पृ० 79 (वाराणसी)। 4. दे० विद्यापति पदावली। 5. सूर के सौ कूट; पद्य 25, पृ० 113 (वाराणसी; वि०स० 2023)। 6. पद्मावत; स्तुतिखण्ड, पद्य 21, पृ० 20 (चिरगाँव वि०सं० 2012)। 7. कवितावली, लंकाकाण्ड, पद्य 24, पृ० 85 (इलाहाबाद, वि०सं० 2013)।

हिन्दी —**का मा जोग कथन के कथे।**
निक सै घिउ न बिना दधि मथे।। —*(पद्मावत, प्रेमखण्ड 6. पृ० 119)*

अपभ्रंश—**वाह विछोडवि जाहि तुहुँ हऊँ तेवइँ को दोसु।**
हिअय-ट्ठिअ जइ नीसरहि जाणउँ मुंज सरोसु।। —*(हेमप्राकृत व्याकरण)*

हिन्दी —**वाँह छोडाए जात हो निबल जानि के मोहि।**
हिरदै ते जब जाहुगे सबल जानूंगो तोहि।। —*(सूर, 10/307)*

(12) **वर्णन प्रसंगों का प्रभाव**:— वर्णन-प्रसंगों में भी हिन्दी कवि अपभ्रंश कवियों के आभारी हैं। महाकवि स्वयम्भू एवं कवि तुलसीदास की तुलना करते हुए महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने लिखा है—"स्वयम्भू ने अपने को चाहे भले ही भारी कुकवि कहा हो, पर तुलसी की तरह उनका यह कहना केवल नम्रता प्रदर्शन मात्र है। जिस तरह तुलसी हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि हैं, वही बात अपभ्रंश के क्षेत्र में महाकवि स्वयम्भू की है। स्वयम्भू की कृति ने उन्हें प्रेरणा दी, इसे मानने में कोई हर्ज नहीं है, ऐसी कृतियों के अभ्यास का ही परिणाम है कहीं-कहीं दोनों की कृतियों में आपाततः समानता।[1] यथा —**आत्मनिवेदन प्रसंग में।**

स्वयम्भू— **बुहयण सयंभु पइँ विण्णवइ, महु सरिसउ अण्ण णाहि कुकइ।**
वायरणु कयाइ ण जाणियउ, णउ वित्ति-सत्त वक्खाणियउ।
णा णिसुणिउ पंच महाय कव्वु, णउ भरहु ण लक्खणु छंदु सव्वु।
णउ बुज्झिउ पिंगल-पच्छारु, णउ भामह-दंडिय लंकारु।
हउँ किवि ण जाणमि मुक्ख मणे, णिय बुद्धि पयासिय तो वि जणे।
जं सयलेंवि तिहुवणे वित्थरिउ आरंभिउ पुणु राहव-चरिउ।

तुलसी— **कवि न होऊं नहिं वचन प्रबीना, सकल कला सब विद्या हीना।**
आखर अरथ अलंकृति नाना, छन्द प्रबन्ध अनेक विधाना।
भाव भेद रस भेद अपारा, कवित्त दोष-गुन विविध प्रकारा।
कबित्त बिबेक एक नहिँ मोरे, सत्यकहउँ लिखि कागद कोरे।[2]

इसी प्रकार स्वयम्भू रामायण का प्रथम काण्ड तथा तुलसी-रामायण का बालकाण्ड, स्वयम्भू-रामायण का 78वां पर्व एवं तुलसी-रामायण का उत्तरकाण्ड, स्वयम्भू-रामायण के 46-47वें पर्व एवं तुलसी-रामायण का सुन्दर काण्ड, स्वयम्भू-रामायण का पर्व 69वां एवं तुलसी-रामायण का लंकाकाण्ड आदि में भी अनेक प्रकार की समानताएँ हैं।[3]

(13) **हिन्दी की रीतिकालीन साहित्य शैलियों पर प्रभाव**:— हिन्दी रीतिकालीन साहित्य-शैलियों पर अपभ्रंश के सुदंसणचरिउ, णायकुमारचरिउ, सन्देशरासक, थूलिभद्दकहा आदि की श्रृंगार-भावना, नखशिख-वर्णन, षडऋतु-वर्णन, विरह-पीड़ा एवं बारह-मासा जैसे वर्णनों का प्रभाव तो है ही, साथ ही उनमें अपभ्रंश-रासाकाव्य के छन्दों यथा—कवित्त, दोहा, सवैया, छन्दों के प्रचुर प्रयोग मिलते हैं। यद्यपि श्रृंगार-भावना, नख-शिख-वर्णन, ऋतु-वर्णन आदि संस्कृत-प्राकृत साहित्य में भी चरमकोटि के उपलब्ध हैं, फिर भी हिन्दी के उक्त वर्णनों पर अपभ्रंश-काव्यों का

---

1. राहुल निबन्धावली, पृ० 112-115 (पीपुल्स प० हाउस, नई दिल्ली, 1970)। 2. वही०, पृ० 112-115। 3. वही०, पृ० 112-115।

अधिक प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

(14) अपभ्रंश-गद्य का हिन्दी-गद्य पर प्रभाव:— हिन्दी के 13वीं सदी तक के साहित्य में तुकमय पद्यात्मक गद्य की रचनाएँ मिलती हैं, जिन पर अपभ्रंश का पूर्ण प्रभाव है। क्योंकि अपभ्रंश-काव्यों में पद्यात्मक रचनाओं में यत्र-तत्र गद्य के प्रयोगों की प्रवृत्ति उपलब्ध होती है। विद्यापति की काहाणी कीर्त्तिलता से अवहट्ट-गद्य का एक अंश प्रस्तुत है[1]—

"तान्हि करो पुत्र युवराजन्हि मांझ पवित्र, अगणेय गुणग्राम प्रतिज्ञा पद, पूरणैक परशुराम, मर्यादा मंगलावास, कविता कालिदास।[2]"

तथा—

"विस्तरिउ वर्षाकाल जो पंथी तणउकाल, नाठउ दुकाल। जिणिई वर्षाकालि मधुर गाजइ, दुर्भिक्ष तणा भय भाजइ, जाणे सुभिक्ष भूपति आवंता जय ढक्का बाजइ।"

—(दे० माणिक्यचन्द्रसूरि कृत पृथिवीचन्द्रचरित्र, वि०सं० 1478)

और—

रात्रिकैं विषैं। सुपिनै देषे। सुप्रभात राजा के पुन्य प्रतापतें। भद्रबाहु मुनि संघाष्टक सहित आए। आहार निमित्त। चन्द्रगुप्ति सुपने फल पूछैं हैं। —(रइधूकृत पुण्णासव कहा (17वीं सदी अप्रकाशित)

इसी प्रकार हिन्दी के संत कवियों में जात-पाँत के विरोध की भावना, रहस्यवादी, सुधारवादी एवं धार्मिक क्रान्ति की भाव-धारा भी अपभ्रंश से ही आयी। इस दिशा में अपभ्रंश की जोइसारु, परमप्पयासु, पाहुडदोहा, सावयधम्म दोहा आदि रचनाएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

(15) हिन्दी महाकाव्यों के शिल्प एवं स्थापत्य के निम्नलिखित मूल-स्रोत अपभ्रंश महाकाव्यों में उपलब्ध हैं:—

(अ) आराध्यगुणस्तवन,
(आ) पूर्ववर्त्ती-साहित्यकार एवं उनकी कृतियों का स्मरण एवं आभार-प्रदर्शन,
(इ) सज्जन-प्रशंसा एवं दुर्जन-निन्दा,
(ई) प्रेरक गुरु परिचय,
(उ) आश्रयदाता-परिचय-प्रशंसा,
(ऊ) कवि-परिचय,
(ए) आत्म-लघुता-प्रदर्शन,
(ऐ) प्रश्नोत्तरी-शैली में कथा-माहात्म्य एवं कथारम्भ,
(ओ) देश, नगर, राजा, मन्त्री-वर्णन,
(औ) कथा में रोमाण्टिक-तत्वों का प्राधान्य,
(अं) अतिमानवीय एवं अतिप्राकृतिक घटनाओं का समावेश,
(अ:) कथा-तत्वों पर धार्मिक आवरण,
(क) प्राय: अन्यापदेशिक-शैली का प्रयोग,

---

1. हिन्दी साहित्य की प्रवृत्तियाँ : डॉ० जयकिशन खण्डेलवाल (आगरा 1969), पृ० 80। 2. र०सा० का आ०प०. पृ० 580।

(ख) सोद्देश्यता,
(ग) पात्र-चयन, संवाद एवं कौतूहल तत्व की योजना,
(घ) तुक के प्रति आग्रह, आदि।

अपभ्रंश के ऐसे महाकाव्यों में, पउमचरिउ (स्वयम्भू), महापुराण (पुष्पदन्त), भविसयत्तकहा (धनपाल), हरिवंशपुराण (धवल), पज्जुण्णचरिउ (सिंहकवि), जम्बूस्वामी चरिउ (वीर), बलहद्दपुराण (रइधू) आदि प्रमुख हैं। इन ग्रन्थों ने हिन्दी के पृथ्वीराज रासो, आल्हाखण्ड, पद्मावत, रामचरितमानस प्रभृति पर उक्त विषय में अपना अमिट प्रभाव छोड़ा है।

(16) **कथानक रूढ़ियाँ**:— हिन्दी साहित्य के महारथी विद्वान् पं० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने आदिकालीन हिन्दी साहित्य की कथानक-रूढ़ियों पर पर्याप्त प्रकाश डाला है। उनके अनुसार ऐतिहासिक चरित का लेखक सम्भावनाओं पर अधिक बल देता है। सम्भावनाओं पर बल देने का परिणाम यह हुआ है कि हमारे देश के साहित्य में कथानक को गति एवं घुमाव देने के लिए कुछ ऐसे अभिप्राय बहुत दीर्घकाल से व्यवहृत होते आये हैं, जो बहुत थोड़ी दूर तक यथार्थ होते हैं और फिर आगे चल कर कथानक-रूढ़ि में बदल गये हैं। इस विषय में ऐतिहासिक और निजन्धरी कथाओं में विशेष भेद नहीं किया गया।[1] इस प्रकार सम्भावना-पक्ष पर जोर देने के कारण ही कुछ कथानक-रूढ़ियाँ प्रचलित हुई। इनमें से अधिकांश कथानक-रूढ़ियाँ अपभ्रंश-साहित्य से ज्यों की त्यों हिन्दी में आयीं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं—

1. रानी द्वारा स्वप्न दर्शन और पति-राजा द्वारा उनके फल का कथन तथा पुत्र रत्न की प्राप्ति।
2. पूर्व-भव के कर्म-फलानुसार पुत्र-अपहरण।
3. नायिका का अपहरण।
4. नायक का समुद्र-यात्रा-वर्णन एवं समुद्र-यात्रा के प्रसंग में उसके अनेक रोमांचकारी संघर्षों का वर्णन।
5. नारद-प्रसंग।
6. नायक की वीरताओं का अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन।
7. मुनि का शाप अथवा वरदान-वर्णन।
8. विद्या-सिद्धि।
9. विजन-वन में सुन्दरियों से साक्षात्कार।
10. नायक की उदारता।
11. रूप-परिवर्तन अथवा बहुरुपियापन।
12. आकाशवाणी एवं भविष्यवाणी
13. षडऋतु एवं बारहमासा के वर्णन के माध्यम से विरह-वेदना-चित्रण।
14. शृंगार, प्रेम और रोमांच का विकास करने के लिए बहु-विवाह की योजना।
15. जलयान के डूबने पर प्राण-रक्षा के लिए लकड़ी के टुकड़े की प्राप्ति एवं समुद्र को पार करना।

आदि

1. हि०सा० का आदि०, पृ० 33 (पटना, 1955)।

इस प्रकार की कथानक-रूढ़ियाँ अपभ्रंश के पउमचरिउ, महापुराण, णायकुमारचरिउ, करकण्डुचरिउ, जसहरचरिउ, जम्बूसामिचरिउ, भविसयत्तकहा एवं पज्जुण्णचरिउ में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। यहाँ पर यह ध्यातव्य है कि मध्यकालीन हिन्दी-जैन-साहित्य में कुछ ऐसी कथानक-रूढ़ियाँ भी हैं, जो उसकी अपनी निजी सम्पत्ति है और जो मध्यकालीन जैनेतर-हिन्दी-साहित्य में नहीं मिलती। यथा—

(1) श्रेणिक के प्रश्न पर गौतम के उत्तर के माध्यम से कथा का आरम्भ।
(2) किसी उपवन में ज्ञानी मुनि का आगमन और उनके प्रभाव से वनस्पति आदि का अकाल में ही विशिष्ट रूप से फलना-फूलना तथा ऋतु का परिवर्तित रूप में दिखाई देना।
(3) मुनिराज द्वारा भवान्तर कथन।
(4) उपदेश प्रसंगों में स्याद्वाद, अनेकान्त, षड्द्रव्य, श्रावकाचार, मुनि-आचार, सप्त-तत्व आदि का निरूपण।
(5) विद्याधर, असुर अथवा चारण-मुनियों का दर्शन

इस प्रकार अपभ्रंश-काव्य परम्पराओं एवं कथानक-रूढ़ियों का मध्यकालीन हिन्दी साहित्य की परम्पराओं एवं कथा-रूढ़ियों के साथ तुलनात्मक अध्ययन करते हुए डॉ० प्रो० जगन्नाथ राय शर्मा का यह कथन अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध होता है—"हिन्दी का कौन कवि है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में अपभ्रंश के जैन प्रबन्ध-काव्यों से प्रभावित न हुआ हो? चन्द से लेकर हरिश्चन्द्र तक तो उसके ऋण-भार से दबे हैं ही, आजकल की नई-नई काव्य-पद्धतियों के उद्भावक भी विचार कर देखने पर उसकी परिधि के बाहर न मिलेंगे।[1]

13. पज्जुण्णचरिउ :

(1) स्रोत, परम्परा एवं विकास:—भारतीय पुराण-साहित्य को दो परम्पराओं में विभक्त किया जा सकता है—वैदिक-पुराण एवं श्रमण-पुराण। वैदिक परम्परानुसार पुराण वे कहलाते हैं, जिनमें सृष्टि की रचना, प्रलय एवं पुन:सृष्टि, मानव-अंश, मनुओं के विविध-युग तथा राजवंशों के चरितों की चर्चा की जाती है।

श्रमण-परम्परा में जैन एवं बौद्ध-परम्परायें आती हैं। बौद्ध-परम्परा का पुराण-साहित्य सीमित है और उसमें जातक-साहित्य को रखा जाता है, जिस में महाभारत सम्बन्धी कथा-साहित्य अनुपलब्ध है।

जैन-पुराणों के अनुसार सृष्टि जड़ एवं चेतनमय तथा अनादि-अनन्त है और उसका विकास अथवा परिवर्त्तन काल-चक्र के आरोह-अवरोह के अनुसार चलता है। अत: सर्ग एवं प्रतिसर्ग के स्थान पर उनमें विश्व का अनादि-अनन्त स्वरूप तथा उत्सर्पिणी एवं अवसर्पिणी रूप परिवर्तन, विपरिवर्तन अथवा लोक-व्यवस्था की चर्चा रहती है। मानव-वंशों, कुलकरों अर्थात् मनुओं एवं राजवंशानुचरितों के वर्णन जैन-पुराणों में भी अपनी मान्यातानुसार उल्लिखित हैं।

पुराण-विषय से सम्बन्ध रखने वाले प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, तमिल, कन्नड़, हिन्दी आदि के अनेक जैन ग्रन्थ उपलब्ध हैं, जिनमें से अभी तक कुछ तो प्रकाश में आ चुके हैं और कुछ प्राच्य-शास्त्र-भाण्डारों में वेष्ठनों में ही सुरक्षित हैं। प्रस्तुत पज्जुण्णचरिउ भी अद्यावधि अप्रकाशित ही था, जिसका सर्वप्रथम सम्पादन, अनुवाद एवं समीक्षात्मक अध्ययन यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

---

1. दे० अपभ्रंश दर्पण; (पटना. 1955); पृ० 53।

यहाँ यह तथ्य ध्यातव्य है कि प्राकृत एवं अपभ्रंश कवियों ने पौराणिक आख्यानों को चरित कहा है। इसका कारण सम्भवत: यही था कि वे जीवन-वृत्त को सामान्य-चरित ही मानते रहे। अत: संस्कृत एवं प्राकृत का अधिकांश पुराण-साहित्य चरितनामान्त ही मिलता है।

जैन मान्यतानुसार प्रद्युम्न 169 पुराण पुरुषों में से एक माने गए हैं। इनकी गणना 24 कामदेवों में की गयी है। ये 9वें नारायण—श्रीकृष्ण के पुत्र तथा चरमशरीरी (उसी जन्म से मोक्ष जाने वाले) माने गये हैं। इनका चरित्र विविध दिव्य-चमत्कारों एवं विशेषताओं से परिपूर्ण है। मानव का उत्थान एवं पतन किन-किन परिस्थितियों में तथा पूर्व-जन्म के संस्कारों के कारण किस-किस प्रकार होता है, उसका चित्रण प्रद्युम्नचरित में आकर्षक ढंग से किया गया है।

प्रस्तुत पज्जुण्णचरिउ की कथा का मूलस्रोत संघदासगणि (5वीं सदी के आसपास) कृत वसुदेवहिंडी, आचार्य जिनसेन प्रथम (वि०सं० 840) कृत हरिवंशपुराण, गुणभद्र (898 ई०) कृत उत्तरपुराण, महाकवि पुष्पदन्त (959 ई०) कृत अपभ्रंश महापुराण एवं कवि महासेन (974 ई०) कृत संस्कृत प्रद्युम्नचरित हैं। महाकवि सिद्ध ने वसुदेव-हिंडी के पाढेय-प्रकरण एवं जिनसेन (प्रथम) कृत हरिवंशपुराण (के 42-48 सर्ग) से कथासूत्र ग्रहण कर तथा उक्त उत्तरपुराण (के 72वें सर्ग), महापुराण (के 91-92 वीं सन्धि) एवं प्रद्युम्नचरित से कुछ घटनाक्रमों का संकलन पर प्रद्युम्न के जीवन-वृत्तान्त को एक नवीन मौलिक रूप प्रदान कर और अपभ्रंश में सर्वप्रथम स्वतन्त्र मौलिक रचना का प्रणयन कर परवर्ती विविध कवियों के लिए एक नया आलोक प्रदान किया है।

कालक्रमानुसार प्रद्युम्नचरित-कथा का विकास (ज्ञात एवं उपलब्ध कृतियाँ)

जैन कवियों ने आधारभूत ग्रन्थों से सन्दर्भ-सामग्री ग्रहण कर विविध कालों में विविध भाषाओं एवं शैलियों में अनेक स्वतन्त्र ग्रन्थों की रचना की है। उनकी एक झांकी यहाँ प्रस्तुत की जा रही है—

कालक्रमानुसार प्रद्युम्नचरित-कथा-विकास (ज्ञात एवं उपलब्ध कृतियाँ)

	रचना	लेखक	भाषा	काल
1.	प्रद्युम्नचरित्र	महासेनाचार्य	संस्कृत	10वीं शती
2.	पज्जुण्णचरिउ	महाकवि सिंह	अपभ्रंश	13वीं शती
3.	प्रद्युम्नचरित	सधारु	हिन्दी	सं० 1411 वि०
4.	प्रद्युम्नचरित्र	सकलकीर्त्ति	संस्कृत	15वीं शती
5.	प्रद्युम्नचरित	रइधू	अपभ्रंश	15वीं शती
6.	प्रद्युम्नचरित्र	सोमकीर्त्ति	संस्कृत	सं० 1531 वि०
7.	प्रद्युम्नचरित्र	कमलकेशर	हिन्दी	सं० 1626 वि०
8.	प्रद्युम्नरासो	ब्रह्मराय मल्ल	हिन्दी	सं० 1628 वि०
9.	प्रद्युम्नचरित्र	रविसागर	संस्कृत	सं० 1645 वि०
10.	शाम्ब प्रद्युम्नरास	समयसुन्दर	राजस्थानी	सं० 1659 वि०
11.	प्रद्युम्नचरित्र	शुभचन्द्र	संस्कृत	17वीं शती
12.	प्रद्युम्नचरित्र	रतनचन्द्र	संस्कृत	सं० 1671 वि०

13.	प्रद्युम्नचरित्र	मल्लिभूषण	संस्कृत	17वीं शती
14.	प्रद्युम्नचरित्र	वादिचन्द्र	संस्कृत	17वीं शती
15.	शाम्बप्रद्युम्न रास	ज्ञानसागर	हिन्दी	17वीं शती
16.	शाम्बप्रद्युम्न चौपई	जिनचन्द्र सूरि	हिन्दी	17वीं शती
17.	प्रद्युम्नचरित्र	भोगकीर्त्ति	संस्कृत	17वीं शती
18.	प्रद्युम्नचरित्र	जिनेश्वर सूरि	संस्कृत	—
19.	प्रद्युम्नचरित्र	यशोधर	संस्कृत	—
20.	प्रद्युम्न लीला वर्णन	शिवचन्द गणि	संस्कृत	—
21.	प्रद्युम्नचरित्र	—	संस्कृत	—
22.	प्रद्युम्नचरित्र भाषा	खुशालचन्द्र	हिन्दी गद्य	—
23.	प्रद्युम्नचरित्र	देवेन्द्र कीर्ति	हिन्दी	सं० 1722 वि०
24.	प्रद्युम्नरास	मायाराम	हिन्दी	सं० 1818 वि०
25.	प्रद्युम्नचरित्र	रत्नचन्द्र गणि	संस्कृत	सं० 1834 वि०
26.	शाम्ब प्रद्युम्न रास	हर्षित विजय	हिन्दी	सं० 1842 वि०
27.	प्रद्युम्नप्रकाश	शिवचन्द	हिन्दी	सं० 1879 वि०
28.	प्रद्युम्नचरित्र	बख्तावर सिंह	हिन्दी गद्य	सं० 1914 वि०
29.	प्रद्युम्नचरित्र	मन्नालाल	हिन्दी गद्य	सं० 1916 वि०
30.	प्रद्युम्नचरित्र भाषा	—	"	सं० 1941 वि०
31.	प्रद्युम्नचरित्र	—	"	—
32.	प्रद्युम्नचरित्र	—	हिन्दी	—
33.	प्रद्युम्नचरित्र टीका	—	हिन्दी गद्य	—
34.	प्रद्युम्नचरित्र वृत्ति	देवसूरि	संस्कृत	—
35.	प्रद्युम्नचरित्र	—	हिन्दी	सं० 1941 वि०

(2) **विषयवस्तु (कथा-संक्षेप)**:— सिद्ध कवि कृत प्रस्तुत पज्जुण्णचरिउ की संक्षिप्त कथावस्तु उसकी सन्धियों एवं कड़वकों के क्रमानुसार यहाँ प्रस्तुत की जा रही है—

पम्पा एवं देवण का पुत्र महाकवि सिद्ध सर्वप्रथम अपने आराध्यदेव एवं वाग्देवी सरस्वती का स्मरण कर अपने गुरु मलधारीदेव अमृतचन्द्र की प्रेरणा से पज्जुण्णचरिउ (प्रद्युम्नचरित) के प्रणयन की प्रतिज्ञा करता है और पूर्वागत-परम्परा का ध्यान रखता हुआ वह अपनी रचना की मूल कथावस्तु इस प्रकार प्रस्तुत करता है — (कड़वक संख्या 1-5)

मगधदेशान्तर्गत राजगृह के विपुलाचल पर्वत पर आये हुए वीर-प्रभु के समवशरण में आकर राजा सेणिय (श्रेणिक) ने गौतम गणधर से कुमार प्रद्युम्न के चरित को जानने की इच्छा प्रकट की, जिसके उत्तर में गौतम गणधर ने बतलाया कि जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र में स्थित सोरट्ठ (सौराष्ट्र) देश की दारामई नगरी (द्वारामती

— वर्तमान द्वारिका) में देवकी-पुत्र राजा मधुमथन (कृष्ण) राज्य करते थे। वह नगरी सुख-समृद्धि से परिपूर्ण थी (6-12)। राजा कृष्ण अपने अग्रज बलभद्र के साथ न्यायपूर्वक राज्य-संचालन करते हुए सुख-पूर्वक जीवन-यापन करते थे (13)।

एक बार आकाशमार्ग से जाते हुए नारद ने राजा कृष्ण का आस्थान (अत्थाणु) देखा, तो उसकी शोभा से प्रभावित होकर वे तत्काल वहाँ पहुँचे। उन्हें देखते ही श्रीकृष्ण ने सिंहासन छोड़कर उनके चरण-स्पर्श कर उन्हें प्रणाम किया (14)। आसन ग्रहण कर लेने के अनन्तर उन दोनों में परस्पर वार्त्तालाप हुआ। तत्पश्चात् नारद राजमहल में भ्रमण करते समय उस स्थल पर जा पहुँचे, जहाँ सत्यभामा दर्पण में अपना मुख-दर्शन कर रही थी। अपने दर्पण में नारद जी की छाया देखकर वह भयाक्रान्त हो गयी और विचार करने लगी कि "हमारे सौन्दर्य-शृंगार के समय यह कौपीन-धारी कहाँ से आ गया? इसी हड़बड़ी में वह उनका सम्मान भी नहीं कर सकी (15-16) पहली सन्धि।

नारद ने इसे अपनी अवज्ञा समझ कर सत्यभामा से बदला लेने की प्रतिज्ञा की और तत्काल ही वे उससे भी अधिक सुन्दरी किसी अन्य राजकुमारी की खोज में आकाश-मार्ग से चले। चलते-चलते वे नागर-वाणी (णायर-गिर) में बोलने वाले पुरुषों तथा अन्य जीव-जन्तुओं को देखते हुए (1-2) एक विद्याधर श्रेणी को पार कर विजयार्द्ध-पर्वत के सौन्दर्य का निरीक्षण करते हुए कुण्डिनपुर जा पहुँचे (3-5)। नारदागमन की सूचना मिलते ही कुण्डिनपुर-नरेश राजा भीष्म ने अपनी युवती पुत्री राजकुमारी रूपिणी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के प्रत्युत्तर में प्रमुदित नारद जी ने रूपिणी को शीघ्र ही महाराज कृष्ण की पट्टरानी बनने का आशीर्वाद (6-7) दिया।

रूपिणी के लिए नारद का आशीर्वचन सुनते ही रूपिणी की फुआ (सुरसुन्दरी) ने नारद को बतलाया कि रूपिणी का विवाह तो चेदिनरेश राजा शिशुपाल के साथ सुनिश्चित हो चुका है और वह इसी पखवारे में सम्पन्न हो जायेगा। किन्तु नारद जी यह सुनकर भी अपने पूर्वोक्त आशीर्वाद को ही दुहराते रहे और वे रूपिणी का एक चित्र लेकर पुनः कृष्ण एवं बलभद्र के सम्मुख जा पहुँचे। उन्हें वह चित्र दिखाकर कृष्ण से रूपिणी की बड़ी प्रशंसा की (8-12)। रूपिणी के सौन्दर्य पर मुग्ध होकर बलभद्र के साथ श्रीकृष्ण नारदजी के परामर्शानुसार कुण्डिनपुर जा पहुँचे। किन्तु वहाँ की स्थिति ही दूसरी थी। चेदि-नरेश शिशुपाल अपने विवाह हेतु वहाँ पहले से ही आ चुका था। अतः श्रीकृष्ण ने अवसर पाकर रूपिणी का अपहरण कर लिया। फलस्वरूप भीषण युद्ध में शिशुपाल का वध करके रूपिणी के साथ वे सकुशल द्वारका लौट आये (13-20 दूसरी सन्धि)।

दारामई नगरी में नागरिकों ने उस युगल-जोड़ी का हार्दिक स्वागत कर जय-जयकार किया और दोनों सुखपूर्वक समय व्यतीत करने लगे। सत्यभामा के मन में नवागत रूपिणी के प्रति जहाँ एक ओर ईर्ष्या एवं विद्वेष था, वहीं दूसरी ओर उसे देखने की अभिलाषा थी। अतः उसने श्रीकृष्ण से अनुरोध किया कि वह रूपिणी के दर्शन उसे अवश्य करा दें। कृष्ण ने समीपवर्त्ती एक उपवन में उसके दर्शन कराने की व्यवस्था की (1-7)। उन्होंने रूपिणी को उसके शारीरिक सौन्दर्य के अनुकूल श्वेत-परिधान से अलंकृत कर उसे उपवन की एक श्वेत-शिला पर बैठा दिया। सत्यभामा जब उपवन में पहुँची, तब भ्रमवश वह उसे वनदेवी समझ बैठी और उसके सम्मुख प्रार्थना करने लगी कि हे देवी, तू श्रीकृष्ण का ध्यान रूपिणी से हटा कर मेरी ओर लगा। श्रीकृष्ण उस शिला के पार्श्व में ही छिपे हुए थे। सत्यभामा की इस प्रार्थना पर उन्हें हँसी आ गयी। सत्यभामा को जब

वास्तविकता का पता चला, तब उसने श्रीकृष्ण की बुरी तरह भर्त्सना की (8)।

कृष्ण एवं रूपिणी का जीवन जब अत्यन्त सुखपूर्वक व्यतीत हो रहा था, तभी एक दिन दुर्योधन ने अवसर पाकर अपने दूत द्वारा कृष्ण के पास यह सन्देश भेजा कि—"यदि तुम्हारे पुत्र और मेरी पुत्री होगी अथवा मेरा पुत्र और तुम्हारी पुत्री होगी, तो हम लोग परस्पर में उनका विवाह कर प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। कृष्ण ने सकारात्मक उत्तर देकर दूत को विदा किया (9)।

समय व्यतीत होता गया और कुछ वर्षों के बाद ही सत्यभामा और रूपिणी दोनों ने एक ही रात्रि में चार-चार स्वप्न देखे। महाराज कृष्ण ने उन स्वप्नों का सुफल जब उन लोगों के लिए कह सुनाया तो वे अत्यन्त प्रमुदित हो उठीं। उन स्वप्नों के फलानुसार ही दोनों रानियों ने उपयुक्त समय पर एक-एक पुत्र-रत्न को जन्म दिया। ज्योतिषियों ने रूपिणी के पुत्र का नाम पज्जुण्ण (प्रद्युम्न) एवं सत्यभामा के पुत्र का नाम भानु रखा। किन्तु छठे दिन ही घोर दुर्भाग्य का वातावरण छा गया। पूर्वजन्म का बैरी धूमकेतु नामक दानव प्रद्युम्न का अपहरण कर उसे तक्षकगिरि पर ले भागा (10-14, तीसरी सन्धि)।

उस दानव ने बड़ी ही क्रूरतापूर्वक शिशु प्रद्युम्न को तक्षकगिरि की एक शिला के नीचे दबा दिया। संयोग से उसी समय मेघकूट का विद्याधर राजा कालसंवर अपनी प्रियतमा कनकमाला के साथ विमान में मनोरंजन करता हुआ जब तक्षकगिरि के ऊपर से उड़ रहा था, तभी उस शिशु के प्रभाव से सहसा ही उसका विमान रुक गया। यह देखकर यमसंवर (कालसंवर) को बड़ा आश्चर्य हुआ और कारण का पता लगाने के लिए जब वह विमान से उतरा, तभी उसने शिला के नीचे दबे हुए उस सुन्दर शिशु को देखा। उसने बड़े ही स्नेह के साथ कामदेव के समान सुन्दर उस बालक को उठाया, उसका चुम्बन किया और "कामदेव" के नाम से अभिहित कर उसे अपनी रानी कनकमाला को प्रदान कर दिया (4/1-3)। कालसंवर उस शिशु प्रद्युम्न को अपने निवास-स्थल घणकूडपुर (मेघकूटपुर) ले आया और स्नेहपूर्वक उसका पालन-पोषण करने लगा।

इधर रानी रूपिणी जब प्रातःकाल सोकर उठी और शैया पर अपने शिशु को न देखा तब वह उदास हो गयी। उसने अपनी लज्जिका नामकी दासी से भी पूछताछ की (4/4)। बहुत खोज-बीन करने पर भी जब प्रद्युम्न का पता नहीं चला तब राजमहल में रुदन मच गया। बलभद्र, कृष्ण एवं उनके पिता वसुदेव भी प्रद्युम्न की खोज में निकल पड़े। रूपिणी का करुण-क्रन्दन सुनकर महाराज श्री कृष्ण भी शोक-सन्तप्त हो उठे। दोनों की विवेकहीन स्थिति देखकर बलभद्र ने उन्हें संसार की नश्वरता का स्मरण दिलाते हुए द्वादशानुप्रेक्षाओं का उपदेश दिया (4/5-6)।

जब वे उपदेश दे रहे थे, उसी समय संयोग से नारद जी वहाँ आ पहुँचे उन्हें देखकर रूपिणी और भी फूट-फूट कर रोने लगी (4/7)। इस प्रसंग में कवि ने सास-बहू तथा ननद-भौजाई की जग-प्रसिद्ध ईर्ष्या, विद्वेष एवं कलह का बड़ा ही सजीव एवं स्वाभाविक चित्रण किया है। सास और ननद अपने परिवार में नवागत महिला के प्रति कैसी तीखी व्यंग्योक्तियों का प्रयोग करती हैं, कवि ने उनका बड़ा ही सुन्दर चित्रण किया है (4/8)।

रूपिणी को शोक-विह्वल देखकर नारद जी बड़े दुःखी हुए। वे स्वयं प्रद्युम्न की खोज के लिए निकले और घूमते-घूमते विदेह-क्षेत्र स्थित सीमंधर स्वामी के समवशरण में जा पहुँचे (4/9-11)।

विदेह क्षेत्र का राजा पद्म उस समय समवशरण में विराजमान था। उसने नारद के अतिसूक्ष्म रूप को देखकर सीमंधर स्वामी से उसके विषय में पूछा। उत्तर स्वरूप सीमंधर स्वामी ने प्रद्युम्न के जन्म-काल से लेकर

अपहरण तक तथा कालसंवर द्वारा शिला के नीचे से निकाल कर, मेघकूट स्थित अपने निवास-स्थल में पालन-पोषण किये जाने तक का वृत्तान्त कह सुनाया (4/12-13)। इतना ही नहीं सीमंधर स्वामी ने शिशु प्रद्युम्न के पूर्व-भव के निम्नलिखित भवांतर (4/14 से 7/1-9 तक) भी कह सुनाए — यथा (1) शृगाली रूप में जन्म, (2) सोमशर्मा ब्राह्मण के पुत्र अग्निभूति के रूप में, (3) सौधर्म-स्वर्ग में त्रिदश देव, (4) अयोध्या के नगर सेठ का पूर्णभद्र नामक पुत्र, (5) सहस्रार स्वर्ग में देव, (6) कौशलपुरी के सुवर्णनाम राजा का मधु नामक पुत्र, (7) अच्युत स्वर्ग में देव एवं (8) पज्जुण्ण (वर्तमान)।

कवि ने इन भवान्तरों के माध्यम से पुनर्जन्म एवं कर्म-सिद्धान्त का सुन्दर विवेचन किया है।

सीमंधर स्वामी के द्वारा कुमार प्रद्युम्न के भवान्तर सुनकर नारद प्रद्युम्न को देखने की इच्छा से मेघकूटपुर जा पहुँचे तथा उसे सकुशल देख कर उन्होंने द्वारका जाकर श्रीकृष्ण एवं रूपिणी को तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण वृत्तान्त कह सुनाया (7/10-11)।

इधर, प्रद्युम्न जब पाँच वर्ष का हो गया, तब उसे विविध विद्याओं की शिक्षा दी गयी और तीन वर्षों के भीतर-भीतर वह समस्त विद्याओं में निष्णात हो गया। राजा कालसंवर ने उपयुक्त समय पाकर जब प्रद्युम्न को युवराज पद सौंपा, तब उसके 500 पुत्र अपने पिता तथा सौतेले युवराज पर अत्यन्त रुष्ट हो गये। वे सभी मिलकर मारने के उद्देश्य से प्रद्युम्न को विविध स्थलों पर ले गये। कवि ने उस प्रसंग के लिये एक कथानक प्रस्तुत किया है जिसके अनुसार प्रद्युम्न के सभी भाई प्रद्युम्न को विजयार्द्ध पर्वत पर ले गये तथा वहाँ उसे एक भयानक सर्प से भिड़ा दिया। उसका उस भयंकर सर्प के साथ युद्ध हुआ (7/12-17) (चौथी से सातवीं सन्धि)!

किन्तु जब वह सर्प प्रद्युम्न के पौरुष से आतंकित हो गया, तब उसने यक्ष का रूप धारण कर उसको अलकापुरी के राजा कनकराजा, उसकी रानी अनिला देवी तथा उसके हिरण्य एवं तार नामक दो पुत्रों का वर्णन करते हुए बतलाया—"राजा कनकराज अपने पुत्र हिरण्य को राज्य देकर तपस्वी बन गया। हिरण्य भी शीघ्र ही अपने भाई तार को राज्य देकर मन्त्र-साधना हेतु वन में चला गया। 36 वर्षों में जब उसे अनेक विद्याओं की सिद्धि प्राप्त हो गयी, तब वह पुनः अलकापुरी में राज्य करने लगा (8/1-3)। किन्तु राजा हिरण्य को पुनः जब वैराग्य हो गया तब उन विद्याओं ने स्वयं ही उससे पूछा कि अब वे कहाँ रहेंगी? उसके उत्तर में उसने कहा कि—"आगे से कृष्ण-पुत्र प्रद्युम्न उन विद्याओं का स्वामी होगा।" हे प्रद्युम्न, तभी से मैं इन विद्याओं की रक्षा कर रहा हूँ। अब आप इन्हें संभालिए (4)। इस प्रकार प्रद्युम्न को यक्षराज से विद्याओं की उपलब्धि हो गई। तदनन्तर कालसंवर के सभी पुत्र प्रद्युम्न को कालगुफा, नागगुफा, वनसरसी, वासुकुण्ड, मेषाकार पर्वत, विशाल नगरी; कपित्थक-कानन, वामी, शल्यकगिरि, वराहशैल, पयोवन, अर्जुन, भीममहावन एवं अन्त में जयन्तगिरि पर ले गये (5-16), वहाँ प्रद्युम्न रति नामकी एक अद्वितीय कन्या को देखकर उस पर मुग्ध हो गया। तत्पश्चात् वह राजा कालसंवर के पास पहुँचा (17-19, आठवीं सन्धि)।

विधि का विधान कैसा विचित्र है? कनकमाला ने जिस प्रद्युम्न का प्रारम्भ में वात्सल्यभाव से सुरक्षाकर पालन-पोषण किया, आगे चलकर उसी कनकमाला की चेष्टाओं एवं भावनाओं में उसके प्रति काम-वासना जाग उठी। इस कारण प्रद्युम्न के मन में बड़ी ही ग्लानि उत्पन्न हो गयी। वह राजमहल से तत्काल बाहर निकल कर जिन-मन्दिर गया और वहाँ बैठे हुए भट्टारक उदधिचन्द्र के दर्शन कर उनसे कंचनमाला (अपरनाम कनकमाला) के भवान्तर पूछे।

भवान्तर के इस प्रसंग में कवि ने पिछले भवान्तरों की ही पुनरावृत्ति की है (4/15 से 9/1-9 तक) (10)। इन भवान्तरों के साथ ही उन्होंने रूपिणी के भवान्तर भी बतलाए (11-13)। तत्पश्चात् प्रद्युम्न पुन: राजमहल में वापिस आया और उसने चाटुकारितापूर्ण वचनों के साथ कनकमाला से तीन विद्याएँ प्राप्त कीं और वहाँ से। अपने महल में चला गया (14-15)। इधर कनकमाला ने प्रद्युम्न की ओर से कामाभिलाषा पूर्ण न किए जाने के कारण रुष्ट होकर अपने ही शरीर को क्षत-विक्षत कर डाला ओर प्रद्युम्न पर लांछन लगाकर राजा से उसकी शिकायत की। उसकी बातों पर विश्वास कर राजा ने भी अपने पुत्रों को उस प्रद्युम्न को मार डालने का आदेश दिया। इतना ही नहीं, राजा कालसंवर ने स्वयं भी युद्धस्थल में सामना करते हुए प्रद्युम्न को ललकारा (16-18)। फलस्वरूप, कालसंवर और प्रद्युम्न दोनों में घमासान युद्ध होने लगा। उसी समय संयोगवश नारद जी वहाँ आ पहुँचे। उन्होंने उन्हें समझा-बुझाकर युद्ध समाप्त करवाया और कालसंवर को प्रद्युम्न का यथार्थ परिचय देकर उसे (प्रद्युम्न को) अपने साथ दारामई ले जाने हेतु तैयार करने लगे। (19-24 नवीं सन्धि)।

दारामई के लिए प्रस्थान करने के पूर्व नारद ने एक विमान की संरचना की, किन्तु वह विमान प्रद्युम्न को पसन्द नहीं आया। अत: उसने स्वयं एक वेगगामी विशेष विमान की रचना की और उसी पर दोनों सवार होकर आकाश-मार्ग से चले। मार्ग में वे नाना नदी, नद, वन, उपवन, सरोवर एवं प्राकृतिक सौन्दर्य-स्थलियों को देखते हुए एक स्थल पर पहुँचे। वहाँ कुरुराज की सुसज्जित चतुरंगिणी सेना को देखकर (1-7) नारद ने प्रद्युम्न को बतलाया कि 'दुर्योधन की जिस पुत्री (उदधि कुमारी) का विवाह तुम्हारे साथ होने वाला था, किन्तु तुम्हारा अपहरण हो जाने के कारण वह तुम्हारे साथ सम्पन्न नहीं हो पाया था, अब वही विवाह सत्यभामा के पुत्र राजकुमार भानु से सम्पन्न होने जा रहा है। इस प्रसंग से तुम्हारी माता रूपिणी को निश्चय ही बड़ी ठेस लगेगी।' यह सुनकर प्रद्युम्न ने अपनी माता को प्रसन्न करने की भावना से स्वयं एक भील का रूप धारण किया और वीभत्स रूप बना कर संग्राहक घोषित किया और अवसर पाकर वह उदधिकुमारी का अपहरण कर उसे अपने विमान में ले आया। नारद ने रोती हुई उदधिकुमारी को समझा बुझाकर तथा प्रद्युम्न के वास्तविक रूप को दिखला कर उसे उसका पति बतलाया। प्रद्युम्न अपना रूप परिवर्तित कर अकेले ही दारामई नगरी में आया और भानुकुमार को अपमानित करने की दृष्टि से उसे ऐसे घोड़े पर बैठा दिया, जिसने उसे ज़मीन पर पटक दिया। इस कारण भानु की जग हँसाई हुई (8-17)। इधर अपने को सर्वोच्च दिखाने की दृष्टि से प्रद्युम्न स्वयं उस घोड़े पर सवार होकर अदृश्य हो गया (18-21 दसवीं सन्धि)।

प्रद्युम्न बहुविद्याधारी तो हो ही चुका था, अत: उसने अपनी विद्याओं का चमत्कार दिखाना प्रारम्भ किया। कहीं उसने मायावी घोड़े तैयार कर उससे सत्यभामा का उपवन चरवा दिया, तो कहीं मायावी बन्दर बनाकर किसी का उपवन नष्ट-भ्रष्ट करा दिया और कहीं पनिहारिनों के बीच में पहुँच कर वृद्ध-ब्राह्मण के रूप में उन्हें अनेक कौतुक दिखाना प्रारम्भ कर दिया। एक बार उसने वापी में स्नान करना चाहा, किन्तु जब वहाँ उपस्थित युवतियों ने उसे वैसा करने से रोका, तभी उसने अपने विद्याबल से वापी का समस्त जल अपने कमण्डल में भर लिया। उसके इस कृत्य से क्रोधित होकर युवतियों ने जब उस पर मुष्ठि-प्रहार किया तो उसने उन सबको विरूप बना दिया। वापी-जल से पूर्ण अपना कमण्डल लेकर जब वह राजमार्ग से जा रहा था, तभी वह उसके हाथ से छूट कर गिर पड़ा। फलत: बाजार में जल की बाढ़ आ गयी और सर्वत्र हाहाकार मच गया। इसी प्रकार सुगन्धित पुष्पों को सुगन्धहीन बनाकर, स्वर्ण-दीनारों को लोहे में बदल कर, राजमहल में अपने द्वारा निर्मित

मायावी मेष से अपने ही पितामह को पराजित कराकर, राजभवन में उपस्थित द्विजों को परस्पर में लड़ाकर, सत्यभामा के यहाँ सैकड़ों पुरुषों के लिये तैयार कराए गये भोजन को अकेले ही खाकर और उसे वहीं वमन कर उसने सभी को और विशेष रूपेण सत्यभामा को आश्चर्यचकित कर दिया (1-22)। इस प्रकार सत्यभामा को अपने कौतुक दिखाकर वह प्रद्युम्न पुनः क्षुल्लक का वेष बनाकर अपनी माता रूपिणी के राजमहल में जा पहुँचा (23-24, ग्यारहवीं सन्धि)।

रूपिणी की शालीनता, सौम्यता, सुन्दरता एवं भद्रता से वह इतना अधिक प्रभावित हुआ कि मन ही मन उनके मातृ-स्वरूप को नमन कर उसने उनसे उत्तम पदार्थों की याचना की। रूपिणी ने महाराज कृष्ण के लिये रखे हुए विशेष मोदक उस क्षुल्लक को दिये। साधारण व्यक्तियों के लिए दुष्पाच्य उन मोदकों को उसने देखते ही देखते खा-पचा डाला। प्रद्युम्न को देखते ही रूपिणी को नारद द्वारा कथित सीमन्धर स्वामी के वृत्तान्त का स्मरण आ गया। रूपिणी सोचने लगी कि हो न हो यही मेरा पुत्र प्रद्युम्न है। किन्तु प्रद्युम्न के इस क्षुल्लक के कुरूप वेश को देखकर वह अपने मन में सोचने लगी कि ऐसे पुत्र को लेकर मैं कृष्ण एवं सत्यभामा को अपना मुख कैसे दिखाऊँगी? अतः रूपिणी ने क्षुल्लक-वेशधारी उस नवागन्तुक से उसका कुल और गोत्र पूछा, क्षुल्लक ने उत्तर में कहा कि—"साधु का कोई कुल-गोत्र नहीं होता।" यह सुनकर रूपिणी अत्यन्त दुखी हो गई। तब क्षुल्लक ने दयार्द्र होकर उसके दुख का कारण पूछा। तब उसने उसे पूर्व-वृत्तान्त बतलाते हुए कहा कि—"सत्यभामा और मेरे बीच यह शर्त लगी थी कि जिसका पुत्र पहिले परिणय करेगा, वह दूसरी के केशों का मुण्डन करा कर, उन केशों को अपने पैरों से रोदेंगी। अब वही समय आ गया है। सत्यभामा के पुत्र भानु का विवाह हो रहा है। इसलिए अब वह मेरे साथ वही व्यवहार करेगी। इसी कारण में शोकाकुल हूँ (1-9)।

क्षुल्लक ने जब रूपिणी की व्यथा को सुना, तब उसने ढाढस बंधाते हुए उससे कहा कि —"माता, दुःखी मत बनो, मैं ही तुम्हारा पुत्र प्रद्युम्न हूँ।" उसे समझा-बुझा कर उसने अपनी विद्या से शीघ्र ही मायामयी रूपिणी का निर्माण कर उसे सिंहासन पर बैठा दिया। थोड़ी ही देर में अनेक स्त्रियों के साथ रूपिणी का मुण्डन कर उसके केश लेने हेतु नापित आया, किन्तु प्रद्युम्न ने उस समय भी अपनी विद्या का ऐसा जाल फैलाया कि नाई ने मायामयी रूपिणी के भी केश न काट कर स्वयं अपनी नाक आदि काट डाली और साथ में आई हुई सभी महिलाएँ भी उसके विद्याबल से विरूप होकर सत्यभामा के पास वापिस पहुँचीं। सत्यभामा यह सब देखकर रूपिणी पर अत्यधिक कुपित हुई, और उसने उन सभी को राज्य सभा में बलभद्र के सम्मुख भेजा। बलभद्र भी ये सब विरूपाकृतियाँ देखकर क्रोध से जल उठे (10-13)।

अपनी माँ रूपिणी को दुःखी देखकर प्रद्युम्न ने अपना यथार्थ रूप धारण किया, जिसे देखकर वह अत्यन्त हर्षित हो उठी। उसने अपनी विद्या के बल से तथा माँ के सुख-सन्तोष के लिये अपने जन्म से लेकर 1 वर्ष तक की आयु के सभी रूपों को धारण कर उसे दिखाया तथा उन्हीं के अनुरूप बाल-क्रीड़ाएँ भी दिखलायीं (14-16)। इधर, क्रोधित बलभद्र ने जब अपने सेवकों को रूपिणी के यहाँ भेजा, तभी प्रद्युम्न अपने विद्याबल से एक कृशकाय द्विज का रूप धारण कर सत्यभामा के यहाँ जा पहुँचा और फिर वहाँ से निकल कर रूपिणी के दरवाज़े में लेट गया। वहाँ पर भी उसके चित्र-विचित्र कौतुक देखकर बलभद्र बड़े खुश हुए। प्रद्युम्न ने रूपिणी से बलभद्र का परिचय प्राप्त किया एवं उन्हें सिंह से लड़ने वाला जानकर प्रद्युम्न ने स्वयं सिंह का रूप धारण किया और बलभद्र से भिड़ कर उन्हें बुरी तरह पराजित कर दिया (17-21)।

रूपिणी ने प्रद्युम्न की लालाओं से प्रसन्न होकर उससे नारद का समाचार पूछा तब प्रद्युम्न ने उसे बतलाया कि—"नारद तुम्हारी पुत्र-वधु (उदधिकुमारी) के साथ आकाश में स्थित है।" यह कहकर जब वह अपनी माता के साथ वहाँ जाने की तैयारी कर रहा था, तभी उसने कृष्ण की सभा में जाकर घोषणा की— कि मैं भीष्म-सुता रूपिणी का हरण कर ले जा रहा हूँ। यदि तुम लोगों में शक्ति हो तो छीन लो। "कृष्ण एवं बलभद्र आदि ने प्रद्युम्न की इस चुनौती को स्वीकार किया। फलस्वरूप दोनों पक्षों में घमासान युद्ध हुआ (22-28 बारहवीं सन्धि)।

दोनों पक्षों के योद्धाओं ने दिव्यास्त्रों, मोहनास्त्रों, आग्नेयास्त्रों, वरुणास्त्रों, पवनास्त्रों एवं सहस्राक्षास्त्रों आदि का खुलकर प्रयोग किया। प्रद्युम्न ने भी विद्या के बल से कृष्ण की समस्त सेना को नष्ट कर दिया। नारद इस घमासान संग्राम को देखकर आकाश से उतर कर आये और उन्होंने पिता-पुत्र दोनों को सम्बोधित कर दोनों का परस्पर में परिचय कराया। पिता-पुत्र गले से मिले और वे सभी बड़ी ही प्रसन्नतापूर्वक अपने नगर में वापिस लौटे। नगरवासियों ने प्रद्युम्न का हार्दिक स्वागत किया और महाराज कृष्ण ने उसे युवराज-पद प्रदान किया (1-17 तेरहवीं सन्धि)।

प्रद्युम्न के विवाहोत्सव पर राजा कृष्ण के दरबार में राजा-कालसंवर, कनकमाला एवं मनोजवेग विद्याधर आये। अवसर पाकर रानी रूपिणी ने कनकमाला की बड़ी प्रशंसा की। राजा कालसंवर ने भी प्रद्युम्न की विद्या के लाभ का वर्णन किया और उसका शीघ्र ही विवाह कर देने की इच्छा प्रकट की। शुभ-मुहूर्त्त में उसका विवाह रति नामकी एक श्रेष्ठ विद्याधर कन्या के साथ कर दिया गया।

प्रद्युम्न एवं रति के विवाह के पश्चात् रानी रूपिणी एवं सत्यभामा का सम्मिलन हुआ, दोनों में उग्र वार्त्तालाप, एवं वसुदेव, बलभद्र द्वारा शान्ति स्थापित किए जाने के बाद प्रद्युम्न के विवाह के लिए अन्य अनेक राजाओं को निमन्त्रण-पत्र प्रेषित किये गये।

समयानुसार उसके विवाह के अवसर पर मण्डप की सुरुचि-सम्पन्न सजावट की गयी। युवतियाँ नाट्य-रसों के भावों से युक्त गीत गाने लगीं। मन्त्रित देशों के राजा उसमें सम्मिलित हुए और उसी समारोह के बीच 500 कन्याओं के साथ प्रद्युम्न का विवाह सम्पन्न हुआ। सप्तस्वरों का उच्चारण किया गया एवं विविध प्रकार के नेंग हुए (1-7)।

प्रद्युम्न के विवाहों से सत्यभामा पूर्ववत् ईर्ष्यालु बनी ही रही और प्रतिक्रिया स्वरूप उसने भानुकुमार का विवाह अपने विद्याधर भाई रविकांत की पुत्री स्वयंप्रभा के साथ रचा दिया (8)।

विवाहोपरान्त प्रद्युम्न जब सुखपूर्वक कालयापन कर रहा था, तभी पूर्व जन्म का उसका भाई कैटभ एक दिन स्वर्गलोग से दर्शनार्थ सीमन्धर स्वामी के पास आया वहाँ आकर उसने उनकी अभ्यर्थना की और उनसे धर्मोपदेश सुना। सीमन्धर स्वामी ने कैटभ के पूर्व जन्म का उल्लेख करते हुए बताया कि "तुम्हारे पूर्व जन्म का भाई 'मधु' दारामई के राजा श्रीकृष्ण के पुत्र के रूप में जन्मा है। यह सुनते ही वह देव राजा श्रीकृष्ण के पास गया (9-10)। उस (कैटभ के जीव-देव) ने राजा कृष्ण को एक सुन्दर हार देकर कहा कि "यह हार जिस रानी को दिया जाएगा, उसी की कुक्षि से अलगे जन्म में, मैं अपना जन्म धारण करूँगा।" यह सुनकर श्रीकृष्ण ने वह हार सत्यभामा को देने के उद्देश्य से उसे उद्यान में बुलाया। प्रद्युम्न को जब यह विदित हुआ तब उसने एक चमत्कारी अँगूठी पहना कर जाम्बवती का सत्यभामा जैसा रूप बनाकर उसे कृष्ण के पास भेज दिया (11-12)। उसके पश्चात् ही वह देव स्वर्ग से चय कर जाम्बवती के गर्भ में आ गया। जाम्बवती ने अवसर पाकर वह अँगूठी

प्रद्युम्न को वापिस कर दी। उधर श्रीकृष्ण का आदेश पाते ही सत्यभामा उनके पास पहुँची और कुछ दिन उनके साथ रह कर वापिस लौट आयी (13-14)।

योग्य समय पर दोनों रानियों (जाम्बवती एवं सत्यभामा) को पुत्रों की प्राप्ति हुई। जाम्बवती के पुत्र का नाम शम्बुकुमार एवं सत्यभामा के पुत्र का सुभानु रखा गया। बड़े होने पर दोनों पुत्रों ने द्यूत-विधि आरम्भ की। शम्बुकुमार ने उसी प्रसंग में सुभानु से एक कोटि स्वर्ण-मुद्राएँ जीत लीं। अपने पुत्र की पराजय देखकर सत्यभामा ने द्यूत-विधि में एक मुर्गा भेजकर दो करोड़ स्वर्ण मुद्राओं की बाजी लगायी। किन्तु शम्बुकुमार ने प्रद्युम्न की सहायता से उसे भी जीत लिया। तत्पश्चात् सत्यभामा ने सुगन्धित फल भेजा। उसे भी जीत लिया गया, साथ ही चार करोड़ स्वर्ण-मुद्राएँ भी। इस प्रकार शम्बुकुमार ने आठ, सोलह, बत्तीस, चौंसठ एवं 128 करोड़ स्वर्ण-मुद्राएँ जीत लीं। अन्त में सत्यभामा ने 256 करोड़ स्वर्ण मुद्राओं की शर्त लगा कर एक मायामयी सेना भेज कर शम्बुकुमार को यह कहलवाया कि वह इसे भी जीत कर दिखाये। प्रद्युम्न के विद्याबल की सहायता से शम्बुकुमार ने उसे भी जीत लिया और जीता हुआ सार धन तत्काल ही उसने याचकों को बाँट दिया (15-18)।

सत्यभामा ने दुखी होकर तडितवेग नामक विद्याधर—सेवक को अपने भाई चन्द्रोदर के पास भेजा। चन्द्रोदर की पत्नी का नाम शशिलेखा तथा पुत्री का नाम अनुन्धरी था। सुभानु से प्रभावित होकर चन्द्रोदर ने अपनी पुत्री अनुन्धरी का विवाह उसके साथ कर दिया। इधर रूपिणी ने भी अपने पुत्र प्रद्युम्न एवं भतीजे शम्बुकुमार के विवाह के लिए अपने भाई रूपकुमार (कुण्डिनपुर का राजा) के पास सन्देश भेजा। किन्तु उसका भाई इस तरह क्रोधित हो उठा जैसे "मीन राशि का शनीचर" रौद्र हो उठता है (19-21)। तब प्रद्युम्न और शम्बुकुमार स्वयं ही कुण्डिनपुर गये और वहाँ चाण्डाल एवं डोम का वेश बनाकर उन्होंने रूपकुमार से कन्या की माँग की, जिससे वहाँ के सभी लोग उनसे चिढ़ गए और उन्हें मारने दौड़े। किन्तु प्रद्युम्न ने अपने विद्या-बल से वहाँ के समस्त नर-नारियों को चाण्डाल-चाण्डाली बना दिया और वहाँ की समस्त पुत्रियों का अपहरण कर उन्हें दारामई ले आया, किन्तु साथ में ही अपने मामा रूपकुमार को भी बन्दी बनाकर लाना नहीं भूला (चौदहवीं सन्धि)।

प्रद्युम्न रूपकुमार को वैसे ही बाँध लाया जैसे रावण-पुत्र इन्द्रजीत ने पवनपुत्र (हनुमान) को बाँधा था। किन्तु कृष्ण और बलराम ने रूपकुमार को आदर-सम्मान देकर छोड़ दिया (1)।

रूपकुमार अपनी बहन रूपिणी के चरण कमलों का स्पर्श कर अपनी नगरी को वापस लौट गया और प्रद्युम्न अपनी रानियों के साथ विभिन्न क्रीड़ाएँ एवं मनोविनोद करता हुआ अपना समय सुख-पूर्वक व्यतीत करने लगा। एक बार चैत्रमास के समान मुख वाला वह प्रद्युम्न फागुन मास के नन्दीश्वर पर्व पर कैलाशगिरि पर जिनवरों की वन्दना-पूजा करने हेतु गया। वहाँ उसने चौबीसों जिनेश्वरों की स्तुति कर 108 कलशों से प्रभु का अभिषेक किया एवं अक्षत, दीप लेकर पूजा की (2-8)।

तत्पश्चात् श्रीकृष्ण नेमि प्रभु के दर्शनों को गये। वे नेमिप्रभु, जिन्होंने महाभारत के युद्ध में अग्रणी रहने वाले जरासन्ध को मार कर अर्धचक्री पद प्राप्त करने वाले श्रीकृष्ण को अपने हाथ की छोटी अँगुली से भी तौल दिया था तथा पांचजन्य-शंख को उन्होंने सरलतापूर्वक तुरन्त ही बजा दिया था और जब उन्हीं नेमिप्रभु ने वैराग्य धारण किया, तब उनके साथ 1000 राजाओं ने भी दीक्षा ग्रहण की और वरदत्त राजा के यहाँ जिन्होंने सर्वप्रथम पारणा की थी, सभी प्रकार के तपों को करते हुए जब उन्हें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई, तब देवताओं ने एक कलापूर्ण

विस्तृत समवशरण की रचना की। उन्हीं नेमिप्रभु के समवशरण में त्रिखण्डाधिपति कृष्ण समस्त परिवार तथा सैन्य एवं दस-दसार राजाओं के साथ दर्शनार्थ आये एवं उनका धर्मोपदेश सुनकर द्वारिका वापस लौट आये (10-12)।

नेमिप्रभु समवशरण सहित विहार करते हुए उपदेश करने लगे। जब पुन: नेमिप्रभु द्वारका आये तब श्रीकृष्ण पुन: उनके समवशरण में पहुँचे। उन केवलज्ञानी प्रभु ने धर्म, जीव, एवं संसार की नश्वरता आदि पर अमृतमय उपदेश दिये, साथ ही हलधर (बलभद्र), हरि (कृष्ण) के पूर्वभवों के वर्णन भी किये और भविष्यवाणी की कि मदिरापान से सारा देश विनाश को प्राप्त होगा द्वीपायन मुनि के कोप से समस्त दारामई जलकर नष्ट हो जाएगी एवं जरदकुमार के हाथों से कृष्ण की मृत्यु होगी। यह सुनकर प्रद्युम्न को वैराग्य हो गया और उसने दीक्षा धारण करने की श्रीकृष्ण एवं रूपिणी से आज्ञा माँगी, जिसके कारण रूपिणी विलाप करने लगी एवं मुरारी (श्री कृष्ण) तथा राम (बलभद्र) शोकाकुल हो गये (13-20)। किन्तु इन्द्र ने अपनी मधुर-वाणी में रूपिणी को सान्त्वना दी। तत्पश्चात् प्रद्युम्न ने दीक्षा धारण की। उसके साथ ही शम्भु, भानु, सुभानु, अनिरुद्ध आदि ने भी दीक्षा ग्रहण की। इनके दुख से विह्वल होकर रूपिणी, एवं सत्यभामा के साथ राजमहल की अनेक महारानियों ने भी आर्यिका के व्रत ग्रहण किये (21-22)। प्रद्युम्न ने घोर तपश्चरण किया। गुणस्थान का आरोहण कर, कर्म-प्रकृतियों को नष्ट कर केवलज्ञान प्राप्त किया, तत्पश्चात् अघातिया कर्मों को नष्ट कर निर्वाण लाभ किया (23-27, पन्द्रहवीं सन्धि)।

(3) पज्जुण्णचरिउ एवं अन्य प्रद्युम्नचरितों में विवेचित प्रद्युम्न-चरित के साम्य-वैषम्य का संक्षिप्त तुलनात्मक मानचित्र

यह पूर्व में चर्चा की जा चुकी है कि प्रद्युम्न महाभारत का एक प्रमुख पात्र है। वैदिक एवं जैन-परम्परा के कवियों ने उसके चरित को अपने-अपने दृष्टिकोणों से विकसित किया है। कुल-परम्परा एवं कुछ प्रमुख घटनाओं की दृष्टि से यद्यपि दोनों के कथानक प्राय: एक समान हैं, फिर भी घटना-क्रमों में कहीं-कहीं पर्याप्त अन्तर आ गया है। उनके घटनाक्रमों का तुलनात्मक चित्र इसी ग्रन्थ के अन्तिम पृष्ठों पर परिशिष्ट के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

(4) पज्जुण्णचरिउ : काव्यशास्त्रीय-अध्ययन

(1) महाकाव्यत्व

महाकवि दण्डी ने महाकाव्य के तत्वों का निर्देश करते हुए उसमें निम्न लक्षणों को आवश्यक माना है:— (1) सर्ग बन्धता, (2) आशीर्वचन, (3) मंगलाचरण, (4) सज्जन संकीर्त्तन एवं दुर्जन- निन्दा, (5) नायक के समग्र-जीवन का निरूपण (6) उदात्त-गुणों से युक्त ऐतिहासिक एवं पौराणिक नायक का चित्रण, (7) शृंगार, वीर तथा शान्त इन तीन रसों में से किसी एक का अंगीरस के रूप में तथा अन्य रसों का सहायक के रूप में निरूपण, (8) एक सर्ग में एक ही प्रकार के छन्द का होना, किन्तु अन्त में छन्द-परिवर्तन तथा अन्तिम-छन्द में ही आगामी कथा-वस्तु की सूचना, (9) कथावस्तु की उत्कर्षता एवं घटना-वैविध्य-हेतु प्रासंगिक कथाओं का नियोजन, (10) सागर, सरिता, नगर-यात्रा, सन्ध्या, सूर्योदय, षड्ऋतु आदि के वर्णन, (11) महाकाव्य में विविधता और यथार्थता, इन दोनों के ही सन्तुलित रूप, (12) महाकाव्य में विविधता और यथार्थ। (13) महदुद्देश्यता, (14) चतुर्वर्ग प्राप्ति कामना तथा (15) संघर्ष, साधना, चरित्र-विकास आदि का रहना अनिवार्य होता है। महाकाव्य का निर्माण

युग-प्रवर्तनकारी परिस्थितियों के बीच में सम्पन्न किया जाता है।[1]

महाकाव्य के इन लक्षणों के आलोक में प्रस्तुत "पज्जुण्णचरिउ" महाकाव्य की कसौटी पर खरा उतरता है। इसमें महाकाव्य के उपर्युक्त प्राय: सभी लक्षण वर्तमान हैं। चूँकि अपभ्रंश में सर्ग के स्थान पर सन्धि का प्रयोग होता है, अत: वह सर्गबद्ध न होकर सन्धि-बद्ध है तथा उसकी कथावस्तु 15 सन्धियों में विस्तृत है। कथावस्तु पुराण-प्रसिद्ध है। इसमें शृंगार, वीर और करुण रस अंग रूप में और शान्तरस अंगी के रूप में प्रस्तुत है। वस्तु व्यापारों में नगर, समुद्र, पर्वत, नदी, सूर्योदय, सूर्यास्त, चन्द्रोदय, उपवन, सैनिक-प्रयाण, युद्ध, विजय, स्वयंवर, दूत-प्रेषण आदि के सुन्दर चित्रण हैं। कथावस्तु की दीर्घता के साथ-साथ उसमें महा-काव्योचित भावों की बहुलता एवं गम्भीरता भी पाई जाती है। इसका नायक 169 पुराण पुरुषों में से एक है। वह अतिशय पुण्यवान् एवं अनेक कलाओं का स्वामी है। जैन परम्परा के अनुसार वह 21वें कामदेव के रूप में प्रसिद्ध है। इस महाकाव्य में प्रतिनायक का अभाव है। यद्यपि प्रद्युम्न का संघर्ष कालसंवर एवं कृष्ण के साथ होता है, किन्तु वे खलनायक नहीं हैं। क्योंकि खलनायक का कार्य सर्वत्र नायक को परेशान करना होता है और इस कारण पाठकों के हृदय में उसके प्रति कोई सहानुभूति नहीं रहती। प्रस्तुत काव्य में ऐसा कोई पात्र नहीं है, जिससे प्रद्युम्न का सदैव विरोध रहा हो। अत: इस काव्य-ग्रन्थ में प्रतिनायक का अभाव है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि प्रस्तुत काव्य में महाकाव्य के इतिवृत्त, वस्तुव्यापार-वर्णन, संवाद, भावाभिव्यंजना आदि सभी अवयव अपने सन्तुलित रूप में विद्यमान हैं।

(2) वस्तु-व्यापार-वर्णन

कवि ने प०च० में प्रसंग प्राप्त द्वीप, देश, नगर, नदी, पर्वत, समुद्र, उपवन, अटवी एवं षड्ऋतु आदि के वर्णन बड़ी ही आलंकारिक शैली में किये हैं। उदाहरणार्थ कुछ वर्णन यहाँ प्रस्तुत किए जा रहे हैं—

(क) **देश वर्णन**:—सौराष्ट्र देश प्राचीन-साहित्य एवं संस्कृति का प्राण रहा है। वैदिक, बौद्ध एवं जैन-साहित्य में उसके श्री-सौन्दर्य का वर्णन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। कवि सिंह ने भी उसके अन्तर्बाह्य-सौन्दर्य एवं श्री-समृद्धि का विशद वर्णन किया है। उसके अनुसार सौराष्ट्र-देश प्राकृतिक-शोभा और श्री-समृद्धि से परिपूर्ण है। पथिक-जन अपने साथ इस प्रदेश में भोजन-सामग्री लेकर नहीं चलते। राजमार्गों के दोनों पार्श्वों पर स्थित फलों की लम्बी पंक्तियाँ स्वयमेव उनके लिए यथेष्ट पाथेय प्रदान करती हैं। द्राक्षारस से युक्त मंडप-स्थान जगह-जगह पर पथिकों की तृषा को शान्त करते हैं (दि० 1/6/11-12)। वहाँ की नारियाँ दूध एवं शक्कर से युक्त भोजन पथिकों को कराती रहती हैं (दि० 1/7/11-12)।

(ख) **नगर वर्णन**:—कवि ने दारामई (द्वारावती अथवा वर्तमान द्वारिका 1/9, 1/10), कुण्डिनपुर (2/11/10), पुण्डरीकिणी (4/10/9, 14/9/10), कोशल (5/11/5), अयोध्या (5/11/5) आदि नगरों की समृद्धि का वर्णन किया है, जिसमें दारामइ नगर का वर्णन विस्तार से उपलब्ध होता है। कवि ने उसमें नगर की बाह्यान्तर-रचना के साथ-साथ वहाँ के नागरिकों के सुखद-जीवन का आकर्षक वर्णन किया है, साथ ही, वहाँ के लोगों के धार्मिक एवं वाणिज्य सम्बन्धी कार्यों का भी मनोहारी वर्णन प्रस्तुत किया है (1/9/2, 1/10/4)। प०च० के अनुसार दारामइ नगर में अत्यन्त सुन्दर सौधतल थे, जिन पर लहराती ध्वजाएँ स्वर्ग को स्पर्श करती थीं। प्राकार के चारों ओर चार गोपुर थे। स्थान-स्थान पर कल्पवृक्षों के समान सुन्दर और सरस फल लगे थे। उसके प्रत्येक

1. काव्यादर्श, 1/2।

पट्टन की दुकानों में विविध बहुमूल्य रत्न शोभायमान रहते थे (1/10/1-6)। समुद्र अहर्निश उस नगरी की सेवा कर अपने को धन्य मानता था, और परस्त्रियों अर्थात् नदियों को वह उसी प्रकार भूल गया था, जिस प्रकार दशमुख रावण अपनी प्रियतमाओं को भूल गया था (1/10/10)।

(ग) **उपवन** — कवि सिंह ने प्रस्तुत ग्रन्थ में अनेक उपवनों का सजीव चित्रण किया है। उसके अनुसार वे सभी उपवन प्राकृतिक-शोभा और समृद्धि से परिपूर्ण थे। नील वर्ण वाले उन उपवनों में स्थान-स्थान पर सरोवर बने हुए थे जिनमें कमलों के समूह सुशोभित होते रहते थे और जहाँ सुगन्धित शीतल-समीर बहती रहती थी। उन कमलों का अलिगण चुम्बन करते रहते थे और वे अपनी सुरम्यता से पथिक जनों का मन मोहते रहते थे (1/7/1-4)। वे उपवन लतागृहों से वेष्टित थे (3/1)। वसन्तागमन एवं राजाओं के उद्यान-क्रीडार्थ- गमन के प्रसंगों में कवि द्वारा किया गया उद्यान-वर्णन, वहाँ पर अवतीर्ण वसन्तश्री और उसका मनमोहक वातावरण पाठकों के हृदय में निश्चित ही मदनोल्लास को जागृत करता सा प्रतीत होता है। (3/4, 6/17, 15/4)

(घ) **समुद्र वर्णन** — कवि ने दारामइ-नगरी के श्रेष्ठ सौन्दर्य का वर्णन करते समय समुद्र-वर्णन को एक रूपक के रूप में प्रस्तुत किया है (1/11) तदनुसार पयोनिधि द्वारावती के सभी पापों को अपने में समाहित करने के कारण ही खारा हो गया है। यद्यपि वह पयोनिधि अपने सभी रत्न एवं मौक्तिक-प्रवाल उस नगरी को अर्पित कर देता है, तो भी वह (नगरी) उसका कोई आदर नहीं करती। इस कारण वह अपनी चचंल-लहरों रूपी बाँहों को ऊपर उठा-उठा कर रात-दिन बावला होकर पुकारता रहता है और उछल-उछल कर रोता रहता है, कि जो-जो मेरे सार-रत्न थे, उन सभी को लेकर भी यह द्वारावती चुप होकर बैठ गयी है। यह स्थिति देखकर जल के समस्त जीव-समूह आकुलित हो उठे। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों मच्छ, मगर, कर्कट जैसे जन्तु समुद्र को छोड़कर आकाशमार्ग में चले गये हों और राशियों के बहाने वे तारागणों से मिल गये हों। यहाँ कवि ने मगर, मच्छ एवं कर्कट के रूप में मीन, मकर एवं कर्क राशियों की कल्पना की है। इस प्रकार प०च० का समुद्र वर्णन अत्यन्त आलंकारिक एवं कवि की कल्पना-शक्ति का उत्तम उदाहरण है।

(ङ) **षड्ऋतु-वर्णन** — कवि ने प्रसंगवश छह-ऋतुओं के वर्णन किए हैं किन्तु वसन्त के वर्णन में कवि का काव्य-कौशल अनुपम है। कवि ने रूपक के माध्यम से वसन्त का अद्भुत वर्णन प्रस्तुत किया है। उसके (कवि सिंह के) लिए सिंहाकृति में ही ऋतुराज वसन्त के दर्शन हो रहे हैं। उसके वर्णनानुसार वसन्त-ऋतु का आगमन हो गया है। चतुर्दिक प्रकृति प्रफुल्लित है, पुष्पों के गुच्छहार एवं लता-वितानों के वन्दनवार सर्वत्र अँगड़ाइयाँ भर रहे हैं। उधर वनों में वनराज सिंह भी शीत से छुटकारा पाकर, वसन्त का उन्मुक्त-भाव से स्वागत करने की तैयारी में है। कवि ने दोनों का समन्वय जिस शैली में किया है, वह सर्वथा मौलिक, नवीन एवं अनुपम है। कवि कहता है—कि उस वसन्त-ऋतुराज रूपी सिंह का मुख फाल्गुन के दिन के अन्त के समान भास्वर एवं दीप्त था। जवा-कुसुम ही जिसके लाल-लाल नेत्र थे, बेला, मल्लिका आदि पुष्प ही जिसके दर्शन थे, अतिमुक्त (तिल-पुष्प) कुसुम ही जिसकी नासिका और अतिवृत्त कुसुम ही जिसके जगत में श्रेष्ठ श्रुति-कर्ण थे। रुण-झुण करने वाले भ्रमरों की गुंजार ही उसका स्वर था, मनोहर कुन्द-पुष्प ही उसके तीक्षण नख थे। इस प्रकार बहु मंजरी से चपल, अभिन्न कर वाला वह वसन्त रूपी हरि (सिंह) द्वारावती में प्रकट हुआ जिसके भय से शिशिर-ऋतु रूपी करि (हाथी) स्वत: ही नष्ट हो गया। (3/4/3-7)

प०च० में मधुमय वसन्त के आगमन पर महाकवि सिंह ने फाल्गुन-मास को ऋतुराज वसन्त का दूत माना

है तथा वह उसके द्वारा शीतकाल की इतनी तीव्र भर्त्सना कराता है कि उसे केदार की ओर बलात् पलायन करना पड़ता है। उसके पीठ फेरते ही जो प्रियतम परदेश गये हुए थे, उन्हें अपनी प्रियतमाओं का स्मरण हो उठता है और वे लौट-लौट कर घर वापिस आने लगते हैं। (6/16)

इस प्रसंग में कवि सिंह पर महाकवि कालिदास के मेघदूत का प्रभाव लक्षित होता है तथा कवि सिंह के इस वर्णन का प्रभाव सम्भवत: कवि जायसी के पद्मावत पर पड़ा है। जायसी ने भी शरद्काल का वर्णन करते समय 'बतलाया है कि पूस के महीने में इतना जाड़ा पड़ने लगा कि सूर्य भी लंका में जाकर आग तापने लगा।[1] सिंह एवं जायसी के वर्णन में अन्तर केवल इतना ही है कि कवि सिंह का शीत केदार पर्वत पर चला जाता है जब कि कवि जायसी का सूर्य सिंहल में प्रवासी होकर आग तापने लगता है किन्तु दोनों की कल्पना का मूल उत्स समान ही है।

एक प्रसंग में तो कवि की भावुकता देखते ही बनती है, जहाँ उसने एक विशिष्ट-पूजा के समय पुष्पार्पण करते समय कल्पना की है कि यह पुष्पार्पण नहीं, किन्तु उसके बहाने विशिष्ट पूजा के अवसर पर प्रकृति द्वारा समग्र वसन्त-ऋतु का ही समर्पण है। (15/8/4)

प०च० में वसन्त आगमन के अन्य उपादानों की सूचनाएँ भी यथास्थान उपस्थित की गयी हैं। यथा — आमों में बौर लगना (6/17/1), वनस्पति का फूलना (6/16/17), प्रोषित्पतिकाओं, मानिनी नारियों एवं कामी जनों की मदोन्मत्तावस्था (6/17) आदि-आदि।

ग्रीष्म — ग्रीष्म ऋतु का उल्लेख कवि ने सीधे न करके प्रद्युम्न की क्रीड़ाओं एवं तपस्या के माध्यम से किया है; प्रद्युम्न को ग्रीष्म-ऋतु में चन्दन-समूह तथा अन्य शीतल पदार्थों के लेपन, नारियल, द्राक्षासव, शर्करा, केला, गाढ़े दही या कर्पूर निर्मित सुगन्धित पानकों के सेवन तथा लतागृह में निवास करते हुए चित्रित किया गया है (15/3/11-13)।

तपस्या-वर्णन-प्रसंग में भी कवि ने ग्रीष्म-ऋतु का जो वर्णन प्रस्तुत किया वह श्रमण-तप का एक बिम्ब उपस्थित करता है। मुनिगण ग्रीष्म-काल में दिगम्बर रूप से गिरि-शिखर पर समभाव से प्रखर-सूर्य की किरणों को सहते थे, जिसके कारण उनका शरीर कृश एवं जल-मल से लिप्त हो गया था (7/6/1-2, 15/23/18)।

वर्षाकाल — प०च० में अग्निभूति-वायुभूति की अन्तर्कथा के प्रसंग में वर्षा-ऋतु का यथार्थ चित्रण किया गया है। (4/16) इस प्रसंग में वर्षा ऋतु के आगमन पर बादलों का लटक जाना, मेघों की गर्जना, बिजली की कौंध, घनघोर-वर्षा तथा उसमें पृथिवी एवं आकाश का एकमेक हो जाना तथा बाढ़ का आ जाना और लगातार सात-दिनों की वृष्टि से पशु-पक्षियों की विकलता का हृदय-स्पर्शी वर्णन पाया जाता है (4/16/12-18)।

मुनियों के तप-वर्णन प्रसंगों में भी वर्षा-ऋतु का वर्णन हुआ है (15/23/19)।

इसी प्रकार कवि ने हिम, शिशिर (3/4, 9/9 15/4/9) एवं शरद (15/4/8) के भी सुन्दर वर्णन किए हैं।

उष:काल-सूर्योदय — सूर्योदय का वर्णन हर्षोल्लास का प्रतीक माना गया है। कवि ने उसका वर्णन करते हुए कहा है कि — तम रूपी रज का प्रभंजक, जनरंजक, अरुणाभ-सूर्य जब निषधाचल के शिखर पर उदित हुआ, तब वह ऐसा प्रतीत होता था, मानों कंकेलि का लाल-पुत्र ही हो, अथवा दिग्गजों पर लाल-छत्र ही तना हो अथवा मानों पीन-पयोधर नारियों का मुख-मण्डन करने वाले कुंकुम का पिण्ड ही हो (6/22/6-8)। कवि का यह वर्णन उद्दीपन के रूप में प्रस्तुत हुआ है।

---

1. पद्मावत, 350/1।

सूर्यास्त — सूर्यास्त-वर्णन भी कवि ने उत्प्रेक्षाओं एवं कल्पनाओं के माध्यम से किया है। इस प्रसंग में उसने सूर्य को सन्ध्या के रक्त से लिपटा हुआ पिण्ड बताया है और कहा है कि अपने इसी दोष को मिटाने के लिए वह सूर्य अपने शरीर-प्रक्षालन हेतु समुद्र की ओर चला गया है और उसने अपने को समुद्र में डुबा दिया है (6/19/7-8)।

रात्रि-चन्द्रोदय — रात्रि एवं चन्द्रोदय का वर्णन कवि ने काम से विह्वल कामीजनों की उदीप्त चेष्टाओं को चित्रित करने के प्रसंग में प्रस्तुत किया है। कवि ने सूर्य के समान ही चन्द्रमा की अनेक उत्प्रेक्षाएँ की हैं। उसे सूर्य को गला देने वाला, दुर्जनों को पीड़ा देने वाला तथा शृंगारमय खजाने का कुम्भ-कलश (6/20/2-3) कहा है। कवि को वह ऐसा प्रतीत होता है, मानों शिवजी के सिर का रत्न ही हो, या कामदेव के पाँच वाणों को तेज धार देने वाला शान (पत्थर) ही हो (6/20)। यह वर्णन अतिशयोक्ति पूर्ण शैली तथा मानवीय-भावनाओं के उद्दीपन कारक के रूप में चित्रित हुआ है।

रात्रि के प्रारम्भ होते ही कवि ने दूतियों के गमनागमन (6/21/7) मानिनी नारियों के मानभंग (6/20/11) एवं प्रिय-वियोग में चकवी का दुःखी होकर कुरर-कुरर ध्वनि करने आदि के हृदय-स्पर्शी रूप चित्रित किए हैं। अन्यत्र एक स्थल पर कवि ने कल्पना की है कि चन्द्रमा की चाँदनी से ऐसा प्रतीत होता है, मानों सारे जगत ने क्षीरोदधि में स्नान ही कर लिया हो। वायस भी हंस की भांति दिखाई दे रहे हैं और सरोवरों में कुमुदनियाँ खिलकर हर्षोन्मत्त होकर झूम रही हैं (6/21)।

उक्त वर्णनों के अतिरिक्त प० च० में पुरुष की वीरता, सुन्दरता एवं उसके धार्मिक-आचरण पर भी कवि ने विशेष जोर दिया है, क्योंकि एक ओर जहाँ बल-वीर्य पुरुषार्थ एवं पराक्रम से देश की सुरक्षा एवं स्वस्थ-समाज का निर्माण होता है वहीं दूसरी ओर धार्मिक-आचरण से पारस्परिक विश्वास का प्राबल्य एवं अनुशासन की प्रवृत्ति भी बढ़ती है।

ऐसे वर्णनों में निम्न प्रसंग दृष्टव्य हैं। यथा—

श्रीकृष्ण की वीरता का वर्णन—

चाणउर विमद्दणु देवइ णंदणु संख-चक्क-सारंगधरु।
रणे कंस-खयंकरु असुर-भयंकरु वसुह तिखंडहिं गहियकरु।। *1/12/9-10*

सैन्य-प्रयाण-वर्णन—

वलियसेण्ण पयभरु पयभरु असहंतिए आकंपिउ भए तसिय धरत्तिए।
फणि सलिवलिय टलिय गिरि ठायहो णियवि पयाणहो महुमहरायहो।। *6/13/9-10*

धार्मिक आचरण—

राएण राउ मउ माणु चत्तु समभावए मण्णिउं सत्तुमित्तु।
तिणु कंचणु पुणु मणे तुल्ल दिट्ठि णवि रूसइ अहण कयावि हिट्ठ।। *7/5/4-5*

सौन्दर्य-वर्णन—

पडिपट्टणेत्त गट्ठिय विचित्तु ससि-सूर कंत कर-णियर-दित्तु।
कंचण-मण सिंहासण सुणेह णं मेरु-सिहरि णव-कण्ण मेह।। *1/14/5-6*
भुवणत्तय जणस्स सुमणोहर सविलासें ण सक्कउ।
दाणालीढ-करुव-रयणं सुज्जोइउ सहइ णंगउ।। *15/4/1-2*

वीरोचित गुणों के साथ-साथ कवि ने मानव के दोषों की भी चर्चा की है। कवि की दृष्टि में मद्य-पान (15/19/5), द्यूत-क्रीड़ा (14/15/10) एवं कामासक्ति (8/18/8) जीवन के महान् शत्रु हैं। उन्हें समाज एवं राष्ट्र का घुन माना गया है।

(3) रस

भारतीय काव्य-शास्त्रियों ने रस को काव्य की आत्मा स्वीकार कर उसके महत्व का विशद् विश्लेषण किया है। उनके अनुसार मात्र शब्दाडम्बर ही काव्य नहीं, बल्कि उसमें हृदय-स्पर्शी भावों का होना भी नितान्त आवश्यक है। अत: शब्द और अर्थ यदि काव्य रूपी शरीर की संरचना करते हैं, तो रस उसमें प्राणों की प्रतिष्ठा करते हैं। वीणा के तारों को छेड़ने से जैसे झंकृति उत्पन्न होती है, उसी प्रकार हृदय-स्थित भावनाएँ भी काव्य का सम्बल पाकर उसमें रस का संचार करती हैं, इसलिए रस को 'ब्रह्मानन्द-सहोदर' कहा गया है।

महाकाव्य युग-जीवन की समग्र चेतना को अपने में आत्मसात् किये होता है। अतएव महाकाव्य में विविध घटनाओं एवं परिस्थितियों के अनुरूप रसों की संयोजना स्वत: होती ही चलती है।

प्रत्येक महाकाव्य में एक रस अंगी होता है तथा शेष रसों की स्थिति उसके सहयोगी के रूप में होती है। प्रस्तुत काव्य का प्रारम्भ शृंगार-रस से हुआ है और अमृत पयस्विनी सुरसरिता की प्रवाहमयी धारा के समान विभिन्न रसोद्रेकिनी घटनाओं एवं कथा-मोड़ों को पार करता हुआ वह शान्त-रस के निर्मल-रत्नाकर में पर्यवसान को प्राप्त होता है। सिंह कवि ने शृंगार के साथ-साथ वीर, रौद्र, भयानक अद्भुत, करुण, वात्सल्य एवं शान्त रसों की भी प्रसंगानुकूल उद्भावनाएँ की हैं, जिन पर यहाँ संक्षिप्त प्रकाश डाला जा रहा है:—

शृंगार-रस:— शृंगार-रस का स्थायी भाव रति है और यह संस्कार रूप से समस्त विश्व में व्याप्त है। कवि ने इस रति-भाव को रसावस्था तक पहुँचा कर उसमें बड़ी ही कुशलतापूर्वक आस्वादन-योग्यता उत्पन्न की है। प०च० में शृंगार रस के दोनों पक्षों का निर्वाह बड़ी ही कुशलता पूर्वक हुआ है। यथा—

संयोग-शृंगार— प्रस्तुत ग्रन्थ में संयोग-शृंगार का चित्रण कृष्ण-रुक्मिणी की केलि-क्रीड़ाओं के रूप में आया है। श्रीकृष्ण रुक्मिणी के भवन में शृंगारिक क्रीड़ाएँ करते हुए जब दीर्घकाल व्यतीत करने लगते हैं, तो सत्यभामा को बड़ी ईर्ष्या होने लगती है। एक दिन श्रीकृष्ण सुगन्धित पदार्थों से युक्त पान के चर्वित अंश को चादर के कोने में बाँध कर सत्या के भवन में आते हैं और नींद का बहाना बनाकर वहीं लेट जाते हैं। तब सत्या विचार करती है कि यह सुगन्धित द्रव्य श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी के लिए अंचल में बाँध रखा होगा। अत: ईर्ष्यावश उसे खोलकर वह उससे अंगलेप तैयार कर तथा अपने शरीर में उसे पोत कर अपना तन सुवासित कर लेती है। सत्या के इस भोलेपन पर श्रीकृष्ण को हँसी आ जाती है जिसे देखकर वह रुष्ट हो जाती है (3/6/1-5)।

यहाँ पर रुक्मिणी आलम्बन और कृष्ण आश्रय हैं। रुक्मिणी के साथ भोगे हुए भोगों को श्रीकृष्ण सत्यभामा के यहाँ शृंगारोचित सापत्निक-ईर्ष्या के रूप में व्यक्त करते हैं। अत: रति स्थायी-भाव की अभिव्यक्ति होती है।

इसी प्रकार कवि ने दाम्पत्य-रति के अनेक ऐसे अनमोल-चित्र भी प्रस्तुत किए हैं कि उनमें केवल चित्रकार की तूलिका से रंग भर देना ही शेष रह जाता है। राजा मधु और कनकप्रभा की रति-विषयक क्रीड़ा के वर्णन में संयोग-शृंगार का माधुर्य स्वत: स्रवित होने लगता है (6/22)।

श्रीकृष्ण का रुक्मिणी के साथ द्वारका-प्रवेश के समय कवि ने नारियों की विह्वलता का अपूर्व चित्र उपस्थित

किया है। उसके अनुसार युवतियाँ कृष्ण को आया हुआ देखकर आत्मविस्मृत हो गयीं। किसी ने ताम्बूल के स्थान पर आमलों को मुख में डाल लिया, किसीने घिसे हुए चन्दन को नेत्रों में आँज लिया और अंजन को मुख पर लेप लिया। किसी ने रोते हुए शिशु को पैर ऊपर एवं सिर नीचा कर गोद में ले लिया और उनके पैरों को स्तन-पान करने लगीं (3/2)। इसी प्रकार प्रद्युम्न के द्वारका-प्रवेश के समय नारियाँ काम से विह्वल हो उठती हैं। उनका काम ज्वर बढ़ जाता है (13/17/1-2)। यहाँ दर्शन-जन्य-पूर्वराग नामक शृंगार-रस है।

वसन्त ऋतु का आगमन होता है, नागरिकों के जोड़े उद्यान-क्रीड़ा के निमित्त निकल पड़ते हैं, तत्पश्चात् जलक्रीडा (3/4/7-12, 15/4/8, 15/5/1), आदि करने लगते हैं। इन वर्णनों में संयोग-शृंगार की निदर्शना की गयी है।

विप्रलम्भ शृंगार:— संयोग-शृंगार के साथ ही कवि ने विप्रलम्भ-शृंगार की भी उद्भावना की है। जिस समय राजा मधु वटपुर के राजा कनकरथ (हेमरथ) की रानी को छलपूर्वक अपने राजमहल में रोक लेता है, तब उसके वियोग में कनकरथ पागल होकर गलियों में भटकने लगता है। प्रिया के वियोग में उसकी विपन्नावस्था का वर्णन कवि ने बड़ी मार्मिक-शैली में किया है। वह कहता है—

खणे रुवइ हसइ खणे गेउ करइ खणे पढइ खणे चिंतंतु मरइ।
खणे णच्चइ खणे उब्भाइ धाइ खणे अण्ण कवलु उब्भुब्भु खाइ।
खणे लुट्टइ खणे णिय वेसु मुवइ खणे पाय पसारिवि पुणु वि रुवइ। *(7/1/6-12)*

इसी प्रकार राजा मधु कनकप्रभा की प्रचुर आसक्ति एवं उसकी प्राप्ति न होने के कारण विरहाग्नि से संतप्त हो उठता है। शीतलता प्रदान करने वाली सभी वस्तुएँ सन्ताप को वृद्धिंगत ही करती हैं (6/17/9-10)।

इस सन्दर्भ में राजा हेमरथ (कनकरथ) की पत्नी आलम्बन है। उद्दीपन वसन्त ऋतु है। अनुभाव हैं मधु की शारीरिक चेष्टाएँ और संचारी हैं — हर्ष, चिन्ता, औत्सुक्य आदि।

वीर:— वीर-रस के चित्रण में कवि सिंह का मन अत्यधिक रमा है। क्योंकि उसका युग ही ऐसा था कि देश में चारों ओर युद्धों का वातावरण व्याप्त था। कभी तो हिन्दु राजा परस्पर में राज्य-विस्तार की लिप्सा से आपस में ही भिड़ जाते थे और कभी विदेशी आक्रमणों के कारण उन्हें रण-जौहर दिखलाना पड़ता था। अत: तत्कालीन साहित्य में युद्ध-प्रसंगों को प्रमुखता प्रदान की गयी। पृथ्वीराज रासो, बीसलदेव रासो, खुमान रासो, परमाल रासो जैसे ग्रन्थों का प्रणयन हुआ। पज्जुण्णचरिउ यद्यपि एक पौराणिक-महाकाव्य है, किन्तु कवि ने पौराणिक पात्रों के माध्यम से भी तत्कालीन युद्ध की झाँकियाँ उसमें प्रस्तुत की हैं और इन प्रसंगों में वीर-रस की सुन्दर उद्भावना की है।

'पज्जुण्णचरिउ के कृष्ण एवं शिशुपाल युद्ध (2/16-20), राजा मधु एवं भीम का तुमुल युद्ध (6/14-15), कालसंवर और प्रद्युम्न-युद्ध (9/17-22) प्रद्युम्न तथा कृष्ण का प्रबल युद्ध (12-13 सन्धियाँ) तथा प्रद्युम्न एवं रूपकुमार-युद्ध (14-23) के वर्णन चित्रोपम रूप उपस्थित करते हैं। युद्ध-प्रसंगों के कुछ उदाहरण यहाँ उपस्थित किए जा रहे हैं:—

सेना की विशालता—

चडाविउ चाउपि सक्क सएहि पिहंतु णहंगणु वज्ज मएहि।
जलंपि-थलंपि णहंगणु तंपि सो मग्गु-अमग्गु ण पूरिउ जंपि।। *—(13/8/14-15)*

सैनिकों की गर्वोक्तियाँ–

युद्ध के साथ-साथ कृष्ण और शिशुपाल, मधु और भीम एवं कृष्ण तथा प्रद्युम्न की युद्ध के बीच परस्पर गर्वोक्तियाँ वीर-रस से ओत-प्रोत हैं—

वुच्चइ जाहि-जाहि मा पइसहि जममुह कुहर दुद्धरे।
तुहुँ सिसुपाल काल खद्धोसि किं जाहि अहिण्ण कंधरे।। *—(2/18/2)*
अह संकहि तो दडहि गडंतरे महु पडिखलइ को भरह अंतरे। *—(6/14/3)*

उपहास— **जा जाइव जीवहि भुंजिसुहु इय उवहसियउ असहंतु दुहु।।** *—(13/9/11)*

युद्ध वर्णन में वीर-रस के स्थायी-भाव उत्साह, आलम्बन, उद्दीपन, अनुभाव एवं संचारी भावों का सुन्दर निरूपण हुआ है। वस्त्रों की खनखनाहट एवं हाथी-घोड़ों के चिंघाड़ने तथा हिनहिनाने का भी कवि ने सजीव चित्रण प्रस्तुत किया है।

रौद्र-रस:— स्वाथ-विरुद्ध, अनिष्ट अथवा अपमान की स्थिति में उत्पन्न क्रोध के कारण रौद्र-रस की व्यंजना होती है। सत्यभामा के आदर एवं सम्मान न करने पर जब नारद कृष्ण के लिए दूसरी कन्या की खोज में निकलते हैं तब क्रोधित होकर वे इस प्रकार कहते हैं—

वयं णच्चिमो जो अवज्जंत तूरो। ण णच्चामि किं वज्जिए सोअ तूरो। *—(2/1/10)*

धूमकेतु दैत्य अपने पूर्वजन्म के बैरी मधुराजा को प्रद्युम्न के रूप में प्राप्त कर क्रोध में आग बबूला हो जाता है। यथा— **वियारिऊण किंतु णहमि सारमि विचिंतएणिसिंदु वइरु सारमि।**
किं घिवमि उवहिमज्झें वाडवे। पयंडमच्छ सुंसुमार फाडवे।। *—(4/1/12-13)*

यहाँ प्रद्युम्न आलम्बन और धुमकेतु आश्रय है। प्रद्युम्न का शैशव रूप में दिखलाई पड़ना उसका उद्दीपन विभाव है। पत्नी के अपहरण का स्मरण अनुभाव है। आमर्ष, उग्रता आदि संचारी भाव हैं।

इसी रस के अन्य प्रसंगों में सत्यभामा एवं रुक्मिणी (14/2/2-5), मधु राजा (6/16, 6/19) एवं कुण्डिनपुर नरेश रूपकुमार (14/21/11-12) आदि के रौद्र-रूप भी द्रष्टव्य हैं। एक अन्य प्रसंग में कवि ने रौद्र-रस की तुलना समुद्र से की है (6/13/12, 6/14/4)। इस कल्पना में कवि की मौलिक सूझ-बूझ का पता चलता है।

भयानक-रस:— भयकारी दृश्यों के दर्शन, श्रवण एवं स्मरण से अथवा प्रतीति से उत्पन्न भय भयानक-रस की व्यंजना कराता है अथवा वीर और रौद्र-रसों के पोषक-तत्वों से भयानक-रस की उत्पत्ति होती है। प०च० में रणस्थली के वर्णन-प्रसंगों में भयानक-रस के अनेक प्रसंग आये हैं। यथा 2/17, 2/18, 6/13/9 तथा 13/5-17। किन्तु उनमें भी वह प्रसंग प्रमुख है, जिसमें प्रद्युम्न अपनी विद्या के द्वारा सिंह का भयानक रूप धारण कर बलदेव के साथ युद्ध करता है, जिसे देखकर वहाँ उपस्थित समग्र जन-समुदाय भयभीत हो उठता है तथा बलदेव भी हताश होकर वहीं मूर्च्छित हो जाते हैं (12/20/8-10, 12/21/1-8)।

इन सन्दर्भों में विभावादि से पुष्ट भय स्थायी-भाव की भयानक-रस में व्यंजना हुई है।

वीभत्स-रस:— रुधिर, अस्थि, मांस, मज्जा, मल-मूत्र जैसी घृण्य-वस्तुओं के दर्शन, श्रवण अथवा स्मरण से उत्पन्न घृणा से वीभत्स-रस की व्यंजना होती है। यौवनोन्मत्ता महिलाओं के पीन-पयोधर, सुपुष्ट जंघाएं एवं गर्वोन्मत्त हाव-भाव, शृंगार-रस के उद्दीपक हो सकते हैं, किन्तु वैराग्यावस्था में वे ही अंग एवं हाव-भाव घृणित प्रतीत होकर वीभत्स-रस की प्रतीति कराने लगते हैं। इन दृश्यों से संसार की अनित्यता का भान होता है और

मानव-मन विरक्ति की ओर अग्रसर होता है। अत: इसे शान्त रस का सहायक-अंग ही माना गया है। प०च० में युद्ध प्रसंगों में वीभत्स-रस के अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं। यथा— 2/18/9-12, 6/14/9-10 तथा 13/3-14।

इन वर्णन-प्रसंगों में स्थायी भाव जुगुप्सा है। घृणित वस्तु आलम्बन। दुर्गन्ध, कुरूपता आदि उद्दीपन। आँखें बन्द करना, मुख मोड़ना आदि अनुभाव एवं आवेग, व्याधि, ग्लानि, अपस्मार आदि संचारी भाव हैं।

अद्भुत रस:— प०च० में अद्भुत रस के उदाहरण भी पर्याप्त मात्रा में प्राप्त होते हैं। उसकी 10वीं सन्धि से लेकर 12वीं सन्धि के 24 कडवकों तक के कथा-प्रसंग में अद्भुत-रस के ही दर्शन होते हैं।

प्रद्युम्न एक कृशकाय विप्र के रूप में सत्यभामा के भवन में गया और समस्त खाद्यान्न का भक्षण कर गया, तो भी वह अतृप्त रहा (11/21-22)। इस कृशकाय विप्र को इतना अन्न खाते देखकर किस व्यक्ति को आश्चर्य नहीं होगा?

इसी प्रकार रुक्मिणी के समक्ष की गयी बाल-क्रीड़ाएँ और द्वारका में रौद्र, कुरूप विभिन्न रूपों को धारण कर अनेक अद्भुत कौतुकपूर्ण रूप उत्पन्न करना। ये सभी प्रसंग अद्भुत-रस की मोहक अभिव्यंजना करते हैं। इन विस्मयोत्पादक घटनाओं के द्वारा कवि ने काव्य की रोचकता को द्विगुणित बना दिया है।

वात्सल्य-रस:— वात्सल्य-रस के सम्बन्ध में प्राचीन आचार्यों में पर्याप्त मतभेद है। उद्भट (8-9वीं ई०) तथा रुद्रट (9वीं सदी ई०) ने वात्सल्य को एक स्वतन्त्र रस के रूप में घोषित नहीं किया, किन्तु भोजराज (11ई० पूर्वार्द्ध) तथा साहित्य-दर्पणकार विश्वनाथ (14वीं सदी) ने वात्सल्य को एक स्वतन्त्र रस घोषित किया है।

प०च० के वात्सल्य वर्णनों के अध्ययन से स्पष्ट प्रतीत होता है कि कवि सिंह ने इस रस की संयोजना स्वतन्त्र रस के रूप में की है।

कवि ने बालक की सूक्ष्मातिसूक्ष्म भावनाओं का चित्रण अनुपम कुशलता के साथ किया है। उसने पालने से लेकर किशोरावस्था तक की बालकपन की प्राय: सभी दशाओं के अत्यन्त स्वाभाविक, मनोवैज्ञानिक तथा सरस चित्र प्रस्तुत किये हैं। (3/13, 4/3/8-12, 7/10-12, 12/15)। इस प्रसंग का एक उदाहरण यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है—

णियलीलइँ रंगेविणु थक्कइ ईसीसु-विहसेवि मुहुँ वंकइ।
संवत्थरेण खलंतु पवोल्लइ उट्ठइ पडइ सुकंपइ चल्लइ।
जणणिहि करि अवलंविवि धावइ।। —*(12/15/7-9)*

उक्त प्रसंगों में स्थायी भाव स्नेह है, आलम्बन हैं माता-पिता। उद्दीपन है इनके प्रति गुणानुराग, अनुभाव रोमांच है तथा संचारी भाव है हर्ष। उक्त प्रसंग में वात्सल्य-रस की बड़ी ही मार्मिक अभिव्यक्ति हुई है।

करुण-रस:— अनिष्ट संयोग के कारण हृदयोत्पन्न विषाद का भाव करुण-रस की व्यंजना कराता है। विषादानुभूति वैसे तो वियोग-शृंगार में भी होती है, किन्तु वहाँ विषाद के साथ-साथ भविष्य में प्राप्त होने वाले सम्मिलन-सुख की आशा भी विद्यमान रहती है। अत: वहाँ विषाद-संचारी भाव के रूप में ही विद्यमान रहता है। किन्तु करुणा में अनिष्ट-संयोगजन्य ही विशाद की अनुभूति होती है और भविष्य में उस वस्तु या व्यक्ति के सम्मिलन की आशा नहीं रहती। अत: उस स्थिति में विषादजन्य शोक स्थायी भाव रहता है न कि संचारी। प०च० में करुण-रस की योजना अनेक स्थलों पर हुई है। किन्तु कारुण्य की तीव्र धारा रुक्मिणी के रुदन में उस समय प्रवाहित हुई है, जब उस के प्राण प्यारे सुपुत्र — प्रद्युम्न का अपहरण जन्म लेने के छठवें दिन ही हो जाता है। वह करुण-क्रन्दन करती हुई कहती है—

हा पुत्त-पुत्त तुहु केण णियउ फुट्टइ सयसक्कर मज्झु हियउ।
हा वच्छ-वच्छ कुवलय दलच्छ पइँ पेछमि कहिँ हउँ सेय तुच्छ।
हा वाल-वाल अलिणीलवाल करयल जिय रत्तुप्पल सुणाल।
हा कंठु-कंठउज्जय सुणास हा-सवण विणिज्जिय मयण-पास।
मोक्कल कल कोंतल तोडणेण कोमल-करयल-उरे ताडणेण।
विहुणिय तणु सिर संचालणेण पाणियल धरणि अप्फालणेण।। 4/5/9-14

करुण-रस का चित्रण कवि सिंह की अपनी विशेषता है। उनके काव्य के हृदय का तार मानों करुण की तन्त्री से ही निर्मित है। हृदयाकाश में जब वेदना के मेघ घनीभूत होकर आँसुओं के रूप में बरस पड़ते हैं, तब हृदयाकाश स्वच्छ और निर्मल हो जाता है। प्रस्तुत काव्य में यही स्थिति रुक्मिणी की है। उसके हृदय की तीव्र-वेदना ने आँसुओं के द्वार का नियन्त्रण तोड़ दिया है। प्रद्युम्न के दीक्षा प्रसंग में भी माता रुक्मिणी एवं पिता कृष्ण के विलाप में करुण-रस की सरिता प्रवाहित हुई है (15/20/8-20)। इस कारुण्य रस की धारा प्रारम्भ में तो वेगवती वर्षाकालीन धारा के समान उद्दाम-गति से प्रवाहित हुई है, किन्तु फिर धीरे-धीरे मन्द पड़ जाती है और अन्त में उसमें निर्वेद और त्याग की शरत्कालीन शान्ति तथा पुण्य की प्रसन्नता छा जाती है। यथा— **सच्चहाम रूविणि सिय सेविहिं सुण्हइँ समउ अट्ठ-महएविहिं।**

गहियउ वउ रायमइ णवेविणु भिण्णु सरीरु जीउ मण्णेविणु।। *—(15/21/15-16)*

इस सन्दर्भ में स्थायी भाव शोक है, आलम्बन माता-पिता, उद्दीपन वियोग तथा रोदन आदि संचारी भाव हैं।

शान्त-रस:— संसार की अनित्यता का अनुभव अथवा तत्व-जिज्ञासा एवं तत्वज्ञान से उत्पन्न निर्वेद शान्तरस की व्यंजना कराता है।

प०च० में अंगीरस के रूप में शान्तरस की उद्भावना हुई है। उक्त काव्य ग्रन्थ के एतद्विषयक निम्न प्रसंग महत्वपूर्ण हैं—

अग्निभूति-मरुभूति (5/11), सुलोचना (6/6), पूर्णभद्र-मणिभद्र (6/7), राजा मधु-कैटभ (7/4), राजा कनक (8/1), राजा हिरण्य (8/3), राजा वरदत्त (15/12) एवं प्रद्युम्न, शम्बु, भानु, अनिरुद्ध तथा आठ महारानियाँ (15/21)।

उपर्युक्त प्रसंगोपात्त पात्र संसार की अनश्वरता एवं भौतिक-सुखों की क्षणिकता देखकर वैराग्य से भर उठते हैं और उनका हृदय वैराग्य-मूलक शान्तरस से आप्लावित हो जाता है। यह निर्वेद तत्वज्ञान-मूलक होता है।

इन प्रसंगों में स्थायी भाव निर्वेद, संसार की असारता का बोध, आलम्बन, विभाव, उपदेश, अध्यात्म, प्रवचन आदि उद्दीपन। संसार के त्याग की तत्परता, पंचपरावर्त्तन आदि अनुभाव एवं मति, धृति तथा स्मृति संचारी भाव हैं। शान्त रस की स्थित में विषय-सुख का अभाव होने से आत्म-सुख की समृद्धि होती है।

(4) अलंकार-योजना

भावों की उत्कर्षता का चित्रण तथा वस्तु-निष्ठ रूप गुण एवं क्रिया की तीव्रानुभूति कराने में सहायक होने वाले उपादानों को अलंकार की संज्ञा प्रदान की गयी है। अलंकार-योजना से चूँकि काव्य में सौन्दर्य का समावेश

होता है, अतः भामह ने उन्हें काव्य-शोभा का आधायक-तत्व बताया है।[1] दण्डी ने इसे काव्य के शोभावर्द्धक-धर्म के रूप में माना है। यथा—काव्य शोभा करान् धर्मालंकारान् प्रचक्षते।[2]

अलंकार केवल वाणी की सजावट के लिए ही नहीं, अपितु भावों की अभिव्यक्ति के लिये भी विशेष द्वार माने गये हैं। भाषा की पुष्टि तथा राग की परिपूर्णता के लिए वे आवश्यक उपादान के रूप में मान्य हैं। इन अलंकारों को दो भागों में विभक्त किया गया है—शब्दालंकार एवं अर्थालंकार।

प०च० में शब्दालंकार एवं अर्थालंकार दोनों के ही प्रचुर मात्रा में प्रयोग मिलते हैं। शब्दालंकारों में अनुप्रास, यमक एवं श्लेषालंकार प्रमुख हैं। अपभ्रंश-काव्य की यह प्रमुख विशेषता है कि उसमें बिना किसी आयास के स्वतः ही अनुप्रासों का आयोजन होता चलता है। उसमें वाक्यों में वर्णों की आवृत्ति एक से अधिक बार होती है। यथा—
जहिं सरवरे-सरवरे कंदोट्टइँ परिमल वलहइँ अइ सुविसट्टइँ। (1/7/1)

यहाँ सरवर-सरवर एवं अन्य पदों में अनुप्रासालंकार है। इसी प्रकार केयूर-हार कुंडल धराहँ कण-कण कणंत कंकण-कराहँ (1, 13, 4) एवं 8/12/1, 8/15/12 आदि में अनुप्रास की सुन्दर योजना की गयी है।

यमक:— जहाँ एक या एक से अधिक शब्द एक से अधिक बार प्रयुक्त हों एवं उनका अर्थ भी प्रत्येक बार भिन्न हो, वहाँ यमक-अलंकार होता है। यथा— **जाउ तत्त चारु कणयप्पह कणयरहहो राणी कणयप्पह।**

यहाँ 'कणयप्पह' शब्द के दो अर्थ हैं, प्रथम का अर्थ है—'स्वर्ण की प्रभा के समान और दूसरे 'कणयप्पह' पद का अर्थ है 'राजा कनकरथ की रानी कनकप्रभा।'

इसी प्रकार बाल-बाल (4/5/11), पियंगइ-पियंगइ (6/17/3), पडुल-पडुल (6/17/4) वसुन्धरा, वसुन्धरा (6/3/3) में भी यमक अलंकार दृष्टव्य है।

श्लेष:— वाक्य में किसी शब्द के एक बार प्रयुक्त होने पर भी उसके अर्थ एक से अधिक हों, तो वहाँ श्लेषालंकार होता है।

इस अलंकार के द्वारा काव्य में विशेष चमत्कार उत्पन्न किया जाता है। यथा—

जहिं सुपिहुल-रमणिउँ मंथर-गमणिउँ कय-भुअंग सहसंगिणिउँ।
सच्छंवर-धारिउ जण-मण-हारिउ पण्णत्तिय व तरंगिणिउँ।। *—1/8/9-10*

यहाँ पर कवि ने श्लेष में नदी-वर्णन करते हुए कहा है कि स्वच्छ-वस्त्र धारण करने वाली, सुन्दर एवं सुपुष्ट रमण फलक वाली, मन्थर गति गामिनी तथा भुजंगी के समान वेणी वाली पण्य-स्त्रियों के समान ही वहाँ की नदियाँ भी स्वच्छ जलवाली अत्यन्त विस्तृत तटों वाली मन्थरगति से प्रवाहित होने वाली एवं भुजंगी के समान सहस्र धाराओं से युक्त थीं। यहाँ सच्छंवर, पिहुल एवं भुअंग में श्लेषालंकार है।

इसी प्रकार भोज्जुअ विचित्तु विंजणहिफारु (3/9/6) पद में विंजणहिंफारु में श्लेष है। यह दो अर्थों में प्रयुक्त हुआ है, एक तो व्यंजन वर्णों (क, ख, ग) के लिए और दूसरा विविध पकवानों के लिए। इसी प्रकार हरी (3/13/8), अद्धवरिसु (15/3/4) में भी श्लेषालंकार द्रष्टव्य है

पुनरुक्ति:— जहाँ काव्य की सौन्दर्य-वृद्धि के लिए एक शब्द एक ही अर्थ में पुनरुक्त किया जाता है, वहाँ पुनरुक्ति-अलंकार होता है। यथा—

---

1. रूपकादिरलंकारस्तधान्यैर्बहुधोदितः। न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनितानन्म्।। का०लं० 1/13। 2. काव्यादर्श, 2/1।

हले पेक्खु-पेक्खु खज्जंति सास। —*(1/8/5)*
जहिं सरवरे-सरवरे कंदोट्टइँ। —*(1/7/1)*

यहाँ एक ही अर्थ में पेक्खु-पेक्खु एवं सरवरे-सरवरे की आवृत्ति से भाव-सौन्दर्य की अभिवृद्धि हुई है। अत: यहाँ पुनरुक्ति अलंकार है।

वीप्सा:— क्रोध, शोक आदि मनोवेगों को प्रभावित करने के लिए जहाँ शब्दों की पुनरावृत्ति होती है, वहाँ यह अलंकार होता है। यथा—

हा वच्छ-वच्छ कुवलय दलच्छ पइँ पेछमि कहि हउँ सेय तुच्छ।
हा बाल-बाल अलि णीलबाल करयल जिय रत्तुप्पल सुणाल।। —*4/5/10-11*

उक्त पद्य में पुत्र शोक की अभिव्यंजना के लिए वच्छ, बाल और 'हा' वर्ण की आवृत्ति वीप्सा की योजना करती है। इसने शोकोद्‌गार को मूर्त्तरूप प्रदान किया है।

उपमा:— अर्थालंकारों में उपमालंकार को अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सादृश्यमूलक अलंकारों का तो इसे सर्वस्व माना गया है। इस अलंकार में किसी वर्ण्य-वस्तु की उसके किसी गुण, क्रिया या स्वभाव-विशेष आदि की समानता के कारण किसी अप्रस्तुत वस्तु से तुलना की जाती है। प०च०में इस अलंकार का अनेक स्थलों पर सुन्दर संयोजन हुआ है। यथा—

एक्कहि वयणुल्लउ णिरुवमउ अणेक्कहिँ छण ससहर समउ।
एक्कहिमुहँ सरल पुणु णयणु अणेक्कहो उक्कोइय मयणु।
एक्कहि वर कंठु कंबु हणइँ अणेक्कहे रूउ जि जगु जिणइँ। 3/11/2-5
सिहिगल अलि तमाल सम कुंतल। 12/1/3,

इसमें रुक्मिणी और सत्यभामा के रूप-सौंदर्य की तुलना कवि ने अनेक उपमानों से की है। इसी प्रकार रवि की रौनी, चन्द्रमा की रोहिणी तथा इन्द्र की पौलोमी द्वारा राजा अरिंजय के साथ रानी प्रियवदना के शोभित होने का चित्रण किया गया है— **रेहइ पउलोमी इव सक्कहो रविहि रण्ण रोहिणिव ससंकहो।** —*5/11/8*

उपमेयोपमा:— जहाँ पद में उपमेय की प्रधानता एवं उपमान की हीनता प्रदर्शित की जाय, वहाँ उपमेयोपमा अलंकार होता है। कवि ने रुक्मिणी के श्रेष्ठ सौन्दर्य का वर्णन करने के लिए इसी अलंकार का प्रयोग किया है। यथा— **ससि सकलंकु कमलु खणे वियसइ अणुवमु वयण पंकयं।** —*2/10/1*

अर्थात् शशि तो कलंक सहित है तथा कमल क्षण में विकसित होता है और नष्ट हो जाता है। किन्तु इसका मुख-कमल दोनों की उपमा रहित अनुपम है अर्थात् मुख कलंक रहित और सदा विकसित रहता है।

हीनोपमा:— कवि सिंह ने उपमा के चित्रण में हीनोपमा अलंकार का उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। यथा—

पणमिय चलण-कमल रूवए कह। वण देवियइमि वणदेवय जह। —*14/1/10*

कनकमाला रूपिणी के चरण कमलों में किस प्रकार प्रणाम करती है? इसी प्रकार, जिस प्रकार कि वनदेवता, वनदेवी के चरणों में प्रणाम करता है। वनदेव के द्वारा वनदेवी को प्रणाम करने के कारण यहाँ हीनोपमा-अलंकार है।

रूपक:— जब उपमेय में उपमान का निषेध रहित आरोप किया जाय तो रूपकालंकार होता है। समुद्र में नायक का आरोप कर कवि कहता है कि वह अपनी चंचल-तरंग रूपी विशाल भुजाओं से द्वारका के नितम्ब—तट को दूर करता हुआ द्वारका रूपी परस्त्री के संग के भय से दूर हट जाता है। यथा—

पसरिय कल्लोलहिँ, भुयहिं विसालहिं णं णियंवु विप्फालइ।
खणे संकिवि फिट्टइ पुणुवि पयट्टइ मूढउ अप्पउ खालइ।। *—1/10/11-12*

सिंह में वसन्त ऋतु का आरोप करके भी कवि ने रूपकालंकार की सुन्दर संयोजना की है। यथा—

फग्गुदिणंतभासुरवयणु जासवण कुसुम-लोहिर-रयणु।
वेइल्लमल्लि-फुल्लिर-दसणु साहार लुलिय णव-दल रसणु।
अयवत्त कुसुम सुइज्ज अपवरु रुणु-रुणिर भमर गुंजारि सरु।
कलिकुंद पसूण तिक्ख-णहरु वह मंजरि चवलुग्गिण्णकरु।। *—3/4/3-6*

इसी प्रकार एक अन्य प्रसंग में भी फागुन मास को दूत बना कर (6/16/12-13, 3/4/3-6) एवं पूजा के प्रसंग में पूजा की सामग्रियों में वसन्त का आरोप (15/8/1-6) कर भावों की तीव्र व्यंजना की गयी है।

उत्प्रेक्षा:— जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना या कल्पना की जाए वहाँ उत्प्रेक्षालंकार होता है। नारद को हरि एवं बलभद्र के बीच खड़ा देखकर कवि कल्पना करता है—

हरी-वलहद्दइँ मज्झे मुणिंदु णं कण्णत्तुलं भरे संठिउ चंदु। *—1/15/2*

हरि और बलभद्र के बीच मुनि नारद ऐसे सुशोभित हो रहे थे, मानों सुवर्ण-तुला के मध्य चन्द्र ही स्थित हो। सूर्योदय-सूर्यास्त एवं चन्द्रोदय के वर्णन-प्रसंग में भी कवि ने सुन्दर उत्प्रेक्षाओं की उद्भावना की है। यथा—

कंकेल्लहँ पत्तुव अरुण दत्तुव दिसि गणिहे,
णं तहि मुह-मंडउ कुंकुम पिंडिउ घण-थणहे।
अवरण्हइँ णिवडंतइँ सूरें संझा-रत्त लित्त जहिँ सूरइँ,
तणु पक्खालणत्थ तहिँ चल्लिउ णं अप्पउ जलरासिहिं बोल्लिउ।। *—6/19-22*

इसी प्रकार रुक्मिणी और रति के सौन्दर्य वर्णन एवं प्रद्युम्न तथा कृष्ण की वीरता के प्रसंगों में भी कवि ने अनेक सुन्दर उत्प्रेक्षाओं की योजना की है।

भ्रान्तिमान्:— जहाँ रूप, रंग, कर्म आदि की समानता के कारण एक वस्तु से अन्य किसी वस्तु की चमत्कार-पूर्ण भ्रान्ति हो जाए तब वहाँ भ्रान्तिमान अलंकार होता है। यथा— रानी सत्यभामा उद्यान में श्वेत-वस्त्रधारिणी रूपिणी को वनदेवी समझ कर उसकी स्तुति एवं आराधना करती है। इस प्रसंग में कवि ने भ्रान्तिमान् अलंकार की सुन्दर योजना की है। देखिए— **किमे साविदेवी सुउज्जाणसेवी**
तहो पाय पोम्मा, णुया तीए रम्भा।
सिरेणाविऊणं पयंपेय णूणं।। *—3/8/3-12*

सन्देह:— रूप, रंग आदि का सादृश्य होने के कारण उपमेय में उपमान का संशय होने से सन्देहालंकार होता है। नारायण—कृष्ण रुक्मिणी के अप्रतिम-सौन्दर्य को देखकर सन्देह में पड़ जाते हैं और सोचते हैं कि यह गायत्री है या लक्ष्मी अथवा सरस्वती? कहीं यह बुद्धि, सिद्धि, गौरी, शान्ति, कीर्त्ति या शक्ति तो नहीं है? यथा—

किं सुरकुमारि किं लच्छि किण्णु गंधारि गोरि।
किं बुद्धि-सिद्धि-कित्ति-सत्ति-गावित्ती-सरासइ-संति-सत्ति।। *—2/11*

अतिशयोक्ति:— जहाँ पर किसी वस्तु का वर्णन बढ़ा चढ़ा कर किया जाय, वहाँ अतिशयोक्ति-अलंकार होता है। कवि ने प्रद्युम्न के सोलह लाभ एवं युद्ध का वर्णन अतिशयोक्तिपूर्ण किया है:—

जो संवरहो वाह कट्ठिवि ठिय भिडिवि रणगंणे तेण विणिज्जिय।
पज्जुण्णकुमारहो रणे दुव्वारहो संख-कुंदे हर-हासे कसु।
वियरंत मुणेविणु मणे विहसेविणु रायइँ णियणंदणहो जसु।। —*7/14*

इसी प्रकार 8वीं सन्धि के प्रथम 16 कडवकों के वर्णन-प्रसंगों में भी कवि ने इस अलंकार का खुलकर प्रयोग किया है।

स्वभावोक्ति:— स्वाभाविक वर्णन-प्रसंगों में इसी अलंकार का प्रयोग होता है। कवि ने रुक्मिणी एवं सत्यभामा की गर्भ-दशा का चित्रण उक्त अलंकार के माध्यम से किया है। यथा—

गब्भेहिँ सुंदरीहिमि — जायाइमि सालसंगाइँ।
णंदण जसेण वियसइ — ईसीसिवि जाइ धवलाइँ।
अइतुंग-पीण-पीवर-थणाहं — कसणइं मुहाइँ दुज्जण थणाहं। —*3/12-13*

इसी प्रकार प्रद्युम्न की बाल चेष्टाओं का स्वाभाविक वर्णन किया गया है। यथा—

थिउ दिणमेक्क मेत्तुं विरय वि तणु — णं उवयाचलत्थु मय लंछणु।
पुणु मासद्ध-मास कय संखइँ — भीसम-सुय पहिट्ठमण पेक्खइँ।
संवच्छरहं सुअद्ध पमाणिउं — णिम्मिउ वउ कलहोय समाणउं।
णिय लीलइँ रंगेविणु थक्कइ — ईसीसु-विहसेवि मुहुँ वंकइ। —*12/15*

निदर्शना:— जहाँ उपमेय का उदाहरण अनेक उपमानों से दिया जाय, वहाँ निदर्शना अलंकार होता है। बालक प्रद्युम्न की अभिवृद्धि में इस अलंकार की योजना की गयी है। यथा—

सो बालु पज्जुण्ण घरे कालसंवरहो वड्ढइ व ससि कलह कलु जेम अंबर हो।
उत्तुंग-घण-कढिण-पीड थणालाण हत्थे-हत्थेवि संवरेइ वालाण।। —*7/12*

परिसंख्या:— जब किसी वस्तु का अन्य स्थलों से निषेध करके केवल एक स्थान पर ही कथन किया जाए तो परिसंख्या-अलंकार होता है। कवि ने द्वारावती का वर्णन करते समय इस अलंकार की योजना की है। यथा—

जहिं कव्व वंधु विग्गहु सरीरु — धम्माणुरत्तु जण पावभीरु।
थट्टत्तणु मलणु वि मणहराहँ — वर तरुणिहिं पीण पओहराहँ।
हय हिंसुण राय णिहेलणेसु — खलु विगय णेहु तिल पीलणेसु।
मज्झण्णयाले गुणगणहु राह — परयार-गमणु जहिं मुणिवराह।। —*1/9*

विभावना:— बिना कारण के जहाँ कार्य की उत्पत्ति का निर्देश किया जाए वहाँ विभावना-अलंकार आता है। प०च० में मुनिराज के आगमन के अवसर पर योग्य ऋतुओं के न रहने पर भी उनके प्रभाव से समस्त वनस्पतियों में ऋतु योग्य फल फूल आ जाने के कारण उसमें उक्त अलंकार की योजना की गयी है। यथा— ता वणवालइँ कुसुमफल — उडुरिउहिं जे उपज्जहिं विमल।
संजायउ जिणवर आगमणु — फल कुसुमाउलु संपण्णु वणु।। —*5/13, 15/14*

अर्थान्तरन्यास:— किसी साधर्म्य अथवा वैधर्म्य का प्रदर्शन करने के लिए जब सामान्य का विशेष से अथवा विशेष का सामान्य से समर्थन किया जाए तब वहाँ अर्थान्तरन्यास अलंकार होता है। कवि ने समुद्र के वर्णन-प्रसंग में इसका सुन्दर निरूपण किया है— यथा—

सो भुल्लउ पर-परतियहिँ केव राहव-घरिणिहिं दहवयणु जेम। —*1/10/10*

सागर दिन-रात द्वारिका नगरी की सेवा में लीन रहकर नदियों को उसी प्रकार भूल गया था, जिस प्रकार दशमुख (रावण) राघव-गृहिणी सीता के कारण अपनी गृहणियों को भूल गया था। यहाँ सामान्य का विशेष से समर्थन किया गया है।

असंगति:— कारण एक जगह हो और कार्य दूसरी जगह, तो वहाँ असंगति-अलंकार होता है। कवि ने कृष्ण का अवलोकन करते समय द्वारका की नारियों को अस्त-व्यस्त रूप में चित्रित कर असंगति अलंकार की सुन्दर योजना की है। यथा—

काइँ घुसिणेँ अंजिय णयणइँ अंजणेण पीयल पुणु वयणइँ।
काइँ वि डिंभु चडाविउ कडियले सिरु विवरीउ करिवि पयउर उरयले। —*3/2*

व्यतिरेक:— जहाँ उपमान की अपेक्षा उपमेय के गुणाधिक्य-वर्णन द्वारा कथन में उत्कर्ष उत्पन्न किया जाए, वहाँ व्यतिरेकालंकर होता है। महाकवि सिंह ने प०च० में रुक्मिणी एवं सत्यभामा के गर्भावस्था वर्णन-प्रसंग में इस अलंकार का प्रयोग करते हुए कहा है कि एक का कण्ठ शंख को जीतने वाला था तो एक का रूप जगत को जीतने वाला था। यथा— **एक्कहे वरकंठु कंबु हणइँ अणेक्कहे रूउ जि जगु जिणइँ।** —*3/11/4*

सहोक्ति:— जब सह अर्थ बोधक (संग, साथ, सह तथा इनके अन्य पर्याय वाचक) शब्दों के बल पर एक ही क्रिया-पद दो अर्थों का बोध कराता है तब सहोक्ति अलंकार होता है। सत्यभामा रुक्मिणी से सौतियाडाह रखती है, किन्तु कृष्ण के उपहास करने पर वह रूपिणी के साथ अपनी छोटी बहिन का सम्बन्ध स्थापित करके कृष्ण को ही धिक्कारने लगती है। यथा—

रूविणि वि मज्झु सा सस कणिट्ठ उग्गालु सु तहे तुह काइँ धिट्ठ।
जइ लाविउ तो महु णत्थि दोसु स सहोयराइँ सहुँ कवणु रोसु।। —*3/6/8-9*

(5) बिम्ब-योजना

बिम्ब-योजना में किसी वस्तु का सर्वांगीण वर्णन न कर मात्र उस वस्तु के भाव-चित्र को इस रूप में उपस्थित किया जाता है कि वह (चित्र) पाठकों के हृदय-पटल पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ता चलता है। यह परिभाषा देते हुए डॉ० नगेन्द्र के ये विचार स्मरणीय हैं—काव्य-बिम्ब शब्दार्थ के माध्यम से कल्पना द्वारा निर्मित एक ऐसी मानस-छवि है, जिसके मूल में भाव की प्रेरणा रहती है।[1]

इस प्रकार की बिम्ब-योजना प०च० में अनेक स्थलों पर उपलब्ध है। उनमें से कुछ उदाहरण यहाँ प्रस्तुत किए जा रहे हैं—

1. प०च० में राजा मधु का नख-शिख वर्णन न करके कवि ने उसकी तेजस्विता और वीरता के वर्णन द्वारा एक भावात्मक-बिम्ब उपस्थित किया है। —*(6/14-15)*
2. रुक्मिणी एवं रति का नख-शिख वर्णन, विषयगत होते हुए भी पाठक पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ता है —*(2/10, 8/16, 12/1 देखें)*।
3. गर्भवती-माता की दिन-प्रतिदिन परिवर्तित हुई दशा का यथार्थ-बिम्ब। —*(देखें 3/11-12)*

1. काव्य-बिम्ब, पृ० 5 (नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, 1967)।

4. कलाधर चन्द्र की कला के समान, एवं द्वितीया के चन्द्र के समान प्रद्युम्न का दिनों-दिन बढ़ने का बिम्बात्मक वर्णन। —*(दे० 7/12. 7/13)*
5. प्रद्युम्न के युवावस्था को प्राप्त कर लेने पर उसके रूप, गुण का यशोगान राजभवन, पुर, पट्टन सभी जगह जय-जय ध्वनि के साथ गाया भी जाने लगा। नगर की कोई भित्ति ऐसी नहीं थी, जहाँ उसका अनुपम चित्र न लगा हो। शंख के समान, कुन्द पुष्प के समान एवं हास के समान उसके धवल-यश से सारा भुवन धवलित हो उठा। यह बालक की यशोवृद्धि का बिम्बात्मक वर्णन है। —*(दे० 7/14/7-11)*
6. प्रद्युम्न को देखकर पुर-नारियों की कामविह्वल अवस्था सम्बन्धी बिम्ब। —*13/17*
7. प्रद्युम्न-कृष्ण युद्ध के समय हाथियों की चिंघाड़, घोड़ों की हिनहिनाहट, अस्त्रों की टकराहट, कोलाहल एवं रुदन आदि के बिम्ब। —*(12/24-28, 13/1-16)*

(6) छन्द-योजना

अपभ्रंश के प्रमुख छन्द 'दूहा' तथा उसकी कडवक-पद्धति पर पूर्व में प्रकाश डाला जा चुका है। इसमें सन्देह नहीं कि अपभ्रंश-साहित्य छन्द-विधान की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध है। यह समृद्धि आकस्मिक नहीं, इसके विकास के पीछे एक दीर्घकालीन काव्य-परम्परा रही है। प्रो० एच०डी० बेलंकर की गम्भीर गवेषणाओं के निष्कर्ष के अनुसार महाकवि स्वयम्भू के पूर्व 6 छन्द शास्त्री हो चुके थे, जिनमें से अर्जुन एंव गोशाल की सूचना तो रत्नशेखर (12वीं सदी) ने तथा चउमुह एवं गोइन्द की सूचना महाकवि स्वयम्भू ने दी है। अन्य दो की केवल सूचना मात्र ही है, उनके नाम अज्ञात हैं। महाकवि स्वयम्भू ने उनमें चउमुह एवं गोइन्द की रचनाओं के कुछ उद्धरण अपने 'स्वयम्भू-छन्दस्' नामक ग्रन्थ में उद्धृत किये हैं। त्रिभुवन-स्वयम्भू ने एक उद्धरण के द्वारा यह भी सूचना दी है कि चउमुह ने ध्रुवक एवं पद्धडिया-मिश्रित छन्द प्रदान किया। कुछ भी हो, उक्त शोधों से यह निश्चित होता है कि स्वयम्भू के पूर्व अपभ्रंश छन्द पर्याप्त विकसित हो चुके थे। दुर्भाग्य से स्वयम्भू-पूर्व का तद्विषयक साहित्य अनुपलब्ध रहने से उनके विषय में अधिक लिखना सम्भव नहीं। यह अवश्य कहा जा सकता है कि स्वयम्भू ने सम्भवतः उस साहित्य को देखा था और वे उससे प्रेरित-प्रभावित अवश्य हुए होंगे तथा युगीन-परिस्थितियों तथा विषयागत प्रसंगों के अनुकूल परम्परा-प्राप्त छन्दों में उन्होंने कुछ संशोधन-परिवर्तन-परिवर्धन भी अवश्य किये होंगे।

स्वयम्भू, पुष्पदन्त, धवल, वीर, धनपाल, नयनन्दि प्रभृति कवियों ने अपभ्रंश-छन्दों का लगभग एक निश्चित रूप स्थित कर दिया था और इस प्रकार पज्जुण्णचरिउकार को छन्दों की एक विशाल एवं समृद्ध-परम्परा प्राप्त हुई।

पज्जुण्णचरिउ एक पौराणिक महाकाव्य है। उसमें प्रद्युम्न के अपहरण, संघर्ष एवं राज्य-प्राप्ति के बाद उसके साधक-जीवन का चित्रण मिलता है। इन प्रसंगों में कवि को विविध छन्दों के प्रयोग का अवसर नहीं मिल पाया है अथवा यह भी कहा जा सकता है कि उसे अनेक प्रकार के छन्द-प्रयोगों की आवश्यकता ही नहीं पड़ी। पूर्वोक्त वर्णन-प्रसंगों मे कवि ने जिस प्रकार की छन्द योजना की है, वह पद्धडी, अलिल्लह पादाकुलक आदि छन्दों के आगे-पीछे घत्ता, वस्तु-छन्द, गाथा और द्विपदी, ध्रुवक आदि जोड़कर उनसे कडवक छन्द को संयोजित कर उनमें अपने वर्ण्य-विषय को नियोजित किया है।

प०च० में कवि ने जिन छन्दों के प्रयोग किए हैं, उनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है—

छन्द-नाम	लक्षण	पज्जुण्णचरिउ के उदाहरण
पद्धडिया	मात्रिक — मात्रा 16, अन्त जगण	1/9
पादाकुलक	मात्रिक — 16 मात्रा, सर्व लघु, अथवा	
	अन्त गुरु अथवा अन्त ल, ग	1/12
द्विपदी	मात्रिक — 28 मात्रा, अन्त ल, ग	2/1-20; 9/13-24, 15/2-28
चारुपद	मात्रिक — मात्रा 10 अन्त ल	5/15, 7/15
चन्द्रलेखा	मात्रिक — मात्रा 8, अन्त ग, ल अथवा ल, ग	8/8, 11/5
चतुष्पदी	मात्रिक — विभिन्न मात्राओं वाला छन्द	13 सन्धि
	12 मात्राएँ, अथवा	13/5
	23 मात्राएँ, अथवा	13/6
	16 मात्राएँ, अथवा	13/7
	22 मात्राएँ	13/17
आरणाल (षट्पदी)	मात्रिक — मात्रा 29 (12+8+9)	10/16
अलिल्ला	मात्रिक — मात्रा 16, अन्त, ल, ल	10/11
सुतार	मात्रिक — 38 मात्राएँ, अन्त में ल, ग	
	प्रारम्भ में -नगण'	10/6
षट्पदी	मात्रिक — मात्रा 28 (10+8+10)	10/19
	पदान्त 'सगण'।	
मधुभार	मात्रिक — मात्रा 8 अन्तलघु	11/5
दुवई	मात्रिक — मात्रा 23, अन्त में लघु अपवाद रूप में	15/1
गाथा (परपथ्या)	मात्रिक — मात्रा 12, 18, 12, 15	अन्त्य-प्रशस्ति
त्रोटनक	मात्रिक — मात्रा 16, अन्त ल, ग	13/6/5, 13, 14
करभिकरभुजा	मात्रिक — मात्रा 8, अन्त ल, ग	1/2, 5/14
उष्णिका	वर्णिक — वर्ण 7, र, ज, ग	3/14
वंशस्थ	वर्णिक — वर्ण 12, ज, त, ज, र	8/17 अवहट्टय
भुजंगप्रयात	वर्णिक — वर्ण 12, य, य, य, य	2/1, 3/8
नि:श्रेणी	वर्णिक — वर्ण 11, र, ज, र, ल, ग	8/9/3-4
शार्दूलविक्रीडित	वर्णिक — वर्ण 19, म, स, ज, स, त, त, ग	1, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15 के अन्त में
स्कन्धक (खंडिया)	विषम मात्रिक छन्द — मात्रा 14, 16, 14, 13 14, 10, 14, 12 अन्त रगण	9/1–12
वस्तु-छन्द	विषम मात्रिक छन्द — मात्रा, 15+27+26 + दोहा	4/1 से 4/17

(7) भाषा

दृश्य जगत के प्रति संवेदनशीलता, अदृश्य के प्रति मानसिक उद्वेग, संस्कार जन्य स्वाभाविक वृत्ति, सहज अनुभूति, भावानुगामिनी भाषा एवं शैली ही किसी प्रबन्ध-काव्य के प्रमुख आधार होते हैं। इसीलिए काव्य-प्रणेताओं ने भाषा को काव्य एवं विचारों का शरीर एवं अनुभूति को आत्मा माना है। दूसरे शब्दों में यह भी कह सकते हैं कि भाषा-शैली ही कवि एवं उसके काव्य की कसौटी है। इस दृष्टि से प०च० की भाषा एवं शैली का अध्ययन अत्यावश्यक है। संक्षेप में उसे यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है:—

प्रस्तुत मूलरचना में तीन प्रकार की भाषाओं के प्रयोग किए गए हैं— (1) अपभ्रंश, (2) प्राकृत, एवं (3) संस्कृत।

संस्कृतभाषा यद्यपि प०च० की प्रमुख भाषा नहीं है। वह केवल रचना-प्रशंसा, कवि-प्रशंसा, आश्रयदाता-प्रशंसा अथवा प्रशस्ति-पद्यों के रूप में ही प्रयुक्त है, फिर भी वे प्रशस्ति-पद्य दो दृष्टियों से महत्वपूर्ण माने जा सकते हैं:— (1) शब्द-प्रयोगों की दृष्टि से एवं (2) कवि के अपभ्रंशेतर-भाषा-ज्ञान की दृष्टि से।

प्रयुक्त संस्कृत-पद्य, प्राकृत एवं अपभ्रंश से पूर्णतया प्रभावित हैं। कवि के भाषा-ज्ञान को देखते हुए यह ज्ञात होता है कि यदि वह चाहता तो इन पद्यों में संस्कृत-भाषा के नियमित शब्द-प्रयोग कर सकता था, किन्तु कवि चूँकि प्राकृत एवं अपभ्रंश-भाषा का भी पण्डित था, अत: उसने इन पद्यों में प्राकृत एवं अपभ्रंश-भाषा के मिले-जुले प्रयोग तथा अपभ्रंश-पद्यों के बीच-बीच में भी संस्कृत-पद्यों की संरचना की। उसके कुर्व्वन् (कुर्वन् के लिए, दे० सन्धि-1 अन्त में), सर्व्व (सर्व के लिए — सन्धि 9 अन्त में) मटंब (मडम्ब के लिए, सन्धि 10 के अन्त में) एवं संकुर्व्वतीदं (संकुर्वतीदं के लिए, सन्धि 10 के अन्त में), धर्म्म-कर्म्म (धर्म-कर्म के लिए), पंडित (पण्डित के लिए) एवं गूर्ज्जर (गुर्जर के लिए, सन्धि 12 के अन्त में), तर्क्क (तर्क के लिए, सन्धि 13 के अन्त में). गर्व्व (गर्व के लिए — सन्धि 14 अन्त में), जैसे शब्द-प्रयोग दृष्टव्य हैं, जिनमें प्राकृत-व्याकरण के नियमानुसार विजातीय-व्यंजन के लोप के कारण सम्बद्ध व्यंजन के द्वित्व का रूप तो दिखाई पड़ता है, किन्तु जिस (दुर्बल—) व्यंजन के स्थान पर द्वित्व किया गया, वह स्वयं लुप्त न होकर यथावत् सुरक्षित रह गया है। उन्हीं मिले-जुले रूपों के प्रयोग कवि ने किए हैं। टवर्गीय 'ट' ध्वनि के स्थान में प्राय: 'ड' वर्ण हो जाता है, फिर भी यहाँ 'ट' ध्वनि यथावत् रूप में मिलती है।

समस्त संस्कृत-पद्य शार्दूल-विक्रीडित-छन्द में लिखे गए हैं। इनमें यद्यपि कहीं-कहीं मात्राओं का भंग दिखलाई पड़ता है, किन्तु वह दोष निश्चय ही प्रतिलिपिकार की अज्ञता अथवा प्रमादवश हुआ है।

इन संस्कृत श्लोकों की कुल संख्या 8 है जो सन्धि संख्या 1, 9, 10, 11, 12, 13 एवं 14, 15 के अन्त में अंकित किए गए हैं।

प्राकृत

प०च० में उपलब्ध पद्यों में प्राकृत-भाषा के प्रयोग भी द्रष्टव्य हैं। यद्यपि इन पद्यों की प्राकृत तथा अपभ्रंश के उकार-बहुल के भेद को छोड़कर अन्य भेद खोज पाना प्राय: कठिन ही है। कवि ने अपभ्रंश-पद्यों के बीच में कुछ तो अपने-ज्ञान-प्रदर्शन के लिए और कहीं-कहीं शैलियों एवं छन्दों के वैविध्य-प्रदर्शन हेतु ही प्राकृत के उक्त-सुप्रसिद्ध पद्य—'गाहा' का प्रयोग किया है। प०च० में सन्धि तीन का प्रत्येक कड़वक गाहा-छन्द से प्रारम्भ

हुआ है (इस सन्धि में कडवकों की कुल संख्या 14 है)। इसी प्रकार 11वीं सन्धि का प्रत्येक कड़वक गाहा-छन्द से प्रारम्भ हुआ है (कडवकों की कुल संख्या 23)। यद्यपि ये प्राकृत-पद्य आनुषंगिक हैं, फिर भी सोने की अँगूठी में जड़े हुए नग के समान वे काव्य-सौन्दर्य को बढ़ाने में सक्षम हैं।

प०च० की मूल भाषा अपभ्रंश है। उसका संक्षिप्त अध्ययन यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है:—

पज्जुण्णचरिउ में अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, अनुस्वार एवं अनुनासिक स्वरों के प्रयोग मिलते हैं तथा व्यंजनों में क्, ख्, ग्, घ्, च्, छ्, ज्, झ्, ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण्, त्, थ्, द्, ध्, न्, प्, फ्, ब्, भ्, म्, य्, र्, ल्, व्, स्, ह् के प्रयोग मिलते हैं।

स्वर-वर्ण विकार

(1) संस्कृत की **ऋ ध्वनि** के स्थान पर 'पज्जुण्णचरिउ' में अ, इ, उ, ए एवं रि के प्रयोग मिलते हैं। यथा— कय < कृत् (3/9/14), किण्ह<कृष्ण (10/10/3) णिट्ठु<नृत्य (3/1/11), घिण<घृणा (5/1/20), पुहवि<पृथिवी (8/16/11), गेहु<गृह (5/9/6), रिद्धिंजण<ऋद्धिंजण 3/7/4।

(2) **ऐ** के स्थान पर ए, अइ, एवं इ के प्रयोग। यथा— वेयाल<वैताल (1/16/10), नेरिउ<नैऋत्य (15/7/1), वेयड्ढ<वैताढ्य (2/3/6), वेरि<वैरी (3/15/7), कइलासो<कैलाश (15/5/8), कइडिहु<कैटभ (6/1/1) वइरिय<बैरी (5/2/3), चित्त<चैत्र (15/5/1), वइवसपुरि<वैवसपुरि (13/14/8), तइलोउ<त्रैलोक्य (4/14/8)।

(3) **'औ'** ध्वनि के स्थान पर 'ओ' एवं 'अउ'। यथा— कोसल<कौशल (5/11/5), गोरी<गौरी (2/11/3), सोहयल<सौधतल (1/12/5), सउ<सौ (2/19/12), गउड<गौड (6/3/12)।

(4) **ङ्, ण्, न् एवं म्** के स्थान पर अनुस्वार। जैसे— पंक<पङ्क (9/5/8), चंदायण<चान्द्रायण (9/11/5), अरिंजय<अरिञ्जय (5/11/6) ससंक<शशाङ्क (15/7/8), सयंपह<स्वयम्प्रभा (14/8/9), सयंभूरमण<स्वयम्भूरमण (14/8/9)।

(5) **स्वरों का आदि, मध्य एवं अन्त्यस्थान** में आगम। यथा— पियारी<प्यारी (9/5/13), दुवार<द्वार (7/3/5), विवसग्गु<व्युत्सर्ग (5/5/5), किवाण<कृपाण (13/12/11), सलि<शल्य (15/5/6), सरय<शरद् (15/4/8)।

(6) **आद्यस्वर लोप**। यथा— छइ<अछह (15/28/8), णंग<अणंग (15/4/1)।

व्यंजन वर्ण-विकार

(7) **'रकार'** के स्थान में क्वचित् 'लकार'। यथा— चलण<चरण (12/1/13), कलुण< करुण (10/13/11), (यह अर्धमागधी प्राकृत की प्रवृत्ति है)।

(8) **श्, ष् एवं स्** के स्थान में 'स' होता है। कहीं-कहीं ष् के स्थान में 'छ' भी होता है। यथा—**सत्ति<शक्ति** (2/11/4), साहा<शाखा (4/1/3), पलासु<पलाश (1/6/9), सालि<शालि (1/7/4), छट्ठि<षष्ठि (3/13/11), छट्ठोववास<षष्ठोपवस (15/10/15), छप्पय<षट्पद (3/4/8)।

(9) **'स' के स्थान** पर क्वचित् 'ह' तथा संयुक्त त्स एवं प्स के स्थान पर च्छ। जैसे— **दहलक्खण<दसलक्षण** (5/15/5), दहवयणु<दसवयणु (1/10/10), उच्छव<उत्सव (15/8/7), अच्छरा<अप्सरा (2/4/4)।

(10) **ध्वनि परिवर्तन** में वर्ण-परिवर्तन कर देने पर भी मात्राओं की संख्या प्राय: समान। यथा— **धम्म<** धर्म (15/13/12), कम्म<कर्म (9/11/7), णिम्महि<निर्मम (14/16/13), अप्पा<आत्मा (1/10/12), **सोमसम्मु<सोमशर्मा**

(4/14/13) तथा अपवाद के रूप में माणथंभ<मानस्तम्भ (8/3/7) दिक्ख<दीक्षा 5/15/3।

(11) कुछ ध्वनियों का आमूल-चूल परिवर्तन तथा उनसे **समीकरण एवं विषमीकरण** की प्रवृत्तियाँ परिलक्षित होती हैं। यथा- - मउड<मुकुल (1/14/2), पोग्गल<पुद्गल (15/17/9), पुहवि<पृथिवी (8/16/11), पोम<पद्म (4/10/13), चक्की<चक्री (4/12/11), सग्ग<स्वर्ग (6/1/13)।

महाकवि सिंह ने इस नदी का उल्लेख वैताढ्य पर्वत के समीपवर्त्ती कुण्डिनपुर नगर के समीप किया है। महाभारत में कुण्डिन नामक एक प्रसिद्ध नगर का नाम आता है, जिसे कि विदर्भ देश की राजधानी कहा गया है।[4] बहुत सम्भव है कि कुण्डिनपुर महाभारत कालीन कुण्डिनपुर ही हो तथा उसके समीप बहनेवाली महातीरि नदी वर्तमानकालीन वेनगंगा अथवा पेनगंगा हो।

सीतानदी (4/10/7)

सीतानदी एक पौराणिक नदी के रूप में विख्यात है, किन्तु कवि ने इसे दक्षिणापथ की पुष्कलावती नगरी के समीप माना है। इससे प्रतीत होता है कि यह वर्तमान महानदी का तत्कालीन अपरनाम रहा होगा।

अरण्य एवं वृक्ष

महाकवि सिंह ने प्रसंगवश वनों की भी चर्चाएँ की हैं। इन वनों में से कुछ तो परम्परा प्राप्त एवं पौराणिक वन हैं, जैसे—नन्दनवन (1/8/7)। कुछ वन ऐसे हैं जो विद्याधर-भूमियों से सम्बन्ध रखने वाले हैं, जैसे—पंकजवन (7/6/10), पयोवन (8/12/9), अर्जुनवन (8/14/11), विपुलवन (8/14/16), भीम महावन (8/15/8), माकन्द वन (11/3/14)।

कुछ वन ऐसे हैं, जिनका वर्णन यद्यपि विद्याधर-भूमियों प्रसंग में किया गया है, किन्तु वे मनुष्य-भूमियों में भी उपलब्ध हैं, जैसे—खडरावड वन (4/2/12, 4/13/8) तथा कपिट्ठ कानन (8/9/9)। खडरावड वह वन है, जहाँ खदिर अर्थात् खैर (कत्थे) के वृक्ष होते हैं। कत्था भारतीय खाद्य-मसालों में अपना प्रमुख स्थान रखता है तथा

---

1 अ०पु०, 1/196। 2. सभा पर्व, 21/2। 3. आदि पर्व, 60/2। 4. दे० महाभारत की नामानुक्रमणिका, पृ० 70।

विविध प्रकार की औषधियों के लिए भी प्रयुक्त होता है। इसीप्रकार कवि ने जिस 'कपित्थवन' का उल्लेख किया है, वह वर्तमान में कैंथा (कैंथ) के रूप में प्रसिद्ध है। यह भोजन को सुस्वादु बनाने में अवलेह्य का काम तो देता ही है, साथ ही नाना प्रकार की अन्तर्बाह्य बीमारियों में औषधि के रूप में प्रयुक्त होता है। कवि ने इन वनों के प्रसंग में विविध वनस्पतियों के भी उल्लेख किये हैं। इन वनस्पतियों को हम दो भागों में विभक्त कर सकते हैं:—

(1) वृक्ष, (2) अनाज एवं तिलहन।

1. वृक्ष

(क) पुष्प वृक्ष। (ख) फल वृक्ष। (ग) उभय वृक्ष। (घ) शोभा वृक्ष, तथा (ङ) अन्य वृक्ष एवं पौधे।

(क) पुष्प-वृक्ष

वनस्पति-शास्त्र में पुष्प वृक्षों की 160 जातियाँ मानी गयी हैं, जिसमें कमल और कुमुदनी को विशेष महत्व दिया गया है। महाकवि सिंह ने प०च० में अनेक पुष्प-वृक्षों की चर्चा की है। उन्होंने कमल का वर्णन प्रतीक रूप में भी प्रस्तुत किया है एवं कमल की विविध जातियों के उल्लेख भी किये हैं जैसे—कमल (मिसिण 6/21/5), कुवलय (1/13/3), णीलुप्पल (12/1/3), नीलकमल (कंदोट्ट, 1/7/1), पंक (3/4/8), रक्तोत्पल (13/11/1), सरोरुह (1/9/1), आदि। कमल के अतिरिक्त अनेक पुष्प-वृक्षों के नाम भी प०च० में उपलब्ध होते हैं, जो निम्नप्रकार हैं—आम्रमंजरी (3/4/6, 6/17/1), कचनार (10/6/8), कनैर (कणियारि, 10/6/8) केतकी (केयइ, 15/3/18), कुन्द (6/17/7, 11/13/9), खरदंसु (1/9/1), घुंमची (गुंजाहल, 10/9/7), चम्पा (चंपय 3/7/5, 10/6/12), जपा (जासवन 3/4/3), तामरस (1/13/6), धारा (15/3/18), दौनापुष्प (द्रौण पुष्पी, दवण 6/17/8), पटुल (गुलाब, 6/17/4), परिमल (1/7/1), पारिजात (10/12/9), पलाश (केसु, 6/16/13, 10/6/9), मचकुन्द (3/1/12, 10/6/12), मालती (मल्लिय, 2/11/9) मल्लिका (मालइ 2/11/9), मोंगरा (मोग्गरय, 10/6/12), वकुल (वउल 3/7/5, 11/1/4), बेला (बेइल्ल 11/13/9)।

(ख) फलवृक्ष

प०च० में विविध प्रकार के फलवृक्षों के उल्लेख आए हैं जिन्हें उपयोगिता की दृष्टि से तत्कालीन-समाज की सम्पत्ति कहा जा सकता है। नामोल्लिखित फलों की यह विशेषता है कि वे एक ओर जहाँ लोगों के भोजन में पौष्टिक तत्व प्रदान करते हैं, वहीं वे विविध औषधियों के निर्माण में भी उपयोग में लाये जाते थे। महाकवि सिंह ने निम्न फल-वृक्षों के उल्लेख किये हैं—आम (अंब, 3/8/5, 8/8/7, 8/8/12), अमड़ा (आमाडिया, 10/6/9), आंवला (आउलं 10/6/9), इमली (चिंचिणी, 10/6/5), इलायची (एल, 10/6/4), कटहल (फणिस, 3/7/4), कदम्ब (3/1/5, 3/7/5, 15/3/18), करौंदा (करवंद, 3/7/5), कलमी आम (साहार 6/7/1), किसमिस (दक्ख, 3/1/5), केला (कलिकेलि, 3/1/5), खजूर (खज्जूरिया 10/6/6), जम्भीरि नींबू (जंवीरि, 10/6/6), जामुन (जंबु, 3/7/5), जायफल (जाइ 10/6/11), नारियल (णालियर 10/6/6), नारंगी (णारंगि, 10/6/6), पीपल (पिप्पली 10/6/4), पुन्नाग (पुण्णाय, 11/13/9), बहेडा (वरी, 10/6/9), बादाम (मयादमि, 10/6/7), लवंग (3/1/15, 3/7/5), वायविरंग (पियंगु 3/1/5, 5/12/6, 6/17/3), विज्जउरिय (विजुरिया नीबू, 10/6/6) एवं सिरिखंडू (10/6/7)।

(ग) उभयवृक्ष

प०च० में कुछ ऐसे भी वृक्ष एवं लताओं के नाम उपलब्ध हैं, जिनमें फल एवं फूल दोनों ही उपलब्ध रहते

हैं। इनमें निम्नलिखित नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं—कदली (कलिकेलि 9/2/9), करौंदा (करवंद 3/7/5), चिंचिणि (10/6/5)।

(घ) शोभावृक्ष

शोभा-वृक्ष उन वृक्षों को कहा जाता है, जिन्हें उपवनों, उद्यानों एवं राजप्रांगणों की सौन्दर्य-वृद्धि हेतु लगाया जाता है। कवि सिंह ने प०च० में ऐसे अनेक शोभा-वृक्षों का उल्लेख किया है, जो निम्नप्रकार हैं—अर्जुन (अज्जण, 10/6/4), अशोक (असोय 3/7/8, कंकेलि 3/7/4), ऋद्धिंजण (3/7/5), करवीरि (10/6/3), कंथारि (10/6/3), चंदण (3/1/5), न्यग्रोघ (णग्गोह 9/9/10), नागवल्ली (णायवेलि 11/2/11), तमाल (5/12/5), ताम (10/6/9), ताल (5/12/5), तालि (5/12/5), तिलक (तिलय, 11/1/4), देवदारु (3/7/5), धम्मण (10/6/3), धव (10/6/3), धाई (10/6/3), फोंफली (10/6/11), माला (10/6/9), मालूर (5/12/5), यमल (9/12/4), सग्ग (10/6/4), सज्ज (10/6/4), शीशम (सीसमी, 10/6/11)।

(ङ) अन्य वृक्ष एवं पौधे

कवि ने उपर्युक्त वृक्षों के साथ-साथ अन्य वृक्षों एवं छोटे पौधों का भी उल्लेख किया है। जैसे—बाँस (बंस, 10/5/6), दुमदल (13/15/12), दोव (3/3/1)।

कल्पवृक्ष की चर्चा भी कवि ने बहुतायत की है—

कल्पवृक्ष (1/10/6, 11/1/4)

कवि सिंह ने अन्य वृक्षों के साथ ही कल्पवृक्षों का भी उल्लेख किया है। ये वृक्ष पौराणिक हैं और पुराणों के अनुसार वे सभी प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति किया करते थे (1/10/6, सुरविड 11/1/4)।

2. अनाज एवं तिलहन

कवि ने ग्राम, नगर एवं देश-वर्णन प्रसंग में धन-धान्यादि समृद्धि की गणना के लिए उन स्थानों में उत्पन्न होने वाले अनाज एवं तिलहनों का भी वर्णन किया है। उससे तत्कालीन खाद्यान्नों की उत्पत्ति पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। प०च० में उत्पादित वस्तुएँ निम्न प्रकार हैं— अक्षत (अक्खउ 6/11/7), तिल (अयवत्तु 3/4/5, 14/16/14), इक्षु (उच्छ 1/7/7), कलमशालि (धान, 1/7/4), खांड (खंड, 11/2/9), दालि (11/21/5) आदि।

पशु, पक्षी एवं जीव-जन्तु

कवि वनस्पति-जगत के साथ-साथ पशु-पक्षी जगत से भी सुपरिचित था। जड़ एवं चेतन जगत का उसने कितनी गम्भीरता के साथ निरीक्षण कर अपनी मानसिक वृत्ति के साथ उनसे तादात्म्य स्थापित किया था, उसका परिचय प०च० के इन नामोल्लेखों से सहज ही उपलब्ध हो जाता है। उनके वर्गीकृत नाम निम्न प्रकार हैं—

पशु, (जंगली)

करिकुंभ (गजसिर, 2/2/5), किरडि (सुअर, 3/14/18), केसरी (सिंह 2/17/11), कुरंग (मृग 2/2/8, 2/2/9), गंडय (गैंडा, 2/2/2), तरछ (भालू, 4/1/2), पंचाणण (सिंह, 6/13/1), मयहि (हिरण, 2/2/10), मिइय (हिरणी 2/2/10), मृगारि (सिंह, 8/9/3), रीछ (रिंछ, 8/13/3), बाघ (वग्घ, 4/1/2), वाणर (साहामय, 4/1/3, 8/9/3), सिन्धुर (गज, 6/21/8), सिंह (सीहो, 2/2/5, 2/2/7), शरभ (सरय, 2/2/2), शार्दूल (सद्दूल, 4/1/1, 4/13/8), शृगाल (सियाल, 4/16/20), शृगाली (शिवा, 2/18/12)।

पशु (पालतू)

ऊँट (करह, 2/14/9), करहया (10/7/8), पगहय (11/6/3), कुत्ती (कुक्कुरि, 6/5/3), सरमा (5/16/15), साणिहु (5/17/3, 9/10/12), खच्चर (बेसरा, 10/7/10), गज (गय 1/9/4), गधी (खरि 9/10/12), घोड़ा (हय, 1/9/4), तुरंग (2/14/10), बन्दर (मक्कडु, 11/4/3), लंगूल (6/2/10), बैल (वसहइ, 10/11/6), मेष (मेढा, 10/16/7), जण्हु (10/15/5), मृग (मय 1/8/8, 1/9/1)।

पक्षी

काग (वायसु, 6/21/3), कीर (तोता, 1/8/1), कुरर (एक पक्षी 4/1/8), कोयल (कलयंठि, 3/1/10, 1/8/7), परहुव (6/4/7), पिई (4/1/10), क्रौंच (कोंच, 11/3/10), गरुड़ (2/10/6), गिद्ध (2/18/11, 12/27/9), चक्रवाक (कारंड, 11/3/10), खंगइ (2/20/1), चकवी (चक्कि, 6/21/4), सारस (इल्ल, 11/3/10), शुक (1/7/6, 3/1/11), (कण, 11/3/10), शिखण्डी (सिंहमि, 3/1/11), हंस (हंसु 7/11/11), मुर्गा (तंवचूल, 14/16/4)।

जीव-जन्तु

अहि (सर्प, 2/17/3), भुयंग (1/8/9, 7/17/9), पवण असणस्स (8/4/6), पण्णउ (9/13/8), अजगर (अहिण्ण, 2/18/2), कर्कट (कक्कउ, 1/11/7), कछवा (कुम्म, 8/16/4), कालिय (2/10/6), भ्रमर (छप्पय, 8/11/9), मगर (1/11/7, 8/16/4), संसुमार (4/1/13), मच्छ (तिमि, 3/4/10) पाढीणु (मीन 1/11/7), झस, (मीन, 7/12/2)।

राजनैतिक भूगोल

जिस प्रकार प्रकृति से सम्बन्ध रखने वाली भौतिक सामग्री प्राकृतिक भूगोल का विषय है और उसमें नदी, पर्वत, वनस्पति एवं पशु-पक्षियों की चर्चा की जाती है, उसी प्रकार राजनैतिक-भूगोल में राष्ट्र, देश, नगर तथा उसकी प्रशासनिक एवं सीमा-सम्बन्धी सामग्रियों की चर्चा प्रमुख रूप से प्रस्तुत की जाती है। इस दृष्टि से प०च० में राजनैतिक-भौगोलिक सामग्री प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। यद्यपि कवि ने उल्लिखित देशों एवं नगरों की अवस्थिति के विषय में कोई चर्चा नहीं की है, फिर भी उनके उल्लेखों से कवि की मध्यकालीन भौगोलिक जानकारी का अच्छा परिचय मिलता है। अत: उनका संक्षिप्त परिचय वर्णानुक्रम से यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है—

अहंगयाल (14/5/6)

प०च० में इस देश की अवस्थिति के विषय में कोई संकेत नहीं। वर्तमान भारतीय भूगोल- शास्त्र के अनुसार भी इस देश का पता नहीं चलता। महाभारत में अभय नामक एक प्राचीन जनपद का उल्लेख मिलता है, जिस पर भीम ने विजय प्राप्त की थी,[1] हो सकता है कि कवि का संकेत इसी जनपद की ओर हो। अर्धमागधी आगम-साहित्य में भी इस देश के नामका उल्लेख नहीं मिलता।

आभीर (14/5/5)

आभीर की अवस्थिति के विषय में विविध प्रकार के उल्लेख मिलते हैं। महाभारत के अनुसार सिन्धु एवं सरस्वती के तट पर स्थित एक आभीर गणतन्त्र था। उस पर नकुल ने विजय प्राप्त की थी।[1] विक्रम की तीसरी

---

1. सभा पर्व, 30/9।

शती में आभीरों का शासन महाराष्ट्र एवं कोंकड़ प्रदेश पर भी था।[2] गुप्त-सम्राट् समुद्रगुप्त ने आभीरों को अपने वश में किया था। उसका अध्ययन करने से विदित होता है कि आभीर-जनपद झांसी एवं विदिशा के मध्य स्थित था।[3]

कच्छय (कच्छदेश, 14/5/6)

महाभारत काल में यह भारतीय जनपद के रूप में प्रसिद्ध था।[4] वायुपुराण[5] में इसे अन्तर्नर्मदा या उत्तरनर्मदा-खण्ड में स्थित बतलाया गया है। महर्षि पाणिनि ने वहाँ के निवासियों को काच्छक कहा है।[6] आदिपुराण के अनुसार भरत चक्रवर्ती अपनी दिग्विजय के प्रसंग में दक्षिण भारतीय अभियान में समुद्री किनारे पर चलते-चलते कच्छ देश में पहुँचे थे।[7]

कण्णाड (कर्नाटक, 6/3/12)

वर्तमान कर्नाटक प्रदेश ही प०च० में उल्लिखित 'कण्णाड' है। महाभारत में इसे एक दक्षिण-भारतीय जनपद कहा गया है।[8] आधुनिक भूगोल के अनुसार इसमें मैसूर एवं कुर्ग के भूमिभाग सम्मिलित हैं। इसकी राजधानी श्रीरंगपत्तन थी। राजशेखर ने भी इसी रूप में इसका उल्लेख कर्पूरमंजरी[9] में किया है।

करहाट (6/3/12)

प०च० में इसकी अवस्थिति की कोई चर्चा नहीं है, किन्तु महाभारत के अनुसार यह एक दक्षिण भारतीय देश था[10] जिस पर सहदेव ने अपने दूतों के द्वारा विजय प्राप्त की थी। आदिपुराण के अनुसार इसकी अवस्थिति महाराष्ट्र में विदित होती है।[11] वर्तमान सतारा जिले के करड या कराड नामक स्थान से इसकी पहचान की जा सकती है।

कलिंग (14/5/3)

महाभारत के अनुसार 'कलिंग' दक्षिण भारत का एक प्राचीन देश था।[12] महर्षि पाणिनि ने भी इसका उल्लेख किया है।[13] बौद्धागमों में भी इसके विविध समृद्ध पक्षों की चर्चा आती है।[14] इससे यह स्पष्ट है कि कलिंग देश भारत के प्राचीनतम देशों में रहा है। कलिंग नरेश खारवेल के हाथीगुम्फा-शिलालेख[15] से विदित होता है कि प्राचीन राष्ट्रीय "आदि-जिन-प्रतिमा" की वापिसी के लिए उसने मगध से भयानक युद्ध किया था।

प्राचीन जैन-साहित्य में कलिंग का प्रचुर मात्रा में वर्णन मिलता है। उसके अनुसार तोसलि इस देश का एक प्रसिद्ध नगर था, जो डॉक्टर डी०सी० सरकार के अनुसार वर्तमान धौली का ही वह अपर नाम है। आचार्य जिनसेन ने इस प्रदेश का विशेष वर्णन किया है। तदनुसार ऋषभदेव के एक पुत्र कलिंग के नाम पर ही उस देश का कलिंग नाम पड़ा।[16]

कसमीर (काश्मीर, 14/5/3)

महाभारत के अनुसार यह एक भारतीय जनपद था। उसके अनुसार दिग्विजय के समय इसे अर्जुन ने

---

1. सभापर्व, 32/9-10। 2. न्यू हिस्ट्री ऑफ इंडियन पीपल, खण्ड 5, पृ० 51। 3. वही०, पृ० 891। 4. भीष्म पर्व 9/56। 5. वा०पु० 45/131। 6. अष्टाध्यायी, 4/2/133-134। 7. आ०पु० 16/153; 29/79। 8. भीष्म पर्व, 9/59। 9. क०मं० 1/15। 10. सभा पर्व, 31/70। 11. आ०पु० 16/154। 12. आदि पर्व, 214/9; भीष्म पर्व, 9/46; 9/69। 13. अष्टाध्यायी, 4/1/170। 14. दे० बुद्धकालीन भारतीय भूगोल, पृ० 494-495। 15. दे० खारवेल शिलालेख, पंक्ति सं० 7-12। 16. दे० आ०पु० 16/152; 29/82। तथा दे० उड़ीसा में जैन संस्कृति एवं धर्म (ले०– प्रो० राजाराम जैन)

जीता था।[1] तन्त्र-शास्त्र में इसकी अवस्थिति के विषय में लिखा गया है[2]—

शारदामठमारभ्य कुंकुमाद्रि तटान्तकः।
तावत्कश्मीरदेशः स्यात् पंचाशद्योजनात्मकः।।

योगवाशिष्ठ में काश्मीर को हिमालय की कुक्षि में स्थित अत्यन्त प्रसिद्ध और प्राचीन देश कहा गया है, जिसका 'अधिष्ठान' नामक नगर प्रद्युम्न-शिखर पर स्थित था।[3] कवि विल्हण ने अपने 'कर्णसुन्दरी' नामक ग्रन्थ में उसे शारदा-देश कहा है।[4] मध्यकाल में भी उसे स्वर्ग के समान सुरम्य-प्रदेश माना जाता था। मुगल सम्राटों ने वहाँ विभिन्न प्रकार के क्रीड़ा-स्थल बनाकर उसे पर्याप्त महत्व दिया था।

कीरि (14/5/3)

महाकवि सिंह ने इसकी स्थिति के विषय में कोई चर्चा नहीं की है। बृहत्संहिता में इसकी अवस्थिति गान्धार, सौवीर, सिन्धु और शैलान (पर्वतीय) के साथ बतलाई गयी है।[5] उसके कूर्म-विभाग में ईशान-दिशा में स्थित काश्मीर, अभिसार दरद, तंगण एवं कुलूत प्रभृति देशों के साथ इसकी गणना की गई है।[6] इससे प्रतीत होता है कि यह कांगड़ा-घाटी के बैजनाथ और उसके आसपास कहीं स्थित होना चाहिए।

कुरुजांगल (11/8/9)

महाभारत-काल में यह एक सुविख्यात भारतीय जनपद के रूप में प्रसिद्ध था। इसकी राजधानी हस्तिनापुर थी।[7] आदिपुराण में इसकी अवस्थिति थानेश्वर, हिसार अथवा सरस्वती एवं यमुना-गंगा के बीच के प्रदेश में बतलाई गयी है। तीर्थंकर ऋषभदेव ने अपनी तपस्या का एक वर्ष पूर्ण होने पर इस जनपद में विहार किया था।[8] राजशेखर ने भी हस्तिनापुर जनपद का उल्लेख किया है।[9]

केरल (6/3/12, 14/5/8)

महाभारत के अनुसार यह एक दक्षिण-भारतीय जनपद था।[10] कर्ण ने दिग्विजय के समय यहाँ के राजा को जीत कर उसे दुर्योधन का करद बनाया था।[11] वर्तमान भूगोल के अनुसार दक्षिण का मलाबार प्रान्त, जिसमें मलाबार, कोचीन एवं त्रावनकोर के जिले भी सम्मिलित हैं, केरल कहा जाता है। आदिपुराण में इसका सुन्दर वर्णन किया गया है।[12]

कोसल (5/11/5)

महाभारत में यह एक प्रसिद्ध जनपद के रूप में वर्णित है, जो उत्तर एवं दक्षिण कोशल में विभक्त था।[13] विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार वहाँ के निवासी सुन्दर तथा पुरुषार्थी होते थे।[14] वर्तमान में इसकी पहचान अवध प्रदेश स्थित गोंडा, बहराइच, बाराबंकी, फैजाबाद और लखनऊ के प्रदेश से की जाती है।

जैन साहित्य में कोशल-देश का बड़ा महत्व है। ऋषभदेव का जन्म इसी देश की अयोध्या नगरी में हुआ था। अतः उन्हें कौशलिक भी कहा जाता है। बृहत्कल्पभाष्य से विदित होता है कि इसका प्राचीन नाम विनीता था।

---

1. सभा पर्व, 27/17, भीष्म पर्व, 9/53-67। 2. का०मी० परिशिष्ट 2, पृ० 283। 3. योगवाशिष्ठ, 3/31/10; 3/32/11-12। 4. दे० प्रशस्ति श्लोक 4, पृ० 56। 5. वृहत्संहिता, 4/23। 6. वही० कू० विभाग 14/29। 7. आदि पर्व, 94/49। 8. आ०पु०, 16/153। 9. का०मी० 8/17। 10. भीष्म पर्व, 9/58। 11. वन पर्व, 254/15-16। 12. आ०पु० 16/154/ 29/79। 13. भीष्म पर्व, 9/40-41। 14. विष्णुधर्मोत्तर पुराण, 1/2/4।

कोंकण (14/5/5)

महाभारत के अनुसार यह एक प्राचीन दक्षिण-भारतीय जनपद था।[1] स्कन्दपुराण के अनुसार कोंकण एवं लघु कोंकण क्रमशः 36,000 तथा 1422 ग्रामों के देश थे।[2] रघुवंश में इसका अपरनाम अपरान्तक कहा गया है।[3] जिनसेन के अनुसार इसकी अवस्थिति काठियावाड़ तथा अपरान्तक-प्रदेश के आसपास मानी गयी है।[4] वर्तमानकालीन भूगोल के अनुसार यह पश्चिमी घाट (सहयाद्रि) एवं अरब सागर के बीच का प्रदेश है।

गउड (गौड़, 6/3/12, 14/5/5)

शक्तिसंगमतन्त्र[5] नामक ग्रन्थ में 'गउड़' देश का विस्तार बंग से भुवनेश्वर तक बताया गया है। यथा—

बंगदेशं समारभ्य भुवनेशांतगः शिवेः।
गौडदेशः समाख्याता सर्वविद्याविशारदः।।

स्कन्दपुराण में भी यही सीमा बतलाई गयी है। अतः प० च० में जिस गउड देश का उल्लेख आया है, उसकी सीमा रेखा वर्तमान-कालीन आसनसोल से बंगाल तक मानी जा सकती है और इस आधार पर आधुनिक पश्चिमी बंगाल के पश्चिमी भाग को गउड देश माना जा सकता है।

गज्जण (गजनी, 14/5/5)

कवि सिंह ने आधुनिक गजनी देश को गज्जण कहा है। गजनी का शुद्ध रूप वस्तुतः गज्जण अथवा गाजना ही होना चाहिए। पृथिवीचन्द्रचरित्र (वि०सं० 1478) में भी उसे गाजण कहा गया है। मलिक मुहम्मद जायसी ने 'पद्मावत'[6] में दो स्थानों पर उसे 'गाजना' शब्द से स्मृत किया है, यथा—

हेम सेत औ गौर गाजना जगत बात फिरि आई। —*पद्मावत, 35/5*

हेम सेत औ गौर गाजना बंग तिलंग सब लेत। —*पद्मावत, 42/10*

स्कन्दपुराण में इसे गाजनक कहा गया है।[7] यह गजनी अथवा गज्जण या गाजनक वर्तमान अफगानिस्तान देश में स्थित है। प्राच्य भारतीय-साहित्य में इसे गजगृह, गजदेश अथवा मातंग-विषय भी कहा गया है।[8]

गुर्जर (गुजरात, 14/5/6)

प्रतीत होता है कि प्राचीनकाल में गुर्जर अथवा गुजरात की सीमाएँ उतनी अधिक विस्तृत नहीं थीं, जितनी कि आजकल। आज का गुजरात, प्राच्यकालीन सौराष्ट्र, लाट, कच्छ एवं दक्षिणी मारवाड़-प्रदेश मिलाकर बना है।

जैन-साहित्य में गुजरात का विशेष महत्व है। अर्ध-मागधी आगम-साहित्य की अन्तिम वाचना यहाँ के 'बलभी' नामक स्थान में हुई थी। जैन-साहित्य में गुजरात को जैन-संस्कृति का प्रधान गढ़ माना गया है।

गंग (14/5/3)

महाभारत में इस जनपद का उल्लेख नहीं है। किन्तु आधुनिक इतिहासकारों के अनुसार कदम्बवंशी नरेशों ने इसे अपने साम्राज्य का केन्द्र बनाया था। उनके अनुसार वर्तमान मैसूर प्रदेश में स्थित गंगवाड़ी और उसके आसपास का प्रदेश ही गंग-जनपद था, जिसके पश्चिम में कदम्बराज और पूर्व में पल्लव-नरेशों का राज्य था।[9]

---

1. भीष्म पर्व, 9/60। 2. स्क० पु० 1/2/39-14-3। 3. रघु० 4/58। 4. आ०पु० 16/156। 5. शक्ति सं०तं०, 3/7/38। 6. दे० पद्मावत, चिरगाँव (झाँसी), प्रथम सं० 2। 7. स्क०पु० 33/65। 8. दे०प्रा०भा० भौगो० स्व०, पृ० 102-103। 9. दे०के० नीलकण्ठ शास्त्री कृत "हिस्ट्री ऑफ इण्डिया" खण्ड I, पृ० 145-147।

चीण (चीन, 6/3/12)

महाभारत में इसे एक प्राचीन देश माना गया है।[1] वहाँ का राजा युधिष्ठिर को भेंट देने के लिए आया था।

प्राचीन भारतीय जैन, बौद्ध एवं वैदिक साहित्य में चीन का उल्लेख प्रचुर मात्रा में हुआ है। दोनों देशों में व्यापारिक सामग्रियों के आयात-निर्यात के अनेक वृत्तान्त मिलते हैं। रेशमी-वस्त्रों की जो भी चर्चाएँ मिलती हैं, उसमें अधिकांश चीन के रेशम से सम्बन्ध रखने वाली थीं। यद्यपि प०च० में उसकी अवस्थिति पर प्रकाश नहीं डाला गया है। किन्तु वह भारत के उत्तर-पूर्व सीमानुवर्ती प्रदेश था, इसमें सन्देह नहीं है।

चोड (6/4/1)

महाभारत में इसे दक्षिण भारत का एक जनपद माना गया है। उसके अनुसार वहाँ के पराक्रमी राजागण धृष्टद्युम्न द्वारा निर्मित क्रौंच व्यूह की दाहिनी पांख का आसरा लेकर खड़े थे।[2] अशोक के दूसरे शिलालेख में इसका उल्लेख अनेक राष्ट्रों के साथ आया है। कहीं-कहीं इसका अपरनाम द्रविड़-देश भी माना गया है।[3]

टक्क (6/4/1, 14/5/3)

उत्तरज्झयणसुत्त की सुखबोधा-टीका में इस शब्द का प्रयोग हुआ है। उस में टक्क अथवा ढक्क जाति का ब्राह्मण मूलदेव के साथ वेण्णातट की ओर साथ-साथ चलता है। उसके प्रसंग के अनुसार वह टक्क अथवा ढक्क देश का निवासी था। महाकवि राजशेखर ने भी इसका उल्लेख किया है। कनिंघम के गम्भीर अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार यह सिन्ध से लेकर व्यास नदी तक विस्तृत समस्त प्रदेश का नाम था, जो आजकल पंजाब के नाम से प्रसिद्ध है। उन्होंने इसकी सीमा-रेखा उत्तरीय-पर्वतों की तलहटी से लेकर दक्षिण में मुलतान तक निर्धारित की है।[4]

णाड (15/5/3)

महाभारत में 'नाटकेय' नाम के एक देश की चर्चा की गयी है[5]। किन्तु इसकी अवस्थिति का ठीक पता नहीं चलता। प्रतीत होता है कि यह 'आनर्त्त' का ही संक्षिप्त रूप है। कवि ने छन्दोभंग-दोष से बचने के लिए सम्भवत: पूर्ववर्त्ती 'आ' का लोप कर दिया है। वायुपुराण के अनुसार आनर्त्त-देश उत्तर नर्मदा-खण्ड में स्थित बतलाया गया है।[6] राजशेखर ने भी इसे पश्चिम-भारत का एक देश कहा है।[7] स्कन्द पुराण के अनुसार इसे आनर्त्त नामक एक राजा ने बसाया था।[8] आनर्त्तपुर, कुशस्थली या द्वारका इसकी राजधानी थी। वर्तमान में इसकी पहचान काठियावाड़ से भी की जाती है। प० च० में इसकी अवस्थिति के विषय में कोई सूचना नहीं है।

तिउर (14/5/7)

महाभारत के एक उल्लेख के अनुसार यह एक प्राचीन जनपद था। कवि ने इसका उल्लेख दक्षिण स्थित तिलंग-देश के साथ किया है। इससे विदित होता है कि यह दक्षिण-भारत में कहीं स्थित होना चाहिए। महाभारत के अनुसार ही यहाँ के नरेश को सहदेव ने अपनी दिग्विजय के प्रसंग में विजित किया था।[9] वैसे पूर्व भारत में भी 'त्रिपुरा' एवं मध्यप्रदेश की जबलपुर कमिश्नरी में 'त्रिपुरी' (आधुनिक 'तीवर') नामक स्थल है। किन्तु वर्णन

---

1. सभा पर्व, 51/23। 2. भीष्म पर्व 9/60, 50-51। 3. दे० एन०एल० डे, ज्योग्राफिकल, पृ० 98। 4. दे० ऐंशियेंट ज्योग्राफी, पृ० 125। 5. सभा पर्व, 38/29। 6. वा०पु० 45/131। 7. का०मी० परिशिष्ट 2, पृ० 280। 8. स्क० पु० 3/3/182। 9. सभा पर्व, 31/60।

प्रसंग से ऐसा प्रतीत नहीं होता कि कवि ने उनमें से किसी का उल्लेख यहाँ किया है।

तिलंग (14/5/7)

महाभारत में इसका उल्लेख नहीं मिलता। स्कन्दपुराण में इसका अपरनाम अतिलांगल देश भी मिलता है।[1] यह प्रदेश गोदावरी एवं कृष्णा नदियों के बीच में स्थित है। तैलंग अथवा तिलंग-देश का प्राचीन रूप त्रिकलिंग है।[2]

दिविड (6/3/12)

वर्तमान भूगोल के अनुसार मद्रास अथवा तमिलनाडु से लेकर श्रीरंगपट्टम और कुमारी अन्तरीप तक विस्तृत भू-भाग को द्रविड़-देश माना गया है।[3] वैसे दक्षिणापथ के जनपदों में इसका उल्लेख नहीं मिलता। किन्तु महाकवि राजशेखर ने काव्य-मीमांसा में इसका उल्लेख दक्षिणी-प्रदेशों में किया है।[4] जैन-शिलालेखों एवं प्राकृत-साहित्य में इसे द्रमिल-देश कहा गया है। राजशेखर ने भी इसी शब्द का प्रयोग किया है।[5]

पंडी (पाण्ड्य, 6/4/1)

महाभारत के अनुसार पाण्ड्य-देश के राजा बड़े पराक्रमी थे। वहाँ के राजा पाण्ड्य ने अपने दिव्य-धनुष की टंकार करते हुए वैडूर्य-मणि की जाली से आच्छादित चन्द्रकिरण के समान श्वेत घोड़ों द्वारा आचार्य द्रोण पर आक्रमण किया था।[6] इस उल्लेख से यह स्पष्ट है कि यह दक्षिण भारत का एक प्राचीन जनपद था। आधुनिक भूगोल के अनुसार यह मदुरा एवं तिनैवलि के प्रदेशवाला देश था। कर्पूरमंजरी के अनुसार यहाँ की नवयुवती स्त्रियों का सौन्दर्य एवं मलयज (शीतल) वायु प्रसिद्ध थी।[7] प०च० में इसी 'पाण्ड्य' को पंडी के नाम से अभिहित किया गया है।

पुष्कलावती देश (4/10/6, 14/9/10)

अर्धमागधी आगम-साहित्य के अनुसार पुष्कलावती गान्धार-देश की पश्चिमी राजधानी थी। कुछ विद्वान् इसकी पहचान वर्तमान पेशावर (पाकिस्तान) से करते हैं। महाकवि सिंह के अनुसार 'पुष्कलावती' पूर्व-विदेह में स्थित थी। उनके अनुसार यह नगर प्रकृति का अपूर्व क्रीड़ा-स्थल था। महाभारत में इसका उल्लेख देखने में नहीं आया।

बंग (6/3/12, 14/5/3)

महाभारत में बंग देश का उल्लेख देखने में नहीं आया। वायुपुराण[8] एवं मत्स्यपुराण[9] के अनुसार वह पूर्व दिशा में स्थित एक विस्तृत प्रदेश था। गरुड़ पुराण[10] तथा बृहत्संहिता[11] के अनुसार पूर्व-दक्षिण में स्थित प्रदेश का नाम बंग था। भागवतपुराण[12] तथा मत्स्यपुराण[13] के अनुसार राजा बलि के बंग नामक पुत्र के नाम पर उससे सम्बन्धित प्रदेश का नाम बंग पड़ा। बौद्धागमों के सुप्रसिद्ध 16 जनपदों में इसके नाम का उल्लेख मिलता है।[14] काव्य-मीमांसा के अनुसार बंग की अधिष्ठात्री देवी कालिका थी।[15] वर्तमानकालीन कलकत्ता का नाम इसी देवी के नाम पर पड़ा और बाद में उसके आसपास का प्रदेश बंगाल के नाम से प्रसिद्ध हो गया, जिसमें ढाका, चटगांव आदि भी सम्मिलित थे।[16]

---

1. कुमा० सं० 33/72। 2. डे० ज्योग्राफीकल०, पृ० 204। 3. वही०, पृ० 54। 4. का०मी०, 34/6। 5. वही०, 39/13। 6. द्रोण पर्व०, 33/23/72-73। 7. क०मं०, 1/15। 8. वा०पु०, 45/122। 9. म०पु० 114/44। 10. ग०पु०, 55/12। 11. बृ०सं० 14/8। 12. मा०पु०, 9/2215। 13. म०पु० 48/25। 14. अंगुत्तर निकाय, प्र०भा०, पृ० 197 (6/10) नालन्दा सं०। 15. का०मी०, 14/12। 16. सरकार ज्योग्राफी०, पृ० 27।

प० च० में इस देश का नाम एक स्वयंवर-प्रसंग में आया है।

मगध (4/14/9, 14/5/3)

महाभारत के अनुसार यह एक प्राचीन देश है जिसकी राजधानी गिरिव्रज (आधुनिक राजगृह) थी।[1] इसकी चर्चा वैदिक, बौद्ध एवं जैन सभी साहित्य में प्रचुर मात्रा में आयी है। भगवान महावीर का सर्वप्रथम उपदेश मगध की राजधानी गिरिव्रज के विपुलाचल पर हुआ था। वैचारिक-क्रान्ति का मूल-स्थल होने के कारण इसकी जैन साहित्य में प्रशंसा एवं वैदिक-साहित्य में निन्दा की गयी है।

महाकवि जिनसेन ने इसका विस्तृत वर्णन किया है।[2] प० च० में इसकी समृद्धि का वर्णन करते हुए यहाँ के नरेश श्रेणिक का सुन्दर वर्णन किया गया है।

मालव (मालवा, 6/4/1, 14/5/4)

महाभारत के अनुसार पश्चिम भारत का एक प्रसिद्ध जनपद था, जिस पर नकुल ने विजय प्राप्त की थी।[3] जैन-साहित्य में मालवा का प्रचुर मात्रा में वर्णन मिलता है। शक्तिसंगमतन्त्र में अवन्ती से पूर्व और गोदावरी के उत्तर में इस जनपद की अवस्थिति मानी गयी है।[4] काव्यमीमांसा में मालवा के कई विभागों का उल्लेख किया गया है।[5] हर्ष के युग में मालवा एक सुप्रसिद्ध देश था।[6] दशकुमारचरित में मालव देश और मालव राज का विशेष रूप से उल्लेख हुआ है। इसके अनुसार उज्जयिनी मालवा की राजधानी थी।[7] स्कन्दपुराण के अनुसार मल की बाहुल्यता के कारण ही इस भूखंड को मालवा कहा गया है[8]—'मलस्य बहु सम्भूत्या मालवेति प्रकीर्त्तिता।'

यवन (10/18/4)

महाकवि सिंह ने यवन देश की स्थिति के विषय में कोई चर्चा नहीं की किन्तु जिनसेन के अनुसार आदि तीर्थंकर ऋषभदेव ने यवन-देश की स्थापना की थी।[9] महाभारत के अनुसार नन्दिनी ने योनि-देश से यवनों को जन्म दिया था।[10] उसके अन्य सन्दर्भों के अनुसार कम्बोज-राज्य सुदक्षिण यवनों के साथ एक अक्षौहिणी सेना के लिए दुर्योधन के पास आया था।[11] महारथी कर्ण ने अपने दिग्विजय-काल में पश्चिम में यवनों को जीता था। उसके एक अन्य प्रसंग के अनुसार ही यवन एक भारतीय जनपद है। वहाँ के निवासी पूर्व में क्षत्रिय थे। परन्तु बाद में ब्राह्मणों से द्वेष रखने के कारण वे शूद्रत्व को प्राप्त हो गये थे।[12] कुछ विद्वान् मुलतान के समीप स्थित सिन्ध एवं उसके आसपास वाले प्रदेश को भी यवन-देश कहते हैं।

लाड (6/3/12, 14/5/4)

लाड देश पश्चिमी भारत का एक प्रसिद्ध जनपद माना गया है। कुमारगुप्त के दशपुर (मन्दसौर, मध्यप्रदेश) शिलालेख में बताया गया है कि यहाँ के जुलाहों का रंगाई-बिनाई का काम विश्व-विख्यात था।[13]

वर्तमान भूगोल के अनुसार यह दक्षिणी गुजरात का नाम था, जो आज भी अपने वस्त्र-उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। इसमें वर्तमान सूरत, भडौंच, बडौदा, अहमदाबाद एवं खेडा जिले के भूभाग सम्मिलित हैं। राजशेखर ने "प्राकृते लाटदेश्या:" कह कर यहाँ के प्राकृत-भाषा बोलने वालों की प्रशंसा की है।[14]

---

1. सभा पर्व, 21/2/3। 2. आ०पु०, 16/153। 3. सभा पर्व, 32/7। 4. शक्ति० सं०तं० 3/7/21। 5. का०मी०, 9/3। 6. हर्ष०च० 225, 227। 7. दशकु० च०, पृ० 5, 6, 9, 14। 8. स्क० पु० 5/1/11/12। 9. आ०पु०, 16/155। 10. आदि पर्व० 174/36-37। 11 उद्योग पर्व, 19/21-22। 12. अनुशासन पर्व, 35/18। 13. मन्दसौर शिलालेख, श्लोक 4। 14. का०मी०, 109/5, 110/22, 51/5।

वराड (14/5/4)

वराड नाम के देश का उल्लेख प्राचीन-साहित्य में नहीं हो सका है किन्तु यदि इसे विराट देश मान लिया जाए तो इसकी पहचान मत्स्य देश के साथ की जा सकती है। महाभारत के अनुसार अज्ञात वनवास में भटकते हुए पाण्डव मत्स्य देश में आये थे। मत्स्य[1] देश वर्तमान राजस्थान के भरतपुर एवं अलवर जिलों में सीमित था।

सायंभरि (शाकम्भरी, 6/9/3)

महाभारत के अनुसार यह एक देवी सम्बन्धी तीर्थ था।[2] आधुनिक भूगोल के अनुसार वर्तमान कालीन साम्भर (राजस्थान) ही शाकम्भरी देश है। यह चौहानों का प्रसिद्ध राज्य था।

सिन्धु (14/5/7)

महाभारत के अनुसार यह एक प्राचीन जनपद था, जिसका राजा जयद्रथ द्रौपदी के स्वयंवर में आया था।[3] शक्तिसंगमतन्त्र के अनुसार इस जनपद का विस्तार लंका से मक्का पर्यन्त बतलाया गया है।[4] इसके अनुसार यह प्रदेश उत्तरी एवं दक्षिणी दो भागों में विभक्त था। उत्तरी भाग डेरा इस्माइलखां (आधुनिक पाकिस्तान) की ओर था। उत्तरी सिन्धु को शुक्तसिन्धु और दक्षिणी को पान-सिन्धु कहा गया है। अनेक प्राचीन ग्रन्थों में सिन्धु को सौवीर के साथ उल्लिखित किया गया है। इससे विदित होता है कि दोनों देशों की सीमाएँ परस्पर में जुड़ी हुई थीं। स्कन्दपुराण के अनुसार यहाँ के घोड़े इतने प्रसिद्ध थे कि वे सिन्धु-देश के पर्यायवाची बन गये थे।[5] इसीलिए अमरकोशकार ने घोड़े के पर्यायवाची नामों में सिन्धु अथवा सैन्धव को भी रखा है।

सोरट्ठ (सौराष्ट्र 4/12/5, 14/5/6)

प० च० में सौराष्ट्र देश का विस्तृत वर्णन आया है। वहाँ के नदियों, पर्वतों, समुद्र, कृषि, भवन एवं वहाँ के निवासियों की समृद्धि, सुन्दरता एवं सुरुचियों का सुन्दर वर्णन किया है। जैन-साहित्य में सुराष्ट्र को जैन-संस्कृति का प्रधान गढ़ तो माना ही गया है, साथ ही उसे बड़ा भारी व्यापारिक केन्द्र भी माना गया है। दूर-दूर के व्यापारी वहाँ व्यापारिक-सामग्रियों का आदान-प्रदान करने के लिए आते-जाते बने रहते थे। जैनियों के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ को अत्रस्थित गिरनार पर्वत से ही मुक्ति प्राप्त हुई थी।

ई०पूर्व० 317 के लगभग चन्द्रगुप्त मौर्य ने यहाँ कुछ पर्वतीय नदियों को बाँधकर सुदर्शन-झील का निर्माण कराया था। महाभारत के अनुसार दक्षिण दिशा के तीर्थों के वर्णन प्रसंग में उक्त देश के अन्तर्गत चमसोभ्देद, प्रभास क्षेत्र, पिंडारक एवं ऊर्जयन्त अथवा रैवतक पर्वत आदि पुण्यस्थलों का वर्णन आया है।[6]

हूण (6/3/12)

महाभारत के अनुसार 'हूण' एक देश था, जहाँ का राजा युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ में भेंट लेकर आया था। हर्षचरित के अनुसार यह उत्तरापथ का एक देश था।[7] शक्तिसंगमतन्त्र के अनुसार यह देश कामगिरि के दक्षिण और मरुदेश के उत्तर में स्थित था। यहाँ के लोग शूर-वीर अधिक होते थे, जैसा कि कहा गया है—

---

1. आदि पर्व, 155/2। 2. वन पर्व, 84/13-17। 3. आदि पर्व, 185/21। 4. शक्ति संगं० 3/7/57। 5. स्क०पु० 2/2/49/30, 2/8/5/26। 6. वन पर्व, 88/19-21। 7. सरकार : ज्योग्राफी०, पृ० 27, नोट 2।

कामगिरेदक्षभागे मरुदेशात्तयोत्तरे।
हूण देश: समाख्यात: शूरास्तत्र वसन्ति हि।।[1]

इनके अतिरिक्त प० च० में चंग (14/5/6), कण्ह (14/5/6) एवं बोड (14/5/4) देशों का भी उल्लेख आया है। किन्तु इनकी अवस्थिति के विषय में प्राचीन-साहित्य में कोई भी सन्दर्भ नहीं मिल सके। हो सकता है कि कृष्णा नदी के पार्श्ववर्त्ती प्रदेश को कण्ह-देश माना जाता रहा हो।

नगर

पुर एवं नगर (4/5/14)

महाकवि जिनसेन ने पुर एवं नगर दोनों को पर्यायवाची बताया है।[2] प० च० में भी कवि ने नगरों के साथ-साथ प्राय: छन्द रचना को ध्यान में रखते हुए पुर एवं नगर दोनों विशेषणों को समानार्थक प्रयुक्त किया है। यथा — दारमइपुरि (10/14/9), दारामईणयरि (1/9/7) आदि। प्राचीन-साहित्य का अध्ययन करने से विदित होता है कि इन पुरों एवं नगरों में प्रासाद, निकुंज, सुन्दर जल-व्यवस्था, विस्तृत-मार्ग, मल-प्रवाहिनी नलिकाएँ, परिखा, गोपुर, शिक्षास्थल, औद्योगिक-भवन, चिकित्सालय, चतुष्पथ आदि विधिवत् निर्मित रहते थे।

अयोध्या एवं साकेत नगरी (5/11/5, 9/4/9)

अयोध्या का अपर नाम साकेत नगरी भी है। जैन-साहित्य में उक्त अयोध्या के लिए दोनों नाम प्रचलित हैं। आद्य-तीर्थंकर ऋषभदेव के गर्भ एवं जन्म, दूसरे तीर्थंकर — अजितनाथ, चौथे तीर्थंकर — अभिनन्दननाथ, पाँचवें तीर्थंकर — सुमतिनाथ तथा चौदहवें तीर्थंकर — अनन्तनाथ के प्रथम चार कल्याणक इसी भूमि पर हुए थे।

महाभारत के अनुसार इक्ष्वाकुवंशी राजाओं की यह राजधानी थी और मुनिवर वशिष्ठ, राजा कल्मषपाद के साथ यहाँ पधारे थे।[3] ऐतिहासिक-काल में भी अयोध्या नगरी पर्याप्त प्रसिद्ध रही है। शुंग-वंशी नरेश पुष्यमित्र का एक महत्वपूर्ण शिलालेख इसी नगरी की खुदाई में मिला है। गुप्त-सम्राट चन्द्रगुप्त के शासनकाल में अयोध्यापुरी विद्या का प्रमुख केन्द्र थी। वर्तमान-काल में इसे भगवान् राम की जन्म-भूमि के रूप में पूजा जाता है, किन्तु राम जन्म-स्थल पर 'बाबरी मस्जिद' बनी हुई है।[4] मुस्लिम-सम्प्रदाय में भी इसे खुर्द-मक्का और सिद्धों की सराय के रूप में पूजा जाता है।[5]

अलकापुरी (8/1/2, 8/2/7, 8/3/1)

कवि सिंह ने अलकापुरी का विस्तृत वर्णन किया है। उन्होंने इसके साथ-साथ वहाँ के यक्ष का भी वर्णन किया है। महाभारत में इसे कुबेर की नगरी और पुष्करिणी कहा गया है।[6] महाकवि कालिदास ने अपने मेघदूत में इस नगरी के समृद्धि-वैभव का विस्ताार-पूर्वक वर्णन करते हुए इसे हिमालय की गोद में बसी हुई बतलाया है। उन्होंने अलकापुरी को सुवर्णबालुकामयी भूमि कहा है[7], जबकि पं० सूर्यनारायण व्यास ने इसे वर्त्तमान जोधपुर से 70 मील दक्षिण में स्थित बतलाया है।[8] आदिपुराण में इसकी अवस्थिति विजयार्ध की

---

1. शक्ति सं० तं०, 44। 2. आ०पु० 19/51। 3. आदि पर्व, 176/35-36। 4. उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विभूति, पृ० 60। 5. भा०दि० जैन ती०, भा० 1, पृ० 160। 6. आदि पर्व, 85/9; सभा पर्व 10/8। 7. मेघदूत, पूर्वमेघ 7, उत्तरमेघ 2, 3, 4, 13, 14। 8. विश्वकवि कालिदास : एक अध्ययन (ज्ञानमण्डल प्रकाशन, इन्दौर) पृ० 77।

उत्तरश्रेणी में कही गयी है।[1]

कनखल (5/17/9)

महाभारत के अनुसार कणखल एक पवित्र तीथ-स्थल है।[2] यहाँ स्नान करके तीन रातों तक उपवास करने वाला व्यक्ति अश्वमेध-यज्ञ का फल प्राप्त करता है।

कवि सिंह ने कणखल के वर्णन-प्रसंग में वहाँ प्रवाहमान गंगा-जल की पवित्रता की सूचना दी है। इससे स्पष्ट है कि वर्तमान कनखल की ओर ही कवि का संकेत है।

कुरुखेत्त (5/17/9)

महाभारत के अनुसार सरस्वती एवं दृषद्वती नामक नदी का मध्यवर्ती क्षेत्र कुरुक्षेत्र था।[3] कुरु ने अपनी तपस्या से इस क्षेत्र को पवित्र बनाया था।[4]

कुंडिनपुर (2/11/10, 9/11/9)

महाभारत के अनुसर यह विदर्भ देश की राजधानी था।[5] अर्द्धमागधी आगम-साहित्य में भी विदर्भ-देश के प्रमुख नगर के रूप में इसकी चर्चा आती है।

इस कुण्डिनपुर की पहचान विदर्भप्रदेश के कौण्डवीर्य से की गयी है।[6] प०च० में भी इसकी अवस्थिति कोशल के दक्षिण प्रदेश में की गयी है, जो कि महाभारत के उक्त उल्लेख से मेल खाती है।

द्वारका (वारमई, दारामई, 1/9/7, 1/12/2, 1/14/1)

प०च० में इसका वर्णन विस्तारपूर्वक हुआ है। उनके अनुसार इसकी अवस्थिति सौराष्ट्र देश में मानी गयी है। महाभारत के अनुसार इसे रैवतक-पर्वत से सुशोभित रमणीय कुशस्थली बताया गया है[7], जहाँ पर जरासन्ध से बैर हो जाने पर समस्त यादव श्रीकृष्ण की आज्ञापूर्वक यहाँ आकर बस गये थे। जैन-साहित्य, विशेष रूप से उत्तराध्ययन-सूत्र की सुखबोधा टीका तथा जैन-हरिवंश एवं विविध पाण्डवपुराणों में इसकी विस्तृत चर्चाएँ आयी हैं। वर्तमानकाल में यह गुजरात-प्रदेश के पश्चिमी-समुद्री किनारे पर अवस्थित है।

पुण्डरीकणी (4/10/9, 14/9/10)

प०च० में इसकी अवस्थिति पूर्व-प्रदेश के पुष्कलावती देश के अन्तर्गत बतलायी गयी है। अर्द्ध-मागधी आगम-साहित्य के अनुसार शत्रुंजय का ही अपरनाम पुण्डरीक है।[8] जैन मान्यतानुसार यहाँ पाण्डव एवं अनेक ऋषियों ने मुक्ति-लाभ किया था। आचार्य जिनसेन ने इसे विदेह की एक नगरी माना है।[9]

बंभणवाड (1/4/8)

स्कन्दपुराण के अनुसार ब्राह्मणवाड एक प्राचीन देश था, जिसमें साढ़े तीन लाख ग्राम सम्मिलित थे।[10] कुछ लोग वर्तमान पाकिस्तान के वहमनाबाद से इसकी पहचान करते हैं[11], किन्तु यह उपयुक्त नहीं प्रतीत होता। ब्राह्मणवाड वस्तुत: वर्तमान कालीन 'बाढवाण'[12] (गुजरात) है। यहीं के एक जैन मन्दिर में बैठकर महाकवि

---

1. आ०पु०. 4/104। 2. वन पर्व. 84/30; 90/22। 3. वही० 83/4; 204/205। 4. आदि पर्व 94/50। 5. वन पर्व. 60, 73, 77; उद्योग पर्व. 158। 6. डे० ज्योग्राफीकल. पृ० 106। 7. सभा पर्व. 14/50-55। 8. भा०प्रा०जै०ती०. पृ० 50। 9. आ० पु० 46/19। 10. स्क०पु०. 1/2/39/161। 11. प्राचीन भारत का भौगोलिक स्वरूप. पृ० 80। 12. जै०सा०इ०. पृ० 117।

जिनसेन (प्रथम) ने अपने संस्कृत हरिवंशपुराण की रचना की थी।[1] महाकवि हरिषेण ने अपने कथा-कोष की रचना भी यहीं बैठकर की थी।[2] इस प्रकार बम्हणवाड निश्चित रूप से 7वीं सदी से जैन विद्या का केन्द्र रहा था, जो आगे कई शताब्दियों तक जैन लेखकों के लिए प्रेरणा केन्द्र बना रहा। प्रस्तुत प०च० की रचना भी वहीं के एक जैन-विहार में की गयी।

मेघकूडपुर (7/9/1)

यह कोई पौराणिक नगर प्रतीत होता है, जो किसी विद्याधर-क्षेत्र में स्थित था। कवि सिंह के अनुसार इसी नगरी के राजा कालसंवर एवं रानी कनकमाला ने प्रद्युम्न का 16 वर्षों तक पालन-पोषण किया था।

रत्नसंचयपुर (8/20/3)

महाकवि जिनसेन ने इस नगर का उल्लेख किया है। उनके अनुसार विदेह क्षेत्र के मंगलावती देश में यह नगर स्थित था।[3] इसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी।

रथनूपुर-चक्रवाल (2/3/7)

यह विद्याधरों का एक नगर-राज्य था। जैन-भूगोल के अनुसार यह विजयार्द्ध-पर्वत की दक्षिण श्रेणी का 22वां नगर है। वर्तमान खोजों के अनुसार दक्षिणी बिहार के चाइबासा के आसपास इसकी अवस्थिति मानी जा सकती है। महाभारत में इसका उल्लेख नहीं मिलता है।

वडपुर (6/18/2)

'वडउर' नामक नगर प्राचीन साहित्य में उपलब्ध नहीं होता। कवि सिंह के उल्लेख के अनुसार इसे अयोध्या के समीप ही कहीं होना चाहिए। हमारा अनुमान है कि वर्तमान बटेश्वर ही (जो कि आगरा जिले में यमुना नदी के किनारे स्थित है) प०च० का वडउर होना चाहिए। बटेश्वर जैन एवं हिन्दू दोनों संस्कृतियों का प्रधान केन्द्र रहा है।

सालिग्राम (4/14/9, 5/17/7)

इस नगर की चर्चा अन्यत्र देखने में नहीं आती। महाकवि सिंह ने इसे मगध-जनपद में अवस्थित बतलाया है। प्रतीत होता है कि यह वर्तमान राजगीर अथवा बिहारशरीफ (बिहार) के आसपास कोई स्थल रहा होगा। कवि के वर्णन के अनुसार यह स्थान वही प्रतीत होता है, जो इन्द्रभूति- गौतम का आश्रम-स्थल था। इसकी पहचान वर्तमान 'सिलाव' (बिहार) से की जा सकती है।

सिंहपुर (7/8/9)

प०च० में सीहउर की स्थिति विजयार्द्ध की दक्षिण श्रेणी में बतलाई गयी है। जिनसेन ने आदि पुराण में विदेह क्षेत्र के गन्धला देश की अमरपुरि के समान ही इस नगर को बताया है।[4] जैन-साहित्य में सिंहपुर की पहचान वर्तमान सारनाथ (वाराणसी) से की जाती है।

ग्राम (1/7/3, 4/14/9)

महाकवि सिंह ने देश एवं नगरों के साथ-साथ ग्रामों तथा उनके अनेक रूपों की भी चर्चा की है। कवि सिंह

---

1. जै०सा०इ०, पृ० 116-117। 2. वही०। 3. आ०पु०, 7/14। 4. वही०, 5/203।

ने ग्राम शब्द की कोई परिभाषा नहीं दी है। किन्तु उन्होंने ग्राम-वर्णन के प्रसंग में कृषकों एवं उनके द्वारा की गयी खेती, जलाशय, सुरम्य-उद्यान एवं गाय-भैंसों की चर्चा की है। इससे विदित होता है कि ग्राम कृषि-प्रधान स्थल कहलाते थे। जिनसेन के अनुसार एक सामान्य ग्राम में 100 घर होते थे।[1] तथा 500 घर वाला ग्राम या बड़गाँव कहलाता था। ग्रामों में कृषकों के साथ-साथ कुम्हार, चमार, लुहार, बढ़ई, माली आदि लोगों का निवास अधिक होता था, जो कच्चे मिट्टी के बने घरों अथवा घास-फूस के झोंपड़ों में रहते थे।[2]

महाकवि सिंह ने कुछ ग्रामीण इकाइयों की भी चर्चा की है, जिनमें मडंब, खेड, दरि, कव्वड एवं पत्तन के नाम प्रमुख हैं, जिनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है—

मडंब (1/15/6)

आदिपुराण[3] तथा वरांगचरित[4] में इसकी परिभाषा करते हुए बताया गया है कि मडंब 500 ग्रामों के बीच में एक व्यापारिक केन्द्र होता था। प०च० में इसकी कोई परिभाषा नहीं दी गयी है।

खेड (1/15/6)

जिनसेन ने पर्वत एवं नदी के मध्यवर्त्ती-स्थल को खेड कहा है[5], जब कि समरांगण-सूत्रधार नामक ग्रन्थ के अनुसार ग्राम एवं नगर के मध्यवर्त्ती स्थल को खेड कहा गया है। यह स्थल नगर से छोटा एवं ग्राम से बड़ा होता था।[6] आज की भाषा में इसे कस्बा कह सकते हैं। यहाँ के निवासियों में शूद्रों एवं कर्मकारों की संख्या अधिक होती है।[7]

दरि (गुफा, 1/15/6)

पर्वतीय नदियों के किनारे एवं पहाड़ों के भीतर प्राकृतिक दरारों वाले छोटे-बड़े स्थल 'दरि' कहे जाते हैं।

कब्बड (पर्वतीय प्रदेश, 4/9/14)

आचार्य जिनसेन ने इसे खर्वट की संज्ञा प्रदान की है। इसके अनुसार वह पर्वतों से घिरा हुआ प्रदेश माना गया है।[8] कौटिल्य ने खर्वट को दुर्ग के समान माना है, जो 200 ग्रामों की रक्षा के लिए निविष्ट किया जाता था।[9] प०च० में इसकी कोई परिभाषा प्राप्त नहीं होती।

पत्तन (1/4/8)

प्राचीन काल में 'पत्तन' उस नगर को कहा जाता था, जो समुद्री किनारों पर बसा हुआ हो और जहाँ निरन्तर जलयानों का आवागमन होता रहता हो। कवि सिंह ने इसी अर्थ में पत्तन शब्द का प्रयोग किया है। समरांगणसूत्र के अनुसार राजाओं के उष्णकालीन एवं शीतकालीन उपस्थान को पट्टन कहा गया है।[10] आदिपुराण, बृहद्कथाकोश आदि ग्रन्थों के अनुसार पत्तन एक प्रकार का वाणिज्य-बन्दरगाह है, जो किसी समुद्र या नदी के तट पर स्थित होता है और जहाँ मुख्य रूप से व्यापारी वर्ग ही निवास करता है।[11] आधुनिक युग में भी समुद्री तट पर बसे हुए नगर बड़े भारी व्यापारिक केन्द्र हैं, जिन्हें बन्दरगाह कहा जाता है, एवं जिन के नामों के साथ पट्टम अथवा पट्टन शब्द जुड़ा हुआ है। जैसे—विजगापट्टम, मछलीपट्टम, रंगपत्तन एवं विशाखापत्तन आदि।

---

1. आ०पु०. 16/164-165। 2. वही०, 16/164-167। 3. वही० 16/172। 4. वरागचरित. 3:4/12-44। 5. आ०पु०. 16/172। 6. भारतीय वास्तुशास्त्र (लखनऊ), पृ० 104। 7. वही०. पृ० 105। 8. आ०पु० 16/171। 9. कौटिल्य अर्थशास्त्र 17.1.3। 10. समरागणसूत्र 16/172। 11. मानसार०. नवम अध्याय।

(7) सामाजिक चित्रण

व्यक्ति के जीवन में सामाजिकता का अत्यन्त महत्व है। समाज के बिना व्यक्ति की वैयक्तिक स्थिति सम्भव नहीं। समाज में रहकर ही वह उन्नति के पथ पर अग्रसर होता हुआ अपने जीवन को परिष्कृत एवं सुसंस्कृत बनाता है और शाश्वत-सुख की आनन्दानुभूति का अनुभव कर सकता है। इस सिद्धान्त को ध्यान में रखते हुए महाकवि सिंह ने प०च० में सामाजिक स्थिति पर अच्छा प्रकाश डाला है। पूर्वगत भारतीय सामाजिक-परम्परा के अनुसार कवि-कालीन भारत भी विभिन्न वर्णों एवं जातियों में विभक्त था। कवि ने परम्परा-प्राप्त 'चार वर्णों'[1] के उल्लेख किये हैं, जिनमें कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र परिगणित हैं।

(अ) वर्ण-व्यवस्था

(1) ब्राह्मण

वैदिक-युग से ही सभी वर्णों में ब्राह्मणों को श्रेष्ठ बतलाया जाता रहा है। महाकवि सिंह के समय में भी उनकी यह श्रेष्ठता अखण्ड-रूप में बनी हुई थी। कवि ने ब्राह्मणों को वेदों का ज्ञाता[2], चतुर्वेदों का घोष करते हुए यज्ञ करने वाला[3] एवं सन्ध्या-तर्पण करनेवाला कहा है।[4] विवाह आदि शुभ-कार्यों के पूर्व ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता था।[5] भले ही ब्राह्मणों की श्रेष्ठता बनी रही हो, किन्तु कवि ने कुछ ऐसे संकेत भी किये हैं, जिनसे प्रतीत होता है कि उनकी जीवन-धारा में कुछ परिवर्तन होने लगा था। कवि ने एक स्थल पर उन्हें 'कृषि-कार्य' करनेवाला[6] भी कहा है और बतलाया है कि वह किसी का दान नहीं लेता था।[7] कवि ने स्पष्टरूपेण बतलाया है कि ब्राह्मण भी कृषक का कार्य कर सकता है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि 12-13वीं सदी में ब्राह्मण-वर्ग विद्याध्ययन के साथ ही साथ अपनी आजीविका के लिए खेती भी करने लगे थे।

प्रस्तुत ग्रन्थ में कवि ने ब्राह्मणों को उनके कार्यों के अनुसार विभिन्न प्रसंगों में विविध नामों से सम्बोधित किया है। यथा—द्विज[8], बंभण[9], अग्गहारु[10] एवं विप्र[11]। यशस्तिलकचम्पू में भी ब्राह्मणों के इसी प्रकार के अनेक नाम मिलते हैं।[12]

(2) क्षत्रिय

प०च० में अनेक राजाओं के उल्लेख मिलते हैं। किन्तु 'क्षत्रिय' शब्द के सम्बन्ध में विशेष उल्लेख नहीं मिलते। न ही उनकी सामाजिक-स्थिति पर ही प्रकाश डाला गया है। हाँ, कुण्डिनपुर के राजा भीष्म को अपने 'क्षात्र-धर्म को पालने वाला क्षत्रिय राजा' कहा है।[13] उनके इस कथन से प्रतीत होता है कि क्षत्रिय जाति प्रशासन एवं सुरक्षा आदि का कार्य कुशलतापूर्वक करती थी। अलबेरुनी (11वीं सदी का पूर्वार्द्ध) ने भी लिखा है कि क्षत्रिय-जाति लोगों पर शासन एवं उनकी सुरक्षा करती थी।[14]

(3) वैश्य

भारतीय-वर्ण-व्यवस्था में वैश्यों का तीसरा स्थान था। यदि ब्राह्मण धार्मिक-कार्यों एवं क्षत्रिय राजनैतिक कार्यों के द्वारा सामाजिक-व्यवस्था बनाये रखते थे, तो वैश्य अपनी कुशाग्र-बुद्धि तथा कृषि एवं वाणिज्य के

---

1. प०च०, 6/8/10। 2. वही०, 4/14/14। 3. वही०, 6/1/1। 4. वही०, 5/17/10। 5. वही०, 11/21/1। 6. वही०, 4/16/9। 7. वही०, 4/16/9। 8. वही०, 4/15/2। 9. वही०, 4/14/12। 10. वही०, 4/14/12। 11. वही० 1/20/11। 12. यशस्तिलकचम्पू, उत्तरखण्ड, पृ० 88, 105, 108, 126। 13. प० च०, 2/12/3। 14. अलबेरुनीज़ इंडिया, पृ० 136।

द्वारा देश के पालन-पोषण एवं समृद्धि-वृद्धि में महत्त्वपूर्ण योगदान देते थे। इसलिए ब्राह्मण एवं क्षत्रियों के साथ-साथ समाज में इनका भी सम्मानित स्थान था। प०च० में इन्हें वणिक्[1] एवं वणियारे[2] के नाम से सम्बोधित किया गया है। राजकुमार प्रद्युम्न के द्वारावती प्रवेश के समय कवि ने बाजार-हाट, एवं वहाँ बिकने वाली विविध वस्तुओं के नामों के साथ वणिकों के उल्लेख किये हैं।[3] इससे स्पष्ट होता है कि उस समय व्यापार-वणिकों के हाथों में ही था। एक अन्य प्रसंग से विदित होता है कि वणिग्जन एक स्थान से दूसरे स्थानों में जाकर आयात-निर्यात कर व्यापार किया करते थे[4], जिसके लिए रास्ते में उनसे चुंगी[5] (टैक्स) भी वसूल की जाती थी। इससे तत्कालीन चुंगी-प्रथा पर भी प्रकाश पड़ता है।

महाकवि सिंह ने 'वणिक्' शब्द के साथ ही 'श्रेष्ठि' शब्द का प्रयोग भी किया है एवं उन्हें धन तथा स्वर्ण से समृद्ध बतलाया गया है। इससे ज्ञात होता है कि श्रेष्ठि और वणिक् में समृद्धि तथा व्यापार की दृष्टि से अन्तर था। 'श्रेष्ठि' समाज में सबसे अधिक समृद्ध समझे जाते थे। णायाधम्मकहाओ[6] एवं समराइच्चकहा[7] में ऐसे अनेक श्रेष्ठियों के वर्णन आये हैं जो समाज एवं राष्ट्र में सर्वश्रेष्ठ समृद्ध व्यक्ति होते थे तथा जो एक ही स्थान पर रहकर व्यापार भी करते थे। उन्हें राज-दरबार में सम्मानित स्थान प्राप्त होता था। भविसयत्तचरियं के नायक भविष्यदत्त के पिता वणिक् धनदत्त को गजपुर-नरेश भूपाल ने श्रेष्ठि की उपाधि प्रदान की थी।[8] इससे विदित होता है कि 'श्रेष्ठि' एक राष्ट्रीय उपाधि थी, जो उच्च-श्रेणी के समृद्ध-वणिकों को राजा द्वारा प्रदत्त की जाती थी। कुमारगुप्त (प्रथम) के दामोदरपुर ताम्र-पत्र में भी इसका उल्लेख है।[9]

(4) शूद्र

वैदिक युग में शूद्र को निम्न कोटि का वर्ग माना जाता रहा है एवं उन्हें वेदादि धार्मिक-ग्रन्थों को सुनने योग्य भी नहीं माना गया है। यद्यपि प०च० में स्पष्टरूपेण 'शूद्र' शब्द का उल्लेख नहीं मिलता, किन्तु उसके अन्तर्गत आने वाली कुछ जातियों के उल्लेख उनके कार्यों के आधार पर किये गये हैं। इस प्रकार की जातियों में चाण्डाल[10], नापित[11], माली[12], चामीकर[13] (स्वर्णकार) एवं डोम[14] आदि के नामोल्लेख प्राप्त हैं।

भले ही वैदिक धर्म में शूद्रों को वेदादि धार्मिक ग्रन्थों के अध्ययन के अयोग्य माना गया हो, किन्तु जैन धर्म में मानव मानकर उन्हें धार्मिक-ग्रन्थों के अध्ययन के अयोग्य नहीं माना। वे जैन धर्म के व्रत-नियमों का पालन कर परलोक में अपनी गति का सुधार करने के लिए स्वतन्त्र थे। प्राचीन जैन-साहित्य में इस प्रकार के अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं। प०च० में भी चाण्डाल एवं एक ऐसी धीवरी कन्या का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है, जिसने शूद्र-कुल में जन्म लेकर भी परिस्थितियों वश श्रद्धा-भक्तिपूर्वक जैनाचार का पालन किया और सद्गति को प्राप्त किया।[15]

तात्पर्य यह कि शूद्र-कुल में जन्म लेने वालों के लिए भी जैनाचार पालन करने की छूट थी। उन पर कभी किसी भी प्रकार का बन्धन या निषेधाज्ञा लागू न थी।

(अ) चाण्डाल

वैदिक प०च० में चाण्डाल, डोम एवं मातंग शूद्र-वर्ग में पर्यायवाची माने गये हैं। परवर्तित-वेश में प्रद्युम्न को

---

1. प० च० 10/10/6। 2. वही० 11/11/12। 3. वही०, 11/12/2। 4. वही० 10/10/6। 5. वही० 10/10/4। 6. णायाधम्मकहाओ, 5/19। 7. समराइच्चकहा 3, पृ० 184; 5 पृ० 398। 8. भविसयत्तचरिय, गाथा 11। 9. इंपि० इण्डि० 15, पृ० 135। 10. प० च० 5/16/15। 11. वही०, 12/12/5। 12. वही० 11/12/13। 13. वही०, 6/3/4। 14. वही०, 14/23/10। 15. वही०, 6/2/7, 9/10/16, 9.11:8।

कवि ने एक स्थान पर चाण्डाल[1] दूसरे पर मातंग[2] एवं डोम[3] कहा है। 'समराइच्चकहा' में भी इन तीनों को पर्यायवाची माना गया है।[4] उसके अनुसार इस वर्ग के लोगों के कार्य निम्नतर श्रेणी के होते थे।[5] फाहियान[6] (5वीं सदी) एवं इत्सिंग[7] (7वीं सदी) के अनुसार ये उपेक्षित एवं अस्पृश्य-वर्ग में आते थे।

उत्तराध्ययनसूत्र की सुखबोधा-टीका (दसवीं सदी) के अनुसार चम्पानरेश-दधिवाहन के पुत्र करकण्डु का पालन-पोषण एक चाण्डाल ने ही किया था, बाद में मातंगपुत्र के रूप में प्रसिद्ध वह करकण्डु दन्तिपुर के राजा के रूप में निर्वाचित हुआ, तो सामन्त वर्ग के विरोध करने पर भी बड़ी कठिनाई पूर्वक उसे राजा स्वीकृत किया गया।[8] इससे विदित होता है कि दसवीं शताब्दी में भी मातंगों की समाज में अच्छी स्थिति नहीं थी। महाकवि सिंह ने भी उक्त जातियों को समाज के उपेक्षित वर्ग में ही रखा है। यद्यपि डोम एवं चाण्डाल गीत एवं नृत्य में कुशल होते थे। इसलिए महाकवि कल्हण ने उन्हें संगीत एवं नृत्यकला में कुशल कहा है।[9] विदेश से वापिस लौटते समय राजा श्रीपाल को राजा धरपाल की दृष्टि में गिराने हेतु धवल सेठ ने मातंगों को ही फुसलाकर श्रीपाल को अपना सम्बन्धी घोषित करने का अभिनय कराया था।[10]

(आ) नापित

प्राचीन काल में नापित का मुख्य कार्य मालिश एवं स्नान कराना था। उसकी व्युत्पत्ति 'स्नपित' से मानी गयी है, किन्तु परवर्ती-कालों में उसे केश-कर्त्तक के रूप में ही लिया जाने लगा। कवि सिंह ने नापित को केश-कर्त्तक के रूप में ही स्मृत किया है।[11]

(इ) माली

आदिपुराण के अनुसार माली अथवा मालाकार का प्रधान कार्य पुष्प-चयन पुष्पग्रथन एवं राजपरिवार के लिये पुष्पार्पण तथा वाटिकाओं की रखवाली करना था।[12] कवि सिंह ने भी इसी अर्थ में उक्त जाति का उल्लेख किया है।[13]

उक्त जातियों के अतिरिक्त कवि ने कुछ वन्य-जातियों—वनेचर[14], पुलिंद[15], शबर[16], एवं भील[17] के भी उल्लेख किये हैं।

(ई) वनेचर

"वने चरति इति वनेचरः" अर्थात् वन में रहकर जीवन व्यतीत करने वाली जातियाँ वनेचर कहलाती थीं।

महाकवि सोमदेव ने इसी अर्थ में इसका प्रयोग किया है।[18] किरातार्जुनीयम् में 'वनेचर' ही महाराज युधिष्ठिर को दुर्योधन के कार्य-कलापों की सूचना देता है। इससे विदित होता है कि वनेचरों को गुप्त सन्देशवाहक बनने की शिक्षा भी प्रदान की जाती थी।[19] महाकवि सिंह ने भील, शबर एवं पुलिंद को वनेचर का पर्यायवाची माना है और उन्हें धनुर्धारी[20] एवं व्यापारियों से वन्य-मार्ग का कर-वसूल करनेवाला कहा है।[21]

प०च० में इनके अतिरिक्त पर्वतों पर निवास करने वाली विद्याधर[22], यक्ष[23], नाग[24], किन्नर[25] आदि जातियों

---

1. प०च०, 5/16/15। 2. वही०, 11/4/2। 3. वही०, 14/23/10। 4. सम० क० 4, पृ० 348। 5. वही०, पृ० 349। 6. ट्रेवेल्स ऑफ फाहियान, पृ० 43। 7. इत्सिंग—तकाकुसू, पृ० 139। 8. कहाणय तिंग — करकंडचरियं एवं करकंडचरिउ। 9. राजतरंगिणी 5/354, 6/182। 10. रइधू साहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन, पृ० 257। 11. प०च० 12/11/5। 12. आ० पु०, प्रथम खंड, पृ० 262। 13. प०च० 11/13/1। 14. वही०, 10/13/7-8। 15. वही०, 10/11/1। 16. वही०, 10/8/13। 17. वही०, 11/9/1। 18. यशस्तिलक०, पृ० 60। 19. किरातार्जुनीयम्, 1/1। 20. प०च० 10/11/10। 21. वही०, सुक्कुउग्गाहक 10/10/4। 22. वही०, 2/2/10। 23. वही०, 7/17/13। 24. वही०, 2/11/5। 25. वही०, 2/11/2।

के भी उल्लेख उपलब्ध हैं। ये लोग विद्याओं की साधना करते हुए अपना जीवन व्यतीत करते थे।

(आ) संस्कार

भारतीय-पारिवारिक-जीवन में संस्कारों का विशेष महत्व होता है। परिवार की विविध प्रवृत्तियाँ इन्हीं संस्कारों द्वारा विकसित एवं संचालित होती हैं। वैदिक परम्परा में इन संस्कारों की संख्या सोलह मानी गयी है। जैन-परम्परा में प्रारम्भ में तो इन संस्कारों का कोई विशेष महत्त्व नहीं था, किन्तु आगे चलकर संभवत: वैदिक संस्कारों से प्रभावित होकर ही जैन कवियों ने भी उनमें से कुछ संस्कारों का वर्णन अपने नायक के वर्णन-प्रसंगों में उपस्थित किये हैं।

महाकवि सिंह ने प्रद्युम्न के जन्म-प्रसंग में निम्न-संस्कारों की चर्चा की है— 1. गर्भ[1], 2. पुंसवन[2], 3. सीमन्तोनयन[3], 4. छट्ठी (नामकरण)[4], 5. शिक्षारम्भ[5], 6. विवाह[6], 7. वानप्रस्थ[7] एवं 8. सन्यास[8]।

उक्त संस्कारों में से दोहला एवं छट्ठी के संस्कार प्राकृत एवं अपभ्रंश जैन-साहित्य में प्रचुर रूप से उपलब्ध होते हैं। आचार्य देवेन्द्रगणि (1141 ई०) ने चम्पानरेश दधिवाहन के प्रसंग में लिखा है कि उनकी रानी पद्मावती को दोहला होता है और उसी की प्रेरणा स्वरूप वह श्रेष्ठ शुभ्र हाथी पर पुरुष की वेषभूषा धारण कर वन-विहार के लिए निकलती है।[9] अपभ्रंश में ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है।

आचार्य देवेन्द्रगणि ने अपने एक अन्य प्राकृत खण्डकाव्य "अगडदत्तचरियं" में भुजंगम चोर की बहन वीरमति के द्वारा ठगने के प्रयत्न के समय अगडदत्त से कहलावाया है—"जो जग्गइ परछट्ठिं सो किं निय छट्ठिं सुयई?"[10] अर्थात्—जो दूसरे की छट्ठी की रात्रि में भी स्वयं जागता रहता है, वह क्या अपनी ही छट्ठी के दिन सोता रहेगा? प्राचीन-परम्परा के अनुसार यह छट्ठी अथवा नामकरण 11वें दिन अथवा 101वें दिन अथवा दूसरे वर्ष में किए जाने का विधान है।[11]

दसवीं सदी के समाज में छट्ठी के विषय में जो तत्कालीन मान्यता प्रचलित थी, कवि सिंह ने उसे ही व्यक्त किया है। कवि के उल्लेख से विदित होता है कि नामकरण संस्करण की विविध दीर्घ-विधियाँ घटाकर छठे दिन कर दी गयीं थीं और वह छठे दिन होने के कारण ही उस संस्कार का नाम छट्ठी पड़ गया था।

बिहार प्रान्त में वर्तमान काल में जन्म के छठे दिन ही रात्रि जागरण कर बच्चे का नामकरण किया जाता है। उसका मूल कारण, यह मान्यता है कि जन्म-काल में शिशु को बुद्धि का वरदान नहीं मिलता, वह तो उसे छठे दिन की रात्रि में ही प्राप्त होता है। अत: उस समय जो जागेगा, वही बुद्धि पायेगा और जो सोयगा सो वह खोयेगा।

(1) शिक्षा-संस्कार

प०च० में शिक्षा-संस्कार का उल्लेख मिलता है।[12] बालक के पाँच वर्ष के हो जाने पर उसे शिक्षा-प्राप्ति हेतु एक प्रवीण-पण्डित की नियुक्ति की जाती थी।[13] पुस्तकी-शिक्षा के साथ-साथ बालकों को अश्व-विद्या, गज-विद्या, ज्योतिष-विद्या तथा कृषि-विद्या का ज्ञान भी कराया जाता था। प०च० में कुमारप्रद्युम्न को ये सभी शिक्षाएँ प्रदान की गयी थीं।[14]

---

1. प०च०. 3/11/1। 2. वही०. 3/14/4। 3. वही० 3/12/5। 4. वही०. 3/13/11। 5. वही०. 7/13/2-3। 6. वही०. 14/4-7। 7. वही०. 5/15/8, 7/5। 8. वही०. 15/21/13। 9. करकंडचरिय. प्रारम्भिक भाग। 10. अगडदत्तचरियं गाथा सं० 148। 11. भारतीय संस्कृति, पृ० 94-96। 12. प०च०. 7/13/1। 13. वही०. 7/13/5। 14. वही०. 7/13/7-9।

(2) विवाह

समाज-शास्त्र के अनुसार स्त्री-पुरुष का पारस्परिक मिलन नैसर्गिक एवं प्राकृतिक है। इस स्थिति को जब से मान्य ठहराया गया, तभी से उसे 'विवाह' की संज्ञा प्रदान की गयी। मनुस्मृति में 8 प्रकार के विवाहों की चर्चा की गयी है[1] और उन्हें ही पारिवारिक जीवन की आधार-शिला बताया गया है।

रॉवर्ट एच० लाइ के अनुसार विवाह उन स्पष्टत: स्वीकृत संगठनों को प्रकट करता है, जो इन्द्रिय-सम्बन्धी सन्तोष के उपरान्त भी स्थिर रहता है। वस्तुत: वही पारिवारिक-जीवन की आधारशिला है।[2]

जिनसेनाचार्य ने विवाह को एक धार्मिक-कृत्य माना है। उनका कथन है कि मानव-जीवन की परिपूर्णता उसके विवाह एवं सन्तानोत्पत्ति के द्वारा ही हो सकती है।[3]

अ. विवाह-प्रकार

प०च० में धर्म, अर्थ एवं काम इन तीन पुरुषार्थों को दृष्टि में रखते हुए कवि ने विवाह को आवश्यक बतलाया है। प्रस्तुत ग्रन्थ में कवि ने तीन प्रकार के विवाहों के उल्लेख किये हैं—

(क) स्वयंवर-विवाह (ख) कन्यापहरण विवाह, एवं (ग) धर्मविधिपूर्वक पाणिग्रहण

(क) स्वयंवर-विवाह

यह परम्परा यद्यपि रामायण एवं महाभारतकालीन थी, किन्तु परवर्त्ती युगों में भी छिटपुट रूप से चलती रही। प०च० के उल्लेख से विदित होता है कि कवि के समय में भी कुछ राजघरानों में स्वयंवर-प्रथा का प्रचलन था।[4] जब कन्या युवावस्था को प्राप्त हो जाती थी, तब पिता दूर-दूर के राजाओं को आमन्त्रित[5] कर एक निश्चित समय पर स्वयंवर का आयोजन करता था। उस समय कन्या हाथ में वरमाला लिए हुए स्वयंवर-मण्डप में प्रवेश करती एवं अपनी इच्छानुसार योग्य वर के गले में उसे डाल देती थी[6] और शुभ-लग्न में विवाह-संस्कार सम्पन्न किया जाता था। इसी प्रकार की स्वयंवर-प्रथा के उल्लेख जातक-कथाओं[7], जैनागम-साहित्य[8] तथा समराइच्चकहा[9] एवं यशस्तिलकचम्पू[10] में भी मिलते हैं।

(ख) कन्यापहरण-विवाह

इस प्रकार का विवाह धार्मिक विधिपूर्वक या वर-कन्या के परिवारों के पारस्परिक समझौते के माध्यम से नहीं होता, अपितु वर-कन्या की स्वेच्छा से ही होता है। इसमें अवसर पाकर वर कन्या के संकेत अथवा अपनी सुविधानुसार अपहरण कर विवाह कर लेता है। प्राचीन-साहित्य में इस प्रकार के अनेक उदाहरण मिलते हैं। प०च० में कन्या-हरण करके उससे विवाह करने के भी उल्लेख मिलते हैं। कवि सिंह ने कृष्ण रुक्मिणी के विवाह का वर्णन इसी प्रथा के अन्तर्गत किया है।[11]

(ग) परिवार द्वारा विवाह

वरान्वेषण की प्रथा का उल्लेख भी प०च० में मिलता है। योग्य वर का पता चलते ही तथा वैवहिक-सम्बन्ध की वार्त्ता निश्चित हो जाने पर वधू-पक्ष के लोग वैभव-सम्पन्नता के साथ अपनी कन्या को लेकर वर-पक्ष के

---

1. मनुस्मृति, 3/20-21। 2. मेरिज डिनोट्स दोस इनेक्वीवोकली सेंक्शंड यूनियनस् विच परसिस्ट्स बियांड सेटिसफेक्शन एण्ड दस केम टू अंडरलाइ फेमिली। — मेरिज इन एन्साइक्लोपीडिया ऑफ सोशल साइन्सेस, वाल० 10, पृ० 146। 3. आ०पु०, 15/63-64। 4. प०च० 6/3/9। 5. वही०, 6/3/11-12। 6. वही०, 6/4/8। 7. जातक, 5/126। 8. नायाधम्मकहा, 1/16/122-125। 9. सम०क० 4, पृ० 339। 10. यशस्तिलक०, पृ० 79। 11. प०च०, 2/15/8।

यहाँ पहुँचते थे तथा बड़ी धूमधाम के साथ वर-पक्ष के यहाँ ही विवाह सम्पन्न होता था। प्रद्युम्न और दुर्योधन की पुत्री उदधिकुमारी एवं अन्य कन्याओं के विवाह इसी प्रकार के सम्पन्न हुए दिखाये गये हैं।[1] प०च० में प्रद्युम्न[2] और भानु[3] का विवाह अपनी ममेरी बहिन के साथ भी सम्पन्न होने की चर्चा आई है। इस प्रसंग को देख कर यह विदित होता है कि कवि के समय में ममेरे-फुफेरे भाई-बहिन के वैवाहिक सम्बन्ध हुआ करते थे 7वीं, 8वीं, 9वीं, एवं 10वीं सदी में लिखित संस्कृत-प्राकृत एवं अपभ्रंश-साहित्य में भी इसी प्रकार के अनेक उदाहरण मिलते हैं। प०च० में बहु-विवाह (पोलीगेमी) प्रथा के भी प्रचुर प्रमाण मिलते हैं। प्राप्त उल्लेखों के अनुसार निम्न राजाओं के बहु विवाह हुए थे— प्रद्युम्न का विवाह 500 कन्याओं के साथ हुआ[4] था। इसी प्रकार कृष्ण[5] और राजा कालसंवर[6] की 360-360 रानियाँ थीं। कवि का यह वर्णन नवीन नहीं है। पूर्ववत्ती-साहित्य में भी बहु-विवाह के अनेक प्रमाण मिलते हैं। वरांगचरित में भी बहु-विवाह के अनेक उल्लेख मिलते हैं।[7]

राजकुमारियाँ कभी-कभी अपने मनोनुकूल पति को प्राप्त करने के लिए तपस्या भी करती थीं। विद्याधर मरुद्वेग की पुत्री 'रति' ने राजकुमार प्रद्युम्न की प्राप्ति के लिए कठोर तपस्या की थी।[8] प्रतीत होता है कि इस प्रसंग में कवि को महाकवि कालिदासकृत 'कुमारसम्भव' महाकाव्य से प्रेरणा मिली होगी। जिसके पंचम सर्ग में शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए पार्वती ने कठोर तपस्या की थी। जिस प्रकार पार्वती की तपस्या सफल हुई, उसी प्रकार प०च० में रति की तपस्या भी सफल बतलाई गयी है।

आ. वैवाहिक रीति-रिवाज

महाकवि सिंह ने प०च० में विवाह-विधि का सर्वांगीण वर्णन किया है। उसके अनुसार विवाह का शुभ लग्न निर्धारण, आमन्त्रण, मण्डपाच्छादन, ब्राह्मण-भोज, मंगलवादन, मंगलगान, महिलाओं के गीत एवं नृत्य, वर-वधू का अभिषेक एवं अलंकरण, पारस्परिक मुखावलोकन, अन्तर्वस्त्र-परिवर्त्तन, पाणिग्रहण-संस्कार, दान-दहेज आदि विविध रीति-रिवाजों का सुन्दर वर्णन किया गया है। यहाँ संक्षेप में उन पर प्रकाश डाला जा रहा है—

(क) शुभ लग्न निर्धारण

विवाह-क्रिया सम्पन्न कराने के लिए सर्वप्रथम ज्योतिषियों द्वारा शुभ लग्न दिखलाया जाता था। प्रद्युम्न के विवाह के लिए ज्योतिषी ने शुभयोग में अशुभ-निरोधक-नक्षत्र में लग्न बतलाया है।[9] हर्षचरित में भी विवाह के लिए शुभ-मुहुर्त्त निर्धारित करने का उल्लेख है।[10]

(ख) आमन्त्रण

लग्न के निश्चित हो जाने पर सभी सम्बन्धियों एवं इष्ट मित्रों को निमन्त्रण-पत्र प्रेषित किये जाते थे। प०च० में प्रद्युम्न के विवाह के उपलक्ष्य में देश-विदेश के राजाओं को आमन्त्रित करने के उल्लेख मिलते हैं। इस अवसर पर श्री कृष्ण ने अहंगयाल, चंग, कण्ड, डेसर, कच्छ, सौराष्ट्र, गज्जण एवं विद्याधर-श्रेणी के राजाओं को आमन्त्रित किया था।[11]

(ग) मण्डप

महाकवि सिंह ने प०च० में मण्डप की सजावट का वर्णन बड़े विस्तार के साथ किया है। मण्डप का निर्माण

---

1. प०च०, 14/5/12। 2. वही०, 15/1/10। 3. वही०, 14/8/9। 4. प०च०, 14/5/11। 5. वही०, 1/13/5। 6. वही०, 4/2/7। 7. व०च०, 19/8, 20/40। 8. प०च०, 8/16/7। 9. वही०, 14/2/10। 10. हर्षचरित 4, पृ० 145। 11. प०च०, 14/5/3-10।

बहुमूल्य उपकरणों द्वारा किया गया। स्वर्ण-जटित ठोस-स्तम्भों से मण्डप बनवाया गया। पूर्व भाग की दीवारों को सूर्यकान्त-मणियों, पश्चिम की दीवारों को चन्द्रकान्त-मणियों से सजाया गया। मरकत-मणियों से जटित कलश रखे गये। चारों प्रवेश-द्वार कदली-स्तम्भों से सुनिर्मित किये गये, जिन पर सुरुचि सम्पन्न दिव्य तोरण लटकाये गये तथा चतुर्दिक छत्र, चमर, ध्वजा, दर्पण एवं रंग-बिरंगे दिव्य-वस्त्रों से उन्हें आच्छादित किया गया।[1]

(घ) ब्राह्मण-भोज

विवाह के पूर्व ब्राह्मणों को भोज देने का वर्णन भी प०च० में आया है।[2] इससे प्रतीत होता है कि उस समय शुभ-कार्यों से पूर्व ब्राह्मण-भोज दिया जाता था।

(ङ) ब्राह्मणों द्वारा मंगलगान

वैवाहिक-कार्यों में ब्राह्मणों का महत्वपूर्ण योगदान रहता था। वे विवाह-सम्बन्धी धार्मिक क्रियाएँ, मंगलोच्चार आदि के उत्तरदायित्व का निर्वाह करते थे।[3]

(च) कामिनी-नारियों का गीत एवं नृत्य

विवाह को जीवन का सर्वश्रेष्ठ सुखद-काल माना गया है। रसवन्ती युवती-महिलाएँ आह्लादित होकर विवाह-काल में विविध श्रृंगारिक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर अपने मन की भावनाओं को व्यक्त कर वातावरण को मधुमय बना देती हैं। प०च० में इस प्रकार के गीतों एवं नृत्यों के अनेक प्रसंग प्राप्त होते हैं।[4] प०च० के अनुसार इन अवसरों पर मृदंग, कंसाल, वंसाल, ताल, डक्क आदि अनेक वाद्य बजाये जाते थे।[5]

(छ) वर-वधु का अभिषेक

शुभ मुहुर्त्त में वर-वधु का स्वर्ण-कलशों से अभिषेक[6] किया जाता था। तत्पश्चात् वर-वधु का अलंकरण[7] एवं लग्न आने पर दोनों योग्य आसन ग्रहण करते थे।[8]

(ज) परस्पर-वदनावलोकन

प०च० में विवाह के समय परस्पर वदनावलोकन का वर्णन भी आया है।[9] सम्भवत: यह क्रिया इसलिए आवश्यक थी कि वर-वधू एक दूसरे को ठीक से समझ लें तथा आश्वस्त हो जायें कि उनका विवाह उनके स्वर्णिम-भविष्य के लिये आवश्यक है। यदि कोई भ्रम हो तो उसके निवारण का भी यही समय है और यदि अधिक सन्देह हो तो अभी सम्बन्ध-विच्छेद भी किया जा सकता है, क्योंकि विवाह सम्पन्न हो जाने के बाद सम्बन्ध-विच्छेद सम्भव नहीं था। बौधायन-धर्म-सूत्र में भी इस क्रिया का उल्लेख मिलता है।[10]

(झ) उत्तरीय (चादर) वस्त्र का पारस्परिक परिवर्त्तन

विवाह-मण्डप में परस्पर में उत्तरीय-वस्त्र को बदलने का उल्लेख भी प०च० में मिलता है।[11] इससे प्रतीत होता है कि सम्भवत: उस समय सिले-सिलाये वस्त्रों का प्रयोग बहुत कम किया जाता होगा। उस युग में उत्तरीय एवं अधोवस्त्र (धोती) का अधिक प्रचलन था। वैवाहिक-प्रसंगों में वर-वधू के इस परिवर्तन का उद्देश्य पारस्परिक स्नेह-सम्बन्धों का संस्थापन तथा विश्वास का प्रकाशन ही रहा होगा। वर्तमान युग में भी यह नियम प्रचलित है।

---

1. प०च० 14/4/1-10। 2. वही०, 11/17; 11/21। 3. प०च०, 14/6/1। 4. वही०, 14/4/13, 14/6/5। 5. वही० 14/6/3। 6. वही०, 14/6/9। 7. वही०, 6। 8. वही०, 14/6/10। 9. वही०। 10. धर्मशास्त्र का इतिहास, भाग 1, पृ० 304। 11. प०च०, 14/6/11।

(ट) पाणिग्रहण-संस्कार

पाणिग्रहण संस्कार के समय वर-वधू को एक विशेष वेदिका पर बैठाया जाता था और मन्त्रोच्चार के साथ यह क्रिया सम्पन्न की जाती थी और वर-वधू के लिए सप्त-स्वरों का उच्चारण किया जाता था। प०च० में इस संस्कार का इसी प्रकार उल्लेख हुआ है।[1] प०च० में प्रद्युम्न के पाणिग्रहण के समय बलदेव, कृष्ण का नाम लेकर मनोहर गीत गाये गये[2] और इस प्रकार विविध नेगचार चार दिवस तक चलते रहे।[3]

(ठ) दान-देना

प०च० में विवाह के पश्चात् ब्राह्मणों को दान देने का वर्णन आया है दान में गाय, भवन, स्वर्ण, ग्राम, नगर, हाथी, घोड़ा, रथ आदि का उल्लेख हुआ है[4]। इसके साथ ही दीन-दुखी याचकों तथा वैतालिकों को भी स्वर्ण दान दिया जाता था।[5] आदिपुराण में भी विवाह के अवसर पर दान देने की क्रिया का उल्लेख है।[6] इससे प्रतीत होता है कि विवाह के अवसर पर दान की प्रथा अत्यन्त प्राचीन है जो कवि सिंह के समय तक ज्यों की त्यों विद्यमान थी। उस समय ब्राह्मण को इतना पूज्य माना जाता था कि लोग उसे दान देना अपना परम कर्त्तव्य समझते थे।

(ड) दहेज

दहेज-प्रथा प्राचीन-भारतीय वैवाहिक पद्धति रही है। कवि सिंह ने प०च० में सम्पन्न विवाह प्रसंगों में उसकी पर्याप्त चर्चा की है। इस प्रथा पर विचार करने से विदित होता है कि समृद्धि एवं आत्म-वैभव प्रदर्शन ही इसका मुख्य उद्देश्य था। जटासिंहनन्दि कृत 'वरांगचरित' में भी इस प्रथा का उल्लेख हुआ है।[7] आदिपुराण में इस दहेज को अन्वयिनिक कहा गया है।[8] प०च० में प्रद्युम्न-विवाह के अवसर पर रत्नों सहित कोष, सेना, सेनापति आदि बहुमूल्य सामग्रियों को कुण्डिनपुर के राजा रूपकुमार ने दहेज के रूप में वर-वधु को भेंट की थी।[9]

(इ) नारी

प्राचीन भारतीय-साहित्य रूपी भित्ति पर नारी-जीवन के अनेकों चित्र उत्कीर्ण किये गये हैं, जिन्हें देखकर नारी की महानता का स्पष्ट बोध होता है। वैदिक युग से नारी पुरुष की सहचरी के रूप में मानी गयी है और वह सामाजिक उत्थान में अपना बहुमुखी योगदान देती रही है। ऋग्वेद की ऋचाओं के निर्माण में नारियों ने महत्त्वपूर्ण योगदान किया है[10] फिर भी डॉक्टर पी०वी० काणे के अनुसार उत्तरकाल की नारी की स्थिति वैदिकयुगीन नारी की स्थिति से अच्छी थी।[11] प०च० में कवि ने नारी के विविध रूपों पर अच्छा प्रकाश डाला है। तत्कालीन नारी की सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थिति प्राय: सन्तोषजनक थी। यद्यपि एक ओर उसे बहु-विवाह प्रथा के कारण हीनोन्मुखी बनने के अधिक अवसर प्रदान किये जा रहे थे, तथापि दूसरी ओर वह मात्र भोग्या भी नहीं समझी जाती थी। उसे आत्म-विकास के पर्याप्त अवसर प्राप्त थे।[12] प०च० में नारी के विभिन्न रूपों यथा— कन्या, पत्नी, माता, दासी, वेश्या तथा साध्वी रूपों के भी दर्शन होते हैं।

(1) कन्या

प०च० में 'कन्या' आदर की पात्रा रही है। महाकवि सिंह के युग में कन्या को लक्ष्मी का रूप माना जाता

---

1. वही०, 14/7/5। 2. वही०, 14/7/6। 3. वही०, 14/7/10। 4. वही०, 11/16/11-12। 5. वही०, 14/7/7-8। 6. आ०पु०, 7/268-70। 7. व०च०, 19/21-23। 8. आ०पु० 8/36। 9. प०च०, 15/1/8-10। 10. ऋग्वेद, 8/80/91। 11. धर्मशास्त्र का इतिहास, भाग 1, पृ० 324। 12. प०च०, 6/5, 15/13।

था।[1] माता-पिता कन्या का पालन-पोषण बड़े ही सुव्यवस्थित ढंग से करते थे। उनके लिए धाय नियुक्त रहती थी।[2] माता-पिता के पूर्ण अनुशासन में रहकर वह अपना यथेच्छ विकास कर सकती थी। राजकन्याएँ युवावस्था को प्राप्त होने पर स्वेच्छा से अपने भावी-पति का वरण कर सकती थीं।[3] यद्यपि तत्कालीन समाज के लोगों में कन्याओं के प्रति स्नेह-भावना थी, फिर भी युवावस्था को प्राप्त, सौन्दर्य-युक्त कन्या के अपहरण का उल्लेख भी प्रस्तुत ग्रन्थ में हुआ है।[4] कृष्ण ने रुक्मिणी का अपहरण कर उससे विवाह किया था। किन्तु इस प्रकार की भावना प्राय: राजघरानों तक ही सीमित दिखलायी पड़ती है।

(2) पत्नी

प०च० में पत्नी को गृहिणी[5], घरिणी[6], महादेवी[7], प्रिया[8], प्रियतमा[9] आदि शब्दों से सम्बोधित किया गया है। कवि ने दाम्पत्य प्रेम एवं उनकी विभिन्न क्रियाओं का वर्णन किया है।[10] कर्त्तव्य-शील पत्नी गृहस्थी का केन्द्र-बिन्दु होती थी, क्योंकि उसीकी सहायता से समस्त परिवार धर्म, अर्थ एवं काम का सम्पादन कर पाते थे। पति-पत्नी हृदय से एक-दूसरे को प्रेम करते थे। उसे घूमने-फिरने की पूर्ण स्वतन्त्रता थी। इससे प्रतीत होता है कि परिवार में पत्नी की प्रतिष्ठा थी। वरांगचरित[11] एवं आदिपुराण में भी उसकी प्रतिष्ठा एवं स्वतन्त्रता के वर्णन मिलते हैं।[12] प०च० में पत्नी के रूप में नारियों को पति के साथ-साथ सास-ससुर तथा गुरुजनों के आदर करने की सलाह दी गयी है।[13]

(3) माता

भारतीय-संस्कृति में नारी के माता-रूप को बड़ी श्रद्धा एवं आदर की दृष्टि से देखा जाता रहा है। नारी-जीवन का चरम लक्ष्य मातृत्व की प्राप्ति ही है। प०च० में नारी के जननी-रूप का मार्मिक-चित्रण मिलता है, उसे अनेक शब्दों से अभिहित किया गया है—माउल[14], अम्मि[15], माइ[16], मायरि[17]। मनुस्मृति में माता को पिता से भी सहस्र गुना अधिक पूजनीय माना गया है।[18] आदिपुराण में माता की वन्दना करते हुए उसे तीनों लोकों की कल्याणकारिणी कहा गया है।[19] सुप्रसिद्ध जैन ग्रन्थ 'उपमितिभवप्रपंच कथा' में कहा गया है कि परिवार में माता का स्थान पिता से उच्च था।[20] प०च० में जब राक्षस धूमकेतु प्रद्युम्न का हरण कर ले जाता है, उस समय रुक्मिणी का रुदन पाषण-हृदय को भी पिघला देने वाला सिद्ध होता है। वह दहाड़ मारकर रोती है और चेतनाशून्य हो जाती है, मूर्च्छा टूटते ही वह माथा-धुनती हुई विलाप करती है और कहती है कि--"मेरा हृदय शत-शत खण्ड होकर फट रहा है।" कभी वह हृदय को अपने हाथों से पीटती है, तो कभी गिर पड़ती है, और कहती है "हाय देव, मैं अब पुत्र के बिना जीवित नहीं रह सकती, मैं तो अब जलती हुई चिता में प्रवेश करूँगी। मेरे हृदय को शोकजाल में डुबाकर, हा सुत, हे बाल, तू कहाँ चला गया?"[21] प्रद्युम्न की माता का यह करुण-रुदन हमें वाल्मीकि-रामायण के कौशल्या-रुदन का स्मरण कराता है। जब राम वनवास के लिए चले जाते हैं, तब उनकी माता कौशल्या इसी प्रकार का गगनभेदी रुदन करती है।[22]

(4) दासी

प०च० में नारी के दासी रूप का भी उल्लेख हुआ है।[23] नारी का यह रूप निर्धनता का प्रतीक है।

---

10. वही०, 6/4/9। 2. वही०। 3. वही०, 6/4। 4. वही०, 2/15। 5. वही०, 6/3/3। 6. वही०, 4/17/12। 7. वही०, 11/6/15। 8. वही०, 4/13/11। 9. वही०, 5/11/8। 10. वही०, 3/3, 3/4। 11. व०च०, 1/90-93। 12. आ०पु० 4/76। 13. प०च०, 4/7। 14. वही०, 8/18/1। 15. वही०, 8/18/10। 16. वही०, 9/2/8। 17. वही०, 9/3/7। 18. मनुस्मृति, 2/145। 19. आ०पु०, 13/30। 20. उपमिति भव प्रपंच कथा, पृ० 153। 21. प०च०, 4/5-8। 22. वाल्मीकि रामायण का राम-वन गमन प्रकरण द्रष्टव्य। 23. प०च० 4/4/15।

निर्धनता के कारण वे धनिकों के यहाँ उनकी सेवा-शुश्रुषा कर अपनी एवं परिवार की आजीविका चलाती थीं।

प०च० में दासी के दो रूपों का वर्णन मिलता है—दासी एवं धात्री रूप।

दासी समस्त-परिवारों में व्यक्तिगत परिचर्या के साथ-साथ घर-गृहस्थी के कार्यों को निष्ठा-भाव से करती थीं। प०च० में रुक्मिणी की दासी (लज्जिका) इसी रूप में वर्णित है।[1]

धात्री की नियुक्ति बच्चों के पालन-पोषण के लिए की जाती थी। वे बच्चों की देखरेख, पालन-पोषण, कपड़े पहनना, खेल-खिलाना आदि कार्य करती थीं। इनका स्तर दासियों से ऊँचा होता था।[2] सम्राट अशोक के चतुर्थ स्तम्भ लेख में भी बच्चों के लालन-पालन हेतु धायों की नियुक्ति की चर्चा आती है।[3] इन धायों का स्थान विश्वसनीयता एवं हितैषिता में माता के बाद ही होता था।

(5) वेश्या

प०च० में वेश्या के लिए 'पण्णत्तिय' (पण्य-त्रिया) शब्द का उल्लेख हुआ है।[4] कवि सिंह ने रूपाजीवा वेश्या की तुलना नदी से की है। उसके कथनानुसार नदी और वेश्याएँ विस्तृत और रमणीय होती हैं। दोनों ही मन्थर गति वाली हैं, वेश्याएँ जहाँ स्वच्छ वस्त्र धारण करने वाली हैं, वहीं नदियाँ भी स्वच्छ जल धारण करती हैं। दोनों ही मनुष्यों के मन को हरने वाली हैं, वेश्याएँ तो भुजंग (गुण्डों) के साथ रहती हैं और नदियाँ भुजंग-सर्पों के साथ संग करने वाली हैं।[5] एक अन्य प्रसंग में उन्होंने वेश्याओं को हाव-भाव-रस में निपुण कहा है।[6] इससे प्रतीत होता है कि उस काल में वेश्या-वृत्ति का भी प्रचलन था तथा दुर्भाग्य के मारे अविवाहित-जनों, विधुरों अथवा रसिक जनों का मनोरंजन कर वे समाज में समता वृत्ति उत्पन्न करने में सक्रिय योगदान किया करती थीं।

बाण[7], दण्डी[8] आदि आचार्यों ने भी वेश्याओं के विविध उल्लेख किये हैं।

(6) आर्यिका

महाकवि सिंह के काल में नारी का आर्यिका (साध्वी) रूप अत्यधिक प्रतिष्ठित एवं पूजनीय माना जाता था।[9] जैन-सम्प्रदाय के अनुसार जो महिलाएँ सांसारिक सुख-भोगों से विरक्त होकर दीक्षा धारण करती हैं, वे आर्यिका अथवा साध्वी कहलाती हैं। समाज में नारी के स्वस्थ-विकास एवं अध्यात्म के क्षेत्र में उनकी प्रगति में आर्यिकाओं का रचनात्मक योगदान रहा है। भगवान महावीर ने जिस चतुर्विध संघ की स्थापना की थी, उनमें आर्यिका अथवा साध्वी का द्वितीय महत्वपूर्ण स्थान था।

आर्यिकाओं के त्यागपूर्ण आचार-विचार एवं कठोर तपश्चर्या के विषय में महाकवि सिंह ने अनेक स्थलों पर उल्लेख किए हैं। ऐसे प्रसंगों में राजकुमार प्रद्युम्न की दीक्षा-महोत्सव के उत्सव पर दीक्षा-धारण करने वाली परिवार एवं राज्य की प्रधान महिलाएँ प्रमुख हैं।[10] राजकन्याओं द्वारा दीक्षा-ग्रहण करने का भी उल्लेख उपलब्ध है।[11] इतना ही नहीं, निम्न जाति की कन्याओं के दीक्षा एवं तपश्चर्या के वर्णन भी उक्त ग्रन्थ में द्रष्टव्य है।[12] प०च० में श्रमण धर्म का पालन करने वाली स्त्रियों के संघ का भी उल्लेख है और वह उस संघ की प्रधान गणिनी कहलाती थी।[13] आचार्य हरिभद्र (8वीं सदी) ने भी अपनी समराइच्चकहा में साध्वी संघ की प्रधान को गणिनी की संज्ञा प्रदान की है।[14]

---

1. प०च० 4/4/15। 2. वही०, 6/4/9, 8/19/4, 9/1/17। 3. प्रियदर्शी अशोक का चतुर्थ स्तम्भ-लेख। 4. प०च०, 1/8/10, 1/10/3। 5. वही०, 1/8/9-10। 6. वही०, 1/10/13। 7. हर्षचरित 2, पृ० 75। 8. दशकुमारचरित 2, पृ० 66-68। 9. प०च०, 9/5/7। 10. वही०, 15/21/15। 11. वही०, 6/5/6। 12. वही०, 9/11/2। 13. वही०, 9/11/1। 14. सम०क०, 2, पृ० 104 तथा 7, पृ० 613।

(8) राजनैतिक-सन्दर्भ

प०च० चूँकि राजतन्त्रीय-प्रणाली में पोषित एक नायक से सम्बन्धित महाकाव्य है, अत: उसमें प्रसंगवश कुछ राजनैतिक सामग्री भी उपलब्ध होती है। यह सच है कि शान्त-रस प्रधान एक पौराणिक-महाकाव्य होने के कारण उसमें राजनीति के पूर्ण तथ्यों का समावेश नहीं हो पाया है और कथा-नायक प्रद्युम्न जन्मकाल से ही अपहृत होकर युवा-जीवन के बहुल-काल तक संघर्षों से जूझता हुआ इधर-उधर भटकता रहा। इस कारण इस ग्रंथ में उसके संघर्षों एवं युद्धों की चर्चा ही अधिक हुई है, फिर भी प्रसंग-प्राप्त-अवसरों पर प०च० में जिन राजनैतिक तथ्यों के उल्लेख प्राप्त होते हैं, वे निम्न प्रकार हैं—

(क) शासक-भेद

(1) राजा

प्रभुसत्ता में हीनाधिकता के कारण राजाओं की परिभाषा में भेद किया गया है। इसीलिए प०च० में राजाओं के लिए चक्रवर्ती (4/10/14), अर्द्ध-चक्रवर्ती (10/16/5), माण्डलिक (6/11/1), नराधिप (14/5/5), नरनाथ (14/5/11), नरपति (13/5/14), नरेन्द्र (13/5/14) जैसे विशेषणों के प्रयोग किये गये हैं।

आदिपुराण[1] के अनुसार चक्रवर्ती वह राजा कहलाता था जो छह खंडों का अधिपति होता था और बत्तीस हजार राजा जिसके अधीन होते थे। कवि सिंह ने भी चक्रवर्ती की यही परिभाषा दी है[2] तथा पोदनपुर नरेश को चक्रवर्ती एवं महाराज श्रीकृष्ण को अर्द्धचक्रवर्ती (10/16/5), के नाम से अभिहित किया है। अर्द्ध-चक्रवर्ती को उन्होंने तीन खण्डों का अधिपति बतलाया है।[3] नराधिप, नरपति, नरनाथ, नरेन्द्र एवं राजा, ये शब्द पर्यायवाची हैं। कवि के द्वारा वर्णित राजाओं के निम्न कार्यों पर प्रकाश पड़ता है—

(1) शत्रु राजाओं को पराजित करके भी वे उन्हें क्षमा प्रदान कर देते थे।[4]

(2) इच्छानुसार पर-नारियों का अपहरण कर लेते थे[5] एवं

(3) विजेता राजा अपने अधीन राजाओं को विजयोत्सव के समय बुलाता था।[6]

(2) माण्डलिक

आदिपुराण के अनुसार माण्डलिक वह राजा कहलाता था, जिसके अधीन चार सौ राजा रहते थे। किन्तु आगे चलकर संभवत: यह परम्परा परिवर्तित हो गयी और माण्डलिक वह कहलाने लगा, जो किसी सम्राट या अधिपति के अधीन रहकर एक मण्डल अथवा एक छोटे से प्रान्त के शासक के रूप में काम किया करता था। कवि सिंह ने माण्डलिक को भृत्य कहा है, इसका तात्पर्य यही है कि वह किसी सम्राट द्वारा नियुक्त, उसके राज्य के प्रदेश-विशेष के एक शासक के रूप में यथा-निर्देशानुसार कार्य किया करता था तथा जिसका सुनिश्चित शर्तों के अनुसार उसे भुगतान मिलता था। महाकवि सिंह ने अपनी आद्य-प्रशस्ति में 'भुल्लण' को बम्हणवाडपट्टन का भृत्य (1/4/10) कहा है, जो बल्लाल नरेश का माण्डलिक था। प०च० में वटपुर के राजा कनकरथ को भी कवि ने माण्डलिक (6/11/1) कहा है।

(3) सामन्त

कवि ने प०च० में सामन्त (6/10/4, 6/14/5, 6/18/1) शब्द का भी उल्लेख किया है, जो शासकों की एक

1. आ०पु० 6/196। 2. प०च०, 4/10/14। 3. वही०, 1/12/10। 4. वही०, 6/16/3। 5. वही०, 6/16/10। 6. वही०, 6/16/11।

बहुत छोटी इकाई थी। कवि सिंह ने सामन्तों का जिस ढंग से वर्णन किया है, उससे निम्न तथ्यों पर प्रकाश पड़ता है—

1. सामन्तगण अपने अधिपति राजा के आज्ञापालक होते थे।
2. वे अपने राजाओं के इतने पराधीन रहते थे कि माँगे जाने पर अपनी रानियाँ भी उन्हें समर्पित करने को बाध्य हो जाते थे। तथा
3. मनोनुकूल कार्य करने पर अधिपति राजा विशेष अवसरों पर वस्त्राभूषण प्रदान कर सम्मानित करते थे।

(ख) राज्य के प्रमुख अंग

(1) **मन्त्री**—मानसोल्लास[1] में राज्य के 7 अंगों में से अमात्य अथवा मन्त्री को प्रमुख स्थान दिया गया है। महाकवि विबुध श्रीधर (12वीं सदी) ने अमात्य को स्वर्गापवर्ग के नियमों को जानने वाला[2], स्पष्टवक्ता[3], नयनीति का ज्ञाता[4], वाग्मी[5], महामति[6], सदुगुणों की खानि[7], धर्मात्मा[8] सभी कार्यों में दक्ष, सक्षम[9] एवं धीर[10] कहा है। कवि सिंह ने भी अमात्य के इन्हीं गुणों को प्रकाशित किया है।[11] प०च० में उल्लिखित ऐसे अमात्यों अथवा मन्त्रियों में सुमति नामक मन्त्री (6/16/7) का नाम उल्लेखनीय है।

(2) **सेनापति**—कवि सिंह ने युद्ध प्रसंगों में सेनापति (6/9/7, 15/2/1) का नामोल्लेख किया है। क्योंकि उसमें उसका ही विशेष महत्व होता है। जय अथवा विजय उसी की कुशलता, चतुराई, दूरदर्शिता एवं मनोवैज्ञानिकता पर निर्भर करती है। अत: राजा किसी अनुभवी योद्धा को ही सेनापति नियुक्त करता था और सम्भवत: उसे अमात्य की श्रेणी का सम्मान दिया जाता था। युद्ध घोषणा के पूर्व राजा मन्त्रियों के साथ-साथ सेनापति से सलाह लेकर ही युद्ध-घोषणा करता था। कवि ने सेनापतियों के नामों के उल्लेख नहीं किए, किन्तु युद्ध प्रसंगों में उसने सेनापतियों को पर्याप्त महत्व दिया है।[12]

(3) **तलवर**—राज्य में शान्ति एवं शासन-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तलवर (वर्तमान कोतवाल) के पद को महत्त्वपूर्ण बताया गया है। वह राजा का विश्वासपात्र होता था। प०च० के उल्लेखों से ध्वनित होता है कि उसकी सलाह के अनुसार ही राजा किसी को दण्डित करने अथवा पुरस्कृत करने का अपना अन्तिम निर्णय करता था। प०च० के एक प्रसंग के अनुसार परदारा-गमन करने वाले एक व्यक्ति को पकड़कर जब तलवर उसे राजा के सम्मुख प्रस्तुत करता है[13], तब राजा उसे शूली पर लटका देने का सीधा आदेश दे देता है।[14]

(4) **दूत**—शासन-व्यवस्था के लिए राजा विविध प्रकार के दूतों की नियुक्ति करता था। ये दूत अत्यन्त विश्वस्त, कर्त्तव्य-निष्ठ एवं कुशल होते थे। प्राचीन साहित्य में वर्णित दूतों की विशेषताओं का समाहार करना चाहें तो उन्हें निम्न प्रकार विभक्त किया जा सकता है[15]—

1. **व्यक्तिगत गुण**—मनोहरता (सौजन्य), सुन्दरता (आकर्षक व्यक्तित्व), आतिथ्य भावना, निर्भीकता, वाक्पटुता, शालीनता, तीव्र स्मरण शक्ति एवं प्रभावशाली वक्तृत्व शक्ति।
2. **सन्धिवार्ता से सम्बद्ध गुण**—कुशल सूझ-बूझ, शान्ति, धैर्य वृत्ति एवं प्रत्युत्पन्नमतित्व।
3. **सुविज्ञता**—विविध भाषाओं का ज्ञान और परिग्राहक राष्ट्र की प्रथाओं एवं परम्पराओं से परिचय आदि।

---

1. मानसोल्लास, अनुक्रम 20। 2. वड्ढमाणचरिउ, 3/7/6। 3. वही०, 3/7/14। 4. वही०, 3/8/5। 5. वही०, 3/9/12। 6. वही०। 7. वही०, 3/9/13। 8. वही०, 3/12/11। 9. वही०, 3/12/9। 10. वही०, 3/12/11। 11. प०च०, 6/12/13। 12. वही०, 6/9/7। 13. वही०, 7/3/2। 14. वही०, 7/3/6। 15. दे० राजनय के सिद्धान्त : डॉ० गान्धी जी राय (पटना, 1978), पृ० 180-81।

4. अपनी सरकार के प्रति मनोवृत्ति—निष्ठा,

कौटिल्य-अर्थशास्त्र में तीन प्रकार के दूत बताये गये हैं— (1) निसृष्टार्थ, (2) परिमितार्थ एवं (3) शासनहर[1]।

कवि सिंह ने इनमें से शासनहर नामक दूत का उल्लेख किया है। इस कोटि के दूत आवश्यकता पड़ने पर शत्रुदेश के प्रमुख राजपुरुषों से येनकेन-प्रकारेण सम्बन्ध जोड़कर उनकी अन्तरंग बातों की जानकारी प्राप्त करने के प्रयत्न किया करते थे, साथ ही वे राजा के गुप्त-सन्देशों को भी यत्र-तत्र प्रेषित किया करते थे। प०च० में उल्लिखित दूत राजा मधु का सन्देश लेकर उसके शत्रु शाकम्भरी नरेश भीम के पास इस उद्देश्य से पहुँचता है कि निरपराध सैनिकों की हत्या के पूर्व ही यदि दोनों पक्षों में शान्ति-समझौता हो सके तो उत्तम है। इस प्रसंग में देखिए, उसका वर्णन किस प्रकार किया गया है। कवि कहता है—"वह दूत राजा भीम के पास इस प्रकार पहुँचा—मानों रौद्र-समुद्र में से मकर ही उछल पड़ा हो (6/13/11-12)।" विवाह का निमन्त्रण भी दूत के द्वारा ही भेजा जाता था। उसे कवि ने 'हक्कारा' (वर्तमान हल्कारा, 14/3/17) कहा है। इसी प्रकार दुर्योधन ने कृष्ण के पास जिस व्यक्ति के द्वारा अपना लेख भेजा, उसे कवि ने 'लेखधारी' (3/9/11) के नाम से अभिहित किया है। विशेषण कुछ भी हों, वस्तुतः वे सभी शासनहर दूत की कोटि के ही दूत हैं।

(ग) युद्ध

कवि का सैन्य-प्रकार एवं युद्ध-विद्या सम्बन्धी ज्ञान

कवि सिंह ने प०च० में युद्ध वर्णन के प्रसंगों में विविध प्रकार की शब्दावलियों के प्रयोग किए हैं, जिनसे प्रतीत होता है कि वह युद्ध-विद्या का अच्छा ज्ञाता था। उसकी शब्दावलियों मे से अच्छोह (3/2/5), कटक (2/14/6), सण्णाह (2/15/12), कण्णिय (2/17/9), सडंगु (13/14/8), स्कन्धावार (6/12/8), चतुरंगिणी सेना (6/14/1) एवं चमु (12/28/11) के शब्द-प्रयोग प्रमुख हैं। इनसे कृष्ण एवं शिशुपाल युद्ध (2/17-20), राजा मधु एवं भीम-युद्ध (6/14-15), प्रद्युम्न एवं कालसंवर युद्ध (9/17-23), प्रद्युम्न एवं कृष्ण (12/25-28, 13/1-13) के युद्ध-वर्णनों से भी हमारे उपर्युक्त अनुमान का समर्थन होता है।

शस्त्रास्त्र

अनादिकाल से ही मानव अपने अस्तित्व की सुरक्षा के लिए विविध प्रकार के संघर्षों को करता आया है। सम्भवतः इसीलिए नृतत्त्व-शास्त्र की एक परिभाषा के अनुसार हथियारों के विधिवत् प्रयोग करने वाले को मानव कहा गया है। सिन्धु-घाटी में जब खुदाई की गयी तो उसमें विविध प्रकार के आभूषण, आलेख, मुहरें एवं भवन सम्बन्धी सामग्री के साथ-साथ विविध प्रकार के हथियारों की भी उपलब्धि हुई है। इससे हथियारों के अस्तित्व पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। वैदिक काल में धनुर्विद्या को अत्यधिक महत्त्व दिया गया है, इसीलिए उसे धनुर्वेद की संज्ञा प्रदान की गयी। उसी समय से लोहे के प्रयोग के उदाहरण भी मिलते हैं। वहाँ धनुष को कोदंड, सारंग, इषु, कार्मुक जैसे नामों से सम्बोधित किया गया है। इतना ही नहीं, उसके "इषुकृत" एवं "इषुकार" जैसे शब्द-प्रयोगों से पता चलता है कि उस समय धनुष-बाणों के निर्माण करने सम्बन्धी उद्योग- धन्धे भी पर्याप्त

---

1. कौटिल्य अर्थशास्त्र 11/15/1, पृ० 59।

मात्रा में प्रचलित हो गये थे। यूनान के सुप्रसिद्ध इतिहासकार "हेरोडोटस" ने लिखा है कि ई० पूर्व 5वीं सदी में फारस की सेना में भारतीयों का भी एक दल सम्मिलित था, जो धनुष-बाण चलाने में अत्यन्त कुशल माना जाता था।[1] कौटिल्य ने बाणों के साथ अन्य अनेक हथियारों के भी उल्लेख किये हैं। महाभारत, जो कि युद्ध-विद्या का एक महान् ऐतिहासिक ग्रन्थ-रत्न है, उसमें भिन्दिपाल, शक्ति, तोमर, नालिका जैसे अनेक हथियारों के उल्लेख मिलते हैं। शस्त्रास्त्रों की यह परम्परा परवर्ती कालों में उत्तरोत्तर विकसित होती रही।

कवि सिंह ने सम्भवतः पूर्व-साहित्यावलोकन तो किया ही, साथ ही उसे समकालीन प्रचलित युद्ध-सामग्री की भी जानकारी थी, क्योंकि प०च० में कवि ने प्राच्यकालीन युद्ध-सामग्री के साथ-साथ समकालीन अनेक शस्त्रास्त्रों के उल्लेख किये हैं। विविध बाणों, सिद्धियों एवं विद्याओं के प्रकार भी उसमें उल्लिखित हैं। इनकी वर्गीकृत सूची यहाँ प्रस्तुत की जा रही है—

चुभने वाले हथियार— खुरुप्प (2/11/9), कुन्त (6/10/7), बल्लम (6/10/7), भाला (2/17/9)।

काटने वाले हथियार— खड्ग (4/17/7, 6/10/7, 8/5/8), रथाङ्गचक्र (2/19/16), चक्र (1/12/9)।

चूर-चूर कर डालने वाले अथवा भयानक मार करने वाले हथियार— शैल (2/17/12), सब्बल (2/17/10), शूल (2/17/10), मुद्गर (2/16/4), घन (6/10/8)।

दूर से फेंके जाने वाले अस्त्र— मोहनास्त्र (13/12/2), दिव्यास्त्र (13/12/8), आग्नेयास्त्र (13/13/1), वारुणास्त्र (13/14/1), गिरिंदु-अस्त्र (9/20/9), तमप्रसारास्त्र (9/20/11), नागपाश (2/20/7), हलप्रहरणास्त्र (2/7/12), प्रहरणास्त्र (13/12/1)।

विविध प्रकार के बाण— पंचाणणु-बाण (2/15/9), धोरणिबाण (2/18/7), कणियबाण (2/20/6), दिव्यधनुष (9/20/8), शुक्लबाण (9/20/8), इक्षुकोवंड (11/3/7), भुसुंढि (9/13/2)।

दैवी सिद्धियाँ—

विद्याएँ— प्रज्ञप्ति-विद्या (10/17/3), गृहकारिणी-विद्या (8/5/14), सैन्यकारिणी-विद्या (8/5/14), जयसारी-विद्या (8/14/6), इन्द्रजाल-विद्या (8/14/7), आलोचनी विद्या (9/17/4)।

शक्तियाँ— तीन बुद्धियाँ एवं तीन शक्तियाँ (6/8)। कवि ने इनके नामों के उल्लेख नहीं किये हैं।

(9) आजीविका के साधन

(1) कृषि एवं अन्य उत्पादन

अनुकूल प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण कृषि-कर्म भारत के उत्पादन एवं धनार्जन का प्रमुख साधन रहा है। वैदिक काल से मध्यकाल तक प्रायः यही स्थिति देखने को मिलती है। प०च० के अध्ययन से उसका पूर्ण समर्थन होता है। उसमें कृषि के उत्पादनों से विविध प्रकार की धान, दालें, तिलहन, ईख एवं विभिन्न फलों की चर्चा की गयी है। धान की कोटियों में कवि ने विशेष प्रकार से कमलशालि धान (1/7/4) का उल्लेख किया है। किन्तु आश्चर्य का विषय यह है कि उसने गेहूँ एवं चने जैसे प्रधान-खाद्य पदार्थों के उपज की चर्चा नहीं की। विश्लेषण करने पर इस तथ्य से हमारे उस अनुमान का समर्थन अवश्य होता है कि कवि दक्षिण-भारत का कहीं का निवासी

---

1. भारत के प्राचीन शस्त्रास्त्र और युद्ध कला, (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद, 1964), नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित, पृ० 5।

रहा होगा, जिसका कि प्रधान भोजन चावल, दाल एवं चावल से बने अन्य पदार्थ रहे होंगे। इस विषय में यह ध्यातव्य है कि कवि ने प०च० में भोज्य-पदार्थों में मोयय (इमली का रस. 11/21/9) एवं नारियल (15/3/12) के उल्लेख किये हैं, जो कि दक्षिण-भारत में आज भी सहभोजी पदार्थों में प्रमुख हैं।

कवि ने विविध कोटि के फलों के नामोल्लेख किये हैं, जिनकी ससन्दर्भ-चर्चा भूगोल-प्रकरण में की जायगी। इनको देखने से ऐसा विदित होता है कि इन उत्पादित फलों का स्थानीय-जन तो उपयोग करते ही होंगे, सम्भवत: उनका निर्यात भी किया जाता रहा होगा। प०च० में केला (3/7/4), उच्छु (1/7/7), एवं इक्षुरस (1/7/7), की भी चर्चा की गयी है। इससे बनी हुई शर्करा का भी उल्लेख किया गया है, जिससे विविध प्रकार के सुस्वादु मोदक (12/3/7), पानक (शरबत 15/3/12), आदि तैयार किये जाते थे। ये वस्तुएँ उस समय के लोगों की आजीविका के प्रधान साधन थे।

(2) वाणिज्य

आय के साधनों में दूसरा स्थान वाणिज्य का आता है। कवि ने प०च० में नगर वर्णन के प्रसंग में समृद्ध बाजारों (1/10/5), एवं हाटों (11/11/12) की चर्चा की है। इनसे यह स्पष्ट होता है कि कवि-काल में वाणिज्य की स्थिति सन्तोषजनक थी। कवि ने बताया है कि द्वारावती के बाजार वस्त्रों (11/12/2), बर्त्तनों (11/12/2), लौह-भांडों (11/12/2), स्वर्ण-भांडों (11/12/1), कुम्भ-भांडों (11/5/14, 11/12/1) एवं खिलौनों (मणि-निर्मित-खिलणउ, 7/12/10) से भरे रहते थे। एक स्थल पर कवि ने वणियारा (10/10/3, 10/10/6) शब्द का प्रयोग किया है, जिसका अर्थ 'बनजारा' होता है। ये लोग आयातक एवं निर्यातक-व्यापारी के रूप में कार्य किया करते थे (10/10/6)। प०च० में हय, गज, एवं वसह (बैल) के बाजारों की भी चर्चा की गयी है (11/12/2)। प्रतीत होता है कि पशुओं के ये बाजार गाँवों अथवा नगरों के बाहर भरे जाते होंगे।

(3) लघु उद्योग धन्धे

आजीविका के तीसरे साधन हैं लघु उद्योग धन्धे। कवि ने यद्यपि उनका स्पष्ट उल्लेख नहीं किया, फिर भी कवि के प्रासंगिक-उल्लेखों से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि निम्न उद्योग-धन्धे उस समय प्रचलित रहे होंगे—

(क) **वस्त्रोत्पादनोद्योग**— जिसमें पुरुषों एवं महिलाओं के प्रतिपट्ट एवं नेत (–रेशमी 1/10/5) वस्त्रों का उत्पादन होता है।

(ख) **बर्त्तनोद्योग**— जिसमें स्वर्णकलश (8/21/2), मणिकलश (3/3/3), स्वर्णथाल (11/21/2) जैसे कीमती बर्त्तनों तथा अन्य धातुओं के बर्त्तनों का निर्माण किया जाता था।

(ग) **आभूषणोद्योग**— प०च० में विभिन्न प्रकार के स्वर्णाभूषणों के नाम मिलते हैं, जो उस समय के स्वर्णकार निर्मित किया करते थे। इस प्रकार के आभूषणों में केयूर (1/13/4, 1/14/2), हार (1/13/4, 1/14/2, 3/13/10), कुण्डल (1/13/4), कंकण (कंगन–1/13/4), णेउर (नूपुर 1/13/5), मउड (मुकुट–1/14/2, 5/8/13, 14/15/7), मोत्तियदाम (मुक्तामाला–5/13/8), रयणावली (रत्नावली–6/4), झुमुक्क (झुमका–10/2/6), अँगुलीउ (मुद्रिका–11/2/9) कडिसुत्त (कटिसूत्र–14/15/7)।

(घ) **वस्त्र-सिलाई उद्योग**— जिसमें तम्बू (2/14/8) एवं उल्लोवया (–चंदोवा–10/2/8), की विशेष रूप से

सिलाई की जाती थी। इनके अतिरिक्त अन्य दैनिक जीवन के उपयोग में आने वाले वस्त्रों की भी सिलाई की जाती थी।

(ङ) **काष्ठ, लौह एवं आयुध-निर्माण**— जिसमें वाद्य-सामग्री तथा रथ (2/13/8), शिविका (2/14/3), कृषि के औजार, साँकल (11/4/6), लोहे के बर्त्तन (11/21/1), कचउ (कवच 12/25/8), वक्खर (2/14/10) हल एवं युद्ध सम्बन्धी अनेक आवश्यक आयुध-वस्तुओं का निर्माण होता था।

(च) **चर्मोद्योग**— मृगचर्म (11/7/9) के साथ-साथ अन्य चर्म-वस्तुएँ तैयार की जाती थीं।

(छ) **पशुपालन**— समाज के कुछ लोग गाय, भैंस (1/7, 15/6/1) एवं अन्य जानवरों को पालते-पोसते थे तथा उनके व्यापार से एवं उनके घी, दूध एवं दही से अपनी आजीविका चलाते थे।

(ज) **भवन-निर्माण सम्बन्धी सामग्री का निर्माण**— इसके अन्तर्गत भवन-निर्माण सम्बन्धी विविध सामग्रियों का निर्माण होता था। उसमें ईंट, रंग एवं चूना (छूहपंकय 15/3/14) आदि प्रमुख हैं। कवि सिंह ने चूने को छोड़कर अन्य सामग्रियों का उल्लेख नहीं किया है, किन्तु उसने विविध भवनों एवं मन्दिरों के उल्लेख अवश्य किये हैं। चूँकि वे ईंटों द्वारा ही निर्मित होते थे, अत: ईंटों का निर्माण तथा साज-सज्जा के लिए चित्र-विचित्र रंगों का निर्माण अवश्य होता रहा होगा।

(झ) **प्रसाधन-लेप-सामग्री उद्योग**— कवि सिंह ने प्रसंग वश प्रसाधन-सामग्रियों का भी उल्लेख किया है—इनमें घणसारु (कर्पूर, 2/11/10, 4/5/7), चंदणु (3/1/13), घुसिण (चन्दन, 3/13/7), गोसीरह (4/5/7), कुंकुम (6/17/9), मयणाहि (कस्तूरी, 4/10/6, 1/14/3), जाइफल (3/5/11), वंदइं (सिन्दूर, 3/1/13), अंजन (3/2/10), दप्पण (दर्पण, 1/16/7) सोने-चांदी के स्तवक मिश्रित चन्दन के लेप (15/3/3) प्रमुख हैं।

(4) खनिज-पदार्थ

राष्ट्र के आर्थिक-विकास में खनिज-सम्पदा बहुत उपयोगी मानी गयी है। इसीलिए मानसोल्लास[1] में उसे राज्य का एक प्रधान अंग माना गया है। प०च० में कवि ने अनेक प्रकार के खनिज-तत्त्वों की सूचना दी है, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं— सोना (–कणय–1/10/5), विविध प्रकार के रत्न (4/10/5), पविमणि (हीरा-2/16 11), मरगयमणि (–मरकतमणि-2/10/8), लौह (11/2/1) एवं तंब (ताम्र-9/20/13)। इनसे जन-जीवन में उपयोग आने वाली अनेक उपयोगी वस्तुओं का निर्माण होता था। इस कारण ये भी लोगों की आजीविका के मुख्य साधन थे।

(5) क्रय-विक्रय के माध्यम

प्राचीन काल में क्रय-विक्रय वस्तुओं के पारस्परिक विनिमय के माध्यम से किया जाता था, जिसे अंग्रेजी में बार्टर-सिस्टम कहा गया है। कवि ने प०च० में इस माध्यम की कोई सूचना नहीं दी। उसके अनुसार वस्तुओं के क्रय-विक्रय का माध्यम दीणार (11/13/13) एवं सिक्के (10/18/9) थे।

(6) राज्य-कर

प०च० में सुक्क (10/10/4) एवं कर (4/14/11) के उल्लेख भी मिलते हैं। इससे विदित होता है कि राजागण अपने राज्य की शासन-व्यवस्था चलाने के लिए लोगों से विविध प्रकार के कार्यों एवं व्यापारों पर कर (टैक्स) वसूल किया करते थे। कवि ने इनके प्रकार अथवा दरों की चर्चा नहीं की।

---

1. मानसोल्लास, अनुक्रम 20।

(10) सांस्कृतिक सामग्री

(क) मनोरंजन-संगीत, उत्सव, क्रीड़ाएँ एवं गोष्ठियाँ

जीवन-विकास के लिए मनोरंजन उतना ही आवश्यक है, जितना जीवित रहने के लिए अन्न-जल। मनोरंजन से जीवन की नीरसता को दूर किया जाता है तथा नवीन स्फूर्ति, प्रेरणा, उत्साह एवं नया जीवन प्राप्त किया जाता है। महाकवि सिंह ने प०च० में पात्रों एवं पाठकों की नीरसता को दूर करने के लिए ही मानों कुछ मनोरंजन सामग्री प्रस्तुत की है, जिसका वर्गीकरण निम्न प्रकार किया जा सकता है।

(1) संगीत — गीत, नृत्य, नाटक एवं वाद्य

कवि के कलात्मक विनोदों में जन्मोत्सव एवं विवाहोत्सवों के अवसरों पर विविध मंगलगीत (1/14/6, 3/13/11, 9/6/8, 13/15/10 14/5/6), सट्टक-नृत्य (15/3/10), मयूर-नृत्य (15/3/15), ताण्डव-नृत्य (14/20/10), तथा विविध वाद्य-वादनों के उल्लेख प्रधान हैं। उसने विभिन्न प्रसंगों में इन वाद्यों के उल्लेख किए हैं। जैसे— पडह (1/11/10), पडुपडह (2/16/1), तूर (2/1/2), अडूर (2/1/2), तुरि (2/15/9), भेरी (2/16/1), डुक्क (11/23/10), ढक्क (6/10/1), करड (11/23/9), काहल (11/5/11), कंबु (13/16/10), कंसाल (11/23/9), ताल (13/16/11), मुअंग (मृदंग- 11/23/9) वणिताल (11/23/9), वीणा (11/23/9), एवं डक्क (13/16/12)। उक्त वाद्यों के प्रकार एवं संख्या देखकर उस समय के संगीत के उपकरणों की समृद्धि का अनुमान सहज रूप में लगाया जा सकता है।

(2) क्रीड़ाएँ, उत्सव एवं गोष्ठियाँ

क्रीड़ाओं में—जलक्रीड़ा (6/17/9), विमान-क्रीड़ा (15/5/10), अश्वारोहण (14/18/11), एवं नाट्य-क्रीड़ा (15/3/10), कुक्कुट-क्रीड़ा (14/16/4-6), सारिपास द्वारा द्यूत-क्रीड़ा (14/15/10), सैन्य-प्रदर्शन-क्रीड़ा (14/15/10), एवं हिंदोला क्रीड़ा (-झूला 15/3/5) **उत्सवों में**— छट्ठी (3/13/11), वसन्तोत्सव (6/16/12-17, 6/17), स्वयंवरोत्सव (6/17), युवराज-पदोत्सव (7/15/4, 13/17/15), नन्दीश्वर-व्रतोत्सव (15/5/9), पाणिग्रहणोत्सव (14/2-7), तथा **गोष्ठियों में**—प्राकृत काव्य गोष्ठी (15/3/16-17) के नाम प्रमुख हैं।

(ख) भोजन-पान

भोजन-पान के द्वारा शरीर की पुष्टि के साथ-साथ मन एवं मस्तिष्क का संवर्धन भी होता है। भोजन पर ही हमारे विचार एवं क्रिया-कलाप निर्भर रहते हैं। भोजन के गुण- अवगुण के अनुरूप ही विचारों का भी निर्माण होता है। आहार की शुद्धता से मन शान्त एवं शुद्ध रहता है। भारतीय-संस्कृति में भोजन-पान का महत्व वैदिक-काल से ही चला आ रहा है। तैत्तरीय-उपनिषद में तो उसे सर्वौषधि कहा गया है।[1]

प०च० में भी भोजन-सामग्रियों का उल्लेख हुआ है। उसमें कहा गया है कि शास्त्रोक्त विधि के अनुसार पवित्र भोजन करना चाहिए। उसमें उपलब्ध भोजन-सामग्री का वर्गीकरण चार प्रकार से किया जा सकता है। (1) अशन, (2) स्वाद्य, (3) पान एवं (4) अवलेह।

(1) **अशन** के अन्तर्गत वह खाद्य-सामग्री आती है, जो जीवित रहने के लिए आवश्यक है। इसमें गेहूँ, चना, चावल आदि से निर्मित भोजन आता है। इस प्रकार की खाद्य-सामग्री में केवल कूलु (भात 1/21/4), दाल

1. तैत्तरीय उपनिषद्, 2/2।

(11/21/5), मांड (11/21/9) के ही उल्लेख मिलते हैं।

(2) **स्वाद्य-पदार्थों में**— ताम्बूल (1/14/4, 3/2/9), लवंग (3/1/5), मोदक (12/3/7), खाजा (11/21/9), श्रीखण्ड (11/21/9), खीर (11/21/9), कंकेलि (3/1/5), आम्र (3/7/5), द्राक्षा (3/1/5), सूवारु (11/21/6), णालिएर (15/3/12), आउलं (आमला, 10/6/9) तिल (14/16/14), फणिस (पनस, 3/7/4), नारंगी (10/6/6) एवं दही (15/3/13) और

(3) **पेय-पदार्थों में**— पानक (नारियल+द्राक्षा, 15/3/12), (शर्करा + केला 15/3/12), (दही + कर्पूर 15/3/13), एवं (शर्करा + दुग्ध 15/4/6), दूध (1/7/9-11), गुडरस (11/21/9), इक्षुरस (1/7/7) एवं मदिरा (11/19/11) तथा—

(4) **अवलेह में**— मोय (इमली की चटनी, 11/21/9), रसायन (15/14/10) एवं हरड़ (10/6/9), प्रधान पदार्थ हैं।

(ग) जैन दर्शन, सिद्धान्त, आचार, योग, अध्यात्म एवं व्रत

प०च० एक पौराणिक महाकाव्य है। उसमें कथा नायक के जीवन-चरित का विश्लेषण ही कवि का प्रमुख उद्देश्य है, फिर भी उसने जैनदर्शन, सिद्धान्त, आचार, अध्यात्म एवं पुनर्जन्म की चर्चा के भी कुछ प्रसंग उपस्थित किये हैं। इनमें मुनि सात्यकि और विप्र-पुत्र अग्निभूत एवं मरुभूति के बीच द्वादशानुप्रेक्षाओं के साथ-साथ पाँच अणुव्रतों, तीन गुणव्रतों एवं चार शिक्षाव्रतों की उपदेश-चर्चा (4/15-17, 5/1-8), मुनि अरिंजय द्वारा धर्माधर्म-चर्चा (5/13-14), मुनि त्रिगुप्ति (6/6/1) एवं मुनि शुभ द्वारा दीक्षा वर्णन (6/8/9), मुनि विमलवाहन (7/4) तथा मुनि उदधिदत्त द्वारा प्रद्युम्न और रूपिणी के भवान्तर-वर्णन (9/4—15) एवं तीर्थंकर नेमिनाथ द्वारा तत्वचर्चा (15/11—20) आदि प्रमुख हैं।

इन प्रसंगों में कवि की **जैन दार्शनिक शब्दावलियों में** — सप्तभंगी (4/11/11), पदार्थ (15/11/12)। **सैद्धान्तिक शब्दावलियों में** — सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रय (5/14/4), जीवादि नवपदार्थ (15/11/12), षट्लेश्या (14/9/15), बन्ध एवं मोक्ष (14/9/14), मार्गणा (15/11/9), केवलज्ञान (15/13/2), परमेष्ठि (4/11/5), असंज्ञी (5/12/6), द्रव्य (15/17/10), तत्त्व (15/18/3), **आचारात्मक शब्दावलियों में**— निर्ग्रन्थ (5/9/3), दशलक्षण धर्म (5/15/5), परीषह (7/6/2), समवृत्ति (7/5/4), पंचमहाव्रत (7/5/6), द्वादशानुप्रेक्षा (7/4/2), सल्लेखना (5/7/1), अष्टमूलगुण (5/10/3), क्षुल्लक (11/23/4), स्वाध्याय (7/5/8), गुप्तित्रय (7/5/7)। **योग एवं अध्यात्म सम्बन्धी शब्दावलियों में** — योग-निवृत्ति (14/2/7), शुक्लध्यान (15/11/7), प्रतिमायोग (15/10/15), ध्यान (7/5/8), नासाग्रदृष्टि (8/16/9) तथा **व्रतों में** — नन्दीश्वर व्रत (8/16/9) एवं कवलचन्द्रायण व्रतों (9/11/5) के उल्लेख प्रमुख हैं।

जैनेतर दर्शन एवं आचार तथा ग्रन्थों के उल्लेख

जैनेतर दार्शनिक एवं धार्मिक सम्प्रदायों में कवि ने मीमांसा (4/15/7), सांख्य (15/16/10), एवं कौलिक (15/16/6) सम्प्रदायों के उल्लेख किये हैं। जैनेतर आचार में पशुवध (6/1/10, 15/5/6), सन्ध्या-चरण (5/16/10) कुश-प्रयोग (5/16/10), यज्ञ (6/1/2) पंचाग्नितप (7/8/3), चतुर्वेद घोष (6/1/1) और वेदों में सामवेद (4/14/14, 4/16/8) तथा छन्द (5/12/3) एवं निघण्टु (11/17/8) जैसे जैनेतर शास्त्रों के नामोल्लेख किये हैं।

अन्य दार्शनिक वादों में नियतिवाद (11/16/10, 15/20/11) के भी उल्लेख मिलते हैं।

यहाँ पर यह ध्यातव्य है कि कवि ने उक्त सभी प्रसंगों में केवल उक्त शब्दावलियों के प्रयोग ही किये हैं। उनके विश्लेषण प्रस्तुत नहीं किये। उनके विश्लेषण का कवि को वस्तुत: इतना अवसर भी नहीं था क्योंकि उससे ग्रन्थ का विस्तार अत्यधिक हो जाने की सम्भावना थी। अत: उसने इन प्रसंगों को प्रस्तुत कर रूढ़िगत परम्परा का निर्वाह ही किया है।

(घ) भवान्तर अथवा पुनर्जन्म-वर्णन

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है कि जैन-चरित-काव्यों में भवान्तर वर्णन प्राय: अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाने की परम्परा है। इसका मूल कारण है— जैन-दर्शन का आत्मा पर अटूट विश्वास। वह आत्मा को अजर-अमर मानता है। साथ ही वह यह भी मानता है कि संसार-चक्र में वह आत्मा अष्टविध-कर्मों से आबद्ध होकर नरक, तिर्यंच आदि चतुर्गतियों में जन्म-मरण रूप विविध प्रकार के भव-भवान्तरों में कष्टों को भोगता रहता है। जैनेतर-दर्शनों में इन्हीं भवान्तरों को पुनर्जन्म की संज्ञा से अभिहित किया गया है। प०च० में इस प्रकार के भवान्तर प्रसंगों में प्रद्युम्न (4/14—17, 5/1—16, 6/1—23, 7/1—9) रूपिणी (9/7—11) कनकरथ (7—8) एवं कनकमाला (7/8/6—10, 7/9/1—3) के भवान्तर-प्रसंग उल्लेखनीय हैं।

(ङ) अन्ध-विश्वास और लोकाचार

मानव-जीवन में अन्ध-विश्वासों एवं लोकाचार का विशेष महत्व है। किसी कार्य-विशेष का आरम्भ अथवा इष्टजनों के स्वागत अथवा विदाई के समय उनके प्रति लोक-विश्वासों के आधार पर श्रद्धा-समन्वित-भावना से कुछ विशेष प्रकार के कार्य या रीति-रिवाज ही उक्त लोकाचारों एवं अन्ध-विश्वासों की श्रेणी में आते हैं। कवि ने विविध-प्रसंगों में उनके उल्लेख किये हैं जो निम्न प्रकार हैं—

शकुन-सूचक— अन्ध-विश्वासों में कवि ने शुभ स्वप्न दर्शन (3/10/3—6), पुरुषों के दाहिने नेत्र एवं बाहु का फरकना (13/7/6), स्त्रियों के बाएँ अंगों का स्फुरण (वामछि फुरेसइ, 7/10/8) एवं असमय में वनस्पति के प्रफुल्लित (7/10/7) हो जाने को उल्लिखित किया है। तथा **अपशकुन सूचक** — अन्धविश्वासों में कौवा (12/27/8) एवं शिवा (12/27/8) का बोलना, कबन्ध-नृत्य (12/27/8), एवं गिद्ध पंक्ति का नरपतियों के छत्रों पर बैठने (12/27/9) के उल्लेख किये हैं।

लोकाचारों में कवि ने दूर्वा (3/3/1), दही (3/3/1), अक्षत (3/3/1), मुक्ताफल-चौक (3/3/3), मणिकलश का जल से भरकर रखने (3/3/3) का उल्लेख किया है।

उपसंहार

1. पज्जुण्णचरिउ अपभ्रंश-भाषा में लिखित प्रद्युम्न के चरित से सम्बन्ध रखने वाला आद्य चरित काव्य है। अपभ्रंश के अद्यावधि उपलब्ध चरित-काव्यों में यही एक ऐसा काव्य-रत्न है, जिसने परवर्त्ती कालों में लिखे गए संस्कृत, अपभ्रंश एवं हिन्दी के प्रद्युम्न चरितों पर सर्वाधिक प्रभाव डाला है।
2. पज्जुण्णचरिउकार ने पौराणिक-महाकाव्यों एवं अन्य पूर्ववर्त्ती साहित्य से उपादानों का ग्रहण कर प्रस्तुत पौराणिक प्रबन्ध में भी सौन्दर्य-बोध की प्रतिष्ठा की है, क्योंकि वह मनुष्य की एक शाश्वतिक प्रकृति है और

काव्य, मनुष्य के इसी सौन्दर्य-बोधात्मक प्रवृत्ति का प्रतिफलन है। महाकवि ने त्याग के साथ जीवन के भोग एवं सौन्दर्य का समन्वय करने हेतु प्रस्तुत आख्यान में काव्यत्व का सुन्दर समन्वय किया है। रस, अलंकार एवं छन्द तथा अन्य काव्य-सामग्री का यथास्थान संयोजन कर उसने उसमें अपने काव्य-कौशल का सुन्दर परिचय दिया है।

3. कवि ने प्रस्तुत महाकाव्य में यद्यपि नायक एवं अन्य पात्रों का चित्रण एक पौराणिक वातावरण में किया है,फिर भी उनके जीवन के वैभव-विलास की विविध रंगरेलियाँ युग-प्रभाव से चर्चित हैं।
4. पज्जुण्णचरिउ विश्वकोश की कोटि का महाकाव्य कहा जा सकता है। इसमें काव्य, दर्शन, धर्म, आचार, ललित-कलाओं, संस्कृति, भूगोल एवं मानव मूल्यों का पूरी तरह समवाय किया गया है। कवि ने यद्यपि धर्म एवं दर्शन का विस्तृत विश्लेषण नहीं किया है, किन्तु मानव-जीवन के व्यक्तित्व-विश्लेषण में उनका बड़ी ही सतर्कता के साथ उपयोग किया है। भौतिकवाद एवं अध्यात्मवाद का संघर्ष भी इसमें चित्रित है। मेघकूटपुर नरेश कालसंवर, जहाँ भौतिकता का प्रतीक है, वहीं कुमार प्रद्युम्न आध्यात्मिकता का। कषाय एवं वासनाएँ व्यक्ति के जीवन का किस प्रकार संचालन करती हैं और किस प्रकार व्यक्ति उनके रंग में रंग कर अपने आचरण को राक्षसों की कोटि में ले आता है, इसके प्रमुख उदाहरण हैं—राजा मधु एवं रानी कनकमाला। कबि की अनुभूति का यह निष्कर्ष है कि भोग-सामग्री व्यक्ति को सुखी नहीं बना सकती और न वह उसे जीवन में मंगल-प्रभात के दर्शन ही करा सकती है। यही कारण है कि कवि के अधिकांश पात्र जीवन के प्रारम्भिक आनन्द भोगों के तत्काल पश्चात् ही वैराग्योन्मुख दिखायी देने लगते हैं।
5. ललित-कलाओं की दृष्टि से प०च० अत्यन्त महत्त्वपूर्ण काव्य है। कवि ने विभिन्न प्रसंगों में संगीत, वाद्य, नृत्य, चित्र, गुड्डि-उद्धरण, रंगोली आदि की चर्चाएँ की हैं। इनके साथ-साथ कवि ने प्रेक्षण-गृह की भी चर्चा की है। श्वेतवस्त्राननना एवं पुष्पावगुंठिता रूपिणी का चित्रण वस्तुतः तत्कालीन मूर्तिकला को प्रकाशित करता है। कवि-काल में चित्र, मूर्ति, संगीत एवं नृत्य-कला का क्या रूप रहा होगा, इसका अनुमान कवि के इन वर्णनों से लगाया जा सकता है।
6. सामाजिक सन्दर्भों की दृष्टि से भी प०च० अपना विशेष महत्व रखता है। कवि की दृष्टि से सभ्यता एवं संस्कृति दोनों भिन्न-भिन्न हैं। संस्कृति जहाँ आत्मा का संस्कार करती है, वहीं सभ्यता समृद्ध ढंग से जीवित रहना सिखाती है। कवि ने आत्मा को सुसंस्कृत करने वाले त्याग, संयम और तपश्चर्या को यथास्थान आवश्यकतानुसार विवेचित किया है। इसी प्रकार सभ्यता का भी उसने यथास्थान विवेचन किया है। सहृदय पाठक दोनों की सीमा-रेखा को स्पष्ट रूप से आँक सकते हैं।
7. पज्जुण्णचरिउकार यद्यपि एक महाकवि है और वह महाकाव्योचित कल्पनाओं के आकाश में विचरण किया करता है। उसने एक ओर जहाँ क्लिष्ट शब्दावली (दे० 14/20/4—13), समस्यन्त (दे० 14/21/2—4) एवं गूढार्थक पदों (दे० 10/20/9, 10/21/9) की रचनाएँ कीं, वहीं दूसरी ओर उसने सामान्य जन-जीवन से भी अपना सम्पर्क नहीं तोड़ा। यही कारण है कि उसने तत्कालीन प्रचलित झुमुक्क (10/3/6), छल्ला (मुँदरी, 10/2/11) झोंपड़ (झोंपड़ी, 15/20/8) रसोई (13/5/7), रंगोली (13/15/7), ऊसीसि (तकिया, 3/12/11) चोज (आश्चर्य 14/13/16), पहुच्च (पहुँच, 11/22/5), मइरी (माता, 8/19/4), रावल (राजकुल, 7/14/9) फागुण (फाल्गुन. 15/5/3) जैसे लोक प्रचलित शब्दों के भी प्रयोग किए हैं।

8. पज्जुण्णचरिउकार की यह विशेषता है कि उसने प्रस्तुत कथानक के निर्माण में जैन एवं जैनेतर दोनों ही सम्प्रदाय के साहित्य का आवश्यकतानुसार उपयोग किया है। जैन-साहित्य में उसने वसुदेवहिण्डी (संघदासगणि), हरिवंशपुराण (जिनसेन प्रथम), उत्तरपुराण (गुणभद्र), अपभ्रंश-महापुराण (पुष्पदन्त), प्रद्युम्नचरित (महासेन), तत्त्वार्थराजवार्तिक (अकलंक), सर्वार्थसिद्धि (पूज्यपाद), समन्तभद्र भारती (समन्तभद्र), परमात्मप्रकाश और योगसार (जोइन्दु) आदि ग्रन्थों का उपयोग किया है, उसी प्रकार उसने महर्षि व्यासकृत महाभारत, सौन्दरनन्द (अश्वघोष), रघुवंश, कुमारसम्भव, ऋतुसंहार एवं मेघदूत (कालिदास), शिशुपाल-वध (माघ), किरातार्जुनीयम् (भारवि) के साथ-साथ मनुस्मृति तथा सांख्य, वेदान्त, मीमांसा, योग एवं कौलिक-सम्प्रदाय सम्बन्धी कुछ ग्रन्थों से भी वैचारिक प्रेरणाएँ संग्रहीत की हैं। प० च० में प्रयुक्त अगस्त्य ऋषि द्वारा समुद्र शोषण (11/11/7), पशुवध (6/1/2), अग्निहोत्र (4/14/12), वेदमन्त्रोच्चार (6/1/1), उक्त ग्रन्थों से ही गृहीत हैं। इसी प्रकार सव्वसाइ (–अर्जुन, 13/14/15), विउयरु (वृकोदर-भीम—13/14/15), जमल (नकुल-सहदेव, 13/14/15/), कुम्भोयरु (द्रोण, 13/14/15) आदि शब्दावली भी उक्त साहित्य से ही गृहीत है। कवि ने उनमें प्रयुक्त संस्कृत नामों का अपभ्रंशीकरण कर लिया है। एकाध स्थान पर कवि ने राजशेखरकृत कर्पूर-मंजरी से भी प्रेरणा ली है। उसकी प्रथम जवनिका के पद्य सं० 13 की प्रथम पंक्ति प० च० की 15/4/14 के पद से मेल खाती है।

9. प० च० में तत्कालीन सामाजिक भ्रष्टाचारों का भी कवि ने दिग्दर्शन कराने का प्रयत्न किया है। उसके अनुसार रिश्वतखोरी (11/2/9), आत्महत्या (4/8/6), पुत्रापहरण (4/5), कन्यापहरण (2/15) तथा पति के जीवित रहते हुए भी पत्नी का अपने अन्य प्रेमी के साथ जीवन-निर्वाह (6/22) जैसे समाज विरोधी कार्य भी होते रहते थे।

10. कवि का पूर्वकाल भारतीय राजनीति का अशान्तिकाल था। चतुर्दिक युद्ध एवं आक्रमणों की बौछारें होती रहती थीं एवं सैन्य-संगठनों में ही राजाओं की अधिकांश शक्ति लगी रहती थी। इसकी झलक प० च० के विविध युद्ध-प्रसंगों में मिलती है। कवि ने अश्वों के विषय में (यथा— 1/10, 10/17-21, 14/18) विशेष प्रकाश डाला है। उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध में अश्वों का प्रमुख स्थान था। युद्ध में प्रयुक्त आयुधास्त्रों से मध्यकालीन युद्ध-सामग्री पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।

11. नभोयान की चर्चा यद्यपि प्राचीन-साहित्य में भी मिलती है। महर्षि वाल्मीकि के बाद महाकवि कालिदास ने "अभिज्ञान-शाकुन्तल" में उसका सुन्दर चित्र खींचा है किन्तु कवि सिंह का चित्रण उससे भी विशिष्ट प्रतीत होता है। कवि ने विमान की संरचना, उसके गुण-दोषों का विवरण, आकाश-मार्ग में विहार, आवश्यकता पड़ने पर उसे आकाश-मार्ग में ही रोके रखने, आवश्यकता पड़ने पर महिलाओं द्वारा उसके संचालित करने आदि का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया है। यही नहीं, तीव्रगति से संचालित विमान को एकाएक रोक देने पर किस प्रकार का झटका लगता है, इसका भी सुन्दर वर्णन किया है।

12. महाकवि ने देश, नगर, जनपद, ग्राम आदि के वर्णन-प्रसंगों में अनेक ऐसे भौगोलिक नामों के उल्लेख किये हैं, जिनमें मध्यकालीन भारतीय भौगोलिक परिस्थिति का परिचय मिलता है। इस वर्णन को देखकर यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि महाकवि भौतिक जगत का भी अच्छा ज्ञाता था। यही कारण है कि उसने प्राकृतिक भूगोल में द्वीप, पर्वत, अरण्य, वनस्पतियाँ, पशु-पक्षी एवं जीव-जन्तुओं तथा राजनैतिक भूगोल में अनेक

देशों, नगरों, ग्रामों के साथ-साथ मडम्ब, खेड, पत्तन जैसी भौगोलिक इकाइयों का भी वर्णन किया है। इसके साथ-साथ कवि ने आर्थिक-जीवन पर भी प्रकाश डाला है, जिसका विश्लेषण हमने 'आजीविका के साधन' प्रकरण में किया है। कवि के इस वर्णन से बारहवीं, तेरहवीं सदी के भौतिक अथवा प्राकृतिक भारत की झाँकी मिलती है।

13. प० च० की आद्य एवं अन्त्य प्रशस्तियों में तत्कालीन नरेश बल्लाल, मलधारी गुरु अभियचन्द, शाकम्भरी-नरेश अर्णोराज एवं भृत्य भुल्लण के उल्लेख मिलते हैं, यद्यपि आधुनिक भारतीय इतिहास में ये अत्यल्प चर्चित अथवा सर्वथा उपेक्षित व्यक्ति हैं, किन्तु कवि के उल्लेखों से इनकी महत्ता प्रकट होती है। वस्तुत: ये व्यक्ति इतिहास की टूटी हुई कड़ियाँ जोड़ सकते हैं। इनका विशेष अध्ययन किया जाना चाहिए।
14. कवि मार्मिक-प्रसंगों के नियोजन में अत्यन्त पटु है। युद्ध क्षेत्र में जब दोनों ओर की सेनाएँ आमने-सामने भुजंगी तलवारें निकाल कर खड़ी हैं, तब पराक्रमी एवं विवेकशील राजा अहंकारी प्रतिपक्ष के पास अपना शान्तिदूत भेजकर किस प्रकार व्यर्थ के खून-खराबे को शमन करने का प्रयास करता है, इसका कवि ने राजा मधु एवं शाकम्भरी नरेश भीम के माध्यम से सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार प्रद्युम्न जब सोलह वर्षों के चिर-विछोह के बाद अपनी माता के सम्मुख प्रस्तुत हो कर उसे अपना यथार्थ परिचय देता है, तब आनन्द विभोर होकर चिर वियोगिनी माता रूपिणी (रुक्मिणी) अपने शब्दों से हृदय के प्रमोद को व्यक्त नहीं कर पाती, वह केवल छलछलाते हर्षाश्रुओं से उसे अपने गले से लगा लेती है। प्रसंग की मार्मिकता उस समय और भी अधिक बढ़ जाती है, जब स्नेहमयी माँ की मनोकामना जानकर वह आज्ञाकारी पुत्र जन्मकाल से लेकर शैशवकालीन समस्त बाल-क्रीड़ाएँ अपनी विद्या के प्रभाव से यथाक्रमानुसार स्वाभाविक रूप से प्रदर्शित करता है।
15. व्यावहारिक क्षेत्र में भी कवि ने अपनी कुशल प्रतिभा का परिचय दिया है। उसका क्षेत्र किसी घेरे में आबद्ध नहीं रहा। चाहे चिकित्सा का क्षेत्र हो, या ज्योतिष का, चाहे वाणिज्य-विद्या का क्षेत्र हो या ताम्बूल बनाने एवं सुगन्धित पदार्थों के निर्माण करने की प्रक्रिया का (3/5/11, 14/16/14), कवि ने उसका सफल वर्णन किया है। औषधि के क्षेत्र में पौष्टिक औषधियों के नुस्खे (15/3/3), ज्योतिष-विद्या के क्षेत्र में ग्रहों, राशियों एवं नक्षत्रों की चर्चा (14/21/11, 15/2/3), एवं माप-तौल के क्षेत्र में उसने अद्धमास (आधा माशा-10/20/9), अद्धवरिस (आधा तोला, 10/21/9) के प्रासंगिक उल्लेख किए हैं।
16. प० च० एक पौराणिक महाकाव्य है। अत: इसमें पौराणिक तत्वों का प्राचुर्य है। स्वर्ग-नरक वर्णन, सृष्टि-विद्या आदि के उल्लेख इसमें समाहित हैं। यद्यपि परम्परा की दृष्टि से इन उल्लेखों में कवि की कोई मौलिकता नहीं, न ही कवि का कोई चिन्तन ही, फिर भी कवि ने उन तथ्यों का प्रासंगिक रूप में प्रस्तुत कर परम्परा का निर्वाह किया है।
17. उक्त विशेषताओं के अतिरिक्त प०च० में क्वचित्-कदाचित् विसंगतियाँ भी दृष्टिगोचर होती हैं, जिनमें से कुछ निम्न प्रकार हैं—
    (1) कवि ने कहीं-कहीं प्रसंगों या व्यक्तियों के उल्लेख किए बिना ही वक्तव्य या घटनाओं का वर्णन प्रारम्भ कर दिया है। इससे यह पता नहीं चल पाता कि किसने किससे कहा है। यथा—
    (क) 14/2/6-7 — यह वक्तव्य राजा कालसंवर का है, जो कि कृष्ण के लिए कहा गया है, किन्तु कवि

ने इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं किया।

(ख) 14/3/8 — यह कथन सत्यभामा का है अथवा रूपिणी का? यह स्पष्ट नहीं होता। इसी प्रकार—

(ग) 13/7/7 — यह स्पष्ट नहीं कि कौन किसको कह रहा है? वस्तुत: यहाँ पर "कृष्ण द्वारा कहा गया है।" ऐसा स्पष्ट लिखा जाना चाहिए था।

(2) कुरुभूमि का युद्ध यहाँ प्रसंगोचित नहीं प्रतीत होता (13/9/8)।

(3) कभी-कभी ऐसा प्रतीत होता है कि कवि कथानक-प्रसंग को सरस ढंग से विस्तृत रूप में प्रस्तुत कर सकता था, किन्तु उसने क्षिप्रगति से उस विषय को आगे बढ़ाया है। कवि ने कथा-नायक — प्रद्युम्न की युवावस्था का वर्णन मात्र एक-दो कडवक में ही समाप्त कर दिया (7/12/7-10; 7/13/1-9) जबकि कवि उसके विविध अन्तर्बाह्य सौन्दर्य तथा उसके गुणों का वर्णन विस्तृत रूप में कर सकता था।

इनके अतिरिक्त पूर्वोक्त तथ्यों के प्रकाश में कोई भी सहृदय विद्वान् महाकवि सिंह के प्रस्तुत पज्जुण्णचरिउ का मूल्यांकन भली भाँति कर सकता है। वस्तुत: संक्षेप में कहा जाय तो प्रस्तुत महाकाव्य में चरित, आख्यान, काव्य, सिद्धान्त, दर्शन, आचार, योग, आध्यात्म, सांस्कृतिक एवं सामाजिक तथ्य एवं भूगोल के विविध रूप प्रस्तुत किये गये हैं। भाषा एवं साहित्य की दृष्टि से भी कवि सिंह एक महाकवि के रूप में और उनका प्रस्तुत काव्य अपनी गुणवत्ता के आधार पर महाकाव्य की कोटि में खरा उतरता है इसमें सन्देह नहीं।

❑❑❑

विषयानुक्रम (मूल एवं हिन्दी अनुवाद)

[सन्धि एवं कडवकों के अनुक्रम से]

पहली सन्धि

कडवक सं०		मूल/हिन्दी अनुवाद	पृ०सं०
1.	(1)	ऊर्जयन्तगिरि से सिद्धि को प्राप्त नेमि-जिनेश्वर की स्तुति	1
2.	(2)	कवि को श्वेतवसना सरस्वती ने स्वप्न दर्शन दिया	2
3.	(3)	सरस्वती कवि को स्वप्न में काव्य-रचना की प्रेरणा देती है	3
4.	(4)	कवि अपने गुरु अमृतचन्द्र एवं समकालीन राजा बल्लाल तथा मण्डलपति भुल्लण का परिचय देता है	4
5.	(5)	गुरु-स्तुति तथा दुर्जन-सज्जन वर्णन	5
6.	(6)	कवि अपना संक्षिप्त परिचय देकर प्रद्युम्न-चरित काव्यारम्भ के प्रसंग में राजगृह एवं अन्य भारतीय भूगोल का वर्णन करता है	6
7.	(7)	सोरठ (सौराष्ट्र) देश का वर्णन	7
8.	(8)	सोरठ (सौराष्ट्र) देश की विशेषता	8
9.	(9)	सोरठ देश की सुरम्यता और द्वारावती नगरी का वर्णन	9
10.	(10)	द्वारावती नगरी का वर्णन	10
11.	(11)	समुद्र का वर्णन	11
12.	(12)	द्वारावती (द्वारिका) के राजा मधुमथन-कृष्ण का वर्णन	12
13.	(13)	राजा जनार्दन – कृष्ण का वर्णन	13
14.	(14)	नारद का कृष्ण की सभा में आगमन	14
15.	(15)	कृष्ण, बलदेव एवं नारद का वार्त्तालाप	15
16.	(16)	नारद के सहसा आगमन पर रूपगर्विता सत्यभामा लज्जित हो जाती है	16

दूसरी सन्धि

1.	(17)	रूपगर्विता सत्यभामा के प्रति नारद का क्रोध	18
2.	(18)	आकाश मार्ग से जाते हुए नारद, पृथिवी-मण्डल के प्राणियों की क्रीड़ाएँ देखते हुए विद्याधर श्रेणी में पहुँच कर वहाँ के निवासियों की नागरी-वाणी सुनते हैं	19
3.	(19)	विद्याधर श्रेणी का वर्णन	20
4.	(20)	सत्यभामा से भी अधिक सुन्दरी कन्या की खोज में नारद की विद्याधर नगरियों की वेगगामी यात्राएँ	21
5.	(21)	विद्याधर-प्रदेश की परिक्रमा कर नारद कुण्डिनपुर में पहुँचता है	22
6.	(22)	कुण्डिनपुर के राजा भीष्म ने नारद को अपने नगर में प्रवेश करते हुए देखा	23

7. (23) राजा भीष्म नारद का स्वागत कर उसे अन्तःपुर ले जाता है जहाँ राजकुमारी रूपिणी के सौन्दर्य से प्रभावित होकर वह उसे मधुमथन की प्रियतमा बनने का आशीर्वाद देता है 24
8. (24) नारद रूपिणी को हरि-कृष्ण का परिचय देता है 25
9. (25) नारद उस रूपिणी की प्रतिच्छवि तैयार कराता है। रूपिणी का नख-शिख वर्णन 26
10. (26) नारद ने रूपिणी का चित्रपट द्वारावती के राजा पद्मनाभ नारायण (कृष्ण) को समर्पित कर दिया 27
11. (27) रूपिणी के सौन्दर्य से काम-पीड़ित होकर नारायण कृष्ण नारद से उसका परिचय पूछते हैं 28
12. (28) चेदिपति के साथ रूपिणी के विवाह की तैयारी की नारद द्वारा नारायण को सूचना 29
13. (29) जनार्दन सदल-बल कुण्डिनपुर पहुँचते हैं। नारद रूपिणी की फूफी को चुपचाप संकेत कर देता है 30
14. (30) फूफी (सुरसुन्दरी) के आदेश से रूपिणी नगर के बाहरी उद्यान में कामदेव की पूजा हेतु आती है 31
15. (31) जनार्दन रूपिणी को उठाकर रथ में बैठा लेते हैं और पाँचजन्य शंख फूँक देते हैं। युद्ध की तैयारी 32
16. (32) युद्ध की तैयारी : रूपिणी जनार्दन की परीक्षा लेती है 33
एवं चतुर्दिक निर्मित गोपुरों वाली वह नगरी ऐसी प्रतीत होती थी, मानों आकाश-मार्ग से जाते हुए देवों द्वारा प्रशंसित हो रही हो। वह नगरी रूपी नितम्बिनी अपने चित्त में समुद्र को धारण करती है, इसी कारण से समुद्र भी उसकी रात-दिन सेवा किया करता है। वह समुद्र पर-स्त्रियों द्वारा कैसे भुला दिया गया था? ठीक इसी प्रकार, जिस प्रकार दशवदन रावण, राघव-गृहणी—सीता के कारण अपनी गृहणियों को भूल गया था।

घत्ता— वह समुद्र अपनी फैलती हुई कल्लोल रूपी विशाल-भुजाओं से मानों उस द्वारावती रूपी अपनी प्रेयसी के नितम्ब (कटिभाग) का स्पर्श करता है, फिर क्षण भर में शंका कर हट जाता है। पुनरपि प्रवर्त्तता है और इस प्रकार वह मूढ़ अपनी हँसी करातां है।। 10।।

(11)

समुद्र का वर्णन

वह समुद्र यद्यपि खारा है तो भी रत्नों से व्याप्त है। वह द्वारावती नगरी के समस्त पापों (गन्दगी) को अपने उदर में लेता रहता है। इसीसे खारेपन को प्राप्त हो गया है। वह नगरी सभी कालों में गज-दन्त, शंख, मौक्तिक एवं प्रवालों को ढोते हुए भी नहीं थकती। इस प्रकार धन देते हुए भी जब नगरी ने समुद्र की इच्छा नहीं की तब पुन: समुद्र भी विलखी (दु:खी) हो गया। चंचल लहरोंरूपी उठायी हुई बाहुओं के दम्भ से (छल से) रात दिन पगला हुआ वह समुद्र पुकार करता रहता है, जो भी मेरे सारभूत रत्न थे उन उनको लेकर यह द्वारावती (रूपी प्रेयसी) बैठ गयी है। घडहड-घडहड शब्दों से प्रतीति सत्य वचन वाला वह समुद्र रूपी कान्त, गगन का स्पर्श करता रहता है (अर्थात् आकाश तक उछल-उछल कर रोता रहता है)। तब जल के जीव चक्र (आकाश)

---

(10) 7. अ ंगणे। 8. अ. ब. ंव। 9. अ. ंयं। 10. अ. अं।
11. ब. खा।

(11) 1. अ ंम। 2. ब. ंमु। 3. ब. ंभु। 4. अ. सद्दें। 5. ब प।
6. अ ंसु। 7. अ. द्धि।

(11) (1) तस्या: द्वारवत्या:। (2) नदी।

आउलिउ ताम जल-[8]जंतु चक्कु पाढीणु[3] मयरु[4] -कक्कउ[5] एक्कु।
पारिहरिवि उवहि णह वीढि चलिय रासिहि मिसेण उड्गणहो मिलिय।

घत्ता— सायरु जहि भुल्लउ णहयलि तुल्लउ काइँ णयरि तहि वण्णियइँ।
पडु-पडह सहासहिं मंगल-घोसहिं कण्ण वडिउ णायण्णियइँ।। 11।।

(12)

वारवइ किं वण्णण[1] [2]तरइ को[3]वि जा पेछिवि मणि विंभिउ ण कोवि।
उववणि सहंति जहिं कोइलाइ तहि सरिसु णयरु पुरु कोइलाइँ[1]।
जहि[2] जणु रंजइ पंजर सुएहिं[3] घरु सहइ [4]चवंतहिं सिसु सुएहिं[4]।
रायालय मत्ता वारणेहिं सुविचित्ता[5] मत्ता वारणेहिं।
तोरणहिं रयण-मणि-गण-विचित्त सोह-यलहिं जहिं वर-विविह-चित्त।
मढ-मढिय पवर जहिं जिण-विहार वच्छयलण मणुयह जहिं विहार।
वसएव तणउ जगे पुण[5] भाय वलहद्ददेव स कणिट्ठ[6] भाय।
चउवाहु दंडु जण-जणिय-राउ महुमहणु णामु तहि अच्छिराउ।

में आकुलित हो उठे। मीन, मगर, कर्कट वहाँ (आकाश में) इकट्ठे कैसे रहते? (यहाँ पर कवि की मीन, मकर, कर्क, राशियों की कल्पना है)। (कवि के विचार से) ये मीन, मगर, कर्कट नामके जन्तु (तभी से) समुद्र को छोड़ कर नभोवीथी (आकाश मार्ग) में चले गये और राशियों के बहाने उडु (तारा) गण से मिल गये हैं।

घत्ता— सागर भी जहाँ भूल गया (जिस नगरी को देखकर अपने को भूल गया) और नभस्तल में जाकर तुल गया (उछल गया) उस नगरी की शोभा का वर्णन कौन कर सकता है। हजारों पटहों तथा मंगल घोषों से कर्ण पतित होने पर भी उसे (पूरी तरह) सुनाया नहीं जा सकता।। 11।।

(12)

द्वारावती (द्वारिका) के राजा मधुमथन — कृष्ण का वर्णन

द्वारावती का वर्णन करने में कौन समर्थ होगा? उसे देखकर कौन अपने मन में आश्चर्यचकित नहीं होगा? जहाँ कोयलें उपवन में शब्द किया करती हैं कि इस नगरी के सदृश बड़ा नगर पृथ्वी में और कौन है? जहाँ के लोग पिंजड़े के शुकों से रंजित किये जाते हैं। जहाँ के घर बोलते हुए शिशु-पुत्रों से सुशोभित रहते हैं। जहाँ के राजप्रासाद सुन्दर छज्जों तथा सुविचित्र मदोन्मत्त हाथियों से सुशोभित हैं। जो नगरी विचित्र रत्न एवं मणियों से युक्त तोरणों एवं चित्र-विचित्र विविध श्रेष्ठ भवनों से अलंकृत है। जहाँ मठ एवं मढियों से प्रवर जिनविहार (मन्दिर) बने हुए हैं। जहाँ वत्सों (बच्चों) के चरण वाले मनुष्यों के विहार (भवन) हैं (अर्थात् घर-घर में बच्चे हैं)।

पुण्य भाग्य वाले वसुदेव का पुत्र बलभद्रदेव का कनिष्ठ भाई एवं त्याग रूपी बाहु के छल से मनुष्यों में राग उत्पन्न करने वाला मधुमथन (मधुसूदन कृष्ण) नामका राजा राज्य करता है।

---

(11) 8. ब तं।

(12) 1. अ. हुं। 2. ब. सं। 3. अ लों। 4. ब. व। 5. अ. तहिं। 6. अ. टठु।

(11) (3) मीनः। (4) मकरः। (5) कर्कटः।

(12) (1) पृथिव्यां। (2) द्वारवत्यां। (3) सुकः। (4) पुत्रैः। (5) पुणु शोभते।

घत्ता— चाणउर विमद्दणु देवइ णंदणु संख-चक्क-सारंगधरु।
रणे कंस-खयंकरु असुर-भयंकरु वसुह ति-खंडहिं गहियकरु।। 12।।

(13)

जो दाणव-माणव दलइ दप्पु जिणि गहिय असुर-णर-खयर कप्पु।
णव-णव-जोव्वण सुमणोहरीहिं चक्कल-घण पीणयउ[1] हरीहिं।
छण इंद-विंव-सम वयणियाहिं कुवलय-दल-दीहर णयणियाहिं।
केयूर[2]-हार-कुंडल-धराहँ कण-कण कणंत कंकण कराहँ।
पयरक्खोलिक्खल णेउराहँ सोलह सहसइँ अंतेउराहँ।
तह मज्झे सरस तामरस(1) मुहिय जा विज्जाहरहो सुकेय[3] दुहिय।
सइँ सव्व सुलक्खण सुस्सहाव(2) णामेण पसिद्धी[4] सच्चहाव(3)।
दाडिम कुसुमाहर सुद्ध साम अइवियडु[5] रमण णिरु मज्झखाम।
सा अग्गमहिसि तहो सुंदरासु इंदाणिव सग्गे पुरंदरासु।
को वण्णिवि सक्कइ रिद्धि ताहिं सुरणाहु ण पुज्जइ अवसु जाहँ।

घत्ता— देवकी का पुत्र वह मधुमथन (कृष्ण) चाणूरमल्ल का विमर्दन करने वाला, शंख, चक्र एवं शारंग नामक धनुष का धारी रण में कंस का क्षय करने वाला, असुरों के लिए भयकारक तथा भूमि के तीन खण्डों से कर ग्रहण करने वाला है (अर्थात् वह तीन खण्ड का अधिपति नारायण है)।। 12।।

(13)

राजा जनार्दन — कृष्ण का वर्णन

जो दानवों और मानवों के दर्प का दलंन करता है। जिसने असुर, नर एवं खेचरों की कल्पना को ग्रहण किया है (अथवा जिसने असुरों, नरों एवं खचरों के कल्प का निग्रह किया है)। जिस जनार्दन कृष्ण को प्रसन्न रखने वाली अत्यन्त मनोहरा नवयौवनवाली सुमनोहरी, चक्राकार पीनस्तनों वाली, पूर्णचन्द्र बिम्ब के समान मुखवाली कुवलय (कमल) पत्र के समान दीर्घनेत्रों वाली, केयूर तथा मोती के हार, कुण्डल धारण करने वाली कण-कण की ध्वनि करने वाले कंकण युक्त हाथों वाली, पदों में खल-खल करने वाले नूपुर धारण करने वाली, सोलह सहस्र तरुणी रानियाँ थीं। जो उनके अन्तःपुर में (रणवास में) निवास करती थीं। उन सभी में सरस कमलमुखी तथा विद्याधर सुकेतु की सुप्रसिद्ध एक पुत्री सत्यभामा थी, जो सुलक्षणा एवं उत्तम स्वभाव वाली थी तथा जो दाडिम के समान आभावाली, नव-कुसुम के समान अधरों वाली शुद्ध श्यामा, अत्यन्त विकट नितम्ब वाली थी। जिसका कटि भाग अत्यन्त कृश था। वही सत्यभामा उस सुन्दर हरि की (कृष्ण की) अग्रमहिषी (पट्टरानी) हुई। वह ऐसी प्रतीत होती थी जैसे स्वर्ग में पुरन्दर (इन्द्र) की इन्द्राणी। उसकी ऋद्धि का वर्णन कौन कर सकता है? सुरनाथ इन्द्र भी उस (वर्णन) में समर्थ नहीं हो सकता।

---

(13) 1. अ प। 2. अ उं। 3. अ उ। 4. अ द्धिय। 5. ब ंड।

(13) (1) कमल। (2) निजसुहाव। (3) सत्यभामा।

घत्ता— तहि रज्जु करंतहो महिपालंतहो जण-मण णयणाणंदणहो।
वलहद्द[4]-सणेहहो हय अवराहहो को उवमियइँ जणद्दणहो[5]।। 13।।

(14)

जायव-कुल-णहयल णेसरेण[1] दारामइपुरि-परेमसरेण।
मंडलिय मिलिय सामंत सारु केऊर-हार-मणि-मउड-फारु।
कामिणि-कर-चालिर-चारु-चमरु मयणाहि[2] गंधि वियरंत भमरु।
कप्पूर पव[1]र तंवोल वहलु फंफावय सरवर संत मुहलु।
5 पडिपट्ट णेत्त गट्ठिय विचित्तु ससि-सूर कंत कर-णियर दित्तु।
संगीय-विविह-सुविणोय किण्णु चक्केसें जहि अत्थाणु दिण्णु।
कंचण-मइ[2]-सिंहासण सुणेह णं मेरु-सिहरि णव[3] कस[3]ण मेह।
वलहद्द-जणद्दण भुव[4]णि वलिय जह इंद-फणिंद वि वेवि मिलिय।
तहि अवसरे कलह-पियारएण गयणंगणे जंते णारएण।
10 अत्थाणु णिहालिउ हरि[5]हिं जाव[6] सहसत्तिय ढुक्कउ तहि जि ताम।

घत्ता— वहाँ द्वारावती नगरी में राज्य करते हुए पृथ्वी का पालन करनेवाले प्रजाजनों के मन, नेत्रों को आनन्दित करनेवाले, बलभद्र के स्नेह को प्राप्त करनेवाले तथा अपराधियों का हनन करनेवाले उन जनार्दन की (कृष्ण की) उपमा किससे दूँ?।। 13।।

(14)

नारद का कृष्ण की सभा में आगमन

जो कृष्ण यादव कुल रूप आकाश का सूर्य, तथा द्वारावती पुरी का परमेश्वर था। जो श्रेष्ठ सामन्तों एवं प्रदत्त माण्डलिकों द्वारा प्रदत्त केयूर, हार तथा मणि जटित दैदीप्यमान मुकुट धारण किये था। जिसके ऊपर कामिनियों के करों से सुन्दर चमर ढुराए जा रहे थे, मृगनाभि (कस्तूरी) की गन्ध के कारण जिस पर भ्रमर विचरण कर रहे थे। कर्पूर प्रधान ताम्बूल का सेवन करने से जो फंफा रूप स्वर से (पीक—) बरसाते हुए मुखवाला था (अर्थात् पीक थूँकता रहता था)। प्रतिपट्ट एवं नेत्त (रेशमी) सूत से चित्र-विचित्र रूप से गठित (अर्थात् बिने हुए) सुन्दर वस्त्र धारण किये था, जो चन्द्र एवं सूर्य की मनोहर किरण-समूह के समान दीप्तिवाला था। ऐसा वह चक्रेश कृष्ण संगीत और विविध सुविनोद (खेलों) से कीर्ण (व्याप्त) आस्थान में कंचण मणि खचित सिंहासन पर ऐसा सुशोभित हो रहा था जैसे मेरु शिखर पर नव कृष्ण मेघ ही आ गया हो। भुवन में अतिशय बली जनार्दन और बलभद्र दोनों (उस समय) ऐसे लगते थे मानों इन्द्र एवं फणीन्द्र दोनों ही वहाँ आकर मिल गये हों।

उसी अवसर पर कलहक्रिया में रत, गगनांगण में जाते हुए नारद ने जब हरि के उस आस्थान को देखा, तब उन्होंने सहसा ही आकर उस आस्थान में प्रवेश किया।

---

(14) 1. अ. ँउँ। 2. ब ँण। 3. अ ँसं। 4. अ ँअं।
5. अ हलिहे। 6. अ मं।

(13) (4) बलभद्र सनाथस्य। (5) णारायणस्स।

(14) (1) सूर्येन। (2) कस्तूरी। (3) श्वेतकृष्ण मेघौ।

घत्ता— सीहासणु छंडिवि पय-अवरुंडिवि ता दोहिमि सुह-भायणहिं।
खुल्लय-वय धारउ णियमइँ सारउ पणमिउ वल णारायणेहिं।। 14।।

(15)

त[1]दो [2]तहिं तिण्णि वि सुट्ठु पहिट्ठ झडत्ति हरी-वलवीढे[(1)] [3]वइट्ठ।
हरीवलहद्दहं मज्झे मुणिंदु णं[(2)] कण्णत्तुलं[(3)] भरे संठिउ चंदु।
पसंसिउ णारउ तक्खणे तेहिं विहप्फइ णावइ सग्गे सुरेहिं।
पयंपिउ अम्हहँ जम्मु कयत्थु समागय जंपहु तुम्हहँ इत्थु।
5 कहंतहो अज्जु पहिट्ठउ[4] ताय मुणीवि सु सच्च पयासइ वाय।
गिरी-दरि-खेड-मडंब भमंतु अकित्तिम-कित्तिम-तित्थ णमंतु।
जिणेंद थुणत्तु स-कम्म धु[5]णंतु जयम्मि कलीकल-कील कुणंतु।
णहाउ णिहालिवि सतत्त-सुवण्ण पुरी वर-वावि-तलायर वण्ण।

घत्ता— सुर-णर-मणहारउ अवर तुहारउ [6]इहु अत्थाणु विसिट्ठउ।
10 हरिसहु वलरुद्दें [7]अरि-वल मद्दें[8] जहि तुहु तं मइ दिट्ठउ[9]।। 15।।

घत्ता— तब दोनों सुख भाजन भाई—बलभद्र और नारायण ने सिंहासन छोड़कर क्षुल्लक व्रतधारी एवं नियम में सारश्रेष्ठ नारद के चरणों में वन्दना कर प्रणाम किया।। 14।।

(15)

कृष्ण, बलदेव एवं नारद का वार्त्तालाप

वे तीनों ही मिल कर बड़े प्रसन्न हुए। हरि (कृष्ण) एवं बल (बलभद्र) ने उन्हें (नारद को) शीघ्र ही सिंहासन पर बैठाया। वे मुनीन्द्र इस प्रकार सुशोभित हो रहे थे मानों कर्णतुला (सुवर्णतुला) के मध्य चन्द्रमा ही स्थित हो। इन दोनों ने तत्क्षण नारद की उसी प्रकार प्रशंसा की जिस प्रकार स्वर्ग में देवों द्वारा वृहस्पति की संस्तुति की जाती है। उन्होंने कहा—"हे तात आज हमारा जन्म कृतार्थ हुआ, आप कैसे प्रसन्न हो गये, जो यहाँ पधारे। अपने आगमन का कारण बतलाइये।" यह सुन कर मुनिराज नारद ने यथार्थ रूप में कहा—"मैं पर्वतों, दरी (गुफाओं), खेडों, मटम्ब (पर्वत के तल स्थान) में भ्रमण कर अकृत्रिम, कृत्रिम तीर्थों को नमन करता रहा तथा जिनेन्द्र की स्तुति करते हुए मैं अपने कर्मों को धुनता रहा। इस प्रकार जगत में कलिकाल की मधुर क्रीड़ा करते हुए जब मैंने आकाश से तप्त स्वर्ण के समान सुन्दर नगरी (द्वारावती), श्रेष्ठ वापिकाएँ एवं सुन्दर तालाब देखे और—

घत्ता— तुम्हारा यह देवों एवं मनुष्यों के मन को हरने वाला विशिष्ट आस्थान देखा साथ ही में अरि की सेना का मर्दन करने वाले बलभद्र सहित तुम (हरि) को मैंने देखा (इसलिए मैं यहाँ चला आया हूँ)।। 15।।

---

(15) 1. अ °उ। 2. अ त्त। 3. ब. पं। 4. अ. पयहउ।
5. ब छु। 6. अ °ए। 7-8. अ में नही है। 9. अ °ट्ठु।

(15) (1) सिंहासणे। (2) इति वितर्के। (3) मधे चद्र।

(16)

ता हरिणा जंपिउ अइ मणोज्जु हुउ अम्हहँ वासरु सहलु अज्जु।
तहिं अवसरे उच्चाइय करेण आसीस दिण्ण पुणु मुणिवरेण।
सकलत्तु-सपुत्तु-सवंधु ताम तुहुं णं दिवट्ठि ससि-सूर जाम।
[1]इत्थंतरे मुणि संचलिउ तेत्थु जा सच्चहाव हरि घरिणि जेत्थु।
णियराउलि सीहासणे णिविट्ठ सिंगारु लिंति णारएण दिट्ठ।
सज्जंति अलय विरयंति तिलउ केऊर-हार-मणि-णियर णिलउ।
द[2]पणें करयले मुहुं णियइँ जाम रिसि णारउ तहि अवयरिउ ताम।
सो पेछिवि किय अवहेरि ताए[1] सोहग्ग-रुव-मय-गव्विराए।

घत्ता— सिंगारहो अवसरे अज्जु सुवासरे कहिं आएउ कोवीण जुउ।
वेयालु वसंतिहि मज्झु करंतिहि एउ[3] आहाणु पसिद्धु हुउ।। 16।।

इय पज्जुण्णकहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए कइ सिद्ध विरइयाए पढमो संधी परिसमत्ता।। संधी:।। 1।। छ।।

---

(16)

नारद के सहसा आगमन पर रूपगर्विता सत्यभामा लज्जित हो जाती है

नारद का कथन सुन कर हरि ने अति मनोज्ञ शब्दों में कहा—"आज का हमारा दिन सफल हुआ।" यह सुनकर मुनिवर नारद ने उसी समय हाथ उठा कर उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा—"कलत्र, पुत्र, बन्धु सहित तुम जब तक चन्द्र एवं सूर्य हैं तब तक वृद्धि को प्राप्त होते रहो।" इसी बीच मुनिराज वहाँ से उस ओर चल पड़े जहाँ हरि की गृहिणी सत्यभाव-सत्यभामा निवास करती थी। सत्यभामा अपने राजभवन के सिंहासन पर बैठकर शृंगार कर रही थी। केशों को सजा कर तिलक लगा रही थी, केयूर तथा मणिसमूह का निलय समान हार पहिनकर जब वह हाथ में दर्पण लेकर अपना मुख देख रही थी तभी ऋषि नारद वहाँ उतरे। सौभाग्य रूप मद से गर्ववाली वह सत्यभामा उन नारद को देख लज्जित हो गई (और विचार करने लगी कि)—

घत्ता— शृंगार के अवसर पर आज शुभ दिन में यह कौपीनधारी कहाँ से आ गया? "मेरे आनन्द करने में बेताल बस गया।" यह आहान (अहाना–कथानक) चरितार्थ हो गया है।"।। 16।।

इस प्रकार धर्म-अर्थ-काम एवं मोक्ष पुरुषार्थ को प्रकट करने वाली कवि सिद्ध द्वारा विरचित प्रद्युम्न-कथा में प्रथम सन्धि समाप्त हुई।। सन्धि: 1।। छ।।

---

(16) 1. अ ए। 2. अ प। 3. अ हु।

(16) (1) तस्य सत्यभामाया।

(पुप्फिया)

यत्काव्यं[1] चतुराननाद्य[2] निरतं सत्पद्म[3] दा[1]तन्वत:
स्वैरं भ्राम्यति भूमिभागमखिलं कुर्व्वन् चलक्षं क्षणात्।
तेनेदं प्रकृतं चरित्रमसमं सिद्धेन नाम्ना पर[4]
प्रद्युम्नस्य सुतस्य कर्ण्ण सुखद: श्री पूर्वदेव द्विष:[2]।।

❑❑❑

पुष्पिका— सर्वज्ञादि के मुख से निर्गत समीचीन पद ही जिस काव्य रूपी शरीर की शोभा है और जो प्रचुर काल तक समस्त भूमि-भाग में स्वच्छन्द रूप से सत्पद्य के रूप में भ्रमण करता आया है उसके आधार पर प्रद्युम्न चरित्र के शीघ्र ही प्रणयन में मैं एक भी क्षण लज्जा का अनुभव नहीं करता हूँ।

सिद्ध नाम के उस कवि ने यह कर्ण सुखद अनुपम श्रीपूर्वक देवद्विष् (मधुसूदन—श्रीकृष्ण) के पुत्र प्रद्युम्न के चरित्र को प्रकृत — प्रकट किया है।। छ।।

पुष्पिका-- 1. अ 'तन्वत्त:। 2. अ ×

पुष्पिका— (1) यत्काव्यं कृतं। (2) सर्वज्ञमुखारनिर्गत। (3) सत् समीचीन पद तेषां पदानाम शोभा गात्रं यस्य काव्यस्य। (4) कानिना।

बीउ संधी

(1)

दुवई— ण वि पणिवाउ किउ संभासिउ ण वि सिय सेविए।
वइसहु ण वि भणिउँ सो णारउ हरि महएविए।। छ।।

दुवई— ठिय अवहेरि करि जा राणिय ता कोवेण कंपिउ।
इहि [1]उवयारु किंपि दरिसावमि मुणि णियमणे पयंपिउ।। छ।।

तवो[2] णिग्गऊ चित्ते खो[3]हं वहंतो विलक्खी हुउ तं विसायं [4]सहंतो।
वयं णच्चिमो जो अवज्जंत तूरो ण णच्चामि किं वज्जिए सो अडूरो।
इमं संभं[5]रंतो गओ सो तुरंतो सिहीजाल पिंगा-जडालो फुरंतो।
णहे गच्छमाणो वणंते पइट्ठो पुणो चिंतए [6]सयल सिंगे वइट्ठो।
अलं कत्थ जामो अहं किं कुणामो किउँ मज्झु तीएण पायं पणामो।
हरावमि किं कस्स पासम्मि दुट्ठा सियारूव सोहग्ग गव्वेण पुट्ठा।
परं एरिसं मज्झु काउ ण जुत्तं इमं वासुदेवस्स इट्ठं कलत्तं।
ण कीरमि तस्से व चित्ते अतोसो ण वच्चेउ मज्झं अवज्झँ[1] वि रोसो।

दूसरी सन्धि

(1)

रूपगर्विता सत्यभामा के प्रति नारद का क्रोध

द्विपदी— सखियों से सेवित हरि की महादेवी सत्यभामा ने उस नारद को प्रणाम भी नहीं किया, न सम्भाषण ही किया और "बैठिए" इस प्रकार भी नहीं कहा।। छ।।

द्विपदी— वह सत्यभामा जब नारद की अवहेलना करके भी बैठी ही रही तब कोप से कम्पित उस मुनि ने अपने मन में कहा "अब इसे कुछ उपचार दिखा ही दूँ"।। छ।।

तब मुनि नारद अपने चित्त में खेद धारण करता हुआ, विलखता हुआ तथा उस विषाद को सहन करता हुआ, वहाँ से निकल गया। जब हम बिना तूर के बचे ही नाचने वाले हैं, तब क्या तूर के बजने पर मैं नहीं नाचूँगा? ऐसा मन में स्मरण करता हुआ वह तुरन्त गया। अग्नि की ज्वाला समान पीली जटाओं को फैलाता हुआ, वह आकाश में जाते-जाते वन के मध्य में जा घुसा। पुनः पर्वत के शृंग (शिखर) पर बैठकर वह विचारने लगा—"बस, अब मैं कहाँ जाऊँ, अब मैं क्या करूँ? कैसे मैं इस स्त्री से अपने चरणों में प्रणाम कराऊँ? क्या मैं किसी के पास में इस दुष्टा का अपहरण करा दूँ? क्योंकि सीता के समान यह भी रूप-सौभाग्य के गर्व से पुष्ट हो रही है। परन्तु ऐसा करना मेरे लिए उचित नहीं है। (क्योंकि) यह वासुदेव की इष्ट कलत्र है। उस वासुदेव के चित्त में मैं असन्तोष उत्पन्न नहीं करूँगा तथा मैं अपने रोष को भी निष्फल (अवन्ध्य) नहीं करूँगा। संसार

---

(1) 1. अ. अँ। 2. अ उ। 3. ब खेयं। 4. अ. वसंतो। 5 ब. ँमं। 6. अ. सल।

(1) (1) निःफलं।

जए[2] राय-सामंत कस्सेव धूवा स-भूगोयरी-खेयरी सार-भूवा।
पयच्छामि कण्हेण अण्णो वियप्पो पभंजामि वुद्धीए हं ताहि[3] दप्पो।

15 घत्ता— अहिमाणें भरिउ णियमणु संठवइ ण केवहिं।
तहो गयहो चलिउ सो णारउ तक्खणे खेवइ।। 17।।

(2)

दुवई— णहे गच्छंतु संतु सो पेछइ हरि सु[1]ह मुक्कणी[2]सणं।
वणु-गिरि-तुंग [3]दुग्गय-गय-गंडय दुस्सह-सरय भीसणं।। छ।।

कत्थवि किडि[1]-पुल्लिहिं संगामो पेछिवि मणे मण्णइँ अहिरामो।
कत्थइँ फड-फुंकार सदप्पो आढत्तो णवलेणं सप्पो।
5 कत्थवि लोल-ललाविय-जीहो करि-कुंभे संघडिउ सीहो।
वाहेणं विरइय ठाणेणं तिक्खेणेक्के णं वाणेणं।
किरि-डीहिमि[2]-सीहस्स वि जीउ वंधेप्पि[4]णु पंचत्तहिं णीउ।
कत्थवि णवि मण्णहिं भयभंगो भिडिउ सरोसु कुरंगि[3]-कुरंगो।

में यदि किसी राजा, सामन्त या विद्याधर की सारभूत भूमिगोचरी अथवा खेचरी पुत्री हो तो उसे ही क्यों न कृष्ण को दिला दूँ? इसके अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं करूँगा। इसी प्रकार सत्यभामा के ऊपर कृष्ण की प्रेमबुद्धि को भंग कर इसके दर्प को भंग करता हूँ।

घत्ता— अभिमान से भरा हुआ वह नारद किसी भी प्रकार अपने मन में शान्त नहीं हुआ। वह तत्क्षण आकाश मार्ग से चल दिया।। 17।।

(2)

आकाश मार्ग से जाते हुए नारद, पृथ्वी-मण्डल के प्राणियों की क्रीड़ाएँ देखते हुए विद्याधर-श्रेणी में पहुँचकर वहाँ के निवासियों की नागरी-वाणी सुनते हैं

द्विपदी— आकाश में जाते हुए उस नारद ने रहस्यपूर्वक छोड़े हुए श्रीकृष्ण के उस आस्थान तथा दुर्गम वन, उन्नत पहाड़ और दुस्सह एवं भयानक वन गज, गेंडा तथा शरभ (अष्टापद) देखे।

उस वन में कहीं किटि (शूकर) और पुल्लि (भीलों) का संग्राम देख कर उस मुनि ने अपने मन में आनन्द माना, कहीं फण सहित फुंकार करने वाले दर्पीले सर्प को नवेले से जूझते देखा। कहीं लोल (चंचल) लपलपाती जिह्वा वाले सिंह को गज के कुम्भ (मस्तक) पर घात करते देखा। कहीं उस वन में स्थान बना कर बैठे हुए व्याध के द्वारा एक तीक्ष्ण बाण से सिंह का वध कर पंचत्व (मृत्यु) को प्राप्त कराते देखा। कहीं पर भय नहीं मानते हुए एक सरोष कुरंग (मृग) कुरंगी के पीछे दौड़ रहा था और ईर्ष्या के कारण क्रुद्ध लुब्धा मुग्धा हरिणी को मूर्च्छित होते हुए देखा, कहीं मृगों से मृगों की कलह को देखा और इस प्रकार उस वन को देखता हुआ वह

---

(1) (2) जर्गात। (3) आकासे पद पूरण।

(2) 1. अ सु। 2. अ भी। 3. अ डु। 4. अ वि।

(2) (1) शूकर। (2) हस्तिन सहसिंह। (3) मृगाणा।

हरिणिए मुद्धाए लुद्धा मुच्छ पवण्णा अमरिस कुद्धा।
मयहि[4] - मिइय कलहँ[5] पिछंतो विज्जाहर-सेढी[5] संपत्तो।

घत्ता— जहि पुरवर-पवर-वर-गाम-णयर उहामिरं।
गामार ण्ण वि सरस जंपंति सयल णायर-गिर।। 18।।

(3)

दुवई— जहि उछ-वण सालिकेयारहि पयसंचारु भज्जिए।
पढमायास गमणु[1] माहि वितहिं[2] गमणागमण किज्जए।। छ।।

जहिं गाम णिरंतरे जिणहराइँ गणाह इव सावय-मण हराइँ।
मुणि-गण सेविय णं उववणाइँ पडिभोया इव फणिगणाइँ।
जहिं णयरइँ सुर-पुर सण्णिहाइँ कंचणमय रयण-विणम्मियाइँ।
गिरि वेयड्ढहो दाहिणि पए[1]सि विज्जाहर जणे णिवसिय असेसि।
तहिं तुंग-सिहरे सुरहरे विसाले गउ मुणि रहणेउरे-चक्कवाले।
जहिं विज्जाहरुवइ सणकुमारु रूवेण विणिज्जिउ [2]जेणि मारु।

नारद विद्याधरों की उस श्रेणी में जा पहुँचा।

घत्ता— जहाँ श्रेष्ठ पुर, उत्तम ग्राम, पर्वतीय नगर तथा ग्रामारण्य हैं और जहाँ के सभी निवासी नागर-वाणी में सरस बोलते हैं।। 18।।

(3)

विद्याधर-श्रेणी का वर्णन

द्विपदी— जहाँ इक्षु के वन तथा शालिधान के खेत हैं। जिनसे पद-संचार (पैरों से चलने का मार्ग) टूट जाता है। पदों से आकाश-गमन होता है। मही में भी गमन होता है। इस तरह विद्याओं के आश्रय से गमनागमन किया जाता है।। छ।।

जहाँ पास-पास में बसे हुए ग्राम तथा प्रत्येक ग्राम में पास-पास में निर्मित अनेक जिन-भवन हैं, जो श्रावकों के मन का हरण करने वाले संघ के समान प्रतीत होते हैं। वहाँ मुनिजनों द्वारा सेवित उपवन हैं। वे (मुनि) ऐसे प्रतीत होते हैं मानों पतित भोग (भोग=फण जिनके गिर गये हैं अर्थात् क्षांत) फणिगण (सर्प) ही हों।

जहाँ के नगर सुरपुर (स्वर्ग-अमरावती) के समान हैं, जो कंचनमय रत्नों से विनिर्मित हैं, ऐसे उस वैताढ्य (विजयार्ध पर्वत) के दक्षिण प्रदेश (श्रेणी) में सम्पूर्ण विद्याधर-जन निवास करते हैं।

वहाँ तुंग शिखर पर विशाल सुरघर (विमान) समान रथनूपुर-चक्रवाल नगर में वह मुनि नारद गया, जहाँ विद्याधरों का राजा सनत्कुमार निवास करता था, जिसने अपने रूप से खोटे मार (काम) को भी जीत लिया था। जल, स्थल एवं आकाश में घूमता हुआ कलहप्रिय, कलहरत वह नारद राजकुल में जा पहुँचा।

---

(2) 5. अ. सेढिए।

(3) 1. अ. वे। 2. अ. 'णि' नहीं है।

(2) (4) मृगाणां। (5) नारदः।

(3) (1) विद्या। (2) वेताढ्ये।

जले-थले-णहे कलह-पियारएण तहो[3] राउले गंपिणु णारएण।
सकलत्तु सपरियणु सुज्जि दिट्ठु सयलहँ विणवंतहँ णवि वइट्ठु।

घत्ता— अवलोएवि णीहरिउ तहिं होएवि णिवसइ णारउ।
रूउ कुमारियहे तहिं काहि वि णियइ ण सारउ।। 19।।

(4)

दुवई— विज्जाहर[1]हं विविह पुर णयरिउ जइवि भमंतु अच्छए।
तहिं[1] सारिच्छवण्ण लाव[2]ण्णइ[3] अण्ण ण कोवि पेच्छए।। छ।।

दाहिणि-सेढिहो वि णीसरियउ उत्तरसेठि पइ[4]ट्ठउ तुरियउ।
गिरिवेयट्ठु [5]तियइ मुणि मणहरु अट्ठावयहो सिहरुणं गणहरु।
जहिं अकियउ जण णयणा-णंदिरु सहसकूडु णामें जिणमंदिरु।
विज्जाहर-सुर-णर कय महि महँ अट्ठुत्तरु सउ जिणवर-पडिमहँ।
काउवि जत्थ सुकंचण घडियउ काउवि रयणविणिम्मिय पडिमउ।
वंदिवि पुणिवि तिलोयहो सारउ पुणु णिग्गउ उत्तर-दिसि णारउ।
तहिं पुर-णयर णिंरतरु कमियउँ मण-पवणु व णीसेसु वि भमियउँ।

कलत्र सहित परिजनसहित विराजमान राजा ने उस नारद को देखा। सभी ने विनयपूर्वक झुककर उन्हें प्रणाम किया और बैठाया।

घत्ता— वहाँ होकर (घूमकर) सबको देख-परख कर नारद ठहरा। परन्तु राजकुल में किसी भी कुमारी का सार रूप नहीं देखा।। 19।।

(4)

सत्यभामा से भी अधिक सुन्दरी कन्या की खोज में नारद की विद्याधर-नगरियों की वेगगामी यात्राएँ

द्विपदी— विद्याधरों के विविध पुर एवं नगरियों को यद्यपि नारद ने भ्रमण कर देखा तथापि वहाँ सत्यभामा के समान रूप लावण्यवाली अन्य किसी कन्या को नहीं देखा।। छ।।

तब वह नारद उस दक्षिण श्रेणी से निकल पड़ा और तुरन्त ही उत्तर श्रेणी में प्रविष्ट हुआ। वहाँ उसने वैताढ्यगिरि की मुनियों के भी मन का हरण करने वाली स्त्रियों को देखा। फिर वहाँ से वह गणधर समान मनोहर अष्टापद (कैलाश) शिखर पर पहुँचा। वहाँ जनों के नयनों को आनन्ददायक उस अकृत्रिम सहस्रकूट जिनमन्दिर में गया, जहाँ विद्याधरों, सुरों एवं नरों द्वारा महिमा (प्रभावना—पूजा) प्राप्त 108 जिनवर मूर्त्तियाँ विराजमान हैं। उनमें से कुछ तो निर्मल स्वर्ण घटित थीं और कुछ रत्न-विनिर्मित। तीनों लोकों में सारभूत उन प्रतिमाओं की वन्दना कर वह नारद उत्तर दिशा की ओर चला। वहाँ के समस्त पुरों एवं नगरों में मन एवं पवन की गति से भ्रमण किया। हरि-कृष्ण के योग्य प्रिया की सर्वत्र खोज की किन्तु वहाँ का तो राजकुल

---

(3) (3) सणकुमारस्य।

(4) 1. अ. वि। 2. अ. य। 3. अ, ण्णि। 4. अ. पयट्टइ। 5. अ णि।

(4) (1) तस्याः सत्यभामायाः।

राउलु सोण्णारउ जु ण दिट्ठउ हरिपिय कार[6]णे सयलु गविट्ठउ।
सा ण-धीय णरवइ मंडलियहो जा सच्चहे रूवेण व लियहो।

घत्ता— वेयट्ठहो गिरिवरहो उत्तरदाहिणसेढि णिहालिय।
तहे सुकेय-सुयहे सुललिय भुयहे सरिसग्गल कवि ण वालिय।। 20।।

(5)

दुवई— विज्जाहरहँ विसय परियचेवि भूगोयरहँ देसहो।
पुणु संचलिउ झत्ति कलियारउ उज्झाउरि पएसहो।। छ।।

सा कोसलु पुरि पुर-णयरहँ धुरि।
पयसेवि णारउ कलह पियारउ।
गउ जिण-मंदिरे णयणा-णंदिरे।
रिसहुँ भडारउ तिहुयण सारउ।
भत्तिए वंदेवि अप्पउ णिंदिवि।
पुणु गउ राउलि भेरि रवाउलि।
तहिं णिव सुंदरु राउ पुरंदरु।
दिट्ठि ढोइउ पुणु अवलोइउ।
सरसि सणेउरि तहो अंतेउरि।
कुमरि ण दिट्ठिय कावि विसिट्ठिय।

ही शून्य मिला। कोई राजा भी वहाँ नहीं दिखा। माण्डलिक नरपति की कन्या सत्यभामा के समान निर्दोष रूपवती तरुणी कन्या के समान कोई राजकुमारी उसे वहाँ नहीं दिखायी दी।

घत्ता— तब उस (नारद) ने वैताढ्य गिरि की उत्तर दाहिनी श्रेणी की ओर दृष्टिपात किया, किन्तु वहाँ भी उस सुललित भुजाओं वाली सुकेतु-सुता सत्यभामा के समान अन्य बालिका दिखायी नहीं दी।। 20।।

(5)

विद्याधर-प्रदेश की परिक्रमा कर नारद कुण्डिनपुर में पहुँचता है

द्विपदी— वह कलहप्रिय नारद विद्याधरों के देश की परिक्रमा (समाप्त) कर भू-गोचरियों के देश में पहुँचा और चलता-चलता अयोध्यापुरी के प्रदेश में आया।। छ।।

वहाँ पुर एवं नगरों की धुरी के समान कोशलपुरी में प्रवेश कर वह नेत्रों को आनन्ददायक त्रिभुवन के सारभूत ऋषभदेव के जिन-मन्दिर में गया। वहाँ भक्तिपूर्वक वन्दना कर उसने आत्मनिन्दा की, पुनः भेरी नाद से युक्त राजमन्दिर में गया। वहाँ के राजा का नाम पुरन्दर था, जो बड़ा सुन्दर था। नारद ने वहाँ सर्वत्र दृष्टिपात किया। उसके अन्तःपुर को भी देखा किन्तु कोई भी सरस, स्नेहातुर एवं विशिष्ट कुमारी कन्या उसे नहीं दिखाई दी। यह

---

(4) 6. ब० काणणे।

किंपि ण बोल्लिउ लीलइँ चल्लिउ।
दाहिण-मंडलु धरिय कमंडलु।
पिछिय सुहत्थउ छत्तिय मत्थउ।
णयर-णिरंतरे भुवणुब्भंतरे।
तेण भमंतइँ मयण कयंतइँ।

घत्ता— कोइल कलयलु रम्मु सवण सुहावणु जहिं अवरु।
जो उववणेहिं गहिरु दीसई कुंडिणपुर पवरु।। 21।।

(6)

दुवई— जहिं वेयब्भणाम सरि-सारिय अमर-तरंगिणी सभा।
गिरि-मह सुजड कडणु परिसेसेवि कय सायर समागमा।। छ।।

दह-फारहे-सारहे तीरिणिहे तरु-संकडे तहे तडे तीरिणिहे।
णय-वट्टणु-पट्टणु सो वसइ जसुरायहो घायहो रिउ तसइ।
अणु कलियहो चलियहो णीसमहो अहिहाणहो जाणहो भीसमहो।
मंडलियहँ मिलियहँ घण-घणउ सोहाउलु राउलु तहो तणउँ।
सो राणइ माणउ को भणइँ फुडु सत्तिए कंतिए को जिणइँ।

सब देखकर भी नारद वहाँ कुछ बोला नहीं, लीलापूर्वक वहाँ से कमण्डल लेकर दक्षिण मण्डल की ओर चल दिया। उसके हाथ में पिच्छी थी और माथे पर छत्र। मदन के लिए कृतान्त के समान वह नारद संसार के नगर-नगर में भटकता रहा।

घत्ता— इसी क्रम में वह उस कुण्डिनपुर में जा पहुँचा, जो कानों को सुहावने लगनेवाला कोयलों के कल-कल रवों से रम्य एवं सघन उपवनों से सुशोभित देखा जाता है।। 21।।

(6)

कुण्डिनपुर के राजा भीष्म ने नारद को अपने नगर में प्रवेश करते हुए देखा

द्विपदी— उस कुण्डिनपुर में वेदर्भा (विदगर्भा) नाम की नदी बहती है, जो अमरतरंगिणी (देवगंगा) के समान है तथा जो महान् पर्वतों को भी उखाड़ती हुई तथा विशाल प्रदेश का सिंचन करती हुई समुद्र में जा गिरती है।। छ।।

विस्तृत सरोवरों के लिए सारभूत तथा सघन वृक्षों से युक्त उस वेदर्भा नदी के तट पर न्याय का वर्त्तन करने वाला वह कुण्डिनपुर नामक पट्टन बसा हुआ है, जहाँ के राजा के पराक्रम से शत्रुगण त्रस्त बने रहते हैं। उस राजा का नाम भीष्म है। भयानक शत्रु समूह भी जिसके पीछे-पीछे चलते हैं, जिससे माण्डलिक लोग बार-बार मिलते रहते हैं और इस प्रकार जिसका राजकुल सदा सुशोभित बना रहता है। उस राजा के सम्मान का वर्णन कौन कर सकता है? निश्चय ही उसकी शक्ति एवं कान्ति को कौन जीत सकता है? आकाशगामी इन्द्र, चन्द्र एवं

णहे इंदु वि चंदु वि भंत्ति णवि सु पयावइ णावइ भुवणे रवि।
जगु दंडइ चंडइ वल-वलिउ कलिकालु विसालु वि जिणि छलिउ।
10 जसु पणइणि सिरिमइ पाण-पिया तहे रुप्प पुत्तु-रुप्पिणि दुहिया।

घत्ता— कंचण-मणिगण सारे णिउ हरि वीढे वइट्ठउ।
गयणहो मुणि णारए सो त्तहिं पुरवरे दिट्ठउ।। 22।।

(7)

दुवई— पुणु उवयरे वि झत्ति अत्थाणें तहिं णारउ पइट्ठउ।
रूवकुमार तउ पेच्छेविणु णिरु णियमणे पहिट्ठउ।। छ।।

एण णमंसिउ णय-सिरेण संभासिउ सुमहुरु वर-गिरेण।
करमउलिवि भीसमु भणइ ताय दिणु धण्णु अज्जु जँ तुम्ह पाय।
5 मलु गलइ णिहालिउ हुंति जाम आसीस मुणीसरु देह ताम।
तुह मंडलग्गि जयलच्छि वसउ परचक्कु असेसु विट्ठरे तसउ।
सकलत्त सपुत्तहो रिद्धि-विद्धि मण-इंछिय तुह संपडउ रिद्धि।
एउ भणेवि खणद्धें गयउ तेत्थु अंतेउरे ससण रायइहिं जेत्थु।

सूर्य भी जिससे भ्रान्ति में पड़ जाते हैं। प्रजापति जिसके सामने झुका रहता है, जो जग के चंचल लोगों को प्रचण्ड रूप से दण्डित करता है, जो विशाल कलिकाल से ठगा नहीं जाता। उस राजा भीष्म की श्रीमती नामकी रानी थी, जो उसे प्राणों से भी प्यारी थी, उसका रुप्प नामक पुत्र एवं रुप्पिणी नामकी पुत्री थी।

घत्ता— जब वह राजा भीष्म स्वर्ण एवं मणि समूह से जटित सिंहासन पर विराजमान था तभी उसने आकाशमार्ग से कुण्डिनपुर में प्रवेश करते हुए उस नारद को देखा।। 22।।

(7)

राजा भीष्म नारद का स्वागत कर उसे अन्तःपुर ले जाता है जहाँ राजकुमारी रूपिणी के सौन्दर्य से प्रभावित होकर वह उसे मधुमथन की प्रियतमा बनने का आशीर्वाद देता है

द्विपदी— पुनः (आकाशमार्ग से) उतर कर वह नारद उस आस्थान—राजकुल में प्रविष्ट हुआ। रूपकुमार उसे देखकर अपने मन में बड़ा प्रसन्न हुआ।। छ।।

राजा भीष्म ने सिर झुका कर उसे नमस्कार किया और हाथ जोड़कर मधुर वाणी में इस प्रकार बोला—'आज का दिवस धन्य है जो आपको यहाँ पाया, क्योंकि आपके दर्शन कर हमारे पाप-कर्म गलित हो गये हैं।' यह सुन कर मुनीश्वर (नारद) ने आशीर्वाद देते हुए कहा—'तुम्हारे मण्डल (भामण्डल) के आगे जयलक्ष्मी का निवास बना रहे। समस्त शत्रु दूर से ही तुमसे त्रस्त बने रहें। अपनी रानियों एवं पुत्र-पुत्रियों सहित तुम मनोवांछित समस्त ऋद्धियों-सिद्धियों को प्राप्त करते रहो। यह कहकर वह आधे क्षण में ही वहाँ जा पहुँचा जहाँ अन्तःपुर में राजा की बहिन थी। उस गुण गरिष्ठा का नाम सुरसुन्दरी था। राजा पुत्री को वरिष्ठा रूपिणी के

सुर-सुंदरि णामइँ गुण-गरिट्ठु तहिउ वोलिहिं रुप्पिणी वइट्ठु।
ससिम इंणि एतहो किउ पणामु रूविणिए णमंसिउ कलह-धामु।
सा पेछेवि मणे हरिसेण भिण्णु णिव-दुहियहे आसीवाउ दिण्णु।
तुहु होहि पुत्ति गुण-गण मणोज्ज य किंहि महुमहणहो तणियसज्ज।
तं णिसुणि विच्छविणि मुणिहि वयणु पुणु हसिवि णियइ फुफुय हे वयणु।

घत्ता— हउँ सिसुपालहो दिण्ण **दसमइँ** वासरे परिणयणु।
हुअ सामग्गि असेस **अवरु चयइ** किं गुणिरयणु।। 23।।

(8)

दुवई— तातहि तासु[1] वहिण्णि पडिजंपइ आसि तिणा णे भासियं।
रूविणि चक्कवइट्ठि परिणेसइ तं एहि[2] पयासियं।। छ।।

रिसि णारउ जंपइ तुम्ह कहमि मणे वसइ महारइँ तं णरहमि।
कहिं परिमाणुउँ कहिं कणयसेलु कहिं वक्कलु कहिं देवंगु वे[3]लु।
कहिं पंचाणणु कहिं वण-कुरंगु कहिं अरुहणाहु कहिं किर अणंगु।
जो कंसु-केसु-चाणूरदमणु जं क[4]हिं सो हरि तहिं सिसुपाल कवणु।

नाम से बोलते थे। चन्द्रवदनी उस रूपिणी ने उस कलहधाम नारद को प्रणाम कर नमस्कार किया। उस नृप-सुता को नमस्कार करती देखकर वह नारद मन में बड़ा हर्षित हुआ और आशीर्वाद दिया—"गुण-गणों में मनोज्ञ हे पुत्री, तुम मधुमथन—कृष्ण की भार्या बनोगी। उस छविनी (रूपवती) रूपिणी ने मुनि के उस वचन को सुनकर पुनः हँसकर फूफू (फुवा) के मुख की ओर देखा।

घत्ता— तब उस फूफु ने (नारद से) कहा—"मैंने तो रूपिणी को शिशुपाल के लिये दे दी है। दशवें दिन विवाह होगा। विवाह की समस्त सामग्री तैयार हो गयी है। हे गुणिरत्न ! और क्या कहें?"।। 23।।

(8)

नारद रूपिणी को हरि-कृष्ण का परिचय देता है

द्विपदी— बहिन सुरसुन्दरी का कथन सुनकर राजा भीष्म ने कहा—"मति, श्रुति एवं अवधि रूप तीन ज्ञानों के धारी (मुनीश्वर—) नारद ने (जो) कहा है (वह अन्यथा कैसे हो सकता है?)। (अब) रूपिणी का विवाह चक्रवर्ती (कृष्ण) के साथ होगा, यह स्पष्ट है।"

ऋषिवर नारद ने कहा—"मैं तुम्हें कह रहा हूँ कि महाकामी नराधम उस शिशुपाल के मन में तुम कैसे स्थान पा सकती हो? (तुम्हीं सोचो कि—) कहाँ तो तुच्छ परमाणु (के समान शिशुपाल) और कहाँ कनकाचल (सुमेरु के समान वह मधुमथन कृष्ण)? कहाँ तो (तुच्छ) छाल और कहाँ देवंगलता? कहाँ तो पंचानन और कहाँ वनकुरंग? कहाँ तो अरुहनाथ और कहाँ अनंग कामदेव? कंस, केशा एवं चाणूर का दमन करने वाले हरि—कृष्ण के सामने शिशुपाल क्या है (अर्थात् उसकी शक्ति ही क्या है)? वह हरि—कृष्ण अतुल्य शक्ति वाले बलभद्र

---

(8) 1. ब 'य'। 2. अ मि। 3. अ. चे। 4. अ. 'क' नहीं है।

बलहद्दु सहोयरि अतुल-थामु ससिफलहे लि[5]हाविउ जेण जामु।
जसु हंसु जासु तिहुव[6]णे ण माइ वसुएव सुवहो विक्खाय [7]भाइ।
चउभुव जसु रणे परवल णिसुंभु दिढ कढिण वा[8]हु जग भुवण खंभु।
10 महु[9]महणहो को पडिमल्लु अत्थि पेसइ विवक्खु जसु[10] णयर पंथि।

घत्ता— सो संपहि[11] वल वलिउ[12] वसुह तिखंडहि गहियकरु।
जग को तहो सम सरिसु सिसुपाल जेण किउ दुक्करु।। 24।।

(9)

दुवई— सुरसुंदरिहि वयणु पुणजोएवि रूविणि मणे विसण्णि[1]या।
ता णारएण भणिय थिरु सुंदरि तुहु णर भुवणे धण्णिया।। छ।।

अरि-असुर-खयर-णर-मद्दणेण परिणेविय तुहुंमि जणद्धणेण।
कमलिणिहि हरि[2] जिम जणइ मित्तु तेम[2] ताह दुहुमि सुणि मिलिउ[3] चित्तु।
5 तहिं अवसरे जग जं सारभूउ लेहाविउ पडि[4] रूविणिहि रूउ।

का सहोदर भाई है। वह कृष्ण ऐसा प्रतीत होता है, मानों बलभद्र रूपी शशि-फलक पर कृष्ण रूपी रात्रि का ही लेखन कर दिया गया हो। जिस (कृष्ण) का धवल यश तीनों लोकों में नहीं समाता, जो सर्वत्र विख्यात है, वसुदेव का पुत्र है, जिसकी दृढ़ एवं कठिन भुजाएँ रणभूमि में शत्रुओं का संहार करती रहती हैं और जो जग रूपी भवन के लिये खम्भे के समान हैं। अपने शत्रु को यम के नगर के मार्ग में भेजने वाले उस मधुमथन के सामने दूसरा कौन पराक्रमी हो सकता है?

घत्ता— उस हरि-कृष्ण ने इस समय अपने पराक्रम से पृथिवी के तीनों खण्डों को अपने अधिकार में ले लिया है। अतः इस संसार में उसके समान और कौन हो सकता है और वह शिशुपाल, जिसने अनेक दुष्कर्म किये हैं, उसकी उस कृष्ण से क्या समता?।। 24।।

(9)

नारद उस रूपिणी की प्रतिच्छवि तैयार कराता है। रूपिणी का नख-शिख वर्णन

द्विपदी— सुरसुन्दरी के मुख को देखकर रूपिणी पुनः मन में विस्मित हुई। तब नारद ने स्थिर होकर कहा — हे सुन्दरि तू इस नरलोक में धन्य है।। छ।।

—अरि असुर, खचर और नरों का मर्दन करने वाले जनार्दन से तू परणी (विवाही) जायगी। जिस प्रकार मित्र (सूर्य) के दर्शन कर कमलिनी हर्षित हो उठती है (उसी प्रकार वह रूपिणी भी प्रफुल्लित हो उठी)। दुःखी उस रूपिणी का चित्त हरि—कृष्ण से जा मिला।

उसी अवसर पर जगत् में सारभूत उस रूपिणी के रूप की प्रतिच्छवि का लेखन कराया गया। उसमें उसके

---

(8) 5. ब. जि। 6. अ. °अँ। 7. ब. °वा। 8. अ. णाइँ।
9. ब हो। 10. अ. म°। 11. अ इ। 12. अ बलियउ।

(9) 1. व. °म्मि°। 2. व तिम्भा। 3. अ य°। 4. अ डि. ब डे°।

रत्तुप्पल-[5]णेवर चरण-[6]कंति णहमणि दितिए उडु-गण तिणंति।
गूढइँ-गुफइँ तहि वालियाहें कयली-कंदल सोभालियाहे।
पय-जुयल[7] खोणि[8]र णेउरेहिं पोमाइउ जंघाजुयलु तेहिं।
उरु खंभइ[(1)] रइहरहँ भाइँ मणि-रसणा तोरणु भरिउ णाइँ।
10 अइ वियढ रमणि मज्झम्मि तुच्छि गय-सवणहँ[(2)] णं उवल[(3)] मियच्छि।
उत्तुंगहि पीण-पऊहरेहिं इल वलउ ण सुज्झइ किंपि तेहिं[(4)]।
मा कहिमि कुणेसहो मणिअ तोसु जइ भज्जइ तो अम्हहँ ण दोसु।

घत्ता— सरल मुणाल भुवाहे[(5)] जसु अवला सु ण पुज्जइ।
लेहत्तयहिं अलंकरिउ गलकंदलु तहे छज्जइ।। 25।।

(10)

दुवइ— ससि सकलंकु क[1]मलु खेण वियसइ अणुवमु वयण पंकयं।
अद्धमियंक भालु भूजु[2]वलु वि ससहावइ [3]सुवंकयं।। छ।।

नूपुर सहित चरणों की कान्ति ऐसी लिखी गयी कि रक्त-कमल उसी प्रकार तिरस्कृत हो गये जिस प्रकार नभोमणि — सूर्य की दीप्ति से उडुगण (तारागण) तिरस्कृत हो जाते हैं। फिर उस बालिका के गूढ गुल्फ (गाठें) लिखी गयीं। पुन: उस शोभावाली के कदली कंद (स्तम्भ) समान उरु लिखे गये। पद युगल में ध्वनि करते हुए नूपुरों से उसके जंघा युगल पद्मवत् दिखाई दे रहे थे। उसके उर युगल रति गृह के दो स्तम्भों के समान शोभित हो रहे थे। वे ऐसे प्रतीत होते थे मानों मणि की रशना (कटिसूत्र) रूपी तोरण से भरे हुए (सजे हुए) हों। उसके विकट रमण फलकों के मध्य अत्यन्त तुच्छ कटि थी। उस मृगाक्षी के कानों तक विस्तृत नेत्र ऐसे प्रतीत होते थे मानों कमल-पुष्प ही हों।

उस कन्या के पीन-पयोधर इतने उन्नत थे कि उनके कारण पृथिवी का वलय (शरीर- मण्डल) कुछ भी नहीं सूझता (दिखाई पड़ता) था। उन (पीन-पयोधरों) को देखकर यदि किसी के मन में असन्तोष हो जाये तो मुझ (कवि) को लेशमात्र भी उलाहना मत देना और उन (कुचों) के भार से यदि कटि भग्न हो जाये तो भी उसका दोष मुझ (कवि) को मत देना।

घत्ता— जिस अबला कन्या की भुजाओं की समता सरल मृणाल भी कर पाने में समर्थ नहीं थे। उस रूपिणी का गलकंदल तीन रेखाओं से अलंकृत एवं सुशोभित हो रहा था।। 25।।

(10)

नारद ने रूपिणी का चित्रपट द्वारावती के राजा पद्मनाभ नारायण (कृष्ण) को समर्पित कर दिया

द्विपदी— शशि तो कलंक सहित है, कमल तो क्षण में विकसित होता है और मिट जाता है, इसलिए इसका मुखकमल दोनों की उपमा से रहित अनुपम है अर्थात् उस रूपिणी का मुख-कमल कलंक रहित और सदा विकसित रहता है। उसका भाल अर्धमृगांक के समान था। उसकी दोनों भौहें स्वभाव से ही अत्यन्त वक्र थीं।। छ।।

---

(9) 5-6. अ. "चलणं णयण्णं"। 7. ब. "रं। 8. अ. "लि"।
(10) 1. अ. 'क' नहीं है। 2. अ. "जुयलु। 3. अ. सवंकव।

(9) (1) हयै। (2) कर्णयो:। (3) उपलंभव्व लाहणो। (4) पयोधरे। (5) रुक्मिन्या।

अलिउल तमाल णिहु अइ सफारु वरहिण कलाउ णं चिहुर-भारु।
सव्वंगहि-सव्व-सुलक्खणाहे पडिलेवि रूउ मुणि चलिउ ताहे।
जो सच्चहाव कोहेण-तत्तु णिमि[4] सि[5]द्धइँ पुरि वारम[6]इँ पत्तु।
कालिंदिहि दहे कालियहो दमणु गोवियण-पियारउ गरुड-दमणु।
जरसिंधु-कंस-चंदक्क राहु दिट्ठउ कयणासणे पउमणाहु[(1)]।
बलहद्द सहिउ सो सहइ केम मरगय-मणि मुत्तिउ मिलिउ जेम।
णारउ पेछिवि हरिवीढु चइ[7]वि दोहिंमि पणविउ पय अग्घु घिववि।
संतोसेण सिंहासणे वइट्ठु कर-मउलिवि पुणु संचवइ विट्ठु।

घत्ता— कहि होए-विणु आगमणु एउ परमेसर कहहि महु।
मुणिणा तं णिसुणेवि पडु वि प[8]यंछिउ तासु लहु।। 26।।

(11)

दुवई— रूविणि रूउ णिएवि णारा[1]यणु मयण सरेहि सल्लिउ।
भूगोयरि किं खेयरि-किण्णारि किं गंधव्वि वोल्लिउ।। छ।।

पायाल कण्ण किं सुरकुमारि किं लच्छि किण्णु गंधारि गोरि।

उसके चिकुरभार (केश) अलि-कुल के समान अत्यन्त काले एवं तमाल के समक्ष अत्यन्त विस्तृत थे। वे ऐसे प्रतीत होते थे मानों मोर के पुच्छकलाप ही हों। इस प्रकार उस सुलक्षणा के समस्त अंगों के रूप-पट को लेकर वह मुनि चल दिया जो सत्यभामा के प्रति क्रोध से तप्त था — वह नारद मुनि निमिष मात्र में ही द्वारावतीपुरी में पहुँचा और (वहाँ राजकुल में पहुँच कर) कालिन्दी (यमुना) के द्रह में कालियानाग का दमन करने वाले, गोपीजनों के प्यारे, गरुड़ का दमन करने वाले, जरासन्ध और कंस के चन्द्र और सूर्य के लिए राहु के समान शत्रु—पद्मनाभ नारायण (कृष्ण) को कनकासन पर देखा। बलभद्र सहित वह पद्मनाभ किस प्रकार सुशोभित था? ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार मरकत-मणि मोतियों से मिल कर सुशोभित होता है। नारद को देखकर सिंहासन छोड़कर दोनों ने चरणों में अर्घ दे कर प्रणाम किया, सन्तोष से सिंहासन पर बैठाया और दोनों हाथ मुकुलित कर विष्णु ने कहा—

घत्ता— हे परमेश्वर, इस प्रकार (बिना अवसरके) कहाँ से आगमन हुआ? मुझसे कहिए। मुनिराज ने उनके वचन सुन कर उन्हें शीघ्र ही उस कन्या का वह चित्र-पट समर्पित कर दिया।। 26।।

(11)

रूपिणी के सौन्दर्य से काम-पीड़ित होकर नारायण कृष्ण नारद से उसका परिचय पूछते हैं

द्विपदी— रूपिणी के रूप को देखकर नारायण — कृष्ण मदनबाणों से शल्य-युक्त हो गया और अपने मन ही मन में बड़बड़ाने लगा कि क्या यह कन्या भूमि-गोचरी है अथवा खेचरी किन्नरी है, अथवा गन्धर्व कन्या।। छ।।

"क्या यह पाताल (नाग) कन्या है अथवा सुरकुमारी, यह लक्ष्मी है अथवा गांधारी या गौरी? क्या यह बुद्धि

---

(10) 4. ब. 'वि'। 5. अ. सद्धें। 6. अ. व। 7. अ. य। 8. अ. डि। (10) (1) नारायण।

(11) 1. अ र।

किं बुद्धि-सिद्धि किं कित्ति-सत्ति गावित्ति-सरासइ संति सत्ति।
पण्णय-कुले किं सुरलोय-मेत्ति[1] एहु उवलद्धउ भणु मुणि कहंति[2]।
मुणि[3] पभणइं णिसुण[2] मज्झु वयणु जहिं दिट्ठु एहु मइ णारि-रयणु।
उच्छवण-सालि घण-घणिर [3]छेत्ति वर वि[4]सउ एक्कु इह भरहछेत्ति।
उत्तरदिसि दाहिण जणिय हरिसु अइ मणहरु धण-कणय वरिसु।
वेयब्भ[4] महा-तीरिणिहे तीरे मालइ मल्लिय सुरहिय समीरे।
तहे कुंडिणपुरु णामेण णयरु मयणाहि वहलु घणसारु पवरु।

घत्ता— चाउद्दिसु मह-महइ जहि अणुदिणु सुविसेसइँ।
णिम्मिउ णं धणएण अमराहिव आएसइँ।। 27।।

(12)

दुवई— तहिं कुसुमसरु देउ पुरवाहिरे णंदणवणे मणोहरो।
जेण[1] अणू[2]हंतु मुअवि जगु णडियउ हरि-वंभु वि पुरंदरो।। छ।।

तहिं भीसमु णामेण पहाणउँ खत्तिउ खत्त-धम्मु जगे जाणिउँ।
तासु पट्ट महएवि महासइ सिरिरूवेण[1] व णामें सिरिमइ।[2]
रूवकुमारु णामु तहि णंदणु संज्जण-जण-मण णयणाणंदणु।

या सिद्धि अथवा कीर्ति या शक्ति? क्या गायत्री है या सरस्वती? शान्ति है अथवा सती, यह पन्नगकुल की है अथवा सुरलोक कन्या? हे मुनि, ऐसी कन्या आपने कहाँ से प्राप्त की है?" यह सुन कर मुनि नारद ने कहा— "(हे नारायण) मैंने इस नारी-रत्न को जहाँ देखा है, उसके विषय में मेरा कथन सुनो। इसी भरतक्षेत्र में इक्षुवन तथा शालि के घने-घने क्षेत्रों के मध्य एक उत्तम देश बसा हुआ है, जिसकी उत्तर दिशा की दाहिनी ओर हर्षोत्पादक, अतिमनोहर धन-धान्य-कनक की वर्षावाला, वेदर्भा नाम की महानदी के तीर पर मालती-मल्लिका से सुगन्धित वायु वाला कुण्डिनपुर नामका नगर है, जो मृगनाभि बहुल एवं कर्पूर प्रधान कहा जाता है।

घत्ता— जो प्रतिदिन अपनी विशेषताओं के कारण चारों ओर श्रेष्ठता का प्रसार करता रहता है। ऐसा प्रतीत होता है मानों देवेन्द्र के आदेश से धनद ने ही उसका निर्माण किया है।। 27।।

(12)

चेदिपति के साथ रूपिणी के विवाह की तैयारी की नारद द्वारा नारायण को सूचना

द्विपदी— "वहाँ नगर के बाहर मनोहर नन्दनवन में कुसुमशर (कामदेव) नामक देव हैं, जिसने जगत में अरहन्त को छोड़कर हरि, ब्रह्मा एवं पुरन्दर को भी नचाया है।। छ।।

वहाँ क्षात्र धर्म को पालने वाला, संसार में प्रधान रूप से प्रसिद्ध भीष्म नामका राजा राज्य करता है। उसकी पट्टमहादेवी महासती लक्ष्मी एवं सौन्दर्य में यथार्थ श्रीमती नामकी प्रधान महारानी है। सज्जन जनों के मन एवं नेत्रों को आनन्द देने वाला रूपकुमार नामका उसका पुत्र तथा उससे छोटी सर्व सुलक्षणा, सुविचक्षणा रूपिणी

---

(11) 2. अ °णहुँ। 3. अ ले। 4. व वसिउ।

(12) 1. अ 'ण' नही है। 2. अ 'ण'।

(11) (1) मैत्री। (2) कुत्रात्। (3) नारदः। (4) वैदर्भ।

(12) (1) लक्ष्मी। (2) श्रीमती।

तहो[3] कणिट्ठ एह सव्वं सुलक्खण रूविणि णाम धीय सुवियक्खण।
दिवसे चउत्थि विवाहु हवेसइ चेइवइहि हत्थे[4] लग्गेसइ।
तिउराहिउ[5] णं तिउर[6] - पुरंदरु[7] तहो सिसुपाल णामु रणे दुद्धरु।
भड[3]परिमिउ हय-गय-रहवाहणु रूविणि पाणिग्गहणे स साहणु।
तहिं संपत्तु पवट्टिय तोसहिं मंगल-तूर लक्ख णिग्घोसहिं।

घत्ता— पुरवरे रत्था सोहें घरे-घरे गुडि उद्धरणु किउ।
घरे-घरे मंगल-सद्द घरे-घरे कलस दुवारे ठिउ।। 28।।

(13)

दुवई— घरे-घरे तोरणइँसुविसालइँ घरे-घरे तूर वज्जए।
सिसुपालहो पवेसे कुंडिणपुरे णं णवमेहु गज्जए।। छ।।

तं णिसुणेवि जलणु व घिय सित्तउ सिसुपालहो णामेण पलित्तउ।
उट्ठिउ सिंहासणहो जणद्दणु जो रण भरे भड-थड-[1]कयमद्दणु।
बलहद्दइ अत्थाणु विसज्जिउ कुंडिणपुरहो पयाणउ सज्जिउ[1]।
भम[2]-थम[3]-रह मयगइँ[4] चल्लिय मंडलिय वि सामंत वि वालिय[2]।

नामकी एक पुत्री है। आज से चौथे दिन उसका विवाह होगा। चेदिपति के साथ उसका लग्न होगा। वह चेदिपति त्रिपुराधिप है अथवा मानों वह त्रिपुर पुरन्दर ही है। रण में वह दुर्धर है। उसका नाम शिशुपाल है। अपरिमित भट, हय, गज, रथ, वाहन जैसे साधनों के साथ वह रूपिणी के साथ पाणिग्रहण करने हेतु वहाँ जा पहुँचा है। वह मंगल तूरों के लाखों निर्घोषों के साथ सन्तुष्ट होकर वहाँ रह रहा है।

घत्ता— उस उत्तम नगर की गलियों-गलियों में शोभा की गयी है तथा घर-घर में गुडियों के उद्धरण (चित्रण) किये गये हैं। घर-घर में मंगल शब्द—गीत हो रहे हैं तथा घर-घर के दरवाजों पर मंगल-कलश स्थापित किये गये हैं।। 28।।

(13)

जनार्दन सदल-बल कुण्डिनपुर पहुँचते हैं। नारद रूपिणी की फूफी को चुपचाप संकेत कर देता है

द्विपदी— घर-घर में सुविशाल तोरण बनाये गये हैं। घर-घर में बाजे बज रहे हैं। राजा शिशुपाल के कुण्डिनपुर में प्रवेश करने पर वे बाजे नवीन-मेघों के समान गरज रहे हैं।। छ।।

नारद का कथन सुनकर तथा शिशुपाल का नाम सुनते ही वह जनार्दन घी सींची हुई अग्नि के समान प्रदीप्त हो उठा। रण के मध्य में भटों के थड (समूह) का मर्दन करने वाला वह जनार्दन सिंहासन से उठा। बलभद्र ने भी अपना आस्थान छोड़ दिया और दोनों ने कुण्डिनपुर की ओर प्रयाण की तैयारी की। वे घूमते हुए रहस्यमय गति से चले। साथ में माण्डलिक और सामन्त भी बुला लिये। रथों में मन तथा पवन से भी अधिक

---

(12) 3. अ. प., ब. ए।

(12) (3) रूपकुमारस्य। (4) शिशुपालस्य। (5) त्रिपुराधिपः। (6) ईश्वरः। (7) इन्द्र।

(13) 1. अ. °ड°। 2. अ. ड। 3. अ. ड। 4. अ. न।

(13) (1) दत्तः। (2) व्यापुटिताः।

रहे मण-पवण-वेय-हय-जुत्तिय जो[5] कुस-कुस[6]ल सील णं सोत्तिय।
वहु पहरण [7]परिपूरिय संदणु तहि वलहद्दु चडिउ स जणद्दणु।
अरिदमणु वि सारहि आरुढउ विविह महाहवे[3] जो णिव्वूढउ[4]।
10 वाहिउ रहुरहसेण ण माइय कुंडिणपुरहो णियउ संपाइय।

घत्ता— तहिं थाइवि णारेण सुरसंदरे राउले गंपिणु।
हरि-वलहद्दु पहुत्त फूइय[5] दाविय सण्ण करेविणु।। 29।।

(14)

दुवई— भीसम ससए ताम सा रूविणि बुच्चइ जाहिं तेत्तहिं।
पुज्जण-मिसेण काम सुरमंदिरु वहिरुज्जाणु जेत्तहिं।। छ।।

तहिं अवसरेसिंगारु करेवि[1]णु रूविणि सिवियाजाणे चेडविणु।
रायकुमारिहिं सेविय सुंदरि अच्छरविंदहि णाइ पुरंदरि।
5 वाहिरे कुंडिणपुर हो विणिग्गय णं गणियारि[1] गयहो सम्मुह गय।
णियइ कडउ सिसुपालहो केरउ जं[2] विंभिय[2] अमरहिमि[3] जणेरउ।
पुरवाहिरे आवासु पदिण्णउँ गुहर मंडवियहिं संच्छण्णउँ।

वेग वाले घोड़े जुते हुए थे। वे घोड़े कुश में कुशल थे। वे ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानों कुश चढ़ाने में कुशल स्वभाव वाले श्रोत्रिय-ब्राह्मण ही हों। साथ में अनेक प्रकार के प्रहरणों (आयुधों) से भरे हुए स्यन्दन (रथ) भी थे। ऐसे रथ पर जनार्दन सहित बलभद्र चढ़े। नाना प्रकार के युद्धों में कुशल अरिदमन नामका सारथी भी चढ़ा। रथ को चलाता हुआ वह इतना हर्षित था कि वह उसमें समा नहीं रहा था। इस प्रकार वह कुण्डिनपुर के निकट जा पहुँचा।

घत्ता— हरि बलभद्र प्रभृति को वहीं ठहरा कर नारद सुरसुन्दरी के राजकुल में गया और रूपिणी की फूफी सुरसुन्दरी को संकेत कर दिया। सुरसुन्दरी ने भी रूपिणी को संकेत करा दिया।। 29।।

(14)

फूफी (सुरसुन्दरी) के आदेश से रूपिणी नगर के बाहरी उद्यान में कामदेव की पूजा हेतु आती है

द्विपदी— तब राजा भीष्म की बहिन सुरसुन्दरी ने उस रूपिणी से कहा—"तुम नगर के बाहिरी उद्यान में पूजा के बहाने कामदेव के मन्दिर में जाओ।"

उसी समय उस रूपिणी ने शृंगार किया। राजकुमारियों से सेवित शिविका-यान में चढ़कर वह कुण्डिनपुर से उसीप्रकार बाहर निकली जैसे मानों शत्रु गज के सम्मुख हथिनी जा रही हो। वहाँ (मार्ग में) वह देवों को भी विस्मित करने वाले शिशुपाल के कटक को देखती है। कटक को नगर के बाहर आवास दिया गया था, जो सुघड़ मण्डपों से संछन्न था।

---

(13) 5-6. अ जेसकुसत्थ। 7. अ. परिपूरिय, ब. परिय।

(14) 1. अ °प्पि। 2. अ °उ। 3. अ °वि।

(13) (3) संग्रामे। (4) समर्थः। (5) तस्याः फूफी।

(14) (1) हस्तिनी। (2) जन्त्रकटक।

दूसहिं[3] रवि-गम-छिजहिं दूसिय णं महिवहु भूसणहिं वि[4]भूसिय।
कत्थवि मत्त-महागय-गज्जिय कत्थवि डउडिउ करह पवज्जिय।
कत्थवि चवल-तुरंग-महरवर कत्थवि सुहड[5] णिसिय असिवक्खर[4]।
इय पेच्छंति काम-सुर भवणहो गयवर तिय पच्छिम लय भवणहो।
तहि तहो अमरहो पुज्ज करेविणु[6] पुणु णिग्गय मणे विट्ठु [7]धरेविणु

घत्ता— ता सहसत्ति णिएहि हरि-वलहद्द ससंदण।
परवल-दलण पयंड सक्कव पडिसक्कंदण।। 30।।

(15)

दुवई— रहिउ[1]यरेवि[1] झत्ति महुमह[2]णें अंचले धरिय तक्खणें।
रूविणि भणिय तेण हे[2] सुंदरि हउँ सो हरि सुलक्खणे।। छ।।

तुह कज्जें गिरिवण लंघेवि[3]णु इह आयउ वारमइ मुएविणु[4]।
करि पसाउ चडु-चडु लहु संदणु एम पयंपइ जाम जणद्दणु।
ता वालिय अह समुहँ णिहालइ चरणंगुट्ठइँ धर पोम्हालइ[3]।

दूष्य तम्बुओं से सूर्य की किरणें तक रुक जाती थीं। वे ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानों महीप के भूषणों से विभूषित (तम्बू) हों।

कटक में कहीं मत्त गज गरज रहे थे, कहीं ऊँट बलबला रहे थे। कहीं महाखुरवाले चपल तुरंग हिनहिना रहे थे। कहीं निशित (तीक्ष्ण) असि वाले सुभट बख्तर (कवच) धारण किये थे। यह देखती हुई वह उत्तम स्त्री रूपिणी भवन के पश्चिम भाग से कामदेव के भवन में प्रविष्ट हुई। वहाँ उसने कामदेव की पूजा की फिर मन में विष्णु को धारण करती हुई वहाँ से निकल पड़ी।

घत्ता— तभी उस कन्या ने सहसा ही परवल (सेना) दलने में प्रचण्ड शक्र की तरह प्रतीन्द्र—प्रतिनारायण हरि और बलभद्र को रथ में देखा।। 30।।

(15)

जनार्दन रूपिणी को उठाकर रथ में बैठा लेते हैं और पाँचजन्य शंख फूँक देते हैं। युद्ध की तैयारी

द्विपदी— सहसा ही रथ से उतर कर मधुमथन ने तत्क्षण उस रूपिणी का अंचल पकड़ लिया और बोले— "हे सुलक्षणे, हे सुन्दरि, हे रूपिणि, मैं वही हरि हूँ"।। छ।।

"केवल तुम्हारे लिए ही मैं द्वारावती को छोड़ कर पर्वतों एवं वनों को लाँघता हुआ यहाँ आया हूँ। अब कृपा करो। शीघ्र ही रथ में चढ़ो।" जब जनार्दन ने इस प्रकार कहा। तब वह बालिका नीचे की ओर देखने लगी और चरण के अंगूठे से धरा (भूमि) पपोलने लगी तथा सशंकित होकर अपने बाँके नेत्रों से देखने लगी। वह

---

(14) 4. ब. °भि। 5. ब. °म। 6. अ. °प्पि°। 7. अ. °ध°।

(14) (3) किरण। (4) तीक्ष्ण।

(15) 1. अ. °यरे। 2. अ. °ण°। 3. अ. °प्पि°। 4. अ. °प्पि°।

(15) (1) उत्तरयित्वा। (2) विल्लुना। (3) स्पर्शयति।

णयण-ससंक वंक करि जोवइ तणु झंकइ संकु सइव ढोयइ।
अइ सवीड पर पासु ण छंडइ हरि-[5]हलि लज्जइ किं अवरुंडइ।
इय चिंतिवि णियमणे गंजोल्लिय अवरंडेवि णिय रहवरे घल्लिय।
पूरिवि [6]पंचाणणु[(4)] तहिं तुरियउ णं जयसिरि लेविणु णी[7]सरियउ।
10 ता उच्छलिउ गरुउ कोलाहलु सण्णज्झइ सिसुपाल महावलु।

घत्ता— हिलि-हिलंतु हय थट्टरणे पक्खारिय गय वि गुडिय।
कय सण्णाह पयंड राउ रूवि जोहिवि चडिय।। 31।।

(16)

दुवई— ता पडु-पडह ढक्के भेरी-रव-पूरिय दिम्मुंहंतरा।
कडुवि[(1)] हडवि ण जाइ भम संकडे मिलिय अणेय णरवरा।। छ।।

सिसुपाले भीसम णंदणेहिं[(2)] [1]संचल्लहिं हरि-करि संदणेहिं।
बहु छत्त-चमरामरु धय-धयेहिं रण-खंभ-कोंत मोग्गर-सएहिं।
5 कुंतयहिं णिविड-सिक्किरि-घणेहिं रवियर[(3)]-छाइय णं णाहि घणेहिं।

संकुचित शरीर हो रही थी। वह अपने शरीर को कीलित हुए के समान ढो रही थी। वह अत्यन्त लजा रही थी। परन्तु (हरि के) पास को नहीं छोड़ रही थी। हरि और हलि उसका स्पर्श करने में लजा रहे थे, कि उसका स्पर्श कैसे करें? ऐसा अपने मन में विचार कर हरि ने गंजोली हुई रूपिणी को पकड़कर अपने श्रेष्ठ रथ में घाल लिया (पटक लिया) और वहाँ तुरन्त ही हरि ने पाँचजन्य शंख पूर दिया (बजा दिया)। ऐसा प्रतीत होता था मानों वह जयश्री को लेकर ही निकल पड़ा हो। उससे वहाँ बड़ा भारी कोलाहल हुआ, उसे सुनकर शिशुपाल की महासेना तैयार होने लगी।

घत्ता— लौह कवच धारण कर प्रचण्ड राजरूप योद्धा हिनहिनाते हुए घोडों तथा अपने शरीर को पखारते हुए हाथियों पर सवार होकर रणभूमि में एकत्रित होने लगे।। 31।।

(16)

युद्ध की तैयारी : रूपिणी जनार्दन की परीक्षा लेती है

द्विपदी— तभी पटु-पटह ढक्क एवं भेरी के शब्दों से दिग-दिगन्तर भर उठे। विकट कटक में भी (युद्ध का) भ्रम न रहा। संकट में अनेक नर-श्रेष्ठ आ मिले।। छ।।

अनेक छत्रों तथा चमरों से युक्त राजा शिशुपाल एवं राजा भीष्म के राजकुमार पवन से प्रेरित सैकड़ों ध्वजाओं वाले घोड़े, हाथी एवं रथों द्वारा चले। उनके रणखम्भ, कोंत, मुद्गर अत्यन्त भयानक कुन्त तथा घनी सिकड़ियों से सूर्य की किरणें भी ढंग गयीं। ऐसा प्रतीत होता था मानों आकाश को घने मेघों ने ही ढँक लिया हो। जब संग्राम का प्रवर तूर बजा तभी रूपिणी त्रस्त हो उठी और बोली—"मेरे कारण ही यह अयुक्त कार्य

---

(15) 5. अ. व°। 6. अ. पंचयणु। 7. ब. 'ह°'।

(16) 1. अ. 'सं' नहीं है।

(15) (4) पंचजनु संखु।

(16) (1) कटकु। (2) रुक्मकुमार। (3) रविकिरणा।

संगाम-तूर जहिं पवर रसिय तहिं अवसरे रूवाए वि तसिय।
पभणइं महु कारणे किउ अज्जत्तु तुम्ह किर ए जणवलु बहुत्तु।
तं णिसुणिवि भणिउ जणद्दणेण देवइ वसुएवहो णंदणेण।
सुणि सुंदरि महु पडिमल्लु णत्थि सहु सरेहिं[2] रणु ण करहि हत्थु।
10 अहवा पच्चउ दक्खवमि मुद्धि सुणि सुंदरि णिय [3]कुलवंस-सुद्धि।
पवि-मणिवि सअंगुच्छलउ लेवि संचूरिउ णियकरयलेहि णेवि।
अवरूवि पडिजंपइ पुणु विवाल जइ खुडहि खुरप्पइ सत्ततार।

घत्ता— एक्कहु-एक्कु ण मिलइ जो[4] खल इव अइ विसमठिय।
ते एक्के वाणेण जइ-पइ दो खंडी किय।। 32।।

(17)

दुवई— ता तुह होहि देव णारायणु एहु संदेहु तुट्टए।
अहवण कुणहि ताल-परियट्टणु[1] तो महु [1]संति भट्टए[2]।। छ।।

तं णिसुणिवि कुवि[3]यउ वासुएउ अहिमुह[2] चप्पिवि किउ ताल-छेउ।
सत्त वि पाडिय एक्कें सरेण तिउरहो[3] पायारवि णं हरेण[4]

किया गया है। आकाश में क्या तुम्हारा जनबल बहुत है?" उसका कथन सुनकर देवकी वसुदेव के नन्दन जनार्दन ने कहा—"हे सुन्दरि सुनो, मेरे समान प्रतिमल्ल (दूसरा मल्ल) नहीं है। मैं बाणों से नहीं हाथ से रण करता हूँ, अथवा हे मुग्धे, मैं प्रत्यक्ष ही दिखा देता हूँ। अपने कुलवंश की शुद्धि स्वरूप हे सुन्दरि, सुनो—तभी जनार्दन ने अपनी अँगूठी में जड़े हुए वज्ररत्न को निकाल कर अपने ही करतल से चूर-चूर कर डाला। यह देखकर भी वह बाला रूपिणी पुनः बोली—"आप ऐसे सात ताल वृक्षों को खुरपा से काटो।"

घत्ता— "जो एक से एक नहीं मिला हुआ है और जो खल — दुष्टों की तरह विषम (ऊबड़-खाबड़) रूप से स्थित हैं। उनके क्या तुम अपने एक ही बाण से दो-दो टुकड़े कर सकते हो?"।। 32।।

(17)

शिशुपाल एवं रूपकुमार (रूपिणी का भाई) हरि-बलदेव से भिड़ जाते हैं

द्विपदी— तभी मेरा सन्देह टूटेगा और मैं तुम्हें नारायण—कृष्ण समझूँगी और यदि तालवृक्ष को नहीं काटोगे तो मेरे मन की शान्ति भ्रष्ट हो जाएगी। ।। छ।।

रूपिणी का कथन सुनकर वासुदेव कुपित हो उठा और बोला—"ताल वृक्षों का छेदन तो क्या मैं तो सर्प के मुख को चाँप कर उसके विष का भी छेदन कर सकता हूँ।" यह कहकर उसने उन सातों ताल वृक्षों को एक ही बाण से पाड दिया। ऐसा प्रतीत होता था मानों महादेव ने त्रिपुर के प्राकार को ही पटक दिया हो।

---

(16) 2. अ. और ब. में 'हिं' नहीं है।

(17) 1. अ. भं। 2. अं. वंदए। 3. अ. इं।

(16) (4) जेट्ठा।

(17) (1) परिवर्त्तनं। (2) सर्पमुखं। (3) त्रिपुरदैत्यस्य जया। (4) ईश्वरेण।

तं पेच्छिवि रूविणि भणइ एम महु ताउ[4]-भाइ रक्खियहि देव।
ता पलय-समुद्दु वसु[5]ह पमुक्कु सिसुपालु ससाहणु झति ढुक्कु।
अवरू वि रूउ वि रूविणिहि भाइ उच्छलिउ पलय-समुद्दु णाइ।
पहरण-दुज्जउ[(5)] णं गयणु घाइ [6]चालिउ वलु पुहमिहि कहिण माइ।
सिसुपाल वि रुवकुमारु सूर णं भिडिय विडप्पहु[(6)] चंद-सूर।
वावल्ल-भल्ल-कण्णिय-खुरप्प मेल्लंति सुहभड[7] कण्णहहो सदप्प।
असि-सूल स-सव्वल केविभिडिय जह मय-समूह केसरिहि चडि[8]य।
फेरंति कुंत केवि सेल्ह हत्थ हलिणा हल-पहरहिं किय णिरत्थ।

घत्ता— पुणु धणु-गुण-टंकारु किउ परवल-घण-पवणेण।
हक्किउ सो[(7)] समुहुं तु सिसुपालु वि अरिदमणेण[(8)]।। 33।।

(18)

दुवई— वुच्चइ जाहि-जाहि मा पइ सहि जम-मुह-कुहर-दुद्धरे।
तुहुं सिसुपाल काल-खद्धोसि कि[(1)] जाहि अहि[1]ण्ण-कंधरे।। छ।।

वासुदेव के इस कार्य को देखकर रूपिणी बोली—"हे देव, मेरे तात और भाई की रक्षा करना। तभी समुद्र एवं वसुधा पर प्रलय मच गया। राजा शिशुपाल अपने साधनों सहित वहाँ आ ढुका और इधर उस रूपिणी का भाई प्रहारों में दुर्जय रूपकुमार भी प्रलय कालीन समुद्र के समान वहाँ आ उछला। ऐसा लगता था मानों गगन का घात होने वाला हो। वह (रूपकुमार) अपने इतने अधिक सैन्य समूह के साथ चला कि वह पृथिवी पर कहीं समा नहीं पा रहा था। शिशुपाल एवं शूरवीर रूपकुमार नारायण से ऐसे भिड़े कि प्रतीत होता था मानों सूर्य एवं चन्द्र राहु से जा भिड़े हों। योद्धागण वावल्ल, भल्ल, कणिक, खुरप्प आदि को दर्प सहित कृष्ण की तरफ छोड़ने लगे। कोई सुभट तो असि लेकर भिड़ा, कोई शूल लेकर भिड़ा और कोई सव्वल लेकर उसी प्रकार आ भिड़े जिस प्रकार मृगसमूहों पर केशरी जा चढ़ता है। कोई सुभट तो कुन्त फेरता था और कोई हाथ में लेकर शैल फेरता था। किन्तु हली—बलदेव ने तत्काल ही अपने हल प्रहरण से उन सबको निरर्थक कर दिया।

घत्ता— पुनः परबल — सेना रूपी मेघों के लिए पवन के समान हली ने धनुष की डोरी का टंकार किया। अरिदमन नामक कृष्ण के सारथि ने उन्हें शिशुपाल के सम्मुख हकाया (ला खड़ा किया)।। 33।।

(18)

शिशुपाल एवं हरि-हलधर का बाण-युद्ध

द्विपदी— अरिदमन ने कहा—"जा-जा रे शिशुपाल, दुर्धर यममुख के छिद्र में प्रवेश मत कर। हे शिशुपाल तू क्या काल का खाया हुआ है? जो अहीन (नागिन) के कंधर में जा रहा है।" ।। छ।।

---

(17) 4. अ. 'य। 5. अ. 'मु। 6. अ में यह पंक्ति नहीं है। 7. ब. वम; 8. ब 'म'।

(17) (5) आवद्यै दुर्ज्जय। (6) राहुहो। (7) शिशुपाल। (8) कृष्ण सारथिना।

(18) 1. अ. 'दि।

(18) (1) किं बहुना।

तं णिसुणेवि सिसुपालु पलित्तउ सत्तच्चि[2] व घिय-घडेण पसित्तउ।
हरिहे वाण पंचा स पमेल्लइ ते णारायणु दसहिं पपेल्लइ।
सिसुपालइँ सउ[3] सरइँ पमुक्कउ सो[4] णारायण-पासु ण[3] ढुक्कउ।
वीसहिं सरहिं कियउ सय सक्करु[5] वज्जु णिहायइँ णं गिरिकक्करु।
पुणु सिसुपाल मुयइ सर धोरणि विणिवि अतुल-पयंड-महारणे।
इयहरि सिसुपालहो रणु वट्टइ भड-थड वलहो भिडिवि आवट्टइ।
सुण तुरंगु सुण करि सुण रहवरु सुण धउ-छत्तु चिंधु सुण णरवरु।
जोणा सीरिहिं सर पहरहिं भिण्णउँ कासु वि सिर कर-जुवलु वि छिण्णउँ।
कासु वि अंतावलि णिय गिद्धहिं सिर करोडि पुणु अंजण सिद्धहिं।
तणु सिवाहि जीविउ सुर-गणियउ[6] जसु पुणु दिण्णु भडेण णिय-धणियउ[7]।

घत्ता— इम चाउ करेविणु अंतयाले गउ कोवि भडु।
कासु वि सिरु पडिउ असि भामिरु रणें णडइ धडु।। 34।।

अरिदमन का कथन सुन कर शिशुपाल उसीप्रकार क्रोध से प्रज्ज्वलित हो उठा जिस प्रकार घी के घड़े से सींची हुई सप्तार्चि की ज्वाला प्रज्ज्वलित हो जाती है। शिशुपाल ने हरि के ऊपर पचास बाण छोड़े। नारायण ने उसके उन बाणों को केवल दश बाणों से ही पेल दिया (निरर्थक कर दिया)। पुनः शिशुपाल ने सौ बाण छोड़े। किन्तु वे नारायण के पास तक भी न पहुँच सके। नारायण ने अपने बीस बाणों से उन बाणों को उसी प्रकार खण्ड-खण्ड (शत-खण्ड) कर डाला, जैसे वज्र के घातों से पर्वत खण्ड-खण्ड में बिखर जाता है।

पुनः शिशुपाल ने धोरिणी नामक बाण छोड़ा। दोनों का अतुल प्रचण्ड महारण हो रहा था। इस प्रकार दोनों हरि एवं शिशुपाल के रण में भड समूह बलभद्र से भिड़ते थे और लौट जाते थे। उस युद्ध में तुरंग शून्य हो गये, गज शून्य हो गये और रथवर भी शून्य हो गये। (अर्थात्) घोड़ा, हाथी एवं रथ सभी नष्ट हो गये। ध्वजा, छत्र, चिह्न भी शून्य हो गये। अनेक नरश्रेष्ठ भी शून्य हो गये।

ऐसा कोई नहीं बचा जो सीरी (बलभद्र) के शर प्रहारों से छिन्न-भिन्न नहीं हुआ हो। किसी का शिर और करयुगल छिन्न हो गया तो किसी की अंतावलि (अंतड़ियां) गृद्ध पक्षी ले भागे। करोड़ों सिर अंजन सिद्ध ले भागे। शिवा (शृगाली) ने किसी के शरीर को जीवित स्वर्ग पहुँचा दिया (खा लिया), तो किसी सुभट ने अपनी धन्या को यश प्रदान किया।

घत्ता— इसी प्रकार कोई भट अंतकाल में शरीर त्याग कर चला गया। तो किसी सिरकटे भड का धड़ तलवार घुमाता हुआ रणभूमि में नाचने लगा।। 34।।

---

(18) 2. अ. 'ण्णा'। 3. ब. प'।

(18) (2) अग्निद्रवं (3) सौ सर-समूह। (4) वाणेण। (5) सतषंड:। (6) देवनांगनायां। (7) स्वामिन:।

(19)

दुवई— हरि-सिसुपाल भिडिय जहि विण्णि वि णहे पेच्छंति सुरवरा।
एक्कहो एक्कु णवइ उह[1]ट्टइ विहिमि वहंति वक्खरा।। छ।।

तो सिसुपालएँ मिउडि कराएँ।
हरि पच्चारिउ अइणिरु [2]वारिउ(1)।
अरे गोवालय वण्णइँ कालय।
एह सोमालिय भीसम-वालिय
लेविणु चल्लिउ मुह सरु सल्लिउ।
मरहि णिरुत्तउ वल-संजुत्तउ।
तो हरि जंपिउ रोसइँ कंपिउ।
रूविणि वेसइँ अज्जु विसेसइँ।
मिच्चु पढुक्किय विहिणा मुक्किय।
साडिय वाहहँ सउ-अवराहहँ(2)।
जं मइ खमियउ रोसें दमियउ।
पुणु चेईवइ(3) गयवरु चोवइ(4)
संठिउ रहवरे हउ से[3]ल्लइ हरि।

घत्ता— महुमहणेण रहंगु(5) घुडुयंतु तहो मोक्कउ।
कालचक्कु कंठद्धें णं सिसुपालहो ढुक्कउ।। 35।।

---

(19)

तुमुल युद्ध : मधुमथन शिशुपाल पर रथांग-चक्र छोड़ता है

द्विपदी— जब हरि शिशुपाल दोनों ही भिड़ रहे थे, तब आकाश में सुरवर देख रहे थे। एक से एक लड़ रहे थे। कोई नहीं पीछे हटते थे। दोनों ही बख्तर (लौह-कवच) धारण किये हुए थे।। छ।।

भयंकर भृकुटि वाले शिशुपाल ने हरि को अत्यन्त कर्कश वचनों द्वारा फटकारा और बोला—"अरे गोपालक, वर्ण से काले, राजा भीष्म की इस सुकुमार बालिका को लेकर चल दिया और मुझे बाण चुभो दिया। बल संयुक्त अब तू मर।"

तब रोष से काँपते हुए हरि ने कहा—"रूपिणी के वेष में विधि द्वारा विशेष रूप से छोड़ी हुई तेरी निश्चय ही आज मृत्यु आ चुकी है। याद रख कि मैं वही कृष्ण हूँ जिसने द्रौपदी की साड़ी खींचने वाले अपराधी 100 कौरवों को भी क्षमा कर अपना क्रोध दाब लिया था।"

पुन: चेदिपति शिशुपाल ने गजवर को प्रेरित किया। रथवर में संस्थित हरि ने भी घोड़ों को प्रेरित किया।

घत्ता— मधुमथन ने रथांग-चक्र को घुमाकर शिशुपाल के ऊपर छोड़ा। वह ऐसा प्रतीत होता था मानों काल-चक्र ही उसके कण्ठाग्र पर पड़ा हो।। 35।।

---

(19) 1. अ. छ। 2. अ. र। 3. अ. ल्लें।

(19) (1) कटुक वचनै:। (2) सौ अपराध। (3) शिशुपाल:। (4) प्रेरयति। (5) चक्र।

(20)

दुवई— हउ सो[1](1) तेण[2](2) कंठे वक्खर मणि-मय-कुंडल-मउड-मंडियं।
रण सरवरि वि सेवि सुक्खंगइ[3](3) सिर-कमलं पि खंडियं।। छ।।

रूवकुमारहो बलहद्दइँ-वलु[1] पाण-सेस किउ कोवि विहलंघलु।
कोवि दस-दिसहिं पणट्ठउ जाम[2]हिं रूवेण[4](4) हलि वि पिसक्केण ताम[3]हिं।
5 हउ[5](5) वछ्यलेण तहो तणु भिंदिउ वलहद्देणावि तहो [4]धणु छिंदिउ।
कण्णिय-वाणें हणेवि थणंतरे जा भणेइ किर वइवस-पुरवरे।
ता रूविणि हिय-वयणु परियाणिउ सो फणि-पासइ बंधिवि आणिउं।
पुणु भइणीए भाइ मेल्लाविउ कुंडिणपुरे णिय-णिलयहो पाविउ।
वहु[6](6) संजुउ चउरंग-समिद्धउ रहु खेडवि हरि चलिउ पसिद्धउ।
10 घत्ता— हरि वलहद्दु वि वेवि हरिसइ अंगे ण माइय।
रूविणि जय[7](7)-रुपसिद्ध-पुरि-वारमइ पराइय।। 36।।

इय पज्जुण्ण कहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए कइ-सिद्ध-विरइयाए[5] वीउ संधी परिसमत्तो।। संधी: 2।। छ।।

---

(20)

शिशुपाल-वध एवं हरि का रूपिणी के साथ द्वारावती वापिस लौटना

द्विपदी— सरोवर में उत्पन्न कमलनाल के तन्तुओं को खाने वाला चक्रवाक पक्षी जिस प्रकार कमल को खंडित करता है उसी प्रकार उस हरि के चक्र ने रण रूपी सरोवर में शिशुपाल के कण्ठ में लगकर बख्तर और मणिमय कुण्डल तथा मुकुट से मण्डित शिर कमल को खण्डित कर दिया।। छ।।

बलभद्र ने निश्चय से रूपकुमार का प्राण शेष कर दिया अर्थात् प्राण बचा दिये। तब कोई तो विफल होकर भाग गया और अन्य अनेक दशों-दिशाओं में भाग गये। रूपकुमार ने भी हली को छोड़ दिया।

हयग्रीवहर हरि ने शिशुपाल का शरीर भेद दिया। बलभद्र ने भी उसका धनुष छेद दिया और वक्षस्थल में अपने कनिक बाण को मारकर उस शिशुपाल से कहा—"अब यमपुर में वास कर।"

इधर उस रूपिणी के हृदय एवं मुख से उसकी अन्तरंग भावना को जानकर उस शिशुपाल को नागपाश में बाँध कर उसके सम्मुख ले आये। पुन: भगिनी से भाई का मिलाप कराया गया और कुण्डिनपुर में उसे अपने घर पहुँचा दिया गया।

वधु सहित चतुरंग सेना से समृद्ध वह प्रसिद्ध हरि भी रथ को खदेड़ कर चल दिया।

घत्ता— हरि और बलभद्र दोनों के ही अंगों में हर्ष नहीं समाया। दोनों ही रूपिणी सहित जगत् में सुप्रसिद्ध द्वारमतीपुरी को लौटे।। 36।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली, कवि सिद्ध विरचित प्रद्युम्न कथा में शिशुपाल वध एवं रूपिणी-कन्यापहरण नामकी दूसरी सन्धि समाप्त हुई।। सन्धि: 2।। छ।।

---

(20) 1. ब. घ°। 2. अ. °व°। 3. अ. °व°। 4. अ. त।
5. अ.० सिसुपाल-वहणं रूविणि-कन्नाहरणं णाम°।

(20) (1) सिसुपाल:। (2) चक्रेण। (3) चक्रेणद्धि चक्रवाके।
(4) रूपकुमारेण। (5) मारयित्वा। (6) वधु संजुक्त:। (7) जगति।

तीउ संधी

(1)

गाहा— तिण्णि वि चल्लियइँ गंजोल्लियइँ हरि-बलु रूविणि तहो ठायहो।
देसहु प[1]हसीय मुहहिं सोरट्ठहो णिरु विक्खायहो।। छ।।

रहम्मि[1] तुरंगम खेडिय जाम मणेण[2] पहंजण[3] - वेएण ताम।
णियंतइ गामाराम - पुराइँ गिरी णयरं पि हुंतइँ ताइँ।
5 जहिं कलकेलि-लवंग-पियंग सचंदण-दक्ख-कयंब-विडंग।
सहारस कोइल-सद्दमालु सरोवर ताल-तमाल-विसालु।
लयाहरु तत्थ मणोहरु दिट्ठु रई-रस-लोलु सहेण ण विट्ठु।
पयंपिउ रूविणि तेण मयच्छि महु[4]-मुहु[2] अज्जु मुहुत्त प[3]यच्छि।
तहिं पिहुयासणु[5] सक्खि करेवि विवम्महिय हत्थइँ हत्थु धरेवि।
10 कियउ कलयंठिवि मंगलचारु झुणेइ अलीउलु गेउ सुसारु।
सिहंडि पणच्चिय णिट्ठु रसालु पढंति सुकीरवि कव्व[6]-[4]वमालु।

तीसरी सन्धि

(1)

सौराष्ट्र के मार्गवर्त्ती एक लतागृह में विष्णु ने रूपिणी से अग्नि की साक्षी पूर्वक पाणिग्रहण कर लिया

गाथा— तीनों हरि, बलदेव और रूपिणी रथ में बैठ कर गंजोलते (हंसी मज़ाक करते) हुए चल दिये और मार्ग में ठहरते हुए वे अति-विख्यात सोरठ देश की ओर चले।। छ।।

जब रथ में जुते हुए घोड़ों को खेदा, तो वे मन एवं पवन के वेग से चले। वे तीनों ही ग्राम, आराम (उद्यान) पुरों, पर्वतों और नगरों का प्रेक्षण करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

जहाँ सुन्दर केलि (केला), कंकेलि (अशोक), लौंग, प्रियंगु, चन्दन सहित द्राक्षा, कदम्ब, विडंग, सहारस (सहकार आम) के वृक्ष देखे, जिन पर कोयलें मधुर शब्द कर रही थीं। विशाल सरोवर तथा विशाल ताल एवं तमाल वृक्ष भी देखे। वहाँ उन्होंने एक विशाल लताघर भी देखा (जिसे देखकर) रति रस में लोल वह विष्णु रति को नहीं सहन कर सका। अत: उसने रूपिणी से कहा—"हे मृगाक्षि, आज (अब) मेरे मुख की मुहुर्त्त भर प्रतीक्षा तो कर।" उसी समय वहाँ अग्नि को साक्षी कर हाथ पर हाथ रखकर विवाह कर लिया—पाणिग्रहण कर लिया। कलयण्ठी कोकिलों ने मंगलाचार किये, अलिकुल भ्रमर सुसार गीतों की ध्वनि करने लगे। शिखण्डी—मधूर रसाल नृत्य करने लगे और शुकी—कीर भी काव्यमाला पढ़ने लगे।

---

(1) 1. ब. सम्मुहइ। 2. अ. °हा। 3. अ °प। 4. ब.×।

(1) (1) रथविषये। (2) मनोवेगेन। (3) वायुवेगेन। (4) मम मुखं। (5) अग्नि। (6) कोलाहलु।

घत्ता— लय-मंडवे पवरे आणंदयरे वेइल्ल-जाइ-मचकुंदइ।
वलहछु वि वरहो तहो वहुवरहो सइँ हत्थइँ चंदणु वंदइँ।। 37।।

(2)

गाहा— कप्पूरायर-मयरंद-वासिए तत्थ तम्मेलय-भवणे।
रयलीला भुंजित्ता संचल्लिउ पुणु वि महुमहणे।। छ।।

पुरि-वारमइहिं जाम पराइय ता सवडंमुह सयल वि आइय।
णर-णरवइ णायर-जणु मिलियउ पुर-परियणु वि सहरिसइँ चलियउ।
5 रच्छाच्छोह भमाडिय पट्टणे अरि-णरणाह सेण्णदलु वट्टणे।
तूर-णिणायइँ किंपि ण सुम्मइँ णारिहिं उच्छ्याहिं जहिं गम्मइँ[1]।
जिणि सिसुपालु रणंगणे वहियउ सो णारायणु रूविणि सहियउ।
परमोच्छाहइँ णयरे पइसइ अण्णइँ अण्णहो जुवइहिं सीसइ।
कावि णारि तंवोलहु भुल्लिय णिग्गय [1]लहु आमलय मुहुल्लिय[2]।
10 काइँ वि घुसिणें अंजिय-णयणइँ अंजणेण पीयल पुणु वयणइँ।
काइँ वि डिंभु चडाविउ कडियले सिरु विवरीउ करिवि पयउरयले[3]।
रोवंतहो थणु चलणहिं लावइ जंपइ पेक्खु-पेक्खु हरि आवइ।

घत्ता— आनन्दकारी बेला, जाति (जुही) एवं मचकुन्द पुष्पों से सुशोभित बलभद्र ने उन श्रेष्ठ वधु-वर को अपने हाथ से चन्दन एवं वन्दन प्रदान किया।। 37।।

(2)

हरि — नारायण का द्वारामती में प्रवेश। नगर की विह्वल युवतियों का वर्णन

गाथा— कर्पूर-अगर की मकरन्द से वासित उस लता भवन में रति-क्रीड़ा भोग कर वह मधुमथन पुनः वहाँ से चल दिया।। छ।।

जब द्वारावती पुरी में लौटा तो सभी लोग उसके सम्मुख आ रहे थे। मनुष्य, राजा और नागरजन तथा नगरी के अन्य परिजन भी हर्ष सहित मिलने चले। पट्टन में शत्रु राजाओं की सेना का मर्दन करने वाली सुरक्षित अक्षौहिणी सेना को घुमाया गया। तूरों के निनादों से कुछ भी सुनाई नहीं पड़ता था। नारियाँ भी बड़े उत्साह के साथ वहाँ गमन कर रही थीं। जिसने रणांगण में शिशुपाल का वध किया था, रूपिणी सहित उस नारायण ने परमोत्साह से नगर में प्रवेश किया। युवतियाँ एक दूसरे को (संकेत से) उसे दिखाने लगीं। कोई नारी ताम्बूल भूलकर बहुत आमलों को मुख में डाल कर निकली, किसी नारी ने घुसृण (घिसे हुए चिकने चंदन) को नयनों में आँज लिया। पुनः अंजन से अपने मुख को पोत लिया। कोई युवती अपने शिशु के पैर ऊपर एवं सिर नीचे किए हुए ही उसे अपने कटि भाग में चढ़ाकर भाग खड़ी हुई और उस रोते हुए बालक के चरणों को स्तन से लगाने लगी और दूसरी नारियों से बोलने लगी कि देखो-देखो हरि आ रहा है।

---

(2) 1. ब. °व।

(2) (1) गम्यते। (2) आमलं प्रक्षेपयित्वा। (3) पयतनेलायत्वा।

घत्ता— इय विंभिय मणहो जुवई जणहो पेछंतहिं लोयहिं दिट्ठउ।
वलरूविणि सरिसु वड्ढिय हरिसु पुरिवार[2]मइँ पइट्ठउ।। 38।।

(3)

गाहा— दहि-दोवक्खइँ-चंदण णाणाविह कुसुम-फल समिद्धेहिं।
णवि लब्भइ संचारो वद्धावंतेहिं णायर-जणेहिं।। छ।।

परिपूरिउ मुत्ताहल-चउक्कु जल-भरिउ पुरिउ[1] मणि-कलसु मुक्कु।
वर-पड-पच्छाइय कणयवीढे भीसम-सुयाइं सहु रयण-लीढे।
5 उवविट्ठु-विट्ठु जणु सयलु महइ णं जिणवरु खंति-समाणु सहइ।
वहु मंगल धवलुब्भासिणीउँ कत्थवि णच्चंति सुवासिणीउँ।
कत्थवि वज्जहिं पडु-प[1]डह[2] पवर कत्थवि विणोय विरइयहिं अवर।
तं पेछेवि मणे णायरहो हरिसु महुमहुण वि पुणु घण कणयवरिसु।
तोसियइँ विविह दुत्थिय-जणाइँ वंदियण वि खुज्जय णाम[3]णाइँ।
10 वलहद्दु पयत्थइ पुणु वि दाणु रूविणि वि रण्णि[2] हरि णाइँ माणु।

घत्ता— इस प्रकार लोगों ने विह्वल मन से देखती हुई उन युवतिजनों को देखा। इस प्रकार बढ़े हुए हर्ष वाले उस हरि ने बलभद्र एवं रूपिणी के साथ पुरि द्वारामति में प्रवेश किया।। 38।।

(3)

हरि एवं रूपिणी का द्वारामती के नागरिक जनों द्वारा अभिनन्दन

गाथा— दधि, दूर्वा, अक्षत, चन्दन तथा नाना प्रकार के पुष्पफलों से समृद्ध "वृद्धि को प्राप्त हो" इस प्रकार बधाई देने के लिए आये हुए नागर जनों की भीड़ के कारण हरि को संचार—मार्ग नहीं मिल रहा था।। छ।।

किसी ने मुक्ताफलों से चौक पूरा तो किसी ने आगे जलपूर्ण मणि का कलश रखा। उत्तम पट से प्रच्छादित कनकमय रत्नों से लीढ (खचित) पीठ पर भीष्म सुता—रूपिणी के साथ बैठा हुआ विष्णु लोकों द्वारा पूजा गया। वह ऐसा प्रतीत होता था मानों क्षमा समान जिनवर ही सुशोभित हो रहे हों। कहीं तो धवल रूप चमकती हुई सुवासिनियाँ अनेक विध मंगलगान करती हुई नाच रही थीं और कहीं-कहीं महाप्रवर पटु-पटह बज रहे थे और कहीं-कहीं विनोद रचने वाले विनोद कर रहे थे। उस हरि को देख कर नागर जनों के मन में बड़ा हर्ष हुआ। पुनः मधुमथन ने भी घनी कनकवर्षा की (स्वर्ण दान दिया)। विविध दुःखीजनों, बन्दीजनों एवं क्षुद्रजनों को भी मनोवांछित रूप से सन्तुष्ट किया। पुनः बलभद्र ने भी दान दिया। रूपिणी ने हरि की तरह ही अन्य रानियों का भी मान किया।

---

(2) 2. अ. व।

(3) 1. ब ए। 2. ब °मह। 3. अ. °व°। (3) (1) अगे। (2) देवी।

घत्ता— वेवि सुसुंदरइँ णिरु वहु-वरइँ दामोयरु-रूविणि राणिय।
अणमिस-लोइट्ठिय सक्काइँ[3] पिय किं सय[4] वारमइंहि आणिय।। 39।।

(4)

गाहा— बहु [1]भोय-भुंजमाणो णव-वहु सरिसो पुरम्मि।
महुमहणो अणुदिणु अणुरत्त-मणो अच्छइ रइ-लालसो जम्मि।। छ।।

फाग्गु[2]ण दिणंत भासुर-वयणु जासवण-कुसुम-लोहिय[3]-रयणु।
वेइल्ल-मल्लि-फुल्लिर-दसणु साहार-तुलिय णव-दल-रसणु।
5 अयवत्तु[1] - कुसुम सुइज्जअ पवरु रुणुरुणिर भमर-गुंजारि सरु।
कलि[2]-कुंद-पसूण तिक्ख-णहरु वहु मंजरि चवलुग्गिण्ण-करु।
ता तहिं संपत्तु वसंतु-हरि तहो भएण पणट्ठउ सिसिर[3]-करि।
इत्थंतरे परिपालिय-पयहो रूविणि-मुहँ-पंकय-छप्पयहो।
विरहेण सच्चहामा मरइ हूव पेम्म परव्वस किं करइ।
10 असुहत्थी तल्लो वेल्लि केम थिए तुच्छ तोए तिमियणहो[4] जेम।

घत्ता— दामोदर और रूपिणी रानी दोनों ही वर-वधु बड़े सुन्दर लग रहे थे। वे कैसे प्रतीत हो रहे थे? मानों अनिमिष (स्वर्ग-देव) लोक में स्थित शक्र एवं उसकी प्रिया शची ही द्वारामती पुरी में ले आये गये हों।। 39।।

(4)

वसन्त-ऋतु का आगमन

गाथा— वह मधुमथन (अपनी) नववधु के साथ विविध भोगों को भोगता हुआ भी प्रतिदिन उसमें अनुरक्त मन से रति-लालसा के साथ वहीं रहने लगा।। छ।।

उसी समय वसन्त ऋतु रूपी हरि—सिंह का आगमन हो गया। उसका वदन—मुख फाल्गुन के अन्तिम दिनों के समान भास्वर था। जपा कुसुम—समूह ही जिसके लोहित वर्ण वाले नेत्र थे। बेला तथा मल्लिका पुष्प ही मानों उसके दशन (दाँत) थे। नव-दलों से युक्त चंचल शाखाएँ ही उसकी जिह्वा थी। अतिमुक्त तथा अतिवृत्त कुसुम ही मानों जग में श्रेष्ठ उसके श्रुति—कर्ण थे। रुण-रुण करते हुए भ्रमरों की गुंजार ही मानों उसके स्वर थे। मनोहर कुन्द-पुष्प ही मानों उसके तीक्ष्ण नख थे। अनेक चपल मंजरियाँ ही मानों उसके हाथ थे। इस प्रकार जब वह (वसन्त रूपी हरि—सिंह) द्वारावती में प्रविष्ट हुआ तब उसके भय से शिशिर ऋतु रूपी हाथी चुपचाप खिसक कर भाग गया।

इसी बीच प्रजापालक तथा रूपिणी के मुख रूपी कमल के षट्पद — हरि के विरह से सत्यभामा मरने लगी। प्रेम की वशीभूत हुई वह (भला) कर ही क्या सकती थी? अत्यन्त दुखी होकर वह किस प्रकार तड़फती थी? ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार अत्यन्त जल में मछली।

---

(3) (3) इन्द्रेण। (4) शची।

(4) 1. ब. लो। 2. ब. फग्गु। 3. ब. र।

(4) (1) कर्णदीप्ति। (2) मनोज्ञ। (3) सीतकाल हस्ती। (4) मत्स्यजुगल।

घत्ता— तहिं तेत्तडइँ खणे णिउ चंदुज्जणे[5] सो हरि बलएवइँ भण्णियउ।
तहिं सुकेय सुयहे सुललिय-भुयहे मयण-सरहि तणु वण्णियउ।। 40।।

(5)

गाहा— अणुणहि[1] जाएवि पिय जाव ण विहडेवि जाइ पंचत्तं।
[1]पावहु अणुरत्तमणो जेण तुमंतेण सा सुस[2]ए।। छ।।

तं णिसुणेवि सो रूविणिहि कंतु घरु चलिउ सच्चहावहे तुरंतु।
जं रूव[3]ए वरु तंवोलु खद्धु उग्गालु सुचेलंचले[2] णिबद्धु।
गउ लेविणु जहि ठिय सच्चहाव वहु-विरह-जलण-संजणिय ताव।
पिउ पेच्छिवि खणे जंपइ ण जाव तेण संभासिवि अवगूढ[3] ताम।
रइहरि पइसे[4]वि पिययम-पियाइँ गुण-दोस चवि सेज्जहिं ठियाइँ।
पुणु हसिवि रमेवि धुत्ताण-धुत्तु हरि कूडु-कवडु णिद्दाइ सुत्तु।
घोलंतु सुकुंकुम लोल छेउ अमुणंतियाइँ तहो तणउ भेउ।
गंठिहि णिवडउ ता तीए दिट्ठु मणे चिंतिउ किर जग्गइ ण विट्ठु।

घत्ता— जब वह नृपचन्द्र—हरि उद्यान में था तभी उससे बलदेव ने कहा "सुकेतु की ललित भुजा वाली सुता सत्यभामा का शरीर मदनवाणों से व्रणित (घायल) हो गया है।। 40।।

(5)

सत्यभामा की विरहावस्था सुनकर हरि उसके आवास पर पहुँचते हैं

गाथा— (बलदेव ने हरि से कहा कि) —"जब तक वह सत्यभामा विरह पीड़ा से जल कर पंचत्व (मृत्यु) को प्राप्त न हो जाय तब तक तुम जाकर प्रिया का अनुनय करो। अनुरक्त मन होकर उसका पालन करो, जिससे तुम्हारे संयोग से वह आश्वस्त होवे।"।। छ।।

यह सुनकर रूपिणी का वह कान्त तुरन्त सत्यभामा के घर चला। रूपिणी ने जो उत्तम ताम्बूल खाया था उसका उगाल अपने वस्त्र के अंचल (छोर) में बाँध कर वह वहाँ पहुँचा जहाँ विरहाग्नि द्वारा उत्पन्न ताप से सन्तप्त सत्यभामा स्थित थी। प्रिय को देखकर भी क्षणभर तक जब वह नहीं बोली तब हरि ने ही सम्भाषण कर उसका आलिंगन कर लिया। प्रियतम और प्रिया दोनों रतिघर में प्रवेश कर तथा शैया पर स्थित होकर (पारस्परिक) गुण दोष कहने लगे। पुनः हँसकर तथा रमणकर धूर्तों में धूर्त्त वह हरि कूट-कपट-निद्रा पूर्वक सो गया। घोले हुए कुंकुम सहित वह लोल छेद (उगाल) था उसका भेद न जानती हुई उस सत्यभामा ने तब गांठ से गिरते हुए उस उगाल को देखा तब मन में वह चिन्ता करने लगी कि—कहीं विष्णु जाग न जायें।

---

(4) 5. नृपचद्र विष्णु।

(5) 1. अ नव। 2. अ. 'अइ। 3. ब. 'पा। 4. अ. 'रे'।

(5) (1) मिष्ट वचनै: संबोधय। (2) अंचले। (3) आलिंगिता।

घत्ता— णिस[5] णिरु परिमल-वहलु अलिउल-मुहलु कप्पूर-जाइफल-मीसिउ।
वच्छ दुलहु भणेवि एउ मणे मुणेवि उग्गाल सुपट्टए पीसिउ।। 41।।

(6)

गाहा— एउ रूविणिस्स[1] कज्जे वद्धचेलंचलम्मि मण्णत्ती।
मुणिवि सुयंध दव्व सच्चाए विलेवियं अंगं।। छ।।

ता उट्ठिउ हरि कह-कह-हसंतु णियकर अप्फालिवि ताल दिंतु।
हले वयण-णयण जिय ससि कुंरगि पभणिउ जो पइं लेविउ सुअंगि।
जाइहल-एल-कप्पूर-घणउँ उग्गालु सुयहु रूविणिहि तणउँ।
ता कोवि पयंपइ सच्चहाव रे दुट्ठ पिसुण-खल-खुद्ध-पाव।
गोवालय तुह केत्तडिय बुद्धि उवहासु करंतहँ कवण-सुद्धि।
रूविणि वि मज्झु सा ससि कणिट्ठ उग्गालु सु वहे तुह काइँ घिट्ठ।
जइ लाविउ तो महु णत्थि दोसु सस[2]हो[3]य राइँ सहुँ कवणु रोसु।
महुमहणु पयंपइ पिहुल-रमणि रूविणि किं दिट्ठ पइ हंसगमणि।

घत्ता— कर्पूर एवं जायफल से मिश्रित वह उगाल बहुत सुगन्धित एवं अलिकुल को मुखरित करने वाला था। वत्स के लिए (यह) दुर्लभ है ऐसा कहकर और ऐसा ही मन में मानकर उसने उस उगाल को पट्टे (पटिये) पर पीसा।। 41।।

(6)

रूपिणी के उगाल का लेप कर लेने से हरि सत्यभामा की हँसी उड़ाते हैं

गाथा— "रूपिणी के निमित्त ही इसे वस्त्र के अंचल से बाँधा गया है।" ऐसा मन में कहती हुई तथा उसे अति सुगन्धित द्रव्य जानकर सत्यभामा ने उसका अपने शरीर में विलेपन कर लिया।। छ।।

इस पर हरि कहकहा कर हँसते हुए उठे। वह अपने हाथों को फैला-फैला कर ताली बजाने लगे और बोले— "हे हले, हे प्यारी, तेरा वदन चन्द्र के समान तथा नयन कुरंगी के समान हैं। (पइं) तूने जो (यह विलेपन अपने) सुअंग में लगाया है। वह तो रूपिणी का जातिफल, एला, कपूर आदि घनी चीज वाला उगाल है।" तब कोप कर सत्यभामा बोली—"रे दुष्ट, रे पिशुन, रे खल, रे क्षुद्र, रे पापी — रे गोपालक, तेरी कितनी (कपट) बुद्धि है? उपहास करने में तेरी कौन सी विशेष बुद्धिमत्ता है? (अन्ततः) वह रूपिणी भी तो मेरी छोटी बहिन ही है। हे धीठ, तू उसका उगाल लाया ही क्यों? यदि लाया ही है (और मैंने उसका लेप भी कर लिया) तो इसमें मेरा दोष नहीं है। हे राजन, अपनी बहिन से रोष कैसा?" (यह सुनकर) मधुमथन ने कहा "हे पृथुल रमणि, क्या तुमने हंसगामिनी रूपिणी को देखा है?"

---

(5) 5. अ 'णिस' नहीं है।

(6) 1. अ. 'यहि। 2. अ. 'भ'। 3. अ. 'व'।

घत्ता— ता सच्चइँ भणिउ मइँ कहिं[1] मुणिउँ रूविणिहे रूव दिक्खालहि।
ता हरि चवइ पिए पुर-कमल-सिए णिय उववणहिं णिहालहि।। 42।।

(7)

गाहा— इय जंपिऊण सहसा रूविणि-णिलयस्स[1] गयउ महुमहणे।
सा भणिय तेण सुंदरि सुब्भयरं[2] कुणहि सिंगारं[3]।। छ।।

तं तहि काऊण सयत्थें संचालिय रूविणि सिरिवत्थें[4]।
जहिं कल-केलि-फणिस-पुप्फलि घण अंब-कयंव-जंबु-रिद्धि[1]जन।।
5 तिलय-लवंग-वउ[2]ल-करवंदहिं चंपय-देवदारु मचकुंदहिं।
कुलु-कुलंत कोइल कल-सद्दहिं जहिं अलि मिलिय कुसुम-मयरंदहिं।
तहिं उववणे असोय-तरुवर-तले भीसम-सुय वरफलिह-सिलायले।
भणइ विट्ठु[3] [4]खणु तुहु इह[5] अच्छहि अणमिस-दिट्ठिए वावि णियच्छहि।
पुणु अप्पुणु गउ सच्चहिं मंदिरु भणिय जाहि णियवणु मण-सुंदरु।
10 हउँ रूविणि हक्कारिवि आवमि णिय णव-वहु पुणु तुह दरिसावमि।

घत्ता— तब सत्यभामा बोली "मैं क्या जानूँ। आप मुझे उसका रूप दिखाइए।" तब हरि ने कहा "हे श्रेष्ठ कमल के समान हृदय वाली प्रिये, अपने उपवन में देखना।"।। 42।।

(7)

सत्यभामा उपवन में रूपिणी से मिलने जाती है

गाथा— ऐसा कहकर वह मधुमथन सहसा ही रूपिणी के निलय को गये और उन्होंने उस रूपिणी से कहा हे — सुन्दरि, तुम शुभ्रतर शृंगार करो (अर्थात् शुभ्र वेश-भूषा धारण कर तैयार रहो)।। छ।।

श्रीवत्स विष्णु शुभ्र शृंगार कराके रूपिणी को वहाँ ले गये, जहाँ कंकेलि (अशोक) कल (मधुर) केलि (केला) फणिस (पनस) आदि फल और पुष्पवाले घने वृक्ष तथा आम, कदम्ब, जम्बू, ऋद्धांजन, तिलक, लवंग, वकुल, करवंद (करौंदा), चम्पक, देवदारु, मचकुन्दों के वृक्ष थे। जहाँ कुलकुलाती कोयलों के मधुर शब्द हो रहे थे, जहाँ अलि कुसुमों की मकरन्दों से मिल रहे थे (अर्थात् मंडरा रहे थे)। उस उपवन में अशोक वृक्ष के तले उत्तम स्फटिक की शिलातल पर हरि ने भीष्म-सुता — रूपिणी से कहा — कुछ क्षण तुम यहाँ बैठो और अनिमिष दृष्टि से (पलकरहित टकटकी लगाकर) ही देखो।

पुनः वह स्वयं सत्यभामा के भवन में गया और बोला—"अपने मन को सुन्दर लगने वाले वन में जाओ वहाँ मैं अपनी नव-वधु रूपिणी को बुलाकर लाता हूँ और उसे दिखाता हूँ।"

---

(6) (1) जातः।

(7) 1. अ °ट्ठ। 2. अ °व। 3. ब. दु। 4-5. अ. तुहुं इहक्खणु।

(7) (1) गृहस्य। (2) श्वेतवस्त्रं। (3) सिंगारं। (4) विष्णुना।

घत्ता— हरि तक्खणे चलेवि रूविणिहिं मिलिवि पच्छण्णु होइ ठिउ जामहिं।
कय-सिंगारवर तंवोलकर सा सच्च समागय तामहिं।। 43।।

(8)

गाहा— ता विंभिय महएवि रूवा[1]ए विहि-रूवु[2] दट्ठूण।
धवलंसु[(1)] धवल-कुंडल गोसीरुह[(2)] धवल-तणु[(3)]-अंगी।। छ।।

इमं चिंतमाणा स सच्चाहिहाणा।
णियच्छेवि[3(4)] रूवं[4] णिरं सारभूवं[5]।
किमेसा वि देवी सु उज्जाण सेवी।
मह भत्ति [6]भारं मुणेऊण सारं।
पदंसेइ अप्पं कुणंती वियप्पं।
स कण्ह[7]स्स जाया सचेला[(5)] वि ण्हाया।
गया तत्थ देवी पमोत्तूण वावी।
जहिं रूव-राणी सु-सोहग्ग-खाणी।
तहो पाय-पोम्मा णुया तीए रम्भा।
सिरे णाविऊणं पयं पेयणूणं।

घत्ता— हरि तत्क्षण वहाँ से चलकर तथा रूपिणी से मिलकर वहीं उपवन में छिप गया। (और इधर) वह सत्यभामा उत्तम-शृंगार कर ताम्बूल हाथ में लिए हुए उपवन में आयी।। 43।।

(8)

शुभ्र वेशधारिणी रूपिणी को भ्रम से वनदेवी मानकर सत्यभामा उससे मनौती माँगती है

गाथा— उस उपवन में सत्यभामा महादेवी के रूप से भी अधिक विशिष्ट रूप को देख कर विस्मित हुई। वह सोचने लगी कि "इसके अंशु (वस्त्र) धवल हैं, कुण्डल धवल हैं, गोसीरुह धवल है और यह कृशांगी भी धवल है।"।। छ।।

वह सत्य नामकी भामा उसके पूर्ण सारभूत रूप को देखकर विचारने लगी—"क्या यह उद्यान सेवी देवी है? मेरे लिए यह भक्ति के योग्य सारभूत है, ऐसा विचार कर वह विकल्प करती है तथा अपने को उस देवी के सम्मुख प्रदर्शित करती है।

कृष्ण की वह जाया (पत्नी) सत्यभामा वस्त्र सहित बावड़ी में स्नान कर वापी को छोड़कर वहाँ गयी जहाँ उत्तम सौभाग्य की खान स्वरूपा देवी रूपिणी बैठी थी। उस सत्यभामा ने उसके रम्य पाद-पद्मों को नमस्कार किया। उसके चरणों में सिर को झुका कर प्रार्थना करने लगी है देवि, हरि मेरा भक्त हो जाय, वह मुझमें अनुरक्त

---

(8) 1-2. अ. वाबिहि रूवाएत्तउ। 3. अ. °वी। 4. अ. °व्या। 5. अ. उं। 6. ब सा°। 7. अ सुक्केस्स।

(8) (1) अंशुक वस्त्र। (2) श्रीखंड। (3) कृशांगी। (4) अवलोकयेत। (5) सचेलस्नानंकृत्वा।

हरी मज्झु भत्तो सया[8] होउ रत्तो।
तहो अण्ण णारी ण रुच्चेउ सारी।
15 तउ हास जुत्तो वसूएव - पुत्तो
वणे तम्म खिप्पँ[6] पदंसेइ अप्पँ।

घत्ता— स पढमवि धणिय तिणि[7] तहि भणिय वियसिय-पंकय-मुहियहे।
जं चलणहिं पडिय तुहुं किं खुडिय रूविणिहि वि भीसम-दुहियहे।। 44।।

(9)

गाहा— ता चवइ सच्चहामा होवि विलक्खिवि चित्तु धीरंती।
मइणिय सस गउरविया ता भद्दं तुज्झु रे कीस।। छ।।

इय विविह विणोयहिं तहिं रमंतु णंदणवणि जल-कीला कुणंतु।
गय दियहँ ण जाणइ कण्हु जाम [1]दुज्जोहण[2]-राएँ लेहु ताम।
5 पेसिउ सो वण्ण-विचित्त सारु कसवट्टउव्व वहु-रेह-फास।
वग्गाहिट्ठउ[1] णं आसवारु[3] भोज्जुव विचित्तु विंजण[2] स फारु।

रहे, उसे अन्य समस्त श्रेष्ठ नारियाँ न रुचें। तभी वसुदेव का पुत्र हरि हँसता हुआ तत्काल ही वहाँ आया और अपने को उसे प्रदर्शित कर दिया। और—

घत्ता— उस (विष्णु) ने अपनी विकसित पंकजमुखी प्रथम धन्या—पत्नी सत्यभामा से कहा—"भीष्मसुता—रूपिणी के चरणों में पड़कर तूने कैसा खोटा काम कर दिया?"।। 44।।

(9)

रूपिणी सत्यभामा की प्रतिज्ञा स्वीकार करती है कि उन दोनों में से जिसे सर्वप्रथम पुत्र उत्पन्न होगा, वह दूसरी का सिर मुडवा देगी

गाथा— हरि का कथन सुन कर मन में बिलखती हुई तथा विचित्र रूप से (ऊपरी) धीरज धारण करती हुई वह सत्यभामा बोली—"मैंने अपनी बहिन को गौरव दिया। सो भला ही किया है। किन्तु, रे कृष्ण तुझे इससे क्या?।। छ।।

इस प्रकार विविध विनोदों से वह वहाँ रमण करता हुआ नन्दन-वन में जल क्रीड़ाएँ किया करता था। कृष्ण ने जब व्यतीत होते हुए दिनों को नहीं जाना तभी दुर्योधन राजा ने एक लेख भेजा। वह लेख सुवर्ण के वर्णों से विचित्र एवं विशाल था। जो अनेक रेखाओं से विस्तृत कषवट्ट (कसौटी) के समान था। वर्गों से अधिष्ठित वह ऐसा प्रतीत होता था मानों अश्वबल ही हो (अर्थात् जिस प्रकार घोड़ों की सेना कई वर्गों से युक्त होती है उसी प्रकार वह लेख भी कवर्ग आदि वर्गों से युक्त था)। जिस प्रकार भोज व्यंजनों (शाक आदि) से विचित्र होता है उसी प्रकार वह लेख भी विचित्र व्यंजनाक्षरों से भूषित विचित्र विशाल था. जिस प्रकार कुसुमाल महायुद्ध से

---

(8) 8. अ. म।

(9) 1-2. अ हत्थिणपुर। 3. ब वलु।

(8) (6) शीघ्रेण। (7) तेन विष्णुना।

(9) (1) अ. क. च. ट. त. प य सापि वर्गा. पक्षे वेग वागः। (2) अक्षरविंजन च।

कुसुमालु व जित्त महाहवेण छोडिवि वाइउ सो माहवेण।
तुम्हहँ सुउ जइ संभवइ कोइ अम्हहँ वि कहव वरदुहिय होइ।
सा परिणेविय हरि तव[4] सुएण वेल्लहल पवर दीहर-भुएण।
अह अम्हहँ सुउ तुम्हहँ वि दुहिय परिणे[5]सइ णव-कंदोट्ट[6]-मुहिय[7]।
पडिवज्जिउ तं कण्हेण जाम गय लेहाए[8] णिय-पुरउ ताम।
एत्थंतरे जंपइ सच्चहाव मुहि-महुरहे अइणिरु दुट्ठभाव।
णिसुणहिं हरि सुणि बलहद्ददेव ण[9]र-खयर-रक्खए[10] विय पायसेव।
हउँ दमिय जाइ [(3)]कय-कवड-विज्ज एवहि रूवए सहु इह पयज्ज।
होएसइ जाहि पहिल्ल पुत्तु जं करइ कहमि इयरहिं णिरुत्तु।
सिरु मुंडेवि तहि परिणहमि[(4)] जंतु वर केस-कलावहिं पय ठवंतु।
भीसम-सुयाइँ ता चविउ वयणु आयहो वयणहो परिमाणु[(5)] कवणु।

घत्ता— भणइ सुकेय-सुय विल्लहल-भुय बलहद्ददेव आयण्णहो।
वहु ण कुणंतियहे भज्जंतियहे पडउ[11] तुम्हि [12]एउ मणहो।। 45।।

जीता गया था, उसी प्रकार बड़े उत्साह से जीता गया वह लेख था। उस लेख को छोड़ कर माधव ने (इस प्रकार) बाँचा — यदि तुम्हारे कोई पुत्र जन्मे और हमारी पुत्री जन्मे, तो हे हरि, तुम्हारा सुन्दर लता के समान श्रेष्ठ दीर्घभुजा वाला पुत्र हमारी पुत्री को परणेगा। अथवा, यदि हमारा पुत्र जन्मे और तुम्हारी पुत्री तो हमारा पुत्र तुम्हारी नवकमल मुखी पुत्री को परणेगा।" तब श्रीकृष्ण ने दुर्योधन राजा के इस कथन को स्वीकार कर लिया और लेखधारी पुरुष लेख लेकर निजपुर को चला गया। इसी बीच में सत्यभामा बोली—"नरश्रेष्ठों एवं यक्षों द्वारा सेवित चरण-कमल हे हरि, मुख में मधुर किन्तु हृदय में अत्यन्त दुष्ट भाव वाले हे हरि, तुम सुनो। हे बलभद्रदेव तुम भी सुनो—"कपट-विद्या द्वारा मैं दमी (छली) गयी हूँ। अतः अब रूपिणी के साथ मेरी यह प्रतिज्ञा है कि—"जिसको भी पहिला पुत्र उत्पन्न होगा, वह जैसे भी होगा, दूसरी का शिर-मुण्डन करा देगी और वह पुत्र विवाह के लिये जाते समय उस केशकलाप पर पैर रखता हुआ ही जायगा।" भीष्म-पुत्री ने तब (यह सुन कर) कहा—"इस प्रतिज्ञा वचन का प्रमाण (साक्षी) कौन होगा?"

घत्ता— तब सुकेतसुता ने कहा—"बिल्वफल भुजा वाले हे बलभद्र देव, तुम्हीं साक्षी हो। कोई बहू इस प्रतिज्ञा को भंग न करेगी। यदि करेगी तो तुम ही बीच में पड़ना। ऐसा मानो।। 45।।

---

(9) 4. अ. वर। 5. ब 'म'। 6-7. कोकण घमुहिय। 8. अ. 'र।
9-10. अ णरवरयक्खए। 11. अ. 'हु वि। 12. अ. प।

(9) (3) जया। (4) विवाहणिमित्ते गच्छन्। (5) साक्षीभूतः।

(10)

गाहा— पु[1]णु रूविणिहि भणिउ जेट्ठो किज्जउ अम्हाणं।
तुडिहि णिव्वाणहणं पडहुत्तणं[(1)] पि [2]मन्नहु दोहिं पि व लोहु उत्तामो।। छ।।

गाहा— कण्हेवि कुरु-णरिंदो हरि सपसण्णावि बेवि णिय भुवणे।
ता दिट्ठ णिसि विरमे रूवणिए विसिट्ठिय सिविणं।। छ।।

मयमत्त-गयं मिलियालि सयं।
विलुलिय-जीहं पुणरवि-सीहं।
कल-कमल सरं पेच्छइँ पवरं।
कणलुं वि घणं वरसालि-वणं।
रूविणिए जिमं सच्चाइ तिमं।
दोहिमि हरिहे अरि तरुह विहे[3]।
फुडु वज्जरिउ हरिसहो भरिउ।
मणे तुट्ठु छुडु हरि कहइ फुडु।
हय-दुरिय खलु सिविणयहो फलु।
पीणत्थणीहि दोहिमि जणीहि।
होसंति सुया दिढ-कढिण-भुया।

---

(10)

रूपिणी एवं सत्यभामा के द्वारा एक समान चार-चार स्वप्नों का दर्शन एवं उनका फल-वर्णन

गाथा— सत्यभामा की प्रतिज्ञा को सुनने के पश्चात् रूपिणी ने उससे कहा-ठीक है ऐसा ही करना। हमारी सामर्थ्य रहते मरते दम तक प्रतिज्ञा टूटेगी नहीं और ऐसा मानों कि यह प्रतिज्ञा लोक में दोनों के लिए उत्तम होगी।। छ।।

गाथा— कृष्ण और कुरुनरेन्द्र दुर्योधन दोनों भी हर्ष से प्रसन्न हुए, अपने-अपने भवनों में रह रहे थे। तभी रात्रि के अन्त में रूपिणी रानी ने चार विशिष्ट स्वप्न देखे।। छ।।

(प्रथम स्वप्न में) सैकड़ों अलिकुल जिस पर मिल रहे हैं (झूम रहे हैं) ऐसे मदमत्तगज को देखा। पुनः (द्वितीय स्वप्न में) चंचल जिह्वावाले सिंह को देखा। (तृतीय स्वप्न में) प्रवर मनोहर कमल वाले सरोवर को देखा तथा (चतुर्थ स्वप्न में) जिस में बहुत कशिश (वालें) लटक रही हैं, ऐसे उत्तम शालिवन को देखा। जैसे रूपिणी ने (उक्त चार) स्वप्न देखे, वैसे ही सत्यभामा ने भी देखे। हर्ष से भरी हुई दोनों ही रानियों ने शत्रुरूपी वृक्ष को हरने वाले हरि को जाकर वे स्वप्न कहे। मन में अत्यन्त सन्तुष्ट हत-दुरित हरि ने स्वप्नों का फल तत्काल ही पीनस्तनी उन दोनों रानियों से स्पष्ट रूपेण कहा—(इस प्रकार) "तुम दोनों के ही दृढ़ कठिन भुजावाले पुत्र उत्पन्न होंगे—

---

(10) 1. ब. × । 2. ब. 'स। 3. ब. हि'।

(10) (1) लागणं

ते चरम तणु सिद्धिहिं गमणु।
पावंति पुणु तह तुट्ठ मणु।

घत्ता— जे सुर संभविय[2] सग्गहो चविय ते बेवि सच्चरूविणिहिमि।
उव[4]रहँ अवयरिय अमर वि तुरिय ते सुय वि ताहँ दुहुँ जाणिहिमि।। 46।।

(11)

गाहा— तेणं सुकेय भीसम-सुयाण कुवलय-मुणाल-ललियाइँ।
गब्भहिं सुंदरीहिमि जायाइमि सालसंगाइँ।। छ।।

एक्कहि वयणुल्लउ णिरुवमउँ अणेक्कहि छण-सस[1]हर-समउँ।
एक्कहि मुहुँ सरलु पुणु[1] णयणु अणेक्कहि उक्कोइय मयणु।
5 एक्कहि वरकंठु कम्बु हणइ अणेक्कहि रूउ जि जगु जिणइ।
एक्कहि वेल्लहलु वाहु-जुवलु अण्णहे मालइ-माला पवलु।
एक्कवि णिरु सघण-पयोहरिया अण्णइँ णं कणय-कलस [2]धरिया।
एक्कहि तुच्छेयरु णाहि-गहर अण्णहे रोमावलि थंभु किर।
किउ विहिणा[2] एक्कहे गोरियहे अणेक्कहे मुणि-मण चोरियहे।

जो चरम शरीरी सिद्धि (मुक्ति) को गमन करने वाले होंगे। यह सुनकर वे रानियाँ मन में सन्तुष्ट हुईं।

घत्ता— दोनों देव, जो स्वर्ग में उत्पन्न हुए थे, वे दोनों ही वहाँ से चलकर तत्काल ही सत्यभामा और रूपिणी के गर्भ में अवतरित होकर उन दोनों के पुत्र के रूप में जन्म लेंगे।। 46।।

(11)

रूपिणी एवं सत्यभामा के गर्भ-काल का वर्णन

गाथा— उस गर्भ से सुकेत-सुता — सत्यभामा और भीष्म-सुता — रूपिणी के कुवलय के मृणाल समान ललित-अंग सालस (आलस्य सहित) हो गए।। छ।।

एक रानी का वदन निरुपम हो गया, अन्य दूसरी रानी का वदन शशधर-चन्द्र समान हो गया। एक के मुख में सरलपूर्ण नेत्र थे, तो दूसरी के नेत्र उत्कोरित मदन वाले हो गये। एक रानी का उत्तम कण्ठ था, जो कम्बु (शंख) को हनता था—जीतता था, तो दूसरी का रूप जगत् को जीतने वाला था। एक रानी के बाहु युगल वेलफल-लता के समान सुशोभित थे, तो दूसरी रानी के माला प्रबल बाहु-युगलमाला के समान सुशोभित थे। एक रानी के अत्यन्त सघन पयोधर थे तो दूसरी रानी के स्तन ऐसे दिखाई देते थे मानों भरे हुए सुवर्ण-कलश ही हों। एक रानी का नाभि गह्वर (गर्त्त-गढा) तुच्छेतर विशाल था तो अन्य दूसरी रानी की नाभि रोमावलि के लिये मानों निश्चल स्तम्भ ही थी। विधि ने एक रानी का रूप गौर-वर्ण बनाया था जब कि अन्य दूसरी रानी का रूप मुनियों के मन को चुराने वाला निर्मित किया था। "मेरा वह रानी रूपी एक रूप-स्तम्भ टूट जायगा

---

(10) 4. अ. °य।

(10) (2) प्रथमजाता:।

(11) 1. अ. °सिय°। 2. ब भ°।

(11) (1) सरलपूर्णनेत्र। (2) विधिना।

भज्जइ व मज्झु तं थंभु किं[3]उ किं तेण वणं [4]सुट्ठिहि धरिउ।
एक्कहि मसिणूरय मणहरण सुललिय-जंघउ कोमल-चरण
एक्कहिं सुदित्त-णह भंति-णवि अण्णहिं तल-चलण रत्त-छवि।

घत्ता— दुणिवि राणियउँ सुवियाणियउँ(3) वरगब्भहिं णिरु सच्छयउ।
को-वण्णहु तरइ णियमणे धरइ केवलि-तित्थयरहो मायउ।। 47।।

(12)

गाहा— गब्भेण णारियाणँ रूविणि सच्चाण [1]कमल-वय[2]णाइँ।
णंदण[3] जसेण विय[4]सइ ईसीसिवि(1) जाइ धवलाइँ।। छ।।

अइतुंग पीण-पीवर-घणाहँ कसणइँ मुहाइँ दुज्जण थणाहँ।
संजयाइँ णिवडण भएण जाम किय गब्भ-सुद्धि दोहंपि ताम।
फल-कुसुम-विलेवण चारु सव्व दोहलय[5] विविह-आयार-पुव्व।
सुह-दिणे सुमुहुत्तें सुरिक्ख-जोइ जामिणि-विरामे जण-भुत्ति भोए।

(यही सोच कर) क्या विधि ने दूसरा (रानी रूपी) रूप-स्तम्भ भली-भाँति निर्मित किया है? एक रानी का मनोहर मसृण (चिक्कण) उरु था तो दूसरी का सुललित उरु। उन दोनों के चरण अत्यन्त कोमल थे। एक रानी के नख सुदीप्त थे। इसमें कोई भ्रान्ति नहीं। अन्य दूसरी रानी के चरण-तल रक्त छवि वाले थे।

घत्ता— (वे) दोनों ही रानियाँ (बड़ी) सुविचक्षण थीं। उत्तम गर्भ के कारण वे सुन्दर कान्तिवाली हो गयीं। उनका वर्णन करने में कौन तर (पार पा) सकता है? तीर्थंकर की माता को अपने मन में धारण करने वाली वे दोनों रानियाँ ऐसी प्रतीत होती थीं, मानों तीर्थंकर की माता ही हों।। 47।।

(12)

संयोग से रूपिणी एवं सत्यभामा दोनों को ही पुत्र-रत्न की प्राप्ति होती है किन्तु विष्णु को रूपिणी के पुत्र-प्राप्ति की सूचना सर्वप्रथम मिलती है

गाथा— गर्भ के भार से रूपिणी एवं सत्यभामा दोनों नारियों के कमल समान मुख ईषत्-ईषत् धवल (पाण्डुर) हो गये। मानों वे अपने (गर्भस्थ) नन्दनों के (भावी) यश से ही विकसित हो गयी हों।। छ।।

जिस प्रकार दुर्जन-जनों के मुख कृष्ण वर्ण के (फीके छायारहित) हो जाते हैं उसी प्रकार अति-तुंग पीन पीवर (कठोर) एवं घने स्तनों के मुख भी कृष्ण-वर्ण के हो गये। वे दुर्जनों के समान स्तन अपने पतन के भय से जब कृष्ण हो गये तब दोनों की गर्भ-सृष्टि-शुद्धि-संस्कार किया गया। श्रेष्ठ फल एवं पुष्पों का चारु पद्धति से सर्वांग विलेपन कर विविध आचार-पूर्वक दोहले पूर्ण किये गये।

शुभ दिवस, शुभ मुहूर्त्त तथा शुभ नक्षत्र के योग में यामिनी के विराम-काल में, जनभुक्ति काल में सत्यभामा

---

(11) 3. अ. °वि। 4. अ मु।

(12) 1-2. अ. वयण कमलाइँ। 3. अ. णंदणह। 4. अ वि। 5. अ इँ।

(11) (3) विचक्षण।

(12) (1) स्तोक-स्तोक।

सा सच्चहाव रूविणिवि देवि पसवियउ सुलक्खण पुत्त वेवि।
आणंदु पवट्टिउ सज्जणाहँ मसि कुंचउ णं मुहे दुज्जणाहँ।
वद्धावय पेसिय [7]दुहिमि तेत्थु णिय राउले ठिउ महुमहणु जित्थु।
10 जग्गइ ण विट्ठु सोवंतु दिट्ठु आवणे सो रूविणि णरु वइट्ठु।
उसीसि सच्चहावहि वसिट्ठु जय-मंगल-रव पडिबुद्धु विट्ठु।
कर-मऊले कयंजलि णय-सिरेण वद्धाविउ ता रूविणि णरेण।

घत्ता— भीसम-सुयाहे सुउ अइ-सरल-भुउ पहु जेम सिवएविहि जिणवरु।
रूविणि राणियहे गुरु जाणियहे उप्पण्णु तेण जण-मण-हरणु।। 48।।

(13)

गाहा— पुणु सच्चहाव पुरिसो वद्धावइ देव पढम स महएवी।
पसुवा[1]वि सच्चहावा जाउ सुउ रूविणिहि पच्छा।। छ।।

तउ हरि समुट्ठिउ हरिस्समाणउ[(1)] हरी करव्विऊण हत्थु दिण्ण दाणउ।
सम्माणिया वेवि ते विसिट्ठ राइणा सुचेल-कणय तुरिय दिव्व दायिणा।

एवं रूपिणी दोनों ही देवियों ने सुलक्षण सम्पन्न दो पुत्रों को जना। इससे सज्जनों को आनन्द हुआ किन्तु दुर्जनों के मुख काले हो गये मानों उनके मुख पर मसी की कूँची फेर दी गई हो। जहाँ राजकुल में मधुमथन स्थित था, वहाँ उन दोनों रानियों ने वर्धापन भेजा। विष्णु जगे हुए नहीं थे अतः उन्हें सोता हुआ देख कर रूपिणी के नर आँगन में (पैरों की तरफ) बैठ गये। सत्यभामा के मनुष्य विष्णु के सीस की तरफ बैठ गये। "जयमंगल" शब्द सुनकर (जब) विष्णु प्रतिबुद्ध (जागृत) हुए तब हाथ मस्तक पर लगाकर अंजलि बनाकर तथा मस्तक नवा कर रूपिणी के मनुष्यों ने उन्हें बधाई दी, और कहा—

घत्ता— "हे प्रभु, जिस प्रकार शिवादेवी के जिनवर नेमिनाथ पुत्र हुए उसी प्रकार आपकी गम्भीर रूप से जानी हुई भीष्म-सुता रूपिणी रानी के अतिसरल भुजावाला और जनों के मन को हरने वाला पुत्र उत्पन्न हुआ है।। 48।।

(13)

पुत्र-जन्म एवं नाम-संस्कारोत्सव

गाथा— तत्पश्चात् सत्यभामा के पुरुषों ने वर्धापन दिया "हे देव, आपकी प्रथम महादेवी सत्यभामा ने प्रथम पुत्र-प्रसव किया है और रूपिणी ने पीछे पुत्र-प्रसव किया है।। छ।।

तब हरि (इन्द्र) के समान वह हरि (विष्णु) उठा। उसने (उन दोनों संदेशवाहकों के लिए) ऊँचा हाथकर दान दिया। उस राजा ने उन दोनों शिष्ट पुरुषों का सम्मान किया तथा तुरन्त ही दिव्य वस्त्र एवं कनकाभूषण प्रदान किए। उसने पट्टन में उत्तम महोत्सव कराया, जिसमें शत्रु राजाओं के समूह भी आये।

---

(12) 7. अ 'व'।

(13) 1. अ. 'आ'। (13) (1) हर्ष संपृक्तः।

करावियं महोच्छवं वरं स-पट्टणे अरी-णरिंद-विंद-थट्ट-लोट्टणे।
घरं-घरं पि मंगलाइँ-तूर वज्जए अयाले तक्खणे णवं घणुव्व गज्जए।
कहिं पि चारु घुसिण-छउड दिज्जए कहिं चउक्क-सारु मोत्तिएहिं किज्जए।
सुयस्स दंसणेण रूविणी पहिट्ठिया हरि-हरेण[2] अमरसरिव दिट्ठिया।
गउ पुणोवि कण्डु सच्चहावहे घरे समाणु-दाणु कारिऊण संठिउ वरे।
णडंति हार-डोर भूसियाउ कामिणी इहप्पयारएण जाम पंच-जामिणी।[3]

घत्ता— छट्ठि जायरणु जा महुमहणु दोहिमि राउलहिं करावइ।
रूवें-सच्च सुयहं सुललि भुअ[2]हं रासिहिं अहिहाणु धरावइ।। 49।।

(14)

गाहा— रूविणि-सुअस्स रइयं अहिहाणं गणणएहिं पज्जुण्णो।
सच्चाहिं भाणु अण्णो भणिउ [1]बहु-गंथत्थ[2]-जाणेहिं।। छ।।

[3]भाम रूविणि घरे गीय-मंगले वरे।
चारु मत्तवा[1]रणे बद्ध मत्तवारणे[2]।
गुंठ पुप्फ-दामए भिंग संग कामए।

घर-घर मंगलाचार होने लगे। उसी समय अकाल में ही नवमेघ की गर्जना के समान तूर-वाद्य बजने लगे। कहीं तो सुन्दर घुसृण (चन्दन) का छिड़काव किया जा रहा था, तो कहीं मोतियों से सारभूत चौक माँडा जा रहा था। सुपद्म—हरि द्वारा किये गये पुत्र दर्शन से रूपिणी उसी प्रकार हर्षित हुई जिस प्रकार हरिहर द्वारा देखी गयी अमरसरित—गंगा। पुन: (रूपिणी के यहां से लौटकर वह) कृष्ण सत्यभामा के घर गया (और वहाँ भी) सम्मान-दान कराकर वह वहाँ संस्थित हुआ। वहाँ हार-डोरा (कटिबन्ध) से भूषित कामिनियाँ नाच रही थीं और इसी प्रकार जब पाँच रात-दिन व्यतीत हो गये—

घत्ता— उसके बाद मधुमथन ने राजकुल में दोनों का छट्ठी जागरण (का उत्सव) कराया तथा (उसी दिन) गणकों द्वारा सुललित भुजा वाले रूपिणी और सत्यभामा के पुत्रों के नाम धराये।। 49।।

(14)

रूपिणी-पुत्र प्रद्युम्न का धूमकेतु नामक दानव द्वारा अपहरण

गाथा— ग्रन्थों के अर्थ जानने वाले गणकों के द्वारा रूपिणी के पुत्र का नाम प्रद्युम्न तथा सत्यभामा के पुत्र का नाम भानु रचा (रखा) गया।। छ।।

सत्यभामा और रूपिणी के घरों में उत्तम मंगल गीत हो रहे थे। छज्जे सुन्दर रूप से सजाये गये। मदोन्मत्त गज बँधे हुए थे। गुँथी हुई पुष्प-मालाएँ भृंगों के संग से सुन्दर लग रही थीं। जब आधी रात व्यतीत हुई और

---

(13) 2. अ. 'य'।

(14) 1. अ.×। 2. अ.×। 3. अ. ता।

(13) (2) ईश्वरेण विष्णुना। (3) पंचदिनानिगता।

(14) (1) जालागवाक्षे। (2) हस्तिन:।

अद्ध रत्तए [4]गए लोयएण सुत्तए।
ताण हम्मे जंतए दुद्धमे महंतए।
भग्ग देव-माणवे धूमकेय दाणए[(3)]।
अंतरिक्ख जाणयं थंभि[5]यं विमाणयं।
10 ताम विंभओ मणे चिंतवेइ तक्खणे।
केण वोम जाणयं थंभियं विमाणयं[(4)]।
तं णहम्में वालियँ मंदिरं णिहालियँ।
गेवमाण वालओ सद्दु सो विसालओ।
सो[(5)] हरेवि आणिओ पुव्व-वेरि जाणिओ।
15 मंदिराउ कड्ढिओ वालु लेवि वड्ढिओ।
किलि-किलंतु णिग्गिओ वोम-मंडलं गओ।
तच्छ सो ण मारिओ णं विही णिवारिओ।

घत्ता— खइराडवि जहिं सो णियए रूविणिहिं सुउ तहिं णाणा लक्खण रिद्धउ।
किर[6]डि-खय-कंदराउ परिफुरियमउ जहिं तक्खउगिरि सुपसिद्धउ।। 50।।

इय पज्जुण्ण कहाए पयडिय-धम्मत्थ-काम-मोक्खाए कइसिद्ध विरइयाए धूम[7]केतु-दानव पज्जुण्णकुमारावहरणं णाम[8] तीउ-संधी परिसमत्तो।। संधी: 3।। छ।।

लोग सो चुके थे, तब आकाश में जाता हुआ दुर्दम महान् अन्य देवों और मनुष्यों को भग्न (पीड़ा) करने वाला, धूमकेतु नामके दानव का यान—विमान अंतरिक्ष में रुक गया। तब वह मन में विस्मित हुआ तत्क्षण चिन्ता करने लगा। यह व्योम यान—विमान किसने स्तम्भित किया है? तब उसने आकाश में अपने विमान में से एक मन्दिर (राजभवन) देखा तथा उसमें रोते-गाते शब्द करते हुए एक विशाल शिशु को देखा। उसे पूर्व-जन्म का बैरी जानकर उसने उसका अपहरण कर लिया। उसने मन्दिर (महल) से उस बालक को निकाला और उसे लेकर आगे बढ़ा। किलकिलाता हुआ वह वहाँ से निकला और व्योम मण्डल में चला गया। वहाँ उसने उसे मारा नहीं, मानों विधि (भाग्य) ने ही (उसे ऐसा करने से) रोक दिया हो।

घत्ता— वह यक्षराज दानव नाना लक्षणों से समृद्ध रूपिणी के पुत्र को उस खदिरा-अटवी में ले गया, जहाँ कन्दों को खाने वाले सैकड़ों शूकर चंचल मृगों को भय उत्पन्न करते रहते हैं। वहीं पर तक्षक नामका एक सुप्रसिद्ध पर्वत है।। 50।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली सिद्ध कवि द्वारा विरचित प्रद्युम्न कथा में धूमकेतु-दानव द्वारा प्रद्युम्न के अपहरण सम्बन्धी **तृतीय सन्धि** समाप्त हुई।। सन्धि: 3।। छ।।

---

(14) 4. अ. हँ। 5. अ. 'क्क'। 6. अ. किडि। 7-8. अ.।

(14) (3) दाणवे। (4) विमानं। (5) बालकः।

चउत्थी संधी

(1)

जहिं णिरंतर सीह-सद्दूल मय-गंडय बहुय गय,
वग्घ घोर किडि सय तरच्छहिं वुक्कारिय।। छ।।

वत्थु-छंद— साहा-मयहि[1] रुजंत रत्तच्छ रिच्छहिं
घोर रीद्ध भल्लु व पवर जहिं। जसु[2] तसइ भएण
णिवि सिद्धेण तहिं वण गहणे वालु पराणिउ तेण[(1)]।।
उवहिहि[(2)] अणुहरमाणु [3]मज्झु [4]पएसु विसालउ।
जो हरि-करि परियरिउ गिरिवरु णं महिपालउ।। छ।।

णहग्ग-लग्ग-मग्ग-तुंग-सिंगवे सु पुप्फ-रेणु रत्त[5]-मत्त [6]पिंगवे।
कहिं पि वच्छ-पवण-पहय कंपिउ कहिं पि कीर-कुरर-सद्द जंपिउ।
कहिं पि पडिय पुप्फ-पयर अंचिउ कहिं पि[7] साह उद्ध-वाह-णच्चिउ।

चौथी सन्धि

(1)

धूमकेतु-दानव ने उस शिशु प्रद्युम्न को तक्षकगिरि की एक विशाल शिला के नीचे चाँप दिया

जिस तक्षक गिरि में सिंह, शार्दूल, मृग, गंडफ (गिंडाहाथी) अनेक प्रकार के गज, व्याघ्र एवं सफेद आँखों वाले सैकड़ों भयानक शूकर निरन्तर गरजते रहते हैं।। छ।।

वस्तुछन्द– जहाँ पर रंजायमान शाखामृग (वानर) लाल नेत्र वाले भयानक विशाल भालू प्रचुर मात्रा में हैं, जिनके देखने मात्र से त्रास होता है। महाकवि सिद्ध कहते हैं उसी पर्वत के गहन वन में वह सिद्ध दानव उस बालक को ले आया। वह गिरिवर ऐसा प्रतीत होता था, मानों कोई राजा ही हो। क्योंकि राजा घोड़ों एवं हाथियों के परिकर सहित होता है, यह पर्वत भी सिंहों एवं हाथियों से परिवृत था, अथवा वह पर्वत उदधि समान मन को हरने वाला था। समुद्र जिस प्रकार मनोहर होता है, यह पर्वत भी उसी प्रकार मनोहर था। समुद्र में जिस प्रकार विशाल टापू प्रदेश रहते हैं उसी प्रकार इस पर्वत पर भी विशाल गहन वन-प्रदेश था।। छ।।

उस पर्वत का उत्तुंग शृंग नभ के अग्र को मग्न करता था। पीत वर्ण का वह (शृंग) सुन्दर पुष्पों की रेणु से रक्त वर्ण का होकर मतवाला हो रहा था। कहीं तो उसके वृक्ष पवन से प्रहत होकर काँप रहे थे, कहीं कीर (शुक) एवं कुरर पक्षी मधुर वाणी बोल रहे थे। कहीं वह पर्वत गिरे हुए पुष्प प्रकरों से पूजित था। कहीं वह पर्वत सुशाखाओं रूपी उर्ध्व बाहुओं से नाचता था। कहीं कोयल सुकुमार शब्दों में मधुर संगीत कर रही थी तो

---

(1) 1. अ 'मरहे भीम'। 2. अ 'मु। 3. अ स'। 4. अ सुपंसु। 5. अ. 'त्ते। 6. अ भिं'। 7. ब. सु।

(1) (1) धूमकेतुना। (2) समुद्र।

कहिं पिई सुसद्द-महुर गायए कहिं सुवंसु सुसिर-वण वायए।
गिरीसु तक्खउ चित्तेण दिट्ठउ लए वि वालु तत्थ सो पइट्ठउ।
वियारिऊण किंतु णहमि[8] मारमि विचिंतए णिसिंदु[9] वइरु[10] सारमि।
किं अज्जु[11] घिवमि उवहि मज्झे वाडवे पयंड-मच्छ-सुंसुमार[12] फाडवे।
15 परं मरेइ अज्जु णत्थि जीवियं कहं हणेमि तं[13] भणेमि एम खीवियं।
धरायले सिला-विसाल चप्पियं सुअं भणेवि वालयं वियप्पियं।
किं मिच्चु ए ण[14] केवली सुलक्खणे गए णिसायरम्मे तत्थ तक्खणे।।

घत्ता— ता तहिं णिसि परिगलिय सव्वंगारुण कायउ।
णं वालहो आवइए सूरु पुव्व-दिस आयउ।। 51।।

(2)

वस्थु-छंद— जंबुदीवहँ भरहे[1] सुपसिद्ध
वेयट्ठु दाहिणि दिसहि मेहकुडु णामेण पुरवरु।
जण्ण-धण्ण-कण-भर पउर णंदण-वण सरिसु सरवरु।।

कहीं उत्तम बाँस-सुसिर-राग का आलाप कर रहे थे। ऐसे उस तक्षक पर्वत को मनोयोगपूर्वक उस दानव ने देखा और वह उस बालक को लेकर वहाँ प्रविष्ट हुआ। वह बैरी राक्षस इस प्रकार विचार करने लगा—"क्या मैं तुझे आकाश में फेंक कर मार डालूँ और अपना बैर भुना लूँ? क्या तुझे आज मैं बडवानल वाले तथा प्रचण्ड मच्छ, सुंसुमार (मगर) से युक्त विशाल भयानक समुद्र में फेंक दूँ? जिससे तू आज ही मर जाए जीवित न रह सके? मैं इसे कैसे मारूँ? इस फेंके हुए को मैं किससे कहूँ कि उसे ऐसे मारा है?" इस प्रकार विकल्प कर दानव ने उस बालक को लेकर धरातल में विशाल शिला के नीचे चाँप दिया। यह सुलक्षणों वाला बालक भावी केवली है। इसे मृत्यु से क्या (भय) यह विचार कर वह निशाचर वहाँ से तत्क्षण चला गया?

घत्ता— तब वहाँ रात्रि गलित हो (बीत) गयी। सर्वांग (आकाश) अरुणाभ हो गया। मानों बालक की आपत्ति से ही सूर्य पूर्व दिशा में आ गया हो (अर्थात् प्रभात हो गया)।। 51।।

(2)

राजा कालसंवर का नभोयान तक्षकगिरि के ऊपर अटक जाता है

वस्तु-छन्द— जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र में सुप्रसिद्ध वैताढ्य (विजयार्ध) नामका पर्वत है, जिसकी दक्षिण दिशा में मेघकूट नामका एक बड़ा नगर है। जो प्रचुर जन-धन एवं कण से समृद्ध है तथा वहाँ नन्दनवन के समान वन हैं और जो विशाल सरोवरों से युक्त है— जहाँ कंचनमय श्रेष्ठ भवन बने हुए हैं।

---

(1) 8. अ.हिँ। 9-10. अ. वि सिग्धु वेरु। 11. अ. मक्कु।
12. अ. आँ। 13. ब. ×। 14. अ. °म।

(2) 1. अ. हि।

कंचण-मय-घरपवर जहिं दीहर णयण-विसाल।
राउ कालसंवरु वि तहिं राणिय कंचणमाल।। छ।।

अवरहिं रंखोलिर णेउरिहिं घण-पीणुत्तुंग पऊहरिहिं।
जिय अलि-तमाल-अलयावलिहिं णं मयरद्धय-वाणावलिहिं।
विण्णाण-कला-गुण-जाणियहँ सय-तिण्णि-सट्ठ तहो राणियहँ।
पंच-सय कुमारहँ णर वइहे सुपहुत्तणु णं णहे सुरवइहे।
एक्कहि दिणे सो मेइणि-वलउ वियरंतु संतु दाहिण-मलउ।
पिय कंचणमाला परियरिउ विज्जाहरु णहं जाणइँ तुरिउ।
चल्लिउ झडत्ति णं मण-पवणु संपत्तउ तं गिरिवर-गहणु।
जहिं खइराडयहे[1] सिलाहि तले परिसंठिउ वालउ धरणियले।

घत्ता— खलिउ विमाणु ज्झडत्ति तंह विज्जाहर-रायहो।
पुंछिय कंचणमाल पिए किं कारणु [2]एयहो[2]।। 52।।

वहाँ का राजा कालसंवर (नामका) है, जिसके नेत्र दीर्घ एवं विशाल हैं और जिसकी रानी का नाम कंचनमाला है।। छ।।

इसके अतिरिक्त भी उस राजा की अन्य 360 रानियां और थीं, जो खुल-खुल करते नूपुरवाली एवं घने-घने पीन उत्तुंग पयोधर वाली थीं। जिनकी अलकावली अलि अथवा तमाल के समान कृष्ण वर्ण की थी। वे ऐसे प्रतीत होते थे, मानों मकरध्वज (कामदेव) की वाणावलि ही हो। वे सभी रानियाँ विज्ञान एवं कलागुण की जानने वाली थीं। उस राजा के 500 पुत्र थे। उस राजा का पृथिवी पर उसी प्रकार का प्रभुत्व था, जिस प्रकार सुरपति का आकाश (स्वर्ग) में।

किसी एक दिन वह राजा मेदिनी वलय में विचरता हुआ प्रिया कंचनमाला सहित विद्याधर नभोयान (विमान) से शीघ्र ही दक्षिणमलय की तरफ चला। मन और पवन के वेग के समान चलकर वह झट से उसी गहन गिरिवर में जा पहुँचा, जहाँ उस खदिराटवी में धरणीतल पर शिला के तले वह बालक (प्रद्युम्न) चँपा पड़ा था।

घत्ता— उस विद्याधर राजा का विमान वहाँ झट से स्खलित हो गया (रुक गया)। तब कंचनमाला ने अपने प्रिय पति से पूछा कि इस विमान के यहाँ रुकने का क्या कारण है?"।। 52।।

---

(2) 2. ब. आ'।

(2) (1) अटव्या। (2) विमानणस्य।

(3)

वत्थु-छंद— ताम कंचणमाल तहिं चवइ अवलोयहि
धरणियलु सत्तु-मित्तु अह कोवि णाणिउ।
णह-जाणु चल्लइ [1]जिण[1] कारणु[2] तंपि जाणिउं।।
तहिं अवसरे णरवइ स पिउ णियइ अहमुहु जाव।
5 दलु[2]-छिण्णहँ तरुवरहँ जिम सिल परिकंपइ ताव।। छ।।

तं अच्चरिउ णिएवि णरेसरु मेहकूडु पुरवर परमेसरु।
गउ उयरेवि विमाणहो तेत्तहिं थरहरंति सिल अच्छइं जेत्तहिं।
साहेलइ उच्चाइय रायइँ कोडिसिला इव दहरह-जायइँ।
ता तहिं बहु-लक्खण-रयणायरु दिट्ठु वालु णं बालु दिवायरु।
10 णं वणसिरि वियसिय रत्तुप्पलु णं कंकेल्लिहिं णव-किसलय-दलु।
पुणु उच्चाएवि णयण-विसालहो ढोविउ देविहे कंचणमालहो।
ताइं पडिच्छिवि भणिउ णरेसर पिय ससरीर णिसुणि वम्मीसर।
जं हउँ असुव[3](3) भणेवि तं जुत्तउ दिण्णु पुत्तु किं तुहुमि अपुत्तउ।

---

(3)

पट्टरानी कंचनमाला पुत्र-विहीन थी, अत: राजा कालसंवर उसे पुत्र के रूप में उस बालक को दे देता है तथा उसी दिन उसे राज्याधिकारी भी घोषित कर देता है

वस्तु-छन्द— तब राजा ने उस कंचनमाला से कहा—"हे कंचनमाले, देखो धरणीतल पर (अवश्य ही) कोई शत्रु, मित्र अथवा ज्ञानी पुरुष है जिस कारण से नभोयान नहीं चल रहा है। उसके कारणों को जानो।" उसी समय प्रियतमा के साथ उस नरपति ने नीचा मुख करके वृक्षों के दलों को फैला कर जब देखा तो वहाँ एक शिला काँप रही थी।। छ।।

मेघकूटपुर का वह परमेश्वर नरेश्वर (-कालसंवर), उसे देखकर आश्चर्यचकित हुआ। वह विमान से उतर कर वहाँ गया, जहाँ शिला थरहरा रही थी। कालसंवर ने उस शिला को सहज ही उसी प्रकार उठा लिया, जिस प्रकार (राजा) दशरथ के पुत्र (लक्ष्मण) ने कोटि शिला को सहज में ही उठा लिया था। वहाँ उसने अनेक सुलक्षणों के रत्नाकर रूप तथा बाल-दिवाकर (सूर्य) के समान तेजस्वी बालक को देखा उसे वह बालक ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों वनश्री का विकसित लालकमल ही हो अथवा मानों कंकेलि (अशोक) का नवीन किसलय (कोंपल) पत्र हो। उस बालक को उठाकर वह नयन-विशाला कंचनमाला देवी के पास ले गया और उसे देकर उसने कहा—"हे प्रिये सुनो, यह सशरीर कामदेव है। यह पुत्र तुम्हें मैंने क्यों दिया? क्योंकि तुम पुत्र-विहीन हो अत: अब इसे तुम अपना ही पुत्र मानो। मैंने इसे जो 'पुत्र' कह दिया है, वह ठीक ही है। किन्तु घर में इस

---

(3) 1-2. अ. इह काइ मरणु। 3. अ. °अ।

(3) (1) जेनकारणेन। (2) पर्णछेदसिलाउंमीक्षत:। (3) अहंपुत्ररहिता।

अतुल-परक्कम-विक्कमसारहँ घरे अच्छहिं सय-पंच-कुमारहँ।
15 तहँ अग्गइ एउ काइँ करेसइँ रज्जु-धुरंधरु किम किर होसइ।

घत्ता— ता पभणइँ णरणाहु कंति म जाहे विसायहो।
तुहुँ जि पट्ट-महएवि दिण्णु रज्जु मइ आयहो।। 53।।

(4)

वत्थु-छंद— तं णरेसहो वयणु णिसुणेवि संतोसु
परिवट्टियउ लइउ वालु उछंगे देविए।
णह-जाणु संचालियउ णिय-णाहहो चलण-सेविए।।
मेहकूडु तक्खणे गयइँ जं मढ-मढिउ रवण्णु।
5 सरि-सरवर वर सुरहरहँ घण तरुवर सछण्णु।। छ।।

गुडिउ [1]घरणिहिं रच्छा सोहहिं तूर-णिणाय भुवणासंखोहहिं।
पिउ[1]-पियय मणि रुहिट्ठ पहिट्ठइँ जय-जय सद्दइँ णयरे पइट्ठइँ।
जणु जंपइ णिय पइ-पय-सेविए गूढ-गब्भु हुंतउ महएविए।

समय अतुल पराक्रम वाले तथा सारभूत विक्रम वाले जो 500 राजकुमार हैं उनके आगे यह क्या कर पायेगा? राज्य की धुरा को यह कैसे धारण कर पायेगा?"

घत्ता— यह सुनकर राजा ने कहा—"हे कान्ते, विषाद को प्राप्त मत हो। तू तो पट्टमहादेवी है अत: तेरी साक्षी से मैंने आज से ही इसे राज्य प्रदान कर दिया है।"।। 53।।

(4)

कालसंवर के यहाँ शिशु (प्रद्युम्न) का उचित लालन-पालन होने लगा और इधर उसकी माता रूपिणी उसकी खोज करने लगी

वस्तु-छन्द— राजा की प्रतिज्ञा सुनकर रानी का सन्तोष बढ़ा। अपने पति की चरण सेविका उस देवी रानी ने बालक को अपनी उत्संग (गोद) में ले लिया और नभोयान को संचालित किया। जो मठ एवं मढियों से रम्य है। जहाँ उत्तम-उत्तम नदियाँ एवं सरोवर हैं, जहाँ उत्तम सुरघर (देव विमान) के समान घर बने हुए हैं जो विविध तरुवरों से संछन्न हैं (अर्थात् जहाँ अनेक उपवन हैं)। उस मेघकूट-पुर में उसका यान तत्काल ही पहुँच गया।। छ।।

घरों के दरवाजों एवं मार्गों में चित्राकृतियाँ बनाकर उन्हें सुशोभित किया गया। तूर- निनादों से भुवनों को संक्षुब्ध कर दिया गया। अपने मन में अत्यन्त हृष्ट-प्रहृष्ट हुए प्रिया और प्रियतम जय-जय शब्दों के बीच नगर में प्रविष्ट हुए। वहाँ मनुष्य (परस्पर में) कह रहे थे कि "अपने पति की चरण-सेविका महादेवी को गूढ़-गर्भ था

---

(4) 1. ब. 'द्ध'

(4) (1) राजाराज्ञी।

सो वण-गइहिं पुत्तु उप्पण्णउँ अज्जु मुहुत्तु रिक्खु दिणु धण्णउँ।
घरे-घरे तोरणु मंगलु घोसिउ णच्चइ णारीयणु परिउसिउ।
णेत्तपट्ट पडि कंचण चायइँ वंदि-विंद परिपूरिय रायइँ।
किय आयारु सच्चु तहो वालहो अलि-जिय-कुडिल-केस सोमालहो।
इव तहिं वीया-इंदुव वड्ढइ दिवे-दिवे रूव-रिद्धि आवड्ढइ[2]।

घत्ता— एत्तहिं रूविणिए पल्लंकें दिट्ठु ण बालउ।
पुंछिउ लंजियउ कहिं महु सिसु णयण-विसालउ।। 54।।

(5)

वत्थु-छंद— हलि लवंगिए-एलि-कंकेलि-कल[1]-
कुवलय-दल-णयणि चंदवयणि चंदिणि सुलक्खणि।
महु वालु कहिं पासु भण भाणुमइ तुहुं कहि वियक्खणि।।
ताम णियंति णियंविणिउँ मंदिरु सयलु गविट्ठु
पुणु रूविणिहिं पयासियउ माइ कहिंपि ण दिट्ठु।। छ।।

तं णिसुणेवि रूविणि पुणु रुयंति महि-मंडले णिव मिय थरहरंति।

अत: उसके वन में जाते ही पुत्र उत्पन्न हो गया। आज का मुहूर्त्त, नक्षत्र एवं दिन धन्य है। "घर-घर में तोरण बाँधे गये। मंगलघोष किये गये। गणिकाएँ एवं अन्य नारीजन नाच रही थीं। राजा ने नेत्रपट्ट और कंचनभूषणों का दान देकर बन्दी-वृन्दों की मनोकामनाएँ पूर्ण कीं। अलि को जीतने वाले, काले कुटिल केश वाले उस सुकुमार बालक का आदरपूर्वक योग्य पालन-पोषण किया जाने लगा। वह बालक द्वितीया के चन्द्रमा की तरह बढ़ने लगा और प्रतिदिन उसके (रूपिणी के पुत्र प्रद्युम्न) रूप की ऋद्धि बढ़ने लगी।

घत्ता— और इधर, रूपिणी ने (जब) पलंग पर (अपने) बालक (प्रद्युम्न) को नहीं देखा तब उसने अपनी लज्जिका (दासी) से पूछा कि मेरा नयन विशाल शिशु कहाँ है?।। 54।।

(5)

पुत्र के अपहरण पर माता रूपिणी का विलाप

वस्तु-छन्द— हे लवंगिके, हे एले, हे कंकेलि, हे कले, हे कमलनेत्रे, हे चन्द्रवदनी, हे चन्दने, हे सुलक्षणे, बोलो, मेरा बालक किसके पास है? हे भानुभति, हे विचक्षणे, बोलो, मेरा बच्चा कहाँ है? यह सुनकर उन नितम्बिनियों ने समस्त राजभवन खोज मारा और आकर रूपिणी से निवेदन किया कि हे माता, उसे हम लोगों ने कहीं भी नहीं देखा।। छ।।

उसको सुनकर रूपिणी पुन: रोने लगी और थरहराती काँपती हुई वह महीमण्डल पर गिर पड़ी। वह प्रद्युम्न

---

(4) (2) आकर्षयति।

(5) (1) मनोज्ञ।

मुच्छाविय सा पज्जुण्ण-माय विहलंघल रूवाए वि जाय।
गोसीरह-घणसारहो जलेहिं सिंचिय सुसुयंधहिं सीयलेहिं।
उट्ठाविय हा-हा सुअ भणंति विलवंति कणंति रुवंति संति।
हा वच्छ-वच्छ कुवलय-दलच्छ पइं पेछमि कहिंहउं सेय तुच्छ[2]
हा वाल-वाल अलि-णील-वाल करयल-जिय रत्तुप्पल-सुणाल[3]।
हा-कंठु-कंठउज्जय सुणास हा-सवण विणिज्जिय मयण-पास।
मोक्कल-कल-कोंतल तोडणेण कोमल-करयल उरे ताडणेण।
विहुणिय-तणु सिर-संचालणेण पाणियल-धरणि अप्फालणेण।
रूविणिएँ रुवंतिए[4] कु-कु-ण रुण्णु वारमइहे णं संखउलु[5] भिण्णु।

घत्ता— तं णिसुणेवि महुमहणु रणे परवले कय-भद्दहिं।
पिउ वसुएवेण सहिउ दस-दसार वलहद्दहिं।। 55।।

(6)

वत्थु-छंद— इम मिलेविणु सयल तहिं समए
णायर-णर परिवरिय संपत्त रूविणिहि राउले।

की माता रूपिणी विह्वल होकर जब मूर्च्छित हो गई, तब सुगन्धित शीतल गोशीर्ष (चन्दन) और कर्पूर के जलों से उसे सींचा गया। मूर्च्छा टूटने पर उसे उठाकर बैठाया गया। वह "हा पुत्र—हा पुत्र" कहती हुई, विलाप करती हुई, माथा पीटती हुई, रोती हुई कह रही थी कि हा पुत्र, हा पुत्र, तुम्हें कौन ले गया? मेरा हृदय शतखण्ड होकर फूट रहा है। हा कुवलय दलाक्ष वत्स, हा वत्स। श्रेय तुच्छ (पुण्यहीन) में तुझे कहाँ देखूँ, कहाँ देखूँ?

हा अलिनील बाल (केश) बाल, हा बाल। करतल से रक्त कमल को जीतने वाले सुनाल (विशाल पैर वाले) बाल। हा कम्बु (शंख) समान कण्ठ वाले हे बाल, उन्नत नासिका वाले हे बाल। हा श्रवण से मदनपाश को विनिर्जित करने वाले हे बाल। हा ! इस प्रकार वह रूपिणी रानी कभी खुले बिखरे सुन्दर केशों को तोड़ती थी। कभी कोमल करतल से उर को (छाती को) ताड़ती थी—पीटती थी। कभी सिर घुमा-घुमा कर शरीर को धुनती थी, कभी पाणितल से पृथिवी को पीटती थी। हूं, हूं, हूं, हूं, शब्दों से रूपिणी जब रो रही थी तब द्वारावती में ऐसा कोई नहीं था, जो न रोया हो। मानों शंखकुल ही फूट पड़ा हो (रो रहा हो)।

घत्ता— रण में परबल का मर्दन करने वाले मधुमथन और बलभद्र उस पुत्र के अपहरण का वृत्तान्त जान कर तथा रूपिणी का विलाप सुनकर पिता वसुदेव सहित दशों दिशाओं में खोजने निकल पड़े।। 55।।

(6)

रूपिणी एवं हरि की शोकावस्था का वर्णन। सभी राजा पुत्र की खोज में निकल पड़ते हैं

वस्तु-छन्द— इस दुखद घड़ी में समस्त नागर जन सपरिवार मिलकर रानी रूपिणी के, ध्वजाओं से अलंकृत, कनक-कलशों से मनोहर एवं रमा से भरपूर राजकुल में पहुँचे। वहाँ उन्होंने उस भीष्म की सुता

---

(5) (2) पुनिरहिता। (3) विशाल। (4) हूं हूं हूं इति रुदंति। (5) संखसमूह।

धय-मालालंकरिउ कणय-कलस-पेसल रमाउले।।
ता पेछेवि भीसम-सुअ कलणु-पलाउ करंति।
वाह पवाहहिं सयल महि सरि-सरवरइँ भरंति।। छ।।

[1]तं पेछेवि हरि विलुलिय-गत्तउ सुवहो विओय-सोय संतत्तउ।
पुणु-पुणु संवोहिउ वलहद्दें आयम-वयणहिं सुमहुरें-सद्दें
अहो महुमहण सोउ णउ किज्जइं सोयइँ सुहडत्तणु णासिज्जइँ।
सोयइँ खयहो जाइ माहत्तमु तुम्हारिसु पुणु इह पुरिसोत्तमु।
सोउ करंतु किण्ण किर लज्जइ संसारहो गइ मुणहि ण[1] अ[2]ज्जइ[(2)]।
अद्धुव-असरण-जग गुरु-सिक्खउ कहिउ तासु वारह अणुवेक्खउ।
इम संवोहिउ महुमुहु राणउँ पुत्त-विओय-सोय-विद्दाणउँ।
पुणु सच्चहिं रूविणि संवोहिय बहु दिट्ठंतहिं तो वि ण बो[3]हिय।
पुणरवि णरवइ मिलेवि असेसा गय रूविणि-णंदणहो गवेसा।

घत्ता— सरि-सुरगिरि पवरे आराम-गाम सुविसिट्ठउ।
घर-पुरवर सयल जोयंतहिं वालु ण दिट्ठउ।। 56।।

—रूपिणी को करुण-प्रलाप करते हुए तथा अपने अश्रुओं के धारा-प्रवाहों से पृथिवी को तथा समस्त नदियों एवं सरोवरों को भरते हुए देखा।। छ।।

रूपिणी की शोकावस्था को देखकर वह हरि भी विलुलित-गात्र हो गया और शोक-सन्तप्त हो गया तब बलभद्र ने आगम के वचनों द्वारा सुमधुर शब्दों से उसे बार-बार सम्बोधित किया और कहा—"अहो मधुमथन, शोक मत कीजिए। शोक से सुभटपना का नाश हो जाता है, शोक से माहात्म्य (बड़प्पन) का क्षय हो जाता है।

फिर इस संसार में यदि तुम्हारे जैसा पुरुषोत्तम इस प्रकार शोक करे तो क्या लज्जा का विषय नहीं है? क्या संसार की गति को आज तक भी नहीं समझा? जगद्गुरु जिनेन्द्र ने अध्रुव, अशरण जैसी बारह अनुप्रेक्षाएँ एवं उनकी शिक्षाएँ बतलाई हैं। इस प्रकार बलभद्र ने पुत्र-वियोग के शोक से विद्रावित राजा मधुमथन को सम्बोधित किया। पुनः सत्यभामा ने भी अनेक दृष्टान्तों से रूपिणी को सम्बोधित किया तो भी वह चुप नहीं हुई। पुनरपि सभी राजा मिले और रूपिणी के नन्दन को खोजने गये।

घत्ता— नदियों पर, प्रवर सुरगिरि पर, विशिष्ट आराम में, ग्राम में, सकल पुरवरों के घर गये। वहाँ देखते हुए भी बालक को नहीं देखा।। 56।।

---

(6) 1. अ. वि। 2. अ. णं। 3. ब. मो"।

(6) (1) तां रुक्मिनी। (2) न अद्यापि।

(7)

वत्थु-छंद— आय सयल वि मिलेवि सामंत
भूगोयर महि भमेवि णरवरेहिं पुणु वासुएवहो।
पणवेप्पिणु वज्जरहिं कय तिखंड महिराय सेवहो।
अहो परमेसर सयल-इल जोइय दिट्ठ ण वालु।
किं देवइँ किं दाणवइँ णियउ सुणयण विसालु।। छ।।

एत्थंतरे पुणु रूविणि-रुवइ णीसास-दीहे सिरिहरु [1]धुअइ।
वसुएउ वि विहुणइ णियय-सिरु वलहद्दु पयंपइ होउ थिरु।
तहिं अवसरे जो कोवीण-धरु छत्तिय कोमंडल [2]मिसिय करु।
जिणि पंचविहु णिज्जियउ करणु जो णवविह वंभचेर धरणु।
णह-गामिउ तव-सिरि राइयउ सो णारउ तहिं जि पराइयउ।
सव्वेहिमि उम्मण-दुम्मणेहिं मुणि पणविउ णाणाविह जणेहिं।
रूविणि तहो चलणोवरि पडिय रोवइ सदुक्ख सोयइ णडिय।
अहो-अहो परमेसर दिव्ववाणि[3] हुअ पेछु ताय महो पुत्त-हाणि।
कहिं गच्छमि को अणुसरमि अज्जु विणु पुत्तइँ महु ण सुहाइ रज्जु।
हा सुअ-सुअ कहिं तुहु गयउ वाल महो हियइ-छुहेविणु सोय-जाल।

---

(7)

नारद का आगमन। रूपिणी उससे पूछती है कि हमारे पुत्र का अपहरण किससे करा दिया है?

वस्तु-छन्द—समस्त सामन्त एवं भूमिगोचरी नरवर सम्पूर्ण पृथिवी का भ्रमण कर आये और सभी मिल कर त्रिखण्ड पृथिवी के राजाओं द्वारा सेवित वासुदेव को प्रणाम कर बोले "हे परमेश्वर, हमने सम्पूर्ण पृथिवी खोज डाली किन्तु उस बालक को कहीं नहीं देखा। उस नयन विशाल बालक को क्या कोई देव ले गया है, अथवा कोई दानव (यह समझ में नहीं आता), ।। छ।।

वह रूपिणी पुनः रोने लगी। दीर्घ निश्वासों से वह अपना सिर धुनने लगी। वासुदेव भी अपना सिर धुनने लगे। (यह देखकर) बलभद्र समझाते थे कि—"धीरज धरो—धीरज धरो"

उसी समय जो कौपीनधारी हैं, क्षत्री हैं, कमण्डल से युक्त हाथ वाले हैं, जिन्होंने पाँच प्रकार की इन्द्रियों को जीत लिया है, जो नव प्रकार के ब्रह्मचर्य के धारी हैं, नभोगामी हैं और जो तपश्री से सुशोभित हैं, ऐसे नारद वहाँ आ पहुँचे। सभी अनमने दुर्मने जनों ने मुनिराज को नाना प्रकार से प्रणाम किया। दुःख से व्याकुल शोकाकुल रूपिणी उनके चरणों में गिरकर रोने लगी और बोली—"अहो परमेश्वर, दिव्य वाणी युक्त हे तात् देखो, मेरे पुत्र की हानि हो गयी है। अब मैं कहाँ जाऊँ, क्या काम करूँ, क्या अनुसरूँ? आज बिना पुत्र के मुझे राज नहीं सुहाता। मेरे हृदय को शोक-जाल में डुबाकर हा सुत-हा सुत, हे बाल, तू कहाँ चला गया?"

---

(7) 1. ब अ मु। 2. अ. जि। 3. ब. व।

घत्ता— हा ताय-ताय पइँ आसि महु परिणयणु करावित्रउ।
जइ चक्कवइहे दिण्ण कहि[1] सुउ केण हरावित्रउ।। 57।।

(8)

वत्थु-छंद— तो सुहद्दइँ अवरु देवइए पडिजंपिउ
रूविणि णि[1]सुणि[2] पुण्णहीण तुहुं अज्जु जाणिय।
परपुण्णहिं अग्गलिय सच्चहाव जा पढम राणिय।।
सो जि मुहुत्तु विवा[3]रु सो वि जणिय सुरणंदणपेच्छ।
5 तुह केरउ दइवें हरिउ सच्चवि पुणु अणहच्छ।। छ।।

देवइ-सुहद्द दुव्वयणु देवि णिय णिलउ गयइँ दूसणु ठवेवि।
ता रूविणि सुय-संताव-तत्त पमणइ हउं पुण्ण-पहाव-चत्त।
पइसरमि जलंतइँ जलणे अज्जु घर-वावारेण ण किंपि कज्जु।
तवचरणु घोरु किं चरमि ताय जं सासु णणंदहँ णिसुअ वाय।
10 अवरु वि गरुवउ स[4]ताउ मज्झु मुणि णिसुणि पयत्तें कह वि तुज्झु।

घत्ता— "हा तात, हा तात्। आपने ही तो मेरा परिणयन (विवाह) कराया है। यदि चक्रवर्ती को पुत्र दिया है तो फिर उसका अपहरण किससे करा दिया है, (साफ-साफ कहो।")।। 57।।

(8)

सास एवं ननद की झिड़कियाँ सुनकर रूपिणी का दुख दुगुना हो गया

वस्तु-छन्द—तब सुभद्रा (ननद) और देवकी (सास) ने कहा "हे रूपिणी सुनो, तू पुण्य-हीना है, ऐसा हमने आज जाना, जब कि प्रथम रानी सत्यभामा पुण्य से अगलित है—हीन नहीं है।" —"जब उस (तुम्हारे पुत्र-जन्म) के मुहूर्त्त पर विचार किया तो यह पाया कि वह सुरनन्दन-पक्ष में जन्मा है। इसीलिए तुम्हारा पुत्र तो दैव (दुर्भाग्य) से अपहृत हो गया जब कि सत्यभामा का पुत्र अनाहत (अनपहृत या अपीड़ित) है।। छ।।

देवकी और सुभद्रा दोनों ही दुर्वचन देकर (लांछन लगाकर) अपने-अपने घर गईं। तब सुत-सन्ताप से सन्तप्त रूपिणी बोली—"मैं पुण्य-प्रभाव से त्यक्त हूँ। अब आज में जलती हुई अग्नि में प्रवेश करुँगी, अब मुझे घर के व्यापारों से क्या प्रयोजन? हे तात, क्या अब मैं घोर तपश्चरण करूँ, जिससे सास, ननद की बातें न सुननी पड़ें। (उनके ताने सुनकर तो) मुझे और भी घोर सन्ताप हो रहा है। हे मुनिराज, सावधानी पूर्वक सुनिए, मैं (केवल) आपसे (ही) निवेदन कर रही हूँ कि सपत्नी (सौत) ने कुछ त्रुटि की (टोटका अवश्य किया) है, ऐसा मुझे भास रहा है। "हा-हा, दैव ने मेरे पुत्र का अपहरण कर मेरे साथ क्रूर हँसी (व्यंग्य) की है।" फिर उसी

---

(7) (1) कथय्।

(8) 1-2. अ में नहीं है। 3. अ. स। 4. अ दुक्खु।

कय तुडि जि सवत्तिए समउँ भास हय दइवइ इह महो पुत्त [5]हास
तहिं अवसरे पुणु महमहणु चवइ कहिं अम्हहँ एहा वच्छ हवइ।
सव्वत्थ गवेसिउ वच्छु[6] अज्जु पर केणवि णियउ ण लद्धु खोज्जु।

घत्ता— मुणि भाणु णिउणु मुणेवि सो सिसु मरइ कि जीवइ।
कह संजोवण मिलइँ किं णिवसइ इह दीवइँ।। 58।।

(9)

वत्थु-छंद— ताम णारउ भणइ महुमहण फुडु
रूवाए वि सुणि को-कोण गयउ महे भवण भित्तरु।
उग्गवणु अत्थवणु तिम ससि-सूरहँ जिम णिरंतरु।।
तित्थंकर-चक्कवइ कहिं हरि-हर-रावण-राम।
जे पायउ फणि-णर-सुरहँ तिजग[1] विणिग्गय णाम।। छ।।

एत्थंतरे ता रूविणि चवइ एवहिं महो होसइं कवण गइ।
विणु पुत्तइँ किम संठवमि मणु सुहु णत्थि सरीरहो ताय खणु।
मुणि पभणइँ म करि विसाए सुए मालइ-माला वेल्लहल-भुए।
सज्जण-मण-णयणाणंदणहो हउँ जामि [2]गवेसइँ[3] णंदणहो।

अवसर पर मधुमथन ने कहा—"हमारी ऐसी अवस्था कैसे हुई? हमारा यह वत्स कहाँ होगा। हे आर्य, वत्स को सर्वत्र खोजा किन्तु खोज करते समय न तो उसे किसी ने कहीं देखा और न पाया।"

घत्ता— ज्ञान निपुण तथा भानु के समान हे मुनिराज, आप (अपने ज्ञान से) जानकर बताइए कि वह शिशु मर गया है या जीवित है। किस संयोग से वह मिलेगा? क्या वह इसी द्वीप में रह रहा है।। 58।।

(9)

नारद आकाश-मार्ग से प्रद्युम्न की खोज में निकलते हैं

वस्तु-छन्द—तब नारद ने कहा—"हे मधुमथन, हे रूपिणी, स्पष्ट सुनो। इस महान्। भुवन (लोक) के भीतर कौन-कौन नहीं गया। उद्गमन और अस्तमन सभी का वैसा ही हुआ जैसे चन्द्र एवं सूर्य का उदय एवं अस्त निरन्तर होता रहता है। तीर्थंकर और चक्रवर्ती कहाँ तथा हरि-हर, रावण एवं राम कहाँ? जो साक्षात् ही फणी, नर एवं सुर थे, त्रिजग में उनका भी नाम कहीं निकला है (अर्थात् वे इस संसार में रह सकेंगे)?"

इसी बीच में वह रूपिणी (नारद का कथन सुनकर) बोली—"अब मेरी कौन गति होगी। बिना पुत्र के मैं अपने मन को कैसे ढाढस बँधाऊँ। हे तात् मेरे शरीर को क्षण भर भी सुख नहीं मिल रहा है।" तब मुनिराज ने कहा—"हे मालती की माला के समान सुन्दर सुकुमार भुजावाली हे सुते, विषाद मत करो। सज्जन जनों के मन को आनन्द देने वाले तेरे उस पुत्र की गवेषणा के लिये मैं जाता हूँ। "सुत के शोक से बिल्लाती विह्वल रूपिणी

---

(8) 5. अ. हँ। 6. अ. वातु।

(9) 1. अ. ०य। 2-3. अ. लग्गमि कुडे तहं।

[4]सिरु इल लाइवि किय वंदणहिं सुय-सोय विउयंतहि जि तहे।[5]
सो एम भणेविणु णीहरिउ णह-मग्गइ मंदिरु गिरि तुरिउ।
गउ तहिं-जहिं थियइँ अकित्तिमइँ जिण-भवणइँ णिरु तिजगुत्तमइँ।
भव-भय संचिय दुक्किय-हरइँ वंदिवि थुणेवि चेई हरइँ।
तहिं चिंतइँ पुणु मुणि मणेण एम उवलंभु लहमि तहो तणउँ केम।
पुर-गाम-खेड-कव्वड-अचले गो संपइ णाणउँ अवणियले।
सिरिविजय राय सिवण-वहुओ जो अच्छइ णेमिकुमारु सुओ।

घत्ता— सो जिणु वावीसमउँ चरम-सरीरु णिरुत्तउ।
अण्णु ण दीसइ कोवि तिहिं णाणिहिं संजुत्तउ।। 59।।

(10)

वत्थु-छंद— पर ण अज्जवि तासु णिक्खवणु
ण वि केवलणाण किर छद्मत्थु किम कहइ पुच्छिउ।
रिसि णारउ ता एम मणे चिंतवंतु खणु एक्कु अच्छिउ।।
पुणु उप्पणु विवेकि तसु पुव्व-विदेहहिं जामि।
समवसरण तित्थयरु जहिं सिरि सीमंधरु सामि।। छ।।

ने अपना सिर पृथिवी पर लगाकर मुनि की वन्दना की। हे तुम जियो, नारद मुनि ऐसा कहकर राजभवन से निकले और आकाश-मार्ग से शीघ्र ही उस मन्दरगिरि (सुमेरु पर्वत) पर गये, जहाँ तीनों लोकों में अत्यन्त श्रेष्ठ अकृत्रिम जिनभवन स्थित हैं। भव-भव के संचित सैकड़ों दुष्कृतों को हरने वाले चैत्यगृहों की वन्दना स्तुति कर वे वहाँ मन में ऐसा विचार करने लगे कि—"रूपिणी के तनय की उपलब्धि कैसे करूँ? पुरों, ग्रामों, खेडों, कर्वटों (पर्वतीय प्रदेशों), अचल पर्वतों तथा समस्त पृथिवी तल में ज्ञानी, श्री (समुद्र) विजय राजा और शिवर्ण बहु (शिवादेवी) का पुत्र जो नेमिकुमार है"—

घत्ता— जो बाईसवाँ चरमशरीरी जिनेन्द्र कहा गया है। (उसके सामने) तीन ज्ञानों से युक्त अन्य कोई नहीं दीखता। ।। 59।।

(10)

नारद पूर्व-विदेह जाते समय मार्ग में पुष्कलावती देश की पुण्डरीकिणी नगरी को देखते हैं

वस्तु-छन्द— "परन्तु आज भी उनका निष्क्रमण कल्याणक और केवलज्ञान कल्याणक नहीं हुआ है। वे निश्चय ही अभी छद्मस्थावस्था में हैं। पूछने पर क्यो कहेंगे? इस प्रकार ऋषि नारद अपने मन में विचारता हुआ एक क्षण ठहरा। पुनः उसे विवेक उत्पन्न हुआ कि जो पूर्व विदेह है, वहाँ समवशरण में स्थित श्री सीमन्धर-स्वामी (विराजमान) हैं—।। छ।।

---

(9) 4-5. अ. यह पूरी पंक्ति नहीं है।

एउ चिंतेवि वोमभाई[1] चलिउ णं सूरु-तूलु[2] पवणहो मिलिउ।
णंदण-वण-घण-कीलर विसउ ता णियइ पोक्खलावइ विसउ।
दाहिणयडे सीय-महाणइहे करि मयक्ख-वच्छ कीलण-रइहे।
जहिं अमरविमाणहो उयरेवि तिविहे णवि तिपयाहिण करेवि।
10 तहिं भव्व विविह सिय[3]-सउहयरि पइसरइ पुंडरिंकिणि-णयरि।
पुव्वाण-कोडि जणु जियइ जहिं अंतरे मिच्चु वि कासु वि ण कहिं।
धणु सइयं-पंच उछेह तणू जहिं पोम-तेय-सिय लेस मणू।
तित्थंकर-हलहर-चक्कहर उप्पज्जहिं जहिं सुपसिद्ध णर।
पोमाणणु-पोमालंकरिउ पय-पोम दिवायरुव्व फुरिउ।
15 तहिं वसुह छखंडहिं गहियकरु चक्केसरु-पउमु णामु पवरु।
जसु रयण-चउद्दह णव-णिहाण णेसप्पाइय-पिंगल-पहाण।

घत्ता— णव विउणिय कोडिउ जस इह संख तुरंगहँ।
लक्खहँ-चउरासिय वि तुंग मत्त-मायंगहँ।। 60।।

—ऐसा विचार कर वह आकाशमार्ग से वहाँ के लिए चला। ऐसा प्रतीत होता था मानों आकवृक्ष की तूल (रुई) ही पवन से मिल कर व्योम भाग में चली गई हो। जहाँ अनेक नन्दनवन विविध क्रीडाओं के विषय हैं। वह नारद सर्वप्रथम सीता महानदी के दक्षिण तट पर स्थित उस पुष्कलावती देश को देखता है, जो हाथी, सिंह, मृग जैसे पशुओं की क्रीड़ा-रति का स्थान है, जहाँ देवगण अपने विमानों से उतर कर मन-वचन-काय से जिसकी तीन प्रदक्षिणाएँ करते हैं। नारद मुनि ने उस देश की भव्य एवं विविध शुभ्र वर्णों के सौध वाली पुण्डरीकणी में प्रवेश किया। जहाँ के जन एक पूर्व कोटि तक जीते हैं (अर्थात् उनकी एक पूर्व कोटि की आयु है)। जहाँ बीच में किसी की भी मृत्यु (अकाल मृत्यु) नहीं होती। शरीर का उत्सेध (ऊँचाई) 500 धनुष का है, जहाँ पद्मलेश्या, तेजो (पीत) एवं सित (शुक्ल) लेश्या वाले मनुष्य ही होते हैं और जहाँ सुप्रसिद्ध मनुष्य, तीर्थंकर हलधर, चक्रधर उत्पन्न होते रहते हैं। वहाँ छखण्ड वसुधा से कर ग्रहण करने वाला कमल-मुख, पद्मा—लक्ष्मी से अलंकृत, कमल के समान चरण वाला स्फुरित (चमकते हुए) दिवाकर सूर्य के समान पद्म नाम का प्रवर चक्रेश्वर हुआ, जिसे 14 रत्न, और पिंगल प्रधान नैसर्पादिक नौ निधियाँ प्राप्त थीं।

घत्ता— जिसके नौ के दूने अर्थात् 18 कोड़ि घोड़ों की संख्या थी। जिसके 84 लाख तुंग मत्त मातंग हाथियों की संख्या थी।। 60।।

---

(10) (1) आकासे। (2) अर्कतूल। (3) सौध-मंदिर।

(11)

वत्थु-छंद— जक्ख-विंतरदेव भुवणयले
जसु सेव अणु-दिणु करहिं थुणहिं वंदिवंदहिं णिरंतरु।
जणु तणउँ जसु पसरियउ सग्गे-मत्ते-पायाल भिंतरु।।
समवसरणु सो[1] जिणवरहो जहिं संठिउ णरणाहु।
पुछइ धम्माहम्म-फलु सुरकरि-कर[2]-समवाहु।। छ।।

परमेट्ठि [3]सहिउ तं समवसरणु पइसरमि स-दुक्किय कम्म-हरणु।
पणवेवि ति भांमरि देवि जिणहो थुइ करइ विवज्जिय-दुरिय-रिणहो।
जय मयण-हुयासण-पलय-मेह दह-अट्ठदोस परिमुक्क-देह
जय अणह-अरह-अरहंत-दंत जय मोक्ख-महासिरि-देवि कंत।
जय फणि-णर-सुर कय पाय[4] सेव जय परम निरंजण देव-देव।
हरियासण-भामंडल-असोय[5] जय-दुंदुहि-सर विंभिय तिलोय।
जय कुसुम-पस[6]र सिय णहहो अमर जय-जयहिं ढलिय चउसट्ठि चमर।

---

(11)

पूर्व-विदेह क्षेत्र स्थित सीमंधर स्वामी के समवशरण में पहुँच कर नारद उनकी स्तुति करते हैं

वस्तु-छन्द— भुवनतल में यक्ष एवं व्यन्तर देव जिसकी प्रतिदिन सेवा किया करते हैं और बन्दी वृन्द जिसकी निरन्तर स्तुति किया करते हैं और जिसका (चक्रवर्ती) यश स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक के भीतर फैला हुआ था। ऐसा वह ऐरावत हाथी की सूँड के समान बाहुवाला नरनाथ राजा पद्म वहाँ बैठा हुआ था, जहाँ जिनवर का समवशरण था। वह उन जिनवर से धर्म-अधर्म के फल को पूछ रहा था।। छ।।

"अब मैं अपने दुष्कृत कर्मों को नष्ट करने के लिये परमेष्ठी का उच्चारण कर उस समवशरण में प्रवेश करता हूँ। इस प्रकार विचार कर वह नारद दुरित ऋण (कर्मों) से रहित जिनेन्द्र को प्रणाम कर तीन भ्रामरी (प्रदक्षिणा) देकर स्तुति करने लगा—"मदन रूपी हुताशन को शान्त करने के लिए प्रलयकालीन मेघ के समान आपकी जय हो। अठारह दोषों से रहित शरीर वाले आपकी जय हो। हे अनघ, अनन्तानुबन्धी आदि कषायों का हनन करने वाले (तथा मोहनीय कर्म से रहित), हे अरह (—रहस्य अन्तरायकर्म रहित) हे दान्त—(इन्द्रिय विजयी) अरहन्त आपकी जय हो, मुक्ति रूपी महालक्ष्मी देवी के कान्त आपकी जय हो। जिनके चरणों की सेवा फणी, नर और सुर किया करते हैं, ऐसे आपकी जय हो। परम निरंजन देवों के देव, आपकी जय हो, अष्ट प्रातिहार्य में सिंहासन, भामण्डल-छत्र एवं अशोक (तरु) जिनके हैं, ऐसे आपकी जय हो। दुन्दुभि स्वर से त्रिलोक को विस्मित कर दिया है, ऐसे आपकी जय हो। देवों द्वारा आकाश से जिन पर पुष्प-वृष्टि की जाती है, जिन पर चौंसठ चमर ढोले जाते हैं, ऐसे आपकी जय हो। सप्तभंगी रूप दिव्यध्वनि के द्वारा बहुविध प्रमेयों को प्रकट

---

(11) 1. अ. जो। 2. ब. का। 3. अ. हे सुउ। 4. ब. स। 5. अ. समेय।
6. अ. "व"।

जय सत्तभंगि बहुविह पमेय[1] पइं भासिय समयाणेय भेय।।

घत्ता— जय परमणिरंजण-परमपहु मोक्ख-महापय-गामिय।
जय-जय केवलणाण-घर सिरि-सीमंधर-सामिय।। 61।।

(12)

वत्थु-छंद— ता चक्केसरु णिहेवि तहो रूउ
अइसुहुमु करयले करेवि मणे विंभिउ [1]पुणु अरु[2]हु पुंछइ।
परमेसरु कवणु यहु कहिं तणउ महु करिज्जु अच्छइ।।
कइह जिणेसरु राय सुणि जो तिहुवणे सुपसिद्ध।
भरहखेत्तु णामेण जय[1] धण-कण-रयण समिद्धु।। छ।।

तहिं अत्थि सोरट्ठु णामेण वरविसउ[2] जहिं तरुण णिप्फलु वि सरवरु[3] ण णिव्विसउ[3]।
पुरि णाम वारमइ तिक्खंड महिपालु वलहद्दु सकणिट्ठु दुट्ठारि-गण-कालु।
तहिं अत्थि महुमहणु णामेण वर राउ रिउ-सेल सिहरम्मि सोदामिणी घाउ।

करने वाले आपकी जय हो। आपने समय-मतों के अनेक भेद भाखे हैं। ऐसे आपकी जय हो।

घत्ता— परम निरंजन मोक्षमहापथगामी परमप्रभु आपकी जय हो। केवलज्ञानधारी श्री सीमन्धर स्वामी आपकी जय हो।। 61।।

(12)

नारद का सूक्ष्म-शरीर अपनी हथेली पर रखकर चक्रेश्वर-पद्म जिनवर से पूछता है कि यह प्राणी कहाँ से आ गया है?

वस्तु-छन्द—तब चक्रेश्वर—पद्म उस नारद का अतिसूक्ष्म रूप देखकर तथा उसे अपने करतल में रखकर मन में विस्मित हुआ और उसने प्रभु के चरणों में नमस्कार कर पूछा "हे परमेश्वर, यह जो मेरे कर (हाथ) में स्थित है, यह कौन है और कहाँ का (जीव) है?" जब जिनेश्वर बोले "हे राजन् सुनो। त्रिभुवन में जो भरतक्षेत्र नाम से सुप्रसिद्ध है, जो कि धन-कण एवं रत्नों से समृद्ध है।। छ।।

उसी भरतक्षेत्र में सोरठ नामका एक समृद्ध देश है, जहाँ के वृक्ष कभी निष्फल नहीं होते और विशाल सरोवर कभी भी जलरहित नहीं होते। वहाँ द्वारावती नामकी एक पुरी है। वहाँ तीन खण्ड का महीपाल (राजा) बलभद्र दुष्ट शत्रु-गणों के लिए काल के समान अपने छोटे भाई (कृष्ण) के साथ निवास करता है। वहाँ मधुमथन (कृष्ण) नामका लोकप्रिय राजा है, जो शत्रु-रूपी पर्वत-शिखर के लिए सौदामिनी के घात के समान है। उस भरतक्षेत्र में होकर यह (सूक्ष्म प्राणी) यहाँ आया है।" (यह सुनकर) नरनाथ पद्म ने पुनः पूछा—"क्या यह युक्त घटित होता है कि भरतक्षेत्र के ऐसे लघु मनुष्य का आगमन यहाँ हो?" तब देव ने पुनः उत्तर

---

(11) (1) प्रमाणीभूत।

(12) 1. ब सुं। 2. ब. 'कं'। 3. ब. 'उं।

(12) (1) जगति। (2) देस। (3) जलरहितः।

तहि भरहे होएवि एहु इत्थु संपत्तउ पुणु भणइ णरणाहु इउ घडइ किम जुत्तु।
भरहस्स तणयस्स[4] मणुयस्स आगमणु ता कहइ पुणु देउ णिसुणेहि एम[4] वय[5]णु।
णामेण णारोत्ति एहु वंभ-वयधारि दिव्व-तणु सुद्ध मणु महि भवणु णहचारि।
णिउ भणइँ पुणु केण कज्जेण एहु आउ जिणु कहइँ [5]तहिं अद्धचक्की वि जो राउ।
महुमहणु तहो घरिणि रूविणिहि जो जाउ[6] तेणत्थु कज्जेण पुछणहु एहु आउ।
सो णियहु केणावि हरिऊण जा सुद्धि णिसुणेवि इह अम्ह पासम्मे सा वुद्धिं।।

घत्ता— ते चक्केसरु चवइ कहहु केण सो हरियउ।
कहिं अछउ[6] तणउँ महु णियमणे अच्चरियउ।। 62।।

(13)

वत्थु-छंद— ताम तिहुअण-सामि वज्जरइ।
चक्केसर पोम सुणि जसु तसेइ सुरु-असुरु-माणउँ।
किक्किंध-मलयहँ वसइ धूमकेउ णामेण दाणउँ।।
तेण रूविणि-सुउ हरिवि णिउ सो पज्जुण्णु कुमारु।
पुव्व-वइरु संभरेवि मणे किर विरइय तहो मारु।। छ।।

दिया—कि "इस वचन को सुनो, — इस ब्रह्मव्रतधारी, दिव्यशरीरी, शुद्धमन, महीभ्रमणकारी, नभचारी प्राणी का नाम नारद है।" पुन: राजा ने पूछा—"किस कारण से (वह) यहाँ आया है? तब जिनेन्द्र ने उत्तर दिया कि वहाँ भरतक्षेत्र में जो अर्धचक्री राजा मधुमथन (कृष्ण) है, उसकी गृहिणी रूपिणी के शिशु के विषय में पूछने के लिए ही वह यहाँ आया है। उस शिशु को कोई हरण कर ले भागा है? उस रूपिणी का विलाप सुनकर यह बुद्धिमान हमारे पास (उसी के विषय में) पूछने के लिए आया है।"

घत्ता— तब चक्रेश्वर ने कहा—"उस शिशु का अपहरण किसने किया है? कहाँ है वह? मुझे अपने मन में आश्चर्य है?"।। 62।।

(13)

जिनवर ने बताया कि शिशु-प्रद्युम्न का, पूर्वजन्म के बैरी धूमकेतु दानव ने अपहरण कर उसे तक्षकगिरि की शिला के नीचे चाँप दिया है

वस्तु-छन्द— तब त्रिभुवन स्वामी ने उसे बताया—"हे चक्रेश्वर पद्म सुनो, सुर असुर एवं मानवों को त्रास देने वाला, धूमकेतु नामका एक दानव किष्किन्ध-मलय में निवास करता है—वह (दानव) पूर्व बैर का स्मरण कर और अपने मन में उसके मारने का विचार कर (रानी) रूपिणी के उस शिशु प्रद्युम्नकुमार का अपहरण कर ले गया है।। छ।।

---

(12) 4. अ. °य। 5. अ. मणु। 6. अ. चक्केस।

(12) (4) सूक्ष्मतनु मनुष्य। (5) भरतक्षेत्रे। (6) पुत्र।

छुडु जायइँ दिणे पंचमइ गए छट्ठिहिं पुणु अद्धरयणि समए।
सो असुरु घोरु कत्थवि चलिउ णहे जंतहो वोमजाणु खलिउ।
चिरु रिउ भणेवि मणे जाणिउँ तेणे वालु हरे विणु आणियउँ।
तक्खयगिरि-तले सद्दूल घणे तहिं सिल चप्पिवि खइराडवणे।
10 गउ कत्थइं मुअउ भणेवि असुरु ता मेहकूडु णामेण पुरु।
तहिं राउ कालसंवरु वसइ परचक्कु असेसु वि जसु तसइ।
सो चडिवि विमाणेहिं कहिंमि तुरिउ पिय कंचणमाला परियरिउ।
विज्जाहरवइ संचलउि जहिं तासु वि विमाणु पुणु खलिउ तहिं।

घत्ता— खयराडविहे[1] पएसि चलइ विमाणु ण जामहिं।
15 पेछइ सिल-वेवंति[2] विज्जाहरवइ तामहिं।। 63।।

(14)

वत्थु-छंद— सा उच्चाइय तेण राएण
तं पेच्छिवि वालु तहिं पुणु ढोइउ कणयमालहे।
तहिं णत्थि णंदणु भणिवि तार-तरल-लोयण विसालहे।

जब उस कुमार के जन्म के पांच दिन बीत गए तब छठे दिन अर्धरात्रि के समय वह घोर असुर कहीं चलकर आकाश-मार्ग में जा रहा था तभी उसका जाता हुआ वह व्योम यान अटक गया। यह चिरकाल का (कोई) रिपु है, यह कह कर उसने मन में उसे पहचान लिया। वही दानव उस बालक को हरकर ले आया है। जहाँ बहुत शार्दूल रहते हैं, ऐसे तक्षकगिरि के तल भाग के खदिराटवी-वन में एक शिला के नीचे उसे चाँप दिया और बालक मर गया है, ऐसा विचार कर वह दानव कहीं चला गया। तत्पश्चात् मेघकूटपुर नामके पुर में कालसंवर नामक राजा रहता है, जिससे कि समस्त शत्रुगण डरते रहते हैं, वही (कालसंवर) राजा अपनी प्रिया कंचनमाला के साथ विमान में चढ़कर शीघ्रतापूर्वक कहीं के लिए निकला। वह विद्याधर पति तब चला जा रहा था तभी वहाँ जा पहुँचा (जहाँ वह प्रद्युम्न शिशु चँपा पड़ा था राजा का वह विमान वहीं अटक गया)।

घत्ता— वहाँ खदिराटवी के प्रदेश में जब वह विमान नहीं चला, तब विद्याधर पति ने शिला को काँपती हुई देखा।। 63।।

(14)

प्रद्युम्न का पूर्व-जन्म (1) मगध स्थित शालिग्राम निवासी सोमशर्म भट्ट का परिचय

वस्तु-छन्द— "राजा कालसंवर ने वह शिला ऊँची की (उठाई) और उस शिशु को देखकर 'उसे (रानी को) पुत्र उत्पन्न नहीं हुआ", यह कहकर वह उसको विशाल चंचल नेत्र वाली कनकमाला के पास उठा लाया

---

(13) (1) खदिराटवी। (2) कंपति।

मेहकूडे-पुरवरे णियउ सव्व सुलक्खण पुण्णु।
गय कालसंवरहो घरे तहिं वड्ढइ पज्जुण्णु।। छ।।

पुणु भणइ पोमु-चक्कवइ देव फणि-गण-सुर-णर कय पाय सेव।
जं वालहो सुरहो विरोहु आसि तं कारणु महो सामिय पयासि।
ता णाणाविह अच्चरिउ भरिउ जिणु वित्थारइ पज्जुण्णचरिउ।
ठिउ समवसरणे तइलोउ सुणइँ णिव करयलत्थु मुणि सिरु वि धुणइँ।
मगहा-मंडले जण-धण-पगामु[1] जाणियइ पसिद्धउ सालिगामु।
उच्छुवण सालि-सरि-सर रवण्णु पप्फुल्लिय-फलियाराम छण्णु।
भोयालउ जइवि ण तो वि सप्पु कर-रहिउ[2] वि तहव ण सो विडप्पु।
वंभणहं-कुलागउ अग्गहारु दिक्खं गिहो त्ति सोत्तियहे सारु।
तहिं सोमसम्मु णामेण भट्टु अग्गिलपिय जिय घण-थण-भरट्टु।
तहो अग्गिभूइ - मरुभूइ तणय दिय-वेय सत्थ-विण्णाण गणय।

घत्ता— ता चउसंघेण वि सहिउ तिहिं णाणेहिं संजुत्तउ।
तहो गामहो आसण्णु मुणि-पुंगमु संपत्तउ।। 64।।

तथा मेघकूटपुर ले गया। इस प्रकार सभी सुलक्षणों से परिपूर्ण वह बालक (प्रद्युम्न) राजा कालसंवर के घर में बढ़ रहा है।"।। छ।।

पुन: पद्मचक्रवर्ती ने पूछा—"फणिगणों, सुरों एवं मनुष्यों द्वारा सेवित चरण हे देव, बालक एवं देव का जो विरोध हुआ था, हे स्वामिन्, उसका कारण भी मुझे प्रकाशित कीजिए।" तब जिनेन्द्र देव ने नाना प्रकार के आश्चर्यों से भरे हुए प्रद्युम्न चरित्र को विस्तारपूर्वक प्रकट किया। तब समवशरण में स्थित सभी लोगों ने सुना। नृप के करतल पर स्थित मुनि नारद ने भी (अपना) सिर धुन लिया। (जिनेन्द्र कथित प्रद्युम्न कथा निम्न प्रकार है—)

"मगध-मण्डल में जन-जन से प्रसिद्ध शालिग्राम (नामक) ग्राम है, जहाँ सुन्दर-सुन्दर ऊख के वन, शालि के खेत तथा नदी एवं सरोवर हैं। जो ग्राम फूले-फले बगीचों से व्याप्त हैं। यद्यपि वह ग्राम भोगों का आलय है तो भी वह सर्प नहीं है। (क्योंकि सर्प के भोग (फलों) का स्थान होता है)। यद्यपि वह ग्राम कर रहित है (टैक्सहीन है) तथापि वह विडप्प (राहु) नहीं है। ब्राह्मणों का कुलागत अग्निहोत्र प्रधान है। श्रोत्रिय ब्राह्मणों का सारभूत दीक्षागृह है। वहाँ सोमशर्मा नामका एक भट्ट रहता था। उसकी घन-स्तनों के भार वाली अग्निला नामकी प्रियतमा थी। उसके दो पुत्र थे— अग्निभूति और वायुभूति। वे दोनों द्विज वेद, शास्त्र एवं ज्योतिष के विज्ञानी थे।"

घत्ता— उसी समय उस ग्राम के निकट चतुर्विध संघ सहित, तीन ज्ञानधारी मुनि-पुंगव पधारे।"।। 64।।

---

(14) (1) विख्यात:। (2) राहु:करह अरहित:।

(15)

वत्थु-छंद— णंदिवद्धउ णाम भवहरणु आणंदिय
भव्वयणु मिलि णिएवि जो जगे अकुछिउ।
कोऊहलु[1] काइँ पहु जणु जुजाइँ कहिं दियहं[2] पुछिउ।
ता केणवि तहि वज्जरिउ जिण तव मुणि[3] संपत्त।
5 ते दीसहिं जे[1] दुग्गे-थिय तह पय-पंकय भत्त।। छ।।

तो सोमसम्म[4] दिय-वरेण वुत्त सिहिभूइ-वाइभूइ वि सुपुत्त।
ए वेय-सत्थ अपमाणा भणिय गइ जण-विहाणहो जेहि हणिय।
मीमंस-तक्कवाएण जिणेवि [2]णीसार होइ इह महो[3] वयणु सुणे[4]वि।
सच्चइ[5] मुणिणा तावें त मुणिय सुइ-णाणें दूरे चवंत सुणिय।
10 तहिं अवसो सम्मुहउँ[6] चलिउ पुणु अद्धंतरे तउँ गंपि मिलिउ[7]।
पुच्छिय दियवर कत्थ होवि आय ता तेहिं तासु उवहसिय-वाय
एहु सालिगामु-भुवणहो पसिद्धु किं ण मुणहिं सो बहुगुण समिद्धु।
तहो होवि णिहालवि णीहर[8]त किं पुछहिं अण्णाणिहिं महंत।

---

(15)

प्रद्युम्न का पूर्व-जन्म-कथन

(2) मुनिराज सात्यकि एवं द्विजवरों का विवाद

वस्तु-छन्द— उन मुनिराज का नाम नन्दिवर्धन था। भव (संसार के दु:खों) के हरने वाले तथा संसार में अकुत्सित (अनिन्दित) थे। आनन्दित भव्यजनों को मिला हुआ देखकर उन द्विजों ने पूछा कि मार्ग में क्या कौतूहल है? यह जन कहाँ जा रहे हैं? तब वहाँ किसी ने उन्हें बताया कि—"यहाँ जिन-तपस्वी-मुनि आ पहुँचे हैं। वे दुर्ग में स्थित हैं। उनके चरणकमलों के भक्त जाते हुए दिखायी दे रहे है।। छ।।

तब सोमशर्मा द्विजवर्मा ने शिखि (अग्नि) भूति, वायुभूति नामक अपने दोनों पुत्रों से कहा—"ये मुनि वेदशास्त्र को अप्रमाण कहते हैं। जिन विधान से जिन्होंने सभी का खण्डन किया है। तर्कवाद से मीमांसकों को जीता है। मेरा वचन सुनो। ये नि:सार (बेकार) होते हैं (अर्थात् इनके पास जाना व्यर्थ है)।" जिन तपस्या से तप्त सात्यकि मुनि (जो सब वेद के ज्ञाता थे) ने अपने श्रुत ज्ञान द्वारा दूर से बोलते हुए उन विप्रों को सुना। तब अवश होकर वे (सात्यकि मुनि) उनके सन्मुख चले। आधी दूरी पर ही उनका आमना-सामना हो गया। तब उस मुनि ने द्विजवरों से पूछा—"आप कहाँ से आये हो।" तब उन्होंने (विप्रों ने) उन पर हास्य-बाण छोड़े और कहा कि—"क्या तुम अनेक गुणों से समृद्ध एवं जगत् में प्रसिद्ध शालिग्राम को नहीं जानते? वहाँ से निकलते आते देखकर भी अन्य क्या पूछते हो? यह पूछना बड़प्पन नहीं है।"

---

(15) 1. अ. जे। 2-3. अ. नीसारहु महु इय। 4. अ. मु'।

(15) (1) कोऊहल। (2) विप्रेण। (3) दिगंबरा। (4) सोमसर्म्मण:। (5) सत्यगि नामोमुनिना। (6) सत्याक्। (7) तयो: विप्रपुत्रयो:। (8) तत्रभूत्वा।

घत्ता— ता मुणिणा वि पउत्तु एउ ण मइँ किर पुंछिय।
अण्ण भवंतरे वेवि भणु तुम्हइं कहिं अछिय।। 65।।

(16)

वत्थु-छंद— अग्गिभूइ वि चवइ भो सवण-जइ मुणहिं
ता तुहुंमि भणु अण्ण जम्मे को काइँ हुँतउ।
अण कहिए ण छुट्टियइ तुहु म जाहिं जहिं कहिमि जंतउ।।
मुणि पभणइँ दूरंतरिउ ता अच्छउ वि अभव्वु।
जममंतरु तुम्हहँ तणउँ पयडमि पच्चय पुव्वु।। छ।।

ताम तक्खणे णिरुत्त अग्गिभूइणा पउत्तु।
जो[1] स-पच्चयं कहेइ को ण तं जइं[(1)] महेइ।
तो जइ भणेइ कामि आसि इत्थु सालिगामि।
सुत्तकंठु सुद्ध-सामु विप्प कोवि पवरु णामु।
णेय लेइ दिण्णु-दाणु[(2)] वंभणो वि जो किसाणु
एक्क वासरे जुएवि छेत्ते सिरिहलं लएवि।
वाहणत्थे जाइ जाम वोमि-मेहु-छुट्टु ताम।
गज्जए सु [2]घडहडंतु[3] गिंभ डामरं जणंतु।

घत्ता— तब मुनिराज ने कहा—"यह मैंने नहीं पूछा है। अन्य भवान्तर में तुम दोनों कहाँ थे, सो कहो।"।। 65।।

(16)

(प्रद्युम्न के पूर्वभव के अन्तर्गत) अग्निभूति वायुभूति के पूर्व-जन्म शालिग्राम के प्रवर द्विज का वर्णन

वस्तु-छन्द— मुनिराज का कथन सुनकर अग्निभूति ने भी कहा—"हे श्रमण यदि जानते हो तो तुम ही कहो कि अन्य जन्म में कौन कहाँ था? जहाँ कहीं भी जाते हुए (अभी) मत जाओ। अब बिना कहे छूटोगे नहीं।" तब मुनिराज ने दूर से ही कहा—"भव्य, अच्छा रुको। मैं तुम्हारे जन्मान्तरों को प्रत्यय पूर्वक प्रकट करता हूँ।। छ।।

तब अग्निभूति ने विनम्रतापूर्वक तत्काल कहा—"जो यतिवर सप्रत्यय कहेगा—उन्हें कौन द्विज नहीं पूजेगा?" तब यति ने कहा—"पहले इसी शालिग्राम में कण्ठ में सूत्र (जनेऊ)धारी शुद्ध सामवेदी प्रवर नामका कोई विप्र रहता था। वह दिया हुआ भी किसी का दान नहीं लेता था। वह ब्राह्मण होकर भी किसान था।

एक दिन वह प्रवर सिर पर हल लेकर खेत में आया। जोतने के लिए जब वह जा रहा था कि तभी आकाश में मेघ छूटे (बादल चढ़ आये)। वे मेघ हडहडाते हुए गरजने लगे और गर्मी को भय उत्पन्न करने लगे। खूब

---

(16) 1. ब. सो। 2-3 अ. घुडुघुडंत।

(16) (1) मुनीश्वर। (2) अजाची।

विज्जु दंड विप्फुरंतु वासरत्तउ[3] तुरंतु।
पत्तउ णिएवि तेण तंपि[4] मुक्क उच्छुवेण[5]।
जोत्त-णाडए समाणु छंडिउ करे वि ताणु[6]।
जास मंदिरं पि [4]एत्तु वुट्ठिदेउ सत्त रत्तु।
थक्क पंथियाण मग्ग आव[7] - उह गणियँ लग्ग।
ओअरा[8] अणेय भग्ग मुच्छिया मुआ विहंग।
तम्मे तेरि-सम्मे काले तम्म-छित्तए सियाले।
दो सियालु ताहँ माय[5] सा फिरंति संति आय।

घत्ता— सत्तमए दिवहो रवि अच्छवणे छुडु जलहरु उवसंतउ।
तापवर छेत्ते णाडय-सिरि सुहलु वि सियालहिं पत्तउ।। 66।।

(17)

वत्थु-छंद— सा सि[1]यालिय-छुहेण आसण्ण-साएण
रज्जू असइ ताम तेत्थु बालहिं सियालहिं।
दोहिं पि तेहिमि असिउ[1] तिव्व-तिव्व णिरु छुह-करालहिं।।
उवरे लग्गु णाडय[2] रवरउ चम्मु सु ते विवण्ण।
दोवि सियालवि अग्गिलहिं पुणु उवरइ अइवण्ण।। छ।।

बिजली चमकने लगी। तत्काल वर्षा होने लगी। उसे देखकर आनन्दित होकर उसने हल को छोड़ दिया। वह प्रवर नाड़ी सहित जोत भी वहीं छोड़ कर अपनी रक्षा हेतु घर आ पहुँचा। सात रात तक (लगातार) वृष्टि होती रही। पथिक जनों के मार्ग अवरुद्ध हो गये। आप् (जल) ऊह (ओघ-प्रवाह) आकाश में लग गया। अनेक भवन भग्न हो गये। पक्षी मूर्च्छित हो-हो कर मरने लगे। उस क्षेत्र में शृगाल रहते थे। तभी उस समय उनमें से दो शृगाल और उनकी माता फिरते हुए वहाँ आये।"

घत्ता— सातवें दिन सूर्यास्त काल में जलघर (मेघ) उपशान्त हुए। तभी उस प्रवर के क्षेत्र में उन दोनों शृगालों ने नाडा रस्सी (चर्मरस्सी) वाला वह हल पा लिया।। 66।।

(17)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म कथन प्रसंग में-) प्रवर विप्र ने शृगाल-बच्चों के शवों को अपने दरवाजे पर लटका दिया

वस्तु-छन्द— शृगालिनी तथा उसके दोनों बच्चों द्वारा तीव्र भूख के कारण अच्छे स्वाद वाली वह रस्सी खा डाली गयी। नाड-रस्सी का कर्कश चर्म उनके उदर में जा लगा (अर्थात् गड़ने लगा) उससे वे मर गये और दोनों ही वे सुन्दर (शृगाली सुत) अग्निला के उदर में पुनः अवतरे।। छ।।

---

(16) 4. ब. पुं। 5. ब. भा°।

(16) (3) वर्षाकाले। (4) हतं। (5) हर्षितचित्तेन। (6) रक्षा। (7) जलौघा जल प्रवाहः। (8) गृहउवरे।

(17) 1. अ. मि°।

(17) (1) भक्षितः। (2) नाड्य चर्म।

सत्त-दिवह[2] वरिसेवि जलु थक्कउ ताम पवरु[(3)] णिय छे[3]त्तहे ढुक्कउ।
हलु-णाडउ वि णिहालइँ जामहिं वाल-सियाल वेवि मुअ तामहिं।।
पेछेवि णाडउ खद्धु [4]मुणेविणु पुणु असि-दुहिय करम्में करे[5]विणु
तो गोमाय[(4)] बेवि परिफालिवि णाडय-खंडइँ उवरे णिहालिवि।
10 अप्पाणहो वारह डिम जाणिय ताहमि छव णिय-णिलयहो आणिय।
पुणु पयडइ अप्पण्णउ पवाडउ पेछहो पेट्टहो कड्ढिउ णालउ।
छवमइँ लइय सियालइँ मारेवि सिर[(5)]-चरणोवंगइं पवियारेवि।
णयण-वयण णिज्जिय ससि हरिणि हे सोमसम्मा दियवर-वर घरिणि।

घत्ता— ते तुम्हइँ उप्पण्ण अग्गिभूइ-मरुभूइ सुव[6]।
आयम-वेय-पुराण बिण्णि वि जगे सुपसिद्ध हुअ।। 67।।

इय पज्जुण्णकहाए पयडिय-धम्मत्थ-काम-मोक्खाए कइ सिद्ध विरइयाए [7]अग्गिभूइ-मरुभूइ उप्पत्ति वण्णणो णाम[8] चउत्थो संधी परिसमत्तो।। संधी: 4।। छ।।

सात दिनों की वर्षा के पश्चात् (जब) जल रुक गया, तब (वह) प्रवर विप्र अपने क्षेत्र में आया। जब (उसने) नाड वाला हल देखा तभी वहाँ मरे हुए उन दोनों बाल-शृगालों को भी देखा। उनको देखकर तथा उन्हें नाडा खाया हुआ जानकर प्रवर विप्र ने असिदुहिता (छुरी) को कर में लेकर उससे उन दोनों गोमायु (शृगालों) को फाड़कर उनके पेट में नाडा के खण्ड देखे।

वह प्रवर विप्र अपने द्वार पर लटकाने योग्य जानकर उन शृगाल बच्चों के शवों को उठा कर अपने घर ले आया। फिर अपने प्रवाद को प्रकट किया और उनके पेट से नाल निकाल कर (सबको) दिखाई। उन मरे हुए शृगालों के सिर, चरण आदि उपांगों को विदार कर उनके शवों को लटका दिया। अपने नेत्रों एवं वदन-मुख से हरिणी एवं चन्द्रमा को जीतने वाली सोमशर्मा द्विजवर की घरिणी (पत्नी) से—

घत्ता— उत्पन्न तुम दोनों (उसी शृगाली के पूर्व-पुत्रों के जीव हो) वही अग्निभूति, —वायुभूति पुत्र हो, जो जगत में आगम, वेद एवं पुराण में सुप्रसिद्ध हो।। 67।।

इस प्रकार धर्म-अर्थ-काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली कवि सिद्ध द्वारा विरचित प्रद्युम्न-कथा में अग्निभूति-मरुभूति की उत्पत्ति सम्बन्धी चौथी सन्धि समाप्त हुई।। सन्धि: 4।। छ।।

---

(17) 2. अ. °स। 3. अ. खे°। 4. अ. भडेप्पिणु। 5. अ. करेप्पिणु।
6. अ. °य। 7-8. ब.×।

(17) (3) प्रवरोनामविप्रः। (4) तौ द्वौ शृगालौ। (5) उपांग विदारयित्वा।

पंचमी संधी

(1)

पुणरवि भणइ मुणि सिहिभूइ सुणि परिणइ संसारहो केरिय।
पयडमि पवर-कह रंजिय सु-सह जा जणे[1] अच्चरिउ जणेरिय।। छ।।

इह गाम ठिउ सो पवर-दिउ।
वरिसद्ध मुओ सुण्ह[1] हवि सुओ।
कम्मेण हुउ पुण्णें सुपउ।
सपुत्तइँ[2] जणिउँ सो वलि भणिउँ।
अछइ पवरे हरि-विप्प-घरे।
मणि लज्जियउ सर-वज्जियउ।
चवइ ण वयणु सुहि मय-णयणु।
मूओ[3] वि [2]भणइ एरिसु मुणइ।
तहं वालियहँ सियआलियहँ।
छव तहिं णिलए ण विगय विलए।
अज्जु वि[3] रहिया जा तेण गहिया।
तं मुणि-वयणु सो विप्पयणु।
णिसुणेवि [4]तुरिउ विंभय भरिउ।
मुणि जाणियउ तहिं आणियउ।

पाँचवी सन्धि

(1)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म के प्रसंग में-) प्रवर विप्र मरकर अपनी पुत्र-वधु की कोख से जन्म लेता है

पुनः उन सात्यकि मुनिराज ने कहा—"हे शिखिभूति, सुनो अब मैं संसार की परिणति सम्बन्धी सुसभा रंजित करने वाली तथा लोगों को आश्चर्य उत्पन्न करने वाली प्रवर कथा को प्रकट करता हूँ।। छ।।

इसी ग्राम में प्रवर नामका वर द्विज वर्ष के अर्द्ध भाग में मरा और पुण्य कर्म से अपनी पुत्रवधु से उत्पन्न हुआ। अपने ही पुत्र से उत्पन्न (पिता का जीव) वह बलि नाम से पुकारा गया। वह प्रवर (विप्र इस समय) हरि-विप्र के घर में है। वह मन में लज्जित स्वर वर्जित (गूंगा) कुछ भी बोलता नहीं। सुखी तथा मृगनयन वाला वह मूक होकर भी बोलता है, ऐसा जान पड़ता है। उन शृगाल बालकों के शव उसके घर में हैं, वे विलय को प्राप्त नहीं हुए हैं। जो उसने पकड़े थे वे आज भी रक्षित हैं। मुनि-वचनों को सुनकर वे विप्रजन विस्मय से भर गये। मुनि द्वारा बताया गया स्थिर मोटी भुजा वाला हरि विप्र का वह पुत्र वहाँ ले आया गया और जीर्ण गोमायु

---

(1) 1. ब. जे। 2-3. अ. प्रति में इतना अंश नहीं है।। 4. ब. तुअ।

(1) (1) वधु उदरे पुत्रो जातः। (2) स्वकीया पुत्रेण। (3) मूकः इव।

हरि विप्प सुउ थिर थोर भुउ।
अवरु बिण्णि वा गोमाय-छवा।
दक्खालियइँ सुणिहालयइँ।
घिण कय मणउ हरि दिय तणउ।

घत्ता— सो जइणा भणिउ पुत्तें जणिउ जं तेण काइँ तुह लज्जहिं।
भो-भो पवर-दिय सावित्ति पिय किं पुव्व[4] वियाणिवि भज्जहि।। 68।।

(2)

संसारे भमंतउ जीउ एहु भवे-भवे उप्पाइय अण्णु देहु।
इय जाणिवि चित्ते म करि वियप्पु वप्पो वि पुत्त पुत्तो वि वप्पु।
जाया वि माय माया वि जाय भायर वइरिय अरियण वि भाय।
रे मूढ म मूढत्तणु पयासि जंपहि ण काइँ जं हुउउ आसि।
तं णिसुणेवि सो मुणिणाह वयणु पडिजंपइ वाहुब्भरिय णयणु।
भो-भो परमेसर दिव्व-वाणि तुह सरिसु ण दीसइ को वि णाणि।
हउँ-पवरुज्ज आसि सियालयाहँ इह सा छव मइँ संगहिय ताहँ[1]।

घत्ता— मूअत्तणु मुअ वि पुणु-पुणु रूवंवि मुणि-चरण-जुवले सो लग्गउ।
पभणइ सामि महो वउ देवि लहु संसार-दुक्ख हउँ भग्गउ।। 69।।

(शृगाल) के शव भी वहाँ दिखाये गये। सबके द्वारा देखे गये। हरि द्विज का वह पुत्र अपने मन में घृणा करता हुआ मौन बना रहा।

घत्ता— तब यति ने उससे कहा—"तू अपने पुत्र से जन्मा है किन्तु इससे तू लज्जित क्यों हो रहा है? सावित्री (माता) के प्यारे भो-भो प्रवर द्विज, पूर्व-जन्म को जानकर भी भाग रहे हो?।। 68।।

(2)

(प्रद्युम्न के जन्मान्तर कथन के प्रसंग में-) मूक विप्र पुत्र (प्रवर विप्र के जीव) को धर्मोपदेश

"संसार में भ्रमता हुआ यह जीव भव-भव में अन्य-अन्य देह पाता है। ऐसा जानकर चित्त में विकल्प मत करो बाप भी पुत्र हो जाता है और पुत्र भी बाप हो जाता है। स्त्री भी माता होती है और माता भी स्त्री हो जाती है। भाई बैरी हो जाता है और अरिजन भी भाई हो जाता है।

"रे मूढ, अब मूकपने को प्रकाशित मत कर। बोलता क्यों नहीं? जो था वही बन।" मुनिनाथ के वचन सुनकर नेत्रों में अश्रु भर कर वह बोला—"भो-भो परमेश्वर, हे दिव्य-वाणि, आपके समान कोई ज्ञानी दिखाई नहीं देता। मैं ही प्रवर था। मैंने ही उन दोनों शृगालों के शव को संगृहीत किया था।

घत्ता— मूकपना छोड़कर वह द्विजपुत्र बार-बार रोता हुआ मुनि के चरणों में गिर पड़ा और बोला, "हे स्वामिन् मुझे संसार के दुःखों को भंग करने वाले व्रत शीघ्र दीजिए।। 69।।

---

(1) (4) किं पूर्व विजानेपि गच्छसि यस्मिन् प्रस्तावे इति उक्तं मया शृगाल मारितौ।

(2) 1. ब. 'य'।

(2) (1) तयो:।

(3)

मुणिणा-विहिणा तहो दिण्ण वयं णवयार-जुयं पयउिय समयं।
अवरेहिमि[1] तेण[2] समं अमलं णविऊण मुणीसर [1]पय-जुअलं।
पडिवज्जिय[3] सावय [2]चारु वयं[4] सयलंपि जणं णिय गेहु गयं।
सिहिभूइ[5] वि मरुभूइ वि जुवलं मणे चिंतइ तंपि वि[3]णाण-बलं
जिणऊण णिहिप्पइ जेण अल[6] परियाणिय[7] सच्च[4]-वियार-कलं।[8]
सवणं चइ-मंजण-पूय-कमं[9] अंवरं णहु दीसइ जेण समं।
इय चितेवि ते वि[5] पलंव-भुवा गय विण्णिवि सोम-दियस्स सुवा।
पयडंति स विंभिय ताय सुणि णहु वायण ते जिणियंति मुणि।

घत्ता— समय-कमल-भसलु णाणइँ कुसलु सो सवणु एक्कु किम जिप्पइ।
वेय-सत्थ-वलेण तक्कहो-छलेण भणु ताय कयावि ण घिप्पइ।। 70।।

(4)

एत्थंतरे सच्चइ परमइँ दुलंघे मुणि मिलिउ जाम जाइवि सुसंघे।

---

(3)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) अग्निभूति वायुभूति द्वादश-व्रत ग्रहणकर अपने पिता सोमशर्मा को कहते हैं कि श्रमण मुनि को विवाद में जीतना कठिन है

मुनिराज ने विधिपूर्वक उसे व्रत दिये। णमोकार मन्त्र के साथ आगमिक सिद्धान्तों को प्रकट किया। उन मुनीश्वरों के पदयुगल को नमस्कार कर उस विप्र पुत्र ने अन्य विप्रों के साथ निर्दोष श्रावक के 12 व्रत स्वीकार किये और सभी जन अपने घर गये।

शिखिभूति-मरुभूति युगल ने उन मुनि के ज्ञान बल का अपने मन में (इस प्रकार) चिन्तवन किया—"जिस ज्ञान-बल से उन्होंने सत्य-विचार की कला को जानकर तथा अत्यर्थ को जीतकर उसका सर्वस्व त्याग कर दिया। ऐसे उन त्यक्त स्नान एवं पूज्य चरण श्रमण मुनिराज के समान अन्य कोई दिखायी नहीं देता।" ऐसा विचार कर दीर्घबाहु वे दोनों पुत्र अपने घर लौटे और विस्मय पूर्वक अपने पिता से बोले—"हे तात् सुनो, विवाद से वे मुनिराज नहीं जीते जा सकते हैं।

घत्ता— शास्त्र रूपी कमल का भ्रमर तथा ज्ञान-कुशल वह श्रमण (सात्यकि मुनिराज) अकेला भी कैसे पराजित किया जाये? वेद-शास्त्र के बल से अथवा तर्क के छल से कहो तो भी हे तात् उसे कभी भी नहीं जीता जा सकता।"।। 70।।

(4)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) दोनों विप्र-पुत्र मुनिसंघ की हत्या के लिए प्रस्थान करते हैं

इसी बीच परमतियों के लिए दुर्लघ्य (अजेय) वे सात्यकि मुनि जाकर मुनि संघ से मिले तथा आचार्य नन्दिवर्धन

---

(3) 1. अ अहि। 2. अ सार। 3. अ ण माण। 4. अ "त्व। 5. अ प्रति में 'वि' नहीं है।

(3) (1) अपरैश्च। (2) विप्रेण सह। (3) अंगीकृतं। (4) मुनिना (अंगीकृतं व्रतं)। (5) अग्निभूति। (6) अत्यर्थं। (7) ज्ञानं। (8) विचार। (9) पदकमलस्य।

पणवेवि णंदिवद्धणहो पाय पभणिउ गुरु महो णिसुणेहि वाय।
अहिमाणिउ-मइं विप्पयणु जं जि पच्छित्तु किं पि महो दहि तं जि।
गुरु पभणइँ तं णिसुणेवि कज्ज पइँ मारावहु एहु संघु अज्जु।
तो वरि तुहुँ फुडु एत्ति[1]उ करेइ जहिं ते जिय तहिं विवसग्गु देहि।
ताणंतरे सो सच्चइ मुणिंदु जाइवि तहि ठिउ णं गिरि वरिंदु।
[2]एत्तहि[(1)] सोमेण स सुअ भणिय माणुव-वेसइं मइं पसुअ जणिय।
जइ सत्थइं ते तुम्हहँ ण जिणहु तो णिसि असि-पहरहिं किण्ण हणहु।

घत्ता— तहिं ते [3]भडइ खणे तहिं विहिमि [4]मणे पिउ-वयणु णिरारिउ भाविय।
णिसि असि-दुहियपर करवाल-कर मुणिसंघहो हणण पराइय।। 71।।

(5)

ताम मुणीसरु हय वम्मीसरु।
पंथि[(1)] अमूढिउ झाणारूढउ।
सो तहिं दिट्ठउ जंपिउक्किट्ठउ।
भो किं पवरहिं घाएहिं अवरहिं।
जेणें परिहउ किउ सा उब्भउ ठिउ।

के चरणों में प्रणाम कर बोले—"हे गुरो, मेरे वचन को सुनिए—"मैंने जो आज विप्रजन को अपमानित किया है, उसका मुझे कुछ भी प्रायश्चित दीजिये।" उस कार्य को सुनकर गुरु ने कहा—"तुमने आज इस संघ को मरवा दिया। तो भी अब तुम्हें स्पष्ट रूप से ऐसा करना चाहिए। तुमने जहाँ उनको पराजित किया है वहीं पर व्युत्सर्ग (काय से ममत्व छोड़ कर) तप करो।"

तदनन्तर वह सात्यकि मुनीन्द्र उसी स्थल पर गिरीन्द्र के समान खड़े हो गये और इधर सोम ने अपने उस पुत्र से कहा—"मनुष्य के वेश में मैंने तुम जैसे पशुओं (अज्ञानियों) को जन्म दिया है। यदि शास्त्र के बल से तुम उसे नहीं जीत सकते तो रात्रि में असि-प्रहार कर उसे क्यों नहीं मार देते?"

घत्ता— तब वे दोनों भट्ट पुत्र क्षण भर में ही पिता के वचनों को नि:शंक रूप से विचार कर हाथों में छुरी एवं तलवार धारण कर रात्रि में उस मुनि-संघ को मारने के लिए प्रस्थान करते हैं।। 71।।

(5)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) गुप्त यक्षदेव मुनि-हत्या के लिए प्रयत्नशील अग्निभूति-वायुभूति को कीलित कर देता है

तब कामदेव को नष्ट करने वाले अमूढ़ (मूढ़ता रहित — अज्ञान रहित) ध्यानारूढ़ उन उत्कृष्ट मुनिराज को (उन विप्र पुत्रों ने) मार्ग में देखा और (परस्पर में) कहा—"अरे क्या देर लगाते हो? इसी को मारो, कोई भी यहाँ नहीं देख रहा है (अब) क्या देखते हो, मारकर भाग चलो।"

---

(4) 1. अ. °रिसु। 2. अ. उ°। 3. अ. त°। 4. ब. भ.।

(4) (1) निजगृहे

(5) (1) मार्गे दृष्टा।

अग्गइ-अच्छइ को वि ण पेच्छइ।
काइं णियच्छहु मारिवि गच्छहु।
तो तहिं असिवर सव[1]र भय[2]कर।
कड्ढिय जामहिं गुज्झउ तामहिं।
10 ता[(2)] तहिं कुद्धउ [3]भणइँ विरुद्धउ[4]।
जे उवसंतहँ खम-दम वंतहँ।
मारहुँ आइय बिण्णि वि भाइय।
ए खंडेवि-वले देमि भुवावलि।
पर जणु जाणइँ किर वक्खाणइँ।
15 णयरोसारिय[(3)] रिसिणा मारिय।

घत्ता— दुइ दोवासट्ठिय[(4)] मुणि-हणण किय-करवाल भमाडेवि जामहिं।
कुणहिं स दुट्ठ मण ते बेवि जण कीलिय जक्खेसइँ तामहिं।। 72।।

(6)

भव्व-कुमुअ [1]पडिवोहण चंदें मणें सल्लेहण-दुविह मुणिंदें।
कय किं गहणु परीसह-धीरहो महु णिवित्ति आहार-सरीरहो।
जइ पंचत्तु पत्तु हउँ आयहँ सोमसम्म दिव-सुव असि-घायहँ।

जब उन दोनों ने स्व-पर को, भयंकर तलवार को काढा (निकाला) तभी वहाँ गुह्यक (गुप्त यक्ष) देव उन पर क्रुद्ध हुआ और उनके विरुद्ध (अपने मन में इस प्रकार) बोलने लगा—"ये मुनिराज उपशान्त हैं, शम-दम वाले हैं। इनको मारने के लिए ये दोनों भाई आये हैं। यदि मैं इनको अपने बल से खण्डित कर भूमि पर पटक दूँ। तो दूसरे जन यही जानेंगे और निश्चय से कहेंगे कि नगर से निकाल कर इन मुनिवर ने ही इन दोनों को मार दिया है।"

घत्ता— और इधर वे दोनों द्विज-पुत्र मुनि के दोनों पार्श्व में खड़े होकर मुनि को मारने के लिये जब तलवार घुमाने लगे और दुष्टमन होकर जब उनकी हत्या करने के लिए तत्पर हुए कि उसी समय यक्षेश ने उन दोनों जनों को कीलित कर दिया।। 72।।

(6)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) कीलित विप्र-पुत्रों का वर्णन

भव्य कुमुदों को प्रतिबोधित करने के लिए चन्द्रमा के समान तथा परीषह सहने में धीर उन मुनीन्द्र ने अपने मन में दोनों प्रकार की सल्लेखना को धारण किया कि "मेरा आहार एवं शरीर का त्याग है। यदि सोमशर्मा के इन द्विजपुत्रों के असिघात से आगे पंचत्व (मरण) को प्राप्त होऊँ, अथवा मृत्यु को प्राप्त नहीं होऊँ तो सूर्य

---

(5) 1. अ. 'म'। 2. अ. यं। 3-4. अ. प्रति में नहीं है।

(5) (2) नयो: द्वयो:। (3) नगराभिस्सारयित्वा। (4) द्वौपार्श्वस्थितौ।

(6) 1. अ. वण।

अहवा जइ ण मिच्चु किर पावमि सूरुग्गमे तो झाणु खमावमि।
जा मज्झइ मुणि इउ चिंतंतउ अप्पइ-अप्प-सरूउ णियंतउ।
एम ताह णिसि सयल विहाणिय ता पच्चूसहिं लोयहिं जाणिय।
थट्ट थक्क पीडिय-मह-कट्ठइँ अग्गिल सुवणें णिम्मिय कट्ठइँ।
तहो पियरहँ पुणु सिट्ठउ कवणें सिहि-मरुभूइ वि कीलिय सवणें।
एत्थंतरे धाइय पिउ-मायरि णंदण मरण-भयइँ हुव कायरि।

घत्ता— कय-करवाल-कर वर रूवधर णं सेवय तिहुवण चंदहो।
मुणि दोवास हुउ अग्गिलहि सुअ णमिवि-णमिवआइ जिणेंदहो।। 73।।

(7)

पेछिवि णंदण अणिमिस-लोयण ताय-माय परिवट्ठिय सोयण।
मुणि-कम-कमलोवरि लोलंतइँ अग्गिल-सोमु वि कंता-कंतइँ।
भणहिं बेवि मुणि एत्तिउ किज्जउ णंदण-भिक्ख अम्ह पहु दिज्जउ।
तुहुँ किर संतु जीव-दयवंतउ रक्खहिं वडूव [1]दोवि उवसंतउ।

के उद्गम होते ही ध्यान खुलने पर मैं उन दोनों को क्षमा करा दूँगा।"

मुनिराज जब इस प्रकार का चिन्तन कर रहे थे और अपने से अपने स्वरूप को देख रहे थे। तभी, कीलित हुए उन दोनों की समस्त रात्रि बीत गयी, प्रातःकाल में जब लोगों ने यह जाना कि अग्निला के दोनों पुत्रों (अग्निभूति एवं वायुभूति) ने मुनिराज को महान् कष्ट दिया है, तब सभी लोग बड़े पीड़ित होकर वहाँ इकट्ठे हुए। उसी समय किसी ने पुत्रों के माता-पिता को बताया कि श्रमण मुनि ने शिखिभूति एवं मरुभूति को कीलित कर दिया है, तब वे दौड़े और अपने पुत्रों के मरण के भय से कातर होने लगे।

घत्ता— हाथों में तलवार धारण किये हुए अग्निला के वे दोनों सुन्दर पुत्र ऐसे प्रतीत हो रहे थे, मानों त्रिभुवन के लिए चन्द्रमा के समान उन मुनिराज के दोनों ओर दो सेवक (खड़े) हों और उन्हें नमस्कार कर आदि जिनेन्द्र को नमस्कार कर रहे थे।। 73।।

(7)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) मुनिराज के आग्रह से यक्षराज विप्र-पुत्रों को क्षमा कर देता है

अनिमिष लोचन (टिमकार रहित नेत्र वाले) नन्दनों को देखकर तात-मात दोनों शोक से भर गये। अग्निला और सोमशर्मा दोनों ही कान्ता एवं कान्त (पत्नी-पति) मुनिराज के चरण-कमलों पर लोट गये और दोनों ही कहने लगे कि—"हे मुनिराज इतना कीजिये। हे प्रभु, नन्दन की भिक्षा हमें दीजिये। तुम निश्चय ही सन्त हो, जीव दया करने वाले हो तथा उपशान्त हो, हमारे दोनों बटुकों की रक्षा कीजिये तब मुनीन्द्र ने ध्यान में क्षमा

---

(6) 2. अ मि।

(7) 1. अ तो।

झाणु खमाविवि ताम मुणिंदें भणिउ जक्खु हय-भव-भय-कंदें।
भो-भो दुट्ठ भूअ[1] रणे मद्दण उक्खिल्लहि बिण्णिवि दिय-णंदण
ताम जक्खु णर-रूउ धरे[2]विणु मुणिणाहहो कम-कमल णवेविणु।
पभणइं साहु-साहु संजमधर तुहुँ णिय-संगु जाहि खम-दयपर।
आयहँ महं आगहु जि करेव्वउ भाइ-जुअ वि जम-पंथइ णेव्वउ।
पुणु खम-दम-दयवंतु पयंपइ मा दिय वहहि मज्झु मणु कंपइ।
ए सामण्ण ण हुंति मुणेव्वउ आयहँ वर वउ णियमु [3]कुणेव्वउ।
ए णिच्छउ दूरोसारिय तम होएसहिं सग्गापवग्ग खम।
ता जक्खइँ ते मुक्क तुरंतइँ वर कंकण-मणि-मउड फुरंतइँ।

घत्ता— पुणु मुणि कम-जुवले हय-पाव मले परिलुढिर पघोसहिं दिअ-सुअ।
अम्हं होंतु वहु[2] तुम्हइँ ण[4] पहु ण धरंत तो जक्ख खग्गइँ [5]मुअ।। 74।।

(8)

अम्हइं पाविट्ठ-दप्पिट्ठ-णिक्किट्ठ तुह हणणे संपत्त णिसि समय णिरु दुट्ठ।

कर दिया। फिर पूरा ध्यान होने पर भव-भय के मूल के नाश करने वाले मुनीन्द्र ने यक्ष से कहा—"दुष्ट जीवों को रण में मर्दन करने वाले हे यक्षदेव, दोनों ही द्विज नन्दनों को उत्कीलित करो।" (अर्थात् छोड़ दो) तब यक्ष ने मनुष्य का रूप धारण कर मुनिराज के चरण कमलों को नमस्कार किया और बोला—"हे संयमधारी सच्चे साधु, हे क्षमा, दया में तत्पर साधु आप अपने मुनिसंघ में जाइये, किन्तु मुझे आज्ञा दीजिये कि मैं इनका निग्रह करूँ और भाई युगल को यम के पन्थ को ले जाऊँ।"

पुनः क्षमा, दम एवं दयावान् मुनि ने कहा—"मेरा मन काँपता है। इन द्विजों का वध मत करो। ये द्विज सामान्य नहीं हैं—ऐसा जानो। ये आगे चल कर उत्तम व्रत-नियम (धारण) करेंगे। ये दोनों निश्चय से तम (मिथ्यात्व) रूपी अज्ञान को दूर हटा कर स्वर्ग-अपवर्ग जाने में समर्थ होंगे। तब उत्तम कंकण, मणिमयमुकुट से स्फुरायमान उस यक्ष ने उन दोनों को तुरन्त छोड़ दिया।

घत्ता— पुनः द्विज सुत जय प्रघोषों के साथ पापमल को दूर करने वाले मुनिराज के क्रम युगल में लौटने लगे, और बोले—"हे प्रभो, हमारा वध होने से तुम्हीं ने बचाया है। नहीं तो, यक्ष खड्ग से मारे बिना नहीं छोड़ता।। 74।।

(8)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) मुनिराज के समीप द्विजपुत्रों ने व्रतभार धारण किया

हम पापिष्ठ हैं, दर्पिष्ठ हैं, निकृष्ट हैं। तुम्हारे हनन के लिए अत्यन्त दुष्ट हम लोग रात्रि समय में यहाँ आये थे। हे स्वामिन्, आपके माहात्म्य की उपमा हम किससे दें। जिन्हें रोष नहीं है, (प्रत्येक परिस्थिति में जो सदा)

---

(7) 2. ब. घणेविणु। 3. अ. करेवउ। 4. अ. मि पहु। 5. ब. मु।

(7) (1) दुष्टभूतः। (2) वधः।

उमियइँ[1] कहु सामि तुह तणउँ माहप्पु जसु रोसु णवि तोसु णवि माणु णवि दप्पु।।
तुह णाणे-तिय लोउ गोपय-समायारु णिग्गंथु रुइ गंथ-सत्थत्थ गउ पारु।
पछित्तु लहु[2] देहु पहु किंपि अम्हाण त[3] चर वि जेम करहु पय-भत्ति तुम्हाण।
ता मुणिय आसण्ण-भव्व तिं णियमणेण अणुवय वि गुणवय वि सिक्खा सुवयणेण।
ते दिण्ण आयरेवि मण-वयण-काएण णिय गेहु संपत्त सहुँ ताय-माएण।
पियरेहिं पुणु भणिय जो लयउ वयभारु सो कुणवि माहणउ दिय-कुल समायारु
सिहिभूइँ-मरुभूइँ ते सुणेवि पुणु चवहिं इय वयण कहिंमाइ भुवणयल संभवहि।
जिण-भणिय मुणि-दिण्ण[1] वय-णियम जु ण करइ अणवरय सो णरु[2] तिरि-एसु संचरइ।

घत्ता— पुणु पिउ परियणेण बहुविह-जणेण मण्णाविय तो वि ण भण्णहिं।
वेय-कहिय सयल [4]जे किंपि फल ते णिच्छउ सहि अवगण्णहिं।। 75।।

(9)

ता तायइँ परिसेसिय णंदण जे सज्जण-मण णयणा-णंदण।
तेहिंमि ताय-माय परिवज्जिय मुणि-भासिय परवय आवज्जिय।

सन्तुष्ट हैं, मान नहीं है और दर्प नहीं है, जिनके ज्ञान में तीनों लोक गोपद समान आकार वाले हैं। यद्यपि आप निर्ग्रन्थ हैं। तो भी आगम ग्रन्थों (शास्त्रों) में रुचि वाले हैं अर्थात् आप शास्त्रों के समस्त अर्थों में पारगामी हैं।

हे प्रभो, हमें शीघ्र ही कुछ प्रायश्चित दीजिए, जिससे आपके चरणों की भक्ति कर सकें। तब मुनिराज ने अपने मन में उन्हें आसन्न भव्य जानकर अणुव्रत, गुणव्रत और शिक्षाव्रतों को सुवचनों द्वारा समझा कर प्रदान किया। वे भी आदरपूर्वक मन, वचन, काय से उन्हें स्वीकार कर माता-पिता के साथ अपने घर पहुँचे।

माता-पिता ने पुन: कहा—"जो व्रतभार ग्रहण किया है उनका पालन करते हुए भी द्विजकुल के विहित-आचार को मत छोड़ो।" इस बात को सुनकर अग्निभूति-वायुभूति ने पुन: कहा—"भुवनतल में यह कहीं भी सम्भव नहीं है अर्थात् आपके कथन की पूर्ति सम्भव नहीं। जिनेन्द्र कथित तथा मुनिराज द्वारा प्रदत्त व्रत नियमों का जो पालन नहीं करता वह निरन्तर ही तिर्यंचगति में संचरण करता रहता है।"

घत्ता— पुन: माता-पिता, परिजनों एवं अन्य अनेक लोगों ने उन्हें मनाया-समझाया, तो भी वे नहीं माने। वेद कथित तथा उसके जो कुछ भी फल हैं उन सभी का उन द्विज-पुत्रों ने अवगणन किया।। 75।।

(9)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) सोमशर्मा की रत्नप्रभा में उत्पत्ति

तब माता-पिता ने सज्जन-जनों के मन एवं नेत्रों को आनन्द देने वाले उन दोनों नन्दनों को छोड़ दिया। उन पुत्रों ने भी तात-मात को छोड़ कर मुनि-भाषित उत्तम व्रतों को अंगीकार किया।

---

(8) 1. अ. °त। 2. अ. °उ।

(8) (1) उपमा कस्यदीयते। (2) प्रायश्चित्त्। (3) क्षणमात्रेण। (4) समस्तानि।

अट्ठ[1]-पंच-ति-चयारि सु समय[2] अणुदिणु वारह परिपालण रय।
चउविह-संघहँ दाणु करंतहँ दंसण-णाणु चरिउ चिंतंतहँ।
किरिया पुव्वइँ अरुहु-णवंतहे कालु जाइ जा उत्तमसंतहँ।
ताम वि सोमसम्मु जो तहँ पिउ जण्ण विहाणइँ पसुणि हणिवि दिउ।
सो कालहिं जंतेहिं विवण्णउँ स पिउ वि रयणप्पहे उप्पण्णउँ।
सो अणुह[1]वइ तंजि जं जो करु अह सुहु तहँ जीवंतहँ दुक्करु।

घत्ता— जीव दया वरहँ दिढ वय धरहँ तह अग्गिभूइ-मरुभूइहे।
सालिगाम ठियहँ दोहिमि दियहँ भुंजंतहँ विविह-विहूइहिं।। 76।।

(10)

गय दिवसहिं ते बिण्णिवि भायर दंसण-णाण चरित्ते कयायर।
परम पंच-णवयार सरेप्पिणु मुणि पंडिय-मरणेण-मरेप्पिणु।
अइणिम्मलु वि पुणु आवज्जिवि[1] पुणु सोहम्मे-सग्गे उप्पज्जिवि।
बहुविह [1]सुर-सोक्खइँ भुंजेप्पिणु अमर वरंगण सय रंजेप्पिणु।

सम्यक्त्व सहित आठ मूल गुण तथा पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत एवं चार शिक्षाव्रत रूप बारह व्रत आगम के अनुसार ही अनुदिन पालन करने में रत रहने लगे। चतुर्विध संघ को दान करते हुए, सम्यग्दर्शन, ज्ञान एवं चारित्र रूप रत्नत्रय का चिन्तन करते हुए तथा क्रिया (विधि) पूर्वक अरहन्त को नमस्कार करते हुए उन उत्तम सन्तों का काल व्यतीत होने लगा।

उन पुत्रों का पिता सोमशर्मा द्विज भी यज्ञ विधान से पशुओं को मारता था। वह भी अपना आयुष्य काल व्यतीत करता हुआ मरा और रत्नप्रभा नामक प्रथम नरक में उत्पन्न हुआ। अपने पूर्व-जीवन-काल में उसने जिन-जिन दुष्कर्मों को करते हुए भौतिक सुख भोगे थे, उनके फलों का भोग उसने वहाँ (नरक भूमि में) जाकर किया।

घत्ता— जीव दया में तत्पर दृढ़ व्रतधारी, शालिग्राम में स्थित उन अग्निभूति एवं वायुभूति नामक दोनों द्विजों का, विविध विभूतियों को भोगते हुए समय व्यतीत होने लगा।। 76।।

(10)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) दोनों सौधर्म देव (दोनों विप्र-पुत्र के जीव) अयोध्या की सेठानी धारणी के पुत्र रूप में उत्पन्न हुए

वे दोनों भाई सम्यग्दर्शन, ज्ञान एवं चारित्र का आदर करते थे। इसी प्रकार दिनों के बीत जाने पर जब मरण-काल आया तो उन्हें परमपंच णमोकार मन्त्र का स्मरण कर मुनि पद धारण कर लिया। पुनः पण्डित मरण से मरे और अति निर्मल पुण्य उपार्जन करने के कारण वे दोनों सौधर्म स्वर्ग में उत्पन्न हुए और वहाँ अनेक प्रकार के उत्तम सुख भोगते हुए तथा सैकड़ों अमर वरांगनाओं के साथ मनोरंजन करते हुए समय व्यतीत करने लगे।

---

(9) 1. ब. °दि°।

(10) 1. ब. व°।

(9) (1) मूलगुणा अणुव्रत, गुण, शिक्षा। (2) सम्यक् सहितं।

(10) (1) उपार्ज्जयित्वा।

कोसल दिसएं अउज्झहिं पुरवरि जिण-कल्लाणइँ णंदिय सुरवरि।
तहिं णरणाहु-रणंगणे दुज्जउ णिज्जियारि णामेण अरिंजउ।
तहो पिययम पियवयण मणोहरि पियवयणाहिहाण सुपयोहरि।
रेहइ पउलोमिय इव सक्कहो रविहि रण्णि रोहिणिव ससंकहो।
अवरु वि तहिं धण-कणय समिद्धउ सेट्ठि समुद्दत्तु सुपसिद्धउ।
तहो पणइणि सइं पइ[2]-वय-धारिणी पीण-पउहर णामे धारिणी।

घत्ता— ते बिण्णिवि अमर-करि-कर-सुकर वहुविह-लक्खण-धारिणि यहे[(2)]।
उवहिदत्त पियहि तहि वरतियहे हुव कमेण पुत्त धारिणियहे।। 77।।

(11)

ते बिण्णिवि लक्खण-गुण-भरिया णं इंद-पडिंद वि अवयरिया।
मण्णिभद्द-पुण्णभद्दाहिहाण ते बिण्णिवि सयल-कला-णिहाण।
दोहिमि णाणाविह सत्थ-गुणिय बहुलक्खण-छंद-णिहंट [1]मुणिय।
परिणाविय ताइयँ बेवि जाम तहिं अवसरे तहिं पुर पत्त ताम।
णंदणवणे घणे ताली-तमाले हिंताल-ताल-मालूर-[2]माले।

कोशल देश में जिन-कल्याणकों में सुरवर (इन्द्र) को आनन्दित करने वाली अयोध्या नामकी एक श्रेष्ठ पुरी है। वहाँ रणांगण में दुर्जय शत्रुओं को जीतने वाला अरिंजय नामका राजा (राज्य करता) है। उसकी प्रियवदना नामकी सुन्दर पयोधर वाली प्रियतमा थी, जो अपनी प्रियवाणी से सभी के मन को हर लेती थी। वह रानी शक्र की पौलोमी (इन्द्राणी) अथवा रवि की रानी अथवा चन्द्रमा की रोहिणी के समान सुशोभित थी, और भी उसी नगर में धन-कनक से समृद्ध एक सुप्रसिद्ध समुद्रदत्त नामका सेठ (रहता) था। उसकी पतिव्रत धारिणी पीन पयोधरा धारिणी नामकी प्रणयिनी थी।

घत्ता— वे दोनों ही हाथी की सूँड के समान भुजाओं वाले सौधर्मदेव (विप्र-पुत्र के जीव) उदधिदत्त (समुद्रदत्त) की उत्तम गुणों वाली प्रियतमा धारिणी की कोख से अनेक लक्षणधारी पुत्रों के रूप में क्रमशः उत्पन्न हुए।। 77।।

(11)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) अयोध्यापुरी में मुनीश्वर महेन्द्रसूरि का आगमन

वे दोनों ही पुत्र सुन्दर लक्षणों और गुणों से भरे-पूरे ऐसे प्रतीत होते थे मानों इन्द्र तथा प्रतीन्द्र ही अवतरे हों। उनके नाम क्रमशः मणिभद्र और पूर्णभद्र थे। वे दोनों ही सभी कलाओं के निधान थे। दोनों ने ही नाना प्रकार के शास्त्रों को गुना (अर्थात् अभ्यास किया)। अनेक प्रकार के लक्षण (व्याकरण), छन्द एवं निघंटु का मनन किया। (जब वे पढ़ चुके तब) पिता ने उन दोनों का विवाह कर दिया। तब उसी समय उस नगर में ताली, तमाल, हिंताल, ताल, मालूर इत्यादि वृक्षों और लवलि, लवंग एवं प्रचुर प्रियंगु वृक्षों से सुशोभित नन्दन वन

---

(10) 2. ब. 'हि।

(10) (2) पतिव्रता व्रतधारिका।

(11) 1. अ. सु°। 2. अ. सा°।

जहिं लवलि-लवंग पियंग[1] भूरि मुणिवरु णामेण महिंदसूरि।
मलु अंग भासु तवि विमल चित्तु तिणु कंचणु जसु समु सत्तु-मित्तु।
सो गाम-णयरि-कव्वड़-[3]भमंतु चउसंघ-सहिउ विहरंत्तु संतु।

घत्ता— तहिं उवविट्ठु वणे ता तहि जि खणे वणवालइँ [4]पुणु किह दिट्ठउ।
10 तव-धारय[2] आगमणु फल-कुसुम-घणु जाणे विहु बउ-विसिट्ठउ।। 78।।

(12)

तवो वणवालु पहुत्तु सुथउ जहिं पुरे रावले संट्ठिउ गउ।
णवेवि पयंपिउ तेण णरिंद अहो जण संत कईरव-चंद।
अयाले वणासइँ फुल्लिय अज्जु मुलुक्कइ दाहिणु वाउ मणोज्जु।
फलावलि भूरि कहिंपि ण माइ जलंपि णियाणहिं उप्पहे धाइ।
5 तहिं पि[1] वयण्णु[2] सुहग्गइ गामि सामायउ-कोवि अरिंजय सामि।
मुणीसरु चारु सिलाहिं णिसण्णु भवोह-णिविण्णु असण्णु पसण्णु।
वणम्मि णिहालिउ जम्मइँ देव समीरिउ तं तुह सव्वु अलेव।

में महेन्द्रसूरि नामक मुनिराज पधारे। यद्यपि वे मलिन शरीर थे तो भी तप से भास्वर थे। उनका चित्त निर्मल था। जिनकी तृण-कंचन तथा शत्रु-मित्र में सम-दृष्टि थी। वे मुनिराज ग्राम, नगर, कर्वट आदि में भ्रमण करते हुए चतुर्विध संघ सहित वहाँ (अयोध्यापुरी के नन्दन-वन में) आये।

घत्ता— वे (जैसे ही) उस उपवन में बैठे उसी समय वनपाल ने देखा कि उस उपवन में (अकाल में ही) घने फल-फूल लग गये हैं। तब उसने (वनपाल) उन तप-धारक मुनिराज के आगमन को ही इसका विशिष्ट कारण जाना।। 78।।

(12)

(प्रद्युम्न के पूर्व-जन्म-कथन के प्रसंग में-) राजा अरिंजय मुनिराज महेन्द्रसूरि के दर्शनार्थ नन्दनवन में जाता है

तब वनपाल बहुत प्रहृष्ट (हर्षित) हुआ। नगर के राजकुल में जहाँ राजा स्थित थे वह वहाँ गया। उन्हें नमस्कार कर वह बोला—हे लोगो, सन्तों रूपी कमलों के लिए चन्द्रमा के समान हे राजन् (नन्दनवन में) आज अकाल में भी समस्त वनस्पति स्वयं फल-फूल उठी है। दक्षिण की मनोज्ञ वायु मुलक रही है (मन्द-मन्द बह रही थी)। फलावलि की प्रचुरता वन में कहीं भी नहीं समा रही है। जल भी निपानों (जलाशयों) से ऊपर उत्पथ में दौड़ रहा है। हे स्वामी अरिंजय, उसी वन में शुभगति से गमन करने वाले व्रती तथा प्रिय वचन बोलने वाले कोई स्वामी आये हैं। वे मुनीश्वर सुन्दर शिला पर बैठे हैं। वे संसार समूह (शरीर और भोग) से निर्विण्ण (उदास) हैं। असंज्ञ (आहार, भय, मैथुन, परिग्रह एवं संज्ञारहित) तथा प्रसन्नचित्त हैं। हे देव, जो मैंने वन में प्रत्यक्ष देखा है, सो सब आपको अलेप (बिना लाग-लपेट के) कह दिया है। उस वनपाल के मोती के समान

---

(11) 3. ब. सं। 4. अ. वं।

(11) (1) प्रचुराणि। (2) संसार विरक्तः आसनतः।

(12) (1) वने। (2) व्रतवंत.।

सुणेविणु तेत्तहो मोत्तियदामु पयच्छिय कंकण-मोत्तियदामु।

घत्ता— तहिं अवसरे णिवेण कय जण सिवेण चालिय दुह-दुरिय-णिवारणे।
संगहिय[2] पसाहणु हुउ वर-वाहणु कामकरी जहिं[3] कहिं तहिं वणियउ अइघण थणियउ रूवपरी[4]।
तहो अग्गे परिट्ठिउ वंधि अहिट्ठिउं संवरहि कर-सिर-रय-सवणहँ पय मुह णयणहँ रय करहि।
तहिं चडिउ कुमारो जो सइ[1] मा[2]रो अवयरियउ कामिणि-जण-मोहणु गुण-गण-भूसणु अइ चलियउ।

में नर ने वानर-देव की पूँछ पकड़कर उसे घुमा डाला और धरा पर ला पटका। जब उसने उस कपि-देव को ताड़ित किया, तो वह काँपने लगा तथा क्रोधित होकर बोला—"तुमने मुझे भी वश में कर लिया है।" फिर प्रसन्न होकर उस देव ने उसे एक सुन्दर शेखर भेंट में दिया और अमृत रूप सुगन्धित पुष्पलता समर्पित की। इसके साथ ही अद्भुत सुरेखा वाली पादुका तथा मधुर शब्द वाली एक वीणा दी। इन सबको लेकर कुमार वहाँ से निकला। फिर वह दुर्धर कपित्थ कानन में गया। वहाँ उसने गिरि समान ऊँचे और कज्जल के समान काले दुर्द्धर सिन्धुर (गज) को देखा।

घत्ता— घडहड शब्दों से गरजते हुए दन्तरूपी मुसलों से गिरि को विदारण करते हुए उस वारण (गज) को भी उस कुमार ने अपने भुजबल से वश में कर लिया।। 133।।

(10)

कुमार प्रद्युम्न को गजदेव ने गज एवं मणिधर सर्प ने उसे असि, नपक, सुरत्न, कवच, कामांगुष्ठिका एवं छुरी भेंट स्वरूप प्रदान की

स्वर्ण के गुणों के प्रकट करने के विषय में निशित लगी कसौटी के समान ही गज के वेश में जो वह देव था, वह कुमार के वश में हो गया। वह काम-करी (कामुक-हाथी) अत्यन्त सघन स्तनों वाली परियों के समान सुन्दर हथिनियों द्वारा जहाँ-तहाँ व्रणित (घायल) हो गया था। हथिनियों के सूँड, सिर, दाँत, कान, पैर, मुख एवं

---

(9) (2) सिंहवत् कंधरः। (3) सपरिमलं।

(10) 1. अ. महि। 2. अ. सारो।

(10) (1) सुवर्ण कसौटी। (2) दांछित। (3) यत्र कुत्यत्र।
(4) अप्सर सोभि यत्र तत्रस्वै अंगे वाणितः कामरूवी गजः।

णिउ जहिं सो वामिउ मयणहो दाविउ पविदसणा[3] पुणु जंपिउ एहए पेक्खु णिकेयउ सुणि मयणा।
रह-चडइ जो णरवरु सो संपय धरु होइ खणे तं णिसुणेवि मयणो पहसिय वयणो अजउ रणे।
धाएवि संघडियउ सहसा चडियउ तहिमि खणे तं चलइ ण ताडिउ महिहि णिवाडिउ तें फणिणा।
ढोइय असि णयउ वि सुरयण कवउ वि सिरि मणेण .....।
कामंगुच्छलियवि णिरु उज्जलिय वि विप्फुरिया अवरु वि लहलहिय वि णं जम जीह-विवर छुरिया।
इय सयल पयच्छिवि वियणु णियच्छिवि समुह अही भणु महु आससणु हउ तुह पेसणु कुणमि णही।
पुणु [4]सल्लयगिरिवरु कीलिय सुरवरु गयउ तहिं [5]सोमल्लयगिरि वरु कीलिय सुरवरुठियउ जहिं[6]।
ता तहिं णं दिग्गउ मयणु विणिग्गउ गयउ कहिं [7]पज्जुण्णु गयवरु रिपु महासुरु वसइ जहिं[8]।

घत्ता— वज्जदसणु ता तहि चवइ इह गिरिवरहो जु मत्थयं [9]जो चडई[10]।
महारउ जो करइ त होसिय वहुविह संपडइ।। 134।।

नेत्रों से प्रेम करने वाले उस काम-करी के व्रणित अंगों को सँवार कर, बाँधकर तथा उस (काम-करी) को सुसज्जित कर (प्रद्युम्न ने) उसे उत्तम वाहन बनाया और उस पर वह कुमार प्रद्युम्न, जो कि स्वयं ही कामदेव के रूप में अवतरित था तथा जो कामिनियों के मन को मोहित करने वाला और गुण- गणों से भूषित था, चढ़ा और वेगपूर्वक चला (तथा अपने विद्याधर-भाइयों के पास पहुँचा)।

पविदशन (वज्रदंष्ट्र) उस कुमार को वहाँ ले गया, जहाँ वामी थी उसने वह वामी मदन (प्रद्युम्न) को दिखाई और फिर बोला—"हे मदन, सुनो इस निकेतन को देखो। इस वामी पर जो नरवर चढ़ता है, वह क्षण भर में सम्पत्तिधारी हो जाता है। उस वचन को सुनकर रण में अजेय वह मदन प्रहसित वदन हुआ। वह संघटित (तैयार) होकर उसी क्षण दौड़कर सहज ही में उस पर चढ़ गया। उस वामी में सर्प रूप देव था। उसने उसका अपने पैरों से ताडन किया और उसे पृथिवी पर पटक दिया। तब उस श्री मणिधर सर्प देव ने असि, नपक (म्यान), सुरत्न एवं कवच भेंट में दिये। उज्ज्वल स्फुरायमान काम की अँगूठी और लहलहाती, मानों यम की जीभ हो, ऐसी छुरी भी लाकर प्रदान की। इस प्रकार सब देकर, विजन स्थान देखकर वह अहिदेव सम्मुख आया और बोला—"मुझे आश्वासन (आशीष) दो, मैं आपका दास हूँ, मैं सेवा करूँगा।" पुनः गजदेव का रिपु वह प्रद्युम्न देवों के निवास स्थल सुन्दर उस शल्यकगिरि पर गया जो देवों से क्रीडित था तथा जहाँ एक महासुर रहता था। दिग्गज के समान वह मदन (अपने भाइयों के साथ) वहाँ पहुँचा।

घत्ता— वहाँ पहुँचते ही वह वज्रदन्त बोला—"इस गिरिवर के मस्तक पर चढ़कर जो महाशब्द करेगा वह अनेक शुभ-सम्पत्तियों का स्वामी होगा।" ।। 134।।

---

(10) 3. अ पविरयणा। 4. अ. मज्झाय। 5-6. अ. प्रति में नहीं है।
7-8. अ. प्रति में नहीं है। 9. ब प्रति में नहीं है। 10. ब. चडिवि।

(11)

इमं सुणेवि सो तहिं चडिण्णिऊ चडेवि तेत्थु वाहु फोडु दिण्णउ।
पुणो[1] महारओ करेवि उट्ठिओ[2] णहम्मि ता पडीरवो समुट्ठिओ।
सुणेवि तं महासुरो पधाइओ जहिं कुमारु झत्तिं तं पराइओ।
भिडेवि वाहु जुज्झि तेत्थु खित्तओ झडत्ति रूविणी-सुएण जित्तओ।
भयावि तेण[1] तस्स[2] दिण्ण अंगयं[3] जुवं पुणो वि कंकणाण चंगयं।
सुवत्थ-हारु सार-सारु-[4]सेहरो किओ सुरेहिं णिब्भरो महायरो।
सराव-[5]सेलयं मुएवि आविओ पुणो वराहँ[6] सेलु तस्स दाविओ।
इमस्स पव्वयस्स[7] ओह सम्मुहा णियत्थु भो कुमार दीसए गुहा।
जहिं गुमगुमंत-मत्त-छप्पया तहिं विसेय तस्स [3]चारु-संपया।

घत्ता— तक्खणेण पयट्ठउ मयणु तहिं जहिं वराह रूवेण अमरु।
आढत्तु तेण रूविणि सुण्ण समुहँ तेण वि सहुँ समरु।। 135।।

---

(11)

कुमार प्रद्युम्न को महासुर ने अंगद, कंकण-युगल, सुवस्त्र, हार एवं मुकुट भेंट स्वरूप दिये

यह सुनकर वह कुमार उस गिरि पर चढ़ गया। वहाँ चढ़कर उसने बाहु के स्फोट किये (अपनी भुजाओं को ठोका)। पुनः महाशब्द करके वहाँ से उठ खड़ा हुआ। आकाश में उस महाशब्द की बड़ी प्रतिध्वनि उठी। उस शब्द को सुनकर वहाँ का रक्षक महासुर उस ओर दौड़ा, जहाँ कुमार था, वह वहाँ शीघ्र ही आया। बाहुओं से युद्ध में भिड़कर उस रूपिणि पुत्र कुमार ने उस महासुर-देव को वहाँ से फेंक दिया और झट से उसको जीत लिया। भयान्वित उस देव ने कुमार को अंगद (गदा) और सुन्दर कंकण युगल भेंट में दिया, साथ ही सुन्दर वस्त्र, हार और सब में सारभूत शेखर भी दिया। इस प्रकार उस देव ने उसका महान् आदर किया।

वह कुमार जब शल्यकगिरि (शराव पर्वत) को छोड़कर आ गया तब उन कुमारों ने पुनः उस प्रद्युम्न को वराह शैल (शूकराकार पर्वत) दिखाया और कहा—"हे कुमार, इस पर्वत के सम्मुख देखो, उसके समीप जहाँ भौरे गुनगुना रहे हैं, उस गुफा को देखो उसमें जो प्रवेश करता है, उसको सुन्दर सम्पदा मिलती है।

घत्ता— तत्क्षण वह मदन वहाँ चला, जहाँ वराह वेशधारी देव रहता था। उसने रूपिणी सुत उस कुमार को घेर लिया, तब कुमार ने भी उसके साथ युद्ध किया। ।। 135।।

---

(11) 1-2. अ. प्रति में 'रओ करेवि बालु संठिउ'। 3. अ. वास।

(11) (1) असुरेण। (2) प्रदिमनस्य। (3) गदं। (4) सामसारी।
(5) सरावपर्वतात्। (6) सूकराकार। (7) समंतात प्रत्यक्षीभूतः।

(12)

हर-गल अलि-कज्जल कसण-काउ पंचाणणु इव घणघोण राउ।
दुव्विसह णिसिय दाढा-करालु वायर-खर खंधुद्धुसिय वालु।
[1]संकंतु ढुक्कु हरिणंदणासु फणि-असुर-जक्ख रणे मद्दणासु।
किर संगरि भिडइ ण भिडइ जाम मयणेण वि चलण-हणेवि ताम।
अछोडहु किर आढत्तु सिलहिं पच्चक्खु जक्खु तहो जांउ इलहिं।
तिणि तूसिवि अप्पिउ पुप्फ-चाउ पुणु विजय-संखु तिहु वण-णिणाउ।
अवरूवि पडिवण्णउँ किंकरत्तु पुणरवि कुमारु तहो पासु पत्तु।
खल-खुद्द-पिसुण जे दुट्ठ-सील जाणंतवि रूविणि-सुयहो लील।
ण मुणंति तो वि स-सहाउ घिट्ठ ता कहिउ पयोवणु[1] सुणि कणिट्ठ[2]।

घत्ता— उहु दीसइ दूरत्थ तहि पइसेवि जो खणु रहइ।
अमराहिवहु समाणु सो संपय अविचलु लहइ।। 136।।

---

(12)

कुमार प्रद्युम्न को वराह-देव द्वारा पुष्पचाप एवं विजय शंख प्रदान

उस वराह-देव का शरीर महादेव के कण्ठ एवं भ्रमर तथा काजल के समान अत्यन्त काला था। वह सिंह के समान घनघोर गर्जना करने वाला था। दुस्सह, तीक्ष्ण दाढ़वाला था, बादर (मोटे), खर (तीखे रूखे) स्कन्ध तक घुसे बाल वाला था। फणी, असुर एवं यक्षों का रण में मर्दन करने वाले उस हरिनन्दन से शंका करता हुआ वह वराह, उस कुमार के पास आया। पुनः जब वह "युद्ध में इससे भिड़ूँ या नहीं "ऐसा सोच रहा था, तभी मदन ने उसे लात मारी और जब शिला पर ला पटका तभी वह (रूप बदलकर) यक्ष (के रूप में) भूमि पर प्रत्यक्ष हुआ। उस यक्ष ने सन्तोष कर उसे पुष्पचाप अर्पण किया। पुनः त्रिभुवन में निनाद ध्वनि करने वाला विजयशंख देकर उसका किंकरपना भी स्वीकार किया।

वह कुमार वहाँ से लौटकर पुनः वज्रदन्त के पास आ गया। वे सभी पुत्र तो खल, क्षुद्र एवं दुष्ट थे। रूपिणी-सुत की लीला को जानते हुए भी वे अपने धृष्ट स्वभाववश नहीं माने और उन्होंने एक पयोवन की बात उससे कही कि—"हे कनिष्ठ (लघु कुमार) सुनो—

घत्ता— "दूरी पर वह जो दिखायी देता है, उसमें प्रवेश कर जो क्षण भर तक वहाँ ठहरेगा। वह अमराधिप इन्द्र के समान ही अविचल सम्पत्ति प्राप्त करता है।"।। 136।।

---

(12) 1. अ. रुंजं; ब. रुंकं।

(12) (1) पयोवन नामेदं। (2) हे प्रद्युम्न।

(13)

जहिं मयारि भीसणा मुहोवमुक्क णीसणा।
गिरिंद भित्ति दारणा भमंत मत्त-दारणा।
स-रिंछ-चित्त-आउलं अणेय-कोल-संकुलं।
पवुक्करंत-वाणरं विचित्त कोइला-सरं।
तरुवरेहिं जं घणं कुमारु[1] तं पयोवणं।
पयट्ठु झत्ति जामहिं णिहालएइ तामहिं[2]।
मणोजवाहि[3] हाणओ खगो खगप्पहाणओ।
छलेण केण लद्धउ तरु समाणु वद्धउ।
णिएवि सो कुमारिणा सुतिक्ख-सत्थ धारिणा।
झडत्ति बंध छिण्णओ सो धाइउ पइण्णओ।
खगो-वसंतु जाणिओ पवंधिऊण आणिओ।

घत्ता— पुणु जंपिउ मणवेउ महो एमहि दय किज्जउ।
जण्ण णमिउ[4] सहसत्ति तं [1]पहु सयलु खमिज्जउ।। 137।।

---

(13)

पयोवन का वर्णन, वसन्त नामक विद्याधर मनोजव विद्याधर को बाँध लेता है किन्तु कुमार प्रद्युम्न उसे बन्धन मुक्त कर देता है

उस पयोवन में भीषण मृगारि थे, जो मुख से गर्जना छोड़ रहे थे। वहाँ वन में गिरीन्द्र रूपी भित्ति को विदारने वाले घूमते हुए मत्त गज थे, चित्त को आकुल करने वाले रीछों तथा अनेक कोलों (वराहों) से संकुल (व्याप्त) था, जो वुकरते हुए वानरों तथा कोकिलों के स्वरों से विचित्र था, जो घने वृक्ष-समूह से ढँका था, उस पयोवन में कुमार प्रद्युम्न ने वेगपूर्वक जब प्रवेश किया, तभी वह देखता है कि खगों में प्रधान मनोजव नामके खग को छल से कोई पकड़ लाया है और उसे वृक्ष से बाँध दिया है। सुतीक्ष्ण शस्त्रधारी कुमार ने जब उस खग को देखा, तब झट से उसके बन्धन काट दिये। वह खग भी बड़े वेग से दौड़कर भाग गया। वसन्त नामके खग ने जब जाना कि मनोजव भाग गया है, तब वह उसके पीछे भागा फिर मनोजव उसको बाँध कर ले आया।

घत्ता— इस पर मनोवेग (मनोजव) ने कहा—"मुझ पर अब दया कीजिए, जो मैंने सहसा नमस्कार नहीं किया, हे प्रभो, उन सभी (भूलों) को क्षमा कीजिए।"।। 137।।

---

(13) 1 अ. म.।

(13) (1) प्रद्युम्नः। (2) तावत्कालं। (3) मनोवेग नाम। (4) न नमस्कारहूतं।

(14)

उवयारिहिं जं ण किउ महायरु तं हउँ पणय महाभय-कायरु।
एहु वसंतु णाम विज्जाहरु मइँ छलेण वंधिवि चल्लिउ घरु।
तुम्हइँ महो भुअ वंध पमुक्कउ हउँ पुणु आयहो पुट्ठिहिं ढुक्कउ।
एमहि मइमि धरिउ खलु जाणिउ बंधिवि तुम्हहँ पासु पराणिउ।
एण[1] कज्जेण हुवउ वडं[1]तरु हउँ पुणु देव तुहारउ किंकरु[2]।
एउ भणेवि दिण्णउ बे विज्जउ जयसारियउ णिरु वि णिरवज्जिउ।
अवरु वि इंदजालु जणमोहणु सुरवर-णर-खेयर संखोहणु।
पुणु मयणइँ वसंतु मेल्लाविउ दोहिंमि तह खंतव्वु करावित।
णव-जोव्वण जं ण णयणाणंदणि दिण्ण वसंतेण वि णिय णंदणि।

घत्ता— सा परिणेवि कुमारु छुडुवि विणिग्गउ जामहिं।
अज्जुण-वणु णिव-सुवहि [2]पुणु संभाविउ तामहिं।। 138।।

(15)

तहिं अज्जुण-वणे संपत्तउ खणे।

---

(14)

कुमार प्रद्युम्न को विद्याधर मनोजव ने जयसारी एवं इन्द्रजाल विद्याएँ एवं विद्याधर वसन्त ने अपनी पुत्री नन्दनी का उसके साथ विवाह कर दिया

—"महाभय से कायर मैं उपकारी का महादर नहीं कर पाया, अब मैं उसे प्रणत होता हूँ। यह वसन्त नामका विद्याधर है जो छल से मुझे बाँधकर घर चला गया था। हे महाभुज आपने मुझे बन्धन से छुड़ाया है पुनः मैं उसके पीछे गया और अब मैंने भी उसे दुष्ट जानकर पकड़ लिया है और बाँध कर आपके पास लाया हूँ। इस कार्य में बहुत अन्तर (विलम्ब) हो गया। हे देव, अब मैं आपका किंकर हो गया हूँ।" ऐसा कहकर उस मनोजव ने उसे दो विद्याएँ दीं। एक तो निर्दोष जयसारी विद्या और दूसरी जन-मन-मोहिनी, सुर, नर एवं खेचरों को क्षुब्ध करने वाली इन्द्रजाल विद्या। पुनः मदन ने वसन्त को छुड़ाया और दोनों में क्षमाभाव करवाया। वसन्त (विद्याधर) ने भी नवयौवना, जगत् के नेत्रों को आनन्दित करनेवाली अपनी नन्दिनी नामकी पुत्री कुमार प्रद्युम्न को सौंप दी।

घत्ता— कुमार ने उस कन्या को परण लिया और वह जब वहाँ से शीघ्र ही चला तब पुनः उन सब राजपुत्रों ने उसे अर्जुन वन बताया।। 138।।

(15)

कुमार प्रद्युम्न को अर्जुनवन के यक्ष द्वारा पंचबाण युक्त पुष्प-धनुष, भीमासुर द्वारा पुष्प-शैया एवं पुष्प-छत्र की भेंट

तब वह कुमार क्षण भर में, उस अर्जुन-वन में पहुँचा तो उसके वन-रक्षक यक्ष ने उसे हलकारा। उन दोनों

---

(14) 1. ब. हुं। 2. अ तहो।

(14) (1) अंतरपंडितः नमस्कारे। (2) निःपापः।

तो वण-रक्खइ हक्किउ जक्खइँ।
हुउ तहिं संगरु णिरु [1]साहिय करु।
जक्खु वि जित्तउ महियले खित्तउ।
तेण कुमारहो तिहुवण सारहो।
दिण्णु पुप्फ-धणु जिणइ जु तिहुवणु।
सहुं कुसुम-सरहिं कय[1] जय पसरहिं।
तं गेण्हिवि खणे भीम-महावणे।
जहिं भा-भासुरु भीम-महासुरु।
तहो[2] विरय विसमु पयडिवि विक्कमु।
पुणु पाविउ लहु कुसुम-सयण सुहु।
आयव-वारणु कुसुम-घणाघणु।
जं चिंतइं खलु किंपि अमंगलु।
तंपि सुमंगलु मणइंछिउ फलु।
होइ अणंगहो हय-भय-भंगहो[3]।

घत्ता— पुणु विउल-वणहो संचालियउ मयणु तेहिं खेयर-सुयहिं।
इह [2]पइसंतहो संपय पवर जंपिउ उच्चाइय भुवहिं।। 139।।

में संगर युद्ध हुआ। सधे हुए हाथों वाले कुमार ने यक्ष को जीत लिया और (उठा कर) पृथिवी पर फेंक दिया तब उस यक्ष ने त्रिभुवन में सार उस कुमार को जगत् में जय का प्रसार करने वाले पंचबाणों के साथ पुष्प-धनुष दिया जो त्रिभुवन को जीतने वाला था। उस धनुष को ग्रहण कर वह कुमार भीम नामक महावन में पहुँचा। जहाँ प्रभा से भास्वर भीम नामका महासुर रहता था। उस भीमासुर को हराकर (प्रद्युम्न ने) अपने पराक्रम को प्रकट किया। उस यक्ष से भी शीघ्र ही कुमार ने सुख देने वाली पुष्प शैया प्राप्त की। गर्मी-वर्षा को रोकने वाला पुष्प-छत्र प्राप्त किया (प्रदान करते समय उस यक्ष ने कहा—भय-भंग से रहित यह अनंगकुमार) उस घनाघन कुसुम-छत्र से मन में जो सोचेगा वही मनवांछित फल पायेगा, यदि अमंगल होगा तो वह सुमंगल में ही बदल जायेगा।

घत्ता— पुनः वे खेचर पुत्र उस कुमार को विपुलवन की ओर ले गये और उन्होंने अपने हाथ ऊपर उठाकर कहा—"जो इस वन में प्रवेश करेगा, वह प्रवर सम्पत्ति प्राप्त करेगा।"।। 139।।

---

(15) 1. अ. वा°। 2. अ. ब. °सइतहो।

(15) (1) जगत्रये। (2) भीमस्य। (3) भयभेद।

(16)

तं णिसुणेविणु तहि मि पइट्ठिउ जहिं जियंतु गिरिवरु पसिद्धउ।
जो[1] फणि-गण-खयरामर भणहरु पालिय सवण-संघु णं गणहरु।
णव-पल्लव-घण-दुमहिं समिद्धउ कप्पंघिउ[2] व कुसुम-फल रिद्धउ।
तहो[3] तले कुम्म-मयर-झस संगिणि पवहइ विमल तरंग-तरंगिणि।
तहिं सुणियड[1] तमाल तरुवर तले ससि-किरणुज्जल फलिह-सिलायले।
तहिं उवविट्ठ-दिट्ठ एक्कलिय तरुणि तरुण-जण[2]-मणसर-भल्लिय।
लच्छिव पोमासणे सुपरिट्ठिय अक्खमाल [3]कर-कमला[4]हिट्ठिय।
वर अंगुलि-मणिगणु ढालंतिय फुरियारुण विभाइ णह-पंतिय।
धवलुज्जल वर-वत्थ णियच्छिय कय णासग्ग-दिट्ठि सुविसट्ठिय।
सा पेच्छवि भयणु विंभउ मणे भणिउ वसंत-खयरु तें तक्खणे।

घत्ता— लायणु-वणु जोव्वणु वि एहु[4] पुहविहि अण्णु ण णारिहि।
णउ दीसइ इहु सरि सग्ग लउ जण-मण-णयण पियारिहि।। 140।।

---

(16)

कुमार प्रद्युम्न विपुलवन में एक लावण्यमती तरुणी को देखता है

विद्याधर भाइयों का कथन सुनकर कुमार ने उस वन में प्रवेश किया, जहाँ का जयन्तगिरि सुप्रसिद्ध है। वह पर्वत फणिगण, खचर एवं अमरों का उसी प्रकार पालन करता है जिस प्रकार गणधर श्रमण-संघ का पालन करता है। वह विपुलवन नव-पल्लवों वाले सघन वृक्षों से समृद्ध एवं पुष्प, फलों से समृद्ध था, ऐसा प्रतीत होता था, मानों वह वन कल्पवृक्षों से ही युक्त हो।

उस पर्वत के तले कूर्म (कछुवा), मगर एवं झष (मत्स्य) से युक्त विमल तरंग वाली तरंगिणी नदी बहती है। उसी के तट पर तमाल-वृक्ष के नीचे शशि किरण के समान उज्ज्वल एक स्फटिक शिला तल पर अकेली बैठी, तरुण जनों के मन में बाण भेदने वाली लक्ष्मी के समान पद्मासन पर स्थित, अपने कर-कमलों में अक्षमाल धारण किये हुए, उत्तम अंगुली से मणिगण को ढालती हुई (अर्थात् मणिमाला जपती हुई), स्फुरायमान, अरुणाभ नख-पंक्ति से विभूषित धवल, उज्ज्वल, श्रेष्ठ वस्त्रों से वेष्टित विशेष प्रकार से नासाग्र दृष्टि किये हुए एक तरुणी को देखा। उसे देखकर वह मदनकुमार अपने मन में विस्मित हुआ और वसन्त-विद्याधर से तत्काल बोला—

घत्ता— यौवन एवं लावण्य समूह में इस तरुणी के समान पृथिवी पर अन्य नारी नहीं है। लोगों के नेत्र एवं मन को प्रिय लगने वाली इस तरुणी के समान स्वर्ग में भी कोई दिखायी नहीं देता।"।। 140।।

---

(16) 1. ब. रु। 2. अ ×। 3-4. अ.×।

(16) (1) पर्वतः। (2) कल्पवृक्षवत्। (3) पर्वतस्य। (4) एषः।

अवहट्टय

(17)

सुलक्खणा सुंदरि पंकयाणणा कुरंग-डिंभादि ससुक्ख भायणा।
घणुव्व पीणत्थण मज्झ खामिया णियंव-भारेण सुहाइ[1] णामिया।
टसत्ति भज्जंति [1]सुणेवि भाइणा सुणाहि देसम्मि कयं विहाइणा[2]।
सिणद्ध-रोमावलि थंभ-संचयं णिवद्ध णं गुज्झ पवसि संचयं।
5 तमाल-लीलालि सुणिद्ध-केसिणी णवल्ल-वाला सुणवल्ल-वासिणी।
णवल्ल-झाणम्मि वणे परिट्ठिया णवज्जु-वाणेण सरेण दिट्ठिया।
मयंधलीलालस इब्भ-गामिणी किं अच्छरा रंभ सुरिंद भामिणी।
मणुब्भवो किं भव-चक्खु[3] भीअवो सुवित्थि रूवें णवइच्छ आइओ।
इमीसु वासस्स संमाण[4] कारणे चरेय-चंदायणयं णहंगणे।
10 किमंपि वट्ठेइ किमंपि झिज्जए सकालिमा तेण ससि समज्जए।
पहुल्ल-राईव समाणु वत्तउ पपुच्छिउ तेण खगो-वसंतउ।
ठिया वणंते ललणाअ कंदरी अणोव्वमा पेच्छय णंति सुंदरी।

---

(17)

तरुणी का नख-शिख वर्णन एवं उस पर प्रद्युम्न आकर्षित होकर उसके साथ विवाह करने की प्रतिज्ञा करता है

अवहट्टय — सुलक्षणा, पंकजानना, मृगशिशु के साथ सुखपूर्वक रहने वाली घन के समान कठोर एवं सुपुष्ट स्तनवाली, क्षीण कटि वाली, नितम्ब-भार से नम्र होने के कारण सुन्दर लगने वाली, (कटि भाग के) टस-टस कर टूटती हुई, सुनकर भ्राता, विधाता ने सुन्दरनाभि प्रदेश की रचनाकर उसमें आगे स्निग्ध रोमावलि जटित (दो पैर रूपी) स्तम्भ-संचय किया, मानों गुह्य-प्रदेश का उससे निबन्धन ही कर दिया हो। तमाल वृक्ष की लीला (शोभा) एवं भ्रमर के समान काले केश वाली, नई नवेली सुन्दर नवीन वस्त्र धारिणी, निश्चल ध्यान में मग्न होकर वह (तरुणी) वन में बैठी थी। उसे नवयौवन वाले कामदेव— प्रद्युम्न ने देखा और मन में विचार करने लगा कि "मदोन्मत्त हाथी के समान लीलापूर्वक चलने वाली वह कोई अप्सरा है, या रम्भा अथवा सुरेन्द्र की भामिनी? वह मनुष्य से उत्पन्न है अथवा महादेव के नेत्र से? अथवा शची ही इस नवेली के रूप में यहाँ आ गयी है?

इस सुगन्धिनी (पद्मिनी वर्ण की श्रेष्ठ) तरुणी के सम्मान के लिये ही मानों चन्द्रमा नभरूपी आँगन की परिक्रमा किया करता है। वह (चन्द्रमा) कभी तो (उस तरुणी को देखकर हर्ष अथवा विषाद के कारण) बढ़ता है और कभी क्षीण हो जाता है। (उसके लावण्य से विषाद युक्त होकर) मानों चन्द्रमा ने उसीसे कालिमा अर्जित कर ली है।"

उस तरुणी का मुख पृथुल राजीव के समान था। उसे देखकर उस प्रद्युम्न ने विद्याधर वसन्त से पूछा—"वन के अन्तिम भाग में स्थित अनुपम यह ललना कौन है? जो देखने में स्वर्ग सुन्दरी जैसी लगती है?" (यह सुनकर—)

---

(17) 1. अ. °मु।

(17) (1) शोभते। (2) विधणा। (3) ईश्वरनेत्रा। (4) सन्मानकरणे।

कहइ वसंतु णिसुणि पहु वम्महं सुर-णर-विसहर व रण दुम्महं।
मरगय-मणि-समूह सिहरट्ढहो इह दाहिण-सेढिहि वेयड्ढहो।
सरि-सरवर-उववणे विंभिय सुरु अत्थि रयणसंचउ णामे पुरु।
तहिं विज्जाहरवइ मारुवजउ वाउवय देविहे कय[5] सुहसउ।
इह पुणु ताहे दुहिय णामइ रइ वियसिय कमलाणण पाडलगइ।
वणे पइसिवि णणट्ठिय अच्छइ वरु मयरद्धउ कोवि समिच्छइ।
पुणु पज्जुण्णु वि भणिउ वसंतइं तहिं पिहुलवणे वसंतई[6] संतइं।
इह रह तुहुं जि देव मयरद्धउ आयइं[7] तव-झाणहो फलु लद्धउ।
पाणिग्गहणु कुणहि म चिरावहि णिय-सामग्गि पुरंधिहि दावहिं।
परिणेसमि भणेवि गउ तेत्तहिं राउ कालसंवरु थिउ जत्तहिं।
ता तक्खणे मंडउ तिणि रइयउ विज्जामउ दिव्ववरु छइयउ।

घत्ता— रायइं सिरेण णमंतु पेच्छिवि णयणाणंदणु।
वइसारिउ उच्छंगि सिरि चुंविवि णिय णंदणु।। 141।।

वसन्त ने कहा—"सुर, नर एवं विषधरों के रण में दुर्मथ, काम-प्रभो सुनिए—"मरकत मणि समूह की शिखरों से आढ्य इस विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी में नदी सरोवर एवं उपवनों से देवों को विस्मित करने वाला रत्नसंचयपुर नामका एक पुर है।

वहाँ विद्याधरों का पति मारुवजय (मरुद्वेग) नामका राजा राज्य करता था। उसकी सैकड़ों प्रकार के सुख देने वाली देवी का नाम वायुवेगा था। उस रानी की विकसित कमल के समान मुख वाली तथा पाटल गतिवाली रतिनाम की पुत्री थी। वही इस पृथुलवन में प्रवेश कर तथा यहाँ रहती हुई वह किसी मकरध्वज नामक वर की प्राप्ति की कामना में ध्यान में अवस्थित है। पुन: वसन्त ने प्रद्युम्न से कहा—"हे देव यही वह रति है और आप हैं वही मकरध्वज। आप आ गये हैं, उसने आपके रूप में अपने ध्यान का फल पा लिया है। अत: अब इसके साथ पाणिग्रहण कीजिए, देर मत लगाइए। अपनी (इस कन्या रूपी) सामग्री को पुरन्ध्रियों द्वारा दिलवाता हूँ।" "मैं विवाहूँगा।" इस प्रकार प्रतिज्ञा कर वह कुमार वहाँ गया जहाँ कालसंवर राजा स्थित था। उसी समय उस विद्याधर वसन्त ने मण्डप की रचना की तथा उसे विद्यामय दिव्याम्बरों से आच्छादित कर दिया।

घत्ता— राजा ने सिर झुकाये हुए नयनानन्दकारी अपने उस नन्दन प्रद्युम्न को देखकर उसका माथा चूम कर उसे गोद में बैठा लिया।। 141।।

---

(17) (5) सुखसत:। (6) तिष्टनमन। (7) अनया।

(18)

करेवि पसंसण मुहुं जोवंतइं पुणु पमणिउं कंचण [1]पह कंतइं।
जाहि भयण णिय जणणिहिं राउले कणय-कलस सउहलयर माउल।
ता संचलिउ तहिमि पिय-वयणइं जायवि-जणणि णमंसिय भयणइं।
सो वि णिहालिवि णयण विसालइं दिण्णासीसइं कंचणमालए।
चिंतिउ इह रज्जइ किं किज्जइ जहि ण कुमारु एहु माणिज्जइ।
णव-जुवाणु वहु लक्खण भरियउ अवरु वि मयक्खिउ अवयरियउ।
वरविज्जउ साहिवि संपायउ सरसु अणंगु सल[2]क्खल कायउ।
एहु रमंतहं णवि काइम छलु रममि लेमि हउ-हउ संसारहो फलु।
एउ चिंतंतहिं भणिउ कुमारइँ पुरिसोत्तम तणयइँ णर सारइँ।
णिय आवास जामि जइ वोल्लहिं दे आएसु अम्मि मोकल्लहिं[(1)]।

घत्ता— ता जंपिउ लज्ज परव्वसए घरु जाएवि लहु आवहि।
णवि फिट्टइ उव्वाहु लहु सुंदर तहिं म चिरावहि।। 142।।

---

(18)

(धर्ममाता) कंचनप्रभा की (धर्मपुत्र) प्रद्युम्न के प्रति प्रबल काम-भावना

राजा कालसंवर ने नन्दन—प्रद्युम्न के स्वर्ण की प्रभा के समान कान्ति वाले मुख की ओर देखते हुए प्रशंसा कर पुन: कहा—"हे मदन, राजकुल (अन्त:पुर) में रमाओं से व्याप्त कनक कलश वाले सौधतल में अपनी माता के पास चले जाओ।" पिता के वचन सुनकर वह उस भवन में चला और वहाँ जाकर उसने जननी को नमस्कार किया। कंचनमाला ने नयनविशाल उस मदन को देखकर आशीष तो दी किन्तु वह मन में विचार करने लगी कि—"इस राज्य का क्या किया जायेगा, यदि यह कुमार (मुझे) स्वीकार न करे? यह कुमार अभी नवयुवक है, अनेक लक्षणों से भरा-पूरा है और भी, कि इसमें मकरवेग (काम का वेग) उतर आया है, विविध विद्याएँ साध कर आया है, यह सरस अनंग श्लक्षण (चिक्कण) काय वाला है, अत: इससे रमते हुए मैं कोई भी छल नहीं करूँगी। मैं इससे रमूँगी और संसार का फल लूँगी।" अपने मन में इस प्रकार के विचार करने वाली उस रानी से पुरुषोत्तम के तनय नरेन्द्र उस कुमार ने पूछा—"यदि आप बोलें तो मैं अपने आवास को चला जाऊँ। हे माता, आदेश देकर मुझे छोड़ दीजिए।"

घत्ता— तब लज्जा से परवश होकर वह (रानी) बोली—"हे सुन्दर, घर जाकर भी शीघ्र चले आना। वहाँ देर मत लगाना। मेरा शीघ्र ही उद्वाह (भोग) करो, अब वह (मेरा राग) छूटेगा नहीं।"।। 142।।

---

(18) 1. अ. सम०। 2. अ सभक्खण।

(18) (1) हे कुमार तव विद्याबल समृद्धस्य अस्मादृशै: मनुष्यै: किं आदेशंदातु गम्यं भवति अपितु नमसचेष्टांत्वंकितजानासि।

(19)

गउ णिय णिलउ कुसुमसरु जामहिं तल्लोबेल्लि छुट्टि तहे तामहिं।
दरकारहु णिय धाइ पएसिय भणिउँ माइ तहो जाहि गवेसिय।
लहु आणहिं मणसिउ म चिरावहि सो कुसुमसरु तुरिउ महु दाविहु।
ता जाइवि धाइएँ बोलिज्जइ तुह मइरिहे किंपि ण मुणिज्जइ।
असुहत्थी कलमलउ पयट्टइ तल्लोवेल्लि सरीरहो वट्टइ।
तुहुमि अणेय[1] पमेय वियक्खणु चट्ठ णिहालहि तहिं जाइवि खणु।
मणसिउ-मणे चिंतइ किं कारणु जणणिहिं तणउँ सिग्घु हक्कारणु।
एउ चिंतिवि पुणु तहिमि पहुत्तउ अम्मि देहि आएसु पवुत्तउ।

घत्ता— जंपइ कंचणमाल जोव्वण-रूव-समिद्धहो।
गण्णु कोइ अम्हारिसहिं तुहु विज्जावल सिद्धहो।। 143।।

इय पज्जुण्ण कहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए कइ सिद्ध विरइयाए [1]कुमार बहु विज्जालाभ माताभिलाष वन्नण णाम[2] अट्ठमी संधी परिसमत्तो।। संधी: 8।। छ।।

---

(19)

कामविह्वल होकर कंचनमाला कुमार प्रद्युम्न को दूती द्वारा अपने निवास पर बुलाती है

जब वह कुसुमशर मदन अपने निलय को चला गया तब उस रानी (के मन) में बड़ी तड़फड़ी छूटी। देर करने वाले उस मदन के पास उसने अपनी धाय भेजी। उसे माता—रानी ने आदेश दिया कि—"तू उस मनसिज—मदन को शीघ्र ही ले आ, देर मतकर, उस कुसुमशर को तुरन्त ही मेरे सामने ला दे।"

तब जाकर उस धाय ने (उस मदन से) कहा—"तुम्हारी माता को कुछ भी अच्छा नहीं लगता। वह अत्यन्त व्याकुल होकर कलमला रही है। उसके शरीर में बड़ी तड़फन हो रही है। तुम अनेक प्रमेयों में (विषयों में) विचक्षण हो।

अत: चट से क्षण भर में पहुँच कर उसे देख लो। "यह सुनकर वह मनसिज अपने मन में विचारने लगा—"क्या कारण है, माता का शीघ्र ही बुलवाने का?"

ऐसा चिन्तन कर वह पुन: माता के पास पहुँचा और बोला—"हे माता मुझे आदेश दीजिए।"

घत्ता— कंचनमाला यौवन एवं रूप से समृद्ध विद्या और बल से सिद्ध उस कुमार से बोली—"तुम्हारे मन में हम जैसी महिलाओं की क्या गिनती?"।। 143।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली सिद्ध कवि द्वारा विरचित प्रद्युम्न कथा में कुमार द्वारा बहु-विद्या-लाभ एवं माता की विषयाभिलाषा सम्बन्धी वर्णन करने वाली **आठवीं सन्धि समाप्त** हुई।। सन्धि: 8।। छ।।

---

(19) 1.2. अ.×।

(19) (1) प्रमाण।

णवमी संधी

(1)

पुणु हरि-णंदणेण, [1]अरिमद्दणेण[2] वज्जरिउ माइ अणजुत्तउ।
जं पइँ [3]जंपियउ [4]महो कंपियउ[5] तेण वयणें हियउ णिरुत्तउ।। छ।।

खंडयं—

हउँ तुव अम्मि पेसणो रायसासणो कहहि कहमि भुल्लो।
जइवि पयंपि जणियउ करमि भणियउ तुज्झु भिच्च तुल्लो।। छ।।

तं णिसुणिवि चल-लोयण विसाल विसेविणु पभणइ कणयमाल।
भो-भो सुंदर पुक्खर-दलक्ख भो मयरकेय दक्खाण-दक्ख।
महो मणहं पियारउ कुणहि कज्जु जेम तो भुंजावमि सयलु रज्जु।
तं आयण्णिवि पज्जुण्णु चवइ चिरु-जीवउ पहु संवरु णिवइ।
तुहुँ जणणि भुवणे सो जणणु जासु किं रज्जे महु फलु अहिउ तासु।
इउ जंपिवि पुणु उट्ठिउ तुरंतु गउ सणिहेलणु मणि-गण फुरंतु।

नवमी सन्धि

(1)

रानी कनकमाला (कंचनप्रभा) की कामावस्थाएँ। कुमार प्रद्युम्न किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो जाता है

पुन: अरिमर्दन हरिनन्दन ने कहा—"हे माता, आपने जो कहा, वह अनुपयुक्त है। आपके इन वचनों से मेरा हृदय अत्यन्त काँप रहा है।। छ।।

स्कन्धक— हे अम्बे, मैं तो आपका प्रेषण (दास) हूँ। राजशासन (आज्ञा) कहिए (उसे पालूँगा)। मैं आपको भूल कैसे सकता हूँ।" यद्यपि आपने मुझे जन्म दिया है। तो भी मैं आपके वचनों का पालन भृत्य के समान करता हूँ।। छ।।

उसको सुनकर विशाल एवं चंचल लोचनवाली वह रानी कनकमाला हँसकर बोली—"हे सुन्दर, हे कमलदलाक्ष, हे दक्षों के दक्ष, हे मकरकेतु, मेरे मन को प्रिय लगने वाला कार्य करो। जिससे कि मैं तुम्हें समस्त राज्य को भोग करा सकूँ।" यह सुनकर प्रद्युम्न बोला— प्रभु कालसंवर नृपति चिरकाल तक जिएँ, इस लोक में जिसकी तुम जैसी माता और कालसंवर जैसा पिता है, उसके राज्य में मुझे और अधिक फल क्या हो सकता है?" इस प्रकार कहकर और उस रानी की अवहेलना कर मणिगणों से स्फुरायमान वह कुमार तुरन्त उठा और अपने निवास स्थान पर चला गया।

---

(1) 1-2. अ.×। 3. अ. कं। 4-5. अ.×।

ता तहि विरहाणलु तवइ अंगि हुव-झत्ति सरीरहो अवर भंगि।
णियमणे चिंतंतिहे कुसुमवाणु मुहु सुसइ-खसइ एक्कक्क पाणु।
तणु डाहु-कंपु-णिस्सास-सुवइँ पस्सेउ पवरु परियणहो कुवइँ।
मलयाणिलु-सीयलु कमल-सयणु जलसिंचणु-चामर-चारु पवणु।
15 घणसारु-हारु-चंदण जलद्दु ण सुहाइ मयच्छिहे किं पि भद्दु।
इसीसि सुहुमु पुणु सावि भणइ पज्जुण्णु सरीरहो चेट्ठ मुणइ।

घत्ता— पुणु धाइय तुरिउ विंभिय भरिउ जाएवि पज्जुण्णहो बोल्लिउ।
तुह जणिहिं तणउँ अइ छण-छणिउँ सुणि कुमार तणु डोल्लिउ।। 144।।

(2)

खंडयं—

तं णिसुणेवि सुंदरो जो विहुरम्मि अकंदरो।
जं खयरामर मणहरं पुणु आयउ मायाहरं।। छ।।

तहिं आएवि जाम उवविट्ठउ विज्जाहरइँ कुसुमसरु दिट्ठउ।
हाव-भाव-विब्भम दरिसंतिए वोल्लाविउ विवरे रएं भंतिए।

तब उस रानी के अंगों में विरहानल तपने लगा और शीघ्र ही उसके शरीर का भंग होने लगा (अर्थात् शरीर टूटने लगा)। वह विरहिणी अपने मन में उस कुसुमबाण—प्रद्युम्न का चिन्तन करने लगी। उसका मुख सूखने लगा, प्राणों का एक-एक क्षण खिसकने लगा, शरीर जलने लगा, कम्पन होने लगा, दीर्घ श्वासें चलने लगीं, पसीना चूने लगा और परिजनों से क्रुद्ध रहने लगी। उस मृगाक्षी को शीतल मलयानिल, कमलशैया, जलसिंचन, चामरों की चारु-पवन, घनसार (कपूर), हार और जल से आर्द्र चन्दन जैसी भद्र वस्तुएँ भी नहीं सुहायीं। वह मन्द-मन्द सूक्ष्म बोल बोलने लगी। अपने शरीर की चेष्टाओं से वह प्रद्युम्न को ही मानती रही।

घत्ता— रानी कनकमाला (कंचनप्रभा) की वह धाय विस्मय से भरकर तुरन्त ही प्रद्युम्न के पास जाकर बोली—"हे कुमार, सुनो, तुम्हारी जननी का शरीर अत्यन्त छनछना कर डोल रहा है। ।। 144।।

(2)

काम विह्वल होकर रानी कंचनमाला कुमार प्रद्युम्न से प्रणय-निवेदन करती है

स्कन्धक— उस धाय की बात को सुनकर दुःखियों के दुःख को दूर करने वाला वह सुन्दर प्रद्युम्न खचरों एवं अमरों के मन को हरने वाला माता के घर आया।। छ।।

वह कुसुमशर प्रद्युम्न आकर जब वहाँ बैठा विद्याधरी माता ने उसे घूर कर देखा। वह उसे हाव-भाव विभ्रम दरसाने लगी। लड़खड़ाती एवं भ्रान्ति उत्पन्न करने वाली बोली बोलने लगी। उस रानी ने अपने पीन उत्तुंग

पयडिवि पीणात्तुंग-पयोहर पच्छाइय ण किंपि ऊरुयंवर।
णाहि-पएसु वि तहय वलित्तउ दरिसइ रोमावलि संजुत्तउ।
जह-जह सा परिहास पमेल्लइ तह-तह पज्जुण्णहो मणु डोल्लइ।
पभणिउ किं किउ तणु विहलंघलु माइ-माइ संवरि चेलंचलु।
ता कयली-कंदल सोमालइँ मयणु पवोच्चइ कंचणमालइँ।
हउँ ण माइ तुहु अवरइँ जणियउ मइ विण पुत्तु भणेवि मणि गणियउ।
राय कालसंवर सहु लीलएँ हउँ गय आसि जाम वण-कीलएँ।
खयर-महाडवि तक्खय-गिरिवरे तहिं तुहुँ लद्धु वणम्मि सिलोयरे।

घत्ता— पेच्छवि वालु तहिं घण-विडवि[1] जहिं, उयरेवि विमाणहो रायइँ।
पुणु महो अप्पियउ, मण कप्पियउ[2] तं कहमि तुज्झु अणुरायइँ।। 145।।

(3)

खंडयं—

जइयह एहु सयाणउ होसइ वालु जुवाणउ।
तइयह मएमि रमिव्वउ एक चि[1]रकालु गमिव्वउ।। छ।।

पयोधर प्रकट कर दिये। उरु प्रवरों को जरा भी नहीं ढँका। इसी प्रकार रोमावलि युक्त त्रिवलि वाला नाभि प्रदेश भी खोल दिया। जैसे-जैसे वह रानी हँस-हँस कर श्वास छोड़ती थी वैसे ही वैसे प्रद्युम्न का मन भी डोल जाता। यह देखकर कुमार बोला कि—"हे माता, तूने अपने शरीर को इतना विकल क्यों कर दिया? हे माई, हे माई, अपने अंगों को वस्त्रांचल से ढँक।" तब कदली दल के समान सुकुमार सुन्दर वह कंचनमाला मदन से बोली कि—"मैं तुम्हारी माता नहीं हूँ। तुम्हें तो दूसरी माता ने जन्म दिया है। तुम अपने मन में ऐसा गुनो कि मैं बिना पुत्र की ही हूँ।"

(फिर वह मदन को पूर्व वृत्तान्त सुनाते हुए बोली) —"एक बार जब मैं राजा कालसंवर के साथ लीलापूर्वक वन की क्रीड़ा के लिए गयी थी तब वहाँ खदिरमहाटवी में तक्षकगिरि पर वन में शिला के उदर में तुम्हें पाया था।"

घत्ता— जहाँ घने-घने वृक्ष थे, वहाँ तुम जैसे बालक को देखकर राजा कालसंवर विमान से उतरे और तुम्हें लाकर मेरे लिये अर्पित किया। तब मैंने उसी समय अपने मन में तुमसे अनुराग करने की कल्पना की थी, वही तुम्हें कह रही हूँ।"।। 145।।

(3)

कुमार प्रद्युम्न रानी कंचनप्रभा की भर्त्सना कर उदधिचन्द्र मुनिराज से उसका पूर्व-भव पूछता है

स्कन्धक— "जब यह बालक सयाना होगा और जवान होगा, तब मैं इसके साथ रमूँगी और इस प्रकार चिरकाल व्यतीत करूँगी।। छ।।

---

(2) (1) वृक्ष। (2) विकल्पितं।

(3) 1. अ. कि।

ताम कुमारहो हियवउ कंपिउ पभणिउ माइ-माइ किं जंपिउ।
किं गह-गहिय अम्मि किं भुल्लिय चवहि अजुत्तु किण्ण मणि सल्लिय।
उत्तमकुल किं एउ भणु वुच्चइ जं जिविला[1] इह तणइ ण विच्चइ।
मायइँ सहु परयार-रमंतहँ किं कुलधम्मु होइ भणु संतहँ।
कणयमाल पुणु भणइ कयायरि संवरु जणणु ण हउँ तुह मायरि।
किम संगत्तणु[2] पइसहु वट्टइ चित्ति महारइ एहु जि पयट्टइ।
पुणु मयणइँ पवुत्तुह जाणउँ तुहु जि जणणि पिउ संवरु राणउँ।
एउ जंपिवि णिब्भंछिवि णिग्गउ पुणु जिणमंदिरे झत्ति समागउ।
मयणें णिज्जिय मयणु णमंसिउ थुइ दंडयहिं अरुहुँ सुपसंसिउ।
पुणु जंपिउ कुसुमसरु वियारउ उवहिचंदु णामेण भडारउ।
जो मय-माण-मोह-भय चत्तउ मुणिय तिणाणु तिगुत्तिहिँ-गुत्तउ।

घत्ता— वय-संजम-धरणु, णिज्जिय-करणु परमेसरु पाव-खयंकरु।
जो अदुगुंछियउ सो पुंछियउ[3] कुसुमसरइं सत्त[4] सुहंकरु।। 146।।

तब कुमार का हृदय काँप उठा और बोला—"हे माई, हे माई, यह क्या कह दिया? हे माँ, क्या तुम ग्रह (भूत) से ग्रसित हो गयी हो अथवा क्या तुम मुझे भूल गयी हो?" ऐसा अयुक्त कहते हुए क्या मन में चुभन नहीं होती? उत्तम कुल वाले क्या ऐसे वचन अपने मुख से कहते हैं? इस प्रकार से बोलने वालों की जिह्वा टूट क्यों नहीं जाती? "माता तथा परदारा के साथ रमण करने वाले मनुष्यों का क्या कुल-धर्म सुरक्षित रह सकता है?" यह सुनकर कनकमाला पुन: आदर करती हुई बोली—"न तो कालसंवर तुम्हारा पिता है और न मैं तुम्हारी माता। तुम्हारे साथ मेरा क्या सम्बन्ध है? (अर्थात् पुत्रपने का कोई सम्बन्ध नहीं)। इसीलिए मेरे चित्त में यह महारति प्रवर्त्त रही है।" यह सुन कर पुन: मदन ने कहा—"किन्तु मैं तो यही जानता हूँ कि तुम मेरी माता हो और कालसंवर राजा मेरे पिता।" ऐसा कहकर और माता की भर्त्सना कर वह प्रद्युम्न वहाँ से निकल गया और तत्काल ही जिनमन्दिर में पहुँचा। उस मदन ने मदन को जीतने वाले जिनेन्द्रदेव को नमस्कार किया। स्तुति और दण्डकों से अर्हन्त की प्रशंसा कर वन्दना की।

पुन: उस कुसुमशर (प्रद्युम्न) ने काम के विदारक मद, मान, मोह और भय से त्यक्त, तीन ज्ञानधारी तथा त्रिगुप्ति से गुप्त उदधिचन्द्र नामके जो भट्टारक थे,

घत्ता— जो व्रत, संयम के धारी हैं, इन्द्रियों के विजेता हैं, पापों के क्षय करने वाले परमेश्वर हैं, जो आनन्दित हैं, सब जीवों के सुख को करने वाले हैं, उन उदधिचन्द्र नामके भट्टारक से कुसुमशर प्रद्युम्न ने पूछा।। 146।।

---

(3) (1) जिह्वानां। (2) सगाई। (3) पृष्ट:। (4) जीवानां।

(4)

खंडयं—

छुडु भव्वयणु समुट्ठिओ जइ एयंति परिट्ठिओ।
ता मयणेण पयासियं जं जणणी विण्णासियं[1]।। छ।।
कुसुमसरु पयंपइ मुणि-पहाण भो णियम-सील-संजम-णिहाण।
महो उवरि जणणि अहिलासु कुणइँ कुल-लंछुण अयसु ण चित्तें मुणइँ।
मं तणय मिसेण जंपइ अजुत्तु पभणइ हउँ जणणि ण तुहु जि पुत्तु।
किं कारणु एउ पयडहि मुणिंदु भव्वयण पवर पोक्खर[2] - दिणिंदु।
तं णिसुणेवि सुर-णर-खयर वंदु सुणि मयण पयंपइ मुणि-वरिंदु।
इह अच्छि भरहे-मगहाहिहाणे वर विसए[3] विविह विसयह[4] पहाणे।
साकेयणयरि तुहु आसि राउ महु [5]णाम अवरु तुव अणुउ भाउ।
कइडहु णामें णवि गुणणिहाणु जुवराउ सु तुहुँ पुणु मूल ठाणु।
जा रज्जु करहु अखलिय पयाव अवधीर वीर अरिदलण भाव।
ता वडउरु पहु णिरु अतुल थामु मंडलिउ कोवि कणयरहु णामु।

---

(4)

मुनिराज द्वारा रानी कंचनप्रभा का पूर्वभव-कथन

स्कन्धक— जब सभी भव्यजन उठकर चले गये और यति एकान्त में बैठे थे तभी उस मदन ने वह सब प्रकाशित किया जो माता ने विज्ञापित किया था।। छ।।

कुसुमशर—प्रद्युम्न ने कहा—"हे मुनि प्रधान, हे नियम, शील एवं संयम के निधान, मेरे ऊपर जननी भोगाभिलाषा (प्रकट) करती है। वह अपने चित्त में कुल-लांछन तथा अयश को नहीं समझती। मुझसे पुत्र के बहाने वह अयुक्त बोलती है और कहती है कि "न मैं तेरी माता हूँ और न तुम मेरे पुत्र।" आप भव्यजन रूपी पुष्करों (कमलों) के लिये दिनेन्द्र समान हे मुनीन्द्र, उसका क्या कारण है, उसे प्रकाशित कीजिए उसे सुनकर सुर, नर एवं खचरों से वन्द्य मुनिवरेन्द्र बोले—"हे मदन सुनो।

इस भरतक्षेत्र में विविध देशों में प्रधान मगध नामका एक उत्तम देश है। उसमें एक साकेत नगरी है। तुम अपने पूर्वभव में वहाँ के राजा थे। तुम्हारा नाम मधु था और तुम्हारा छोटा भाई कैटभ नाम से प्रसिद्ध था, जो गुणों का निधान था। तुम्हारे चरणमूल स्थान में वह युवराज था। शत्रु वीरों का तिरस्कार एवं उनके दलन में जब तुम अस्खलित प्रताप युक्त राज्य कर रहे थे। तभी अतुल बलधारी कनकरथ नामका माण्डलिक वडपुर का स्वामी हुआ।"

---

(4) (1) आरोपितं। (2) कमल। (3) देस। (4) देसहँ। (5) मधुनाम।

घत्ता— तहो णव कणयप्पह इह कणयप्पह णामेण आसि पिय मणहर।
सा पइँ हरिवि णिय तुह पासि ठिय अइवियड-रमण-घण-थणहर।। 147।।

(5)

खंडयं—

कंचणरह कुल उत्तिया सा चिर भवे पइँ भुत्तिया।
तेण अहिलासहि कारणं तं भय लज्ज णिवारणं।। छ।।

तहिं कालें णिमित्तु तहेवि कोवि णिय भायहो ढोएवि रज्जु सोवि।
पुणु घोरु वीरु तवचरणु चरेवि आउक्खइँ सण्णासेण मरेवि।
अणु[1] परिवाडए सोलहमें सग्गे कइडिहु वि तुहुँ जि जिण भणिय मग्गे।
हुव पुण्ण-पहावें गुण-णिहाण उप्पण्ण बेवि सुरवर पहाण।
आयइँ[2] तवचरणु कियउ असज्झु णं[3] करि करयारइ वट्टु गेज्झु।
अण्हाणु-अजिंभणु-णिहय करणु सिर-लोउ दंत-मल-पंक-धरणु।
णिव्वियरु-पक्ख-मासोपवासु काऊण अंते अणसण धयासु।
गय सग्गे सोक्खु भुंजेवि णियत्त कालइँ विज्जाहर सेढि पत्त।
खयर वरिं अणुहुंजिय सिवेण परिणिय वि कालसंवर णिवेण।

घत्ता— "उसकी नवीन कनकप्रभा वाली कनकप्रभा नाम की मनोहर प्रिया थी। तुमने अतिविकट रमण एवं सघन पयोधर वाली उस रमणी का अपहरण कर उसे अपने पास रखा था।"।। 147।।

(5)

कंचनप्रभा का पूर्व-भव। वह वडपुर के माण्डलिक राजा कनकरथ की पत्नी थी

स्कन्धक— कंचनरथ राजा की जो कुलवधु थी उसे पूर्व-भव में तुमने भोगा था। अतः उस की विषयाभिलाषा तथा भय एवं लज्जा के निवारण (अर्थात् तुम्हारे प्रति धृष्ट एवं निर्लज्ज होने) का यही कारण है।। छ।।

उस काल में कोई निमित्त पाकर तुमने अपने छोटे भाई कैटभ को राज्य दे दिया और स्वयं धीर-वीर तपश्चरण कर आयु-क्षय के समय संन्यास से मरण किया और सोलहवें स्वर्ग में जन्म पाया।

कैटभ भी तुम्हारे समान ही जिन कथित मार्ग में चलकर अपने पुण्य प्रभाव से उसी सोलहवें स्वर्ग में गुणनिधान देव हुआ। इस प्रकार वे दोनों ही सुरवरों में प्रधान देव हुए। पूर्व-भव की उस महिला कनकमाला ने भी असाध्य तपश्चरण किया। मानों हाथी की सूँड समान कर वाले देवों की वाट (मार्ग) ही ग्रहण कर ली हो। वह रानी (आर्यिका बन कर घोर तप कर रही थी) अस्नान, उपवास, क्षितिशयन, पंचेन्द्रिय जय, सिर-लोंच, अदन्तधावन, असरस भोजन, पक्ष एवं मासोपवास तप करके अन्त में अनशन धारण करके मरण कर स्वर्ग में गयी। वहाँ के सुख भोगकर वहाँ का आयु-काल पूराकर वह विद्याधर श्रेणी में उत्पन्न हुई। यह कंचनमाला कल्याणपुण्य भोगने वाले राजा कालसंवर के साथ विवाही गयी।

---

(5) (1) यद्यपि। (2) कनकमालया। (3) तपं।

घत्ता— कय पय-णेउरहो अंतेउरहो सयलु वि एह जगसारिय।
अणसिय[4] संवरहो विज्जाहरहो मणवल्लह णयण-पियारय।। 148।।

(6)

खंडयं—

कंचण सगुणहिहाणिय सव्व सुलक्खण राणिय।
राउ अणसियसंवरो जस वित्थरिय धुरंधरो।। छ।।

विण्णिवि गयणे जाणे [1]संचलियइँ एक्क दिवहे वण-कीलइँ चलियइँ।
घण-थण-पणयणइय संजुत्तइँ गिरि-तक्खउ णामइं सँपत्तइँ।
तहिं खयराडवि णाम-पसिद्धी जिणवसइ व सावय-कुल-रि[1]द्धी।
तहिं वणे तुहुमि सिलायले [2]दिट्ठउ कंचणमालइँ रायहे सिट्ठउ।
ता णिय-णंदणु भणेवि वियप्पिउ उच्चाइवि तहे रमणिहे अप्पिउ।
पुणु णियपुरे आणिउ आणंदें गीय-वाय-जण-मंगल सद्दें।
एम विद्धिए [2]आयहँ मंदिरे सज्जण-जण-मण णयणाणंदिरे।
एहु ण जणणु ण तुह इह मायरि वज्जदसणु पमुहइ णउ भायरि।
तं णिसुणेविणु मयणु पयंपइ आयहँ वयणहिं महु मणु कंपइ।

घत्ता— इस प्रकार पदों में नुपूर धारण करने वाली, अन्त:पुर में प्रधान, सम्पूर्ण जगत् में श्रेष्ठ, मन-वल्लभा, नयनों को प्यारी वह कालसंवर नामक विद्याधर राजा की रानी हुई।। 148।।

(6)

मुनिराज द्वारा कंचनमाला को प्रद्युम्न-प्राप्ति का वृत्तान्त कथन तथा रूपिणी के भवान्तर

स्कन्धक— विस्तृत यश एवं धुरन्धर वह राजा कालसंवर एवं सद्गुणों की निधान तथा सुलक्षणा वह रानी कंचनमाला—।। छ।।

दोनों ही किसी एक दिन गगनयान से चलकर वनक्रीड़ा के लिये गये। कंचनमाला घनस्तन वाली प्रणयिनी के साथ वह राजा तक्षक नामके गिरि पर पहुँचा। वहाँ नाम प्रसिद्ध खदिराटवी है। श्रावक-कुलों के लिए जिन-वसति के समान ही वह श्वापदों (वन के जीव) की ऋद्धि-स्थली थी। उस वन की शिलातल में तुम्हें (प्रद्युम्न को) देखा। कंचनमाला से राजा ने बताया। तभी राजा ने "निज नन्दन" कहकर विकल्प किया और तुम्हें उठाकर अपनी रमणी कंचनमाला को अर्पित किया। पुन: आनन्दपूर्वक गीत, वादित्र और मंगल शब्दों के साथ उसे अपने नगर में ले आये। इसके आगे से तू उस माता के सज्जन जनों के मन और नयनों को आनन्ददायक, भवन में बढ़ने लगा।

न यह तुम्हारा पिता है और न यह तुम्हारी माता। वज्रदशन प्रमुख तुम्हारे भाई भी नहीं हैं।

उनका कथन सुनकर मदन बोला कि—"आपके वचनों से मेरा मन काँपने लगा है। भव्यों को भव-समुद्र

---

(5) (4) कालसंवरस्य।

(6) 1. अ. गि। 2. अ. गउ।

(6) (1) विमान। (2) सिलाउत्परे।

कवण जणणि किर कहहि भडारा भो-भो भव्व भवंवुहि तारा।
ता मुणि भणइ णिसुणि तुहुँ वम्महं णिय मायरिहिं तणिय चिरभव कह।

घत्ता— उववण[3]-घण-विसए[4] सेविय विसए सर-सरवर [5]वि णिरंतरे।
जहिं मगहाविसए जीवण[6]-विसए पच्छियण कोइ भुवणंतरे।। 149।।

(7)

खंडयं—

तहिं भूवालु णरेसरो णिय पय-पंकय णेसरो।
तह महएवि वियक्खणा अहिहाणेण सुलक्खणा।। छ।।
सो णरवइ-सुरवइ सम सरिसु वाय[1]हँ सो[2]यहँ लद्धुकरिसु।
तहो पुरवरे वह घरे सोमु दिउ सुविवेयइँ-वेयइँ कोवि[1] दिउ।
तहो वंभणि थंम णिरूवरइ[2] जणि दुल्लहँ-वल्लहँ पिय होसइ।
तणु अमला-कमला णामवरा लायण्णइँ वण्णइँ लच्छि परा।
सिंगारइं सारंग[3] गव्विणिया धण्ण-धण्ण सुवण्णइ सहवि ठिया।
सुकुमालिय वालिय एम घरे जा [4]अच्छइ-पेच्छइ सारयरे।
[5]मण-रंजणु दिट्ठि घरेवि पुरे[6] मउरंदु वि चंदुवि कर-विकरे।

से तारने वाले हे भट्टारक, कहिए कि मेरी माता कौन है?" तब मुनिराज ने कहा—"हे मदन, अपनी माता के भवान्तर सुनो—

घत्ता— अनेक घने-घने उपवनों, देशों तथा नदी-सरोवरों से निरन्तर सेवित मगध नामका देश है। संसार में जिसकी (जीवन्तता—) समृद्धि की तुलना में अन्य कोई देश नहीं।। 149।।

(7)

(रूपिणी के भवान्तर-) मगधदेश के सोम-द्विज की लक्ष्मी नामकी रूप गर्विता पुत्री थी

स्कन्धक— उस मगधदेश में प्रजा रूपी पंकज के लिए सूर्य समान भूपाल नरेश्वर राज्य करता था, जिसकी सुलक्षिणी महादेवी का नाम विचक्षणा था।। छ।।

सुरपति के समान उस नरपति ने पक्षियों में हंसों के समान ही उत्कर्ष प्राप्त किया था। उसी नगर के एक घर में विवेकी वेद विद्या-सम्पन्न सोम नामका कोई द्विज निवास करता था। इसकी लोगों के लिए दुर्लभ, अपने प्रियतम के लिये सदा प्रिय लगने वाली कदली-स्तम्भ के समान उरु वाली कमला नामकी ब्राह्मणी थी, उसकी निर्दोष शरीर वाली लक्ष्मी नामकी एक सुकुमार बालिका थी जो रूप-लावण्य में मानों दूसरी लक्ष्मी ही थी। अपने शृंगार-रंग में वह अत्यन्त गर्ववती थी, धन-धान्य एवं सुवर्ण उसके साथ सदा बने रहते थे। इस प्रकार जब वह सुकमार बालिका (लक्ष्मी) अपने सारभूत घर में रह रही थी, तभी एक समय मकरन्द रूपी किरण-समूह को विकीर्ण करने वाली वह चन्द्रमुखी अपनी मनरंजन दृष्टि से नगर को देख रही थी, तभी वहाँ पवित्र क्षमा-शील

---

(6) (3) उपवनविराजमाने। (4) पंचेन्द्रिय विषये। (5) सरोवर-पानीयं। (6) जीवितविसये।

(7) 1. अ. वाएँ। 2. अ. भोएँ। 3. अ.×। 4. अ. व.। 5-6. अ.×। (7) (1) विवेकेन वेदेन। (2) थंभण विषये कारनि।

पेक्खंति वि खंतिवि वयणु जहिं भयवंतु वि संतु पवित्तु तहिं।

घत्ता— अइ मल-मलिण तणु सुविसुद्ध मणु तव-ताव-किलामिय गत्तउ।
मासोवास परु हय-कुसुमसरु पारण-णिमित्तु दयजुत्तउ।। 150।।

(8)

खंडयं—

जा दिय[1] मज्जेवि दप्पणं रूउ णिहालइ अप्पणं।
ता घर-वार-पराइउ मुणि - वरिंदु णिज्झाइउ।। छ।।

किर अलय-तिलय संजवइ खणे मुणि पेच्छेवि कमला-कुविय मणे।
चिंतइ इहु कय विलास विलउ कहिं आयउ हले असव[1]ण-णिलउ।
चिंय कट्ठोवमु[2] मल-मलिण[2]-तणु जो णियविमाइ महो तसिउ मणु।
इउ चिंतंतिहिं मुणि गयउ जाम तणु सयलु ताहि उच्छलिउ ताम।
णीसेसु वि फोडहँ भरिउ केम आयण्णु ण ढुक्कइ णाहु जेम।
पुणु झसिय चम्म गग्गिरिय वाय अंगुलिय सलिय ढुंढुरिय पाय।

मुख वाले सन्त को देखकर वह भयभीत हो गयी।

घत्ता— अत्यन्त मलिन तन, सुविशुद्ध मन, तप-ताप से क्लिन्न गात्र, मासोपवास करने में तत्पर, कुसुमशरों को नष्ट करने वाले, दया-निधान, मुनिराज पारणा के निमित्त उस नगर में पधारे।। 150।।

(8)

(रूपिणी के भवान्तर—) वह रूपगर्विता पुत्री (लक्ष्मी) कुष्ट रोगिणी होकर मरी, विभिन्न योनियों में जन्म लेकर पुनः पूतगन्धा नामकी धीवरी कन्या के रूप में जन्मी

स्कन्धक— जब वह द्विज-पुत्री लक्ष्मी स्नान कर दर्पण में अपना रूप निहार रही थी तभी घर के दरवाज़े पर (उसने) उन मुनिवरेन्द्र को देखा।। छ।।

अलक-तिलक (भौरे के समान अत्यन्त काले) उन संयत मुनि को देखकर वह कमला (लक्ष्मी) अपने मन में अत्यन्त कुपित हुई। वह अपने मन में सोचने लगी कि—"कहाँ तो यह मेरा विलास-विला (विलास-भवन) और कहाँ यह निन्द्यकालिमा का निलय। यहाँ यह कैसे आ गया? इसका तन चिता की लकड़ियों के समान मल से मलिन है, जिसे देखकर मेरा मन त्रस्त हो उठा है।" इस प्रकार जब वह चिन्तामग्न थी और मुनिराज वहाँ से चले गये तभी उसके सारे शरीर में छाले निकल आये। उसके समस्त फोडों (छालों) में कृमि भर गये। जिससे उसके पास कोई फटकता ही न था। उसकी चमड़ी झुलस गयी, वाणी लड़खड़ाने लगी, अँगुलियाँ सड़ गयीं, (चलते समय) पैर ढुंढुरने (घिसटने) लगे, ओंठ डसडसाने लगे (काँपकर एक दूसरे से भिड़ने लगे), कान गल गये, सिर

---

(8) 1. अ. 'उ'। 2. अ. कसण।

(8) (1) दंतनिर्म्मल। (2) चिता।

उट्ठउ डसडिय परिगलिय कण्ण सिरि तुडिय-केस कुट्ठेण छण्ण।
सत्तमे दिण सिहि-साहिवि विवण्ण
. . . . .
खरि पुणु वि भुंडि[3] कुक्कुरिय जाय मुणि उवहसणे णिण्णट्ठ काय।
सा साणिवि गामपले वणेण पसविय पुणु मुय डज्झिवि खणेण।
धीवर-घरणिहिं पुणु उवरे हूय अइ णिंद पूय-गंधिणिवि [3]धूव।

घत्ता— तहिं वट्ढिय णिलए धम्महो विलए किर जाम ताम जणु बोल्लइ।
गामि वसंतइ ण गेहइ अणेण भणु को ण दुगंधइ डोल्लइ।। 151।।

(9)

खंडयं—

ता धीवरेण वि चिंतियं णिय-हियएण वियप्पियं।
इय दुहियाए समाणयं लहमि ण कत्थ वि ठाणयं।। छ।।

ता अमर तरंगिणि तडि-विसाले तहे कारणे किउज्झो पडउ माले[1]।
तहिं सा किर णिवसइ पूइगंथि अणुहवइ दुक्खु कय कम्म बुद्धि।
ढुक्कइ ण कोवि सुहि सयणु पासि जं मुणिहिं कियउ विप्पउ वि आसि।
जो संतहँ दंतहँ कुणइँ हासु घरु घरिणि ण संपय होइ तासु।

के बाल झड़ गये और शरीर कुष्ट रोग से भर गया। सातवें दिन वह विवर्ण होकर अग्नि में जल गयी और मर गयी, उसने गधी शूकरी एवं कुतिया का जन्म धारण किया। इसी प्रकार मुनि का उपहास करने के कारण नष्टकाय वही कुतिया पुनः मरकर एक नगरपाल के यहाँ पुनः कुतिया हुई और वहाँ वह जलकर मरी और तत्काल ही एक धीवरी की कोख से अतिनिन्द्य पूतगन्धा नामकी पुत्री के रूप में जन्मी।

घत्ता— उस धीवरी के घर में वह पूतगन्धा बढ़ने लगी, किन्तु धर्म के नष्ट होने पर धाम रूप उस नगर में जहाँ-तहाँ लोग बोलने लगे कि "न तो गाँव में रहने वालों और न किसी अन्य के घर में से (यह दुर्गन्ध) आती है, फिर बोलो, कि इस भयानक दुर्गन्ध से कौन नहीं डोल रहा है?।। 151।।

(9)

पिता द्वारा निष्कासित पूतिगन्धा नदी किनारे रहने लगी। वहाँ एक मुनिराज पधारे

स्कन्धक— उस धीवर ने भी अपने हृदय में विचार किया कि इस पुत्री के रहते हुए मुझे कहीं भी रहने को स्थान नहीं मिलेगा।। छ।।

इसी कारण (निष्कासित कर दिये जाने पर) उसने अमर-तरंगिणी नदी के सुन्दर विशाल तट पर एक झोपड़ा बना दिया। वह पूतिगन्धा वहीं पर रहने लगी और पूर्वकृत कर्मों के दुःखद फल का अनुभव करने लगी। जिसने मुनिराज का इतना तिरस्कार किया था, उसके पास अब परिवार अथवा सम्बन्धी कोई भी व्यक्ति ढूँकता तक न था। जो सन्त एवं दान्त जनों की हँसी उड़ाता है, उसके पास घर, गृहिणी एवं सम्पदा नहीं रहती। नर

---

(8) 3. अ रूअ।

(8) (3) सूकरी।

(9) (1) वनमध्ये।

णरु-णारि जु मुणिहें दुगुंछ करइ सो भव सायरि वुड्ढुत्तु मरइ।
एत्थंतरे तहिं तरणिहिं तीरे अग्गहण विणिग्गमे हिम-समीरे।
मुणि एक्कु आउ मेइणि भमंतु तव-झाण जोए कय णिय भ[1]मंतु।
10 दिण-मणि अत्थमिय ण पउ वि देइ तहिं णियमु करेवि सज्झाउ[2] लेइ।
णग्गोहु एक्कु तडे वियडे दिट्ठु अत्थंत सूरे तहो तलि णिविट्ठु।

घत्ता— संठिउ झाण परु णं गिरि वरु णिसि भरु सिसिरु पडंतउ।
गणइ ण सील धरु णिट्ठ[3] विगसरु अहिवि छिउ देहि चडंतउ।। 152।।

(10)

खंडयं—

ता धीवरिए जइसरो पेच्छेवि हय वम्मीसरो।
तरुदलणियरा[1]वेच्चियं मुणि कमलं अंचियं।। छ।।
जह-जह रयणि समग्गल वट्टइ तह-तह सिसिर-णिवहु सुपयट्टइ।
पुणु धीवरि तिण तरुदल लेविणु जइ सरीरु झंपइ आणेविणु।

अथवा नारी जो भी मुनियों से घृणा करता है, वह संसार समुद्र में डूबकर मरता है।

इसी बीच उस नदी के किनारे अगहन महीना के निकल जाने तथा ठण्डी वायु के चलने पर तप, ध्यान और योग में नियम रखने वाले एक मुनिराज पृथिवी पर भ्रमण करते-करते वहाँ आये। सूर्य के त्रस्त होने पर वे एक पैर भी आगे नहीं देते थे। सन्ध्या समय वे वहीं पर नियम लेकर ध्यान में लीन हो जाते थे। उन मुनिराज ने विकट तट पर एक न्यग्रोध (वट) वृक्ष देखा तथा सूर्य के अस्त होने पर वे उसके तले बैठ गये और,

घत्ता— ध्यानमग्न होकर वे वहाँ इस प्रकार निश्चल हो गये मानों कोई गिरिवर ही हो। रात्रि भर शिशिर पड़ती रही। (बर्फ गिरती रही) उससे पीड़ित देह पर बर्फ चढ़ते हुए भी, कामबाण के नाशक, शीलव्रतधारी उन मुनिराज ने उसे (उस पीड़ा को) कुछ भी नहीं गिना (समझा)।। 152।।

(10)

धीवर कन्या को अणुव्रत प्रदान कर मुनिराज कोसलपुरी की ओर चले। वह धीवर कन्या भी उनके पीछे-पीछे चल दी

स्कन्धक— तब धीवरी ने कामविनाशक यतीश्वर को देखकर वृक्षों के पत्र-समूह को चुनकर मुनिराज के चरणकमलों की पूजा की।। छ।।

जैसे-जैसे रात्रि समग्रता को प्राप्त होने लगी, वैसे ही वैसे शीत का समूह भी बढ़ने लगा। पुनः वह धीवरी तृण एवं वृक्षों के पत्ते ला-लाकर यति के शरीर को झाँपने लगी।

---

(9) 1. अ. 'व।

(9) (2) स्वाध्याय। (3) जितकामः।

(10) (1) समूहगृहीत्वा।

एम-विहाण विहावरि जामहिं मुणिणा मुणिय सावि तहे तामहिं।
वोल्लाविय कमला[2]-कमलाणणे कुसलु पुत्ति तहु दिय सुपभायणे।
कहिं सोमहँ वल्लहिं तुहु आविय कम्म-फलण केण दुहु पाविय।
ता धीमर-सुय चित्त-चमक्कइँ णिय-कर-कमल पिहिवि मुहु थक्कइ।
पुव्व-भवंतर सुमरिवि मुच्छिय सा जइणाहइ पुणु वि पपुच्छिय।
सुमरिय किं पइँ णिय-जम्मंतर कहइ मुणिदंहो पुव्व-भवंतर।
पभणइ हउँ पाविट्ठ अयाणिय उत्तम कुल पाविवि दुहु माणिय।
जं णिंदिउ दयवंतु महारिसि तं खरि-किडिवि-सणि हुव किव्वसि।
एमहि धीमर-तणय दुगंधिणि जायदेव दुह[3]-णरइ-णिवंधिणि।
पहु किं कुणमि कहहि किं गच्छमि जहिं सुह लेसु खणंतरु[4] पेच्छमि।
ता पंचाणुव्वय मुणिणाहइ तिण्ण-गुणव्वय खंति सणाहइ।
सुहि सयणहो कासु वि णउ रुच्चमि कुच्छिय जोणिहिं केम पवुच्चमि[5]।
ता पंचाणुव्वय मुणि णाहइ तिण्ण-गुणव्वय खंति सणाहइ
चउ-सिक्खावयाइँ तहे दिण्णइँ ताइं पडिच्छियाइँ सुपसण्णइँ।

घत्ता— पुणु कोसलपुरहो णयरह धुरहो चलिउ मुणीसरु जामहिं।
सा धीमरहो सुअ सुकुमाल भुअ अणुमग्ग लग्ग[1] गय तामहिं।। 153।।

इस विधान से जब रात्रि बीत गयी, तभी मुनिराज ने उसे जाना और कमला नाम लेकर उसे बुलाया और कहा—"हे कमलानने दिशाओं को अपनी प्रभा से प्रभावित करने वाली हे पुत्रि, तेरी कुशल तो है?" हे सोम द्विज की वल्लरी तू यहाँ कहाँ से चली आयी। अवश्य ही किसी कर्म के फल से तू इस दुःख को प्राप्त हुई है।

तब उस धीवर पुत्री का चित्त चमक उठा। अपने कर कमलों से मुँह ढँक कर बैठ गयी। वह पूर्व-भवान्तरों का स्मरण कर मूर्च्छित हो गयी। उसके सावधान होते ही यतिनाथ ने उससे पूछा—"क्या तूने अपने जन्मान्तरों का स्मरण किया है?" तब उसने मुनिराज से अपना पूर्व भवान्तर कह सुनाया और बोली कि—"मैं पापिष्ठ अज्ञानी हूँ। उत्तम कुल को पाकर भी दुःख मानती रही। मैंने दयावन्त महाऋषियों की निन्दा की जिससे खरी (गधी), किटि (शूकरी) और सड़ी श्वानी (कुत्ती) हुई। हे देव, अब मैं नरक-दुःख बाँधने वाली दुर्गन्धिनी पूतिगन्धा नामकी धीवर-कन्या हूँ।

हे प्रभो, अब मैं क्या करूँ? कहिए कहाँ जाऊँ? जहाँ कि मैं एक क्षण के लिए लेशमात्र भी सुख को देख सकूँ। मैं अपने किसी भी स्वजन को नहीं रुचती। इस कुत्सित योनि से कैसे छुटकारा पाऊँ?"

यह सुनकर उन क्षमाशील मुनिनाथ ने उसे पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत दिये। उसने भी प्रसन्न चित्तपूर्वक उन्हें स्वीकार किया।

घत्ता— पुनः जब उन मुनिराज ने नगरों में प्रधान (धुर) कोशलपुर की ओर विहार किया। तब सुकुमार भुजावाली वह धीवर-पुत्री भी उनके पीछे-पीछे चली।। 153।।

---

(10) 1. अ.×।

(10) (2) विप्रभवांतरे। (3) नरक संबंधिनी। (4) लेषमात्र। (5) त्यजामि।

(11)

खंडयं—

तहि गणणी सुपसिद्धिया तव गुण-णियम-समिद्धिया।
मुणिणा सुद्ध वियप्पिया सा कंतियहे समप्पिया।। छ।।

तहिं वय-णियम-सील पालंतिहि छट्ठट्ठ[1]ठम-दह खमण कुणंतिहिं।
पल्ल-विहाण पमुह[2] उववासहिं णिय तणु सोसिवि वहु-विह आयहिं।
आयहि लइय कवल-चंदायण कय अणेय-वय सुहय सुपावण[3]।
अंतयाले चउविह आराहण आराहेवि चउसंघहो सोहण।
गिरि-गुह आसंघें वि सण्णासें मुअ सा दुक्किय कम्म-विणासें।
अच्चुव सग्गे सुरिंदहो भामिणि होयवि सुरह-पहाण महाइणि।

घत्ता— कुंडिणपुरे पवरे भीसमहो घरे सग्गहो चएवि उपण्णिय।
रूविणि णाम वरे वररूव घरे सइ रंभणाइँ अवयण्णिय।। 154।।

---

(11)

व्रत-तप के फलस्वरूप वह धीवरी कन्या स्वर्ग-देवी तथा वहाँ से चयकर राजा भीष्म की राजकुमारी रूपिणी के रूप में जन्मी

स्कन्धक— वहाँ कोसलपुर में तप, गुण-नियम से समृद्ध, सुप्रसिद्ध एक गणिनी (आर्यिका) थी। मुनिराज ने शुद्ध विकल्प कर उस पूतिगन्धा को उसे सौंप दिया।। छ।।

वहाँ (वह उनके साथ) व्रत, नियम एवं शील पालने लगी। छठे, आठवें एवं दसवें उपवास करने लगी (छठा उपवास दो दिन के अन्तर से होता है, उसे वेला कहते हैं। आठवाँ उपवास तीन दिन के अन्तर से होता है उसे तेला कहते हैं। दसवाँ उपवास 4 दिन के अन्तर से होता है उसे चौला कहते हैं। एक दिन की दो-दो वेला गिनी जाती हैं) पल्य विधान प्रमुख बड़े-बड़े उपवास व्रत-तप करने लगी और बहुविध आचारों और आसनों से अपने शरीर को सुखाने लगी।

आगे उसने कवलचन्द्रायण व्रत लिया और भी अनेक पावन सुखद व्रत किये। आयु के अन्तकाल में चतुर्विध संघ की शोभा स्वरूप चतुर्विध आराधनाओं की आराधना कर उस धीवरी ने गिरि गुफा का आश्रय लेकर संन्यास पूर्वक मरण किया। उससे उसके समस्त कर्मों का विनाश हो गया। वह अच्युत स्वर्ग में देवियों में प्रधान नायिका तथा सुरेन्द्र की भामिनी हुई।

घत्ता— फिर वह उस स्वर्ग से चयकर कुंडिनपुर नामके नगर में भीष्म राजा के यहाँ उत्पन्न हुई। उसका नाम रूपिणी था। वह रूप लावण्य की धाम थी। मानों शची अथवा रम्भा ही अवतरी हो।। 154।।

---

(11) (1) उपवास। (2) प्रचुरैः। (3) पवित्रः।

(12)

खंडयं—

चेईवइ सुपसिद्धउ वल-चउरंग समिद्धउ।
सिसुपालक्खु महाइउ किर परिणहु वि समाइउ।। छ।।

तिक्खंडावणि परिपालणेण गोवद्धण-गिरि-वर-धारणेण।
जमुद्धी-जल असह सुमंथणेण [1]कालिय-विसहर णिरु णत्थणेण[2]।
जमलज्जुण-तरुवर मोडणेण आरिट्ठ कंठ परि तोडणेण।
पूअण-जम करणुप्पायणेण चाणूर-कंस विणिवायरेण।
वसुएव सुदेवइ णंदणेण सिहिगल-तमाल-अलि सण्णिहेण।
सीराउह-पय-पंकय रएण जायवकुल कोडिहिं परिमिएण।
णारयहँ सुवयण णंतरेण किउ गमणु हरिहि णिमिसंतरेण।
गउ-वलेण समउ तहिं ढुक्कवणे थिय रूविणि जहि मणसिय भवणे।
ता हरिय तेण रइ[1]-लालसेण[2] अय-पवलें[3] मयण परव्वसेण।

घत्ता— ता धाइय साहणु हय-गय वाहणु समउ तेण सिसुपालइँ।
[4]तं सीराउहेण-दिव्वाउहेण जोइउ णं खयकालइँ।। 155।।

---

(12)

राजकुमारी रूपिणी से विवाह करने हेतु शिशुपाल एवं हरि—कृष्ण कुंडिनपुर पहुँचते हैं

स्कन्धक— सुप्रसिद्ध चेदिपति महान् राजा शिशुपाल अपनी चतुरंग-बल से समृद्ध होकर रूपिणी को विवाहने के लिये आया।। छ।।

पृथ्वी के तीनों खंडों का पालन करने वाले, उत्तुंग गोवर्द्धन पर्वत को धारण करने वाले, यमुना नदी के अथाह जल का भली-भाँति मन्थन करने वाले कालिया-नाग को बुरी तरह नाथ देने वाले, यमल-अर्जुन तरुवर को मोड़ देने वाले आरिष्ट (राक्षस) के कण्ठ को तोड़ने वाले पूतना—यम को उखाड़ देने वाले, चाणूरमल्ल और कंस का निपात करने वाले वसुदेव और देवकी के पुत्र शिखिगल (मयूर के गले), तमाल वृक्ष एवं अलि के समान कृष्ण वर्ण वाले सीरायुध (हल शस्त्रवाले) बलदेव के चरण कमलों में रति करने वाले करोड़ों यादव-कुलों वाले तथा रतिरस के लालची उस हरि ने नारद के वचन सुनते ही निमिष-मात्र में गमन किया। प्रबल मदन के वशीभूत होकर हरि बलदेव के साथ तत्काल ही (कुंडिनपुर के) उस काम-भवन में जा पहुँचा जहाँ राजकुमारी रूपिणी कामदेव की पूजा के निमित्त उपस्थित हुई थी।

घत्ता— हय-गज, वाहन आदि साधनों के साथ शिशुपाल जब उस हरि के साथ लड़ने को दौड़ा तब दिव्य आयुध वाले सीरायुध ने उसकी ओर क्षयकाल के समान देखा।। 155।।

---

(12) 1-2. ब.×।

(12) (1) बिल्लुना। (2) लंपटेन। (3) बलवंतेनकामेन। (4) महिसी।

(13)

दुवई— करिमय-कद्दमंपि खुप्पंत महाहय रहवरोहयं।
असि-सव्वल-भुसंढि-धणु करयल णिरु धावंत जोहयं।। छ।।

तं पेक्खिवि हरि अमरिसि चडिउ सरहसु सिसुपालहो रणे भिडिउ।
सिर-कमलु खुडिउ तहो तेण कहा सरे हंसइ णव-कंदोट्टु जहा।
गउ सुंदरि लेविणु णिय भवणु ठिउ सिंहासणे परितुट्ठ मणु।
उप्पण्णउँ तुहुं रूविणिहे केम पुव्वासइँ भासुरु अरुणु जेम।
णिरु सुहड सहासहि रक्खियउ ता असुरइँ णिय मणे लक्खियउ।
छट्ठइँ दिणे जम्म वइरु सरेवि णिउ गरुडइँ पण्णउँ जह हरिवि।
खयराडइँ गज्जिय गय गहिरे मेल्लेवि तहिं सिल दिण्णिय उवरे।
ता राउ कालसंवरु खयरु णिय-पियमुह-इंदीवरु-भमरु।
कीलणहँ णिमित्तइँ जाइ जाम तुहु गिरि तले णिहियउ दिट्ठु ताम।

---

(13)

शिशुपाल का वध कर हरि-कृष्ण रूपिणी को हर कर ले आये। उससे प्रद्युम्न का जन्म हुआ, जिसका छठे दिन अपहरण कर यक्ष ने उसे खदिराटवी में शिला के नीचे चाँप दिया और वहाँ से कालसंवर उसे उठा कर अपने घर ले आया

द्विपदी— वहाँ (शिशुपाल के) हाथियों के मदजल से कीचड़ मच रही थी, भयानक अश्व पृथिवी को खोद रहे थे (अर्थात् खुर पटक रहे थे) उत्तम रथवरों का समूह एकत्रित था। असि, सव्वल, भुसुंडि, धनुष आदि करतल में लिये हुए योद्धागण दौड़ रहे थे।। छ।।

उसे देखकर हरि को क्रोध चढ़ा। वह हर्षित होकर शिशुपाल से रण में जा भिड़ा और उसने उसका सिर-कमल किस प्रकार काट डाला? ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार कि सरोवर में हंस नवीन कमल को तोड़ फेंकता है। फिर हरि उस सुन्दरी (रूपिणी) को लेकर निज भवन को चला गया, परितुष्ट मन से सिंहासन पर बैठा। वहीं उस रूपिणी से तू किस प्रकार उत्पन्न हुआ? उसी प्रकार जिस प्रकार पूर्व दिशा में अरुण भास्कर उत्पन्न होता है। ठीक सहस्रों सुभटों द्वारा तुम भलीभाँति सुरक्षित थे, तो भी असुर ने अपने मन में (उसके जन्म को) जान लिया।

वह असुर जन्म से छठे दिन बैर को स्मरण कर तुमको उसी प्रकार हरकर ले गया जिस प्रकार गरुड़ पन्नग को हरकर ले जाता है। वह यक्षराज गर्जना करता हुआ गहरी खदिरावटी में गया और वहाँ तुमको रखकर ऊपर से शिला दे दी। तभी अपनी प्रियतमा के मुख-कमल के लिए भ्रमर के समान विद्याधर राजा कालसंवर क्रीड़ा के निमित्त वहाँ आया और गिरि के शिलातल में रखा हुआ तुम्हें देखा।

घत्ता— सहसत्ति विमाणहो उयरिवि उवलु[1] णरिंदइ पेल्लिउ।
पोमायवि सिसु अइ-पवलु वलु पुणु करेहिं उच्चल्लिउ।। 156।।

(14)

दुवई— वोल्लावियस तेण णिय पणइणि लइ परिपालि तुहुँ सुउ।
वड्ढंतउ पयंडु परिहोसइ सुरकरि कढिण-दिढ-भुवो।। छ।।

पुणु णिउ ते णिय पुरवरे पवरे मंगलु-घोसिउ खयराय घरे।
णयरहो सुसोह अइ बहुय किया णं सग्ग सिरी अवयरेवि थिया।
पच्छुण्णु गब्भु णिरु वज्जरिउ महएविहे णंदणु अवयरिउ।
तुहु एयहँ मंदिरे बुद्धिगउ सुर-णर-किण्णरहँ जणंतु भउ।
जुव-भावें[1] चडहि जा विगयमलु पेक्खिवि पयवम्महु अतुल-वलु।
तुव भाइय थिय अइगीढ भया पविदंतहो पमुह वि पंचसया।
रज्जाहिलासु णियमणि धरेवि तुव वह-उवाय बहुविह करेवि।
जहिं-जहिं णिउ तुहुँ सुपयंड-[2]वाहु तहिं-तहिं णिग्गउ वहु लहेवि लाहु।
सुपुण्णु सहेज्जउ संचरई तसु खलयणु कुद्धउ किं करई।

घत्ता— सहसा ही विमान से उतरकर उस राजा ने उस शिला को पेला (ठेला, हटाया) और कमल के समान सुन्दर उस शिशु को अति प्रबल बल वाले राजा (कालसंवर) ने हाथों से ऊपर की ओर उठा लिया।। 156।।

(14)

वज्रदंष्ट्र आदि 500 सौतेले भाई ईर्ष्यावश प्रद्युम्न की हत्या करना चाहते हैं, किन्तु उन्हें असफलता ही मिलती है

द्विपदी— तब उस राजा (कालसंवर) ने अपनी प्रणयिनी को बुलाया और कहा कि—"ले, तू इस सुत का प्रतिपालन कर। बढ़ता हुआ यह प्रचण्ड ऐरावत की सूँड के समान कठिन दृढ़ भुजावाला होगा।"।। छ।।

पुन: वह राजा कालसंवर उस पुत्र को अपने उत्तम नगर में ले गया। विद्याधरों के घर में मंगलघोष होने लगे नगर की विविध प्रकार से शोभा की गयी। ऐसा लगता था मानों स्वर्ग की श्री-शोभा ही उतर कर वहाँ स्थित हो गयी हो।

"महादेवी को प्रच्छन्न गर्भ (गूढ़ गर्भ) था, उसीसे पुत्र उत्पन्न हुआ है।" इस प्रकार (सर्वत्र) घोषणा की गयी। सुर, नर एवं किन्नरों को भय उत्पन्न करते हुए बुद्धिमान तुम इस राजा के महल में गये। विगतमल (निर्दोष) जब तुम युवा-भाव में चढ़े, तब अतुल बल वाले तुम्हारे मदन रूप को देख कर वज्रदन्त आदि प्रमुख पाँच सौ भाई तुम्हारे भय से अत्यन्त भयभीत हो गये। उन भाइयों ने अपने मन में राज्य की अभिलाषा धारण कर नाना प्रकार से तुम्हारे वध के उपाय किये। तुम्हारे भाई (तुम्हारे वध के निमित्त) जहाँ-जहाँ तुम्हें ले गये, वहाँ-वहाँ प्रचण्ड बाहु वाले तुम विविध दिव्य-लाभ लेकर ही निकले। ठीक ही कहा है उत्तम पुण्य सहित जो संचरण करता है, क्रुद्ध खल-जन भी उसका क्या कर सकते हैं?

---

(13) (1) पाषाण।

(14) (1) जुवाणभावेन। (2) प्रचंड।

घत्ता— रइवरु भासइ सहु मुणिवरइँ पहुम्महिउ हुवउ महु।
जेमणिहि णिय जणणहो मिलमि कहहि किंपि उवएसु लहु।। 157।।

(15)

दुवई— तो जइणा पयंपियं मार-मणपियं सुण सुतणय ताम।
विज्जउ-तिण्णि तुव करे समर धुरवरे चडहि सुहम जाम।। छ।।

ता वच्छहि गच्छहि णियय घरे जणणिहि दुच्चरिउ म चित्ति धरे।
तुह एय माय णउ एहु जणणु तं णिसुणिवि पुलए भिण्ण तणु।
5 कामइ अकाम जइ णविउ कह परमप्पउ सुर-णाहेण जह।
किर णिय मंदिरि संपत्तु जाम हक्कारउ जणणिहि [1]तणउ ताम।
पणविवि पभणिज्जइ मयरकेउ संचल्लहि सुंदर करि म खेउ।
आयण्णिवि सहसा गउ अणंगु जहिं खयरिहि मणे विलसिउ अणंगु।
वोल्लाविउ किण्णाएसु करहि लइ वर विज्जउ भो तिण्णि धरहि।
10 तहे अवसर जंपइ कुसुमसरु एउ अच्छमि हउँ तुह आण्णययरु।

घत्ता— रतिवर प्रद्युम्न मुनिवर से बोला—"हे प्रभु आप मुझ पर बड़े प्रसन्न हैं। अब कुछ ऐसा उपदेश कहिए कि जिससे मैं शीघ्र ही अपने माता-पिता से जा मिलूँ। ।। 157।।

(15)

कुमार प्रद्युम्न को रानी कंचनमाला द्वारा तीन विद्याओं की प्राप्ति

द्विपदी— तब यति ने मार (कामदेव प्रद्युम्न) के मन को प्रिय लगने वाला उपदेश कहा—"हे सुन्दर पुत्र, तुम उसे सुनो। जिससे समर में धुरन्धर तुम्हारे हाथ में तीनों सुभग विद्याएँ चढ़ें।"।। छ।।

"अतः हे वत्स अपने घर जाओ। जननी (कंचनमाला) के दुश्चरित्र को चित्त में मत धरो। क्योंकि यह तुम्हारी (यथार्थ) माता नहीं है और यह पिता भी तुम्हारा (यथार्थ) नहीं है।" मुनिराज का यह कथन सुनकर कुमार पुलकित शरीर वाला हो गया। फिर उस कामदेव कुमार ने कामरहित यति को किस प्रकार नमस्कार किया? ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार कि सुरनाथ परमात्मा को नमस्कार करता है।

वहाँ से चलकर कुमार जब अपने भवन में पहुँचा तब माता ने एक सेविका के द्वारा उसको तुरन्त बुलवाया। उस (सेविका) ने मकरकेतु को प्रणाम कर कहा—"हे सुन्दर चलो। अब विलम्ब मत करो।"

यह सुनकर वह अनंग प्रद्युम्नकुमार सहसा वहाँ गया, जहाँ खचरी विद्याधरी कंचनमाला के मन में अनंग (काम) विलास कर रहा था। कंचनमाला ने उसे अपने पास बुलाकर कहा—"मेरा आदेश पूरा क्यों नहीं करते? ये तीनों उत्तम विद्याएँ लो और इन्हें धारण करो।" कुसुमशर कुमार ने उसी समय कहा—"आपका आज्ञाकारी मैं यहीं हूँ।"

---

(15) 1. अ. पत्तु।

घत्ता— आयण्णिवि तं खग राणियइँ रइरमणु[1] पहरसं [2]दाणियइँ[3]।
जो संवररायहो मण पियउ तं विज्जउ तिण्णि समप्पियउ।। 158।।

(16)

दुवई— तो परियत्तु[1] पुणु वि मयरद्धउ माइए[1] किं रूसज्जसि।
जइ पेसण समाणु[2] महु जाणहि ता सुउ भणिवि दिज्जसि।। छ।।

जाणिवि धुत्तइँ छम्मिय पिय मणे अवर पवंचु रइउ ते तक्खणे।
मयण-वसेण तिणु वि णउ गणियउ कररूरेहिं णिय तणु वणियउ।
5 सिहिण-जुवलु सुकढिणु पवियारिवि रोसविमीसु चित्तु साहारिवि।
कवडु करिवि पिय अछइ जामहिं जमसंवरु संपत्तउ तामहिं।
चवइ राउ हले किं विद्दाणिय णियमरणहो सा कहइ कहाणिय।
एउ कम्मु वि रइउत्तु पवुत्तइ कुल-कलंकु दुण्णय संजुत्तइँ।
तं आयण्णिवि कोवइँ कंपिउं वार-वार णिव एवि पयंपिउ।
10 पहणमि भणिवि जाम णीसरियउ पविदंतइँ तणयइँ ता धरियउ।

घत्ता— रतिरमण प्रद्युम्न के वचन सुनकर खग रानी कंचनमाला ने हर्षित होकर उस (प्रद्युम्न) के लिए राजा कालसंवर के मन को प्रिय लगने वाली तीनों विद्याएँ समर्पित कर दीं।। 158।।

(16)

त्रिया-चरित्र का उदाहरण, राजा कालसंवर प्रद्युम्न का वध करने के लिए तत्पर हो जाता है

द्विपदी— तब मकरध्वज ने माता से पुनः कहा "हे माई आप मुझसे रुष्ट क्यों हैं? यदि आप मुझे सेवक के समान मानती हैं, तब वे विद्याएँ मुझे अपना पुत्र कहकर प्रदान कीजिए।"

तब उस धूर्त रानी ने अपने मन में छद्म जानकर तत्क्षण अन्य प्रपंच रचे। मदन के वश से उस (रानी) ने कुछ भी नहीं समझा (गिना) और नखों से अपने शरीर को व्रण युक्त कर लिया। कठिन स्तनयुगलों को विदीर्ण कर लिया, रोष विमिश्रित चित्त को धारण कर लिया और कपट करके जब वह प्रिया रानी बैठी थी, तभी राजा यमसंवर वहाँ आ पहुँचा, और बोला—"हे हले, अपने को इस प्रकार विदीर्ण क्यों कर लिया है?" तब उसने अपने पति से वह समस्त कहानी कही कि "इस कामुक को जो रतिपुत्र कहा गया है, वह दुर्नय से युक्त है। वह कुल के लिए कलंक है। रानी के मुख से उसकी कहानी सुनकर राजा क्रोध से काँपने लगा और बार-बार इस प्रकार बोला—"मैं इसका वध किए डालता हूँ।" इस प्रकार कहकर वह राजा निकला तभी वज्रदन्त ने उस (वृद्ध राजा) को पकड़ लिया (और बोला—)

---

(15) 2-3. अ. ×।

(15) (1) कामबाणेन।

(16) 1. अ. मं। 2. ब. मत्थु।

(16) (1) व्यापुटित.।

घत्ता— अम्हहँ पंचसयइँ सुवहँ दीहर-भुअहँ दे आएसु ताय किं किज्जइ।
जंपइ खयरवइ णिरु कुविय मइ हणहु कुमारु जेम ण मुणिज्जइ।। 159।।

(17)

दुवई— आयण्णिवि कुमारय मयण-मारय धाइया तुरंत।
जहिं भी[1]सम सुवा[2]सुओ दीहयरभुओ सयल तहिँ पहुंत।। छ।।

वम्महु जलु-कील करंतु दिट्ठु णं सुर-करि-वरु सरवरे पइट्ठु।
जाइवि छलेण किर घरहिं जाम [3]आलोयणि विज्जा चवइ ताम।
5 सुणि देवएँ तिए दुट्ठ-भाव तुह भायर णियमणे कुद्ध पाव।
ता चवइ मयणु महुरूउ धरहि तुहुँ अछहि मइ पच्छण्णु करहि।
तं णिसुणिवि विज्जइँ कियउ तेम खयराहिव सुवण मुणंति जेम।
मरु-मरु भणंत ते उच्चडिया णं हरि हे गयंद समावडिया।
जा उक्खय पहरण सयल थिया विज्जइँ अउव्व ता लील किया।
10 [4]परिवेढिय णाय-वास चवला बंधेवि सरे णिम्मिय ते सयला।

घत्ता— "(आपके) दीर्घभुजा वाले हम 500 पुत्र हैं। क्या करना है सो हमें आज्ञा दीजिए? तब अत्यन्त कुपितमति उस खचरपति (कालसंवर) ने कहा—"कुमार प्रद्युम्न का इस तरह वध करो कि उसे पूर्व-जानकारी न मिल सके।। 159।।

(17)

आलोचनी-विद्या का चमत्कारी प्रभाव, कुमार प्रद्युम्न का वध नहीं किया जा सका

द्विपदी— वे वज्रदन्त आदि सभी पुत्र पिता का आदेश सुनकर उस मदन—प्रद्युम्न का वध करने के लिए दौड़े और तुरन्त ही वहाँ पहुँचे जहाँ दीर्घ भुजाओं वाला राजा भीष्म-पुत्री का वह पुत्र (प्रद्युम्न) स्थित था।। छ।।

वहाँ उन्होंने उस मदन को जल-क्रीडा करते हुए देखा। वह ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों ऐरावत हाथी ही सरोवर में प्रविष्ट हुआ हो। उन्होंने जाकर जब उसे छलपूर्वक धरा (पकड़ा) तब आलोचनी विद्या ने उस (प्रद्युम्न) से कहा—"सुन, देव — राजा कालसंवर एवं उसकी त्रिय-कंचनप्रभा के मन में दुष्ट भाव (जाग गया) है, तुम्हारे (सौतेले) भाइयों ने अपने मन में क्रुद्ध पाप धारण कर लिया है।" तब मदन उस (आलोचनी विद्या) से बोला—"तुम मेरा रूप धारण करो तथा मुझे प्रच्छन्न रखकर उपस्थित रहो।" यह आदेश सुनकर उस विद्या ने ऐसा किया कि जिसे खचराधिप सुत समझ भी न सके। 'मरे-मरे' कहते हुए वे उछल कूद करने लगे। वे ऐसे प्रतीत होने लगे जैसे हरि—कृष्ण ने गजेन्द्रों को उठा-उठा कर पटक दिया हो। प्रहार करने में असक्त होकर जब वे उखड़ गये तब उस विद्या ने एक अपूर्व लीला की (प्रदर्शन किया)। उस चपल (विद्या) ने उन सभी को नाग-पाश से बेढ़ दिया और उन्हें सरोवर में डुबा दिया। किन्तु उनमें से एक कुमार जिस किसी प्रकार वहाँ से

---

(17) 1. अ. म। 2. अ या"। 3. अ. अवलोयणि। 4. ब. परिसेसिय।

ता एक्कु कुमरु कह-कहव इक्कु णिविसट्ठइ रायहो पासे ढुक्कु।

घत्ता— जंपइ सो खलियक्खहिं कंपइ [5]पुणु साहारइ।
अजउदेव सो कुमरु रणे पइंमि[(1)] वहंतु कवणु किर वारइ।। 160।।

(18)

दुवई— जे अब्भिट्ट सयलंतुव तणुरुह ते सहसत्ति रुद्धया।
भीसण णाय-[1]वास दिव्वत्थइँ तक्खणे समरे वद्धया।। छ।।

ता कुविउ खगेसरु रण पयंडु तहो मच्छइँ पाल[2]मि वज्जदंडु।
रणतूरु दिण्णु कलयलु करेवि संचलिउ सयलु सेण्णु वि मिलेवि।
कत्थइँ मयगल-मय णिज्झरंत णं जंगम [3]गिरिवर पज्झरंत।
कत्थइँ चलंत चलवल-तुरंग णं चवल महोअहि वर तरंग।
कत्थइँ रहवर चिक्कंति विसम कलहोय विणिम्मिय मेरु सुसम।
णह जायहि णह छाइउ सयलु इय संचल्लिउ खगराय-वलु।
जले-थले-पहि-दिसिहि ण माइयउ हरि-तणयहु उवरे पधाइयउ।
पेक्खिवि रिउ साहणु अइपवलु णिम्मिउ मायामउ तेण वलु।

खिसक गया और निमिषार्ध में ही राजा कालसंवर के पास जा ढुँका (जा पहुँचा)।

घत्ता— उस विद्या की करतूत से हारा हुआ वह काँपने लगा और लड़खड़ाती वाणी में बोला— "हे देव, रण में वह कुमार (प्रद्युम्न) अजेय है। उसका वध करते समय निश्चय ही कोई (हमें) रोकता है।"।। 160।।

(18)

कालसंवर एवं प्रद्युम्न का युद्ध

द्विपदी— हे देव, जब तुम्हारे सभी पुत्र उस कुमार प्रद्युम्न से जा भिड़े, तभी सहसा ही उन्हें रोक दिया गया तथा समर-काल में तत्काल ही नाग-पाश जैसे भीषण दिव्यास्त्र से बाँध दिया गया।। छ।।

यह सुनकर रण-प्रचण्ड खगेश्वर (कालसंवर) कुपित हो उठा और चिल्ला उठा—"(अब जाकर उस प्रद्युम्न के) माथे पर मैं वज्रदण्ड पटकता हूँ।" (यह कह कर) उसने रणतूर बजवाया और कलकल कर चला। उसकी समस्त सेना भी मिलकर चली। कहीं तो हाथियों का मद बह रहा था, मानों बीहड़ पर्वतों से निर्झर ही प्रवाहित हो रहा हो। कहीं चंचल, प्रबल तुरंग चल रहे थे, मानों महोदधि की चचंल तरंगें ही चल रही हों। कहीं उत्तम रथ, चिक-चिक की विषम चिंघाड़ कर रहे थे। हाथियों के समूह मानों सामानान्तर मेरु पर्वत ही बना रहे थे। नभ-यानों से समस्त नभो-मण्डल आच्छादित था। इस प्रकार खगराज की वह सेना चली। जल-थल एवं नभ तथा दिशाओं विदिशाओं में वह समा नहीं पा रही थी। वह हरितनय—प्रद्युम्न के ऊपर बुरी तरह झपटी। अति-प्रबल रिपु-साधनों को देखकर उस प्रद्युम्न ने भी मायामयी सेना निर्मित की। गजों से गज श्रेष्ठ, रथ श्रेष्ठों

---

(17) 5. अ णियमइ। (17) (1) मारयम्।

(18) 1. अ °पा०। 2. अ इ°। 3. अ महि।

गयवर गएहिं रहवरहिं-रह णरवर-णरेहिं हय-हयहिं तह
इय उहयसेण रण उहे भिडिया पहरंति सुहडु मच्छर चडिया।

घत्ता— इय जाउ महाहउ दुव्विसहु जो तियसिंद-विंद भयकारउ।
हणहिं णरिंद महाउहवि हरिसाविय सुरवहु सय वारउ।। 161।।

(19)

दुवई— कोवि पहरंति सुहड दप्पुब्भड फर-करवाल हत्थया।
केवि पयंड जोहवर जोहहिं आहवे कय णिरत्थया।। छ।।

केणवि कहो रहु एंतु णिवारिउ केणवि कहु करिवरु विणिवारिउ।
केणवि कहो हय-वरु हउ वाणहिं आसीविस-विसहरहिं समाणहिं[1]।
5 केणवि[2] कासु छत्तु-धउ-धणुहरु केणवि कहो सण्णाहु ससेहरु।
इय संगामु परोप्परु वट्टइ सुहडहँ चित्तें जयासण फिट्टइ।
ता खयरें सहु सेण्णु पढुक्कउ जलहि-जलुव मज्जाय विमुक्कउ।
पल्लिउ तणे वलेण सवाहणु भग्गु परम्मुहुँ मणसिय साहणु।

से रथ, नरों से नरश्रेष्ठ उसी प्रकार अश्वों से अश्व। इस प्रकार वहाँ रण में दोनों सेनाएँ जा भिड़ीं। मात्सर्य से रंगे हुए सुभट एक-दूसरे पर प्रहार करने लगे।

घत्ता— इस प्रकार वहाँ ऐसा विषम सैन्य संहार हुआ कि जो देवगणों को भी भयकारक हो गया। नरेन्द्र (प्रद्युम्न) ने महान् आयुधों से मार की, जिसने सुरवधुओं को सैकड़ों बार हर्षित किया।। 161।।

(19)

प्रद्युम्न की सैन्यकारिणी विद्या का चमत्कार राजा कालसंवर एवं प्रद्युम्न में तुमुल-युद्ध

द्विपदी— कोई दर्पोद्धत सुभट हाथों में स्फुरायमान करवाल से प्रहार करता था तो कोई प्रचण्ड योद्धा अन्य श्रेष्ठ योद्धा के आक्रमण को निरर्थक कर रहा था।। छ।।

कोई किसी के आते हुए रथ को रोक रहा था, तो कोई किसी के करिवर को रोक रहा था। कोई किसी के श्रेष्ठ घोड़े को आशीविष सर्प-विष के समान भयंकर बाणों से घायल कर रहा था, तो कोई किसी धनुर्धारी के छत्र एवं ध्वजा का अपहरण कर रहा था और किसी के मुकुट को ही उड़ा दे रहा था। इस प्रकार जब परस्पर में युद्ध हो रहा था और सुभटों के चित्त में जब विजय की आशा न रही तब विद्याधर कालसंवर अपनी सेना के साथ सभी मर्यादाएँ छोड़कर उसी प्रकार आगे बढ़ा जिस प्रकार तूफान के समय समुद्र अपनी मर्यादा छोड़कर आगे बढ़ जाता है। जब उसने वाहन सहित अपने बल को पेल दिया तब मनसिज (प्रद्युम्न) के साधन ने उसके उस बल को भंग कर पराजित कर दिया। कोमल विधुर (कुमार) के प्रहार के भय से त्रस्त राजा मकरध्वज कुमार

---

(19) 1. अ. म्मा। 2. ब हि।

कोमल[3] वि[4]हुर पहुर भय-तट्ठउ मयरद्धयहो सरणि सुपइट्ठउ।
10 तं रइ[5]-वल्लहेण साहारिउ भज्जमाणु कह-कहव णिवारिउ।
पुणु रिउ साहणे चलिउ समच्छरु मीण परिट्ठिउ णाइ सणिच्छरु।

घत्ता— दुग्घोट्ट थट्ट रणे विद्दविय हय-हयवर रहवर मुसुमूरिय।
तियसहिमि समत्थइँ वम्महेण णर-णरिंद सयल वि संचूरिय।। 162।।

(20)

दुवई— पुणरवि भिडिउ समरे मयरद्धउ पवलु पयंडु दुद्धरो।
तोडइ सुहड-सिरइँ सररूह इव जह णिरु मत्त-सिंधुरो।। छ।।

तवो हरिस्स णंदणेण दिव्व-अत्थ-संदणेण।
णियमणम्मि कुद्धएण जयसिरी सुलुद्धएण।
5 पेसियास विज्ज[1](1) तेण णिम्मियं वलंपि[2](2) जे[1]ण।
तेण तं [2]सुसाहणंपि चूरियं सवाहणंपि।
पक्खिऊण[3](3) तण्णिवेण[4](4) समरे सु अहो णिक्किवेण[5](5)।
दिव्वु धणहु करे-करेवि [3]मुक्कवाण हुंकरेवि।

की शरण में आकर प्रविष्ट हुआ। यह देखकर रतिवल्लभ (प्रद्युम्न) ने कहा—"भगोड़े को क्यों और कैसे मारूँ? किन्तु मात्सर्यवाला वह रिपु, "साधन सहित पुन: युद्ध के लिए उसीप्रकार चल पड़ा मानों मीन राशि पर शनैश्चर ही चढ़ाई करने आ रहा हो।

घत्ता— उसने दुर्दमनीय गजों के थट्ट (—समूह) को रण में विदीर्ण कर डाला। उत्तम घोड़ों को मार डाला। यह देखकर उस मन्मथ ने भी उस (विद्याधर) के समस्त साधन तथा नर-नरेन्द्रों को चूर-चूर कर दिया।। 162।।

(20)

अवलोकिनी-विद्या का चमत्कार—कालसंवर एवं प्रद्युम्न में भयानक युद्ध

द्विपदी— पुन: समर में प्रबल-प्रचण्ड एवं दुर्धर वह कालसंवर मकरध्वज से आ भिड़ा और वह उसके सुभटों के सिरों को उसी प्रकार तोड़ने लगा, जिस प्रकार कि मत्त-सिन्धुर (गज) सरोवर में कमलों को।। छ।।

तब अपने मन में क्रुद्ध जयश्री के लोभी, दिव्यास्त्र एवं स्यन्दन वाले उस हरि-नन्दन—प्रद्युम्न ने अपनी अवलोकिनी विद्या भेजी। जिसने (अपने प्रभाव से) एक सेना निर्मित कर दी। उस (कुमार) ने अपने वाहन से उसके सभी साधनों को चूर-चूर कर दिया। राजा कालसंवर ने उसे (अपने उस साधन को नष्ट) देखकर पुन: समर में अत्यन्त निर्दय होकर, हाथ में दिव्य-धनुष धारण कर हुँकार के साथ शुक्ल बाण छोड़ा। रतिवर कुमार ने उसे डाँटकर, गर्जकर अमोघ बाण छोड़ा। कालसंवर ने उसे भी व्यर्थ कर दिया और अपनी ओर से

---

(19) 3. अ. मुकल। 4. अ. चि°। 5. अ. मयरद्धएण।

(20) 1. ब. ए°। 2. अ. °पि। 3. ब. °सु।

(20) (1) सुकीय अवलोकिनी विद्या। (2) तेन विद्यावतं निर्मापितेन विद्या-पोषिता। (3) साहणं। (4) कालसंवरेण। (5) कृपारहितेन।

रइवरेण तज्जिऊण अवरु मुक्क गज्जिऊण।
वंचिया [4]खगेण तेवि पेसिउ गिरिंदु लेवि।
तुरिउ ता मणुब्भवेण हउ गिरीसु राउहेण।

घत्ता— संवरेण विसज्जिउ तम-पसरु दुमणि मुअवि तण्णासिउ।
अग्गेउ पमेलिउ खेयरेण तंवारुणइं विणासिउ।। 163।।

(21)

दुवई— जं-जं खयरराउ आरूसिवि आउहु दिव्वु मेल्लए।
तं-तं मयणु सुहडु चूडामणि अद्धवहंपि पेल्लए।। छ।।

णिएवि कुमारु पयंडु[1] रणंगणे ता जमसंवरु चिंतइ णियमणे।
केणोवायएँ एहु रणे जिज्जइ वइवसपुर-पंथेइ लाइज्जइ।
पुणु पल्लट्टु पासि णिय घरिणिहे करिवरु जेम समीउ स-करिणिहे।
वोल्लाविय महएवि खगिंदें रणरसियइँ कुल-कुवलय चंदें।
विज्जउ तिण्णि देहि अवियप्पइँ जुज्झमि जेम समउ कंदप्पइँ।
ता धुत्तिए पच्चुत्तरु दिज्जइ एमहि सामिय भणु किं किज्जइ।
दिण्णउ थण्णु सिसुत्तणे जइयहु मइमि समप्पियाइ तहिं तइयहो।

गिरीन्द्र को फेंका। तब मन्मथ—प्रद्युम्न ने भी तुरन्त ही अपने दिव्यास्त्र से उस गिरीश को नष्ट कर दिया।

घत्ता— तब राजा कालसंवर ने ऐसा तम-प्रसार किया कि सूर्य भी उसे नष्ट न कर पाया। उस खेचर राजा ने ताम्रारुण सूर्य को विनष्ट कर उस तम-भार को आगे बढ़ाया।। 163।।

(21)

कालसंवर, प्रद्युम्न से पराजित होकर अपनी रानी कनकप्रभा से विद्याएँ माँगने जाता है और नहीं मिलने पर निराश हो जाता है

द्विपदी— खचर-राजा ने रूसकर जिन-जिन दिव्यायुधों को छोड़ा, सुभट चूडामणि मदन ने उन सभी को आधे मार्ग में ही पेल दिया (रोक दिया)।। छ।।

रणांगण में कुमार की प्रचण्डता को देखकर वह राजा यमसंवर अपने मन में विचारने लगा कि "किस उपाय से यह रण में जीता जायेगा? इसे वैवस्वतपुर (यमपुर) के मार्ग में कैसे लगाया जाये?" वह (राजा) अपनी घरिणी रानी के पास उसी प्रकार पलटा—लौटा, जिस प्रकार करीवर अपनी करिणी के समीप जाता है। रण में रसिक कुलकुमुदों के लिए चन्द्र के समान उस खगेन्द्र ने महादेवी को बुलाकर कहा—"बिना विकल्प किये (विचार किये बिना) तीनों विद्याएँ मुझे दे दो, जिससे कन्दर्प कुमार के साथ लड़ सकूँ।" तब उस धूर्ता ने प्रत्युत्तर दिया—"हे स्वामिन्, कहिए कि अब मैं क्या करुँ? जब कुमार ने शिशुकाल में मेरा स्तन अपने मुख में दिया था तभी मेरे द्वारा उसे तीनों विद्याएँ समर्पित कर दी गयीं थीं।" रानी के उस वचन से राजा शंकित हुआ। वह उसी प्रकार

---

(20) 4. ब. गेण।

(21) 1. ब. क°।

10 तें वयणें आसंकिउ राणउ कमलवणुव हिम हउ विद्दाणउ
जाणिवि दुच्चरित्तु विहुणिवि सिरु कंपंतउ मण साहारिवि णिरु।

घत्ता— पुण्णक्खइ होइ परम्मुहउ घरु घरिणि सयणु[1] सय णिज्जउ।
सुहडहो सुहडत्तणु होउ छुडु काइँ करंति वरायउ विज्जउ।। 164।।

(22)

दुवई— सेसुव्वरिय-सेण्ण-संजुत्तउ लहु सण्णहि विणिग्गउ।
णं गयवर सएहि परिवारिउ जह गज्जंतु दिग्गउ।। छ।।

एत्तहि[1] वि कालु णं कवलु लेवि थिउ साल णवोवरि दिट्ठि देवि।
खयरायविंद-वलु ताम ढुक्कु णं जलणिहि-जलु मज्जाय [1]मुक्कु।
5 हय-गय-रहवर-भड विप्फुरंतु अब्भिडउ हरि-तणयहो तुरंतु।
पहरंतु जोह दिढ-मग्गणेहिं विंधणसीलें जह दुज्जणेहिं।
कुसुमाउहेण विद्दविउ केम सुरगिरिणा सायरि सलिलु जेम।
आहय हय-गय रण उहे[2] समत्त चूरिय रह णरवर वर [2]समत्त[3]।

उदास हो गया, जिस प्रकार कमल-वन हिम से विदीर्ण हो जाता है। राजा ने अपना सिर धुन लिया। काँपते मन से वह बोला—

घत्ता— "पुण्य का क्षय होने पर घर, घरिणी, समस्त स्वजन पुत्र आदि सभी परांगमुख हो जाते हैं और सुभट का सुभटपन भी समाप्त हो जाता है। ऐसी स्थिति में बेचारी विद्याएँ भी क्या करेंगी?"।। 164।।

(22)

प्रज्ञप्ति विद्या का चमत्कार — कालसंवर एवं प्रद्युम्न में तुमुल युद्ध

द्विपदी— शेष बची हुई सेना के साथ वह राजा कालसंवर दिशाओं में गरजन करता हुआ आकाशमार्ग से इस प्रकार चला मानों गजश्रेष्ठ अपने सैकड़ों हाथियों के साथ प्रस्थान कर रहा हो।। छ।।

इसी बीच में जैसे काल अपना कवल ले रहा हो, उसी प्रकार कालसंवर राजा भी नये साधन रूपी कवल पर दृष्टि देकर स्थित हुआ। विद्याधर राजवृन्दों का बल (सैन्य) इस प्रकार समर भूमि की ओर बढ़ा जिस प्रकार तूफान के समय जल अपनी मर्यादा छोड़ देता है। तुरन्त ही हय, गज, रथवर एवं भट फड़कते हुए हरिपुत्र कुमार से जा भिड़े। जिस प्रकार दुर्जन जन चुभने वाले वचनों से प्रहार करते हैं उसी प्रकार वे योद्धागण भी दृढ़ वाणों से प्रहार करने लगे। तब कुसुमायुध (प्रद्युम्न) के द्वारा वे सभी किस प्रकार विद्रावित कर दिये गये? उसी प्रकार जिस प्रकार कि सुरगिरि द्वारा सागर-सलिल। रणरूपी समुद्र में घोड़े आहत हो गये। गज समाप्त हो गये। रथ चूर-चूर हो गये और नर वर भी समाप्त हो गये। शेष सेना ने एक क्षण भी स्थिरता नहीं रखी। "मुझे शरण

---

(21) (1) सतनुपुत्र।

(22) 1. अ चु। 2-3. अ विचितु।

(22) (1) अत्रस्थाने। (2) रणसमुद्रेण।

वलु थाहु ण वंधइ एक्कु खणु भग्गउ विहडप्फडु सरणु मणु।
पण्णत्ति पहावइ सयलु जिउ ता खगवइ करि कोदंडु किउ।
तं छिण्णिउ समरे विरुद्धएण हउ सारहि-रहु मयरद्धएण।
असिवरु फरु वेहा विद्धएण लइयउ खगे[4]ण सणद्धएण।

घत्ता— किर भिडइ कुमारहो रण दुव्वारहो संवरु णियमणे कुद्धउ।
णं गिरि[3] हुववहहो अहि अहिवहहो [4]हरिहि करिंदु मयंधउ।। !65।।

(23)

दुवई— विण्णिवि चम्मरयण असिवर कर विण्णिवि [1]महंत जोइया[2]।
विण्णिवि वद्ध कोह जा पहरहि जह रणे राम-रामवणा।। छ।।

तहिं अवसरे जो जगि कलियारउ छत्तिय-वंसिय कमंडलधारउ।
जो अमरहँ सावणें समत्थउ कविल जडा-जूडहँ किय मत्थउ।
जो रूवणिहिं मणोरहँ-गारउ सो संफ्तु महारिसि णारउ।
अंतरे थाय वि तेण णिवारिय जुज्झमाण णं करि ऊसारिय।
पुणु रइरमणु भणिउ म चिरावहि मा णिय कुले कलंकु सुव लावहि।

दो", "मुझे शरण दो" कहकर, विघटकर भाग गयी। प्रद्युम्न ने अपनी प्रज्ञप्ति विद्या के प्रभाव से जब सबको जीत लिया, तब खगपति राजा ने अपने हाथ में धनुष-धारण किया।

विरुद्ध हुए मकरध्वज ने समर में उसके उस धनुष को भी काट दिया, साथ ही सारथि सहित रथ भी नष्ट कर दिया। तब वेधने में कुशल उस खगपति ने सावधान होकर विशाल असिवर धारण किया।

घत्ता— राजा कालसंवर अपने मन में क्रुद्ध हुआ और रण में दुर्निवार उस कुमार से उसी प्रकार जा भिड़ा जिस प्रकार पर्वत अग्नि से, सर्प गरुड़ से और मदोन्मत्त हाथी सिंह से भिड़कर नष्ट हो जाता है।। 165।।

(23)

कालसंवर एवं प्रद्युम्न का तुमुल युद्ध, महर्षि नारद आकर युद्ध बन्द करा देते हैं

द्विपदी— फिर दोनों ही वे महान् योद्धा (—राजा कालसंवर और प्रद्युम्न कुमार) चर्मरत्न से, स्फुरायमान असिवर से लड़ने लगे। क्रोध के आवेग में आकर जब वे दोनों एक दूसरे पर प्रहार करते थे, तब ऐसे प्रतीत होते थे मानों राम-रावण का ही युद्ध हो रहा हो।। छ।।

उसी समय जो जगत में कलि-कलह कराने वाला, क्षत्रियवंशी, कमण्डलुधारी देवों को भी शाप देने में समर्थ, मस्तक में कपिल वर्ण के जटाजूट रखाये, जो रूपिणी के मनोरथों को श्रेष्ठता प्रदान करने वाला महर्षि नारद था, वह वहाँ आ पहुँचा। युद्ध के मध्य प्रवेश करके उसने उन लड़ते हुओं को इस प्रकार रोका, मानों लड़ते हुए हाथियों को ही हटाया हो। पुनः रतिरमण कामदेव से (नारद ने) कहा—"विलम्ब मत करो। हे सुत, अपने कुल

---

(22) 4. अ. णे।

(22) (3) कर्ता। (4) गरुडस्य।

(23) 1-2. ब. खयर जय मणा।

उत्तम पुरिसहँ एउ ण जुज्जइ णिय जणणहो किं अविणउ किज्जइ।
तं णिसुणेवि मणभवेण तुरंतइँ पणविउ णिय जणेरु विहसंतइँ।
10 पविदंताइँ पमुह दढयर-भुव मेल्लवि पिउहे समप्पिय वर सुव।
सह-सेण्णु सयलु जीवाविउ जो मायामय पहरहिं ताविउ।

घत्ता— पुणु कहइ महारिसि खेयरहो णिसुणि राय तुहु गुज्झु ण रक्खमि।
जें कज्जें हउँ आवियउ सो वित्तंतु सयलु फुडु अक्खमि।। 166।।

(24)

दुवई— इह वारमइ णाम पुरि पायड सुरपुरि सम पसिद्धिया।
जा रयणायरेण परिवेढिय धण-कण-जण समिद्धिया।। छ।।

तहिं णरिंदु वसुएव-णंदणो अइ पयंडु दणुविंद मद्दणो।
जो अराइ-भड-णिवह णासणो कण्हुणाम वर चक्क सासणो।
5 सच्च-रूविणी पियउ मंदिरे संवसंति णयणाहिं णंदिरे।
तहँ पइज्ज हुव सुवह कारणे णियय-चिहुर किय विहिभिसारणे।
विहिमि तणय उप्पण्ण सारया वहुव मंगलुच्छाह गारया।
भाणुकण्ण णामेण सच्चहे एउ रूविणिहि पुत्तु वुच्चहे।

में कलंक मत लगाओ। उत्तम पुरुषों को यह उचित नहीं। क्या अपने पिता की अविनय करना चाहिए?" नारद का कथन सुनकर कामदेव ने हँसते हुए तुरन्त ही अपने जनक को प्रणाम किया। दृढ़तर भुजावाले वज्रदन्तादि प्रमुख उत्तम पुत्रों को बन्धन से छोड़कर पिता को सौंप दिये। सैन्य-सहित उन सब वीरों को जीवित कर दिया, जो मायामयी प्रहारों से संतापित थे।

घत्ता— पुन: महर्षि ने खेचर से कहा—"हे राजन, सुनो मैं तुमसे कुछ भी गुप्त न रखूँगा। जिस कार्य के लिए मैं यहाँ आया हूँ वह समस्त वृत्तान्त स्पष्ट कहता हूँ।"।। 166।।

(24)

नारद के साथ कुमार प्रद्युम्न द्वारावती के लिए प्रस्थान करता है

द्विपदी— "यहाँ (भरतक्षेत्र में) द्वारावती नामकी पुरी है, जो अत्यन्त प्रसिद्ध एवं साक्षात् सुरपुरी के समान है, जो समुद्र द्वारा वेष्टित और धन-धान्य तथा उत्तम जनों से समृद्ध है।। छ।।

वहाँ का नरेन्द्र वसुदेव नन्दन है, जो अतिप्रचण्ड एवं दानवेन्द्रों का मर्दन करने वाला है, जो अराति (शत्रु) के भट-समूह को नष्ट करने वाला तथा उत्तम चक्र से शासन करने वाला है। उसका नाम कृष्ण है। वह अपनी सत्यभामा एवं रूपिणी नाम की प्रियतमाओं के साथ नेत्रों को आनन्दकारी भवनों में निवास करता है। वहाँ पुत्र जन्म के कारण (परस्पर में) प्रतिज्ञा हुई कि अपने केशों पर अभिसारण (गमन) की विधि की जाये।

दोनों रानियों के सुन्दर पुत्र उत्पन्न हुए। अनेक मंगल उत्सव मनाये गये। भानुकर्ण नाम से सत्यभामा का पुत्र कहा गया और यह कुमार रूपिणी का पुत्र कहा गया है। यह पुत्र जब सैकड़ों सुभटों से सुरक्षित था, तब

सुहडु सयहिं थिउ जाम रक्खिउ धूमकेय असुरेण लक्खिउ।
खयरायडवी हरिवि-मुक्कउ [1]ता मयर[2] तुहुं तित्थु ढुक्कउ।
10 तहिं णिएवि पइँ एहु चालिउ णिय घरम्मे आणेवि पालिउ।
इय मुणेवि कुसुमसर धारउ दिव्व-देहु पुलइउ कुमारउ।

घत्ता— गय ते णिय णयरहो सविय खयरहो हरि आसण्ण वइट्ठ कह।
पउरयणं णियंतहं सिरेण णमंतहं णं गिरि-सिहरहँ सीहु जह।। 167।।

इय पज्जुण्ण कहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए बुह रल्हण सुव कइ सीह विरइयाए [3]णारय-पज्जुण्ण मेलावय वण्णणं[4] णाम **णवमो संधी** परिसमत्तो।। संधी: 9।। छ।।

पुष्पिका

सारासार-विचार चारु धिषणं[(1)]: [1]सुद्धीमतामग्रणी,
[2]र्जात: सत्कवि रत्त सर्व्व विदुषां[(2)] वैदुष्य सम्पादक:।
येनेदं चरितं प्रगल्भ मनसां शान्त: प्रमोद प्रदं,
प्रद्युम्नस्य कृतं कृति[(3)] कृतवतां जीयात्ससिंहो क्षितौ:।। 9।। छ।।

धूमकेतु असुर ने उसे पहचान लिया और हरकर खदिराटवी में छोड़ दिया। हे मकर, तब तू वहाँ पहुँचा और वहाँ उसे देखा, तब उसे लेकर चला और अपने घर में लाकर पाला-पोसा।" यह जानकर दिव्य देहधारी वह कुसुमशर—कुमार पुलकित हो उठा।

घत्ता— इस प्रकार विद्याधरों द्वारा सेवित (नारद, कालसंवर एवं प्रद्युम्न) अपने नगर मेघकूटपुर नगर के लिये चले। वहाँ पौरजनों ने उनकी सेवा की और सिर झुका कर नमस्कार किया। वहाँ सिंहासन पर बैठा हुआ वह कैसा प्रतीत हुआ? वैसा ही जैसा गिरि शिखर पर बैठा हुआ सिंह।। 167।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली बुध रल्हण के पुत्र सिंह कवि द्वारा विरचित प्रद्युम्न कथा में नारद-प्रद्युम्न मिलाप वर्णन नामकी **नवमी सन्धि** समाप्त हुई।। सन्धि: 9 ।। छ।।

पुष्पिका—

जो सारासार के विचार में सुन्दर बुद्धि वाला है, जो शुद्ध-बुद्धिमानों में अग्रणी है, जो सत्कविकुल में उत्पन्न हुआ है, जो सत्कवियों का आदर करता है, जो विविध विद्वानों की विद्वत्ता का सम्पादक है और जिसने प्रगल्भों के मन को शान्तिप्रद एवं प्रमोदकारी प्रद्युम्न के चरित सम्बन्धी इस विशिष्ट कृति की रचना की है, वह कवि-सिंह पृथिवी-मण्डल पर जयवन्त रहे।

---

(24) 1-2. अ. तामराय। 3-4. अ.×।

पुष्पिका— 1. अ. स। 2. अ. या°।

पुष्पिका--(1) बुद्धि। (2) विदुषिताभाव वै दुषिता उत्पादक:। (3) पुण्यवन्त: मध्ये पुण्यवंत:।

दहमी संधी

(1)

ध्रुवकं— वंधव सयणहँ परियणहँ थिउ परियरिउ मणुब्भउ जामहिँ।
पेक्खिवि तव-जम-णियम-विहि चवइ महारिसि णारउ तामहिँ।। छ।।

आरणालं— भो-भो-भो कुमारया भुवणे सारया सुण सुदिण्ण चित्ता।
तुव जणणी सु मुंडणं माणखंडणं करहि विजय जत्ता[1]।। छ।।

णिय जणणिहिँ दुहु असहंतएण मयणेण वि ताम तुरंतएण।
विणविउ णमंसिवि णि मुणिराय आएसु देहि लहु जामिताय।
पणवेवि कणयप्पह मायसइँ पुणु चवइ खमहु अवराह सयइँ।
तुम्हह हउँ लालिउ-तालियउ[2] अइ-दुक्ख-दुक्ख परिपालियउ।
दिणे-दिणे अणुवमु माणियउ परु अप्पु सयलु मइ जाणियउ।
इय थुइ करेवि गग्गिर-गिरेण पुणु-पुणु पणप्पिवेणुण्णय सिरेण।
खम करिवि खमावि सयण वग्गु परियणु असेसु जो रणे अहंगु।
पुच्छिवि सहयर दुम्मिय-मणेण संभासिवि पुणु गवणम्मणेण[3]।
मुणि पभणिउ ता मणसिए[1]ण एम वियरहि विमाणु लहु जामि जेम।

दसवीं सन्धि

(1)

(द्वारावती चलने के लिए) महर्षि नारद ने तत्काल विमान का निर्माण किया

ध्रुवक— वह मन्मथ — प्रद्युम्न जहाँ बैठा था वहाँ बन्धु-बान्धवों, स्वजनों एवं परिजनों ने आकर उसे घेर लिया। उसके तप, यम, नियम आदि विधियाँ देख कर महर्षि नारद ने कहा— ।। छ।।

आरणाल— "भो-भो कुमार, भुवन में सार रूप, चित्त देकर सुनो। तुम्हारी माता रूपिणी का मुण्डन और मानखण्डन होने वाला है, इसलिए तुम विजय-यात्रा करो।। छ।।

अपनी माता के दु:ख को न सहते हुए, प्रद्युम्न कामदेव ने भी तुरन्त ही मुनिराज को नमस्कार कर विनती की कि—"हे तात, महाराज, आदेश दीजिए कि मैं वहाँ शीघ्र ही जाऊँ।" कनकप्रभा माता को स्वयं प्रणाम कर पुन: बोला—"मेरे समस्त अपराध क्षमा कर दीजिए। तुमने मेरा लालन-पालन-ताड़न किया है। अति: दु:खों से मुझे पाला है। दिन-दिन सुख रूप अनुपम मुझे माना और मुझे पराये एवं अपने का समस्त ज्ञान कराया है।" इस प्रकार गद्‌गद् वाणी से स्तुति कर पुन: पुन: अनुनय पूर्वक माथा झुकाकर प्रणाम कर, स्वजन वर्ग को क्षमा कर, तथा क्षमा कराकर और जो रणवास में अभंग सम्पूर्ण परिजन थे, उनको और मित्रों को दु:खी मन से पूछकर गमन के मन वाले उस मनसिज — प्रद्युम्न ने पुन: सम्भाषण कर मुनिराज (नारद) से बोला—"चलिए, विमान बनाइए, जिससे मैं शीघ्र ही जा सकूँ।"

---

(1) 1. अ.×।

(1) (1) गमनंकुरु। (2) कुमार्गात् तारित:। (3) गमनचित्तेन।

घत्ता— सहसत्ति विणिम्मिउ णारएण किंकिणी कुसुमदाम उम्मालिउ।
दिट्ठु विचित्तु मणि-गण-जडिउ रइ वल्लहेण वि झत्ति णिहालिउ।। 168।।

(2)

आरणालं— पेक्खिवि तं विमाण[1]यं पुर-समाणयं करिवि मणे पवंचं।
णियचलणंपि पेल्लियं तेण डोल्लियं मुडिवि हुउ कुसंचं।। छ।।

जंपइ कुसुमाउहु कहो सीसइ एउ विणाणु ण अण्णहो दीसइ।
कहि-कहि ताय-ताय कहिं सिक्खिउ पइँ जे हउ छइल्लु ण णिरिक्खिउ।
ता पडिवयणु देइ रिसि [2]णारउ जो सुर-णर-किण्णरहं पियारउ।
हउँ सुव थेरु कज्ज असमत्थउ किंकारणे उवह[3]सहि णिरुत्तउ।
तुहु जुवाणु सुवियट्ढु[(1)] वियक्खणु रयहि-विमाणु [4]माणु ण विले[5]क्खहिं।
किं-किं[6] खेड्डु करंतु ण थक्कइ किं किज्जइ तुरिउ ण सक्कइ।
किं तुहु अवमाणु[7] णउ लक्खहि किं णिय जणणिहिं कज्जु उवेक्खहि[(2)]।
तं णिसुणिवि दिग्गयवर गमणइँ किउ विमाणु अणवमु [8]ता मयणइँ[9]।

घत्ता— तब नारद ने किंकिणियों एवं पुष्पमालाओं से सुशोभित, देखने में विचित्र मणिगणों से जटित विमान निर्मित कर दिया। रतिवल्लभ—प्रद्युम्न ने उसे शीघ्र ही निहारा—देखा।। 168।।

(2)

नारद द्वारा निर्मित विमान प्रद्युम्न के पैर रखते ही सिकुड़ जाता है। अत: नारद के आदेश से प्रद्युम्न दूसरा विमान तैयार करता है

आरणाल— नगर के समान उस सुन्दर विमान को देखकर मन में प्रपंच कर अपने पैर उसमें रखे, उससे विमान डोल गया (हिल गया) और मुड़कर सिकुड़ गया।। छ।।

तब कुसुमायुध प्रद्युम्न (नारद से) बोला—"आपने कहाँ से सीखा है?" ऐसा विज्ञान अन्य किसी को तो नहीं दिखायी देता। हे तात, हे तात, कहो—कहो, आपने कहाँ से इसे सीखा है? मैंने तो आप जैसा छैला — कुशल अन्य किसी को देखा ही नहीं।" तब देव, नर एवं किन्नरों के प्यारे उन ऋषिराज ने प्रत्युत्तर में कहा—"हे पुत्र, मैं तो अब बुड्ढा को गया हूँ, कार्य करने में असमर्थ हूँ, फिर किस कारण से तुम मेरा उपहास करते हो? तुम अभी युवा हो, सुचतुर हो, विचक्षण हो, तुम स्वयं शुभ लक्षण वाले विमान की संरचना क्यों नहीं करते? तरह-तरह की क्रीड़ाएँ करते हुए नहीं थकते तब क्या तुम इसे तुरन्त ही नहीं बना सकते हो?" क्या तुम अपने अपमान को नहीं देखते? अपनी माता के कार्य की उपेक्षा क्यों कर रहे हो?"

उसको सुनकर दिग्गजवर मदन ने अपने गमन के लिए एक अनुपम विमान की रचना की।

---

(2) 1. ब. ०त्तयं। 2. ब. राणउ। 3. ब. म। 4. अ. किण्णु। 5. अ. सुहलक्खणु। 6. अ. नर। 7. अ. माणु। 8-9. अ. इक्क मणइँ।

(2) (1) विदग्ध विचक्षण:। (2) अवगणयसि।

घत्ता— मणिमय सुथंभ कुंभियहे सहुँ उच्छल्लियहँ अलंकरिउ।
णम्मरु धरंतहँ सुरवरहँ सुर-विमाणु महि अवयरियउ।। 169।।

(3)

आरणाल— जं तइलोय सारयं हियय हारयं दुमणि-पह-णिरोहं।
अइ दिव्वं विचित्तयं णिरु पवित्तयं विहिय चारु सोहं।। छ।।

रणझणंत किंकिणि व मलोउलं पंचवण्णहिं धयवड समालाउलं।
कणय-कलसेहिं दिप्पंत-दिच्चक्कयं गयण-गमणम्मि [1]जं कहिमिणउ-थक्कयँ।
5 चंद-कंतेहिं जं णिरहि कंतिल्लयं पवर माणिक्क-दित्तीहिं सुविचित्तयं।
जक्खमिहुणाण रूवेहिं पारिक्किकयं दिव्व-वत्थाइँ उल्लोवयालंकियं।
धूममा[1]णाहिं कालायरु रूवियं वरदुवारंपि रयणेहिं उद्दीवियं।
पारिजायाइँ-तरु-कुसुम-सोहालियँ मल्लि-वेइल्ल-मालाहि उम्मालियँ।
रुणु-रुणुट्टंत गंधासए-भिंगयं मेरु-सिहरस्स सरिसंपि उच्चंगयं।

10 घत्ता— इय विविह पयारइँ णिम्मविवि उवरि वलग्ग तुरिय जग सुंदर।
णं णिय कज्जइँ अवयरिवि पुणुच्चलियइँ पडिंद-पुरंदर।। 170।।

घत्ता— मणिमय सुन्दर स्तम्भों तथा गज मोतियों की लड़ियों एवं छल्लों से अलंकृत विमान पृथिवी पर उतरा। वह ऐसा प्रतीत होता था मानों मर्यादा धारण करने वाले सुरवरों का देव-विमान ही भूमि में अवतरित हो।। 169।।

(3)

प्रद्युम्न अपने नव-निर्मित सुसज्जित नभोयान में बैठकर मेघकूटपुर से द्वारावती की ओर प्रस्थान करता है

आरणाल— जो विमान तीन लोक में सारभूत है, हृदय के हार के समान द्युमणि (सूर्य) के मार्ग को रोकने वाला है, अति दिव्य है, विचित्र है, पूर्ण एवं पवित्र है और जो सुन्दर शोभा सम्पन्न है—

रुण-झुण करती किंकिणियों तथा मालाओं से व्याप्त पंचवर्णो वाले ध्वजपटों से सुशोभित सुवर्ण कलशों से दिक्चक्र को दैदीप्यमान करने वाला, गगन-गमन में कभी नहीं थकने वाला, चन्द्रकान्तामणियों से अधिक कान्तिवाले, प्रवर माणिक्यों की दीप्ति से भी अत्यन्त दीप्तिमान, दिव्यमोतियों के झुमकों से शोभायमान, हंस एवं तोतों आदि के चित्रों से सुविचित्रित, यक्ष-मिथुनों के रूपों से परिष्कृत दिव्य-वस्त्र आदि चंदोवों से अलंकृत, धूम्र करते हुए कालागरु से दीप्त, रत्नों से उद्दीप्त उत्तम द्वारवाला, पारिजात आदि वृक्षों के पुष्पों से शोभा सम्पन्न मल्लिका, वेल की मालाओं से सुशोभित, रुण-रुण करते हुए सुगन्ध के लालची भृंगों से युक्त, मेरु शिखर के समान ऊँचा।

घत्ता— इस प्रकार विविध प्रकारों से गगनचुम्बी, जग सुन्दर विमान का तुरन्त ही निर्माण किया और उस पर बैठकर वह चला। वह ऐसा प्रतीत होता था मानों प्रतीन्द्र पुरन्दर अपने कार्य से विमान से वहाँ उतरा हो और पुन: उसमें बैठकर चल पड़ा हो।। 170।।

---

(3) 1. अ. मयणाहि।

(3) (1) जतू विमानं।

(4)

आरणालं— ससि-रवि-पह समाणयंता विमाणयं सहइ गयणे लग्गं।
णं कुवल[1]इ भमंतिणा मयण-कित्तिणा वसिकयं समग्गं।। छ।।

जह-जह संकमइ णहंगणेण तह-तह रिसि संकइ णिय-मणेण।
अइ विंभिउ जा चिंतंतु थिउ दूरंतरे ताम विमाणु णिउ।
रइरमणइँ णियउ विमाणु जाम णारय-रिसि रोसइँ चवइ ताम।
भा तणय मज्झु थरहरइ देहु किं दूरि परिट्ठिउ अचलु एहु।
किं मइ जंपिउ णउ मण धरेहिं किं णिय-मायहिं दुहु णउ सरेहि।
तं आयण्णिवि दडत्ति मुक्कु मुणि महिहि पडंतु व कहव चक्कु।
जह-जह विमाणु गयणयले चडइ तह-तह णारउ थरहरइ पडइ।
करि छत्तिय कडि कोवीणु घुलइ सिरि कविल जडाजूडोहु लुलइ।
रिसि जंपइ उब्भउ करि विमाणु परिसक्कमि णउ सुव पइँ समाणु।
तुह पियरहँ हउँ णिरु परमपुज्जु तुहुं करहि खेडु कहि कवणु कज्जु।

---

(4)

विमान की वेगगति से नारद थरहराने लगता है, अत: प्रद्युम्न मन्द-गति से आगे बढ़ता है

आरणाल— शशि-रवि की प्रभा वाला, गगन में गया हुआ, वह विमान ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों पृथिवी-मण्डल में भ्रमण करती हुई मदन की कीर्ति ने समस्त लोकों को अपने वश में कर लिया हो।। छ।।

जैसे-जैसे वह विमान आकाश रूपी आँगन से खिसकता जा रहा था, वैसे-वैसे नारद ऋषि को अपने मन में शंका होने लगी। जब वे ऋषि अत्यन्त चिन्तित एवं विस्मित होकर बैठे थे, तभी उन्हें वह विमान कुछ और दूरी पर ले आया। इस प्रकार रतिरमण जब विमान को ले जा रहा था, तभी क्रोधपूर्वक नारद ऋषि बोले— "हे पुत्र, मेरी देह काँप रही है। क्या वह विमान कुछ दूरी पर जाकर रुक तो नहीं जायगा?" मेरे वचनों को ध्यान में क्यों नहीं रखते? क्या अपनी माता के दु:खों का स्मरण नहीं कर रहे हो?" ऋषि का कथन सुनकर प्रद्युम्न नें उस विमान की गति को और भी तेज कर दिया, जिससे वे मुनिराज विमान-तल पर चक्कर खाकर गिरने-गिरने को हो गये। जैसे-जैसे विमान आकाश में ऊपर की ओर चढ़ता था, वैसे-वैसे नारद थरहराते गिरते पड़ते से बैठे थे। हवा में उनके हाथ की छत्री एवं कटि की कौपीन फड़फड़ा रही थी। शिर का कपिल जटा-जूट विलुलित हो रहा था। इस स्थिति में ऋषिराज नारद बोले—"विमान खड़ा करो। मैं तुम्हारे समान शक्तिशाली नहीं हूँ पुत्र। (इतनी तेज गति वाले विमान में अब मैं नहीं बैठ सकता, कुमार, तुम जानते हो न कि) मैं तुम्हारे माता-पिता के लिए भी परम पूज्य हूँ, फिर भी तुम किस प्रयोजन से मेरे साथ ऐसा खिलवाड़ कर रहे हो?"

---

(4) 1. अ कुलेवइ।

घत्ता— मणे मुणिवि विलक्खउ देव-रिसि किउ विमाणु थिरु रूविणि तणयइँ।
संचल्लइ गयणंगणेण संभासिवि वड्ढारइ पणयइँ।। 171।।

(5)

आरणालं— दुट्ठाराइ मद्दणो कण्ह-णंदणो[1] गमइ [2]मणे पहिट्ठो।
वर रुप्पय महीहरो तुंग-सेहरो सम[1]इ तेण दिट्ठो।। छ।।

पलोइआ महीहरो[3] - महीहरेण भमंतया करेणु जुह दिढ करेण।
सावय-कुलाउलो वि सावयेण रवि-मणीहिं ताविओ परस्स तावएण।
5 विहंगएहिं सेविउ अहंगएण[4] रय-पय[2]स्स [3]भूसिउ अणंगएण।
दिव्व-वंस संभवोवि[5] दिव्व-वंस संभवेण वरं भएण जुत्तउ मणुब्भवेण।
मयारि-विंद वंतउ[6] वि मयर[4]विंध जुत्तएण वियसियारविंद अरविंद सरिसणेत्तएण।
ससी-मणीहिं सोहिउ ससी सुविंव वत्तएण णहग्ग-लग्ग सेहरो णहंगणे सरत्तएण।
सुर-पुरंधि मणहरो पुरंधिएहिं मणहरेण विडवि कुसुमालंकिउ कुसुममग्गणा करेण।

घत्ता— देवऋषि की विकलावस्था को मन में समझकर उस रूपिणी-तनय—प्रद्युम्न ने अपना विमान स्थिर किया और स्नेह बढ़ाने वाला सम्भाषण कर वह नभ-मार्ग से आगे बढ़ा।। 171।।

(5)

कुमार प्रद्युम्न ने नभ-मार्ग में जाते हुए रौप्याचल को देखा

आरणाल— दुष्ट आरातियों का मर्दन करने वाले कृष्ण का वह नन्दन—प्रद्युम्न मन में प्रसन्न होता हुआ चला जा रहा था, उसने शीघ्र ही उत्तुंग शिखर वाला श्रेष्ठ रौप्याचल सम्यक् प्रकार से देखा।। छ।।

महीधर (राजा) ने महीधर (पर्वत) को उसी प्रकार देखा, जिस प्रकार भ्रमण करता हुआ हस्तिनी-समूह गजराज द्वारा देखा जाता है। श्रावक (गृहस्थ मदन) द्वारा श्वापदों (सिंह, भालू, व्याघ्र आदि) से व्याकुल, पर (शत्रु) को सन्ताप देने वाले मदन द्वारा सूर्यकान्ति मणियों से तापित वह पर्वत देखा गया। अभंग (अलंघ्यमदन) द्वारा विहंगमों से सेवित वह पर्वत देखा गया। अनंग (काम) द्वारा रजत से भूषित वह रजताचल (विजयार्ध — वैताढ्य) पर्वत देखा गया।

दिव्य वंश में उत्पन्न मदन के द्वारा दिव्य (अद्भुत) बाँसों की उत्पत्ति वाला वह पर्वत देखा गया। मनुद्भव (-काम) के द्वारा रम्भा (कदली वृक्ष) सहित वह पर्वत देखा गया। मृगवेध (सिंहासन) से युक्त मदन ने सिंह समूह वाला वह पर्वत देखा। अरविन्द (कमल) सदृश नेत्र वाले मदन ने विकसित अरविन्द (युक्त सरोवर) वाला वह पर्वत देखा। चन्द्रबिम्ब समान मुख वाले मदन ने चन्द्रकान्त मणियों से शोभित वह पर्वत देखा। नभ रूपी आँगन में जाते हुए मदन के द्वारा नभ के अग्र-भाग में लगे शेखरवाला (उन्नत शिखर युक्त) वह पर्वत देखा। उस मदनगृह — प्रद्युम्न ने सुर-पुरन्ध्रियों के मन को हरण करने वाले तथा पुरन्ध्रियों से युक्त उस पर्वत को देखा। कुसुम चापधारी उस प्रद्युम्न के द्वारा विटप-पुष्पों से अलंकृत वह पर्वत देखा गया।

---

(5) 1. अ ताम। 2. अ.×। 3. अ. धु। 4. ब.×।

(5) (1) प्रद्युम्नेन। (2) गच्छति। (3) वेताढि। (4) अभंगेन। (5) उत्पादिका। (6) संयुक्त।

10 घत्ता— पंचास वि जायण विउलु पंचवीस उच्छेहिं ण थक्कउ।
तिहि-तिहिं खंडहिं मेइणिहिं सीमंदरु णं विहिणा मुक्कउ।। 172।।

(6)

आरणालं— अवलोएवि पच्चउ पुणु सगव्वउ सरइ गयणे जाम।
अइदीहो विसालओ कुरु[1]ह [2]आलओ गहणु दिट्ठु ताम।। छ।।

कहिमि [3]वक्खु मकरंदंपि[4] कंथारि-करवीर-धाइ-धव-धम्मणं।
कहिमि सुविसालया सग्ग सज्जज्जणा एल-कंकोलया-पिप्पली-उववणं।।
5 कहिमि पउमक्ख-माला-कलंवप्पि-करवंदिया-जूहवर-चिंचिणी-थाणयं।
कहिमि णारंगि-णालियर-खज्जूरिया जंवु-जंवीरि विज्जउरिया उववणं।।
कहिमि सिरिखंडू-सिरि ताड[5] वउ[6]ल-सिरिम[7]या दाडि[8]मी दक्खयारामयं।
कहिमि वर करुणि-कणियारि-कणवीरिया-कचणारेहिं अहिरामयं।।
कहिमि पिप्पल-पलासु-वरी-हररई ताम[9] मालेहि[10] आमाडिया-आउलं।
10 कहिमि णग्गोह-पारोह-झुंवंत सुविसालया लग्ग-खयरावमालाउलं।।

घत्ता— वह विजयार्द्ध पर्वत पचास योजन विपुल (चौंड़ा) और पच्चीस योजन उत्सेध (ऊँचाई) के साथ खड़ा था। मेदिनी के उन-उन खण्डों की सीमा को धारण करने वाले मानों ब्रह्मा ने ही वह पर्वत रख छोड़ा हो।। 172।।

(6)

अटवी का विहंगम वर्णन

आरणाल— पुन: गर्वसहित वह मदन उस पर्वत को प्रत्यक्ष देखकर जब आकाश में चलने लगा तब उसने अतिदीर्घ विशाल वृक्षों का स्थान—गहन वन देखा।। छ।।

उस वन में कहीं पर तो उसने कंथारि, करवीर, धाई, धाव एवं धामन जैसे उत्तम वृक्ष देखे। कहीं पर सुविशाल सर्ग, सज्ज, अर्जुन, एला, कंकोल एवं पिप्पली वृक्ष वाले उपवन देखे। कहीं पर पद्म, अक्ष, माला, कदम्ब, करवंदिया के झुण्ड तथा बड़े-बड़े चिंचिणी (इमली) के स्थान देखे तो कहीं पर नारंगी, नारियल, खजूरिया, जम्बू, जंबीर (नीबू वृक्ष) एवं विजौरिया के उपवन देखे। कहीं पर श्रीखण्डों एवं ताड की श्री देखी। उसमें भी विविध शोभा वाले अनार एवं द्राक्षा (अंगूर) के बगीचे देखे। कहीं पर श्रेष्ठ करुणि (करौनी), कनेर एवं कचनारों वाला सुन्दर वन देखा।

कहीं पर पीपल, पलाश, बहेडा, हर्र, ताम्बूल, आँवला एव आमड़ा (अमरा) से भरा वन देखा। कहीं पर प्ररोह झूमते हुए सुविशाल न्यग्रोध (वट) वृक्ष देखे जो बैठे हुए पक्षियों के शब्दों से आकुल (व्याप्त) थे।

---

(6) 1. अ. करुह। 2. अ. सा। 3-4. अ. °वर विडव कडहंपि°; ब °वर कुरम करहंपि। 5. ब. म°। 6. ब. हुल°। 7. अ. स°। 8. ब. मि°। 9. अ. ड°। 10. ब. मे°।

कहिमि सुरदारु-घण-सीसमी-पिप्पली-फोंफली-जाइ-जूहीहिं सेवत्तिया राइयं।
कहिमि णिरु णिविड-मोग्गरय मचकुंद-कुंदेहिं-चंपय-लया छाइयं।।
कहिमि वर करि-करा-[11]मुक्क सिक्काक्खण[12]-सित्त करडयल-मय-गलिय कद्दमं।
कहिमि सीहस्स अणु[1] मग्ग लग्गं भमंतं वणे मज्झ[2] सरहं पि अइदुद्दमं।।
।। सुतार णाम छंदो।। छ।।

15 घत्ता— इय एवंविहु तरुवर-वहलु पेक्खइ वणु वणयर गहिरु।
णहजाणइँ हरिसुउ चिक्कमइँ दप्पुब्भड-भड थड गहिरु।। 173।।

(7)

आरणालं— तावग्गइ सुसाहणं विविह वाहणं णिविडयं तुरंतं।
दिव्वाहरण-लंकियं णिरु असंकियं दिट्ठयं सरंतं।। छ।।

कहिंपि दिट्ठि करि-[1]वरा [2]चलंत णाइँ[3] गिरिवरा।
कहिंपि दिट्ठ हयवरा अराइ[1] णिवह-हयवरा[2]
5 कहि[4]पि दिट्ठ रहवरा[5] वलग्गसूर-रहवरा।
कहिंपि दिट्ठ जोहया परस्स जोह मोहया।

कहीं पर सघन देवदारु, सीसम, पिप्पल, पोंफली, जातिफल, जूही एवं सेवन्ती से सुशोभित वन थे तो कहीं पर अत्यन्त सघन मोंगरा, मचकुन्द, कुन्द एवं चम्पकलता से आच्छादित वन था। कहीं पर वन का मध्य भाग विशाल उत्तम हाथियों की सूँडों द्वारा मुक्त सीत्कार (शीकर) कणों से सींचे तथा करटतलों (गण्डस्थल) से गिरे हुए मद-जलों से कीचड़ युक्त हो रहा था। कहीं पर सिंह के पीछे मार्ग में घूमते हुए शरभों (अष्टापदों) से युक्त वह वन भयानक लग रहा था।

घत्ता— इस प्रकार दर्पोद्भट भट समूह को भी आतंकित कर देने वाले हरिसुत उस प्रद्युम्न ने विविध तरुवरों तथा वनेचरों से युक्त उस गहन वन को नभ-मार्ग से जाते हुए (मार्ग में) देखा।। 173।।

(7)

मार्ग में कुमार प्रद्युम्न ने एक सुसज्जित सैन्य-समुदाय देखा

आरणाल— तब आगे चलकर उसने तुरन्त ही सुन्दर सजे हुए विविध अनेक वाहनों से युक्त, दिव्याभरणों से अलंकृत, पूर्ण निर्भय जाते हुए सैन्य को देखा।। छ।।

कहीं पर बड़े-बड़े हाथी देखे, मानों विशाल पर्वत ही चल रहे हों। कहीं पर उत्तम घोड़े देखे, जो शत्रु समूह को मारने वाले थे। जिनमें शूरवीर चढ़े हुए हैं, ऐसे (अनेक) रथवरों को देखा। कहीं पर सुभट योद्धा देखे जो शत्रुओं को मूर्च्छित करने वाले थे। कहीं पर शिविका (पालकी) एवं यानियाँ (डोलियाँ) देखीं, जो सुरेन्द्र के यानों

---

(6) 11-12. अ. मुक्कारकण'।

(7) 1. ब क। 2-3. अ. °णं चलंत°। 4-5. ब ×।

(6) (1) पिष्ठ लग्गमार्गे। (2) वण मध्ये।

(7) (1) शत्रु। (2) हणणशीला।

कहिंपि सिविय-जाणिया सुरिंद-जाण माणिया।
कहिंपि दिट्ठ करहया अरोह किसिण-करहया।
कहिंपि आयवत्तया णिरुद्ध दुमणि[3] - वत्तया।
कहिंपि दिट्ठ णरवरा पणासियारि[4] णरवरा
कहिंपि दिट्ठ वेसरा किउद्ध कंध-केसरा।
कहिं रसंत-तूरयं णिएवि भुवण पूरयं।

घत्ता— इय कुरुणाहहो-सेणु धयदंडचवल उब्भेवि करु।
तूर-रवेण जंपेइ भो-भो[6] कुमार आरासरु[5]।। 174।।

(8)

आरणालं— अवलोएवि साहणं किय पसाहणं कुसुमसरु सचित्तो।
पुणु भुवणम्मि सा[1]रउ जग-पियारउ सुरमुणि पउत्तो।। छ।।

भो-भो ताय गुज्झु मा रक्खहि एहु कहो तणउ सेण्णु महो अक्खहि।
हरि-सुउ परिपुंछइ सय वारउ वार-वार अवगण्णइ णारउ।
मणसिउ-पुंछमाणु णउ थक्कइ रिसि णिय[1] - वयणु[2] णिवा[2]रिउ वंकइ।

के समान थीं। कहीं पर ऊँट देखे जो प्ररोहों को अपने कृष्ण करों से (ग्रीवा) से नष्ट कर रहे थे। कहीं पर छत्र थे, जो द्युमणि (सूर्य) के तेज को रोक रहे थे। कहीं पर नरवरों को देखा जो शत्रु नरवरों को नष्ट करने वाले थे। कहीं खच्चर देखे जो प्रशस्त स्कन्धों के केशर (बाल) वाले थे। कहीं बाजे बज रहे थे, जो भुवन को पूर रहे थे। प्रद्युम्न ने उसे चलते हुए देखा।

घत्ता— इस प्रकार कुरुनाथ की सेना चपल ध्वज दण्डों को हाथ में खड़ा कर तूर-बाजे के शब्दों से मानों पुकार-पुकार कर कह रही थी कि—"भो कुमार समीप आओ।"।। 174।।

(8)

कुरुनाथ—दुर्योधन की सेना माता रूपिणी के पराभव का कारण बनेगी, यह जानकर प्रद्युम्न आकाश में ही विमान रोककर शबर के रूप में धरती पर उतरता है

आरणाल— सुसज्जित साधनों को देखकर सुन्दर चित्तवाला भुवन में साररूप, जगत को प्यारा वह कुसुमशर — प्रद्युम्न सुर मुनि — नारद से बोला।। छ।।

"हे हे तात, गुप्त मत रखिए, यह किसकी सेना है मुझसे कहिए। हरिसुत प्रद्युम्न ने सैकड़ों बार पूछा किन्तु नारद ने बार-बार उसकी अवहेलना की। मनसिज—काम, पूछते-पूछते जब नहीं थका (रुका) तब ऋषि ने अपने वचन से उस बाँके (चतुर-वक्र) को रोका और बताया "हे पुत्र, क्या प्रलाप कर रहे हो? मैं नहीं जानता।

---

(7) 6. अ.× ।

(8) 1. ब. भा। 2. अ. रा।

(7) (3) सूर्यप्रभा। (4) शत्रुगजानासितायैः। (5) आगछः।

(8) (1) नारदः। (2) निजमुखं।

पुणु भासइ सुव काइँ पलावइ हउं ण मुणमि कि मित्था गावइँ।
ता सुहडहं धुत्ताहण धुत्तइँ किउ विमाणु थिरु रुविणि पुत्तइँ।
चल्लाविउ चिक्कमइँ णणारइँ खि[3]ल्लिउ जलहरु णं अंगारइँ।
मुणि जंपइ सुणि विरहिउ सामइ[3] अत्थि राउ दुज्जोहणु णामइ।
10 तहो पुणु धूव उवहि उप्पण्णी सा पुणु आसि तणय तुह दिण्णी।
एमहि सच्चहि सुउ परिणेसइ तुह जणणिहिं वहु परिहउ देसइ।[4]

घत्ता— इय णिसुणेवि मणोब्भवेण गयणंगणे विमाणु थंभेविणु।
अप्पुणु महिहि समोयरिउि भीसणु सवरहो रूउ धरेविणु।। 175।।

(9)

आरणालं— करे कोवंडु कंडयं किय पयंडयं जयसिरि णिवासं।
रूवं अइ भयाणणं णं जमाणणं गहेवि भड-विणासं।। छ।।

तणु णव-जलहर छवि[1] सारिच्छउ झंपड कविल-केस दुप्पेच्छउ।
पोमराय-मणि सण्णिह णयणउँ छिव्वर-णासउ दंतुर वयणउँ।
5 वेल्लीवलय-विहूसिय वरसिरु गिरि भित्तिहिं समाणु सोहइ उरु[2]।

क्या मैं मिथ्या गुणगान करूँ? तब सुभटों के धूर्त एवं सुभटों को मारने में भी धूर्त (—कुशल) उस रूपिणी पुत्र ने अपना विमान स्थिर किया (रोका)। पुन: प्रत्युत्पन्नमति वाले प्रद्युम्न ने (सहसा ही) उस विमान को पुन: तीव्र गति से चला दिया। यह देखकर नारद क्रोधित हो उठे, मानों अंगारे ही मेघ के रूप में बरसने लगे हों। मुनि बोले—"उपशान्त कषाय वालों के स्वामी हे प्रद्युम्न, तुम सुनो—"दुर्योधन नामका एक राजा है। उसकी उदधिकुमारी नामकी पुत्री उत्पन्न हुई। हे पुत्र, पूर्व में वह तुम्हें दी जाने वाली थी। अब उसे सत्यभामा का पुत्र परणेगा, जो तुम्हारी माता के लिए बहुत परिभव देगा (अर्थात् पराजय एवं तिरस्कार का कारण बनेगा)।

घत्ता— यह सुनकर वह कामदेव गगन रूपी आँगन में अपना विमान खड़ाकर भीषण शबर (भील) का रूप धर कर चुपचाप पृथिवी पर उतरा।। 175।।

(9)

विकराल शबर वेश-धारी प्रद्युम्न कुरु सेना को रोक लेता है

आरणाल— भटों का विनाश करने वाले तथा विजयलक्ष्मी के निवास उस प्रद्युम्न ने प्रचण्ड धनुष बाण को हाथ में लेकर यमराज के समान ही अपना भयानक रूप एवं मुख धारण किया।। छ।।

उस (भील) के शरीर की छवि काले नवीन मेघ के समान थी। झबरे कपिल केश थे, जो दुष्प्रेक्ष्य (न देखे जायें ऐसे) थे। पद्मरागमणि समान लाल-लाल नेत्र थे, छिवरी—चिपटी नाक तथा मुख में निकले हुए बड़े-बड़े दाँत थे। लता-वलय से विभूषित सिर था, पर्वत की भीत के समान विशाल हृदय सुशोभित था, हाथ कठोर थे,

---

(8) 3. ब. °स।

(8) (3) उपशमस्य। (4) दास्यते।

(9) (1) दीप्ति। (2) हृदय।

कठिण पाणि-थूलुद्धुरु[3] कंधरु पोट्टु पय मोट्टु वि दुद्धरु।
गुंजाहल-मालहिं किउ भूसणु विविहा वक्कल-वत्थ-णियंसणु।
करें तिहकंड[1] धणुरुहु संजोयवि थिउ सेण्ण[2]गाइँ उब्भउ होयवि।
ता णरवर कुमरइँ विहसंतहिं भणिउ पुलिंदुवहासु करंतहिं।
10 भो-सुंदर किं अहिमुहु ढुक्कहि किं किज्जइ अग्गइँ तुहु थक्कहि।

घत्ता— पडिवयणु पयंपइ भडयणहो समरु असंकिउ णियमणे।
हउं वट्ट [3]वहोवमि जणवयहो रत्ति-दिवसु थिउ एह वणे।। 176।।

(10)

आरणालं— पुणु वि पुलिंद जंपिणं किंपि कंपए णियइ चउल चित्तो।
हउमि सुठाण वालउ अडइ-पालउ सुणहु मणि णिरत्तो।। छ।।

किण्हो आएसें हउँ इहि अच्छमि वणि वणियारउ पहिउ[1] णि[2]यच्छमि।
अणु-दिणु एहु मग्गु परिवाहमि रायाएसें सुक्कुग्गाहमि।
5 मुहि एण विणउ गमणु करिज्जइ जं अहिलसमि किंपि तं दिज्जइ।
ता चवंति भड पहरण-धारा अम्हइ णउ वणे उववणियारा।

स्थूल उन्नत कन्धे थे, पेट बड़ा और पैर मोटे थे, दुर्द्धर था। गुंजाफल की माला का आभूषण धारण किये था और विविध वल्कलों के वस्त्र कमर में बाँधे था। वह अपने हाथ में धनुषबाण सँजोकर सेना के आगे उठकर खड़ा हो गया। तब मुस्कराते हुए उस नरवर दुर्योधन के कुमारों ने पुलिंद (शबर) का उपहास किया और कहा—"भो सुन्दर, क्यों सन्मुख ढूँकते हो? आगे तुम खड़े हो गये हो अब (तुम्हारा) क्या किया जाये?"

घत्ता— अपने मन में समर से आशंकित उस शबर (प्रद्युम्न) ने भट जनों से प्रत्युतर में कहा—"मैं रात-दिन इस वन में रहता हूँ और लोगों के लिए मार्ग दिखाता हूँ।। 176।।

(10)

शबर वेश-धारी प्रद्युम्न कुरुसेना से शुल्क के रूप में राजकुमारी उदधिकुमारी को माँगता है

आरणाल— चपलचित्त उस पुलिन्द (प्रद्युम्न) ने (रोष के कारण) कुछ काँपते हुए देखा और कहा—सावधान होकर सुनो, मैं इस स्थान के अटवी-पालक का बालक हूँ।। छ।।

"—कृष्ण के आदेश से मैं यहाँ रहता हूँ और वन में वनचारी पथिकों का निरीक्षण करता हूँ। प्रतिदिन मैं इस मार्ग को सम्भालता हूँ और राजा के आदेश से शुल्क उगाहता हूँ। मैं जो कुछ चाहता हूँ वह मुझे दे दीजिये, फिर मुझे नमस्कार करके ही आगे गमन करिये।" तब शस्त्रधारी वे भट बोले—"हम लोग इस वन में वनजारे—व्यापारी के रूप में नहीं आये हैं।" फिर भी हे वनचर-पति, आपने जो हरिनाम प्रकट किया है, वह

---

(9) 1. अ. तिकम; 2. अ णिव। 3. ब. च।

(9) (3) उत्कट।

(10) 1. ब मु। 2. ब. हि।

पर किं जं हरि[3]णामु पयासिउ तं वणयर-पइ उत्तमु भासिउ।
मग्गि-मग्गि जं तुव मणि रुच्चइ णरवरिंद विंदहि इम[4] वुच्चइ।
लइ मायंग-मत्तवर-हयवर लेहि पहाण तुंग दिढ रहवर।
लइ हिरण्णु-मणि-रयणु असेसु वि भूसणु-कोसु-देसु सुविसेसु वि।
ता वण-वाहइ उत्तरु भासिउ सुहडहँ वयणु सुट्[5]ठ उवहासिउ।
एयहिं वहु एहिमि किं किज्जइ जं मणहरु तं एक्कु जि दिज्जइ।

घत्ता— ता विहसिवि एक्कें णरवरेण पुणरवि एम पवुच्चइ।
एहु मग्गइ सुंदर राय सुव अवरु ण चित्तहि रुच्चइ।। 177।।

(11)

आरणालं— आयण्णिवि पुलिंदउ गहिर-सद्दउ चवइ गाह जुत्तं।
मणोहरणाह पुत्तिया गुण णिउत्तिया देहु-लेहु णिरुत्तं।। छ।।

एमहि णउ पुणु वच्चहुं लब्भइ णरवर वि[1]क्कमंत परिरुंभइ।
ता चवंति भड-भिउडि भयंकर ऊसरु दुट्ठ रास दुक्किंकर।
जा धरणीधर तणयहो दिण्णी सा कह पइँ मणेण पडिवण्णी।

उत्तम कहा है। तुम्हारे मन में जो-जो रुचे उसे माँगो, माँगो। पुनः उन नरवरेन्द्रों (भटगणों) ने कहा—"मदोन्मत्त हाथी ले लो, बड़े-बड़े घोड़े ले लो। प्रधान उच्च दृढ़ रथवर ले लो, समस्त सोना, चाँदी एवं मणिरत्न लो। भूषण, कोष, एवं सुविशेष देश ले लो।" तब उस वनवाहक (व्याध) ने उत्तर दिया—तथा उन सुभटों का भली-भाँति उपहास किया और बोला—"इन बहुतों को लेकर मैं क्या करूँगा? मुझे तो जो मनोहर है, वह अकेली एक वस्तु ही दे दीजिए।"

घत्ता— तब उनमें से किसी एक नरवर ने हँसकर पुनः यह कहा—"यह सुन्दर राजसुत इस कन्या (उदधिकुमारी) को माँग रहा है। इसके चित्त में अन्य कोई भी वस्तु नहीं रुच रही है।"।। 177।।

(11)

शबर ने कुरुसेना के छक्के छुड़ा दिये

आरणाल— तब पुलिंद ने नरवर के शब्द सुनकर हठ सहित गम्भीर शब्दों में कहा—"नरनाथ की गुण-निधान मनोहर पुत्री मुझे शीघ्र प्रदान करो।। छ।।

मेरे इतना कहने पर भी यदि मैं उस (कन्या) को प्राप्त नहीं करता, तब हे नरवर, मैं पुनः तुम्हारे विक्रमी भटों को रोकता हूँ।" तब उन भटों ने भयंकर भ्रुकटियाँ तानकर कहा—"रे मूढ, हे दुष्ट, हे गधे, हे दुष्ट सेवक, हट। जो राजकुमारी धरणीधर तनय को दे दी गयी है, उसे माँगने की तूने अपने मन में कामना ही कैसे की?"

---

(10) 3. अ. णउ। 4. अ. 'हउ। 5. अ. ट्ठ।

(11) 1. अ. चि।

हउँ हरिणंदणु जंपइ वणयरु कुरवइ-तणयहे तणउं धरमि करु।
आरूसेविणु चल्लिय जामहिँ समरु-विलक्खु चवई तहिँ तामहिँ।
भो-मइ एक्कु भणेवि मा पेल्लहु मण्णायहु अण्णाउ म[2] वोल्लहु।
महु सएणि जि वसहिं इह दुद्धर जे संगाम महाभर दुद्धर।
एम चवेवि धणु अग्गइ देविणु णिय भासइ किक्कारु करेविणु।
जह-जह वलु अहिमुहु परिसक्कइ तह-तह धणु वड्ढंतु ण थक्कइ।
एत्तहिं समरण कत्थइँ माइय करि तिकंडु-धणु सरिस [3]पराइय।
तहो सारिच्छ मिलिय समरंगणे पेक्खइ णारउ ठिउ गयणंगणे।
ताम सेण्णु णियमणि परितट्ठउ अप्पंपरि हुवउ चउदिसि णट्ठउ।

घत्ता— कोवि गयइ कोवि तह हय-वरइँ कोवि रहइँ-संचूरिउ।
कोवि वसहइँ कोवि करहएण एस सुहडु गणु हियइ-विसूरिउ।। 178।।

(12)

आरणालं— इय एहम्मि कालए णिरु भयालए आहवे समत्था।
पडि-पहरंति वीर[1]या पवर धीरया गहिय धणुहँ हत्था।। छ।।

तब वनचर बोला—"मैं हरि का पुत्र हूँ। मैं कुरुपति की पुत्री के हाथ को पकड़ूँगा।" रूसकर जब वे भट चले, तब समर में विचक्षण शबर उनसे बोला—"भो, मुझे अकेला कहकर मत दबाओ। मेरे न्याय को अन्याय मत कहो। मेरे साथ सौ दुस्तर वीर यहाँ रहते हैं, जो संग्राम के महाभार में दुद्धर हैं।" ऐसा कहकर अपने धनुष को आगे देकर तथा उस पर टनकार मारकर बोला—"जैसे-जैसे सेना आगे खिसकती है; वैसे-वैसे धनुष बाणों को आगे बढ़ाने (छोड़ने) में भी वह नहीं थकता। इसी बीच में वहाँ इतना घमासान समर छिड़ गया कि वहाँ वह समाया नहीं। वे धनुषाकार होकर हाथों में धनुष धारण कर टूट पड़े। जब समान शक्ति वाले समर भूमि में जा मिले तभी गगनांगन में स्थित नारद ने देख लिया। वह सेना अपने मन में डर गयी और अपने परायों पर गिरते पड़ते हुए वे चारों दिशाओं में रफूचक्कर हो गये।

घत्ता— कोई गंजों से चूरा गया, कोई हयवरों से चूरा गया और कोई रथों से चूरा गया। कोई बैलों से चूरा गया, कोई ऊँटों से चूरा गया। इस प्रकार वे शत्रु सुभट-गण हृदय में विसूरने लगे।। 178।।

(12)

शबर द्वारा उदधिकुमारी का अपहरण

आरणाल— उस समय कुरुसेना के सभी भट भयाकुल एवं आहत हो चुके थे। फिर भी उन वीरों ने प्रचुर धैर्य के साथ हाथों में धनुष लेकर प्रत्युत्तर में पुनः प्रहार किया।। छ।।

---

(11) 2. अ. प। 3. अ. 'घ।

(12) 1. ब. द।

किउ कलयलु पुलिंद भड विंदइ जगु वहिरिउ धणुहर गुण णट्टइँ।
जे भिडमाण सुहडु ते भंजिय हय-गय-रह-साहण वहु गंजिय।
भय भंगालयम्मि तहिं अवसरि कलयल रवेण डरिय भणे वेसरि।।
ता महि-मंडलम्मि रायहो सुव पडिय पवर भालइ माला भुव।
पेक्खेविणु सवेरण अहंगइँ णिय अवहरेवि तुरिउ णह-मग्गइँ।
हा-हा ताय-ताय जंपंतिय वणयर रूव भयइँ कंपंतिय।
हा लक्खण आयण्णि सहोयर दूसासण सुणि रिउ जम गोउर।
हा-मद्देय सुकुण्ण विउव्वल हा-रवि-सुव कलसद्द सउव्वल।
मइ मेल्लिवि किम गमणु करेसहु किं रायहो णियमुहु दरिसेसहु।

घत्ता— जइ छलु-कुलु-वलु पउरिसु वि वसइ चित्ते सहुँ खत्तइँ।
तो सयल णहाहिव मिलिवि लहु मइँ रक्खेहु पयत्तइँ।। 179।।

(13)

आरणालं— अइ कलुणु रुवंतिया राय-पुत्तिया खणु वि मणें ण थक्का।
पुणु-पुणु मुच्छि जंतिया णीसासंतिया [1]मुणिहे पुरउ मुक्का।। छ।।

पुलिन्द-भट वृन्दों ने कोलाहल किया, जिससे जगत् वधिर हो गया। धनुर्धरों की गुण (डोरी-ज्या) नाचने लगी। जो सुभट भिड़ रहे थे, उन्हें पुलिन्दों ने भाँज दिया तथा उनके हय, गज, रथ जैसे साधनों को गाँज दिया (ढिर बना दिया)। भय से भंग स्थान में उसी समय खच्चरों के कल-कल शब्द से वे सभी भट मन में डर गये। तभी महीमण्डल में उस राजपुत्री के प्रवर भाल से माला भूमि पर गिर पड़ी। शबर ने उसे अभंग देखकर स्वयं उसका अपहरण किया और तुरन्त ही आकाश-मार्ग से चला गया। वह राजपुत्री उस वनचर भील के रूप से काँप रही थी और "हा तात, हा तात, हा लक्ष्मण, हे सहोदर भाई, शत्रुओं के लिए यम के द्वार के समान दुःशासन, हा माद्रेय, हा विपुल बल सुकर्ण, हा रविपुत्र कल-कल शब्दों से बलधारी सुनो-सुनो।" इस प्रकार कह कर चिल्ला रही थी तथा कह रही थी कि—"मुझे छोड़कर कहाँ गमन कर रहे हो? राजा को अपना कैसे मुख दिखाओगे।"

घत्ता— "यदि क्षत्रियपने के साथ-साथ चित्त में छल, बल, कुलीनता एवं पौरुष है, तो हे समस्त विद्याधर नृप आप सभी मिलकर प्रयत्नपूर्वक शीघ्र ही मेरी रक्षा करें।"।। 179।।

(13)

उदधिकुमारी शील-भंग के भय से महर्षि नारद से अपनी सुरक्षा की माँग करती हुई उग्र तप की प्रतिज्ञा करती है

आरणाल— अति करुण स्वर से रोती हुई वह राजपुत्री एक क्षण को भी मन में नहीं रुकी। पुनः मूर्च्छित हो गयी और निश्वास लेती हुई मुनि के सम्मुख पड़ गयी।। छ।।

---

(13) (1) नारदस्य।

वंभेयहो कम-कमल णमंतिय जंपइ वहुउ पलाउ करंतिय।
हा-हा ताय-ताय सुर सारा किं दुक्किउ मइँ कियउ भडारा।
आसि-काले जइ एह उप्पणी हउँ रूविणि-तणयहो पडिवण्णी।
सो ण मुणिउ केणइ अवहरियउ पुणु सच्चहे सुउ पच्छइँ चरियउ।
तेण णिमित्तइँ चल्लिय जामहि वणयरेण हरि आणिय तामहि।
पर वणयरु गयणयले ण सक्कइ तुम्हारि सुणउ णियडइ थक्कइ।
जइ सुरवरु तो किं दुद्धरसिउ खय-कालाणुरूउ अणुसरियउ।
इउ दइच्चु मइँ णियमण जाणिउँ वइर-वसेण हरिवि तुहु आणिउँ।
णिग्घिणु सीलु मज्झु भंजेसइ अइ दुच्चरिउ वि जणु जंपेसइ।

घत्ता— पइँ सक्खि करेविणु देवरिसि मणु जिणवरहो उवरि संजोयमि।
फेडमि कलंक-पंक कुलहो उग्गंतउ अप्पउ विणिवेयमि[2]।। 180।।

(14)

आरणालं— ता जंपेइ जइवरो णिहय रइवरो सुणि सुए णिरुत्तं।
एहु सो तुज्झु वल्लहो भुवणे दुल्लहो मरि वएणज्जत्तं।। छ।।

ब्रह्मचारी (नारद) के चरणकमल को नमस्कार कर विविध प्रलाप करती हुई बोली—"हा तात, हा तात, हे देवों में सार, हे भट्टारक ऋषि, मैंने क्या दुष्कृत किया है। अतीत काल में जब मैं उत्पन्न हुई थी तब मुझे रूपिणी के पुत्र को देने के लिये कहा गया था। किन्तु अब मैं नहीं जानती कि किसके द्वारा अपहृत की गयी हूँ। अब सत्यभामा का पुत्र भी पीछे रह गया है। उसी निमित्त से जब मैं (बारात में) चली तब मुझे कोई वनचर हरकर यहाँ ले आया है। पर वनचर आकाश में (चलने में) समर्थ नहीं है। तुम्हारी पुत्री हूँ, तुम्हारे निकट में बैठी हूँ (मेरी प्रार्थना) सुनो—"यदि वह सुरवर है तो क्षयकाल के अनुरूप दुर्धर्ष रूप क्यों धारण किया?" किन्तु यह दैत्य है, ऐसा में अपने मन में जानती हूँ। बैर के वश से हरकर वह मुझे तुम्हारे पास ले आया है। वह निर्दय है, मेरा शील-भंग करेगा और तब मैं अतिदुश्चरित्रा हूँ ऐसा लोग कहेंगे। अतः—

घत्ता— हे देव ऋषे, आपको साक्षी कर मैं अपने मन को जिनवर के ऊपर जोड़ती हूँ, कुल के कलंक-पंक को फेंडती हूँ और अपने को उग्र तप में लगाती हूँ।। 180।।

(14)

नारद के आदेश से प्रद्युम्न उस उदधिकुमारी को अपना यथार्थ रूप दिखा देता है। वह प्रसन्न मन से उसके साथ द्वारामती पहुँचती है

आरणाल— तब काम-विकार को नष्ट करने वाले यतिवर बोले—"हे पुत्रि, ठीक-ठीक सुन। यही वह तेरा पति है, जो भुवन में दुर्लभ है। मेरे वचन पर विश्वास कर तुम उसे पहिचान लो।"।। छ।।

---

(13) (2) निपातयामि।

भणिउ मणोब्भउ मा भेसावहि सुंदरि णियय-रूउ दरिसावहि।
ता अप्पउ पयडियउ सव्वंगु वि किं वण्णिज्जइ अवसु अणंगु वि।
सोलह-आहरणालंकरियउ णं ससि णिय-कलाहिं लंकरियउ।
णं सुरु णं सुरवरु णं किण्णरु णं उविंदु[1] वरु[2] णं णव-दिणयरु।
णं सोहग्ग णिवहु रूवहो णिहि अवलोयं तियाहे तहे हुव दिहि।
इय अउव्व भावेण णियंतइ परियट्टइँ गयणयले तुरंतइ।
ता पुरि दिट्ठ-दिव्व दारामइ [1]जहिं जयवर दिण्णी-दारामइ[2]।
जा पर-णरवर गण-दारामइ जहिं वसंति णर णिय दारामइ।
जहिं णिय-पुरिसोवरि दारामइ जहिं चउ-पासहिं फल दारामइ।
जहिं जइ-वरणिज्जिय दारामइ जहिं जिणहर इव चउ दारामइ।
रेहइ जा उद्दामारामइ (दारावइ?) (तिल्लोयहं मज्झ अपुव्व दारामइ)।

घत्ता— तहिं चउ पासहिं संठियउ उज्जलु जलणिहि सह इव केहउ।
णं पुरवरिहे पुरंधियहे णिवसण-वत्थ णिरारिउ जेहउ।। 181।।

पुनः मदन से कहा—"हे मदन, इस सुन्दरी कन्या को डराओ मत, इसे अपना यथार्थ रूप दिखा दो।" तब उस कुमार ने अपने सर्वांग का ऐसा सुन्दर रूप प्रकट किया कि उस अवश (स्वतन्त्र) अनंग (प्रद्युम्न) का क्या वर्णन किया जाय? अपने रूप को षोडश आभरणों से अलंकृत कर लिया, मानों चन्द्रमा ने अपनी समस्त कलाओं से ही उसे अलंकृत कर दिया हो। वह ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों देव हो, अथवा इन्द्र हो, अथवा किन्नर हो अथवा विष्णु हो अथवा श्रेष्ठ नव-सूर्य हो अथवा मानों सौभाग्य का समूह हो अथवा मानों रूप की निधि हो, ऐसे रूप को देखती हुई उस राजपुत्री को धैर्य हुआ। इस प्रकार अपूर्व भावों से देखती हुई वह गगनतल में (उसके साथ) तुरन्त चल दी। तभी उन्होंने दिव्य द्वारामती नामकी नगरी देखी, जो जगत के लिए प्रधान प्रवेश द्वार के समान है तथा जो पुरी शत्रु-मनुष्य वर्गों के द्वार को रोकने वाली है, (अर्थात् शत्रु-गण को नाश करने वाली है) जहाँ मनुष्य निजदारा से सन्तुष्ट रहते हैं, जहाँ निज पुरुषों के ऊपर ही दाराओं की मति है (अर्थात् स्त्रियाँ पतिव्रता हैं), जो नगरी चारों ओर फल-वृक्ष वाली है। जहाँ यतियों द्वारा स्त्रियों के प्रति अपनी लालसा को निर्जित किया जाता है। जो चतुर्मुखी जिन-भवन के समान ही चतुर्मुखी चार द्वार वाली है। जो पुरी उत्कृष्ट बगीचों से सुशोभित हैं। ऐसी तीन लोक में प्रधान अपूर्व द्वारावती पुरी है।

घत्ता— वहाँ चारों ओर उज्ज्वल, समुद्र के फेन की तरह एक परकोट स्थित है। मानों निश्चय ही पुरी रूपी पुरन्ध्री के पहिनने का वस्त्र ही हो।। 181।।

---

(14) 1-2. अ प्रति में यह चरण नहीं है।

(14) (1) विष्णु। (2) प्रधान्।

(15)

आरणालं— पुणु वणराइ पेक्खए मणे वियक्खए मणसिउ वि केम।
णं पुरि बहु रमेण्णिया हरिय-वण्णिया वर कंचुलिय जेम।। छ।।

णिरु पंच-वण्ण मणि विप्फुरंतु अणु-दिणु पयंग-ससि पहहरंतु।
बहुविह विहंगकुलरव रसंतु णिय गरिमइँ सुरगिरि उवहसंतु।
पेक्खइ हरिसुउ पायारउव्व णं पुरि महिलहि कडिमेहलव्व।
धवल-हर सुधय-माला विहाइ पुरि-वहु पंगुरणा वत्थु णाइँ।
गोउर-चयारि रेहंति कह णं तहे वयणइँ वियसियइँ जह।
सच्छंभ-सरिस-सर सहहिं केम णं पुरि-पुरंधि लोयणइँ जेम।
मज्झत्थु णरिंदहो गेहु विहाइ पुरि-वहु सिरि-सहरु बद्धु णाइँ।
इय पेक्खमाणु सरु[1] विंभियउ णहजाणु णहंगणे थंभियउ।
आयरेण-पंपुच्छिइ देवरिसि इह कवण णयरि धण-कण-दरिसि।

---

(15)

प्रद्युम्न महर्षि नारद एवं उदधिकुमारी के साथ द्वारामती पहुँचता है

आरणाल— पुनः द्वारामती की वनराजि को देखकर वह मनसिज-प्रद्युम्न मन में विकल्प करता है, कि "वह वनराजि कैसी है?" तब कवि कहता है कि "वह ऐसी प्रतीत होती थी मानों पुरी रूपी सुन्दर वधू की हरित वर्ण की उत्तम चोली ही हो।"।। छ।।

उस पुरी में पाँचों वर्ण की चमकती हुई मणियाँ हैं, जो अपनी प्रभा से प्रतिदिन सूर्य एवं चन्द्र की प्रभा को हरती रहती हैं। वहाँ वनराजि में विविध प्रकार के पक्षीगण कलरव कर रहे हैं, मानों, वह पुरी अपनी गरिमा से सुमेरु का उपहास ही कर रही हो। उस हरिसुत (प्रद्युम्न) ने वहाँ अपूर्व प्राकार देखा। उसे ऐसा प्रतीत हुआ मानों उस पुरी रूपी महिला की वह कटि-मेखला ही हो। उस पुरी के धवल गृह सुन्दर ध्वजाओं से सुशोभित थे, मानों वे पुरी रूपी महिला के प्रावरण—पहनने के वस्त्र ही हों। वहाँ उस पुरी में चार गोपुर द्वार किस प्रकार सुशोभित थे? जैसे मानों उस पुरी के चार विकसित मुख ही हों। स्वच्छ जल से भरी हुई नदी एवं सरोवर किस प्रकार सुशोभित थे, जैसे मानों उस पुरी रूपी वनिता के लोचन ही हों। उस पुरी के मध्य स्थित राजा का भवन ऐसा सुशोभित था, जैसे मानों पुरी रूपी वधू के सिर पर शेखर ही बँधा हो। इस प्रकार शोभा को देखता हुआ वह मकरध्वज (प्रद्युम्न) बड़ा विस्मित हुआ और उसने आकाश में ही उस नभोयान को स्तम्भित कर दिया और आदरपूर्वक देवऋषि से पूछा कि—"धन-कण से पूर्ण यह कौन सी नगरी दिखाई दे रही है?"

---

(15) 1. ब सिरि।

घत्ता— आहासइ मुणि मयरद्धयहो णिसुणि सुहड-भड-थड-कय-मद्दण।
पइँ जहिं जाएव्वउ वच्छ णिरुएह सा णयरि चउब्भुवणाणंदण।। 182।।

(16)

आरणालं— तं णिसुणेवि अणंगेणं भुवणचंगेणं पुणु वि एम वुत्तं।
जं-जं जासु मंदिरं सुरमणंदिरं कहहि लहु णिरुत्तं।। छ।।

अक्खेइ देवरिसि मयणस्स ता एम आयण्णि भो तणय हउँ कहमि जं जेम।
खयराहिवो विण्हु गेहे तुज्झ पियरस्स वर चक्क-गय-संख-सारंग धारस्स!
कमलासणा-वसइ वच्छत्थले [1]जस्स णिरु अद्ध-चक्केस सासणेण जुत्तस्स।
सीहद्धयं-मंदिरं दीसए जं जि सीराउहायस्स-आवासयं तंजि।
मेसद्धयं-रहए जस्स मंदिरहो तं तुव पियामहहो अइ-दिव्व सुंदरहो।
विज्जाहरालंकियं केउयं जच्छ जाणिज्जए सच्चहामाहरं तच्छ।
कलसद्धयं गेहयं जंपए सम्मि रेहंतयं णियय-मायाहे सुणि तम्मि।
ता सरेण णहजाणु थंभेवि णहे धरिउ अप्पु[2]ण्णु वि सहसति महिवीढे अवयरिउ।

घत्ता— मकरध्वज के वचन सुन कर मुनि नारद बोले—"शत्रुओं के भट-समूह का मर्दन करने वाले हे सुभट-वत्स, सुनो। जहाँ तुम्हें पहुँचना था, चारों भुवनों को आनन्दित करने वाली यही वह (द्वारामती) नगरी है।"।। 182।।

(16)

नारद एवं उदधिकुमारी युक्त विमान को नभ में ही स्थिर कर वह प्रद्युम्न अकेला ही उतर कर द्वारावती घूमने निकलता है

आरणाल— उसको सुनकर भुवन में सुन्दर स्वस्थ उस अनंग (प्रद्युम्न) ने इस प्रकार निवेदन किया—"देवों के मन को आनन्दित करने वाले जो-जो जिस-जिसके भवन यहाँ बने हुए हैं, उनका शीघ्र ही मुझे परिचय दीजिए।"।। छ।।

तब देवर्षि नारद ने उस मदन से इस प्रकार कहा—"हे पुत्र, में जैसा कहता हूँ, उसे सुनो, ये भवन तुम्हारे उत्तम चक्र, गदा, शंख एवं धनुषधारी पिता खगाधिप विष्णु के हैं, जो कि अर्ध चक्र के शासन से युक्त हैं तथा जिसके वक्षस्थल पर लक्ष्मी का निवास है। जो यह सिंह ध्वजा वाला भवन दिखाई दे रहा है, वह सीरायुध बलदेव का आवास है। मेष की ध्वजा जहाँ जिस मन्दिर पर चमक रही है, अति दिव्य सुन्दर वह आवास तुम्हारे पितामह का है। विद्याधरों से अलंकृत ध्वजा जहाँ है वह सत्यभामा का घर जाना जाता है और सुनो, कलश की ध्वजा वाला जो चमकता हुआ भवन है उसे अपनी माता का घर जानो।" तब उस स्मर (प्रद्युम्न) ने अपना नभयान रोककर आकाश में ही खड़ा कर दिया और सहसा ही वह स्वयं अकेला महीपीठ पर उतरा। जब वह नीचे पुरी

---

(16) 1. ब. 'स। 2. ब. ण्णु'।

परिसप्पए पुरिहि अहि[3]मुहउ किर जाम छत्तेहिंच्छण्णं णहं दीसए ताम।

घत्ता— हिलि-हिलि-हिलि हिंसंत हय चंचल-मण-पवणागम[1]।
पेक्खइ अणंगु अइ-पउर वर जे संगाम महाखम।। 183।।

(17)

आरणालं— चउपासेहिं सारया[1] आसवारया णियइ णिरु सुतेया।
फर-करवाल-हत्थया जे समत्थया किंकरा अणेया।। छ।।

पेच्छेवि सच्चहे सुउ रइवरेण पण्णत्तिय पुंछिय आयरेण।
भणु कवणु एहु कहिं संचलिउ किं कज्जइँ हय-साहणु मिलिउ।
ता चवइ विज्ज आयण्णि देव पर-णरवर विंदहिं विहिय सेव।
किण्णु मुणहि एहु पहु भाणुकण्णु णिय-जणणि-सवत्तिहे तणउ[2] सेण्णु।
आयण्णिवि वयणु णि[1]रुद्धएण चिंतिउ सचित्ते मयरद्धएण।
किम एयहो दुट्ठहो माणु मलमि कुमरहो जि मज्झे सु पयाउ खलमि।
हयवाल[3] - रूउ सहसत्ति लेवि विज्जामउ-हउ-[4]वग्गहिं धरेवि।
कंपंतु-सीसु सजलोल्ल-णयणु सव्वंग-सिढिलु-दंतुरिय-वयणु।

के सम्मुख पहुँचा, तब उसने छत्रों से ढँका आकाश देखा।

घत्ता— वहाँ उस अनंग ने संग्राम में अत्यन्त समर्थ मन एवं पवन के समान तीव्र वेगगति वाले अनेक घोड़ों को देखा जो हिलि-हिलि-हिलि कर हींस रहे थे।। 183।।

(17)

प्रज्ञप्ति-विद्या का चमत्कार — कुमार प्रद्युम्न वृद्ध अश्वपाल के रूप में अपने सौतेले भाई भानुकर्ण के सम्मुख पहुँचता है

आरणाल— (आगे चलकर उसने वहाँ) सारभूत, अत्यन्त तीव्र वेगगामी असवार (घुड़सवार) को, जो कि चारों ओर से स्फुरायमान तलवारों को हाथों में लिये समर्थ अंगरक्षक सेवकों द्वारा घिरा हुआ था, देखा।। छ।।

रतिवर प्रद्युम्न ने उस (उक्त) सत्यभामा के पुत्र को देखकर आदरपूर्वक अपनी प्रज्ञप्ति-विद्या से तीन प्रश्न पूछे—"कहो यह कौन है? कहाँ चला है? और किस कार्य से इसे यह घुड़सवारी मिली है?" तब विद्या बोली— "शत्रु राजाओं द्वारा सेवित हे देव, आप सुनिए। हे प्रभु, यह भानुकर्ण है, क्या आप इसे नहीं जानते? आपकी माता के सौत का यह सूनु (पुत्र) है।" रुके हुए मकरध्वज ने यह सुनकर अपने चित्त में विचार किया—"क्या इस दुष्ट का मान-मर्दन कर डालूँ? अथवा अभी के बीच (सामने) इस कुमार के प्रताप को नष्ट कर डालूँ? इस प्रकार विचार कर उसने शीघ्र ही वृद्ध अश्वपाल का रूप बनाकर विद्यामय घोड़े की वाग (लगाम) पकड़ कर काँपते हुए माथे से आँसुओं से गीले नेत्रों द्वारा सर्वांग शिथिल तन एवं दन्तुर मुख वह (प्रद्युम्न) अपने तुरंग

---

(16) 3. अ. मु०; ब. °सु।

(17) 1. अ. °वि।

(16) (1) पवनवत्गति।

(17) (1) मारसारीभूत। (2) पुत्र। (3) अश्वपालरूप। (4) घोटकु।

पुणु पुरउ परिट्ठिउ साहणासु[2] रंगंत तुरंगम वाहणासु।

घत्ता— पेछेवि विज्जाहर-सुवइँ दीहर-भुवइँ हउ हयवरहँ पहाणउँ।
मणु पवणु व वेयइँ हरिमण तेयइँ तुंगम मेरु समाणउँ।। 184।।

(18)

आरणालं— आउछिउ कुमारेणं वर-वारेणं णियवि गिरुव चोज्जं।
किं विक्किणहिं हयवरो णयण-दिहियरो कहसु थेर कज्जं।। छ।।

आहासइ थेरु खलंत-जीहु णीसास [1]मुअंतु वि सुट्ठु दीहु।
भो-कुमर णिसुणि इह जमण देसु जाणिज्जइ लोयहं णिरवसेसु।
5 तहिं हुंतउ तुरिउ[1] तुरंगु लेवि आयहु वहु देसु अइक्कमेवि।
अइ दीहर-पंथ समेण रीणु णिरु णिद्दं-तिसाए-छुहाए खीणु।
तुहुँ हरिसुउ हय[2]वर लेहि जं जि इउ अछमि हउँ आइयउ तं जि।
ता चवइ भाणु भणु किं करेमि जं मग्गहि तं तुह दवि[3]णु देमि।
पभणिउ तं हरि-मंदिरहु[2] णेहि महो तुरिउ दिणारहो कोडि देहि।

पर बैठकर रेंगता हुआ उस (सौतेले-भाई) के सम्मुख आया।

घत्ता— दीर्घ-भुजा वाले विद्याधर-पुत्र (प्रद्युम्न) के मन, पवन एवं हरि के मन से भी तेज गति वाले तथा सुमेरु के समान उत्तुंग श्रेष्ठ अश्वों में प्रधान उस अश्व को देख कर वह भानुकर्ण हतप्रभ रह गया।। 184।।

(18)

अहंकारी भानुकर्ण वृद्ध अश्वपाल (प्रद्युम्न) का तुरंग लेकर उस पर सवार हो जाता है

आरणाल— तब उस श्रेष्ठ असवार (घुड़सवार) — भानुकर्ण ने अत्यन्त आश्चर्यकारी नेत्रों को आनन्ददायक उस अश्ववर को देखकर उस वृद्ध (प्रद्युम्न) अश्वपाल से पूछा—"हे स्थविर क्या इस तुरंग को बेचोगे? इस तुरंग के कार्य (गुण) बताओ।"।। छ।।

तब लड़खड़ाती जीभ से उस स्थविर—वृद्ध (प्रद्युम्न) ने दीर्घ निःश्वास छोड़ते हुए उत्तर दिया—"भो कुमार, सुनो। जो सम्पूर्ण लोकों द्वारा जाना हुआ है, ऐसा इस संसार में एक यवन-देश है। वहीं से इस तुरंग को लेकर अनेक देशों को लाँघता हुआ तुरन्त ही यहाँ आया हूँ। अति दीर्घपथ के श्रम से यह खिन्न तथा निद्रा, तृषा एवं क्षुधा से अत्यन्त क्षीण है। आप हरि-पुत्र हो, आप यह घोड़ा ले लो। यही मैं कहता हूँ। इसलिए मैं यहाँ आया हूँ।" यह सुनकर उस भानु ने पूछा—"कहो, मैं क्या करूँ? जो मांगो सो उतना द्रव्य मैं दे देता हूँ।" तब उस वृद्ध अश्वपाल ने उत्तर दिया—"तुम इसे हरि मन्दिर (कृष्ण-भवन) की अश्वशाला में लेकर रख लो तथा (उसकी कीमत के रूप में) मुझे एक करोड़ दीनारें दे दो।" तब उस भानु ने घुमा फिरा कर उससे कहा—"घोड़े (की

---

(17) 2. ब मृ।

(18) 1. ब सु। 2. अ. र। 3. अ. अत्थु।

(18) (1) शीघ्रेण। (2) अश्वसालायां।

ता तेण पयंपिउ वलिवि एम एत्तिउ हिरण्णु हउ लहइ केम।
पुणु पभणइ हयवइ सुणि कुमार मग्गमि ण किंपि हउँ भुवणसार।
आरुहेवि तुरंगम वाहि मज्झु जाणमि हउँ असवारत्तु तुज्झु।

घत्ता— इय वयणु सुणवि सच्चाहि सुउ झत्ति तुरंगहो उवरि विलग्गउ[3]।
तावण मेल्लमि थेर सुणि जावण संधि-असंधिहिं भग्गउ।। 185।।

(19)

आरणालं— दिढ-[1]रज्जुएण वालए वग्ग-चालए कुमरु किर सइत्तो[1]।
पुणु वहियाले वाहए थिरु सुसाहए मुणइँ तुरउ जित्तो[2]।। छ।।

हयवर इमि ताम तुरंतएण सम-चरण-फाल-मेल्लंतएण।
परिभमेवि भमेवि महिवीढे घित्तु दुक्कम्मइँ णं जीउ विणिहित्तु।
खल-वयणहिं णं सज्जणहो चित्तु तह भाणु जीउ संदेह पत्तु।
कंचुइणा उवहसियउ कुमारु तुव सरिसु णत्थि कु वि आसवारु।
जा-जाहि णियय-मंदिरहो वच्छ हइवरु वाहि वय-निरुव दच्छ।

कीमत) के बदले में इतना हिरण्य (स्वर्ण-सिक्के) क्यों माँगते हो?" पुनः हयपति बोला—"हे कुमार सुनो। यह घोड़ा भुवन में श्रेष्ठ माना जाता है। अतः मैं तो इसकी कीमत कुछ भी नहीं माँग रहा हूँ। अपनी अश्वशाला से निर्दोष मेरे तुरंगम पर सवारी करो, तभी मैं तुम्हें (पक्का) असवार समझूँगा।"

घत्ता— वृद्ध अश्वपाल का कथन सुनकर सत्यभामा का वह पुत्र भानुकर्ण झपट्टे के साथ उस तुरंगम पर चढ़ गया और बोला—"बुड्ढे, सुन ले मेरी बात, मैं इस घोड़े को तब तक नहीं छोड़ूँगा, जब तक कि इसके अंग-प्रत्यंगों के जोड़-जोड़ भग्न न हो जायँ।। 185।।

(19)

भानुकर्ण को वह तुरंग पटक देता है तब वह लज्जित होकर स्वयं उसे उस पर सवार होने की चुनौती देता है

आरणाल— वह कुमार भानुकर्ण आश्चर्यचकित होकर सावधानी से दृढ़ रज्जु से उसे घुमाकर उसे लगाम लगाकर चलाता है और फिर उसे अश्वशाला में ले जाता है। वहाँ उस सवारी को साधकर स्थिर (शान्त) कर देता है और (इसी से) समझने लगता है कि उसने उस तुरंग को जीत (वश में कर) लिया है।। छ।।

जब वह कुमार उस पर सवार होकर चला तब वह तुरंगम तुरन्त ही अपने पैरों को तीव्रतापूर्वक एक साथ फेंकता हुआ दौड़ा और पृथिवी पर घुमा-घुमा कर उसे धरती पर दे पटका मानों कोई जीव दुष्कर्मों से मारा गया हो। खल के वचनों से सज्जन का चित्त जिस प्रकार हो जाता है, उसी प्रकार भानु का जीव भी सन्देह को प्राप्त हुआ। (यह देखकर) उस कंचुकी (हयपति) ने कुमार भानुकर्ण की हँसी उड़ाई और कहा कि—"तुम्हारे समान कोई भी असवार नहीं है। हे वत्स, जाओ-जाओ, अब अपने घर जाओ, आयु पूर्ण कर तथा दक्षता प्राप्त

---

(18) (3) चटितः।

(19) 1. अ. ब. रज्जेण।

(19) (1) सचित्रं। (2) जितोजानाति।

हरिणंदणु मण्णवि चवइ फारु[3] इय जं पमाणु पडिवुत्त[4] मारु।
किं कर णिरच्छ उवहसहिं मइँ इउ अच्चु ण मुणियउं कहिमि पइँ।
10 हय-वाहउ हय हुंतउ पडइ सूरो वि मरइ जो रणे भिडइ।

घत्ता— पउरिसु वि किंपि जइ वसइ मणे थेर तुरिउ तो आवहि।
तइ तुरिउ विलग्गहि झत्ति तुहुँ णियय गुणु वि दरिसावहि।। 186।।

(20)

आरणालं— तं णिसुणेवि उत्तयं णउ अजुत्तयं जंपियं कुमारा।
हरिकुल-कमल-दिणयरा-पवर-सुहयरा णिसुणि भुवणे सारा।। छ।।

महि मुअवि गमइ गयणयले जइवि[1] णिरु दुद्दमु तुरिउ[2] दमेमि तइवि।
सयमेउ धरहु जण विण्णि जई सहसत्ति चडावहि चडमि तई।
5 इयं रहमि मज्झु थरहरइ वउ हय-विहिणा किं हउँ थेरुकउ।
आयण्णिवि तं असिवर करेहिं हरि-तणुरुहासु विहि किंकरेहिं।
उट्ठविउ ण उट्ठइ थेरु केम णिद्दइवहं लद्धु णिहाण जेम।

करके ही हयवर पर सवारी करना।" उस वृद्ध ने उसे हरि का नन्दन मानकर बहुत समझाया और तभी समझाते हुए उस वृद्ध (मदन—प्रद्युम्न) से वह बोला—"क्यों कर मुझ पर व्यर्थ हँसते हो। मेरी यह स्थिति अक्षुण्ण है, ऐसा आपने कैसे जान लिया? हयवाहक भी घोड़ा से गिर पड़ता है और जो रण में भिड़ता है, वह शूर भी मर जाता है। अतः—

घत्ता— "हे बुड्ढे यदि तेरे मन में कुछ भी पौरुष समाया हुआ हो तो तुरन्त आ। घोड़ा लेकर शीघ्र चढ़ और अपने गुण (चतुराई) को दिखा।। 186।।

(20)

अश्वपाल जर्जर देह होने के कारण सेवकों के साथ भानु से घोड़े पर बैठा देने का आग्रह करता है, किन्तु उस दैवी-शरीर को वे उठा नहीं सके

आरणाल— यह सुनकर वह बुड्ढा (प्रद्युम्न) बोला—"कुमार ने अयुक्त नहीं कहा। प्रवर सुखकर, भुवन में सार, हरिकुलरूपी कमलों के लिए सूर्य सुनो।। छ।।

यद्यपि मैं उस तुरंग का दमन करता हूँ तो भी वह अत्यन्त दुर्दमनीय है। मही छोडकर वह आकाश में चला जाता है। स्वयं ही इसको पकड़ो। यदि दो जनों के साथ आप मुझे सहसा ही इस पर चढ़ा दो तो मैं चढ़ जाऊँ। यह मैं हूँ। मेरी काय अधिक आयु के कारण थरहरा रही है। दैवमारे ने मुझे बुड्ढा क्यों कर दिया?

उसके वचन सुनकर हरिपुत्र के, हाथों में तलवार धारण किये हुए सेवकों ने उसे तत्काल उठाया, किन्तु वह बुड्ढा किसी भी प्रकार नहीं उठ सका, मानों निधान पाकर वह सो गया हो। तब और भी चार अन्य सेवक

---

(19) (3) प्रचुर। (4) कामप्रति।

(20) (1) यदि आकाशं गच्छति। (2) दमितो भवति।

तो धाइवि अवर चयारि मिलिय विहलंघल तणु ते विइलहिं घुलिय।
पुणु अट्ठ-सोल-बत्तीस तेम भज्जहिं कं वीरहो करडि जेम।
10 बत्तीसहो णउ उट्ठिउ अहंगु चिंतवइ माणु सिरि-मउड भंगु।

घत्ता— एत्तडइ तित्ति णउ मणिसियहो माणभंगु तहिं कियउ जहिं।
सुरगिरि समु णिच्चलु होवि थिउ सइँ कुमार उट्ठवहि [1]मई।। 187।।

(21)

आरणालं— ता कंचुइ पउत्तयं हो णिरुत्तयं भुव सुव हुव राया।
सुणि सच्चहे तणु [1]रुया सिरिहर-[2]सुया भुवणे कुमर राया।। छ।।

णिय-दीहर-दिढ-पीवर-करेहिं वहु णर-भर-भार-धुरा-धरेहिं।
उद्धरेवि तुरय आरोवि मइँ वाहमि तुरंगु रंजेमि पइँ।
5 इय आयण्णिवि सो कुमरु जाम उट्ठवइ पहउ चलणेण ताम।
सिरि-सेहरु मणिमउ दल[3]मलेवि वियडुण्णय उरे णिय पउ ठवेवि।
लहु चडिवि पवाहइ मयरकेउ पुलणंग-चलण सम-विसम एउ।

मिल कर दौड़े किन्तु वे भी व्याकुल शरीर वाले विफल हो गये। पुनः आठ, सोलह एवं बत्तीस सेवक मिले। वे भी वैसे व्याकुल हो भागने लगे। किस प्रकार? जैसे वीर (सिंह) से डरकर हाथी भागता है। वह बूढ़ा बत्तीसों सेवकों से नहीं उठा। वह अभंग ही रहा। तब उस कुमार भानु के सिर का मुकुट भंग हुआ, वह मन में चिन्तित हो उठा।

घत्ता— इस प्रकार कुमार भानु का इतना मान भंग कर देने पर भी जब उस मनसिज—प्रद्युम्न के मन में सन्तोष नहीं हुआ, तब पुनः वह सुरगिरि के समान निश्चल होकर स्थित हो गया और अपने में कहा "अब कुमार स्वयं ही मुझे उठा कर देखें।। 187 ।।

(21)

अश्वपाल भानुकर्ण को लतया कर घोड़े पर बैठकर आकाश में उड़ जाता है

आरणाल— तब कंचुकी (अश्वपाल) ने उस भानु से कहा कि "तुम निरुत्तर क्यों हो? तुम तो पृथिवी के राजा बनने वाले हो, हे सत्यभामा के पुत्र, हे हरिसुत, हे भुवन के राजकुमार, सुनो—।। छ।।

दीर्घ दृढ़ एवं स्थूल तथा अनेक मनुष्यों के भार की धुरा के धारक अपने इन हाथों से उठाकर मुझे शीघ्र इस तुरंग पर चढ़ा दो, जिससे मैं तुरंग की सवारी करूँ और तुम्हें रंजायमान करूँ। यह सुनकर जब वह कुमार उसे उठाने लगा तथा वृद्ध ने उसे लात मारी और सिर के मणिमय मुकुट को दलमल (चूर-चूर) कर डाला। पुनः उसके विकट उन्नत वक्षस्थल पर अपना पैर रखकर अत्यन्त विषम वह मकरकेतु (वृद्ध) पुलकित अंग एवं सम चरण हो कर शीघ्र ही तुरंग पर चढ़कर उसे दौड़ाने लगा और वह कुमार भी "सुन्दर-सुन्दर" कहकर

---

(20) 1. अ °ज।

(21) 1. ब °भु। 2. अ °मु। 3. अ र।

अवरो परो वि जंपहि कुमार सो साहु-साहु तुहुँ आसवारु।
[4]तुहु हइण[5] सरिसु गउ गयणे केम णं आसि चक्कि-सिरिपालु जेम।
10 एत्तहिं वि सुहड कंपंत देह खर-पवणइँ दोलिय णाइँ मेह।
विंभिय णिय मणे णउ किं मुणंति पुण्णाहिउ हरि-णंदणु भणंति।
णिय णयरि [6]भाणु गउ णट्ठ छाउ मउलेवि तुंडु वियलिउ पयाउ।

घत्ता— गउ णिय पवंचु उवसंहरेवि रइरमणु वि णिविसेण कह।
भंजेवि मरट्टु दिग्गयवरहो विप्फुरंतु णं सीहु जह।। 188।।

इय पज्जुण्ण-कहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए बुह-रल्हण-सुव-कइ-सीह विरइयाए भाणुकण्ण[7] माणभंगो णाम **दहमी संधी** परिसमत्तो।। संधी: 10।। छ।।

पुष्पिका

विष्णो[(1)] स्तोक चरित्र सृष्टि[1] वसत: कीर्ति: कवे: साम्प्रत्म।
श्री सिंहस्य भुवस्तले[(2)] सुभगं ताव भूम्यते ऽहर्निशम्।।
ग्रामाराम-मटंब-पत्तन वनक्ष्मा[(3)] भृत्क्षमाम्र: सरित्।
नि:शेषं सममेव[(4)] शुवलमसकृत्[(5)] संकुर्व्वतीदं जगत्।। छ।।

चिल्लाता हुआ बोला—"साधु-साधु, तुम्हीं (यथार्थ) असवार हो।" तुम घोड़े के साथ आकाश में किस प्रकार पहुँचे? ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार भूतकाल में चक्रवर्ती श्रीपाल गया था और इधर, सुभटों सहित उस भानु की देह ऐसे काँप रही थी, जैसे मानों तीक्ष्ण पवन से मेघ ही काँप रहे हों। अपने मन में विस्मित वह हरिनन्दन— भानु कुछ भी सोच नहीं पाया (किंकर्त्तव्यविमूढ हो गया) अपने मन में बड़बड़ाता हुआ निस्तेज, म्लान मुख एवं विगलित प्रताप अपनी नगरी में गया।

घत्ता— अपने प्रपंच को समेट कर वह रतिरमण (प्रद्युम्न) भी उस विनिवेश (उस स्थान) से चला। किस प्रकार, उसी प्रकार जिस प्रकार कि स्फुरायमान सिंह मानों दिग्गजवरों की भीड़ को भंग कर चला जाता है।। 188।।

इस प्रकार प्रद्युम्न कथा में धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करनेवाली बुध-रल्हण के पुत्र कवि सिंह द्वारा विरचित भानु के मानभंग नामकी **दसमी सन्धि** परिसमाप्त हुई।। सन्धि: 10।। छ।।

पुष्पिका — कवि-प्रशंसा

विष्णु के पुत्र प्रद्युम्न के चरित्र की सृष्टि में रहने वाले सिंह कवि की कीर्ति अब पृथिवी तल में सुन्दर रूप से रात-दिन भ्रमण करती है। ग्राम, आराम, मटंब, पत्तन, वन, पर्वत, सरोवर, नदी, निर्झर आदि सबको शुक्ल करती हुई बार-बार समान रूप से इस जगत को सफेद करती है।। छ।।

---

(21) 4-5. अ. वाहणेण। 6. ब. मा०। 7. अ.×।

पुष्पिका— 1. अ. सूक्ति।

पुष्पिका— (1) पुत्र प्रद्युम्नचरित्रसृष्टिवसत:। (2) पृथिवीमध्ये। (3) पर्वत। (4) समान। (5) पुन पुन:।

एयादहमी संधी

(1)

ध्रुवकं— मलेवि माणु रविकण्णहो सरु हरि-पुरिहि पईसरइ।
भीसम-सुयाहे णं सोक्ख-णिहि दुहु अणंतु सच्चहि करइ।। छ।।

गाहा— थोवंतरम्मि पहि जंतएण कलयंठि-कलरव रवण्णं।
पिच्छेइ वणं वर विडवि पउर पत्तेहिं संछण्णं[1]।। छ।।

अमराहिव उववण सरिसु वणु अवलोयवि विंभिउ रइरमणु
सुरविडवि[2] णायवल्ली रवण्णु वहु तिलय-वउल-णग्गोह-छण्णु।
चंपय-कयंव-साहाललंतु णव-किसलय पवणाहय-चलंतु।
वियसिय कंजय-रय महमहंतु गंधद्ध भमिय महु गुमुगुमंतु।
सुर-णर-विसहर-किण्णरहँ पुज्ज पुंछिय कुमार पण्णत्ति विज्ज।
वणु एहु पवरु कहि तणउ भणु आयण्णिवि सा तहो कहइ पुणु।
खेयर-सुवाहि सुकुमालियाहे वणु एहु सच्चणामालियाहे।
णिसुणेविणु ता मयरद्धएण हरि बे वि करेवि णिविसिद्धएण।

ग्यारहवीं सन्धि

(1)

प्रज्ञप्ति-विद्या का चमत्कार— प्रद्युम्न मायामय दो घोड़ों के साथ सत्यभामा के उपवन के समीप पहुँचता है

ध्रुवक— हरिनन्दन—भानुकर्ण का मानमर्दन कर उस स्मर (कामदेव-प्रद्युम्न) ने हरि पुरि (—द्वारामती) में प्रवेश क्या किया मानों वह भीष्मसुता—रूपिणी के लिए सुखनिधि एवं सत्यभामा के लिए अनन्त दुख प्रदान करने के लिए ही वहाँ पहुँचा हो।। छ।।

गाथा— मार्ग में थोड़ी दूरी चलकर कोकिलों के मधुर शब्दों से रम्य प्रचुर पत्रों से आच्छादित सघन वृक्षों वाला उत्तम वन देखा।। छ।।

इन्द्र के उपवन (—नन्दन वन) के समान उस वन को देखकर वह रतिरमण (—प्रद्युम्न) विस्मित हुआ, जो (वन) कल्पवृक्ष—पारिजात, रम्य नागवल्ली, अनेक तिलक, वकुल एवं न्यग्रोध वृक्षों से आच्छादित, पवनाहत होने के कारण चलायमान, नव किसलयों वाली चम्पक एवं कदम्ब वृक्षों की चपल शाखाओं से सुशोभित, विकसित कमलों की पराग की गन्ध से महकते हुए पुष्प सुगन्धि के लोभी भ्रमरों से गुंजायमान था। सुर, नर एवं विषधर (नागेन्द्र) किन्नरों द्वारा पूज्य उस कुमार ने अपनी प्रज्ञप्ति विद्या से पूछा—"यह वन प्रवर किसका है? कहो"। यह सुनकर वह विद्या पुन: बोली—"यह वन सत्यभामा नामकी सुकुमारी खेचर पुत्री का है।" यह सुनकर उस मकरध्वज ने आधे निमिष में ही दो घोड़े तैयार किये और

---

(1) (1) आच्छादितं। (2) कल्पवृक्ष।

घत्ता— गउवणहो समीउ वि मणमहणु सहसा कवडु करेविणु।
मायामय हयवर पवर दिढ-रज्जु वहि धरेविणु।। 189।।

(2)

गाहा— हसिऊण भुवण-विजइ जंपइ वण[1]वाल णिसुणि महो वयणं।
एयं चिय बे वि हया लिहंतु तिणं वण-पएसम्मि।। छ।।

तं णिसुणेवि वणवइणा अक्खिउ भो अण्णाण पहियणा लक्खिउ।
एउ उववणु हरि-पियहि-पियारउ भुवणब्भंतरम्मि णिरु सारउ।
जासु वरेण पयट्टहिं सुरवर तहिं जंपहि तुहु चारमि हयवर।
मा किं चवहि माउव्भउ अच्छहि णियय तुरंग लेवि लहु गच्छहि।
विसम-सरेण वुत्तु आयण्णहु भणमि किंपि जइ तुम्हहँ मण्णहु।
चिक्कमंत अणु-दिणु पहि रीणा सुसिय-देह पय-खाण विहीणा।
अंगुलीउ अणु वसु इय भासिवि दिण्णु सरेण सयल संतोसिवि।
हरि जइ पत्तु फुल्लु-फलु भक्खिउ मा कुप्पहु अम्होवरि अक्खिउ।
पभणहिं वणवालय किं अक्खहि णायवेलि किं कर हय भक्खहि।

घत्ता— मायामय उन घोड़ों को दृढ रज्जु से बाँधकर उन्हें पकड़े हुए वह मन्मथ प्रद्युम्न सहसा ही छल-कपट करके उस वन के समीप गया।। 189।।

(2)

रिश्वत में अँगूठी लेकर वनपाल ने प्रद्युम्न के घोड़ों को सत्यभामा का उपवन चरा दिया

गाथा— हँसकर भुवन का जयी वह काम बोला—"हे वनपाल, मेरे वचन सुनो। ये दोनों ही घोड़े इस वन प्रदेश में तृण का स्वाद लेना चाहते हैं।"।। छ।।

यह सुनकर वनपति ने कहा—"हे पथिक, तुम अज्ञानी प्रतीत होते हो। (क्या तुम नहीं जानते हो कि—) संसार में सारभूत यह उपवन उस हरिप्रिया—सत्यभामा का प्रिय वन है, जिसकी आज्ञा में (निरन्तर) देवगण रहा करते हैं?" (यह सुनकर मदन ने पुनः निवेदन किया कि—) "जहाँ तुम कहो वहीं मैं अपने घोड़ों को चरा लूँ।" यह कहकर जब मदन रुक गया तभी वह वनपाल बोला—"नहीं, क्या कह रहा है? अपने घोड़े ले और शीघ्र ही यहाँ से चलता बन।" तब विषमशर—पंचबाण काम ने कहा—"सुनो, यदि तुम मानों तो मैं कुछ कहता हूँ—"घोड़े मार्ग में चलते-चलते रात-दिन रीने-झीने हो गये हैं (उदास जैसे हो गये हैं), इनकी देह सूख गयी है, और खान-पान से रहित हैं अतः अन्य (घोड़ों) के वश होकर ही यह अँगूठी (देता हूं)।" ऐसा कहकर उस स्मर ने उस वनपाल को सन्तुष्ट कर वह अँगूठी (चुपके से) उसे दे दी। घोड़ों ने जब पत्ते फूल एवं फल खा डाले, तब वनपाल से मदन (प्रद्युम्न) ने कहा—क्रोध क्यों करते हो "क्या कह रहे हो? नागवल्लि घोड़े क्यों खायेंगे?" जब सभी

---

(2) 1. अ ब वो।

गय सयल वणयरेहि किर जामहि वणहो उव्वभंगि किय तामहिं।

घत्ता— जह-जह सुपयंड णं जम-दंड पइसरंति हवेवि णिरु।
तह-तह मरु-हयहिं कंपइ वणु भय वेविरु।। 190।।

(3)

गाहा— सरसं पि अच्छवंतं सुपय समासं सुभा[1]सवंतम्मि।
विहयं तुरएहि वणं पिसुणेहिव सुकइ-कय-कव्वं।। छ।।

सीयल सुसच्छ सोसिय वरंभ पोक्खर[1]-[2]सर थिय णं छिद्द कुंभ।
णिरु वहल कुसुम-रय महमहंत चूरिय तरुवर-वेल्ली हरंत।
5 उट्ठिय विहंग [2]गयणयले लग्ग वणयर[3] रसंत चउदिसिहिं भग्ग।
सुद्धउ अवणीयलु ठियउ तहिं वणचिण्हु ण मुणियउँ केण कहिं।
गउ तं पएसु परिहरिवि सरु कुसुमसरु इक्खु-कोवंड वरु।
भुवणत्तय माणिणि-मणहरणु वर विज्जुज्जलु[4] णं जलधरणु[5]।
णिय लीलए पहि पच्चंतएण मयणेण विसुद्धु सइत्तणेण[6]।
10 कण[7]-इल्ल[8]-कोंच[9]-कारंड[10] हरु फल भर पणविय वहु भेय तरु।

वनचर चले गये तभी उस वन को उन्होंने नष्ट कर दिया।

घत्ता— जैसे-जैसे यमदण्ड के समान वह प्रद्युम्न उस वन में निर्भीक होकर घूमता रहा तैसे-तैसे उन दिव्यमयी घोड़ों से वन भयभीत होकर काँपता रहा।। 190।।

(3)

कुमार प्रद्युम्न सत्यभामा का उपवन नष्ट कर, दूसरों के लिए वर्जित उसके माकन्दी वन में पहुँचता है

गाथा— दुग्ध के समान शुभ्र एवं स्वच्छ जल से परिपूर्ण सुन्दर सरोवर वाला वह वन उन तुरंगों द्वारा उसी प्रकार नष्ट कर दिया गया, जिस प्रकार दुर्जनों द्वारा सुकविकृत (सुन्दर—) काव्य।। छ।।

उन दिव्य घोड़ों ने शीतल स्वच्छ एवं श्रेष्ठ जल वाली पुष्करिणी-सरोवर को सुखा दिया। वह ऐसा प्रतीत होता था, मानों छिद्र वाला घट ही वहाँ स्थित हो। कुसुम-रज से महकते हुए उत्तम-उत्तम वृक्षों एवं वल्ली-वितानों को उन्होंने नष्ट कर दिया, पक्षी उड़-उड़ कर आकाश में चले गये, वनचर (श्वापद) गण चिल्लाते हुए चारों दिशाओं में भाग खड़े हुए। उस वन की भूमि ऐसी साफ—वनस्पति शून्य हो गई कि वहाँ वन का कोई चिह्न भी था, ऐसा कोई नहीं जान सकता था।

वह कुसुमशर—कामदेव (प्रद्युम्न) इक्षु का कोदण्ड (धनुष) हाथ में धारण किये हुए उस सरोवर को छोड़कर उत्साहपर्वूक अपनी लीलाओं से मार्ग में सभी को प्रभावित करता हुआ उस प्रदेश में जा पहुँचा जहाँ भुवनत्रिक में माननियों के मन का हरण करने वाले विद्युत विद्या से उज्ज्वल मेघों के समान तथा शुक, सारस, क्रौंच एवं

---

(3) 1. अ. जाइ। 2. अ. म।

(3) (1) पुष्करिणी। (2) अ. सरोवर। (3) अ. हरिणादय। (4) अ. विद्याविद्युत्। (5) अ. मेघ। (6) अ. सोत्साहेन। (7) शुक। (8) सारस। (9) आम्रवन। (10) अ. चक्रवाक।

पत्तालवो वि णं णिव पवरु
णं पुलइउ महि-महिलाहि तणु अवलोयवि तरु साहा-रवण्णु।

घत्ता— पुच्छइ सविज्ज सरु सा कहइ भो सुंदर णरणाह सुणु।
किण्णहहो पियाए आणंदयरु पउरसदु मायंद-वणु।। 191।।

(4)

गाहा— णाऊण मणसि[1] एणं मणहरदेहं पि मुए तुरिएण।
सहसत्ति विरइऊणं माया-मायंग[2] - रूवं च।। छ।।

मणसिउ मायंग-रूउ करेवि मायामउ मक्कडु करे धरेवि।
उज्जाणहो अहिमुहुँ गयउ केम कइ-जीवहो[3] जमणं दूउ जेम।
5 जं पइ[4] वणवइ महो 'तसिय देहु साहामउ छुह-वेविरु वि एहु।
जगे णिंदिउ-णिग्घिणु तणु करेवि संकल-णिवद्धु कह करे धरेवि।
जोयहि वाणरु सुणिवद्ध गलो दिज्जउ एयहो साहार-फलो।
वणरक्खइ ता कुविएण वुत्तु मा[5] णियहि पाव वच्चहि णिरुत्तु।

कारण्ड (चक्रवाक) के लिए घर के समान तथा फलों के भार से झुके हुए अनेक प्रकार के वृक्ष थे, (श्रीसमृद्धि में वह इतना समृद्ध था कि मानों) पाताल लोक का नृप श्रेष्ठ ही हो। वहाँ वृक्षों की रमणीक शाखा—प्रशाखाएँ देखकर ऐसा लगता था मानों वे पृथिवी रूपी महिला के तन के पुलक—रोमांच ही हों।

घत्ता— उस स्मर (प्रद्युम्न) ने अपनी (प्रज्ञप्ति—) विद्या से उस वन का नाम पूछा तो उसने उत्तर में कहा—"हे सुन्दर, हे नरनाथ, सुनो, कृष्ण की प्रियतमा (सत्यभामा) का यह प्रचुर रसवाले आम्र-फलों का आनन्दकारी माकन्दी वन है। ।। 191।।

(4)

मातंग (प्रद्युम्न) के मायामय वानर ने माकन्द वन में तोड़-फोड़ मचा दी

गाथा— मनसिज ने (उसे सत्यभामा का माकन्द-वन) समझकर अपनी मनोहर देह को तुरन्त छोड़कर शीघ्र ही मायासे मातंग (चण्डाल) का रूप धारण कर लिया। ।। छ।।

वह मनसिज मातंग का रूप धारण कर एक मायामय वानर हाथ में पकड़कर उस उद्यान के सम्मुख गया। कैसे! जैसे विनाश शील जीव के लिए मानों वह यमदूत ही हो। जगत् में निन्दित घृणित शरीर बनाकर तथा साँकल से बँधे हुए उस वानर को हाथ में पकड़कर वह मातंग (वनपति से) बोला—"हे वनपति, मेरी देह थकी हुई है। साथ ही यह बन्दर भी क्षुधा से काँप रहा है। इस बँधे गले वाले (भूखे) वानर की ओर देखो और इसे खाने के लिए फल दे दो।" वनरक्षक के झिड़कने और रोकने पर पुनः उस मातंग (प्रद्युम्न) ने कुपित होकर उस

---

(4) 1. अ. °व।

(4) (1) अ. कामेन्। (2) अ. चाण्डालरूपं। (3) अ. विनाशरूपजीवस्य। (4) अ प्रति। (5) अ. अवलोकय।

हरि एक्कु वि परि इह कील-करइ अवरू वि णियंतु अमरिंदु भरइ।
मायंगेण वि पुणु भासियउ वणवइ मइँ तुज्झु पयासियउ।
पहियहु वि मज्झु हरि-किंकरइँ रूसेविणु भणु किं अवहरइँ।
वणवाल सुणिट्ठुर होंति सइँ अह मग्गिउ जइ णउ दिण्णु पइँ।
पेक्खेसहु जं करिहइ पवंगु मेल्लिवि गउ अवरेत्तहिं अणंगु।

घत्ता— तोडंतु फलइँ भंजंतु तरु वलिमुहु जाम पइट्ठउ।
पवणंगउ णं दहवयण-वणे तहे वणरक्खे दिट्ठउ।। 192।।

(5)

गाहा— हणु-हणु भणंत किंकर समग्ग घणु-पासु-सुपरसु हत्था।
रंभेवि वणं णिरु चउदिसेहिं [1]पमयाणु भग्गे लग्गा।। छ।।

किर घिवइ पासु कइ-अंगणासु।
णिविसइ[2] करेइ पुणु वुक्करेइ
कुविऊण चलइ वणु सयलु दलइ।

वनरक्षक से कहा—"पापी, देखता नहीं और ऐसे कुवचन बोलता है?" एक भी वानर यदि यहाँ क्रीड़ा करता है, और उसे देखकर यदि अनेक अमरेन्द्र—वानर भी यहाँ भर जाते हैं (तो बाद में मुझे कुछ मत कहना)।" उस मातंग ने पुन: कहा—"हे वनपति (अब) मैंने तुम्हें (सब) प्रकट कर दिया है। हरि-किंकरों (बन्दरों) ने भी मुझ पथिक से रूस कर कहा है कि— बोलो, हमें क्यों तिरस्कृत कर भगाया जा रहा है? वनपाल तो स्वयं निष्ठुर होते हैं, अत: माँगने पर यदि (फल) नहीं देते हैं तो देखोगे कि वानर क्या (लीला) करेगा?" यह कहकर तथा वानर को उस बगीचे में छोड़कर वह अनंग अन्यत्र कहीं चला गया।

घत्ता— बलिमुख—वानर जब बगीचे में घुसा तो वह फल तोड़ने लगा और वृक्ष मोड़ने लगा। वह ऐसा प्रतीत होता था मानों पवनांगज (हनुमान) दशवदन (रावण) के वन में ही पहुँच गया हो। उसी रूप में वनरक्षकों ने उस वानर को देखा।। 192।।

(5)

माकन्दवन को नष्टकर प्रद्युम्न आगे बढ़ता है और मंगल तरुणियों के झुण्ड को देखता है

गाथा— "मारो-मारो" कहते हुए सभी सेवक धनुष बाण, पाश एवं परशु हाथों में लेकर वन को चारों दिशाओं से भलीभाँति घेरकर बन्दरों के भगाने में लग गये। ।। छ।।

किन्तु वानर के शरीर नाश के लिये पाश कैसे डाला जाता? निमिष मात्र में तो वह फल खा जाता था और बुकरता (गुर्राता) रहता था। कुपित होकर दौड़ जाता था। उसने समस्त वन को रौंद डाला। (इस प्रकार) पूरे

---

(5) (1) अ. वानरा:। (2) अ. निमिषमात्रा हिच्छतिकरि।

भंजिउ असेसु थिउ भूपएसु।
एत्तहि वि कामु वहु सोक्ख-धामु।
किर जाइ जाम रहु दिट्ठु ताम।
कलहोय [1]घडिउ रयणेहिं जडिउ।
वज्जंत-तूरु भुवणंत - पूरु।
काहल-सरेण भेरी-रवेण।
वज्जंत-संख पेक्खइ असंख।
अवलायणेहिं[(3)] झुणि मंगलेहिं।
करे पूरि-अंभ मंगल सुकुंभ।
णिय-विज्ज सरिसु जण-जणिय हरिसु।
जंपइ किमत्थु इउ तरुणि सत्थु।
पुणु तेण कहिउ णउ किंपि रहिउ।

घत्ता— जलजत्त-णिमित्तइँ जुवइयणु मिलिउ असेसु वि सामिय।
भाणुहि विवाह-विहि कारणइँ सुणि दिग्गय वर गामिय।। 193।।

(6)

गाहा— ता आयण्णेवि इमं सहसा विव[1]रीय सोहया सारं।
विरएविरहं मायामयंपि उड्डूय धयवडा फारं।। छ।।

दोवरि[(1)] करहो तहो धुरि करेवि [2]पग्गहय सुदिढ णिय-करे धरेवि।

वन को नष्ट कर दिया; केवल भूमि-प्रदेश मात्र बच पाया। तदनन्तर, अनेक सुखों का स्थान वह कामदेव जब आगे गया, तब वह एकान्त में देखता है कि कलधौत के बने हुए रत्नजटित घट स्थापित हैं। तूर बज रहे हैं। काहल के स्वर एवं भेरी की ध्वनि से लोक पूर रहा है, शंख बज रहे हैं। पुनः देखता है कि हाथों में जलपूर्ण मंगल कलश लिये हुए असंख्य नारी जन मंगलगीतों से ध्वनि कर रही हैं। लोगों में हर्ष उत्पन्न करने वाली अपनी सरस-विद्या से पूछा—"तरुणियों का यह समूह यहाँ किस प्रयोजन से उपस्थित है?" तब उस प्रज्ञप्ति-विद्या ने उत्तर में कहा—"कुछ भी (किसी से) छिपा नहीं है।"

घत्ता— दिग्गजगति वाले हे स्वामिन, सुनिए भानुकुमार की विवाह-विधि के कारण ये सभी युवतियाँ जल-यात्रा के निमित्त यहाँ मिल रही हैं।। 193।।

(6)

मंगल तरुणियों की भीड़ तितर-बितर कर वह प्रद्युम्न सत्यभामा की वापी पर पहुँचा

गाथा— (भानुकुमार के विवाह की तैयारी सम्बन्धी वृत्तान्त) सुनकर उस प्रद्युम्न ने सहसा ही उसके विपरीत आगे सारभूत शोभा करके मायामयी विशाल उड़ने वाली ध्वजा-पट बनाई।। छ।।

---

(5) 1. ब. धरिउ।
(5) (3) अ स्त्रीजनैः।
(6) 1. अ. रवीय। 2. अ. व.।
(6) (1) द्वौदिशौ।

वाहिउ अहिमुहुँ तुरिएण पुणु णियचित्ते चमक्किउ युवइयणु।
विहडप्फड पहि उप्पइ गयउ कंपइ विवत्थु भय-जर लयउ।
लहु तुरय-पणट्ठ रहेण सहु गउ सारहि महियले पत्तु दुहु।
मंगल-सुकुंभ-भंजिय धवला तोडिय उल्लोयय-धय-चवला।
केवि चूरिय तहे णासंतु केवि केवि हसहिं परोप्परु ताल देवि।
कोऊहलु केवि णियंति जाम मायामय दंसमसेहिं ताम।
चउदिसहिं भमिय मुहु रुणुरुणंत खज्जंत विगय णिय तणु धुणंत।
इय पेच्छिऊण पउरयणु चवइ विवरीयइँ कीलइँ कोवि कर[3]इ।
किं गुरु किं किण्णरु किं सुरिंदु किं जक्खु-महोरउ [4]रवि णिसिंदु।
विंभिय चवंति किं पुरिसु एहु हरि णयरि पवेसिवि दिव्व-देहु।

घत्ता— तहिं रमेवि पवंचु सुसंहरिवि पुरिहिं मज्झे पइसरइ किर।
किण्हहो-महएविहि मणहरिणि पेच्छइ कीला-वावि वर।। 194।।

दो ऊँटों के ऊपर उसकी धुरी रखकर उसका पगहा (लम्बा रस्सा) अपने हाथ में पकड़कर उन्हें तत्काल ही उन युवतिजनों के समक्ष हाँक दिया। यह देखकर युवतिजन अपने मन में चमक (आश्चर्यचकित हो) उठीं। भय एवं बुढ़ापे से ग्रस्त वस्त्र-विहीन वह काँपने लगा। विस्तृत स्पष्ट पथ होने पर भी वह अनंग उत्पथ (उन्मार्ग) से चला। रथ में जुते हुए घोड़े शीघ्र ही भाग खड़े हुए। सारथी धरती पर गिरकर दुःख को प्राप्त हो गया (अर्थात् घायल हो गया)। मंगल-कलश भग्न कर दिये गये। फरफराती हुइ चपल ध्वजा तोड़ दी गयी। कोई-कोई चूर कर दिये गये, कोई-कोई नष्ट कर दिये गये, और कोई-कोई परस्पर में ताल दे-देकर हँसने लगे। कोई-कोई जब कौतूहल देखने लगे तब उस प्रद्युम्न ने मायामय दंशमशक उत्पन्न कर दिये जो चारों ओर बार-बार रुणझुण-रुणझुण करते हुए घूमने लगे तथा उनके द्वारा डँसे गये वे लोग अपने शरीरों को खुजलाते हुए भाग खड़े हुए। यह सब देखकर पौरजन बतियाने लगे—"यह विपरीत क्रीड़ा कौन कर रहा है? क्या यह गुरु (वृहस्पति) है? क्या यह किन्नर है? क्या यह सुरेन्द्र है? क्या यह यक्ष है? क्या यह महोरग है अथवा क्या यह उत्तम सूर्य अथवा चन्द्र है? विस्मय से कोई व्यक्ति पूछने लगे कि क्या यह कोई दिव्य देहधारी पुरुष है, जिसने हरि-नगरी में प्रवेश किया है?"

घत्ता— "वहाँ रमकर पुनः अपना प्रपंच (मायाजाल) समेटकर वह प्रद्युम्न पुरी के मध्य में घुसा। वहाँ उसने कृष्ण की महादेवी की मनोहारिणी उत्तम क्रीड़ा-वापी देखी।। 194।।

---

(6) 3. अ. रमइ। 4. ब. वरि।

(7)

गाहा— वियसंत-णलिण-वयणा-लक्खणवंता सुकुंतला बाला।
सुपयोहरा पुरंधि व णियय सरो णाम वर वावी।। छ।।

ता पुंछिय कुमरइ णियय-विज्ज कहो तणिय वावि इह जण-मोज्ज।
जायव पंडव-कुरु णमिय पाय किण्ण मुणहिं भाणुहिं तणिय माय।
[1]मा करइ एत्थु[2] जल-कील रंगु आयलिण्णिवि पुलइउ अणंगु।
परि[3]वत्तिउ मायइँ णियय-रूउ गिण्हेवि तुरिउ दियवरिम रूउ।
थरहरिय देह कंपंतु सीसु [4]जरवस परिणय[5] सिरे सुब्भ-केसु।
छत्तिय-कुंडिय करे जडि करेवि उरेमुत्तरीउ तियस रूवि धरेवि।
[6]मियवासु दव्भ मयरद्धएण कोवीणु णियंवे णिवहु तेण।
घोसंतु वेय-सद्दत्थ-वयणु सुइ-रहिय सवणु णिरु णि[7]मिय णयणु[8]।

घत्ता— गउ [9]वाविहिं दियवरु सुसिय कलेवरु आहासइ अवलाहिं सहुँ।
उसरहु सु तणयहो छणससि वयणहो संति करेवइ देहु महु।। 195।।

---

(7)

अन्ध-वधिर ब्राह्मण के वेश में प्रद्युम्न वापिका के पास एकत्रित तरुणियों से वार्तालाप करता है

गाथा— विकसित कमल ही जिसके मुख हैं, पक्षी ही जिसके सुन्दर केश हैं एवं सुन्दर पय ही जिसके पयोधर हैं, ऐसी सुलक्षिणी पुरन्ध्री के समान वह क्रीड़ा-वापी के नाम से प्रसिद्ध थी।। छ।।

तब कुमार ने अपनी विद्या से पूछा—"कहो, जन-मनोज्ञ यह वापी किसकी है?" तब विद्या ने उत्तर में कहा—"पाण्डवों एवं कुरुओं से नमस्कृत चरण वाले हे यादव, क्या तुम नहीं जानते कि यह वापी भानुकुमार की माता (सत्यभामा) की है? तुम यहाँ जलक्रीड़ा की रंगरेली मत करो।" यह सुनकर प्रद्युम्न—अनंग पुलकित हो उठा। माया से उसने अपना रूप पलट लिया और तुरन्त ही द्विजवर का रूप धारण कर लिया। उसकी देह थरहराती थी, मस्तक काँपता था, बुढ़ापे के कारण सिर के केश पक कर सफेद हो गये थे। उस निपट चतुर मकरध्वज ने अपने हाथ में छत्री तथा जडी कुण्डी (कमण्डलु) लेकर हृदय पर उत्तरीय रख कर देव जैसा रूप धारण किया तथा नितम्ब पर मृगचर्म दर्भ की कौपीन धारण कर ली और वेद के शब्दार्थों को अपने मुख से घोषित करता हुआ वह वधिर तथा अन्धा बन गया।

घत्ता— वह सूखे शरीर वाला द्विजवर उस वापी के पास जाकर बोलने लगा सुपुत्रवती कमलमुखी तरुणीजनों आगे बढ़ो और मेरी देह को शान्त करो।। 195।।

---

(7) 1-2. अ. स करइ पच्छ। 3. अ. °च। 4-5. अ. परिदसण गलिय।
6. अ °सि। 7-8. अ. नट्ठ वयणु। 9. अ. वाहिवि।

(8)

गाहा— पुणु पइसामि पुरे वरे वेला लंघंपि होउ मा मज्झ।
आहार-कज्ज-अत्थे अल्भच्छमि सुपुरिसो कोवि।। छ।।

तं णिसुणेवि जंपइ जुवइयणु जा-जाहि भट्ट मा किंपि भणु।
अण्णाण ण याणहिं मूढ-मणु अवरेत्तहिं संति करेहिं पुणु।
एह महुमहणहो मणहर-घरिणी तहे तणुरुहु तेयइँ जिय तरणी।
कीलेइ एत्थु णउ अवरु णरु पावइ णियंतु सो जम-णयरु।
जल[1]यर ससंक संचरहिं जहिं ण्हाणेच्छ समिच्छहिं केम तहिं।
पडिवयणु पयंपिउ दियवरेण लहु कहमि किंपि किं वित्थरेण।
कुरुजंगल-पहु-दुज्जोहणेण णिय-तणय सविणयइँ दिण्ण तेण।
भरहद्ध णराहिव णंदणासु बहु चाएण वि पूरिय पयासु।
साणंद ससाहणु एइ[1] जाम भिल्लेहिं वणंतरे हरिय ताम[2]।
दंसिय णिय-सामिहे[3] तेण वुत्तु इउ कम्म सुट्ठु अम्हहं ण जुत्तु।

---

(8)

वह द्विज (प्रद्युम्न) तरुणियों को भिल्लराज द्वारा उदधिकुमारी के अपहरण की सूचना देता है

गाथा— "मुझे आहार करने के लिए उस उत्तम नगर में प्रवेश करना है। कहीं मेरा समय न चूक जाय। मेरी इच्छा है कि कोई सज्जन पुरुष मुझे स्नान करा दे।" ।। छ।।

उसको सुनकर युवतियाँ बोलीं—"हे भट्ट जाओ-जाओ यहाँ पर कुछ भी मत बोलो। हे अज्ञानी मूढ मन, तुम कुछ भी नहीं जानते, अन्यत्र जाकर शान्ति से स्नान करो। यह वापी मधुमथन (कृष्ण) की मनोहर गृहिणी की है। उसका सूर्य को भी जीतने वाला एक तेजस्वी पुत्र है। वही यहाँ क्रीड़ा करता है। अन्य कोई मनुष्य नहीं? यदि कोई यहाँ आता भी है तो उसे मारकर यम-नगर को भेज दिया जाता है? जहाँ जलचर भी शंका सहित क्रीड़ाएँ करते हैं, तब तुम कैसे यहाँ स्नान की इच्छा करते हो?" तब उस द्विजवर ने प्रत्युत्तर में कहा मैं थोड़े में कहता हूँ, विस्तार से क्या प्रयोजन?" —"कुरुजांगल देश के प्रभु दुर्योधन ने अत्यन्त विनयपूर्वक अपनी सुपुत्री भरतक्षेत्र के अर्धचक्री राजा के नन्दन को दी है। अन्य दानों से भी उनकी आशाओं को पूरा किया है। जब वह आनन्द सहित साधन सामग्री के साथ आ रहा था, तभी वन के बीच भीलों ने उसे लूट लिया। पुनः उन्होंने उस कन्या को अपने स्वामी भिल्लराज के पास ले जाकर दिखाया, किन्तु उसने कहा कि—"यह कार्य अच्छा नहीं हुआ। यह हमारे लिये योग्य कार्य नहीं है।"

---

(8) 1. अ यलर°।

(8) (1) अ. आगच्छति। (2) अ. सा गवरी। (3) अ. भिलपतिना।

घत्ता— इय सवर परोप्परु चवहिं किर ताम तहिं जि हउँ पत्तउ।
दीहर-पहेण चिक्कंतु णिरु कंतहीणु संपत्तउ[2]।। 196।।

(9)

गाहा— ता पेछिवि महु रूवं भिल्ला जंपंति परम भावेण।
आयण्णिं दिय वेसा कण्णारयणं पि गिण्ह लहु एयं।। छ।।

सवराहिउ जंपइ पय लग्गउ मा अवगण्णि णाह तुह जोग्गउ।
लइ-लइ किं वहु अइ असगावे दिण्णी तेण मज्झु गुरु[1]-भावें।
5 ताहि समाणु जुवइ णउ दीसइ णिय-रूवइँ सुर-तियउ विसेसइ।
मज्झु सरिसु वरु णउ महि-मंडले णिय रूवइँ णिज्जिय आहंडले।
तहो वयणेण भत्ति संजुत्तइँ कुरुवइ-सुव करे धरिय तुरंतइँ।
हरिणंदणु मइं मुणहु पमेल्लहु मा रक्खेहु सलिलु लहु मेल्लहु।
तं णिसुणेवि जुवईयण विंदें हसिउ सविब्भमु कह-कह सद्दें।
10 कहिं तुहुँ कहिँ कुरुवइ तणुरुइ थिय णिच्छउ वयणु जं जि सवरहिं हिय।

घत्ता— "इस प्रकार शबर (भील) परस्पर में कह रहे थे तभी मैं वहाँ पहुँच गया और दीर्घपथ से दौड़ता-भागता हुआ थककर म्लान होकर यहाँ आ पाया हूँ।। 196।।

(9)

उदधिकुमारी को परिणीता-पत्नी घोषित कर द्विज वेशधारी प्रद्युम्न बलपूर्वक वापी में प्रवेश कर जाता है

गाथा— तब मेरे रूप को देखकर वे भील परम भावना पूर्वक मुझ से बोले—"हे द्विज वेशधारण करने वाले, सुनो, इस कन्या रत्न को तुम शीघ्र ही ग्रहण करो।"।। छ।।

वह भीलराजा मेरे चरणों में लगकर बोला—"अस्वीकार मत करो। हे नाथ, वह तुम्हारे योग्य है। इस कन्यारत्न की बहुत अधिक प्रशंसा करने से क्या? इसे ले लो।" यह कहकर उस भील ने मुझे गुरुभाव से वह (कन्या रत्न) प्रदान किया है।" उस कन्या के समान अन्य कोई युवती नहीं दिखायी देती। अपने रूप में वह देवियों से भी विशेषता रखती है और महीमण्डल में मेरे समान भी और कोई वर नहीं। अपने रूप से मैंने आखण्डल (इन्द्र) को भी जीत लिया है। उस (भीलराज) के निवेदन करने पर मैंने भक्ति सहित कुरुपति की पुत्री का तुरन्त ही हाथ पकड़ लिया (अर्थात् हम दोनों का वहीं पाणिग्रहण हो गया)। (अत: अब) मुझे हरिनन्दन मानों और छोड़ो। (मुझसे) जल की रक्षा मत करो, जल्दी ही (मार्ग) छोड़ दो (अर्थात् मुझे रोको मत। जल-मार्ग से तुरन्त जाने दो)।" यह सुनकर वे युवतियाँ विभ्रमों सहित कह-कहे लगा कर हँसने लगीं और कहने लगीं—"कहाँ तू और कहाँ कुरुपति की कन्या? क्या तेरा यह कथन निश्चय (सत्य) हो सकता है कि शबरों के द्वारा यह कन्या अपहृत कर ली गई?" किन्तु,

---

(9) 1. ब. गुब्भावें।

घत्ता— उवहसिउ णिवारिउ थक्कु णवि विज्ज कमंडलु गहिय करु।
वाविहे वरंभ परिपूरियहे झत्ति पइट्ठउ दियवरु।। 197।।।

(10)

गाहा— चक्कल-घण-पीण-पयोहरीहिं दिग्गय-गय-गव्व गमणीहिं।
अवलोय विसुद्ध विरुद्धियाहि दियवरहो सय[1]ण रमणीहिं ।। छ।।

अणुमग्गइँ तहो पइसरेवि ताम पुणु मुट्ठि-पहारहिं हणहिं जाम।
ता मयणे[2]णुप्पायउ पवंचु विरइयउ ताहँ विरूव संचु।
काहिमि एक्केक्कउ चक्खु हरिउ काहिमि कयरइउ सीसुधरिउ।
काहिमि उररूहहँ ण ठाउँ दिट्ठु काहिमि णासाउट्ठु सउट्ठु-पिट्ठु।
काहिमि बोल्लंतिहि वयणु खलिउ काहिमि वर पिट्ठि सुवंसु दलिउ।
सवणहिं णउ आयण्णंति केवि काहिमि किउ गीवा संगु लेवि।
इय पेक्खंतिहि णिय-णियय देहु वट्टियउ चित्ते अइ गरुव खोहु।
जंपंति परोप्परु णट्ठ-छाय अम्हइंमि कुद्ध दियवरहो पाय।

घत्ता— उपहसित एवं निवारित वह द्विजवर रुका नहीं। विद्या द्वारा निर्मित कमण्डलु अपने हाथ में लेकर उसमें जल भरने के लिए वह झटपट ही उस वापी में प्रविष्ट हो गया।। 197।।

(10)

वह (द्विज) तरुणियों को कुरूप बनाकर जल-मार्ग से आगे बढ़ने लगता है

गाथा— चक्कल (चिकने गोल) घन पीन पयोधरी तथा दिग्गज-गज के समान गर्व से गमन करने वाली उन समस्त रमणियों ने द्विजवर को (नियम के) बिलकुल विरुद्ध जाता हुआ देखकर।। छ।।

उसका अनुसरण करती हुई वे (रमणियाँ भी उस वापी में) प्रवेश कर गयीं और मुष्टि-प्रहारों से उसे मारने लगीं। तब मदन ने एक प्रपंच रचा। उसने उनके उत्तम रूप को विरूप बना दिया। किसी की एक-एक चक्षु हर ली। किसी की आँख माथे पर रच दी। किसी के कुचों का स्थान ही दिखायी नहीं देता था, तो किसी की नासा बहुत अधिक उठी हुई थी, तो किन्हीं का ओठ-पीठ की ओर चला गया था। किन्हीं की बोलते-बोलते वाणी लड़खड़ा जाती थी, किसी की उत्तम पीठ का सुवंश (मेरुदण्ड) ही दलित हो गया था। कोई-कोई अपने कानों से सुन नहीं पाती थी और किन्ही के कान गर्दन के साथ बन गये। अपनी-अपनी देह को इस प्रकार से देखती हुई उन रमणियों के चित्त में महान् क्षोभ उत्पन्न हुआ (मन में हलचल मच गयी)। नष्ट छवि वाली वे स्त्रियाँ परस्पर में कहने लगीं कि—"हमें क्रुद्ध द्विजवर के चरणों में लगना चाहिए।"

---

(10) 1. अ. ल। 2. अ उ।

घत्ता— हले-हले आयण्णहु महो पयणु गुरु भावइँ सिरु धरेवि धरत्तिहे।
जा अवरे तहो जाइ णवि ताव खमावहु सविणय जुत्तिहे।। 198।।

(11)

गाहा— सयलावि णियय देहं सहसा णिहिऊण कुवलयावीढे।
जंपंति देव दियवर [1]सुय कोहं कु ण सु समचित्तं।। छ।।

तुहु कोवि महंतु ण होहि णरु ण वियाणहि किण्णरु किं अमरु।
अवराहु म णिय-मणे संभरहि सुंदर-सरू[2]उ सयलहँ करहि।
5 कंपइ सुविसंठलु अण्ण मणु अवलोयवि माणिणि मण-दमणु।
सहसत्तु [3]समग्गु तोउ भरिवि[4] णीहरिउ कमंडुलु करे धरेवि।
णं उवहि अयत्थें आसि जिह सोसिय मणमहणइँ वावि तिह।
पुणु रहिवि विरुउ-सुरूउ किउ तियसिंदु-णरिंदु वि जेण जिउ।
थोवंतरे दियवरु जाइ जाम तियविंदु विलक्खउ चवइ ताम।
10 अम्हहमि समाणु करेवि छलु गउ दुट्ठु हरेविणु णिहिलु जलु।
कुविऊण ण कच्छइ माइयउ उहु उहु सुभ[5]णंतिउ धाइयउ।

घत्ता— "सखि, हे सखि, मेरे वचन सुनो। गुरुभाव से धरती पर शिर रखकर जब तक जल-स्थान से वह द्विज चला न जाय तब तक विनय युक्तिपर्वूक (हम लोग अपने अपराध उससे) क्षमा करा लें।। 198।।

(11)

सत्यभामा की तरुणियों को कुरूप तथा सुरूप बनाता हुआ वापी का जल शोषित कर वह प्रद्युम्न लीलापूर्वक द्वारावती के बाजार-मार्ग में जा पहुँचता है।

गाथा— समस्त रमणियाँ सहसा ही अपनी-अपनी देह झुकाकर पृथिवी पर लेट गयीं और गिड़गिड़ाने लगीं कि हे देव, हे द्विजवर सुत, समचित्त बनिए, क्रोध मत कीजिए। ।। छ।।

"तुम्हारे समान महान् कोई भी पुरुष नहीं है। किन्नरों अथवा देवों में भी आपसे महान् कोई होगा, ऐसा हम नहीं जानतीं। अपने मन में हमारे अपराधों का स्मरण मत करो और हम सभी का (पूर्ववत् ही) सुन्दर स्वरूप बना दो। हमारा मन विसंस्थुल (घबड़ाया हुआ) एवं अनमना होकर काँप रहा है।" मन को दमन करने वाले उस मदन ने उन समस्त मानिनियों को देख कर सहसा ही (अपने कमण्डलु में वापी का) समग्र जल भरकर कमण्डलु को हाथ में लेकर निकल गया। पूर्वकाल में जिस प्रकार अगस्त्य ऋषि ने समुद्र को सुखा दिया था, उसी प्रकार उस मन्मथ ने भी उस वापी को सुखा दिया। पुनः तत्काल ही उन विरूप तरुणियों को ऐसा सुन्दर स्वरूप बना दिया कि जिसने त्रिदशेन्द्र, नरेन्द्र को भी जीत लिया। जब थोड़े अन्तर से वह द्विजवर जा रहा था, तभी वे तरुणियाँ बिलखती हुई बोलीं—"हमारे साथ छल करके तथा सम्पूर्ण जल हरकर वह दुष्ट चला गया।" कुपित होकर वे नारी कहीं नहीं समायीं (ठहरीं) और अरे वह, अरे वह. इसप्रकार संकेत करती हुई दौड़ने लगी।

---

(11) 1. अ. °सु। 2. अ. सुत्तअ। 3-4. अ. तोउ अप्पुणु हरिवि। 5. ब. स।

घत्ता— एत्तहि रइ-रमणु विवणिय-वहो खेडु करंतु पढुक्कउ।
पउर-जणहँ मणे अच्चरिउ उप्पायंतु गुरुक्कउ।। 199।।

(12)

गाहा— विविहा वणम्मि कय-विक्कणाय मणि-रमण-भंड-लोहम्मि।
संजाय[1] [2]दविण पउरं हय-गय-वसहाइँ सव्व वत्थेहिं।। छ।।

सइच्छइँ गच्छइ जाम कुमारु पयंडु सुदुद्धरु तिहुअणि सारु।
तिएहिं तुरंतिहिं ताव समग्गु खणंतरे रोहिउ सव्वहं मग्गु।
धरेविणु दोत्थिउ दुट्ठ-दुरास कहिंतु समागउ पाव-हयास।
णिरंभ करेप्पिणु वावि सगव्व कहिं जलु लेप्पिणु चालिउ पाव।
सो णिट्ठुर वयणहिं दोत्थिउ जाम धरत्तिहिं पडउ कमंडलु ताम।
दोहाइउ धाइउ णीरु महंतु हिरण्ण-पवालय ऊह वहंतु।
भयाउरु लोउ सुविंभिय चित्तु पयंपइ हूवउ किंपि जुवंतु।
महाणव णिय-मज्जायहिं [3]मुक्क असेस वि एक्कवि होयह ढुक्क।

घत्ता— और इधर वह रतिरमण पौरजनों के मन में महान् आश्चर्य प्रकट करता हुआ तथा विविध क्रीड़ाओं को करता हुआ (द्वारावती के) विपणि (बाजार-हाट) के मार्ग में घुस गया।। 199।।

(12)

तरुणियों के पीछा करने पर द्विज (प्रद्युम्न) का कमण्डल गिरकर फूट जाता है और उसके जल से समुद्र का दृश्य उपस्थित हो जाता है। आगे चलकर वह मालियों के यहाँ पहुँचता है

गाथा— (उस नगर के) विविध प्रकार के हाट-बाजारों में क्रय-विक्रय योग्य मणि, रत्न, स्वर्ण, लौह आदि अनेक प्रकार की व्यापारिक सामग्रियों की दुकानें थीं और घोड़े, हाथी, बैल एवं वस्त्र आदि सभी प्रकार की वस्तुओं से नागरिक जन प्रचुर धनार्जन कर रहे थे।। छ।।

जब प्रचण्ड सुदुर्धर एवं त्रिभुवन में सार वह कुमार स्वेच्छापूर्वक जा रहा था, तभी सभी तरुणियों ने तुरन्त ही वहाँ पहुँच कर क्षण भर में उसका मार्ग रोक लिया (घिराव कर दिया)। और बोलीं—"दोनों (छत्री-कुण्डी) वस्तुएँ धारण कर हे दुष्ट, हे दुराशय, हे पापी, हे हताश, तू यहाँ कहाँ से आ गया? समग्र वापी को जलरहित कर हे पापी, उसका जल लेकर कहाँ चल दिया?" जब वह (प्रद्युम्न) उन तरुणियों के निष्ठुर वचनों से दुश्चित्त हो गया, तभी धरती में उसका कमण्डलु गिर पड़ा और उसके दो टुकड़े हो गये। उसका जल बड़े भारी प्रवाह रूप में हिरण्य-प्रवाल समूह को प्रवाहित करता हुआ बहने लगा। विस्मित चित्त होकर लोग भय से व्याकुल हो उठे और कहने लगे कि—"यह क्या हो गया?" क्या महार्णव ने अपनी मर्यादा छोड़ दी है? और सिमट कर क्या यहीं आ गया है?" यह सब देखकर तथा सुबुद्धि से जिसने तीनों लोकों को जान लिया है, वह (द्विज—प्रद्युम्न)

---

(12) 1-2. अ. आय दठिण। 3. अ. चु।

णिएविणु एम सु तेत्थहो चलिउ सुबुद्धिएँ जेण जगत्तउ कलिउ।
पढंतु महागम-वेय-पुराण गउ-दिउ मालियअस्स घराण।
जराइय कंपइ णिवडइ जट्ठि करेणुच्चाइय णामिवि पिट्ठि।
पुण्णोउरु दुक्खहँ उब्भउ थाइ खलंतु पहम्मि ससंतु वि जाइ।

15 घत्ता— मंदार-कुंद-कुवलय-वउल-मालइ रइरस लंपडु।
अवलोइवि अलिउलु चउदिसहिं धावंतउ विहडेप्फडु।। 200।।

(13)

गाहा— आहासेइ सो इमं मालायारेण संजुवो विप्पो।
विज्जाहरस्स तणया पच्छामो भोयणत्थेण।। छ।।

इय कज्जइँ एत्थ समागमणु किउ मइँ णिसुणहिं अवरु वि वयणु।
दे देहि सुअंध-कुसुम-विविहा णिरु सरसु भोज्जु हउँ लहमि जहा।
5 ता जंपइ मालिउ विप्पक्खणि अग्गइँ परिसक्कि म किंपि भणि।
सच्चहिं सुवासु परिणयण-विही हरि-हलहराहँ संजणिय दिही।
आरक्खिय इय कज्जेण जइ मग्गहिं दल-[1]पत्तु ण लहहि तइ।
ता हुवउ विलक्खउ अडइ सुउ कोवाउरु मणे कंपंतु थिउ।

वहाँ से चल दिया। महान् आगम, वेद, पुराण पढ़ता हुआ वह द्विज मालियों के घर गया। बुढ़ाई देह काँपती थी। लकड़ी गिर पड़ती थी। उस लकड़ी को हाथ से उठाता था। झुकी हुई कमर से बड़ी कठिनाई पूर्वक खड़ा होता तथा बैठता था। मार्ग में स्खलित हुआ, श्वास लेता हुआ जाता था।

घत्ता— चारों दिशाओं से मन्दार, कुन्द, कुवलय (कमल), वकुल, मालती पुष्पों की मालाओं पर गिरते पड़ते भ्रमर-कुल को देखकर रतिरस लम्पट वह (द्विज—प्रद्युम्न) वहीं रम गया।। 200।।

(13)

मालियों द्वारा पुष्प न दिये जाने पर वह पुष्पों की सुगन्धि का अपहरण कर बाजार की सभी व्यापारिक सामग्रियों के रूप को बदल देता है

गाथा— मालाकार के समीप जाकर वह विप्र (प्रद्युम्न) उससे बोला—"विद्याधर पुत्री—सत्यभामा से मैं भोजन के लिए प्रार्थना करुँगा।" ।। छ।।

"इसी कारण मैंने यहाँ समागमन किया है, और भी मेरा वचन सुनो। मुझे विविध सुगन्धि दे दो, जिससे मैं अत्यन्त सरस-भोजन प्राप्त कर सकूँ।" तत्क्षण ही माली ने उत्तर दिया— आगे खिसको (जाओ), यहाँ मत कुछ बोलो। हरि-हलधरों को धैर्य-आनन्द देने वाली सत्यभामा के पुत्र की विवाह-विधि है, इसी कारण हे यति, ये सभी पुष्प आरक्षित हैं, माँगने पर तुम एक दल-पत्र मात्र भी प्राप्त नहीं कर पाओगे।" तब वह अटवी सुत (प्रद्युम्न) विलखा (व्याकुल हो गया)। कोप से आतुर होकर मन में काँपता हुआ खड़ा रहा। पुन्नाग, नागर, दिव्य

---

(13) 1. अ. मि।

पुण्णाय-णाय-वेइल्ल-दिव्व मचकुंद-कुंद जे-जे भुवणे भव्व।
10 एय वि अवरेइ वि तक्खणेण अक्कमय विणिम्मिय तुरिउ तेण।
पल्लट्टु पडीवउ आवणहँ वर विविह धण्ण-धण-दावणहँ।

घत्ता— गंधहँ गंधत्तणु अवहरइ करइ तुप्पु सम तेल्लहो।
दीणारु [2]सुलोहइँ सम[3] सरिसु अइ-पवंचु जग मल्लहो।। 201।।

(14)

गाहा— जं किंपि भव्व वत्थ विवरीयं तं कुणेइ तं संयलं।
[1]भमइ व[2] कीलाए विप्पो णयरस्स मज्झम्मि।। छ।।

णियइ ताम वसुएवहो राउलु जहिं वरविविह सुगीय व माउलु।
करि-करडयल गलिय मय-धारहिं किउ कद्दमु हय-मुह-जलफारहिं।
5 वारि रसइ[(1)] जयवडहु सुसारउ आहासइ उच्छु[3]डणु धारउ।
कहहि विज्जि एउ कस्स सुहावणु रायदुवारु सुट्ठु मण-रावणु।
कहहि तासु सा पहु आयण्णहिं णियय पियामह केरउ मण्णहिं।
मेस-जुज्झु एक्कु जि परिभावइ एयहो लीह भुवणे को पावइ।

वेला, मचकुन्द कुन्द आदि लोक में जो-जो भी भव्य पुष्प थे उन सभी को तथा अन्य दूसरे पुष्पों को भी तत्क्षण ही उसने एक साथ सुगन्धरहित कर दिया। बाजार की विविध श्रेष्ठ धन-धान्य वस्तुओं के रूप को पलट दिया।

घत्ता— उसने सुगन्धित पदार्थों की सुगन्ध हर ली। घी को तेल के समान कर दिया (स्वर्ण-) दीनारों को लोहे के समान कर दिया। इस प्रकार जगह में मल्ल उस (प्रद्युम्न) का अत्यधिक प्रपंच वहाँ होने लगा।। 201।।

(14)

मायामय मेष लिए प्रद्युम्न को देखकर वसुदेव उसे राजभवन में बुलवाते हैं

गाथा— जो कोई भी भव्य वस्तु थी, उस सबको वह विपरीत कर देता था, और इसी प्रकार वह विप्र नगर के मध्य क्रीड़ा पूर्वक भ्रमण कर रहा था।। छ।।

तभी उसने वसुदेव का राजकुल देखा जो विविध सरस सुगीतों से भरपूर था। (नगर में) कहीं तो हाथियों के गण्डस्थल से गलित मद जल की धारा से और कहीं पर घोड़ों के मुख की जल की विशाल धारा (फेन) से कीचड़ मची हुई थी। सामर्थ्य की द्योतक (फहराती हुई) विजय-पताकाएँ जल-प्रवाह की तरह शब्द कर रही थीं। इक्षु-दण्ड-धारी उस विप्र ने अपनी प्रज्ञप्ति-विद्या से पूछा कि—"हे विद्ये, कहो, कि यह सुहावना, सुन्दर एवं मन को रमाने वाला राजद्वार किसका है?" तब वह विद्या बोली—"हे प्रभो, सुनो, यह राजद्वार अपने पितामह का मानो। उन्हें केवल मेष युद्ध ही अच्छा लगता है। इनकी बराबरी जगत में कौन कर सकता है? तब मकरध्वज

---

(13) 2-3. अ. उवल।

(14) 1-2. अ. भमइ वइय। 3. अ. 'ध'।

(14) (1) ब. शब्दं करोति।

ता[4] मयरद्धएण चिंतेवणु दुद्धरु विज्जा मेसु करेविणु[5]।
[6]मेसइ एक्कु तहिं तेण करेप्पिणु[7] गलि णिवद्धु दिढु डोरु धरेविणु।
तसिय चित्तु दह-दिहहिं णिहालइ थिरु होएवि पुणुरवि संचालइ।
सीह-दुवारहो सम्मुहुँ सो[8] इउ[9] अत्थाणत्थइ पहुणा जोइउ।

घत्ता— [10]वोलाविउ चित्ते पहिट्ठएण को तुहुं किं किउ आगमणु।
कुण तणउँ मेसु अइ-दुद्धरिसु किं बहुणा णिय कज्जु भणु।। 202।।

(15)

गाहा— एयंचिय अयवालो जंपइ भो देव अयहिं वहुएहिं।
ण कलिज्जइ ए सवलं तं आयउ तुम्ह गेहम्मि।। छ।।

तुहँ मेसहँ परिक्ख णिरु जाणहिं लइ एयहो पउरिसु परियाणहिं।
ता जंपइ पहु किंपि म बोल्लहि रे अयवाल तुरिउ अवि मेल्लहि।
महो जण्हुहि समाणु ण पहुच्चइ अइ पयंडु [1]भुवि पाणहि मुज्जइ।
ता तिणि सयल सक्खि कय राणा अत्थाण छेक्केक्क पहाणा।
दइव-वसेण जण्हु अइकोमले गरुवज्झडेण वि णिवडइ महियले।

ने (पुन: विद्या का) चिन्तवन किया और दुर्धर विद्या के प्रभाव से एक (मायामय) मेष बना लिया। फिर गले में बँधी हुई उस मेष की डोरी को दृढ़तापूर्वक पकड़ा और चित्त में डरते हुए दशों दिशाओं में देखने लगा। स्थिर होकर पुन: मेष को चलाने लगा। इस प्रकार वह सिंहद्वार के सम्मुख जा पहुँचा तभी आस्थान (राज दरबार) में स्थित प्रभु ने (वहीं से) उसे देखा।

घत्ता— वसुदेव ने चित्त में हर्षित होकर उस मेष वाले को बुलवाया और पूछा—"तुम कौन हो? आने का क्या कारण है? अति दुर्धर्ष यह मेष कहाँ का है? बहुत कहने से क्या? अपने (आने का) प्रयोजन कहो।"।। 202।।

(15)

मायावी मेष से वसुदेव को मूर्च्छित करा कर प्रद्युम्न आगे बढ़ जाता है

गाथा— वसुदेव के पूछने पर मेषपाल बोला—"हे देव, मेष तो बहुत हैं, किन्तु इसकी सबलता के आगे दूसरे कुछ भी नहीं हैं। अत: इसे लेकर आपके घर आया हूँ।। छ।।

"तुम मेष की परीक्षा ठीक जानते हो अत: इसे लो और इसके पौरुष को जानो।" तब प्रभु ने कहा—"बोल कुछ भी मत, रे अजपाल, शीघ्र ही इसे छोड़। प्रभुत्व (सामर्थ्य) में मेरी जंघा के समान यहाँ किसी की जंघा में सामर्थ्य नहीं है। वह अति प्रचण्ड है और लोक में (दूसरों को) प्राणों से छुड़ा देती है। पुन: उस प्रधान राणा (वसुदेव) ने तीन साक्षी (नियुक्त) किये और उन्हें एक-एक आस्थान में नियुक्त कर दिया। (उस अश्वपाल ने वसुदेव से कहा—) "दैव वश आपकी जंघा अति कोमल है अत: महान् आघात से (यदि आप) महीतल में गिर

---

(14) 4-5. अ × । 6-7. अ. × । 8-9. अ. संचोइउ । 10. अ. आ ।

(15) 1. अ तु ।

तो महो दोसु णत्थियइ बोल्लिउ गयरयंतु[2] अविहत्थहो मेल्लिउ।
भो णरिंद णिय-पुरउ णियच्छहि सिर-पहारु णिय सत्तिए इच्छहि।
धाइउ[3] माया-मेसु तुरंतउ अत्थाणहो मणे खोहु करंतउ।
णिट्ठुर-घाय[4]इं णरवइ घाइउ सव्वंगहंमि कंपु उप्पाइउ।
णिवडइ किर महियले पहु मुच्छिउ जाम-ताम णरवइहिं पडिच्छिउ।

घत्ता— अवलोएवि एम पियामहु मुच्छ परव्वस अण्ण मणु।
साणंदु सु तेत्थहो णी[5]सरिउ गउ अणेत्तहिं रइ-रमणु।। 203।।

(16)

गाहा— गहिऊण वटुव वेसं कविलंगं तहय दीहरच्छि[(1)]ल्लं।
गहिर-गिराएं पढंतो सच्चहरं वच्चए तुरियं।। छ।।

दिउ जपइ जायवकुल-सामिणि णिसुणि देवि दिग्गय-गय-गामिणि।
णिय सेयंस[(2)] - विडवि फल भाइणि[(3)] उहय-वंस सुविसुद्ध महाइणि।
सत्थ-महोवहि पारे पराइउ भोयणत्थे हउं तु[1]व घरे आइउ[2(4)]

पड़ें, तो मुझे कोई दोष मत दीजिएगा।" इस प्रकार कहकर उसने तुरन्त ही अपने हाथ से उस मेष को छोड़ दिया। पुनः उस (मेषपाल) ने कहा—"हे राजन्, आप सामने देखिए और उसके सिर के प्रहार से अपनी शक्ति का विचार कीजिए।" वह माया-मेष तुरन्त दौड़ा। उसने आस्थान में बैठे राजा (वसुदेव) के मन में बड़ा क्षोभ उत्पन्न कर दिया। निष्ठुर घात से उस (मेष) ने नरपति को घायल कर दिया और उसके सर्वांग में कम्पन उत्पन्न कर दिया। जब वह (वसुदेव) भूमि पर गिर पड़ा और मूर्च्छित हो गया तब राजाओं ने उसकी मूर्च्छा दूर की।

घत्ता— इस प्रकार पितामह को मूर्च्छित, परवश एवं विवर्ण मुख देखकर वह रतिरस प्रद्युम्न आनन्दित होकर वहाँ से अन्यत्र चल दिया।। 203।।

(16)

वह प्रद्युम्न कपिलांग वटुक-द्विज के वेश में सत्यभामा के यहाँ पहुँच कर उससे भोजन माँगता है

गाथा— दीर्घ नेत्र वाला वह प्रद्युम्न कपिलांग वटुक द्विज का वेश धारण कर गम्भीर वाणी से (कुछ-कुछ) पढ़ता हुआ तुरन्त ही सत्यभामा के घर पहुँचा।। छ।।

वह वटुक द्विज बोला—"यादव कुल की स्वामिनी, दिग्गज गजगामिनी, अपने श्रेयांस (पुण्य) रूपी वृक्ष के फलों को भोगने वाली, उभय वंश की सुविशुद्ध महास्वामिनी, हे देवि, सुनिए, शास्त्ररूपी महासमुद्र में पारंगत मैं आपके यहाँ भोजन के लिए आया हूँ। अन्यत्र मैं पाली नहीं लगाता (क्रम को नहीं बाँधता) किन्तु आज मैं धन्य हूँ, जो

---

(15) 2. अ. 'रयरंतु'। 3. अ. आयउ। 4. अ. याएँ। 5. ब. 'ह'।

(16) 1-2. अ. इत्थ पराइउ।

(16) (1) ब. दीर्घनेत्रं। (2) ब. पुण्यवृक्षस्य। (3) ब. शुभंकरी। (4) ब. आगतः।

अवरेत्तहिमि पालि णउ लावमि तुव हत्थेण अज्जु धणि पावमि।
इय अइदीणु वयणु णिसुणिवि णिरु जणु[5] गरहंतु चवइ विहुणिवि सिरु।
रे दियवर सुहकम्म-विवज्जिउ भोयणु मग्गंतउ किंण लज्जिउ।
जं समदिट्ठिउ देवि णिहालइ तहो दालिद्दु सयलु पक्खालइ।
10 पइँ समाणु सुपसण्णइँ वोल्लिउ परि किं णिय हय[6] दइ अइ[3] पेल्लिउ।
तुहुँ हय-गय-रह-कंचण-रयणइँ मग्गहि गाम-णयर वरसयणइँ।
कण्णा-दाणइँ गोहण-भवणइँ पुण्ण समाइँ होंति णिरु वयणइँ।

घत्ता— पच्चत्तरु वडुअ समुल्लवइ हय-गय लेवि ण अम्हहं जुज्जइं।
णिय तणयहो मंगल कज्जे फुडु देहि भोज्ज किं अवरइँ किज्जइँ।। 204।।

(17)

गाहा— सुणिऊण विप्प वयणं सहसा साणंद किण्ह महएवी।
[1]महाणसम्मिमग्गम्मि[2] गया जच्छ थिया विविह-भक्खा[3]इँ।। छ।।

अइ विणएण सरिस आहासइ तुव समाणु दिउ कोवि ण दीसइ।
सरसु सुमहुरु सुअंधु सुमिट्ठउ भुंजहि भोयणु जं तुह इट्ठउ।

तुम्हारे हाथ से भोजन पाऊँगा।" इस प्रकार के अतिदीन वचन सुनकर लोकों की निन्दा करती हुई अपने सिर को धुनकर बोली—"रे शुभकर्म से विवर्जित द्विजवर (केवल) भोजन (मात्र) माँगते हुए क्या तुझे लज्जा नहीं लगती?" (यह सुनकर उसने उत्तर दिया) —"हे देवि, जो समदृष्टि से देखता है, उसका समस्त दारिद्रय पखर (धुल) जाता है। आपके समान सुप्रसन्न (वचन) कोई नहीं बोलता, पर क्या कहूँ, मैं भाग्य का मारा हुआ ही यहाँ आया हूँ।" (तब देवी ने कहा) "तुम हाथी, घोड़ा, रथ, रत्न, कंचन, ग्राम, नगर एवं उत्तम शैया आदि माँगो। कन्यादान माँगो, गोधन माँगो, भवन माँगो। आपके मुख से वचन निकलते ही वे पूरे किये जायेंगे।"

घत्ता— तब वटुक ने प्रत्युत्तर में कहा—"हय, गज लेना हमें युक्त नहीं। आप अपने पुत्र के मंगलकार्य में हमें केवल भोजन दे दीजिए। अन्य कार्यों से हमें क्या प्रयोजन?"।। 204।।

(17)

सत्यभामा एवं कपिलांग वटुक का वार्त्तालाप, कपिलांग प्रशंसा करता है

गाथा— सहसा ही विप्र के वचन सुनकर आनन्द से भरी हुई कृष्ण की महादेवी (सत्यभामा उस) महानस (भोजनशाला) में गयी, जहाँ विविध भक्ष्य रखे थे। ।। छ।।

(पुनः वह सत्यभामा उस कपिलांग वटुक द्विज से) अतिविनय पूर्वक सरस शब्दों में बोली, "तुम्हारे समान अन्य कोई द्विज नहीं दीखता। (अब इन पकवानों में से) तुम्हें जो इष्ट हो वही सरस, सुमधुर, सुगन्धित एवं सुमिष्ट भोजन करो। पहले मैं तुम्हें जिमाऊँगी और बाद में अपने अन्य घनिष्ठ परिजनों को। (यह सुनकर वह)

---

(16) 3. ब., अ. च। (16) (5) लोकु। (6) ब. हतकर्म्मेणचपेतितः।

(17) 1-2. अ. भण समज्झमि। 3. अ अण्णाइँ।

पहिलारउ तुज्झु जि णउ अणहो पुणु परियणहो देमि वहु घ[4]णहो।
दियवरु चवइ देवि आयण्णहि ए सयल वि कुसील अवगण्णहि।
अहम-अयाण-अपत्त-अलक्खण पासंडिय डिंभिय पल-भक्खण।
संझा-चरण वेय-गुण-वज्जिय अप्पउ विप्प भणंति ण लज्जिय।
हउमि पुराण-सत्थ वहु जाणउँ वेय-सहिउ अइउण्णय माणउँ।
णिल्लोहु वि णि-कोहु-दयवंतउ विज्जायंतु गुणेहिं महंतउ।
जगे पवित्तु किं [5]थयरइ किज्जइ सयलहँ अग्गा सासणु महो दिज्जइ।

घत्ता— मइ एक्कइँ जिमिएण जिमिय होंति सयल वि किं अणहँ।
णिहिलद्ध[6]वि पत्तस्स दिज्जइ [7]णच्च वि सउ णय मणहँ[8]।। 205।।

(18)

गाहा— अवहारिऊण विप्पस्स सामियं दिण्ण सलिल आएस।
चरणाण धोवणत्थ सहसत्ति समुट्ठिया देवी।। छ।।

सयलहं दियवरहि पहिलारउ उट्ठिउ वडुउ सदुट्ठ णिवराउ।
णियय चलण लहु धोआएवि गउ पुणु पढमासणम्मि वइसिवि थिउ।
अवलोएवि विलक्ख [1]वइट्ठाहर वसेवि परोप्परु जंपहि दियवर।

द्विजवर बोला—"देवि सुनो, इन सभी को कुशील समझो। ये अधम हैं, अज्ञानी, अपात्र हैं, लक्षणहीन हैं, पाषंडी हैं, कपटी हैं। माँस-भक्षी हैं। सन्ध्याचरण, तर्पण आदि वेद के गुणों से रहित हैं, फिर भी अपने को विप्र कहते नहीं लजाते और मैं, पुराण-शास्त्र बहुत जानता हूँ, वैदिक संहिताओं के ज्ञान में अति उन्नत माना जाता हूँ। तीन लोकों में भी मुझ जैसा क्रोध रहित एवं दयावान और विद्यावन्त गुणों से महान् अन्य कोई नहीं है। मैं (ही) जगत् में पवित्र हूँ, अन्यों में क्यों रति की जाय? गयल (प्रमाद) को हत (नष्ट) कर अपना भोजन मुझे दीजिए।

घत्ता— मुझ एक को जिमाने मात्र से ही अन्य सब जिमाये जैसे हो जाते हैं, तब अन्यों (को जिमाने) से क्या लाभ? निधि प्राप्त करके स्वयं अपने मन में समझ-बूझकर सुपात्रों को दीजिए (भोजन-दान दीजिए)।। 205।।

(18)

कपिलांग वटुक-द्विज के उच्चासन पर बैठ जाने से अन्य ब्राह्मण क्रुद्ध हो उठते हैं

गाथा— विप्र का कथन सुनकर उस देवी सत्यभामा ने अपने भृत्यों को जल लाने का आदेश दिया और उसके चरणों का स्वयं प्रक्षालन करने हेतु उठी।। छ।।

समस्त द्विजवरों में प्रथम एवं दुर्निवार तथा मधुर वाणी में स्वागत-प्राप्त वह वटुक द्विज शीघ्र ही सत्यभामा से अपने पैर धुलवा कर गया और प्रथम आसन पर बैठकर स्थित हो गया। इसको देखकर अन्य सब द्विजवर बिलख कर नीचे बैठ गये और परस्पर में बोलने लगे—"अपने गोत्र, जाति, कुल एवं शाखा को समझे बिना ही

---

(17) 4. अ. व। 5. अ अवरें। 6. अ. च्छ। 7-8. अ णउ विसउन्नह।

(18) 1. अ 'द।

अमुणिय गोत्त-जाइ-कुल साहउ अग्गासणे वइट्ठु को एहउ।
सुद्धु मुक्ख कुकलहु वि किं किज्जइ अवरेँ तहिं पि गंपि लइ सिज्जइ।
को वि मुव विणिविट्ठ किर जामहि माया-वडुउ समुट्ठिउ तामहि।
तहिं उवविट्ठउ उवरि महंतहँ दियवराय मणे रोसु वहंतहँ।
महुमह-महएवीहिं समाणउँ चवहि देवि लहुवारि अयाणउँ।
कुलसीलेण वत्तु कलियारउ बुहयणाहँ णिर अविणय-गारउ।

घत्ता— मायारउ पहु एहु णिहणसहु णिरु दुट्ठ मणु।
अम्हहँ ण दोसु फुडु अत्थि णिरु मा जंपणउ करेउ जणउ।। 206।।

(19)

गाहा— आयण्णिऊण विप्पाण भासियं पिच्छिऊण सव्वाणं।
विप्फुरिय अहर-जुवलं जंपइ वडु किं पलावेणं।। छ।।

भो-भो-भो अमुणंत म तूसहु-रूसहु वयणइँ-मज्झु चरिउ मा दूसहु।
सयल खडंग-वेय जो धारउ आयमीउ-मंतत्थ-वियारउ।
बंभणु णय-पमाण-गुण-जुज्जइ सहित्तेँ सुकवि महँ जुज्जइ।

अग्र-आसन पर बैठा हुआ यह कौन है? (प्रतीत होता है कि यह) कोई मूर्ख एवं दरिद्र कुलवाला है। (अब) क्या किया जाय? (यह कहकर) अन्य कुछ तो शीघ्र ही वहाँ से चले गये और कोई-कोई जब चुप लगा कर वहीं (अधर में) बैठ गये तभी वह मायावी वटुक धम से उठा और मन में रोस धारण करने वाले उन बड़े-बड़े द्विजवरों के ऊपर जा बैठा। तब उन्होंने कृष्ण की उस महादेवी के सम्मुख जा कर कहा "हे देवि, इस अज्ञानी को (यहाँ से) शीघ्र ही हटाओ क्योंकि यह कुल एवं शील से कलहकारी है तथा बुधजनों की निरन्तर अविनय करने वाला घमण्डी है।

घत्ता— "साथ ही वह मायावियों में प्रमुख तथा निर्धन एवं दुष्टमन है। निश्चित रूप से (हम लोगों ने बता दिया है अतः) लोग हमें दोष न दें।। 206।।

(19)

कपिलांग वटुक-द्विज द्वारा यथार्थ ब्राह्मण की परिभाषा

गाथा— फड़कते हुए ओष्ठ-युगल वाले उस वटुक ने उन विप्रों का कथन सुनकर तथा सबकी ओर देखकर कहा—"बहुत प्रलाप से क्या?"।। छ।।

"भो-भो-भो द्विजवरो, बिना समझे-बूझे रोष-तोष मत करो, और अपने वचनों से मेरे चरित्र को दूषण मत दो। मैं सकल षडंग (वैद्यक, ज्योतिष, छन्द, व्याकरण, कला, संगीत और वेद) का धारक तथा आगमोक्त मन्त्र-छवि का करने वाला ब्राह्मण हूँ। नय-प्रमाण-गुणों से युक्त हूँ और साहित्यकारों में महान् कवि की योग्यता वाला हूँ। तुम लोगों में जो अनेक ग्रन्थों का जानकार हो, वही बोले कि उससे मेरी क्या समानता है? शरीर

जो तुम्हहंमि मज्झे वहु जाणउ सो वोल्लउ किं मइमि समाणउ।
जाइ सरीरु जीउ णउ गम्मु वि वंभणु[1] त्ति लक्खणु णउ वण्णु वि।
वेयहो-आगम को [2]सद्धारउ जासु सोज्जि तइलोइहो सारउ।
अय-हय-गय-ण [3]गाइँ-गो-सत्थ[4]इँ पहणिय जणे जेत्थु परमत्थइँ।
10 संति भणेवि असंति रइज्जइ जणणि-वहिणि-सुय जेच्छु रमिज्जइ।
वारुणि-महु-मं[5]गलु भक्खिज्जइ जगहो विरुद्ध जं जि तं किज्जइ।

घत्ता— इय अणुमग्गइ संवरहिं वेय-पमाणु केम पसणिज्जइ।
जे पंचेंदिय रस-रसिय ते णिरु विप्प ण अज्जु भणिज्जइ।। 207।।

(20)

गाहा— इय वयणेण सु जंपिएण सयलाण दियवरिंदाणं।
कोवाणलेण पज्जलिय माणसं तक्खणेण सव्वाणं।। छ।।

कोलाहलु करंत उद्धाइय रोसारुण णउ कत्थइँ माइय।
पंचेविणु णिय विज्जा थामें अप्प-सरूव सरस किय कामें।
5 सयल वि णिय-णिय मणे अमुणंता एक्कमेक अब्भिडिय तुरंता।

तो नष्ट हो जाता है, गुण नष्ट नहीं होता। वस्तुतः गुण ही ब्राह्मण अथवा मुनि का लक्षण है न कि वर्ण। कोई वेदों की आगम रूप में श्रद्धा करता है और उसे ही वह तीनों लोकों में सारभूत मानता है। अज, हय, गज, नग, गो, शास्त्र और अन्य प्रचलित शास्त्रों में ही जिसकी परमार्थ मति रहती है। सत् कह कर जो असत् में रम जाता है, जो माता, बहिन एवं पुत्री से रमण करता रहता है, जहाँ मदिरा, मधु, माँस खाया जाता है और जो-जो (मान्यताएँ) जगत व्यवहार के विरुद्ध है, वही-वही किया जाता है।

घत्ता— इस प्रकार जिनके द्वारा प्रतिक्षण ऐसा (दूषित) आचरण किया जाता है, उनके द्वारा वेदों का प्रमाण कैसे प्रकट किया जा सकता है? जो पंचेन्द्रियों के रस में रसिक हैं, वे यथार्थ विप्र नहीं है।। 207।।

(20)

कपिलांग वटुक-द्विज के कथन से अन्य सभी ब्राह्मण आपस में कलह करने लगे, सत्यभामा कपिलांग की प्रशंसा करती है

गाथा— इस प्रकार कपिलांग वटुक द्वारा कहे हुए वचनों से सभी द्विज-वरेन्द्रों का मानस तत्क्षण ही कोपानल से प्रज्ज्वलित हो उठा।। छ।।

कोलाहल करते हुए वे दौड़े। रोष से लाल-लाल होकर वे अपने में ही नहीं समाये। अपनी विद्या का स्तम्भन रूप प्रपंच करके उस (कपिलांग वटुक रूपी) कामदेव ने अपना स्वरूप यथावत् सरस बना लिया। इधर, सभी द्विजवर अपने-अपने मन में विवेक से काम न लेकर एक-दूसरे से तुरन्त आ भिड़े। एक-दूसरे के केश-कलाप

---

(19) 1. ब वंभमुनि। 2. अ भल्लारउ। 3-4. अ. राहगलत्थे। 5. अ. जं।

केस-कलाउ धरिवि अच्छोडहिं चलणइँ-चलण करइँ-करु मोडहिं।
णासा-वंस-सवण धरि तोडहिं सिर-सिरेण अप्फाले वि फोडहिं।
पहणहिं णिट्ठुर-मुट्ठि पहारहिं वियलहि देहि रत्त-जलधारहिं।
एव खलंत-लुडंत-पडंतवि रोवंता चवंत-णासंतवि।
10 णीससंति तणु वण दुक्खाउर थिय समग्ग-दुम्मिय-मण दियवर।

घत्ता— इय पेक्खिवि विप्पहँ विलसियउ हँसेवि सच्च आहासइ।
गुणवंतु महंतु संतु वडुअ तुज्झु समाणु ण दीसइ।। 208।।

(21)

गाहा— दिण्णासणे वइट्ठो महुरालावेण भत्तिवंतेण।
वर रयणेहिमि खइअं कणयमयं ढोइयं थालं।। छ।।

कर-पक्खालणु घेविवि तुरंतइँ दिण्णइँ सालणाइँ रसवंतइँ।
धवलु सुअंधु सुकोमलु सरलउ परसिउ कूलु अमलु अइ विरलउ।
5 दालिवि णव-दीणार समाणिवि सज्जु सुगंधु तुप्पु लहु आणिवि।
सूवारुचि वि सवेउ सु समप्पइ आहारेइ वडुउ णउ तिप्पइ।

पकड़कर खींचने लगे। एक-दूसरे को लातें मारने लगे और एक-दूसरे के हाथ मरोड़ने लगे। नासावंश को पकड़कर तोड़ने लगे, कान पकड़कर ऐंठने लगे। सिर को सिर से मारकर फोड़ने लगे। परस्पर में निष्ठुर मुष्टि-प्रहारों से मारने लगे। देह से रक्त रूप जलधारा गिरने लगी। इस प्रकार कोई रिपटे, कोई लुढ़के, कोई गिर पड़े, कोई रोते, कोई बड़-बड़ बोलते कोई छिप-छिप कर भागने लगे। शरीर के व्रणों के दुःख से पीड़ित होकर श्वास छोड़ने लगे। सभी द्विजवर भग्न-हृदय एवं उदास मन वाले हो गये।

घत्ता— इस प्रकार विप्रों की चेष्टा देखकर देवी सत्यभामा हँस कर बोली—"हे वटुक, तुम जैसा गुणवान् महान् सन्त विप्र अन्य कोई नहीं दिखायी देता।"।। 208।।

(21)

कपिलांग वटुक एक वर्ष में खाने योग्य सामग्री निमिष मात्र में ही खाकर सबको आश्चर्यचकित कर देता है

गाथा— इस प्रकार मधुरालाप करके भक्तिपूर्वक दिये हुए आसन पर वह कपिलांग वटुक बैठ गया। पुनः वह सत्यभामा उत्तम रत्नों से खचित-जड़ित कनकमय थाल उस (वटुक) के सम्मुख ले आयी।। छ।।

तुरन्त ही हाथों का प्रक्षालन करा के उसने नमकीन रसोई परोसी। धवल, सुगन्धित, सुकोमल, सरल, अमल और अतिविरल (फैला हुआ) कूलु (भात) परोसा। तत्काल ही ताजे सुगन्धित घी से छौंकी हुई नव-दीनारों के समान मीठी दाल लाकर तथा शाक-तरकारी आदि वेगपूर्वक देने लगी। इस प्रकार वह सत्यभामा आहार करा रही थी तो भी वह वटुक तृप्त नहीं हो रहा था. यह देख कर लोगों के मन विस्मय से भर उठे। उसी समय

णियहिं लोयणिय चित्ते चमक्किय तहिं अवसरे आहरणालंकिय।
धावेविणु वि देवि पुणरवि तहिं गय अवलोयणम्मि वडुवउ जहिं।
मंडव-मोयय-दहि-खीरेहिमि सक्कर-गुल[1]-खज्जय खंडेहिमि।
10 संवच्छरेण जंजि उयरियउ तण्णिविसंतरेण संहरियउ।

घत्ता— तो वि ण दिहि उप्पण्ण आणि-आणि इय भासइ।
णं भुक्खियउ गयंदु तह भक्खंतु वि दीसइ।। 209।।

(22)

गाहा— हय-गय-करहाणत्थं खाणे पउरं पि णिम्मियं जंपि।
दिण्णं तं तहो [1]तुरियं सच्चाएसेण सयल भिच्चेहिं।। छ।।

जह-जह सयलु अण्णु ढोइज्जइ तह-तह तहो कवलु वि णउ पुज्जइ।
विंभिउ-जगु अवलोइवि तहो मुहु जंपइ कहिं होसइ एयहो सुहु।
5 णियमंदिरहो गंपि ण पहुच्चइ उट्ठंतउ जीविएण पमुच्चइ।
कोऊहल-रसेण रंजिय-मणु पीण-पउहरीहिं णाविए तणु।
अवलोइय सयलु वि अंतेउरु तहिं अवसरे आहासइ दियवरु।

आभरणों से अलंकृत देवी (सत्यभामा रसोई घर से) दौड़कर पुन: वहाँ आयी जहाँ से वटुक दिखायी दे रहा था। उसने माँड, मोच (इमली का पानी), दही, खीर, शर्करा से युक्त खाजा, श्रीखण्ड आदि जितनी खाद्य-सामग्री थी वह सब परोस दी। इस प्रकार एक वर्ष में जो आहार-सामग्री जोड़ी थी और जो एक वर्ष में खायी जा सकती थी, वह सब निमिष मात्र में ही खा गया।

घत्ता— तो भी उस (वटुक) को धैर्य-तृप्ति नहीं हुई। "लाओ-लाओ" इस प्रकार चिल्ला रहा था। (उस समय) वह ऐसा दिखायी दे रहा था, मानों भूखा हाथी ही खा रहा हो।। 209।।

(22)

भोज्य पदार्थों से तृप्त न होकर कपिलांग-द्विज सत्यभामा की भर्त्सना कर वहीं पर वमन कर देता है

गाथा— घोड़ा हाथी, एवं ऊँटों के खाने के लिये जो प्रचुर सामग्री का निर्माण किया गया था, वह सब सत्यभामा के आदेश से सभी भृत्यों ने उस वटुक के लिए तुरन्त ही परोस दिया।। छ।।

जैसे-जैसे सेवक समस्त अन्नों को ढोकर लाते थे, वैसे-वैसे वे उसे एक ग्रास के लिए भी नहीं पूजते थे। उसका मुख देखकर समस्त लोक आश्चर्य करने लगे और कहने लगे, "इसको कैसे सुख होगा (तृप्ति होगी)? यह द्विजवर जाकर भी अपने घर तक न पहुँच पायगा उठते ही कहीं इसके प्राण न छूट जाय?"

कौतूहल रस से रंजित मन वाले उस द्विज का शरीर पीनस्तनी दासियों द्वारा उठाया गया। समस्त अन्त:पुर को देखकर वह द्विजवर अवसर पाकर बोला—"(हे देवि), तुझे कौन सा दोष देना उचित होगा। तुझे दरिद्रनी

---

(21) 1. अ. णं।

(22) 1. ब. दु।

कवणु दोसु किर तुज्झु जि जुज्जइँ दालिद्दिणि किं किविणि भणिज्जइँ।
भाणु कुमारु तणउँ हरिवल्लहु पियरु वि विज्जाहरु जगे दुल्लहु।
सामिणि अवलायणहो असेसहो तुज्झु लोहु सुण सयलहु [2]एसहो।
[3]सुहए ण दिण्णु भोज्जु दिहि गारउ धिद्धिगच्छु एउ चित्तु तुहारउ।
हउँ ण तित्तु किं एणाहारइँ पडउ वज्जु खले सीसे तुहारइँ।

घत्ता— परिवारिउ णिय अण्णु पावि पडिच्छहिं तुरिउ तुहुँ।
इय जंपेविणु तेण कियउ व[4]मणु वडुएण लहु।। 210।।

(23)

गाहा— पिच्छेविणु वित्तंतं माणुस मज्झे वि पंगणं तहय।
णियचित्ते सुवि तसिया देवी दियविंद सयल लोयावि।। छ।।

लच्छीहर पियाहे अंगुब्भउ एम जणस्स करंतु वियंभउ।
[1]गउ अहि [2]सुहुँ णिय मायरि गेहहो खुल्लय-रूउ करिवि णिय देहहो।
खीण-सरीरु दुगंधु विरूवउ वीहत्थु वि किंकालु सरूवउ।
वंकंगुलियउ दंतुर वयणउँ कर-चरणोह दीह किस-णयणउँ।

कहा जाय या कंजूसिनी? जगत् में दुर्लभ तेरा भानुकुमार जैसा पुत्र, हरिवल्लभ जैसा पति और विद्याधर जैसा पिता है, तू समस्त अबलाजनों की स्वामिनी कही जाती है, फिर भी तेरा यह समस्त लोभ देखा-सुना। तूने भूखे को भोजन नहीं दिया, उसके धैर्य और गौरव को महत्व नहीं दिया। तुम्हारे ऐसे क्षुद्र चित्त को धिक्कार हो, धिक्कार हो। जब में तृप्त ही नहीं हुआ, तब तुम्हारे इस आहार कराने से क्या लाभ? — हे दुष्टे, तेरे इस शीर्ष पर वज्र पड़ जाय तो उत्तम।"

घत्ता— "हे पापिनी, अन्य अपने परिवार के जनों के साथ उसके फल-भोग की तुरन्त प्रतीक्षा कर।" ऐसा कहकर उस वटुक ने शीघ्र ही वहीं पर वमन कर दिया।। 210।।

(23)

मायावी वटुक क्षीण एवं विकृत-काय क्षुल्लक वेष बनाकर रुक्मिणी के निवास-स्थल पर पहुँचता है।

गाथा— मनुष्यों के मध्य में तथा प्रांगण में उस प्रकार की घटना को देखकर सत्यभामा देवी अपने चित्त में बड़ी दुखी हुई। साथ ही द्विजवृन्द तथा समस्त लोक त्रस्त हो उठे।। छ।।

लक्ष्मीधर (कृष्ण) की प्रिया के अंग से उत्पन्न वह मदन (मायावी वटुक) इस प्रकार जनों के मन में विस्मय करता हुआ अपने शरीर का क्षुल्लक रूप बनाकर अपनी माता के घर के सम्मुख गया। उसका शरीर क्षीण-दुर्बल, दुर्गन्धित, विरूप, वीभत्स (भयावना), कंकाल स्वरूप टेढ़ी अँगुलियों वाला, उखड़े हुए दाँतों वाला, लम्बे-लम्बे हाथ-पैर वाला, छोटी-छोटी आँखों वाला, टूटी हुई माँस रहित पीठ वाला था। पद-पद पर उसके

---

(22) 2. अ. °दे। 3. ब. °छु। 4. ब. °उ।

(23) 1. अ. °भ। 2. अ. °भु।

भग्गु सु[3]पुट्ठि वंसु[4] णिम्मंसउ[5] पए-पए जीवियस्स गुरु संसउ।
जहिं रूविणि वि पत्तु तम्मंदिरु सुर-किण्णर-णर णयणाणंदिरु।
भेरि-मुअंग करड-कंसालहिं वीणा-वंसालावणि तालहिं।
10 डक्कहु डुक्कह रउ णिसुणिज्जइ कण्णो वडिउ किंपि ण सुणिज्जइ।
कालाउरु कच्छूरिय परिमलु चंदण-रस रुणुरुंटिउ अलिउलु।

घत्ता— सच्चहे मुहु मइलेविणु वंभयारि संचरइ कह।
णं भंजेवि मरट्टु सीहु वि दिक्करणीहि जह।। 211।।

इय पज्जुण्णकहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए बुह रल्हण सुव कइसीह विरइयाए सच्चहामादेवी-माण-भंगो णाम **एयादहमी संधी** परिसमत्तो।। संधी: 11।। छ।।

पुष्पिका

[1]जेणेदं संसार सहजं णिच्छिदं जाणिऊणं,
रज्जेणं सहसयणविंदं सिंहं अवमाणिऊणं।
गहिऊणं णि[2]गांथचरियं साधिदं सिद्धि-ठाणं।
तं देवं देवेंद णमिदं देउ कइ-सीह णाणं।। 1।।

जीवित रहने में संशय हो जाता था।

जहाँ रुक्मिणी रहती थी, उसी सुर, किन्नर एवं मनुष्यों के लिये नयनाभिराम भवन में वह क्षुल्लक जा पहुँचा।

भेरी, मृदंग, करट, कंसाल, वीणा, बाँसुरी, आलापनी, ताल, ढक्का, डुक्का आदि वादित्रों के शब्द किये जा रहे थे। उनके कानों में पड़ने के कारण और कुछ भी सुनाई नहीं देता था। कालागर, कचूर आदि सुगन्धित चन्दन रस से भ्रमरगण रुण-झुण ध्वनि कर रहे थे।

घत्ता— सत्यभामा के मुख को मलिन कर ब्रह्मचारी क्षुल्लक ने संचरण किया। कैसे? वैसे ही जैसे दिग्गजों की भीड़ को भगाकर सिंह संचार करता है।। 211।।

इस प्रकार रल्हण-सुत कवि सिंह द्वारा विरचित धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली प्रद्युम्न-कथा में सत्यभामा-महादेवी के मानभंग नामकी ग्यारहवीं सन्धि समाप्त हुई।। सन्धि: 11।। छ।।

पुष्पिका— कवि सिंह द्वारा आराध्य-स्मरण

जिसने सिंह वृत्ति वाले इस संसार को भी सहज रूप में ही अन्तिम जानकर तथा जिसने अपने साथी स्वजन रूपी सिंहों का भी अपमान कर निर्ग्रन्थ चरित्र ग्रहण कर लिया और उसका साधन कर सिद्धि-मुक्ति स्थान का अभ्यास किया, उस सिंह कवि को देवेन्द्रों से नमित वह सिंहदेव—महावीर ज्ञान-दान प्रदान करें।। 1।।

---

(23) 3-4. अ 'पुट्ठि वंसु' नहीं है। 5. अ अदीणउ।

पुष्पिका— 1. अ भणिदं। 2. अ मिगंद।

पुप्फिया

या साश्वेत विभूषणांग रुचिरः श्वेतांशुकैः शोभिता,
या पद्मासन-संस्थिता शुभ्रतमा जान प्रमोद प्रदा।
या वृन्दारुकवृन्दवन्दितपदा विद्वज्जनानां प्रिया।
सा मे काव्य-कथा-पथाश्रितवतो वाणी प्रसन्ना भवेत्।। 2।।

पुष्पिका— कवि द्वारा सरस्वती वंदन

जो सरस्वती श्वेताभूषण वाली है, जो महान् श्वेत वस्त्रों से सुशोभित है, जो पद्मासन से विराजमान है, शुभतमा है, शुभयान वाली है, जो समस्त जनों को हर्ष देने वाली है, जो याचक वृन्दों से वन्दित चरण वाली है, जो विद्वज्जनों की प्यारी है, वह सरस्वती काव्यकथा रूपी आश्रय करने वाले मुझ कवि सिंह की वाणी पर प्रसन्न होवे।।

बारहमी संधी

(1)

ध्रुवकं— वरविविहाहरणालंकियइँ दिट्ठु विलासिणि सत्थें।
जइ मिसइ णाइँ रूविणिहे घरे सिय पइसइ परमत्थें।। छ।।

णीलुप्पल-दल-देह-समुज्जल सिहिगल-अलि-तमाल सम कुंतल।
छण-ससि-सम-मुह मुणि-मण-मोहण उडुगण-पह-दसणोह सुसोहण।
5 तं वहर-विंवीहल-सण्णिह सहहिं सवण सर हिंदोलय जह।
गल-कंदले रेहत्तउ केहउ रेहइ णं अवलानहु[1] जेहउ।
पीणुण्णय-वक्खोज अणोवम कुंकुम-लित्त-कणय-कलसोवम।
दीसहिं णं णवमालइ मालउ वाहउ वेल्लह लउ [1]कुसुमालउ।
तिवली-वलउ ताहे किं सीसइ मयणरइउ-मग्गु तहिं दीसइ।
10 गंभीर णाहिहे को पावइ रइ-रमणइ आवासिउ णावइ।
खामोयरि कडि-पिहुल रवण्णिय अमरविलासिणि णं अवयण्णिय।
जणु वाहं अइ-करि-कर कारइ रंभा-थंभ-चलण सम सारइ।

बारहवीं सन्धि

(1)

रूपिणी-सौन्दर्य-वर्णन

ध्रुवक— उस वटुक ने विविध श्रेष्ठ आभूषणों से अलंकृत तथा अन्य विलासिनियों के साथ रूपिणी को देखा और क्षुल्लक यति—के मायावी वेश में उसने परमार्थ से उस (रूपिणी) के भवन में प्रवेश किया।। छ।।

उस रूपिणी की देह नील-कमल के समान उज्ज्वल थी, कुन्तल मयूरकण्ठ, भ्रमर अथवा तमालवृक्ष के समान काले थे। उसका मुख मुनियों के भी मन को मोहने वाले पूर्णचन्द्र के समान था। उसकी दन्तावली तारागणों की प्रभा के समान सुशोभित थी। उसके अधर बिम्बाफल के समान रक्तवर्ण के थे। कान ऐसे शोभते थे जैसे सरोवर में हिंडोला ही पड़ा हो। ग्रीवा में रेखात्रय सुशोभित हो रही थी, मानों शंख का मुख ही शोभ रहा हो। कुमकुम से लिप्त कनककलश के समान उसके स्तन अत्यंत पीन, उन्नत एवं अनुपम थे। उसका वक्षस्थल नवीन मोतियों की माला से सुशोभित था। ऐसा प्रतीत होता था मानों उन्हें (उन मोतियों को) कामलता से ही लाया गया हो। त्रिवलि मण्डल उसके पेट में शोभता था। क्या बतावें वह ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों मदन द्वारा विरचित मार्ग की दिखा रहा हो? उसकी नाभि गम्भीर थी, उसके पार को कौन पा सकता था? वह ऐसी प्रतीत होती थी मानों वह कामदेव का आवास स्थान ही हो। उसका उदर एवं कटि-भाग अत्यन्त कृश थे तथा नितम्ब भाग अत्यन्त पृथुल। वह ऐसी लगती थी मानों स्वर्ग से अमर विलासिनी देवी ही अवतरी हो। उसके बाहु-युगल ऐरावत हाथी की सूँड के समान थे। केले के थम्भ के समान उसकी सुन्दर सारभूत जंघाएँ थीं। उसकी गुल्फें

---

(1) 1. अ. सुकुमालउ।

(1) (1) संस्तवत्।

गुंफहँ णरवइ मत्तायारहँ णह-दप्पण्णहँ ढित्ति णिरु धारहँ।
कणय मयम्मि वरासणि संठिय पज्जुण्णें णिय भायरि दिट्ठिय।

15 घत्ता— अवलोएवि सुट्ठु पहिट्ठउ चित्तें णवंतु पईसरइ।
जो पुज्जणीउ जसु सोवि तहो अवसु पणामु ण को करइ।। 212।।

(2)

सुर-किण्णर-णर णयणा-णंदिरे हिमहर-हास सरिस जिणमंदिरे।
अग्गासणे अवलाहिमि परिमिय रेहइ णं सासण-देवइ थिय।
वंभयारि अवलोएवि अहिमुहु जिणधम्माणंदइ उट्ठिवि लहु।
इच्छाकारु करिवि गुरु-भावइँ रयणत्तयहो-सुद्धि सब्भावइँ।
5 आउछिउ अण्णेण्णु पयंपिउ तुम्हहँ कुसलु विहिमि इय जंपिउ।
महुरालावणु किउ संभासणु रयण विणिम्मिउँ दिण्णु वरासणु।
उवविट्ठउ खुल्लय-वय-धारउ सच्चहे णाइँ अमंगल-गारउ।
आहासइ णिसुणिहि खामोयरि तित्थसयइँ वंदाविय मायरि।
तुम्हहँ धम्म-पसिद्धि सुणंतउ आविउ वहु-विह देस भमंतउ।

राजा को उन्मत्त बना देने वाली थीं। उसके नख दर्पण के समान अत्यन्त निर्मल धारा वाले थे। ऐसी अपनी माता—रूपिणी को उस क्षुल्लक वेशधारी प्रद्युम्न ने कनकमय उत्तम आसन पर बैठी देखा।

घत्ता— उस माता (रूपिणी) का भली-भाँति दर्शन कर वह (प्रद्युम्न) अत्यन्त प्रसन्न हुआ। उसने अपने मन में उसे विनयपूर्वक नमस्कार कर उसके चरणों का (भावाभिभूत होकर) स्मरण किया। यथार्थत: ही जिसका यश शोभा-सम्पन्न (निष्कलंक) है, और जो पूजनीय है, अवश होकर उसे कौन प्रणाम नहीं करता?।। 212।।

(2)

व्रतधारी क्षुल्लक रूपिणी से उष्ण पेय-पदार्थ की याचना करता है।

देव, किन्नर एवं नरों के नयनों को आनन्दित करने वाले तथा हिमालय-निवासी—महादेव के हास के समान धवल जिनमन्दिर में अग्र आसन पर अबलाओं से घिरी हुई वह रूपिणी इस प्रकार सुशोभित हो रही थी मानों शासन देवी ही स्थित हो। सम्मुख आये हुए क्षुल्लक—ब्रह्मचारी को देखकर वह रूपिणी जिनधर्म के अनुराग से शीघ्र ही उठी। गुरुभाव से उसने उन्हें "इच्छाकार" किया, सद्भावनापूर्वक रत्नत्रय की शुद्धि पूछी। परस्पर में वार्त्तालाप किया और बोली—"तुम्हारी कुशल चाहती हूँ।" पुन: उसने मधुर वचनों से सम्भाषण किया और रत्नों से बना उत्तम आसन दिया। सत्यभामा द्वारा होने वाले अमंगल को दूर करने वाला व्रतधारी वह क्षुल्लक उस पर बैठ गया और बोला—"हे कृशोदरी मात:, सुनो, मैं सैकड़ों तीर्थों की वन्दना करता हुआ तुम्हारी धर्म की प्रसिद्धि सुनकर अनेक देशों में घूमता हुआ यहाँ आया हूँ।

10 घत्ता— दीहर-पह रीणउँ देवि सुणि छुहइ किलामिउ देहु महु।
वहुदव्व विमीसिय [1]पेयवर उण्ह सुअंध सुदेहि लहु।। 213।।

(3)

जेम होइ वउ मज्झु सइत्तउ एम भणेवि हुववहु वि णिरुत्तउ।
थंभिउ सरेण [1]विसज्जा थावइँ लच्छीहर-पियाइँ गुरु-भावइँ।
णिय लंजियहँ सत्थु आएसिउ करहु रसोइ तुरिउ इय भासिउ।
सइँ पेरंति देवि सुवि [1][1]संठुल जलइ-जलणु सिज्झंति ण तंदुल।
5 चवइ मयणु पुणु-पुणु सयवारउ जाव ण वच्चइ जीउ महारउ।
देहि भोज्जु किर काइँ चिरावहि किं कज्जेण ण वेउ करावहि।
इय णिसुणिवि भीसम-सुव कंपिय मोयय वर अणेय तहो अप्पिय।
किण्हहो कारणेण जे रक्खिय खुल्लएण ते वहुविह भक्खिय।
एक्कु जि दुज्जरु जो णिरु किण्हहो खंडु वि सो परिणवइ ण अण्णहो।
10 अइआरु सेविण हुंकारइ छुहइ ण मज्झु देहु साहारइ।

घत्ता— हे देवि, सुनो। मैं लम्बी यात्रा के कारण अत्यन्त थक गया हूँ। भूख के कारण मेरा शरीर किलमिला गया है। अत: (सर्वप्रथम) अनेक द्रव्यों से मिश्रित उत्तम, उष्ण एवं सुगन्धित कोई पेय-पदार्थ मुझे शीघ्र ही प्रदान करो—।। 213।।

(3)

कृष्ण के लिए सुरक्षित दुष्पाच्य विविध-मोदकों को क्षुल्लक खा जाता है, फिर भी उसकी भूख शान्त नहीं होती

"जो महौषधि के समान चित्त को प्रसन्न करने वाला हो।" इस प्रकार कहकर उसने अपनी तृषाग्नि को प्रकट किया। जब उस कामदेव—क्षुल्लक ने अपना कथन समाप्त किया। लक्ष्मीधर की प्रिया ने गुरुभाव से उसे उस विशिष्ट शैया पर बैठने को कहा तथा अपनी दासियों को तत्काल ही आदेश दिया कि तुरन्त ही रसोई तैयार करो।" इस प्रकार आदेश देकर भी वह देवी रूपिणी स्वयं भी व्याकुल होकर उन्हें प्रेरणा देने लगी। अग्नि तो जलने लगी, किन्तु तन्दुल सीझ ही नहीं रहे थे। इधर वह मदन सौ-सौ बार चिल्ला-चिल्लाकर कहने लगा कि "भूख के कारण प्राण निकले जा रहे हैं, अत: शीघ्र ही भोजन दो, देरी क्यों हो रही है? क्या कारण है कि शीघ्रता पूर्वक काम नहीं हो रहा है?" यह सुनकर भीष्म पुत्री वह रूपिणी काँप उठी। अत: उसने कृष्ण के लिए सुरक्षित अनेक प्रकार के ऐसे मोदक खाने के लिये दिये जिनमें से एक मोदक भी कृष्ण के लिए पचा पाना दुष्कर था। अन्य दूसरे को तो उसका एक कण भी पचा पाना असम्भव था। क्षुल्लक ने उन सभी मोदकों का भी भक्षण कर डाला और पुन: अत्यन्त क्रोधित होकर हुँकारता हुआ बोला—"मैं भूखा हूँ, मुझे स्वादिष्ट आहार क्यों नहीं देती हो?

---

(2) 1. ब. सी।

(3) 1. अ सविसज्जा।

(3) (1) आकुलव्याकुल।

घत्ता— इय धम्म-परिक्ख करंतु थिउ जाम कुमरु णिय-मायहे।
भासिय सीमंधर-जिणवरइँ ताम ज भीसम-जायहे।। 214।।

(4)

ते सिरिहर समग्ग संजाया णं देविहे वद्धावउ जाया।
पूय-सत्थ जंपंतु णियच्छइ कुसुमि-फलिउ असोय-तरु पेच्छइ।
सुक्क वावि जल-भरिय सुहावण सिहि-कोइलहँ सद्द [1]वण रा[2]वण।
णव-वसंत सिय सरिसु सुरेहइ उववणु सवणु सविब्भमु सोहइ।
5 इय णिएवि जायवकुल-सामिणि चिंतइ सिसु-पहु लवइ गामिणि।
महो सुय आगमे जे णुणि अक्खिय चिण्ह सयल मइ-णिय-मणे लक्खिय।
संजाया संतोसुप्पायण..... जे महंत वरसोक्खहँ भायण।
णियणंदणु पेछिमि पउ कत्थइँ किं खुल्लउ ण होइ परमत्थइँ।

घत्ता— खणे-खणे पुलइज्जइ मज्झु तणु खीरसवंति पयोहर।
10 दहदिम्मुहाइँ णिरु णिम्मलइँ मणे वट्टंति मणोहर।। 215।।

घत्ता— इस प्रकार धर्म की परीक्षा करता हुआ जब कुमार अपनी माता के पास बैठा था, तभी भीष्म पुत्री के मन में सीमन्धर जिनवर की बात प्रतिभाषित हुई।। 214।।

(4)

क्षुल्लक के आते ही प्राकृतिक आश्चर्य होने से रूपिणी को अपने पुत्र विषयक मुनिराज की भविष्यवाणी का स्मरण आ जाता है

श्रीधर (सीमन्धर) स्वामी ने जो कुछ भविष्यवाणी की थी वह सभी पूर्ण हो रही है। क्षुल्लक का आगमन मानों उस देवी रूपिणी के लिए वर्धापन ही था। पवित्र शास्त्र सम्बन्धी वार्त्ता करने की वह इच्छा कर ही रही थी कि उसी समय उसने कुसुमित अशोक वृक्ष देखा। सूखी वापी जल से भरकर सुहावनी देखी गयी। मयूर एवं कोयलों के शब्दों के माध्यम से वन को गाते हुए सुना।

नव-वसन्त श्री-शोभा के सदृश सुशोभित होने लगा। वन एवं उपवन विभ्रम सहित शोभने लगे। इन (आश्चर्यों) को देखकर यादवकुल की स्वामिनी, गजगामिनी रूपिणी अपने पुत्र के विषय में चिन्तन करने लगी कि "मेरे पुत्र के आने के जो-जो चिह्न मुनिराज ने कहे थे, मैंने अपने मन में वे समस्त चिह्न देख लिये हैं। वे चिह्न सन्तोष उत्पन्न करने वाले (सिद्ध) हुए हैं, जो महान् सुख के भाजन हैं। किन्तु, फिर भी, मैं अपने पुत्र को (यहाँ) कहीं भी नहीं देख रही हूँ। क्या कहीं यह क्षुल्लक ही तो परमार्थ से मेरा पुत्र नहीं है?"

घत्ता— "क्षण-क्षण में मेरा शरीर रोमांचित हो जाता है, स्तनों से दूध चूने लगता है, दशों-दिशाओं के मुख अत्यन्त निर्मल एवं मुझे अपने मन में वे मनोरम लग रहे हैं। ।। 215।।

---

(4) 1. अ. ब। 2. ब. ग।

(5)

अंगुब्भउ एउ मज्झु जे हूवउ विहिवसेण वीहत्थु वि रूवउ।
तो हरि हलहर मणु कह रंजमि सच्चहे मुहु पेछंति ण लज्जमि।
जो महुसूअणेण संजायउ सो संभवइ भुवणे विक्खायउ।
रूववंतु-बल-बुद्धि समिद्धउ पडु[1] पंडिउ सुकित्ति गुणरिद्धउ।
5 · कित्तिउ किर वियप्पु मणि किज्जइ पुण्ण समाणु रूउ पाविज्जइ।
खेत्त गुणेण जंतु[2] जुइ मणहरु भोय-भूमि णउ एणउ[3] हरि खरु।
हवइ तित्थु किडि करिहु ण करिवरु लोयहे कहिउ मज्झु रणे दुद्धरु।
मेहकूडू णामें तहिं पुरवरु राणउ जमसंवरु विज्जाहरु।
कणयमाल णामेण वि तहो पिय रंभ-तिलोत्तम रूवइ णं सिय।
10 ताह भवणे वड्ढिउ णिट्ठिय दुहु विज्जाहिवइँ सामि छणससि सुहु।
पाविय सोलह-लब्भ सुहावण धीमंतहि-मिभंत जे दावण।

घत्ता— रइवि विरूवउ णियय तणु चित्त सुद्धि मज्झु जि सुपरीक्खणु।
अवलोएवि किं सो जि मुहुँ वुद्धिमंतु सुछइल्लु वियक्खणु।। 216।।

---

(5)

रूपिणी सोचती है कि क्या यह क्षुल्लक ही उसका पुत्र है जो अपना वेश बदल कर उसकी परीक्षा ले रहा है?

—"यदि यह मेरा पुत्र है तो भाग्यवश इसका ऐसा वीभत्स रूप कैसे हो गया और इसी कारण हरि, हलधर के मन को मैं कैसे प्रसन्न कर पाऊँगी? सत्यभामा के मुख को देखकर में लजाऊँगी नहीं? जो मधुसूदन से उत्पन्न हुआ है, उसकी भुवन में प्रसिद्धि निश्चित है। वह रूपवान होना चाहिए। बल-बुद्धि से समृद्ध होना चाहिए, चतुर पण्डित होना चाहिए और सुकीर्ति एवं गुणों से परिपूर्ण होना चाहिए कितने ही विकल्प अपने मन में कीजिए किन्तु रूप तो पुण्य के समान ही मिलता है।"

"क्षेत्र के गुण से भोग-भूमि में यह जीव शरीर की कान्ति से मनोहर होता है। वहाँ रण में दुर्धर कहे जाने वाले मृग, सिंह एवं गधे नहीं होते। वहाँ किटि (शूकर), करि नहीं होते, करिवर भी नहीं होते।"

लोक के मध्य में मेघकूट नामका उत्तम पुर कहा गया है। वहाँ यमसंवर (कालसंवर) नामका विद्याधर राजा राज्य करता है। कनकमाला नामकी उसकी प्रिया है। मानों वह रूप में रम्भा, तिलोत्तमा से भी बढ़कर है। पूर्णचन्द्र के समान मुख वाला तथा दु:खों का नाश करने वाला मेरा वह पुत्र उस विद्याधिपों के स्वामी (कालसंवर) के घर में बढ़ा है। वहाँ उसने धीमानों द्वारा निर्भ्रान्त रूप से दिये जाने योग्य 16 सुहावने लाभ (उपलब्धियाँ) प्राप्त किये।

घत्ता— अपना शरीर विरूप बनाकर मेरी चित्तशुद्धि का भलीभाँति परीक्षण कर बुद्धिमान्, सुचतुर, विद्वान् रूप क्या यही वह मेरा पुत्र है, जो मेरा मुख देख रहा है।"।। 216।।

---

(5) (1) पटुता। (2) जीव। (3) हरिणादि अन्य प्रकार भवति।

(6)

इय चिंतिवि चिरु जंपइ राणिय पुत्त-विउय-सोय विद्दाणिय।
सुणि खुल्लय अचिरेण पयासहि जइ महु मणु विसुट्ठु आहासहि।
कहहि कवणु कुलु जेत्थुप्पण्णउँ जणणि-जणणु तुं किं तउ कि[1]ण्णउँ।
इय णिसुणेवि जंपइ वइ-धारउ वयणु ण भासहि अविणय गारउ।
5 साहु-वयत्थ-सील गुण सहियहँ गुत्तित्तय-गुत्तहँ सुह महियहँ।
ताहँ गोत्तु-कुलु केण ण पुंछिउ पइँ कह एहु वयणु मणे इंछिउ।
जे संलग्ग मग्ग जिणसासणे णिट्ठुर अट्ठकम्म णिण्णासणे।
तेहिँ[2] हुंति कुल-गोत्त विवज्जिय इय जंपंति देवि किण लज्जिय।

घत्ता— जइ किर गोत्तु विहीणु ता रूसेविणु किं करहि।
10 अइ जइ उत्तम वंसु ता तूसेविणु किं करहि।। 217।।

(7)

जइ अण्णाणइ पुच्छिउ एउ मइँ दुक्खाउरइ अहव तो तं पइँ।
खमियव्वउ असेसु णिम्मलमइ ता विहसेप्पिणु सो वि पयंपइ।

---

(6)

रूपिणी क्षुल्लक का परिचय पूछती है

इस प्रकार पुत्र-वियोग के शोक से व्याकुल वह रानी रूपिणी चिरकाल तक विचार करती हुई बोली—"हे क्षुल्लक, सुनो। यदि मेरे मन को भी अच्छा कहते हो तो शीघ्र ही प्रकट करो और कहो कि—कहाँ से आये हो, कौन सा तुम्हारा कुल है, जहाँ तुम उत्पन्न हुए हो। तुम्हारे माता-पिता कौन हैं और तुमने क्या तप किया है?"

ऐसा सुनकर वह व्रतधारी (क्षुल्लक) बोला—"अविनय एवं अहंकार भरे वचन मत बोलो। जो साधु-व्रत में स्थित हैं, जो शील-गुण सहित हैं, गुप्तित्रय से गुप्त एवं आत्म-सुख से महान् हैं, उनका गोत्र-कुल किसी से नहीं पूछा जाता। (आखिर) आपने ये वचन अपने मन में चाहे कैसे? जो जिनशासन में लगे हैं, उसी में मग्न हैं तथा अष्टकर्मों के नष्ट करने में कठोर हैं। वे कुल और गोत्र से रहित होते हैं। हे देवि, इस प्रकार पूछती हुई तुम लजाती क्यों नहीं?"

घत्ता— "यदि मैं गोत्र-विहीन हूँ तो रूसकर (मेरा) क्या (अनर्थ) करोगी अथवा यदि उत्तम वंश का भी होऊँ तो भी तुम सन्तुष्ट होकर क्या करोगी।" ।। 217।।

(7)

रूपिणी क्षुल्लक को अपना परिचय देती है

क्षुल्लक का कथन सुनकर वह रूपिणी बोली—"यदि अज्ञानता से दुखातुर हो मैंने आपसे इस प्रकार पूछ भी लिया है तो आप मुझे क्षमाकर दीजिए। आप तो पूर्ण रूप से निर्मल-मति वाले हैं। तब वह भिक्षु क्षुल्लक हँसकर

---

(6) 1. अ. ब. °हि। 2. अ कि°।

कहहि माइ किं दुक्खहो कारणु सज्जणाहँ जं हि[1]यय वियारणु।
एत्थंतरे सुकेय-सुय सरहस सा[2]चंदाणण जग पसरियस।
पुव्व पइज्ज सरेवि तुरंतिए मोक्कल्लिउ परियण विहसंतिए।
सो एंतउ अवलोयइउ सव्वहँ अवलायणहमि वियलिय गव्वहँ।
देविहिं अंसु-पवाहु पमेल्लिउ भग्गु-छाह [3]मुट्ठु मणु डोल्लिउ।
णियवि चवइ जइ सुमहुर वयणइँ के कारणि णेण-जलोल्लिय नयणइँ।
कहइ चउब्भु पिय सुणि जइवर सील सहिय अइ दुद्धर वयधर।
गुरुहुं पुरउ णउ किंपि रहिज्जइ णिव्वेइय दुहु सयलु दलिज्जइ।
सच्चहाम णामें विज्जाहरि मज्झु पियहिं पिय पढम किसोयरि।

घत्ता— कुंडिलु भीसमु णाम पहु रिद्धिय सक्क समाणउ।
तहो तणिय धीय हउँ सुंदरहो जो जगि उण्णय माणउ।। 218।।

(8)

णव-[(1)]परिणीय सच्च वण-भंतरे कण्हु वि कीला-वावि तडंतरे।

बोला—"हे माता, तुम्हारे दुःख का क्या कारण है? हृदय में विचार कर सज्जनों को कहना चाहिए।"

इसी बीच चन्द्रमा के समान मुख वाली तथा जगत् में यशस्विनी सुकेतुसुता (सत्यभामा) को उसी समय अपनी पूर्व-प्रतिज्ञा का स्मरण कराया गया और हँसती हुई उसे परिजनों के साथ (रूपिणी के यहाँ) भेजा गया। उस (सत्यभामा) अहंकारिणी को अबलाजनों के साथ आती हुई देखकर रूपिणी देवी ने अश्रु-प्रवाह को छोड़ा, उसका उत्साह भंग हो गया, वह किंकर्त्तव्य-विमूढ़ हो गयी। उसका मन डोल उठा। उसकी स्थिति देखकर वह यति (क्षुल्लक) सुमधुर वचनों से बोला—"क्या कारण है, जिससे नेत्र जल से आर्द्र हो रहे हैं? यह सुनकर चतुर्भुज-प्रिया बोली—"हे सुशील, अतिदुर्धर व्रतधारी, हे यतिवर, सुनो—गुरु के सामने कुछ भी छिपा नहीं रहना चाहिए। निर्वेद (वैराग्यसहित) होकर (मन की सभी व्यथ कहकर उस) दुख को दूर कर देना चाहिए। अतः सुनिए — (सम्मुख आ रही) यह सुकेतु-सुता—सत्यभामा नामकी विद्याधरी मेरे पति की प्रथम कृशोदरी पत्नी (अर्थात् मेरी सौत) है।"

घत्ता— और कुण्डलपुर में जगत में श्रेष्ठ, उन्नत, प्रतिष्ठित एवं रिद्धि में इन्द्र के समान भीष्म नामका राजा राज्य करता है। मैं उसी सुन्दर (भीष्म राजा) की रूपिणी नामकी पुत्री हूँ।"।। 218।।

(8)

(रूपिणी अपना परिचय देती है—) एक दिन कृष्ण ने रूपिणी को वनदेवी की तरह बैठाकर सत्यभामा को उसके दर्शन करने की प्रेरणा दी

—"कृष्ण ने भी वन के भीतर क्रीड़ा-वापी के तट के समीप नव-परिणीता रूपिणी और सत्यभामा के साथ क्रीड़ा-हेतु गमन किया। वहाँ मुझे वनदेवी के समान स्थापित कर स्वयं वे (कृष्ण) सघन, लता-मण्डप में लुक

---

(7) 1. ब. पि। 2. ब. °णं। 3. अ. °सु।

(8) (1) रुक्मिणी।

मइँ वणदेवयव्व परिमंडवि[2] अप्पुणुल्हिक्कु वहल लय-मंडवि।
ता भमंति महएवि पराइय विविहाहरण-वत्थ पविराइय[3]।
पेक्खिवि [4]ताएं वुत्तु हय देवय महोपच्चक्ख हूव वर संपय।
णविवि-पयंपिउ महो परमेसरि करहि [1]झत्ति सो अणुरत्तउ हरि।
पारंभिय वहु गत्त पवित्तिहिं करहि विरत्तु णवल्ल सवत्तिहिं।
हरि हसंतु ता कह-कह सद्दइँ वोल्लइ किं-किं ताल विमद्दइँ।
सच्चएँ बोल्लिउ कुवि[5]यएँ तामहि एहु पवंचु करहि तुहुँ जामहि।

घत्ता— इह किं वोल्लमि धिट्ठ [2]कवडु-कूड दुवियड्ढमई।
गोवहु कहि किर बुद्धि जं उवहसहि सयाइँ [6]सई[3]।। 219।।

(9)

विण्णिवि इट्ठ भोय भुंजंतहि जा वत्थहिं णिय पहु रंजंतहिं।
एक्कहिं दिणे सगव्व वर वयणहँ किय पयज्ज पेछंतहँ मयणहँ।
जा[1]सु पुत्तु पढमु जि परिणेसइ सो चलणइँ तहे चिहुर मलेसइ।
तो संजाय विहिमि सुव मणहर णियकुल णह-मंडण ससि-दिणयर।

(छिप) गये। उसी समय विविध आभरणों एवं वस्त्रों से विराजित वह महादेवी—सत्यभामा घूमती-घामती हुई वहाँ आयी और (वनदेवी के रूप में विराजित) मुझे देखकर बोली—"हे सम्पत्ति शालिनी देवी, प्रत्यक्ष होकर मेरे लिये दर्शन दो। पुनः नमस्कार कर बोली, हे परमेश्वरी मुझ पर शीघ्र ही कृपा करो। जिससे हरि—कृष्ण मुझ पर अनुरक्त हो जावें, प्रारम्भ में तो वे अति पवित्र गात्र वाली मुझ से प्रेम करते थे किन्तु अब नवेली सौत (रूपिणी) ने मुझसे उन्हें विरक्त कर दिया है।" (सत्यभामा की यह मनौती सुनकर पास में ही छिपे हुए) कृष्ण बुरी तरह कह-कहे लगा कर तथा कभी-कभी ताल पीटते हुए "क्या-कहा", क्या-कहा, कह कर बोल उठे। तभी सत्यभामा कुपित होकर बोली, "तुम ऐसा भी प्रपंच करते हो?"

घत्ता— "हे धृष्ट, हे कपट कूट, हे दुर्विदग्धमते, मैं यहाँ क्या बोलूँ? तेरी बुद्धि गोप के समान है, जो सदा ही सत्पुरुषों का उपहास करती रहती है।"।। 219।।

(9)

रूपिणी क्षुल्लक से कहती है कि भानुकर्ण के विवाह के समय मेरा सिर-मुण्डन होने वाला है

दोनों ही रानियाँ इष्ट भोग-भोगती हुई अपनी जितनी भी अवस्थाएँ हो सकती हैं उनसे प्रभु को आनन्दित कर रही थीं। एक दिन मदन—कृष्ण को देखते-देखते उन दोनों ने अहंकार भरी वाणी में प्रतिज्ञा की कि "जिसका पुत्र पहिले परिणय करेगा वह अपने चरणों से दूसरी के केशों को मलेगी (रौंदेगी)।" (इस प्रतिज्ञा के कुछ समय बाद) उन दोनों रानियों के मनोहर एक-एक पुत्र उत्पन्न हुआ। दोनों ही पुत्र अपने कुल रूपी आकाश

---

(8) 1. अ निरहि। 2-3. अ सातवें घत्ते के ही तीन चरण यहाँ दे दिये हैं।

(8) (2) स्थापयित्वा। (3) संयुक्त। (4) सत्यभामया। (5) कोपवतया। (6) सत्पुरुषाणा।

(9) (1) यस्या।

भाणु-कण्णु वड्ढइ णिय-मंदिरे पुण्णाहिए जण णयणाणंदिरे।
मज्झु तणउ केणवि अवहरियउ ण वियाणउ खलविहिं कहि धरियउ।
एवहि सच्चंगउ परिणेसइ दुज्जोहणु णिय सुय तहो देसइ।
उअहिमाल णामें विक्खाइय साणु[1] राय सा एत्थु पराइय।
महो सिरु भद्दु णत्थि सुविसेसु वि एत्थ पलोयहि-लोउ असेसु वि।

घत्ता— इय अहिमाणउ मज्झु जिउ जाइ सउछ होवि किर जामहिं।
संवोहिय जं णारएण पुत्तासाएँ सुक्खि[2]य तामहिं।। 220।।

(10)

तहो आगमणे चिण्ह जे भासिय सीमंधर-जिणेण उवएसिय।
ते संजाय सयल जग दुल्लह णिसुणि भिक्ख वुहयण जण-वल्लह।
अज्जु सिसो वासरु दिहि गारउ जेण मिलेसइ पुत्तु महारउ।
भंति ण होइ जिणेसर वयणहँ हउँ णिद्दइव सुणिय मणे-णयणहँ।
इय जंपिवि सोयाउर वयणइँ सजलोल्लिइँ थिय मउलेवि णयणइँ।

के मण्डन के लिए चन्द्र-सूर्य के समान थे। पुण्य का प्रतापी भानुकर्ण (सत्यभामा का पुत्र तो) लोगों के नेत्रों को आनन्दित करने वाले अपने राजमहल में बढ़ने लगा। किन्तु मेरे (रूपिणी के) पुत्र को किसी ने अपहृत कर लिया। न जाने, खल-विधि ने उसे कैसे धर पकड़ा?" अब सत्यभामा का पुत्र—भानुकर्ण परणेगा। दुर्योधन उसे अपनी पुत्री देगा, जो उदधिमाला के नाम से विख्यात है। वह अनुराग सहित यहाँ पहुँचने ही वाली है। विशेष रूप से अब मेरे सिर का कल्याण नहीं है। अर्थात् अब मेरे सिर का मुण्डन होगा और सभी लोग उसे देखेंगे।

घत्ता— "इस प्रकार उस सौत (सत्यभामा) के अभिमान से (ग्रसित) मेरा जीवन व्यतीत हो रहा था। उसी समय नारद ने आकर मुझे सम्बोधित किया और तभी से मैं पुत्र मिलन की आशा से सुरक्षित बची हुई हूँ (और किसी भी क्षण अपने पुत्र के आगमन की प्रतीक्षा में बैठी हुई हूँ)।" ।। 220।।

(10)

शोकातुर रूपिणी को आश्वस्त कर क्षुल्लक उसकी मायामयी प्रतिमूर्ति बनवाता है

—"सीमन्धर जिन ने अपने उपदेश में उस पुत्र के आगमन सम्बन्धी जो-जो चिह्न बतलाये थे, वे सभी चिह्न पूरे हो गये हैं। जग-दुर्लभ तथा बुधजनों के वल्लभ हे भिक्षु, सुनो—आज पुत्र-मिलन का दिन है, जिसके अनुसार धृतिवाला गुरु (महान्) एवं वीर्यवान् पुत्र मिलेगा। जिनेश्वर के वचनों में भ्रान्ति (सन्देह) नहीं है, और तभी से नींद मेरे मन एवं नेत्रों के अधीन हो गयी है, अर्थात् मैं तभी से सो नहीं पायी हूँ।" इसप्रकार शोकातुर वचन कहकर वह अपने सजल नेत्रों को मुकुलित कर चुप हो गयी। उसे देखकर वह भिक्षु अति सुमधुर वचनों

---

(9) 1. ब ग। 2. अ सुरक्खिय।

चवइ भिक्खु अइ सुमहुर-वयणइँ मा रोवहि सुमाइ लुहि णयणइँ।
लेहि सलिलु पक्खालहि सिरि[1]मुहु किं तुज्झु जि हउँ होमि ण तणुरुहु।
इय साहारवि विज्जा-थामइँ मायारूविणि णिम्मिय कामइँ।
दिव्वासणे उववेसिय तोसइ थिउ णियडिउ सइँ कुंचइ वेसइ।

10 घत्ता— ताम परायउ सयलु जणु णवण करंतु संतु आहासइ।
सामिणि सरहि[2] पइज्ज तुहु मायारूविणि ताहँ पयासइ।। 221।।

(11)

अलिउल सरिस हेलु अलयाउलि संतहँ वयणु चलेइ ण महियलि।
इय णिसुणेवि चित्त [1]साणंदइँ जंपइ णाविउ सुमहुर सद्दइँ।
मज्झु दोसु एक्कुवि णउ सामिणि णिसुणहि किण्ह णरसेर भामिणि।
अलयावलि णिय कर संजोइवि मणिमउ-थालु तुरिउ तहिं ढोइवि।
5 छेयइ केसंगुलि णिय तेणइँ णासा-वंसु लुणिउँ अण्णाणइँ।
अवलायणु असेसु लहु भद्दिउ सच्चहि णाहँ मडप्फरु मद्दिउ।

से बोला—"हे माता, रोओ मत, अपने आँसू पोंछ डालो, जल लेकर अपना मुख धो लो, क्या मैं ही तुम्हारा पुत्र नहीं हूँ।"

इस प्रकार कहकर उस भिक्षु ने अपनी विद्या को बुलाकर इच्छानुसार रूपिणी की एक मायामयी प्रतिमूर्ति बनवाई, सन्तोषपूर्वक उसे दिव्यासन पर बैठाया और स्वयं कंचुकी के वेश में उसके निकट बैठ गया।

घत्ता— उसी समय (सत्यभामा के) सभी लोग रूपिणी के यहाँ पहुँचे और नमस्कार कर बोले—"हे स्वामिनी, आप अपनी प्रतिज्ञा का स्मरण कीजिए।" तब उस मायामयी रूपिणी ने उन्हें कहा"।। 221।।

(11)

सत्यभामा का नापित रानी रूपिणी के केश-कर्त्तन के स्थान पर अपनी तथा साथ में आयी हुई समस्त महिलाओं की नाक, अँगुलियाँ एवं केश काट लेता है

—"मेरे अलिकुल समान काले केश ले लो। महीतल में सज्जनों के वचनों का कोई मूल्य नहीं। यह सुनकर चित्त में आनन्दित होकर नापित सुमधुर शब्दों में बोला—"कृष्ण नरेश्वर की भामिनी, हे स्वामिनी, सुनो, इसमें मेरा एक भी दोष नहीं।" (यह कहकर उसने उस रूपिणी की) अलकावलि (—केशकलाप) को अपने हाथ से सँजोकर तुरन्त ही उसके नीचे एक मणिमय थाल वहाँ रख दिया। पुनः जब वह नापित केशों को छेदने (काटने) के लिए तत्पर हुआ तभी उसने अज्ञानतावश स्वयं अपने केश, अँगुली एवं नाक ही काट डाली (इतना ही नहीं सत्यभामा की ओर से आया हुआ) सम्पूर्ण अबलाजन भी तत्काल ही नापित के समान भद्दे शरीर वाली हो गयी। ऐसा प्रतीत होता था, मानों इस रूप में सत्यभामा का मान ही मर्दित कर दिया गया हो। तभी क्षुल्लक के प्रपंच

---

(10) (1) श्रीमुखम्। (2) सुमरि।

(11) 1. अ. °आ।

परियत्तियउ सयलु ता परियणु अमुणंतउ पवंचु विंभिय मणु।
जंपइ अण्णोण्णु जि किं सीसइँ भीसम-सुय पयाउ कहो दीसइँ।
सुमहुर-वयण सुरूव वि एहिय णिम्मच्छर रूविणि तिय जेहिय।
10 दीसइ भुवणे ण एव चवंतिहिं सच्चहरसु गयहँ विहसंतिहिं।

घत्ता— आहासहिं सुणि देवि सच्चवयणि रूविणि सम।
जगे एहउ माहप्पु दीसइ णउ एही खम।। 222।।

(12)

लेहि अलय अचिरेण समप्पिय ताव सच्च कोवेण प[1]कंपिय।
विग्गुत्तउ केणवि जुवईयणु केसंगुलिय सवण-घाणि[(1)] वि भणु।
रे णाविय तुज्झु जि किं छय[(2)]हउ ता सयलहंमि परुप्प[(3)]रु जोइउ।
णिय सिरु सकरग्गइ परिमट्ठउ[(4)] लज्जाउरु अवलायणु णट्ठउ।
5 णाविउ वि णिय तणु पच्छायवि चवइ विलक्खउ णियडउ आय[2]वि।
सुणि सामिणि संतोसइँ आयउ एउ वित्तंतु ण अम्हहँ णायउ।

को जाने बिना ही आश्चर्यचकित मन होकर सत्यभामा के सभी परिजन (रूपी के भवन से) वापिस लौटने लगे। वे लोग परस्पर में कहने लगे कि भीष्म-सुता (—रूपिणी) के शीश का कैसा प्रताप दिखायी देता है? वह रूपिणी जिस प्रकार सुमधुर-वाणी बोलती है, इस संसार में जैसी सुन्दर है तथा जैसी निर्मत्सरा है, वैसी पृथिवी-मण्डल पर अन्य महिला दिखायी नहीं देती।" इस प्रकार कहकर हँसते हुए वे सत्यभामा के भवन में जा पहुँचे।

घत्ता— और उससे बोले—"हे देवि, सत्यवादिनी उस रूपिणी के समान जगत् में अन्य दूसरी कोई समर्थ महिषी दिखाई नहीं देती।" ।। 222।।

(12)

सत्यभामा विरूपाकृति वाले अपने सभी परिजनों को कृष्ण के सम्मुख भेजकर रूपिणी की शिकायत करती है

पुनः बोले—"ये केश लो।" यह कहकर उन्हें शीघ्र ही उसे समर्पित कर दिया। तब सत्यभामा क्रोध से काँपती हुई बोली—"कहो कि युवतिजनों को किसने विरूप कर दिया है? उनके केश अँगुलियाँ, कान एवं नाक किसने काटे हैं? और रे नापित, तुझे किसने छेद दिया? यह सुनकर सभी ने परस्पर में एक-दूसरे को देखा तथा सभी ने अपने-अपने सिर को अपनी अँगुलियों से छुआ। (और सभी को अपनी सही दशा का ज्ञान होते ही) लज्जा से दुःखी होकर अबलाजन वहाँ से अदृश्य हो गयीं। नापित भी अपने शरीर को ढाँक कर बिलखता हुआ सत्यभामा के निकट आकर बोला—"हे स्वामिनी, सुनो। हम लोग तो (अपनी विरूप स्थिति को जाने बिना ही) यहाँ सन्तोषपूर्वक आये हैं। यह वृत्तान्त (इस दशा को) हमने रूपिणी-भवन में नहीं जाना था।" सत्यभामा के मन

---

(12) 1. ब य। 2. अ पए।

(12) (1) नासिका। (2) छेदित। (3) परस्पर। (4) परिमत।

पुणु सच्चहे मच्छरु उप्पण्णउ तासु वराय[3]हि भणु कोवण्णउ।
जेत्थु सक्खि हलहर-वसुएउ वि दस-दसार वहु जायव लोउ वि।
पेसिय णिय महल्ल अत्थाणहो विविह-णरिंदहिं रइय पमाणहो।

10 घत्ता— ते जंपहिं पणवे[4]वि पय चाणूरारिणि सुणि सब्भावइँ।
णिरु विविच्छ किय सच्चहिमि णउ मण्णइँ रूविणि तुह गावइँ।। 223।।

(13)

जइ णिय अलय ण देइ णरेसर तो लंजियहँ सत्थु परमेसर।
काइँ विडं[1]विउ किर आहासहिं पुव्व-वयणु किं अलिउ पयासहि।
तं णिसुणेवि सीराउह जंपिउ मरु हउ पत्तुव कोवइँ कंपिउ।
इय एहउ वित्तंतु विलक्खिउ केण[(1)]वि भीसम-तणयहि अक्खिउ।
5 जिंव तियसिंदु सयलु संताविउ विविहावत्थु पत्तु जह णाविउ।
जिम सच्चएँ आहासिउ कण्हहो हलि मच्छरहो चडिउ अइमण्णहो।
णिय अंगुब्भउ पेक्खिवि तुट्ठिय अइसय आणंदेण पहिट्ठिय।

में पुनः मत्सर (ईर्ष्या भाव) उत्पन्न हो गया। अतः मन में क्रोध से भरकर उसने उस वराक (दीन) नापित को, विरूप की गयी अबलाजनों के साथ वहाँ भेजा, जहाँ साक्षी रूप हलधर एवं वासुदेव बैठे थे। साथ ही दश-दशार राजा तथा अनेक यादव लोग उपस्थित थे। ऐसे अनेक राजाओं द्वारा रचित अपने प्रामाणिक महान् आस्थान (राजसभा) में भेजा।

घत्ता— उन समस्त अबलाजनों ने कृष्ण के चरणों में प्रणाम कर कहा—"हे चाणूरारि कृष्ण, सद्भाव पूर्वक सुनिए। रूपिणी ने हमें सचमुच ही वीभत्स बना दिया है। वह आपकी आज्ञा नहीं मानती।" ।। 223।।

(13)

रूपिणी को प्रतिभासित होता है कि क्षुल्लक के वेश में उसका पुत्र उसके सम्मुख उपस्थित हो गया है

(पुनः सत्यभामा ने उन्हें अपने सन्देश में कहलाया कि) —"हे नरेश्वर यदि वह रूपिणी अपने केश न देती तो न देती किन्तु हे परमेश्वर, इन दासियों (अबलाजनों) के साथ ऐसा भण्डन (भद्दापन) क्यों किया? अब आप ही कहिए—कि क्या मेरे पूर्व वचन झूठे थे?"

उनकी बातों को सुनकर वायु-प्रेरित पत्ते के समान काँपता हुआ सीरायुध (बलदेव-हलधर) अपने में कुछ-कुछ बड़बड़ाने लगा। इस प्रकार यह वृत्तान्त देखकर किसी ने भीष्म-पुत्री—रूपिणी को जाकर (चुपके से वह सब कुछ) कह दिया कि किस प्रकार रूपिणी ने सत्यभामा की समस्त अबलाजनों को सन्ताप दिया था, किस प्रकार नापित विविध दुःस्थिति को प्राप्त हुआ था तथा किस प्रकार सत्यभामा ने श्रीकृष्ण को यह सब सुनाया था और तब हलधर को किस प्रकार मत्सर सहित अतिक्रोध चढ़ गया था।

और इधर रूपिणी निज पुत्र को देखकर सन्तुष्ट हुई वह अत्यधिक आनन्द से हर्षित हो उठी। जो कंचनमाला

---

(12) 3. अ. पइज्जहे। 4. अ. वंत।

(13) 1. अ विभंडिउ। (13) (1) केनपुरुषेण।

वट्ठिउ जो कंचणमालहे घरे जे सिसुत्तें णिज्जिय णिहिलवि अरि।
सोलह-लब्भ जेण णिरु पाविय विज्जाहर-पहु सेव करावियं।

10 घत्ता— सो एहु जु[2] सुअणाणंदयरु किर णारेण समउ आवेसइ।
अइ पुण्णाहिउ भुवणयले जो महो देहहो पुलउ जणेसइ।। 224।।

(14)

कहिं-कहिं अण्णु होहि णउ तुहुं [1]सुव सुरकरि-कर परिहग्गल सम भुव।
खेडहो किम अवसरु एउ जुज्जइँ परिहउ णिय-जणणिहि फेडिज्जइँ।
इय णिसुणेवि कयंज हत्थइँ चविउ तुज्झु सुउ हउं परमत्थइँ।
मेहकूडे पुरवरे णिवसंतउ आविउ जइणा समउ तुरंतउ।
5 मायामउ सुरूउ छंडेविणु सहज रूउ तणु पयडु करेविणु।
छण-दिण-ससि समाण वर वयणइँ किउ पणामु णिय-जणणिहे मयणइँ।
इलहे सउत्तमंगु आरोविवि जणणिए णिय सुव रूउ पलोइवि।
सिरु चुंविवि अवरुंडिउ सुहयरु भणु णिय सुउ कहो होइ ण दिहियरु।
पुणु संवरहो घरिणि पपोसि[2]य धण्ण सत्तुव[3]सि सुकील पलोइय।

के घर में वृद्धि को प्राप्त हुआ था, जिस पुत्र ने अपने तेज से समस्त शत्रुओं को जीत लिया है, जिसने विधिवत् 16 प्रकार के लाभ प्राप्त किये हैं, तथा विद्याधर प्रभु जिसकी निरन्तर सेवा करते रहते हैं।

घत्ता— और जिसे नारद के साथ आना था, सो सुजनों के नेत्रों को आनन्दित यही वह मेरा पुत्र प्रतीत होता है। भुवनतल में यही वह पुण्यात्मा है, जो मेरी देह को पुलकित कर रहा है। ।। 224।।

(14)

क्षुल्लक अपनी चिर-वियोगिनी माता रूपिणी के दु:ख से व्यथित होकर अपना यथार्थ रूप प्रकट कर देता है और उसे माँ कहकर साष्टांग प्रणाम करता है

ऐरावत की सूँड के समान अथवा परिध (अर्गल) के समान, भुजा वाले हे सुत, तुम (मेरे पुत्र के सिवाय) अन्य नहीं हो सकते। क्या खेट (माया-जाल) के लिए यही एक उपयुक्त अवसर है? तब अपनी माता का परिभव-तिरस्कार दूर करो।" यह सुनकर कमल के समान हाथों वाले उस क्षुल्लक ने कहा—"मैं परमार्थ से आपका ही पुत्र हूँ। मेघकूटपुर में निवास करता हुआ मैं यति नारद के साथ तुरन्त ही आया हूँ।" (यह कहकर उसने अपने) मायामयी रूप को छोड़कर स्वाभाविक रूपवाला शरीर प्रकट किया और पूर्ण सूर्य एवं चन्द्र के समान उस मदन ने उत्तम वचनों से अपनी माता को प्रणाम किया। पुन: भूमि में (माता के चरणों में) अपने उत्तमांग को टेक दिया। तब माता ने अपने पुत्र का रूप देखा। उसका सिर-चूमकर स्पर्श आलिंगन किया। कहिए कि शुभकारी अपना पुत्र किसको धृतिकर (आनन्ददायक) नहीं होता (सहज स्नेह सिक्त माता के मुख से निकल गया कि) —"मैं धन्य हूँ, जिसने राजा कालसंवर की पत्नी द्वारा पोषित तथा शत्रु को वश में करने वाले अपने पुत्र को उत्तम क्रीड़ा करते हुए देखा।"

---

(13) 2. अ.*।

(14) 1. अ. मु। 2. अ. पोमाइव। 3. अ. अ।

घत्ता— मइमि उवरे णवमास धरिउ पुत्त गुरु दुक्खइँ।
बालत्तु वि णउ दिट्ठु णयणहँ हुवइ ण सोक्खइँ।। 225।।

(15)

णिय मायरिहिं वयणु णिसुणेविणु पडिजंपइ मणसिउ विहसेविणु।
सुणि सुमाइ जइणिय मणे इंच्छिहि दक्खालमि सिसु-कील णियच्छहि।
एउ वित्तंतु वि किं तुव दुल्लहु आहासेवि एम जग वल्लहु।
थिउ दिणमेक्क मेत्तु विरयवि तणु णं उवयायलत्थु मय-लंछणु।
पुणु मासद्धमास कय संखइँ भीसम सुय पहिट्ठ-मण पेक्खइँ।
संवच्छरहँ सु अद्ध पमाणिउँ णिम्मिउ वउ कलहो समाणिउँ।
णियलीलइँ रंगेविणु थक्कइ ईसीसु विहसेवि मुहुँ वंकइ।
संवच्छरेण खलंतु पवोल्लइ उट्ठइ पडइ सुकंपइ चल्लइ।
जणणिहि-करि अवलंविवि धावइ जह-जह मयणु सिसुत्तणु दावइ।
तह-तह खणे मणे रोमंचिज्जइ रूविणि णं अमियइँ सिंचिज्जइ।

घत्ता— (पुनः वह बोली) —"मैंने तो तुझे बड़े दुःखों के साथ नव मास तक अपने उदर में रखा। फिर भी हे पुत्र, मैंने तेरा बालपना नहीं देखा और मेरे नेत्रों को सुख नहीं हो पाया।"।। 225।।

(15)

माता रूपिणी की इच्छापूर्त्ति हेतु वह अपने विद्या-बल से शिशुरूप धारण कर विविध बाल्य-लीलाओं से उसका मनोरंजन करता है

अपनी माता के वचन सुनकर मनसिज—प्रद्युम्न हँस कर बोला—"हे माता, सुनो। यदि आपके मन में इच्छा है तो मैं आपकी इच्छानुसार ही शिशु-क्रीड़ाएँ दिखा दूँगा। क्या ये सब आपके लिए दुर्लभ हैं? इस प्रकार कहकर जग-दुर्लभ वह प्रद्युम्न मात्र एक दिन का (तत्काल का) शरीर बनाकर ठहरा। उस समय वह ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों चन्द्रमा ही उदयाचल से उदित हो गया हो। पुनः उसने 15 दिन का, फिर 1 मास का, इस प्रकार संख्यात रूप बनाये और भीष्मसुता — रूपिणी उन्हें देख-देख कर मन में हर्षित होती रही। फिर उसने छह महीना का, फिर 12 महीने प्रमाण वाला कलधौत (सुवर्ण) के समान रूप बनाया। अपनी बाल्य-लीलाओं से रेंगते-रेंगते रंजायमान करते-करते वह थकता नहीं था। ईषत्-ईषत् हँसता हुआ वह अपना मुख बाँका (टेढ़ा) कर लेता था। वर्ष भर का होकर तोतली बोली बोलने लगा और (बार-बार) उठता, पड़ता था, काँपता था, चलता था। कभी माता का हाथ पकड़ कर दौड़ता था और इस प्रकार जैसा-जैसा शिशुपना होता है वैसा-वैसा ही उस मदन ने भी कर दिखाया। जैसे-जैसे वह क्रीड़ाएँ— करता था वैसे-वैसे ही क्षण-क्षण में वह रूपिणी भी अपने में ऐसी रोमांचित होती रहती थी, मानों अमृत से सींची जा रही हो।

घत्ता— धाविवि रच्छहे जाइ वलइ धूलि-धूसर तणु।
क[1]पेवि ज[2]मे वि थाइ उल्हावइ मायहे मणु।। 226।।

(16)

आहासइ आहारु समप्पहिं दिंतु ण लेइ चवइ पुणु अप्पहि।
मम्मण-वयण अणेय पयासइ सुमहुर सवण सुहावण भासइ।
इयविंभिउ पयडंतु अउव्वु वि हुउ जुवाणु मणहरु गुण[1] भव्वु वि।
वड्ढइ वीय मयंकुव जेहउ विविहाहरण-विहूसिय देहउ।
5 जो अणंगु महियले जाणिज्जइ तहो उवमाणु कउणु किर दिज्जइ।
अइ अच्चरिउ सुवहो पेक्खेविणु गुरु आणंदें अवरुंडेविणु।
उववेसिउ आणे मयरद्धउ तासु सरह भुवणत्तउ विद्धउ।
सुह-दुह संभासणु वि परोप्परु दिट्ठ[1]उ सुवउ जुण्णु हुत्तउ चिरु।
णि[2]च्चेयंतइँ इय वच्छहिं ता किंकर-गणु एंतु णियच्छहिं।

10 घत्ता— मुक्क विरुद्धइँ हलहरेण उक्खयर वग्ग समग्ग णिएविणु।
णिय जणणिए समाणु रइरमणु वि जंपइ विहसेविणु।। 227।।

घत्ता— (कभी-कभी वह) रथ्या (गली) में भाग जाता था और वहाँ से धूलि-धूसरित शरीर होकर लौटता था। काँपता हुआ पैर जमा-जमा कर खड़ा रहता था और अपनी माता के मन को उल्लसित करता रहता था।। 226।।

(16)

हलधर क्रुद्ध होकर क्षुल्लक के विरोध में अपने खेचर-सेवक भेजता है

(वह शिशु कभी—) बोलता था —"खाने को दे।" किन्तु जब वह देती तब लेता नहीं था और पुनः माँगता था। अनेक विध मधुर श्रवण-सुखद एवं मार्मिक वचन बोलता था। इस प्रकार अपूर्व विस्मयकारी रूप प्रकट करता हुआ वह गुणवान भव्य मनोहर युवक हो गया। विविध प्रकार के आभूषणों से विभूषित देह वाला वह युवक (प्रद्युम्न) उसी प्रकार वृद्धिंगत होने लगा, जिस प्रकार द्वितीया का चन्द्रमा। जो युवक महीतल में अनंग के नाम से जाना जाता था, अब उसकी उपमा और (उससे भी श्रेष्ठ) किस वस्तु से दी जाय? —पुत्र के ऐसे आश्चर्यजनक कार्यों को देखकर वह आनन्दातिरेक से भर उठी। जिसकी शोभा से भुवनत्रय बिंधा हुआ था ऐसे उस मकरध्वज — पुत्र को गले से लगाकर उसने उसे आसन पर बैठाया तथा जो कुछ चिरकाल से देखा, सुना एवं अनुभव किया था उन सुखों-दुखों का परस्पर में सम्भाषण करने लगे। इस प्रकार वत्स से वार्तालाप कर जब वह निश्चिन्त हो रही थी तभी उसने (हलधर के) किंकरगणों को आते हुए देखा।

घत्ता— हलधर ने उस रूपिणी के विरोध में समग्र खचर वर्ग के सेवकों को छोड़ा। उनको देखकर अपनी माता के साथ वह रतिरमण (प्रद्युम्न) हँस कर बोला। ।। 227।।

---

(15) 1. अ. कठे। 2. अ लगे।

(16) 1. अ. जगु।

(16) (1) दृष्टं श्रुतं अनुभूतं। (2) परस्पर कथ्यमानौ पूर्व वृत्तान्त।

(17)

माइ-माइ मा किं जंपहि तुहुँ खणु एक्कुवि पवंचु पेच्छिहि महु।
इय भासेवि सविज्ज आएसिय जा संवरहो सेण्णेचिरु पेसिय।
तेण वि दियहो रूउ लहु लेविणु भुव जुवलु वि किस चलण करेप्पिणु।
थूलोयरु सिरु चिहुर विहीणउँ कंपंतु वि सव्वंगहँ खीणउँ।
दुक्खहँ अवणीयले पउ दिंतउ उवरह पब्भारेण समंतउ।
सच्चहरम्मि होंतु णीसरियउ वेवंतु वि खलंतु किं तुरियउ।
रूविणि धवलहरम्मि दुव्वारइ पडिउ दडत्ति ण तणु साहारइ।
थंभेविणु वि धरिउ किंकरगणु एक्कु पणट्ठु[1] तेण णिविसें पुणु।
कहइ देव दिउ दुव्वल-कायउ वारे पडिउच्छइ सुट्ठु वरायउ।

घत्ता— सो पइसारु ण देइ सामिय भणु किं किज्जइ।
जो तुम्हहँ मणे जुत्तु सो आएसु पहु दिज्जइ।। 228।।

(18)

भिच्चु वयणु सुणि कुविउ हलहरो देह दित्ति जिय सरय जलहरो।

---

(17)

क्षुल्लक अपनी विद्या के बल से क्षीणकाय द्विज का रूप धारणकर रूपिणी के दरवाजे पर गिर पड़ता है

—"माँ-माँ तू कुछ मत बोल। क्षण भर में मेरा प्रपंच तो देख।" यह कहकर उसने अपनी उस विद्या को आदेश दिया, जो कि चिरकाल पूर्व कालसंवर की सेना को (पराजित करने हेतु) भेजी थी। उसने भी शीघ्र ही द्विज का रूप धारण कर लिया। उसने अपनी भुजायुगल एवं चरणों को अत्यन्त कृश बनाया, पेट को मोटा बना लिया, सिर को केश रहित बनाया, इस प्रकार समस्त अंगों से क्षीण होने के कारण वह द्विज काँप रहा था। वह बड़े ही दु:ख के साथ पृथिवी पर पैर रख पाता था। उदर के भार से वह सभी प्रकार से दु:खी था। वह (क्षीण काय द्विज) काँपता हुआ, लड़खड़ाता हुआ, तुरन्त ही सत्यभामा के घर से निकला और रूपिणी के धवल गृह के द्वार पर अपने शरीर को न संभाल पाने के कारण धम्म से गिर पड़ा। किंकरगणों ने थाँभ करके उस द्विज को पकड़ा पुन: एक किंकर निमिष मात्र में वहाँ से भागकर गया और कहने लगा—"दुर्बल काय वाला दीन-हीन बेचारा कोई द्विज द्वार पर गिरा पड़ा है।"

घत्ता— "वह (किंकरों को) प्रवेश नहीं करने देता है। अत: हे स्वामिन्, कहिए क्या किया जाय? हे प्रभु, आपके मन में जो युक्ति हो उसी के अनुसार हमें आदेश दीजिए। ।। 228।।

(18)

हलधर क्षीणकाय विप्र (प्रद्युम्न) पर क्रोधित हो उठता है

अपनी देह की कान्ति से शरद ऋतु के मेघ को जीत लेने वाला हलधर भृत्य के वचन सुनकर अत्यन्त

---

(17) 1. अ. खणद्धु।

(17) (1) य: नष्टतेन।

गउ सवेउ अवलोइउ दिउ भणहि विप्प तुहुँ एक्कु किं थिउ।
मुवहि मग्गु णिसुणहिं तुरंतउ महुमि कज्जु छइ इह महंतउ।
भणइ ताव मायामउ दिउ अज्जु भोज्जु णिय इच्छए किउ।
5 सच्च-सुवहे परिणयण कारणं जिमिउ तत्थ णाणा पयारणं।
णिय सुहेण हउँ एत्थु सुत्तउ जाहि ताय वलि मइँ पउत्तउ।
विप्प-वयणु सुणि कोह जुत्तउ चवइ रामु ता णीससंतउ।
एरिसं पि जिमियं पि दुहयरं होइ कस्स कहि विप्प सुहयरं।

घत्ता— [1]लउलिमत्तु गुण अत्थि जाइ सहावइँ दियवरहँ।
10 जह-तह णउ दीसेइ अण्ण गिद्धि[2] इहरह णरहँ।। 229।।

(19)

इय चिंता[1]ए कज्जु किं अम्हहु देहि मग्गु उट्ठहि दियवर लहु।
णिसुणंतु वि महो वयणु ण मण्णहिं रे पाविट्ठ काइँ अवगण्णहिं।
महोमि कज्जु छइ किं इह मंदिरे गच्छमि केम धिट्ठ तुज्झोवरे।

क्रोधित हो उठा। वह शीघ्र ही चला और उस द्विज को देखा और बोला—"हे विप्र, तू अकेला क्यों पड़ा है? मेरी बात सुन और तुरन्त ही मार्ग छोड़। यहाँ मेरा बहुत बड़ा कार्य है।"

तब मायामयी वह द्विज बोला—"आज मैंने सत्यभामा के पुत्र (भानुकर्ण) के परिणयण के कारण उसके यहाँ अपनी इच्छानुसार नाना प्रकार का भोजन जीमा है और इसी कारण अब हे तात, अपने सुख-विश्राम के लिये वहाँ से चलकर आया हूँ और सो रहा हूँ। विप्र के ये वचन सुनकर वह राम—हलधर क्रोधित हो उठा और निश्वास छोड़ता हुआ बोला—"ऐसा जिमाया हुआ भी (यदि किसी को) दुःखकर होता है, तो हे विप्र कहो कि सुखकर (भोजन) कौन सा होता है?" (पुनः गरजकर बोला—)

घत्ता— मात्र लोलुपता ही तो द्विजवरों का स्वाभाविक गुण होता है। उनमें जिस प्रकार की गृद्धि होती है, वैसी अन्य मनुष्यों में दिखायी नहीं देती।" ।। 229।।

(19)

हलधर उस द्विज के पैर पकड़कर खींच ले जाता है, किन्तु नगर के बाहर पहुँचकर वह आश्चर्यचकित हो जाता है क्योंकि उसके हाथों में द्विज के केवल पैर मात्र ही थे, शरीर के अन्य अंग नहीं

—"किन्तु इस भव-भोजन की चिन्ता से हमें क्या प्रयोजन? हे द्विजवर जल्दी उठो और मार्ग दो।" (—अरे यह क्या—) सुनता हुआ भी मेरा आदेश नहीं मानता? रे पापिष्ठ, तिरस्कार क्यों कर रहा है? इस भवन में मेरा एक बड़ा महत्वपूर्ण कार्य है, किन्तु हे धृष्ट, तेरे ऊपर से मैं कैसे जाऊँ?" तब वह द्विज जग-निष्ठुर उस

---

(18) 1. अ. पत्तउ।

(18) (1) लोलिता। (2) लम्पट-गुण।

(19) (1) भवभोजन चिंतया।

ता दिउ चवइ राम जग णिट्ठुरु तुह सण्णिह के कंण वि गय चिरु।
जाणंतु वि गव्विउ णिय-रिद्धिएँ देक्कारहि दिउ गहिउ कुबुद्धिएँ।
मुहिएण वि आरूसहि किं तुहुँ अत्थि समत्थु किंपि देवें[2] महु।
सुणिवि एम सीराउहु कुद्धउ णं दिक्करिए[3] णयहो[4] विरुद्धउ।
कड्ढिउ चलणें धरेवि समत्थइँ जाइ पाउ सरिसउ हल स[1]त्थइँ।
णिउ[2] पुरवाहिरम्मि णिविसिद्धइँ वलिवि पलोइउ पुणु रोसद्धइँ।

घत्ता— अवलोइवि तणु ठाइँ णियवि चलणु णिय करयले।
मुक्कु दडत्ति करेवि विभिउ अइ णियमणे हलि।। 230।।

(20)

जाणेवि को वि एहु मायारउ एत्तहिं चवइ उछु-धणु धारउ।
कहहि माइ भुवणयले वरंगउ कवणु एहु अइरोस-वसंगउ।
संतोसेण रूव[1] तहो अक्खइ णिय वलेण जइ[2] किंपि ण लेक्खइ।
पंचाणण सिंहु समरु समिच्छइ अवरु किंपि अणुदिणु णउ वंछइ।

राम (बलदेव) से बोला—"चिरकाल से ही तेरे समान अन्य कौन-कौन इस संसार से नहीं चले गये। यह जानते हुए भी तुम अपनी ऋद्धि पर गर्व करते हो और एक द्विज को अपनी कुबुद्धि से "ललकारा" देकर सम्बोधित करते हो? तुम मुझ पर इस प्रकार रुष्ट क्यों हो रहे हो? क्या तुमने मेरी कोई सामर्थ्य देखी है? द्विज का यह कथन सुनकर हलायुध (और भी) क्रुद्ध हुआ मानों दिक्करी (हाथी) ही मृग के विरुद्ध हो गया हो। उसने (उस द्विज के) चरणों को पकड़कर पूर्ण शक्ति के साथ काढा—खींचा। तब उस द्विज के केवल पैर ही हलधर के हाथों से खिंचते हुए चले जाते हैं। जब वह (हलधर) नगर के बाहर जाकर घूमकर रोषपूर्वक उसकी ओर देखता है तो—

घत्ता— उस (द्विज) के शरीर को वहीं (रूपिणी के द्वार पर) स्थिर देखकर पुनः अपने हाथ में (उसके केवल) चरण देखकर, तब हलधर अपने मन में अत्यन्त विस्मित हुआ और धड़ाम से उन्हें वहीं पटक दिया। क्योंकि—।। 230।।

(20)

प्रद्युम्न पंचानन — सिंह का रूप धारणकर हलधर को पुनः विस्मित कर देता है

हलधर ने जान लिया कि "यह तो कोई मायाचारी प्राणी है।" और इधर, इक्षु-धनुषधारी वह मदन बोलने लगा। उसने अपनी माता से पूछा कि हे मातः, भुवनतल में उत्तम शरीर वाला, अतिरोष वंशगत यह कौन है, जो अपने बल के कारण जगत् में किसी को कुछ भी नहीं समझता?" (पुत्र का कथन सुनकर—) रूपिणी ने सन्तोषपूर्वक उसे बलदेव का स्वरूप बताते हुए कहा—"यह हलधर पंचानन—सिंह से प्रतिदिन युद्ध की कामना किया करता है; अन्य कुछ नहीं चाहता।

---

(19) 1. अ. ह। 2. ब. णि।

(19) (2) दन्तं समर्थं। (3) विषये। (4) पण वधकः सिंहः।

(20) (1) वलभद्रस्य स्वरूपं। (2) जगत्त्रये।

महुमहणहो एउ जेट्ठु सहोयरु तुव पित्तियउ वि मा मण्णहिं पुरु।
जणणि-वयणु सुणि रोमंचिउ सरु पल्लट्टिउ खणेण णिय वउ वरु।
थिउ पंचाणणु होवि वलुद्धरु दिग्गय जणियउ [1]भउ अइ दुद्धरु।
वाल-मयंक वंक दाढालउ कविल-केस कंधरु जडिलालउ।
लोयण सिहि-फुलिंग इव दारुणु दीह-जीह णिरु णह-रुहिरारुणु।
सिरु वलइय सपुंछ रुजंतउ चडुल चलणु [2]दह दिहिहि[3] णियंतउ।

घत्ता— [4]हलि अवलोइय तत्थ पंचाणणु दारुण णयणु।
कमु विरएविणु थक्कु भासुरु विप्फारिय वयणु।। 231।।

(21)

णिएवि मयारि पयंडु खणेण वलेण विचिंतिय-चित्त[(1)] रणेण।
तुरंतु पढुक्कु अहीमुहु तस्स टलंति गिरीवर रुंजइ जस्स।
वरीय सुहत्थु[(2)] करग्गु वि लेवि असिव्व सुवा[(3)]सहु जाम मिलेवि।
हलीपहणेइ महीयले चंडु विरुद्धु मयारि[(4)]वि ताम पयंडु।

मधुमथन कृष्ण का यह ज्येष्ठ सहोदर बन्धु है। तुम्हारा भी यह पितृव्य (चाचा) लगता है। इसे पर (दूसरा) मत समझो। जब माता के ये वचन सुने तो वह स्मर (प्रद्युम्न) रोमांचित हो उठा। उसने क्षण भर में ही अपना उत्तम रूप पलट लिया और विद्या-बल से वह महान् सिंह बनकर स्थिर हो गया। अति दुर्धर वह दिग्गजों को भी भय उत्पन्न करने लगा।

वह पंचानन बालचन्द्र के समान वक्र दाढ़ों वाला था, उसके केश कपिल तथा कन्धर, जटिल जटाओं से युक्त था। उसके लोचन अग्नि के स्फुलिंग के समान दारुण थे। जिह्वा दीर्घ तथा नख रुधिर के समान अत्यन्त लाल थे। सिर को घुमा-घुमा कर विशाल पूँछ वाला वह सिंह चपल-चरणों से दशों दिशाओं की ओर देखता हुआ जा रहा था।

घत्ता— हलधर ने दारुणनेत्र वाले, भास्वर एवं विशालकाय पंचानन सिंह को देखा कि वह चलते-चलते रुक गया है।। 231।।

(21)

पंचानन हलधर को परास्त कर राजमहल में फेंक देता है

बलदेव ने उसी क्षण प्रचण्ड सिंह को देख अपने मन में उसके रण का विचार किया। जिसकी रूँज (गर्जना) से पहाड़ भी टलटला जाते हैं, ऐसा वह (बलदेव) तुरन्त ही उस पंचानन—सिंह के सन्मुख जा पहुँचा। उत्तम श्रेष्ठ वस्त्र को कमर में लपेट कर महीतल में प्रचण्ड वह हलधर असि की तरह छुरिका को जब उस सिंह पर छोड़ता है और प्रहार करता है तब वह मृगारि भी उसके विरुद्ध प्रचण्ड रूप से बिगड़ जाता है। दोनों ही चलते

---

(20) 1. अ. ब. "मरु"। 2-3. अ. दहहिं। 4. अ. "हअललोइय"।

(21) (1) रोसवसेण पाठे। (2) वरीउत्तरासणेण। (3) छुरिका। (4) सिंहअपि।

चलंति वलंति खलंति वि बेवि पवच्चहिं गच्छहिं धाय मुएवि।
विरुद्ध भिडंति दडंति पडंति ससंति रसंति पुणो वि भिडंति।
रएवि महाहउ एम रउद्दु किउ वलएवहो माण विमद्दु
हणेवि तलप्फइ पाडिउ तत्थ वरासणे संठिउ महुमहु जत्थ।

घत्ता— अत्थाणंतरे थक्कु[5] वलु सुकिलामिय[6] गत्तउ।
णिय मायरिहे समीउ रइरमणु वि संपत्तउ[7]।। 232।।

(22)

इय सीरिहे किउ माण-विमद्दणु वल[1]-विक्कमेण सरिसु णिय णंदणु।
अवलोएवि देवि आहासइ मज्झु सहोयरु काइँ ण दीसइ।
णिसुणि तणय महो मण साहारउ सो भणु कहिं अछइ रिसि णारउ।
कहइ मयणु मइ सरिसु पराइउ खेयरपुर होंतउ इह आयउ।
तुव सुण्णहंए समाणु गयणंगणे मइमि धरिउ मा मुज्झ[1]हि णियमणे।
भीसम-सुव पुणरवि आहासइ तुव विवाहु कहि हुउ इय भासइ।

हैं, हटते हैं, स्खलित होते हैं। धाड़ मारकर पुकारते हैं, पीछे जाते हैं। एक-दूसरे के विरुद्ध क्रुद्ध होकर भिड़ते हैं, डाँटते हैं, पड़ जाते हैं, दीर्घ श्वास लेते हैं, गर्जना करते हैं और फिर भिड़ जाते हैं। इस प्रकार पंचानन ने रौद्र महायुद्ध किया और बलदेव का मान-मर्दन कर डाला। पंचानन ने उस तड़फते हुए बलदेव को वहाँ फेंक दिया जहाँ मधुमथन—कृष्ण वरासन पर विराजमान थे।

घत्ता— उधर, आस्थान (राजभवन) में पहुँचे हुए बलदेव का शरीर किलबिला रहा था और इधर, (पंचानन वेशधारी—) वह रतिरमण—प्रद्युम्न अपनी माता के पास पहुँचा।। 232।।

(22)

रूपिणी के पूछने पर प्रद्युम्न ने बताया कि नारद एवं पुत्र-वधू ऊपर नभोयान में रुके हुए हैं

इस प्रकार सीरपाणि—बलदेव के मान-मर्दन किये जाने पर अपने पुत्र-प्रद्युम्न को बलदेव के समान पराक्रमी देखकर माता—देवी रूपिणी बोली—"मेरा सहोदर भाई नारद क्यों नहीं दिखाई दे रहा है?" हे पुत्र, सुनो, मेरा मन सम्हालो और बताओ कि ऋषि नारद कहाँ है? तब मदन ने कहा—"मेरे साथ ही ऋषि नारद यहाँ पधारे हैं। वे विद्याधरपुर होते हुए यहाँ आये हैं। तुम्हारी स्नुषा (बहू) के साथ गगनांगण में ही उन्हें रोक दिया है। तुम अपने मन को मूर्च्छित मत करो। यह सुनकर भीष्मपुत्री पुनः बोली—"बोल, तेरा विवाह कहाँ, कब हुआ है?" तब स्मर बोला—"हे परमेश्वरि सुनो, दुर्योधन की पुत्री उदधिकुमारी के साथ, जिसका विवाह भानुकर्ण

---

(21) (5) प्राप्तः। (6) खेदखिन्नगात्र। (7) सम्प्राप्तः।

(22) 1. अ र।

(22) (1) निजमानसे मामूर्छित्वा।

ता जंपइ सरु सुणि परमेसरि जा लग्गिहइ ण किर भाणुहि-करि।
दुज्जोहण-सुय एंति[2] वणंतरे हणेवि सेण्णु अवहरिय खणंतरे।

घत्ता— ता रूविणिएँ पवुत्तु अइ सउच्छु[3] मज्झु जि मणु।
दावहि तुरिउ अणंग कहिं ससुण्ह कहिं भाइ मणु।। 233।।

(23)

ता पडिवयणु पयंपिउ मयणइँ कि लविएण माइ इय वयणइँ।
दुद्धर-सर-घोरणि संघट्टहिं जा ण भिडिउ हय-गय-रह-थट्टहिं।
णिय-वलेण भड विंदु वि जगडमि पुणु पछइ अप्पाणउँ पयडमि।
णं तो किं जंपंतु पवुच्चमि पिउ-पियरहँ [1]सयलहँ वि [2]ण परुच्चमि।
चवइ रूवि[1] करि जं तुव जुज्जइ पर जायव-वल कोवि ण पुज्जइ।
वसुएवहो हरि-वलहँ दसारहँ पंडव-भोयइँ रणे अणिवारहँ।
आहासिउ मुणि मणहमि सल्लइँ[2] को पहरइ समाणु जग मल्लइँ।
मा सलहहि अइ दुद्धमु भडयणु मज्झु मणहो णावइँ महिलायणु।
णेमिकुमारु एक्कु मिल्लेविणु एंतु समग्गइँ पर चल्लेविणु।

(सत्यभामा पुत्र) के साथ निश्चय ही अब कभी भी नहीं हो सकेगा। क्योंकि विवाहार्थ वह उदधिकुमारी जब वन में लायी जा रही थी, उसी समय मैंने दुर्योधन की सेना को मारकर उस कन्या का अपहरण कर लिया था।

घत्ता— तब रूपिणी ने कहा — "मेरा मन अत्यन्त उत्साहित हो गया है। अत: हे अनंग, अब तुम तुरन्त ही मुझे दिखाओ कि कहाँ है वह मेरी पुत्रवधू एवं कहाँ है मेरा वह भाई (नारद)?"।। 233।।

(23)

प्रद्युम्न के पराक्रम से रूपिणी अत्यन्त प्रभावित होकर प्रमुदित मन से आशीर्वाद देती है

तब मदन ने प्रत्युत्तर में कहा—"हे मात:, इस प्रकार के कथन से क्या प्रयोजन? भले ही मेरे पास हय, गज, रथों का समूह नहीं, फिर भी यह दुर्धर-स्मर (प्रद्युम्न) अकेला ही घनघोर रण में टकराता हुआ जा भिड़ता है। अपने बल से (पहले) भट वृन्दों को उजाड़ डालूँ तब पीछे अपने को प्रकट करूँ। नहीं तो, पिता, पितामह एवं स्वजनों आदि से मैं क्या कह कर, परिचय देकर बोलूँगा? तब रूपिणी बोली—"बस बेटा, जो तुझे रुचे वही कर (मैं आगे नहीं बोलूँगी), परन्तु (इतना कह देती हूँ कि) यादव बल (सेना) किसी के द्वारा नहीं पूजा जायगा (अर्थात् वह तेरे बराबर नहीं होगा) चाहे वे रण में अनिवार वसुदेव हों, हरि हों, बलदेव हों, दशार राजा हों, पाण्डव हों या भोजक राजा। यह सुनकर मुनियों के मन में भी शल्य उत्पन्न कर देने वाले उस प्रद्युम्न ने कहा—"जगत में पराक्रमी मुझ पर कौन प्रहार कर सकता है? अत्यन्त दुर्दम समझे जाने वाले भटों की भी मेरे सामने प्रशंसा मत करो। मेरी दृष्टि में तो वे सभी मानों महिला जनों के समान ही हैं। एकमात्र नेमिकुमार को छोड़कर अन्य सभी आकर मुझे पीठ दिखाकर चलते बनते हैं।

---

(22) (2) आगच्छतां। (3) उछाह।

(23) 1-2. अ सयणहिमि।

(23) (1) रुक्मिणी। (2) कामेन।

10 घत्ता— आवहि मइमि समाणु करि पसाउ परमेसरि।
जहिं स-सुण्ह तुव भाइ दावमि तुरिउ णहंतरे।। 234।।

(24)

एम भणेवि कर-कमलि धरेविणु णिग्गउ सरु णिय भवणु मुएविणु।
गउ सुपंडु चंडु तेत्थु वि लहु जहिं अत्थाणे परिट्ठिउ महुमहु।
आहासइ सुणि किण्ह-हलाउह जायव-भोयय[1] पयंड सुवहो सह।
अवर वि जे दुद्धर वलवंतवि मंडलीय वर-भड सामंतवि।
5 पच्चारिय असेस आयण्णहुँ जइ छलु कुलु वलु णियमणे मण्णहुँ।
ता किं ण सयल तुरिउ कुढि लग्गहो णिय-णिय पहरण लेविणु वग्गहो।
मइँ अवहरिय णियहु भीसम-सुय अइ-सुसील वेल्लहल-सरल भुव।
चेईवइ[2] वराउ णिहणेविणु छले णवेवि थिय घरे आवेविणु।
सव्वहँ रणे भोयण धणि[3] देविणु पुणु पछइँ परिसक्कमि लेविणु।
10 हउँ खगेंदु एत्थहो णउ चल्लमि जा ण सयल तुम्हइँ रणे पेल्लमि।

घत्ता— हे परमेश्वरि, कृपाकर मेरे साथ वहाँ आइये, जहाँ आपकी पुत्र-वधू के साथ आपका भाई स्थित है। आकाश के मध्य मैं तुरन्त ही उन्हें दिखाता हूँ। ।। 234।।

(24)

मायामयी रूपिणी को हथेली पर रखकर प्रद्युम्न, कृष्ण एवं उनके दरबारियों को चुनौती देता है, कि यदि वे पराक्रमी हों तो उस अपहृत महिला को उससे वापिस लें

ऐसा कहकर वह स्मर (प्रद्युम्न) उस (मायामयी कृत्रिम) रूपिणी को अपने कर-कमलों पर धरकर अपने भवन से निकला और शीघ्र ही वहाँ गया जहाँ राजसभा में मधुमथन के साथ प्रचण्ड पाण्डव बैठे थे। उन्हें देखकर वह स्मर बोला—"सुनो, हे कृष्ण, हे हलायुध, हे यादवगण, प्रचण्ड पुत्रों के साथ उपस्थित हे भोजक गण, और भी जो दुर्धर बलवान माण्डलिक उत्तम भट सामन्त यहाँ बैठे हों, मैं उन सभी को पुकार-पुकार कर कहता हूँ कि यदि आप लोग अपने मन में मेरे छल अथवा कुल का बल मानते हों तो क्यों नहीं आप सभी लोग तुरन्त ही अपने-अपने प्रहरणास्त्रों को लेकर मेरे पीछे लग जाते हैं? क्योंकि मैंने अति सुशील, सुकुमार एवं सरल भुजाओं वाली भीष्म-पुत्री रूपिणी का स्वयं अपहरण कर लिया है। जब रूपिणी के यहाँ उसका मंगेतर चेदिपति नरेश स्थित था, तब आपने छल से उस (रूपिणी) के घर जाकर उस बेचारे (चेदिपति) का छलपूर्वक वध कर दिया था। उस समय रण में सबको भोजन-धन देकर तत्पश्चात् बड़ी कठिनाई से आप उसका अपहरण कर भाग पाये थे। किन्तु, मैं तो खगेन्द्र हूँ। मैं यहाँ से तब तक नहीं टलूँगा, जब तक कि मैं तुम सबको रण में नहीं पेल डालूँगा।

---

(24) (1) भोजवंसजादि। (2) शिशुपाल। (3) ऋद्धि।

घत्ता— इय आयण्णिवि सयल वाडवग्गि जिह पज्जलिय।
णं जुवं ते [4]पक्खुहियवि सव्वत्थ वि सयलवि चलिय।। 235।।

(25)

हलहरु कोवाणले पज्जलियउ पलय-पयंग समुव संचल्लियउ।
ता गंडस्स[1] जीय संजुतउ उट्ठिउ सुट्ठु पच्छु गज्जंतउ।
भीमु भयंकरु लउडि विहत्थउ धम्मु-सुवहो णिय णाविय मत्थउ।
सहएउ वि असिफर संजुत्तउ णउलु वि कोंतु कलंतु तुरंतउ।
5 अवसर समग्ग सुहड सुपयंडवि णिग्गय णं पमत्त वेयंडवि।
को वि णियइ णिय भुव-भीसावण जे रिउ णरवर-मण भेसावण।
कुवि आयरिसइ णिय धणु-हर गुणु रेहइ णं सेंदाउहु णव-घणु।
कोविर णर सवस कुचउ ण गिण्हइ पुलइय-वउ पहिरिउ रणे मण्णइँ।
कोवि आरुहिउ झत्ति करि-कंधरे णिय-मणु दिंतु महाहवे दुद्धरे।
10 केणवि णिय तणु ताणु लएविणु मुक्कु पडीवउ मणि चिंतेविणु।
एहु पुणु अंगरक्खु लोहिट्ठुवि मइं पहु कज्जे दिण्णु वउ सट्ठुवि।

घत्ता— यह सुनकर (राज्यसभा में स्थित) सभी की क्रोधाग्नि उसी प्रकार भड़क उठी, जिस प्रकार कि वाडवाग्नि। अथवा मानों (ग्रीष्मकालीन) मध्याह्न का सूर्य क्षुब्ध हो उठा हो और (उससे प्रभावित होकर) समस्त (चल-अचल) पदार्थ चंचल हो उठे हों। ।। 235।।

(25)

रणभूमि के लिये प्रयाण की तैयारी

हलधर कोपानल से प्रज्ज्वलित हो उठा और प्रलयकालीन सूर्य के समान वहाँ से उठकर चल पड़ा। उसके पीछे गर्जना करता हुआ गाण्डीव-धनुष की ज्या सहित अर्जुन तैयार होकर उठा, लकुटि (गदा) हाथ में लेकर भयंकर भीम ने धर्मराज युधिष्ठिर को माथा नवाया। सहदेव भी स्फुरायमान असि लेकर और कल-कल करते हुए कोन्त को लेकर नकुल भी तुरन्त ही वहाँ से निकला। उस समय सभी प्रचण्ड भट इस प्रकार निकल पड़े मानों प्रमत्त हस्ति-समूह ही निकल पड़ा हो। किसी ने अपनी भीषण डरावनी भुजाओं की ओर देखा जो कि पराक्रमी शत्रुजनों के मन को भी डरा देने वाली थीं। कोई धनुर्धर अपने धनुष की डोरी को खींच रहा था। वह ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों इन्द्र-धनुष वाला नवीन मेघ ही हो। कोई भी (नरश्रेष्ठ) अपने वश में न था। यद्यपि किसी ने कवच धारण नहीं किया था, फिर भी पुलकित वदन होने के कारण वे अपने को कवच धारण किया हुआ जैसा मान रहे थे। कोई दुर्धर महायुद्ध में अपने मन को लगाये हुए तत्काल ही हाथी के कन्धे पर सवार हुआ और किसी ने अपने शरीर पर त्राण (ढाल) लेकर मन में यह विचार कर प्रतीप (उल्टा) छोड़ा कि—"लौह का बना हुआ यह अंगरक्षक मेरे प्रभु के प्रयोजन को भलीभाँति पूर्ण करेगा।"

---

(24) (4) क्षोभितः।

(25) 1. अ.ब. °स्य।

घत्ता— इय एक्केण पहाण परिधावहि भड समेर किर।
तो तहिं केव चवंति मा वच्चहु भो थाहु किर।। 236।।

(26)

कोवि अजउ भड्डुयउ समरंगणे परियाणहुँ मा मुज्झहो णियमणे।
इयरु हरइ किं किण्हहो भामिणि रूविणि-सिसु पहल गइ-गामिणि।
ता रणभेरि तुरिउ अप्फालिय णं सुहडहँ भवित्ति संचालिय।
अइरोसद्ध [1]वीर परि सक्किय जे संगाम-साएहिं आसंकिय।
5 अद्धक्किय सकज्ज मेल्लेविणु गयरायंगणम्मि वच्चेविणु।
धीर-पयंड-चयंड रण-[2]भर धर[3] सेल्ल-भुसंढि-खग्ग-पहरण किर।
केवि कुमार कुद्ध संचल्लिय पय-भारेण वसुंधर डोल्लिय।
केहिमि कवउ भडहिं णियउरे किउ अहिणव-रण-रसेण कुद्दिवि गउ।
हणु-हणु-हणु णरवर जयंतिवि णिग्गय पुरहँ पउलि पेल्लंतिवि।
10 घत्ता— सव्वर तूर सय दिण्ण सज्जिय रहवर गय तुरया।
मिलिय णरिंद असेस पवणुद्धय महाधया।। 237।।

घत्ता— इस प्रकार निश्चयपूर्वक एक-एक करके जब प्रधान भट समर की ओर दौड़ने लगे, तभी वहाँ कोई-कोई कहने लगे "मत जाओ हे भाई, रुक जाओ? ।। 236।।

(26)

रणभूमि के लिये प्रयाण की तैयारी, हवा में महाध्वज अँगड़ाइयाँ लेने लगा

कोई अजय भट समरांगण में (प्रतिपक्ष से) बोला— "(अपने को) पहिचान। अपने मन में मोहित मत हो। कृष्ण की पहिली भामिनी गजगामिनी रूपिणी का अपहरण रूपिणी-शिशु (प्रद्युम्न) को छोड़कर अन्य कोई कैसे कर सकता है?" तभी तुरन्त ही रणभेरी बज उठी। उसने मानों सुभटों की भावनाओं को ही संचालित (चंचल) कर दिया।

अनेक वीर शक्तिशाली तथा जो संग्राम के स्वाद में शंका रहित थे वे अत्यन्त रोष से भरकर अपने-अपने निजी कार्यों को अधूरा ही छोड़कर (उलटे भड़काने वालों से) रणांगण में बचकर चल दिये। रण में दुर्द्धर प्रतापी, धीर, प्रचण्ड कोई कुमार सेल, भुसुण्डि, खड्ग, प्रहरण, धारण कर क्रोधपूर्वक चले, जिनके पद-भार से पृथिवी डोल उठी। किन्हीं भटों ने निज वक्ष पर कवच धारण किया और वे अभिनव-रण के रस से कूदते, उछलते चले। वे नरवर "हनो, हनो, हनो" चिल्लाते हुए तथा प्रतोली (द्वार) को पेलते हुए नगर के बाहर निकले।

घत्ता— सैकड़ों प्रकार के सभी बाजे बज उठे, श्रेष्ठ, रथ, हाथी, घोड़े सजाये गये। सभी नरेन्द्र परस्पर में मिले और पवन में महाध्वज अँगड़ाइयाँ लेने लगा।। 237।।

---

(26) 1. अ. °धी। 2-3. अ. दुद्धर।

(27)

मय-जलेण रेल्लाविउ महियलु उवरि वलग्ग जोह कय कलयलु।
[1]गंधुवंत[2] पवणइँ पेल्लिय घण संचल्लिय गय घड जुज्झण मण।
हरि खुर खोणि खणंत पधाइय हिलिहिलंत भुवणयले ण माइय।
पंच-वण्ण वर-धयहिं पसाहिय[(1)] दिव्व-महारह रहियहि[(2)] वाहिय।
5 ता रउद्दु रणवर पवज्जिउ णं अयक्कुइ[(3)] जलणिहिं गज्जिउ।
विज्जाहर सविमाणु सुणहयले चल्लिउ चाउरंगु-बलु महियले।
ता दुनिमित्त समुट्ठिय अंतरे णं चवंति मालग्गहु रणभरे।
रसइ-रिट्ठु सिव फिक्कारइ णिरु णडइ कवंधु वि विक्खोलइ करु।
कुहिण्णि छेउ पयडइ फण जंतहँ गिद्ध-पंति थिय णरवइ छत्तहँ।

!0 घत्ता— इय अणिमित्त महंत हरि विरुद्धु अवगण्णइँ।
अइ वेहाविय चित्तु भणु जयम्मि को मण्णइँ।। 238।।

---

(27)

रण-प्रयाण के समय होने वाले अपशकुनों से हरि-कृष्ण का चित्त विह्वल हो उठा

हाथियों ने मदजल से पृथ्वीतल में रेला (प्रवाह) कर दिया। योद्धागण कल-कल करके ऊपर उछलने लगे! जूझने की मन वाली, हाथियों की घटा इस प्रकार चली मानों प्रलयकारी झंझावात के द्वारा पेले गये काले मेघ ही हों। खुरों से पृथ्वी को खोदते हुए तथा हिलहिलाते हुए घोड़े इस प्रकार चले कि वे भुवनतल में समा नहीं रहे थे। रथवाहकों द्वारा उत्तम पंचरंगी ध्वजाओं से मण्डित दिव्य महारथ तैयार किया गया। रौद्र रणतूर बजा, मानों अकस्मात् ही समुद्र गरज उठा हो। विद्याधरगण आकाशमार्ग से अपनी चतुरंग सेना सहित महीतल की ओर चल पड़े। उस आकाश एवं महीतल के मध्य वह विद्याधर-समूह ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों द्युमणि-सूर्य ही हो और जो मानों उन्हें कह रहा हो कि रण के झमेले में क्या पड़ रहे हो? कौवे काँव-काँव शब्द कर रहे थे, शिवा (शृगाली) लगातार फिक्कार रही थी और कबन्ध (धड़) हाथ फैला-फैला कर नाच रहे थे। जाते हुए कुहनी के छेदों से व्रण प्रकट होने लगे और नरपतियों के छत्रों पर गृद्ध पंक्ति बैठने लगी।

घत्ता— इस प्रकार हरि—कृष्ण के विरुद्ध अनेक अनिमित्त—अपशकुन माने गये। जिनसे चित्त अत्यन्त विह्वल हो उठे। कहिए, कि संसार में कौन किसको क्या समझता है?।। 238।।

---

(27) 1-2. अ. णं जुयंत।

(27) (1) मंडिय। (2) रथवाहै। (3) अकस्मात्।

(28)

एत्तहिं कुसुम-रसेण तुरंतइँ रायणंगणे जायवि विहसंतइँ।
मुणिपय पुरइं-मुक्कलहु मायरि पणवइ [1]सा सविणय णिय भायरि।
सुण्हइं अहिवायणु सासुहे किउ ताम मयणु रण महि मंडेवि थिउ।
कण्हहो-वलु णिएवि सणद्धउ गंजोल्लि मणेण मयरद्धउ।
5 हरिसेण दोसम्मु णिम्मिउ साहणु विज्ज-पहावइँ हय-गय-वाहणु।
ते जि चिण्ह सिंगार जि तेवर पडिणरिंद इव णरवर किंकर।
भड-भडहिमि समाण णिरु णिम्मिय समर सज्ज होएवि सयल थिय।
केवि धावंति वीर जय लालस पुणु वलंति पहु आण परव्वस।
णिय-णिय मंदिर वरि जुवईयणु अवलोयंतु चवइ दुम्मिय मणु।
10 हा-हा-हा पयंड जग सुंदर मरिहीसंति अकारण णरवर।
इय णिसुणंत वयणु तिय-विंदहो परिधाइय चमु रणे गोविंदहो।

घत्ता— भिडिय परोप्परु बेवि सेण्ण समरे रेहंति कह।
विप्फुरंत रुंजंत वा वरमड सीहु जह।। 239।।

---

(28)

अपने नभोयान में, विद्या के प्रभाव से प्रद्युम्न रूपिणी को छोड़कर गोविन्द—कृष्ण से दुगुनी सेना एवं साधन निर्मित कर युद्ध-भूमि में कृष्ण-सेना से जा भिड़ता है

इसी बीच कुसुमशर (प्रद्युम्न) ने तुरन्त ही गगनांगण में जाकर हँसते हुए अपनी माता (रूपिणी) को मुनि (नारद) के चरणों के सामने छोड़ दिया। उसने भी अपने भाई को विनय सहित प्रणाम किया। बहू ने सास का अभिवादन किया। तत्पश्चात् मदन (लौटकर) रणभूमि को माँड कर स्थिर हो गया। कृष्ण की सेना को सन्नद्ध देखकर उस मकरध्वज का मन गूँज उठा। विद्या के प्रभाव से उस प्रद्युम्न ने कृष्ण की सेना से द्विगुणित सेना एवं हय, गय, वाहन आदि साधन तैयार कर लिये। इतना ही नहीं उसने कृष्ण की सेना के समान वैसे ही चिह्न, शृंगार-सजावट, नरवरों के समान प्रतिनरेन्द्र, किंकर भी कर लिये। भटों के समान भट बना लिये जो सुसज्जित होकर समर में खड़े हो गये। (उनमें से) कोई-कोई वीर जय की लालसा से दौड़ने लगे। किन्तु प्रभु की आज्ञा के परवश होकर उन्हें लौटना पड़ा। अपने-अपने महलों पर युवतिजन उन्हें देखती हुई दुःखी मन होकर कहने लगीं—"हा-हा-हा, प्रचण्ड एवं जगत में सुन्दर (अनेक) नरवर अकारण ही इस (युद्ध) में मरेंगे।" महिलाजनों के इस प्रकार के वचन सुनकर भी गोविन्द—कृष्ण की सेना युद्धक्षेत्र की ओर झपटी।

घत्ता— रणभूमि में परस्पर में भिड़ी हुई दोनों सेनाएँ किस प्रकार सुशोभित हो रही थीं? उसी प्रकार जिस प्रकार कि स्फुरायमान एवं गरजता हुआ तथा (गजों को—) विदारता हुआ भट—सिंह सुशोभित होता है। ।। 239।।

---

(28) 1. ब णा।

इय पज्जुण्ण-कहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए बुह रल्हण सुवे कइ सीह विरइयाए पज्जुण्ण-वसुएव-संगाम-वण्णण णाम **बारहमी संधी** परिसमत्तो। ।। संधी: 12 ।। छ।।

पुष्पिका

जात: श्री जिनधर्म्मकर्म्मनिरत: शास्त्रार्थे सर्व्वप्रियो,
भाषाभि: प्रवणश्चतुर्भिरभवत् श्रीसिंहनामा कवि:।
पुत्रो रल्हण पण्डितश्च मतिमान् श्री गुर्ज्जरागोमिह,
दृष्टिर्ज्ञानचरित्रभूषिततनुर्वंशे विशाले वनौ।। छ।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली बुधरल्हण के पुत्र कवि सिंह द्वारा विरचित (प्रस्तुत प्रद्युम्न-कथा में "प्रद्युम्न-वासुदेव का संग्राम वर्णन" नामकी **बारहवीं सन्धि** समाप्त हुई।। सन्धि: 12।। छ।।

पुष्पिका— कवि-परिचय

श्री जिनधर्म-कर्म निरत, शास्त्रार्थ में सर्वप्रिय चतुर्विधभाषाप्रवण, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान एवं सम्यग्चारित्र से विभूषित शरीर वाला तथा गुर्जर प्रदेश की विशाल भूमि के गुर्जरवंश में उत्पन्न सिंह नामक (सुप्रसिद्ध) कवि हुआ जो पण्डित रल्हण का मतिमान् पुत्र था।। छ।।

तेरसमी संधी

(1)

ध्रुवकं— किण्हहो कुसुमसरो वलहँ रणआढत्तु घोरु सुपयंडहँ।
हय-खुरहँ रहँ गय णर पयहँ उच्छलिउ[1] लग्गु वंभंडहँ।। छ।।

रेहइ थिउ अंतरेविहि सेण्णहँ जयलुद्धहँ अइ-उण्णय[2] मण्णहँ।
णउ सारइँ मा रणु मडहो मुवहु कोहु पहरणइ मिछंडहो।
रण-डिंडिम-रवेण[3] आहासइ 'रयहो[4] अयाणु कण्हु[5] इय भासइ।
महो वयणेण चवहि कड-मद्दणु अवरुंडेहिं झत्ति णिय-णंदणु।
तुज्झु जि किं अवसरु एउ समरहो सुर-विसहर-णर दरसिय डमरहो।
इय जंपंतु विरउ रणे पेल्लिउ करि कवोल मय सल्लिइं रेल्लिउ।
सुहडहँ अहिणव-वण रुहिरेण वि हय-मुह-गलिय पउर फेणेण वि।
चप्पिउ एउ महारउ चक्कइँ अवरु वि जो रिउ रण उहे थक्कइँ।
वारइ कहिमि कोवि मज्झत्थउ सो पावइ इय विविहावत्थउ।

तेरहवीं सन्धि

(1)

रण-वर्णन — समरभूमि में दोनों शत्रु-सेनाओं के बीच की अन्तर्भूमि की दुखद अवस्था का कवि द्वारा मार्मिक-चित्रण

ध्रुवक— कृष्ण की सेना और कुसुमसर—प्रद्युम्न की सेना ने घोर प्रचण्ड रण आरम्भ किया। घोड़े खुरधरों (घोड़ों) से, गज गजों से, नरप्रवर नरप्रवरों से और पदाति पदातियों से ब्रह्माण्ड तक उछल-उछल कर लड़ने लगे।। छ।।

जयलुब्ध अति उन्नत मनवाले दोनों सैन्यों के बीच में स्थित अन्तर सुशोभित हो रहा था। वह (अन्तर ही) मानों कृष्ण से कह रहा था कि क्रोध का त्याग करो, प्रहरणास्त्रों को छोड़ो, लड़ने मरने-मारने में कोई सार नहीं। अथवा रण में डिण्डिम-रव के माध्यम से ही मानों वह कह रहा था कि हे कृष्ण, तुम अपनी विजय में अजान ही हो (अर्थात् तुम विजेता नहीं बन पाओगे)। अथवा वह अपने महान् (उच्च) स्वर (वचन) से कह रहा था कि हे कंस-मर्दन, तुम युद्ध का त्यागकर शीघ्र ही अपने (प्रतिपक्ष रूपी) नन्दन का आलिंगन करो। देवेन्द्रों, नागेन्द्रों एवं नरेन्द्रों को भयंकर रूप दिखाने वाले हे कृष्ण, क्या यही अवसर तुम्हारे लिये युद्ध करने का है? इस प्रकार कहते हुए तथा रण से विरत रहते हुए भी उस (अन्तर) को रण में पेल दिया गया। हाथियों के कपोल मद जल से भीग गये। सुभटों के अभिनव व्रण, रुधिरों से भर गये, घोड़ों के मुख से गलित प्रचुर फेन से भूमि भर गयी। महारथों के चक्रों तथा और भी जो रिपु रण-भूमि में खड़े थे, उनसे यह पृथिवी चँप गयी। जो कोई कभी मध्यस्थ बनकर किसी को रोकता है, वह इसी प्रकार की विविध अवस्थाओं को प्राप्त करता है।

---

(1) 1. अ. ब. ज०

(1) (1) धूलीरउ। (2) दोषर्वतानाम। (3) शब्देन। (4) रजः जगद्वयस्य कथयति। (5) एष कृष्ण-अजानः।

घत्ता— मिलियइँ विण्णिवि साहणइँ किय कलयलइँ पवड्ढिय कोहइँ।
वाहिय णिय-णिय वाहणइँ दट्ठोट्ठ पडिवल संखोहइँ।। 240।।

(2)

चउप्पदी— इय पहरंत रणंतरे णरवइ कुद्धमणा[1]
णियहि णहंगणे रण-रस विहसिय अमरगणा[2]।
पढम भिडम्मि भिडंतहिं आहवे दुव्विसहिं
सघर धराधर समुद[3] वि कंपियसयलमहिं।। छ।।

5 कहिं जोहेहिं - जोह णारायहिं दलवट्टिय फणिंद-सम कायहिं।
कहिमि रहेण-रहु वि मुसुमूरिउ स-हउ[4] स-सरहि स-धउ वि चूरिउ।
कहि धाणुक्कु रुद्धु धाणुक्कइँ फारुक्कु वि कहि रिउ फारुक्कइँ।
आस[5]वारु घर पडिय सवारइँ मयगलु-मयगलेण अणिवारइँ।
खलिउ कोंत करु-कोंत सहायइँ पहणिउ कोवि केण गय-घायइँ।
10 केसइँ लेवि कोवि अच्छोडिउ केणवि कहो सिर-कमलु वि तोडिउ।

घत्ता— दोनों के साधन (सेनाएँ) मिले, दोनों पक्षों के भट कल-कल करने लगे, उनका परस्पर में क्रोध बढ़ा। दोनों पक्षों ने अपने-अपने वाहन तैयार किये तथा प्रतिपक्षों ने क्षुब्ध होकर अपने ओठों को काट लिया।। 240।।

(2)

प्रतिपक्षी सेनाओं का तुमुल-युद्ध। कबन्धों का पराक्रम

चतुष्पदी—इस प्रकार राजागण क्रुद्धमन होकर रण में प्रहार कर रहे थे। आकाश में रण-रस से हँसते हुए देव-गण उन्हें देख रहे थे। प्रथम भिड़न्त में भिड़ते ही दुर्विषास्त्रों से वे आहत हो रहे थे और इस प्रकार भवन, पर्वत, समुद्र सहित समस्त पृथिवी कम्पित हो रही थी।। छ।।

कहीं फणीन्द्र समान काय वाले तथा अत्यन्त तीक्ष्ण वाणों द्वारा योद्धागण योद्धाओं के दल को रौंद रहे थे, कहीं रथ ने रथ को चूर कर दिया। कहीं घुड़सवारों ने घुड़सवारों को घोड़े एवं ध्वजा सहित चूर-चूर कर डाला। कहीं धानुष्कों ने धानुष्कों को रोक दिया। कहीं पदाति फारुकों (तीक्ष्ण फरसा चलाने वालों) ने शत्रु-फारुकों को रोक दिया। असवार असवारों पर टूट पड़े। हाथी अनिवार हाथियों से जा भिड़े। हाथों में कुन्त रखने वाले कुन्त के आश्रितों पर छूट पड़े। कोई किसी के गज के आघात के द्वारा हना गया। किसी ने किसी के केश पकड़कर उसे पछाड़ दिया। किसी ने किसी का सर-कमल तोड़ दिया, कोई वज्रमुष्टि के प्रहारों से ढुक गया। कोई सारभूत असिधेनु (छुरी) लेकर लड़े। किसी ने किसी सुभट को ऊपर झुला दिया और लात मारकर उसे आकाश में घुमा दिया। कोई भट व्रणों की वेदना से पीड़ित होकर रोने लगे। कटे हुए सिर इस प्रकार गिर रहे

---

(2) (1) क्रोधवसानु। (2) देवसमूह। (3) समुद्रासकल पृथिवीकर्षिता।
(4) सघोटकं, (5) असवार सजुगत भू:।

केवि ढुक्कु परिमुट्ठि[6] पहारहिं असिधेणु वहि केवि णिरु सारहिं
केणवि कोवि सुहडु आयामिउ चलण हणेवि णहंगणे भामिउँ।
वावरंति केवि वण-वेय[1]णउर[7] पडियहँ सिरे कुसुम इमि घिवहिं सुर।

घत्ता— कासुवि सिरु महियले पडिउ अवगण्णिवि धडु संचलिउ।
महो भुवदंड सहाइँ किं एण[8]वि जो रिउ मिलिउ।। 241।।

(3)

चउप्पदी— केणवि सत्तिवि सज्जिय कारणे रिउ जयहो,
केणवि दसणुप्पाडिय मय मत्तहो गयहो।
केणवि ससरु-सरासणु कासु विहंजियउ[1]
केणवि णियरहु लेविणु पडिरहु भंजियउ।। छ।।

वेहंडवि[2] घयदंड विहंडिय मुडिय छत्त-चमरहिं महि मंडिय।
गय-घय घुलिय ढुलिय महि णिवडिय भड-थड भिडिय दडिय णिरु दवडि[3]य।
कडयड खेण पलोट्टिय रहवर ता सिउ [1]संकुस्सु सेसु कंपिय धर।
रसिय सुतसिय खसिय कायर-णर भमिय-दमिय हय-थट्ट सुखरखुर[4]।

थे मानों देवगण आकाश से पुष्प-वर्षा कर रहे हों।

घत्ता — किसी का सिर (कट कर) महीतल में पड़ गया तो भी उसकी अवगणना कर उस का धड़ (यह सोचकर) आगे चलता रहा कि "मेरी सहायक मेरी महान् भुजाएँ ही हैं (सिर नहीं), अत: आगे जो भी रिपु मुझे मिलेगा, उसी का वध इनके द्वारा करूँगा।" ।। 241।।

(3)

तुमुल-युद्ध

चतुष्पदी—किसी ने रिपु को जीतने के लिए शक्ति सुसज्जित की। किसी ने मदोन्मत्त गज के दशन (दाँत) उखाड़ लिये। किसी ने बाण सहित धनुष ले लिया, किसी ने किसी को भग्न कर दिया। किसी ने अपना रथ लेकर प्रतिरथ को तोड़ दिया।। छ।।

ध्वज खण्डों को खण्ड-खण्ड कर नष्ट कर दिया गया। टूटे हुए छत्रों एवं चमरों से मही मण्डित हो गयी। गजों की घटा घूमने लगी, लुढक कर पृथिवी पर गिरने लगी। भटों के समूह डट कर भिड़ने लगे और पड़ने लगे। कट-कट शब्द करने वाले अस्त्र द्वारा रथवर उलट दिए गए। उससे शिव एवं शेषनाग सशंकित हो उठे। पृथिवी काँप उठी। रसिक जन त्रस्त हो उठे। कायर जन खिसया गये। तीक्ष्ण खुर वाले घोड़ों के समूहों को घुमा-घुमा कर दमित कर डाला गया। जिन नरवरों के सिर, पैर एवं हाथ नष्ट हो गये, उनके कबन्ध नाचने लगे और घूम फिर कर परस्पर में टकराने लगे। उन प्रचण्डों के शरीर के कवच टूट-टूट कर (भूमि पर) पड़ने लगे। और (बिना कवच के) मिल-मिलकर एक दूसरे के शरीर के खण्ड-खण्ड करके चूर करने लगे।

---

(2) 1. अ. ब. °णा।
(3) 1. अ. ससंकु।

(2) (6) वज्रमुष्टि। (7) वेदना आतुर। (8) सिरेण = सिंह।
(3) (1) दोखंडीकृतम्। (2) खंडीकृतम्। (3) दविटना। (4) तीव्र।

णडिय कवंध खुडिय सिर पयकर चलिय-वलिय अण्णोण्णु वि णरवर।
10 तुडिय[5]-पडिय तणु-ताण पयंडहँ मिलिय खलिय तणु-खंड विहंडहँ।
खुत्त-गुत्त रस वसमइ कद्दमे रेल्लिय रुहिर जलइँ रणे-दुद्दमे।
वणिय धुणिय णिहणिय असि-घायहिं दलिय-मलिय वियलिय वे भायहिं।

घत्ता— हय-हिंसइँ मयगल गज्जियइँ सुहडहँ कलयल सद्दइँ।
णं रसिउ क[2]यंतएं मुक्खिएण विसरिस तूरइँ णद्दइँ।। 242।।

(4)

चउप्पदी— इय अप्पंपरि थिय रणे किण्हहो किंकरइ,
सेल्ल-भल्ल वा वल्लहँ आऊरिउ सरहँ।
भग्गु-लग्गु उम्मग्गहँ मणसिय सेण्णु कह अमरह,
महिउ महंतउ सायर सलिलु-जह।। छ।।

5 णवणिसिय णिविड वाणासणे रिउ पव्वयहँ णाइँ वज्जासणे।
परिपेसंति जोह जग दुद्धर उट्ठिय मंथवंत कायर-णर।
मुक्क-हक्क-लल्लक्क भयंकर णिहणिय वणिय चउव्भुव किंकर।

उस दुर्दम रण में कटे हुए गुप्त रस-वसा-मेद रूपी कर्दम आदि रुधिर रूपी जल में बह रहे थे। असि के घातों से दोनों ही दलों के योद्धा घायल हो रहे थे, धुने जा रहे थे, मारे जा रहे थे, दले जा रहे थे, मले जा रहे थे एवं विकल किये जा रहे थे।

घत्ता— घोड़े हींसते थे, मदोन्मत्त हाथी गरजते थे, सुभटों के कल-कल शब्द हो रहे थे। मानों रसलोलुपी भूखे कृतान्त (यमराज) ने विसदृश (प्राण-लेवा) तूर-निनाद ही कर दिया हो।। 242।।

(4)

तुमुल-युद्ध। कृष्ण अपने भटों को सावधान कर स्वयं अपना रण-कौशल दिखलाते हैं

चतुष्पदी—इस प्रकार कृष्ण के किंकरों ने रण में अपने को स्थिर करके उसे सेल, भाला, बल्लम एवं बाणों से आपूरित कर दिया। इस कारण मनसिज-प्रद्युम्न की सेना उन्मार्ग में भागने लगी। भागते समय वह कैसी लग रही थी? उसी प्रकार जिस प्रकार की अमरों से पूजित महान् सागर का जल बहकर उन्मार्ग की ओर जाने लगता है।। छ।।

तब कृष्ण किंकरों ने शत्रु सेना को नवीन तीक्ष्ण सघन बाणों के आसन पर पटक दिया। ऐसा प्रतीत होता था मानों पर्वतों पर वज्रासन ही गिर पड़ा हो। जगत में दुर्द्धर (कृष्ण) के योद्धागण धक्कम-धुक्की कर रहे थे। जिस कारण शस्त्रधारी कायर-मनुष्य (गिर-गिरकर) उठ रहे थे। चतुर्भुज (कृष्ण) के भयंकर किंकर हाँक छोड़ते शत्रु-सैन्य को ललकारते थे, मारते थे और (उन्हें दूर) हटा देते थे। मारकर ही खिसकते थे। सैकड़ों को जर्जर

---

(3) 2. ब. "ध"।

(3) (5) त्रुटित

हणेवि पसक्कहिं किय सय जज्जर चक्केहिमि कप्पिय उर-सिर-कर।
जुण्ण तिणहो समाणु तणु मण्णिवि पहरहिं णिय जीवउ अवगण्णिवि।
पच्चारंति कण्ह किं सेरउ हणु-हणु पउरि सुदेक्खहिं तेरउ।
सीराउह उवडिय भड गोंदले किं वावरहि ण वड्ढिए कंदले।
भीम-भयंकर गय दरिसावहि पहणहिं पच्छ तुरंतउ आवहि।
सुणि सहएव वीररस-रंजिय पयडहिं असिफरु जे रिउ गंजिय।
णउल णिहालहिं कोंतम करयले अवर वि जे णरवइ किण्हहो वले।
ते एक्केक्कमेक्क दुव्वोलिय असरिस सत्थ-पहारहिं पेल्लिय।

घत्ता— अद्धइंद पहरेहिं छिण्ण छत्त किं सीसहिं।
णहे भमंत णिवडंत चंदविंद इव दीसहिं।। 243।।

(5)

चउप्पदी— केणवि कोवि णिवारिउ खंचहि णिययकरु,
मा णिट्ठुर स पहारइएँ हणहि एहु णरु।
कपंतु वि अवलोयहि पहरण वज्जियउ,
कायरु-मणे विणु मणे वरभडु वज्जियउ।। छ।।

कर देते थे। चक्राकार अस्त्रों द्वारा हृदय, सिर और हाथ काट डाले। अपने शरीर को जीर्ण तृण के समान समझकर तथा प्राणों की अवगणना करके वे (शत्रु-सैन्य) पर प्रहार करते थे। कृष्ण अपने सेवकों को चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे थे—कि शिथिल क्यों हो रहे हो, मारो, मारो। आगे के शत्रुओं को भलीभाँति देखो। हे सीरायुध, तुम भटों के यूथ में उतरो। यदि कन्दल में वृद्धि न हो तो व्याकुल होने से क्या लाभ? हे भीम, भयंकर गदा दिखाओ। प्रहार बाद में करना, अभी यहाँ तत्काल आओ वीर रसरंजित हे सहदेव, सुनो, जो रिपु को गाँज देने वाला है, उस असिफर (छुरी) से (शत्रु-सैन्य पर) प्रहार करो। हे नकुल, अपने हाथ के कुन्त की ओर देखो। (इसी प्रकार) कृष्ण की सेना में और भी जो-जो नरपति हैं वे भी तैयार रहें। इसी प्रकार दुष्ट बोली वाले मिलकर एक दूसरे को कठोर वचन बोलने लगे कि असदृश शस्त्रों के प्रहारों से पिल पड़ो।

घत्ता— अर्धचन्द्र (कृष्ण) के प्रहारों से छत्रों की क्या कहें (असंख्य) शीर्ष भी कट-कट कर गिरने लगे। वे ऐसे दिखायी देते थे, मानों आकाश में घूमते हुए चन्द्र-वृन्द ही गिर रहे हों।। 243।।

(5)

कृष्ण की चतुरंग सेना नष्ट होने लगी

चतुष्पदी—किसी (भट) के द्वारा कोई दूसरा (भट) दूर हटाया गया और उसके द्वारा उसे कहा गया कि "उस बेचारे की ओर से अपना हाथी खींच, इतना निष्ठुर मत बन, अपने प्रहार से उस नरभट को मत मार, देख वह अस्त्ररहित होने से काँप रहा है।" पुनः अपने मन में उसे कायर मानकर उसने (अन्य) वर भटों को भी डाँटा।। छ।।

इय कोवग्गि[1] जलिय णरणाहहँ रइउ महा[1]हउ वाहिय वाहहँ।
मग्गु ण लद्धु पडिय गय-गत्तहँ कप्पिय[2] कुंभयलहँ कर-दंतहँ।
भग्ग-रहेहिं मग्गु संचारु वि वड्ढिउ रुहिर-महण्णउ फारु वि।
किलिकिलंत वेयाल पणच्चिय जोइणि-गण वस-कद्दम चच्चिय।
पलया लद्धुवि सिव पुक्कारइ हुव रसोइ णं जमु हक्कारइ।
दुद्धर-सर घोरणिहिं समाहय कहिवि मयंग महुव कप्पिय हय।
चूरिउ-चाउरंगु-वलु कण्हहो भुवणेकल्ल मल्ल जय-तण्हहो।
मोहिय-मोहणेण दिव्वत्थइँ मुणिउ पवंचु ण णरवइ सत्थइँ।
णिव णिवडिय भीमज्जुण महि-मंडले हा-हा रउ उट्ठिउ णह-मंडले।
पडिय जमल[3] णं जम गोयरि [2]किय वियलिउ सी[4]रि पणट्ठिय हरि सिय[5]।
सुडहहो उवरि सुहडु हयवरि हउ रहहो उवरि रहु गयहो महागउ।
णरवइ वरि णरिंद सर-सल्लिय थिय जीविय विमुक्क णउ चल्लिय।

घत्ता— किंकर सयण सहोरहँ णिहयहँ रेहइ किण्हु कह।
णं असहाउ भमंतु एक्कल्लउ भवे जीउ जह।। 244।।

इस प्रकार कोपाग्नि में जल कर नरनाथ—राजाओं ने अपने-अपने घोड़ों को सुसज्जित कर महासंग्राम प्रारम्भ किया। रणभूमि में आये हुए गजों के शरीरों से मार्ग अवरुद्ध था। शत्रुओं ने उनकी सूँड एवं दाँत तोड़ डाले। टूटे रथों से मार्ग संचार भी भग्न हो गया। रुधिर का विशाल समुद्र बढ़ गया। किलकिलाते हुए बेताल नाचने लगे। योगिनी-गण वसा रूपी कर्दम से चर्चित होकर नाचने लगे। माँस की लोलुपी शृगाली पुकार रही थी। मानों यमराज को बुला-बुलाकर कह रही हो कि रसोई तैयार हो गयी है। आओ—आओ। "कहीं तो दुर्द्धर बाणों की नोकों से मारे हुए हाथी पड़े थे और कहीं कटे हुए घोड़े पड़े थे। जय की तृष्णा वाला जो कृष्ण भुवन में अकेला मल्ल समझा जाता था। उसी कृष्ण का चतुरंग दल-बल चूर दिया गया। प्रद्युम्न के मोहन नामके दिव्य अस्त्र ने सबको मोहित कर दिया। कृष्ण के नरपतियों ने प्रद्युम्न के इस शस्त्र के प्रपंच को समझा ही नहीं। महीमण्डल में जब भीम, अर्जुन राजा भी गिर पड़े, तब नभमण्डल में हाहाकार मच उठा। नकुल-सहदेव जुगल मल्ल भी पड़ गये, मानों वे यम के गोचर ही हो गये हों। सीरी (बलदेव) भी जा गिरा। मानों हरि—कृष्ण की शोभा ही नष्ट हो गयी। सुभट के ऊपर सुभट, घोड़ों के ऊपर घोड़े, रथ के ऊपर रथ एवं गज के ऊपर महागज चढ़ गये। नरपति एवं नरेन्द्र बाणों से विंध गये और प्राण छोड़कर वहीं निश्चल हो गये।

घत्ता— किंकर, स्वजन एवं सहोदरों के नष्ट हो जाने पर कृष्ण कैसा सुशोभित हो रहा था? उसी प्रकार जिस प्रकार कि असहाय यह जीव भव में अकेला घूमता-भटकता रहता है।। 244।।

---

(5) 1. ब. °ग्गि। 2. ब. गि०।

(5) (1) संग्राम। (2) अ. दलित। (3) अ. नकुल-सहदेवौ। (4) बालि-बलदेव। (5) शोभा।

(6)

चउप्पदी— अवलोयइ चउपासहि महु-महु जहिं जि जहिं,
णर करंक उक्कुरडइ पेछइ तहिं जि तहिं।
अइ-परिहउ असहंतु करिंदहो उयरि वि,
झत्ति वलग्गु महारहि धणुहरु करे करेवि।। छ।।

पंडवाइ जं णिहिय वर भडा णिएवि गहिर अइ-रुहिर रणे छडा।
तासु रोसु महुमहु प[1]राइउ कहिमि पाव वच्चहिं अघाइउ।
फण कडप्पु फणिवइहिं ताडए सुर-करिस्स को दसण मोडए।
पलय-पवणु पवहंतु वालए णिय वलेण महिवीढु टालए।
कवणु जलहिं चुलुएण सोसए हुववहोब इंधणेण तोसए।
को पयंडु जमदंडु खंडए मंए समाणु रणु कवणु मंडए।
इय भणेवि धणु झत्ति सज्जिउ गुण-रवेण णं उवहि गज्जिउ।
पूरियं पि जल-थल सुणहयलं कंवु-सरेण किय अमर कलयलं।
सर-सएहिं सछण्णु मणमहो साउहो ससेण्णो विसहरहो।

---

(6)

तुमुल-युद्ध-पराजित बल, हरि महागज-छोड़कर महारथ पर सवार होते हैं

चतुष्पदी—मधुमथन (कृष्ण) चारों पार्श्वों से जहाँ-जहाँ भी देखता था वहाँ-वहाँ नर करंकों को उत्कट रूप से रोते हुए ही देखता था। अपने अत्यधिक परिभव को सहन न कर वह हाथी से उतरा और धनुष-बाण हाथ में लेकर झट से झपट कर रथ पर जा चढ़ा।। छ।।

रण-क्षेत्र में पाण्डवादि जो महाभट मरे (जैसे) पड़े थे, उनको भी अत्यन्त गहरे रुधिर से लथपथ देखकर रोष सहित दौड़ कर मधुमथन वहाँ जा पहुँचा। वह पाप वचनों से नहीं अघा रहा था। (अर्थात् अधिक पापवचन बोलते हुए वह तृप्त नहीं हो रहा था)। (वह गरज-गरज कर कह रहा था कि) मुझ फणपति के कड़कड़ाते फण को कोई तोड़ सकता है? ऐरावत हाथी के दाँतों को कोई मोड़ सकता है? (उस कृष्ण के वेग में आने के कारण ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों उस रणभूमि को) प्रवहमान प्रलयकालीन (प्रचण्ड) वायु जला डालना चाहती हो। उस (कृष्ण) ने अपने बल से पृथिवी तल को टलटला दिया। समुद्र को चुल्लू से कौन सुखा सकता है? ईंधन से अग्नि को कौन सन्तुष्ट कर सकता है? प्रचण्ड यमदण्ड को कौन खण्डित कर सकता है? रणभूमि को मेरे समान कौन माँड (रच) सकता है? ऐसा कह कर (उस कृष्ण ने) धनुष को तत्काल ही सज्जित किया। उसकी ज्या के शब्द से ऐसा प्रतीत हुआ मानों समुद्र ही गरज उठा हो। उस ध्वनि ने जल, थल एवं आकाश को भर दिया। (यह देखकर) अमरों ने शंख के स्वर से कोलाहल किया और सैकड़ों बाणों से प्रद्युम्न के सैन्य को ढँक

---

(6) 1. अ °घा।

णिएवि ताउ सकसाउ दुद्धरे भुवण डमरु विरयंतु रण भरे।

15 घत्ता— ता मेल्लेवि महाकरि वल णिज्जिय हरि लहु आरूढु महारहि।
अंवरे सुर-रमणिहिं जिय णह दुमणिहिं चवइ व किं होसइ सहि।। 245।।

(7)

चउप्पदी— पुणु पभणिज्जइ सरेण स सारहि।
आयावसि हरि सरहु स सारहि।।
कायरहो वि म रहवरु वाहहि।
थिरु विक्कमहि तेण हय-सारहि।। छ।।

5 जह सरेण रहु अहि मुहु किज्जइ तह केसव-सरीरु पुलइज्जइ।
फंदइ दाहिणु णयणु सवाहु वि णं कहंति तुव णंदणु एहु वि।
ता सिरिहरेण वि सुउ पभणिज्जइ भोय णउ तुज्झु गुज्झु रक्खिज्जइ।
हणिय सुहड णिहणिय भड-रह-गय कवलिय-दलिय सयण सहयर सय।
समर सज्जु थिउ अइरिउ दुम्महु इय मंगलु किं जंपइ महु महु।

दिया। यह देख कर उस मन्मथ (प्रद्युम्न) ने भी विषघ्न आयुधों से ससैन्य उस कृष्ण सेना को ढँक दिया। उस दुर्धर रण-भार को क्रोध-कषाय पूर्वक देखकर उस कृष्ण ने भुवन को कम्पित कर देने वाला डमरु (रणभेरी) बजाया।

घत्ता— निर्जित बल (सेना) वाला हरि (कृष्ण) महागज छोड़कर तत्काल ही महारथ पर सवार हुआ। (अपने सौन्दर्य-तेज से) नभ-सूर्य को भी जीत लेने वाली सुर-रमणियाँ आकाश में कहने लगीं कि "अब क्या होगा, अब क्या होगा?"।। 245।।

(7)

समर-भूमि में दाएँ अंगों के फरकने से कृष्ण को किसी मंगल-प्राप्ति की भावना जागृत होती है

चतुष्पदी—पुन: स्मर (प्रद्युम्न) ने अपने सारथी से कहा—"सुशिक्षित घोड़े जुते हुए अपने सारभूत रथ को चलाओ।" कायर होकर रथ मत हाँकना। (यह सुनकर) उस सारथी ने भी धैर्यपूर्वक एवं अवसरानुकूल उस हय-रथ को हाँका। ।। छ।।

जैसे ही स्मर ने रथ को कृष्ण के सम्मुख किया, वैसे ही केशव का शरीर पुलकित हो उठा। दाहिना नेत्र फड़कने लगा। साथ में दाहिनी भुजा भी फड़कने लगी। मानों वे कह रहे हों कि यही तो (सम्मुख आया हुआ) तुम्हारा नन्दन है। तब उस श्रीधर (कृष्ण) ने भी उस पुत्र (प्रद्युम्न) से कहा—हे जन, तुम अपने को गुप्त ही रखे रहे, इस कारण अपने सुभट मारे गये, भट मारे गये, रथ एवं गज नष्ट हो गये। सैकड़ों हजारों स्वजन कवलित एवं दलित कर दिये गये। भयानक शत्रुओं के लिये भी दुर्दमनीय समर की रचना की। ये मंगल बार-बार क्या सूचना दे रहे हैं? मेरा दायाँ नेत्र एवं भुजा फरक रही है एवं देह भी बार-बार पुलकित हो रही है। यह

जं फंदइ महो णयणु सवाहु[1] वि वार-वार पुलइज्जइ देहु वि।
ता मारुवि[2] पडिवयणु पयंपइ तुज्झ पयावें को णउ कंपइ।
रिउ णिहणेसहिं जित्त महाहव रूविणि तुज्झ मिलेसइ माहवि।
इय अण्णोण्णु सुमहुरालावहिं आहासंति वेवि [1]सुहभावहिं।
ता तइलोक्क दमणु सुमहंतउ तो णा भुव दिढु वद्ध तुरंतउ।
थिउ सव डम्मुहु रण-महि-मंडवि चवइ कण्हु मच्छरु भणे छंडवि।

घत्ता— हियय कलत्तहो पाणपिय णिय सयण भड-हय-गय-रहवर।
तो णउ तुववरि कोहु महो हवइ ण किं जाणमि पर।। 246।।

(8)

चउप्पदी— [1]लहु समप्पि महो पिययम मणहरि।
णेहंधुवि आहासइ इय हरि।।
जे मुअ ते मुव किं करणिज्जइ।
जाहि म तुव [2]वलु रणउहे[1] झिज्जइ।।

सुणेवि हसंतु पयंपइ मारु वलुद्धरु-दुद्धरु जो जयसारु।

सुनकर मार (मदन) ने भी प्रत्युत्तर में कहा—"आपके प्रताप से कौन नहीं काँपता? महायुद्ध को जीतकर (जैसे ही) आप शत्रु को मारेंगे। वैसे ही हे माधव, आपको रूपिणी मिल जायगी।" इस प्रकार शुभ-भावना पूर्वक वे दोनों ही परस्पर में मधुरालाप करने लगे। तभी, त्रैलोक्य-दमन करने वाला तथा दृढ़ भुजबन्ध वाला वह महान् कृष्ण तुरन्त ही सभी के सम्मुख रण में आसन माँडकर स्थित हो गया और (प्रद्युम्न) से बोला — अपने मन के मत्सर को छोड़ो।

घत्ता— प्राणों से भी प्रिय मेरी कलत्र का अपहरण कर दिया, अपने स्वजन, भट, हय, गज एवं रथवरों को भी नष्ट कर दिया, तो भी तुम्हारे ऊपर मुझे क्रोध नहीं हुआ, क्योंकि मैं तुम्हें कोई दूसरा नहीं मान रहा हूँ।" ।। 246।।

(8)

प्रद्युम्न कृष्ण को पराजित कर उसे आत्म-समर्पण की सलाह देता है, किन्तु उसकी अस्वीकृति पर वह (प्रद्युम्न) अपना धनुष खींच लेता है

चतुष्पदी—पुन: स्नेहान्ध उस कृष्ण ने (प्रद्युम्न से) कहा—"अब तुम मेरी मनोहरी प्रियतमा (रूपिणी) मुझे शीघ्र ही सौंप दो। जो (किंकर) मर गये सो मर गये (अब उनके लिए) क्या किया जाय? (अच्छा, अब) जाओ तुम्हारी सेना को रणभूमि में जूझने की आवश्यकता नहीं।" ।। छ।।

कृष्ण का यह कथन सुनकर दुर्धर बलधारी एवं जो जगत में सारभूत है वह मार (प्रद्युम्न) हँसता हुआ

---

(7) 1. ब मु।

(8) 1. ब तं। 2. ब च।

(7) (1) अ भुजा। (2) अ प्रद्युम्नः।

(8) (1) रणसमूहे।

कहिंपि ण दीसइ एत्थु सणेहु चवंतहँ हासउ लोयहँ एहु।
विहंजिय भंजिय दिव्व-हयोह णिहोडिय मोडिय-रहवर जोह।
दिसिव्वल दिण्ण णरिंद करिंद जमाणणु पत्त सहोयरविंद।
महा-भड वीर रणम्मि समत्त[2] [3]मणोहर इट्ठ सुहित्त कलत्त[4]।
परं जुव वंधुहो एरिस लील कहेहि वि[5]वक्खुहु केहिय कील।
ण सक्कहि-थक्कहि छंडहि चाउ[3] म वोल्लहि-मेल्लहि एहु पलाउ।
चएहि महाहउ दूसहु अज्जु तुमंपि सभज्ज छलेण ण कज्जु।
तउ रिउ वयण विलक्खिउ वित्तु हरिव्वहु आसणु जेम पलित्तु।
चडाविवि-चाउ पिसक्क सएहिं पिहंतु णहंगणु वज्ज मएहिं।
जलंपि थलंपि णहंगणु तंपि सो मग्गु-अमग्गु ण पूरिउ जंपि।

घत्ता— ता मयणेण णिएविणु णं सावण-घणु हरिसरेहिं वरिसंतउ।
आयड्ढेवि धणुहरु परिहग्गल करु थिउ अहिमु[6]हुं वि तुरंतउ।। 247।।

बोला—"यहाँ (इस समरभूमि में) तो मुझे स्नेह कहीं भी दिखायी नहीं दे रहा है।" इस प्रकार कहकर उस (प्रद्युम्न) ने लोगों को हँसाया। पुन: उसने कहा—"जिसने दिव्य हय-समूह विभक्त कर भग्न कर दिये, दिव्य रथ-समूह निहोड़ (तोड़) डाले, योद्धागणों को मरोड़ डाला, नरेन्द्रों को (अज्ञात) दिशाओं में ठेल दिया। करीन्द्र भी नष्ट कर दिये, सहोदर वृन्द, यम के मुख को प्राप्त करा दिये। महाभट वीर रण में समाप्त हो गये। मनोहर एवं इष्ट कलत्र जनों के हृदय भग्न कर दिये। किन्तु (एक दूसरे के लिए अनजान) इन बन्धुओं की ऐसी लीला है, तब कहो कि शत्रुओं की कैसी क्रीड़ा होती होगी? यदि तुममें सामर्थ्य नहीं हो तो ठहरो, जाओ चाप छोड़ दो, (बढ़-चढ़कर) बोलो मत, यह प्रलाप बकवास भी छोड़ दो। इस दूषित महासंग्राम को भी आज ही छोड़ दो और तुम भी भार्या सहित हो जाओ। अर्थात् तुम मेरे सामने आत्म-समर्पण कर दो तो मैं तुम्हारी भार्या को तुम्हें सौंप दूँगा। इसमें छल प्रपंच का काम नहीं है। रिपु (प्रद्युम्न) के वचन सुनकर हरि व्याकुल-चित्त हो गया जिस तरह अग्नि भभकती है, उसी तरह हरि अपने आसन पर ही भड़क उठा, उसने चाप को चढ़ाकर वज्रमय सैकड़ों शरों के द्वारा नभ रूपी अंगण को ढँक दिया। जल, स्थल एवं नभांगण का ऐसा कोई भी मार्ग-अमार्ग नहीं बचा, जिसको उन शरों ने न पूर दिया हो।

घत्ता— तभी मदन (प्रद्युम्न) ने देखा कि हरि कृष्ण श्रावण-मास की घन-वर्षा के समान ही बाण-वर्षा कर रहा है। तभी ऐरावत हाथी की सूँड के समान बाहु वाला वह मदन तुरन्त ही अपना धनुष खींचकर उसके सम्मुख हो गया। ।। 247।।

---

(8) 3-4. अ. ×। 5. अ. प', ब' सिं'। 6. ब' सु'।

(8) (2) समाप्त। (3) धनुष।

(9)

चउप्पदी— अद्धइंद लहु लेवि पमुक्कउ।
चंचलु-विज्जु-दंडु इव ढुक्कउ।।
छिण्णु-सरासणु कण्हहो करि थिउ।
णं णिद्दइ वहं धणु दइव हउ।।

रोसंधएँ विंभिय माणसेण धणुहरुवि गहिउ जा अवरु तेण।
ता छिण्णउ रूविणि तणुरुहेण पुणु हसिउ विछण्ण-ससि सम मुहेण।
भणु-भणु पइँ एउ विणाणुवरु कहिं सिक्खिउ को किर तुज्झ गुरु।
तुहुँ पहु जायवहिमि पंडवहँ कुरुहिमि किय रिउ सर मंडवहँ।
णिरु अत्थ-सत्थ संगरि णिउणु जगे विरइय कित्तिहि तणउ गुणु।
णिय धणुहु वि रक्खहु ण उतरही अस भद्दु चित्तो मा वावरही[1]।
जो रण भड-थड-कड णउ सहइ सो किं जीवहुँ जगे णउ लहइ।
तुव कंजु ण भज्ज सहोयरहँ किं करहि णरिंदह सहयरहँ।
जा जाइवि जीवहि भुंजि सुहु इय उवहसियउ असहंतु दुहु।
हरिमणे कोवाणलु पज्जलिउ दिक्करि-करि अहिमुहु जि चवलिउ।

---

(9)

प्रद्युम्न कृष्ण के धनुष को छिन्न-भिन्न कर उन्हें ललकारता है। कृष्ण भी पुनः प्रद्युम्न पर आक्रमण करते हैं

चतुष्पदी—अर्धचन्द्र (धनुष) शीघ्र ही लेकर, क्रोधित वह चचंल (मदन) विद्युदण्ड की तरह घुसा और कृष्ण के हाथ में स्थित धनुष को छिन्न कर स्थित हो गया, मानों निर्दय दुर्दैव ने ही उसे नष्ट कर दिया हो।। छ।।

रोषान्ध उस कृष्ण ने विस्मित मन होकर दूसरा धनुष-बाण ले लिया। तब पूर्णमासी के चन्द्रमा के समान उस रूपिणी पुत्र ने हँसकर उसे भी काट डाला और बोला—"हे विज्ञान प्रवर (कृष्ण), तुम यह तो कहो कि यह धनुष चलाना तुमने कहाँ सीखा है? कौन तुम्हारा गुरु है, तुम यादवों के एवं पाण्डवों के स्वामी हो, तुमने कुरुभूमि में रिपु को शर-मण्डपों से आच्छादित किया था। तुम शास्त्रार्थ एवं संग्राम (दोनों) में ही निपुण हो। तुमने अपने कीर्त्तिमान गुणों से जगत को प्रकाशित किया है। किन्तु अब अपने धनुष की रक्षा करो। तुम्हारे उत्तर की आवश्यकता नहीं। इस प्रकार भद्र चित्त होकर चुपचाप मत बैठो। जो भट समूह रण में सुशोभित नहीं होता वह इस संसार में जीवित रह कर क्या करेगा? तुम्हें अपनी भार्या, सहोदर, सेवकों, नरेन्द्रों एवं सहचरों के जीवित रहने से क्या प्रयोजन? अब तू अकेला ही जा और जीवित रहकर सुखों का भोगकर।" इस प्रकार कहकर उस प्रद्युम्न ने कृष्ण का उपहास किया। कृष्ण प्रद्युम्न के उस उपहास का दुःख सहन न कर सके। वह अपने मन में कोपानल से प्रज्ज्वलित हो उठा और दिक्करी की सूँड के समान तथा अहिमुख के समान चपल भुजाओं वाला

---

(9) (1) प्रवनं।

&15 आयामिउ मणमहु महुमहेण भिउडच्छि करालहँ जम णिहेण[2]।
णव णिसिय सुणिच्छिडहँ सरसएहिं हउँ वम्म-पएसहु दुज्जएहिं।
अवरेद्धउ अवरे आयवत्तु रहु सहउ ससारहि महि समत्तु।
परियणु पहि राउ रुव णिय गत्तु वेवंतु[3] वलंतु वि जीव चुतु।

घत्ता— वेढिउ चउ पासहिं वाण सहासहिं रइवरु रेहइ समरे कह।
20 विसहरहँ असेसहँ सव्व पएसहँ णं कालायरु रक्खु जह।। 248।।

(10)

चउप्पदी— ता अवरहि रहे चडेविणु।
णियवउ[1] किण्ह समउ पयडेविणु।।
पेछिवि हरिणा णिय रहु खंचिउ।
माया-विहणं को जइ[2] वंचिउ।। छ।।

5 ता मुणिऊण पवंचु वि कण्हइँ रण रसिएण सु जयवहु तण्हइँ।
[1]सुइ विइयरु-रहु दिव्व-महारहि चडेवि तुरंतइँ वुत्तु स[2]सारहि।
रहवरु वाहि-वाहि लहु तेत्तहिं मायारउ-रिपु दीसइ जेत्तहिं।

वह कृष्ण उसके सम्मुख चल दिया। उस मधुमथन—कृष्ण ने यमराज के समान भृकुटि तानकर, विकराल आँखों से उस मन्मथ—प्रद्युम्न (की शक्ति) को तौला और नवीन तीक्ष्ण सैकड़ों दुर्जय बाण प्रद्युम्न की ओर मारे। किसी के ध्वज, ~~किसी~~ के छत्र और किसी के साथी सहित रथ पृथिवी में समा गये। मार्ग में परिजनों एवं राजाओं के रूप बदल गये और काँपते, लड़खड़ाते हुए उन्होंने प्राण छोड़ दिये।

घत्ता— समर में चारों ओर से (कृष्ण के द्वारा छोड़े गये) सहस्रों बाणों द्वारा वेष्टित वह रतिवर—प्रद्युम्न किस प्रकार सुशोभित हो रहा था? उसी प्रकार, जिस प्रकार कि समस्त प्रदेशों में व्याप्त विषधरों वाला कालागरु-वृक्ष सुशोभित होता है।। 248।।

(10)

कृष्ण ने आग्नेयास्त्र छोड़ा तब प्रद्युम्न ने भी उसके विरुद्ध तैयारी की

चतुष्पदी—तब उस प्रद्युम्न ने अपने रूप को कृष्ण के समान प्रकट किया और शीघ्र ही वह दूसरे रथ पर चढ़ा। माया-विधान द्वारा किसी के द्वारा ठगा जा रहा हूँ, यह देखकर कृष्ण ने भी अपना रथ खींचा।। छ।।

तब जय रूपी वधू के प्यासे रणरसिक दिव्य महारथी कृष्ण ने प्रपंच जानकर अपना पूर्व रूप छोड़ा और तुरन्त ही दूसरे रथ पर चढ़कर अपने सारथी से बोला—"रथवर को वेग पूर्वक वहाँ हाँको–हाँको जहाँ मायारिपु दिखायी दे रहा है।" ऐसा कहकर उसने धनुष पर डोरी चढ़ाई और शंख ध्वनि की। वह (शंख ध्वनि) ऐसी प्रतीत हुई मानों समुद्र ही गरज उठा हो। भट-वृन्दों ने कोलाहल किया। आकाश को फोड़कर झुका देने वाला तूर-निनाद

---

(9) (2) सदृशेन। (3) कम्पायमान।

(10) 1. अ मु। (2) ब मा।

(10) (1) शरीरु। (2) एषः मृतः।

एम भणेविणु धणु गुण सज्जिउ कंवु-रवेण उवहि णं गज्जिउ।
किउ कलयलु वर भडयण विंदें फुट्टण मणु णहु तूर-णिणद्दें।
सुमरिउ हुव व हत्थु ता ढुक्कउ पंकयणाहें लेवि पमुक्कउ।
हुंकारेण पत्तु तं साहणु वेढेविणु हय-गय-रह-वाहणु।
पुणु पज्जलिउ जलणु गुरु जालहिं उड्ढिर णिविड फुलिंगो मालहिं।
णह-धूमेण अमर संदाणिय[3] गय काय रणउ केणवि जाणिय।
फुट्ट तडत्ति वंस धय-छत्तहँ लग्गु जलणु हय-णर-गय-गत्तहँ।
काहमि जलइ णरिंदहँ णि वसणु तुट्टिवि पडइ काहं वर-भूसणु।
सिहिणा संताविउ सयलु-वियलु णियवि ताम मयणु वि कयरण छलु।

घत्ता— दप्पब्भडु थिउ विहडप्फडु भमइ सेणु उव्वेविरु।
वड्ढिय सुपहायइँ धणुह सहायइँ कामइँ साहारिउ थिरु[3]।। 249।।

(11)

चउप्पदी— वारुणत्थु[1] पुणु मुक्कु पयत्तइँ।
रत्तुप्पल-दल दीहर-णेत्तइँ।।
महुसूअणहो[2] सेण्णवरि चल्लिउ।
पलय-समुद्दु णाइँ उच्छल्लिउ।। छ।।

किया गया। तब कृष्ण ने आग्नेयास्त्र का स्मरण किया। उसके प्राप्त होते ही (हाथ में) लेकर छोड़ा। वह आग्नेयास्त्र हुँकार भरता हुआ प्रद्युम्न के साधनों के पास पहुँचा और उसके हय, गज, रथ-वाहनों को घेर लिया। पुनः उसकी बड़ी-बड़ी ज्वालाओं से अग्नि प्रज्ज्वलित हो उठी। उससे निविड़ फुलिंगों की मालाएँ उठीं। आकाश धूम से भर गया। देवगण सन्तप्त हो उठे। रण में कितने लोग गतकाय हो गये (मारे गये) यह कौन जानता है? ध्वजा-छत्रों के बाँस तड़ से टूटने-फूटने लगे। हयों, मनुष्यों एवं गजों के शरीर जलने लगे। कृष्ण की ओर से युद्ध करने वाले राजाओं के वस्त्र जलने लगे। कृष्ण के श्रेष्ठ आभूषण टूटकर गिरने लगे। इस प्रकार जब भयानक अग्नि से सन्तप्त होकर सभी जन विकल हो उठे, तब उसे देखकर मदन ने भी रण-पद्धति में छल से कार्य किया।

घत्ता— दर्भ से उद्भट, विकट एवं दूसरों को उद्विग्न करने वाली (प्रद्युम्न की) सेना वहाँ भ्रमण करने लगी। बढ़े हुए सुप्रभाव वाला तथा धनुष की सहायता से वह कामदेव (प्रद्युम्न) भी वहाँ सम्भल कर स्थित हो गया।। 249।।

(11)

प्रद्युम्न ने वारुणास्त्र छोड़ा, उसके विरुद्ध कृष्ण ने अपना पवनास्त्र छोड़ा

चतुष्पदी— तब लालकमल-पत्र के समान दीर्घ नेत्र वाले उस मदन ने प्रयत्नपूर्वक वारुण (जल) अस्त्र छोड़ा, जो मधुसूदन की सेना की ओर चला। वारुणास्त्र का वह जल प्रलयकालीन समुद्र के समान उछालें भरने लगा।। छ।।

---

(10) 3. अ वलु।

(10) (3) पीड़िता।

(11) (1) मेघबाण। (2) नारायणस्य।

सो होएवि महाघण सण्णिहु भुवणोयरु पूरंतु णिहिलु णहु।
गज्जइ गडयड-रउरव णद्दइँ तडयडंत तडिवि सरिस सद्दइँ।
पंचवण्णु उत्तंगु सुसोहणु वलय वि सक्क-चाउ[1] मणमोहणु।
मुसलायारहँ-धारहँ वरिसइ णं हुववहहो पाण आयरिसइ।
दिम्मुह-मलिण पयंड तमोहु वि रेल्लिउ हरवलु वड्ढि [2]कोहुवि।
महिहिं चहुट्ट चक्क थिय रहवर वुड्डु जलोहें णरवर हयवर।
[3]खुत्त कलहि भड मत्त महागय[4]
. . . . . .
जा केसवेण मुक्क वायत्थु वि वारुणत्थु किउ तेण णिरच्छुवि।
णं जुवंत पवहो हइ पेल्लिउ सवलु सचिण्णु ससाहणु डोल्लिउ।
उद्दाविय धय छत्तायासहो पत्तणिव[3] होइव चमु[4] रइ तोसहो।
णहे णिवडंत विमाण णिएविणु भीसम-सुअ-सुएण चिंतेविणु।

घत्ता— आमेल्लिउ गिरिवरु भीसण दुद्धरु पवणु ते णउ सारिउ।
चूरंतु वि पक्खुवि रणंउहे[5] दक्खु वि णउ पवणेण णिवारिउ।। 250।।

महाघन के तुल्य वह वारुणास्त्र भुवन के मध्य को पूरता हुआ सम्पूर्ण आकाश में भर गया। वह वारुणास्त्र गरजने लगा। गड़गड़ाकर रौरव नाद करने लगा, बिजली के समान तड़तड़ा कर शब्द भरने लगा। आकाश में पंचवर्णी उत्तुंग अत्यन्त सुन्दर एवं मनमोहक गोलाकार इन्द्रधनुष बन गया। उसी समय मूसलाधार वर्षा होने लगी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों वह वारुणास्त्र अग्नि के प्राणों को ही खींच रहा हो। दिशाओं के मुख समूह को मलिन करता हुआ प्रचण्ड अन्धकार समूह रेलमठेल कर रहा था, जिस कारण हरि के सैन्य का क्रोध और भी बढ़ने लगा। मही में रथों के चक्र चहुड कर (धँसकर) जल के प्रवाह में नरवर और हयवर डूबने लगे। भट क्षुब्ध हो उठे, मत्त महागज चिंघाड़ने लगे।

तब केशव ने (अपना) पवनास्त्र छोड़ा जिसने वारुणास्त्र को निरर्थक कर दिया। वह ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों वह पवनास्त्र युगान्तकालीन आँधी द्वारा पेला गया हो। उस पवनास्त्र से प्रद्युम्न की सेना अपने ध्वजा आदि चिह्नों एवं अन्य साधनों सहित डोल उठी। उस रतिवर—प्रद्युम्न की सेना, ध्वजा-छत्र, पत्र-समूह के समान आकाश में उड़ने के कारण त्रस्त हो उठी। पुनः आकाश से गिरते हुए विमानों को देखकर भीषम-सुता रूपिणी का वह पुत्र-प्रद्युम्न चिन्तित हो उठा।

घत्ता— भीषण दुर्द्धर उस पवनास्त्र के छोड़े जाने पर श्रेष्ठ पर्वत उखड़ गये। रणभूमि में उन पर्वतों को प्रत्यक्ष ही चूर-चूर होते हुए देखकर भी कोई उस (पवनास्त्र) को रोक न सका।। 250।।

---

(11) 1. अ. चु.। 2. अ. खो। 3-4. अ.×।

(11) (3) पात्रसमूहवत्। (4) नारायण हर्ष उत्पादकः। (5) संग्राम मार्गे।

(12)

चउप्पदी— ता सहसक्खहो पहरणु मेल्लिउ।
माहवेण गिरिवरु परिपेल्लिउ।।
मुक्क पडीवउ सरेण समत्थइँ।
अरियणु मोहिउ मोहण अत्थइँ।। छ।।

इय एक्केण एक्कु णउ जिज्जइ एक्कें एक्कुणें सत्थें भिज्जइ।
एक्के-एक्कहो वलु ण कलिज्जइ एक्कें-एक्कहो माणु [1]मलिज्जइ।
एक्कें-एक्कु ण रणेउ हट्टइ पहरें-पहरें अवणीयलु फुट्टइ।
[2]पहरें-पहरें ण मम्मु वियट्टइ[3] पहरे-पहरे वंभुडु वि तुट्टइ।
पहरें-पहरें विंभिउ अमरहँ मणे पहरें-पहरें संसिउ विहि रिउ-जणे।
जं दिवत्थु सिरीहरु पेसइ तं लीलएँ रइरमणु विसेसइ।
ता कंसारि चित्तें चिंताविउ केणत्थेण एहु णउ पाविउ।
अइ अच्चरिउ वि किण्णउ लक्खिउ णिय कुलु दिव्व सरहँ जं रक्खिउ।
गय अकियत्थ सत्थ जाणेविणु अइ-कुविएण किवाणु लएविणु।
धाराधरु-सजलु वि णं जलहरु असणि समुज्जलु दिढु जय सिरिहरु।

---

(12)

माधव ने सहस्राक्ष बाण छोड़ा, उसके उत्तर में प्रद्युम्न ने मोहनास्त्र एवं दिव्यास्त्र छोड़े। उनके भी विफल होने पर कृष्ण ने चर्म-रत्न धारण कर कृपाण से युद्ध किया

चतुष्पदी—पुन: माधव ने अपना सहस्राक्ष नामक प्रहरणास्त्र छोड़ा जिससे पर्वत पिल पड़े। तब उस स्मर—प्रद्युम्न ने अपना शक्तिशाली मोहनास्त्र फेंका जिससे अरिजन मोहित हो गये।

इस प्रकार एक से एक नहीं जीत पाते थे। एक के शस्त्र से दूसरे का शस्त्र भग्न हो जाता था। एक से दूसरे का बल नहीं जाना जा रहा था। एक के द्वारा दूसरे का मान-मर्दन किया जा रहा था। एक के द्वारा दूसरा रण से नहीं हटाया जा पा रहा था। उन अस्त्रों के कारण क्षण-क्षण में अवनीतल फूट रहा था। प्रहारों से प्रहर-प्रहर में भवन ध्वस्त हो रहे थे। ब्रह्माण्ड भी टूटता सा प्रतीत हो रहा था। प्रहर-प्रहर में देवों का मन विस्मय से भर उठता था। प्रहर-प्रहर में रिपुजन भी उस युद्ध विधि की प्रशंसा कर रहे थे। जो-जो दिव्यास्त्र श्रीधर—कृष्ण ने भेजे, रतिरमण—प्रद्युम्न उनको लीला पूर्वक निरर्थक कर देता था। तब कंसारी (कृष्ण) ने अपने चित्त में चिन्ता की कि अब किस अस्त्र से इसे पाया जाय? यह देखकर कृष्ण को बड़ा आश्चर्य हुआ कि जिस दिव्य-बाण से अपने कुल की रक्षा की जाती थी वह भी व्यर्थ सिद्ध हो गया। फिर अति कुपित होकर कृष्ण ने कृपाण हाथ में लिया। वह ऐसी प्रतीत हो रही थी मानों धराधर सजल मेघ ही हो, अथवा श्रीधर—कृष्ण की दृढ़ रूप से जय का समुज्ज्वल प्रतीक ही हो। किंकिणी तथा सैकड़ों चमरों से सुशोभित घरघर शब्दों से भरा हुआ

---

(12) 1. अ. °ण। 2-3. अ. ×।

15 किंकिणि-चमर सयहँ सोहिल्लउ घग्घरोलि घव घेविरु सुभल्लउ।
अद्धइंद सय[4]रुइ रेहंतउ जिगि जिगंतु दिणमणि सोहंतउ।
एरिसु चम्मरयणु उरे चप्पिवि ढुक्क तुरंतउ रणउहे कुप्पिवि।

घत्ता— मिल्लेविणु रहवरु स धउ स चामरु देविणु झंप खणद्धइँ।
इय भारइँ णामिय महि णिरु खामिय हरिणावेहाविद्धइँ।। 251।।

(13)

चउप्पदी— थरहरंतु पायालु वि कंपिउ।
गिरि टलटलिय अमरजणु जंपिउ।।
हा-हा-हा भणंत गउ रइवरु।
पुणु रूविणिहँ पवट्ठिउ दुहभरु।। छ।।

5 धाविवि रिउ रहउ[1]रे पउ मेल्लिवि हणइँ जाम असिवरु उच्चलिवि।
ता णिएवि णारएण णहच्छइँ सुर-किण्णर-णर-साव समच्छइँ।
सुंदरयरु विमाणु णहे छंडिवि लहु उयरिवि कण्हु अवरुंडिवि।
जंपइ चारु-चारु जसु लद्धउ णियणंदणु मारहुँ पारद्धउ।
तो हरि रोसाणलु उवसंतउ मुणिणा वयण सलिल संसि[2]त्तउ।

अति उत्तम, भद्र अर्धचन्द्र के समान कान्ति से शोभायमान् सूर्य समान जगमगाता हुआ सुन्दर चर्मरत्न अपने हृदय में चिपकाकर कृष्ण क्रोधित होकर तुरन्त ही रणभूमि में आ ढुका।

घत्ता— ध्वजा एवं चामर सहित रथवर को छोड़कर आधे क्षण में ही झाँप (उछाल) देकर तथा अपने पद-भार से क्षमाशील पृथिवी को उस हरि ने कृपाण के वेध से बींधना प्रारम्भ किया।। 251।।

(13)

कृष्ण का क्रोधावेग देखकर नारद चिन्तित हो उठते हैं और नभोयान से उतर कर पिता-पुत्र का परिचय कराते हैं

चतुष्पदी—(क्रोधित कृष्ण के कृपाण से—) पाताल भी थरथराता हुआ काँपने लगा। पर्वत टलटलाने (हिलने) लगे। देवगण बड़बड़ाने लगे। तब हो-हो-हो करता हुआ रतिवर चला और इससे रूपिणी दुख के भार से भर उठी।। छ।।

वह कृष्ण झपट कर जब रिपु—प्रद्युम्न के रथ पर पैर रख कर उसे मारने के लिए अपना कृपाण उछालता है तभी नभ स्थित नारद ने (यह सब) देखकर देवों, किन्नरों मनुष्यों एवं नागेन्द्रों के समक्ष ही अपना सुन्दरतर विमान आकाश में ही छोड़कर, तत्काल ही उससे उतरकर कृष्ण को आलिंगन में भर लिया और बोले—"बहुत अच्छा, बहुत अच्छा, जो अपने ही पुत्र को मारने का प्रयास कर यश प्राप्त करने जा रहे हो।" मुनि नारद के इन वचन रूपी जल से संसिक्त होकर हरि—कृष्ण की रोषाग्नि जब शान्त हो गई तब नारद ने उसका

---

(12) 4. अ. 'प'।

(13) 1. अ. 'धु'। 2. ब. 'वि'।

जाण सुवड्ढिउ जो संवर-घरे विज्जउ तिण्णि वलग्गउ जसु करे।
सोलह [3]भव्व-लब्भ[4] जें पावियं खगवइ-सुव पयंड रणे णाविय।
भुवणे डमरु[1] अहिहाणु[2] वि वलियउ पंचदसम संवच्छरे मिलियउ।
तुहुमि मयण किं रणु मंडवि थिउ छंडहि रहु साउहु पेछहिं पिउ।
सो असेस णरवरहिं णमंसिउ जसु पयाउ तइलोएँ [5]पसंसिउ।
दुव्विलसिउ परिसेसि मणोब्भुव पणवहि चलण-कमल सुह संभव।

घत्ता— इय आयण्णिवि मुणि-वयणु आणंदिउ पंकयणाहु खणे।
णिएवि सवंधु सेण्ण मरणु पुणु वि पवड्ढिउ सोउ मणे।। 252।।

(14)

चउप्पदी— वियसिय वयणइँ कुवलय णयणइँ।
णियसिर पुहइहिं लायवि मयणइँ।।
चलण जुवलु काण्हहो पणविउ कह।
कुस भडेण णं रामु आसि जह।। छ।।

(प्रद्युम्न) परिचय देते हुए पुनः कहा—हे कृष्ण यह जानो कि वियोग को प्राप्त यह तुम्हारा वह रूपिणी पुत्र प्रद्युम्न है, जो अपहरण के बाद यह कालसंवर नामके विद्याधर के घर में बढ़ा है, जिसके हाथ में तीन (दिव्य) विद्याएँ उपस्थित रहती हैं। जिसने सोलह भव्य लाभ प्राप्त किये हैं, जिसने प्रचण्ड रण में खगपतियों के पुत्रों को भी झुका दिया है, जिसने लोक में बलशाली भंयकर कन्दर्प जैसा नाम भी पाया है, और जो पन्द्रहवें वर्ष में आज तुम्हें मिल रहा है।" (फिर नारद मुनि ने प्रद्युम्न की ओर मुड़कर उससे कहा—) हे मदन, तुम भी रण माँडकर क्यों खड़े हो? आयुध सहित रथ को छोड़ो, (सम्मुख आये अपने) पिता को देखो, जिन्हें सम्पूर्ण नरवर नमस्कार किया करते हैं, जिनका प्रताप त्रैलोक्य द्वारा प्रशंसित है, हे मनोद्भव (मदन) अब इस दुर्विलसित को छोड़कर और कमलमुख सम्भव—कृष्ण के चरणों में प्रणाम करो।"

घत्ता— इस प्रकार के मुनि वचनों को सुनकर पंकजनाभ—कृष्ण तत्काल तो आनन्द से भर आनन्दित हो उठे, किन्तु बन्धु-बान्धवों सहित अपनी सेना का मरण देखकर उनके मन में पुनः शोक बढ़ने लगा।। 252।।

(14)

पिता-पुत्र मिलाप। प्रद्युम्न अपनी दिव्य-विद्या से कृष्ण के मृत बन्धु-बान्धवों को जीवित कर कृतार्थ कर देता है

चतुष्पदी—कुवलय नेत्र वाले उस मदन ने विकसित मुख होकर अपना सिर पृथिवी पर लगा कर कृष्ण के चरण-युगल में प्रणाम किया। किस प्रकार प्रणाम किया, उसी प्रकार जिस प्रकार अतीत काल में कुश-भट ने राम को प्रणाम किया था।। छ।।

---

(13) 3. अ. लद्ध। 4. अ. लाहें। 5. ब. णमं।

(13) (1) भयकरु। (2) कंदर्पनाम।

सुव सरीरु अइ रूविणि वासु वि तेयड्ढु वि णं सूर सहासु वि।
अवलोयवि दिक्करि वर-कर-करु अविरल पुलएहिं पुलइउ सिरिहरु।
सिरि चुंविवि उच्चाइउ णेहइँ वार-वार अवरुंडिवि मोहइँ।
रूवएँ दिहि उप्पाइय णयणहँ आलावेण सोक्खु किउ सवणहँ।
ता णारएण वुत्तु म चिरावहि णिय णंदणु पुर-वरि पइसारहि।
हरि जंपइ सडंगु वलु मारिउ ससहोयर वइवसपुरि पेसिउ।
किं सोहमि हय-गय-रह हीणुवि पुरि पइसमि णरु जेम सुदीणवि।
ता मुणिवरेण चउव्भुव वयणइँ विहसेप्पिणु जंपिउ सहु मयणइँ।
उवसंहरि पवंचहुहो णंदण समर-सूर जय णयणाणंदण।
कुसुम-सरेण जइहि आएसें आणंदेण पवड्ढिय तोसें।
मोहिय जे मोहणेण वरत्थइँ[1](1) उज्जीविय-विज्जा सामत्थइँ।
हय-गय-रहवर उवरि सलग्गवि हलहर पमुह णरिंद समग्गवि।
सारणु(2)-सव्वसाइ-सेविउय(3)रु जमल(4)-दसार कुंभ(5)-कुंभोयरु।
उम्मुच्छिय हय-गयवर[2]-वाहण अण्णोण्णु वि णियंत विंभियमण।

अप्रतिम-सौन्दर्य के निवास-स्थल, सहस्रों सूर्यों के समान तेजस्वी तथा दिग्गज की सूँड समान भुजाओं वाले अपने उस प्रद्युम्न को देखकर श्रीधर —कृष्ण अविरल पुलकों से पुलकित हो उठे। उसका सिर चूमकर उसे स्नेह से भर उठा लिया, मोहित होकर बार-बार उसे गले से लगाया। उसका रूप देखकर अपने नेत्रों में धैर्य उत्पन्न किया और उसके साथ किये गये वार्त्तालाप से कानों को सुखी किया। उसी समय नारद ने (कृष्ण से) कहा—"अब मत देर करो। अपने नन्दन को नगरी में प्रवेश कराओ।" तब हरि ने कहा—"(इस प्रद्युम्न ने) हमारी षडंग-सेना को मार डाला है। भाई सहित स्वजनों को वैवस्वतपुरी (यमपुरी) को भेज दिया है, अतः हय, गज एवं रथों से हीन रहकर मैं क्या शोभा पाऊँगा? जिस प्रकार दीन-हीन मनुष्य नगर में प्रवेश करता है, उसी प्रकार मैं भी अपने नगर में प्रवेश करूँगा।" चतुर्भुज कृष्ण के वचनों को सुनकर मदन के साथ हँसते हुए मुनिवर ने कहा—"हे समरशूर, हे जयवीर, हे नयनानन्दन, हे नन्दन—प्रद्युम्न, अब तुम इस प्रपंच का उपसंहार (समाप्त) करो।" नारद-यति के आदेश से वह कुसुम-शर (प्रद्युम्न) आनन्द से भरकर सन्तुष्ट हुआ तथा उसने अपने मोहनास्त्र से जो (कृष्ण के भट) मोहित हुए थे, उन सभी को अपनी विद्या की सामर्थ्य से जीवित कर दिया। हय, गज एवं रथवरों के ऊपर लगकर हलधर प्रमुख सभी राजा तथा सारण (युधिष्ठिर), सव्यसाची (अर्जुन), वृकोदर (भीम), यमल (नकुल, सहदेव), दशार राज, कुम्भ (द्रोण), कुम्भोदर राजा, मूर्च्छारहित हो गये और हय, गजवर एवं वाहनों (रथों) के साथ परस्पर में एक-दूसरे को देखकर आश्चर्य-चकित मन वाले हो गये।

---

(14) 1. अ. नरअत्थें। 2. अ रह।

(14) (1) वायुधेन। (2) युधिष्ठिर। (3) भीम। (4) नकुल-सहदेव। (5) द्रोण।

घत्ता— णिय सुव आगमणे णिरु तुट्ठ मणे आणंदिउ सारंगधरु।
परिपुण्ण मणोरहु वलेण सहुँ दूरुज्झिय णिरु दुह-पसरु।। 253।।

(15)

चउप्पदी— ता गयणंगणे सुरवर विंदइँ।
साहु वाउ किउ णव घण णद्दइँ।
पुण्णाहिउ वि तुहुमि पुहईसर।
जसु एहउ तणुरुहु वि सिरिहर।। छ।।

आणंदाणणेण विहसंतइँ वोल्लिवि तलवरु रूविणि कंतइँ।
कारावियु पुरिसोह तुरंतइँ सम्मज्जाविउ मग्गु पयत्तइँ।
सिंचिउ चंदणरसेण पवित्तइँ विक्खत्तइँ वर रयण विचित्तइँ।
पडिपट्टेहिं माल विरएविणु घरे-घरे गुडि उद्धरणु करेविणु।
कुंकुमेण घरे-घरे छडउल्लउ मोत्तिय रंगावलिउ सुभल्लउ।
तोरण पारियाय पल्लव मय घरे-घरे पुण्ण-कलस पंगणि कय।
दहि-दोवक्खय थालु भरेविणु घरे-घरे जुवइयणु थिउ लेविणु।
घरे-घरे महुरु रूर वाइज्जइ घरे-घरे कण्ह पुत्तु गाइज्जइ।

घत्ता— अपने पुत्र के आगमन से सन्तुष्ट मन वाला वह शारंगधर (कृष्ण) अत्यन्त आनन्दित हुआ और सेना के साथ महान् दुःख को दूर फेंककर पूर्ण मनोरथ वाला हो गया।। 253।।

(15)

कृष्ण के आदेश से प्रद्युम्न के स्वागत के लिए सारा नगर सजाया गया। कृष्ण, रूपिणी, प्रद्युम्न, उदधिकुमारी आदि सभी मिलकर बड़े प्रसन्न होते हैं

चतुष्पदी—तब गगनांगण में सुरवरेन्द्रों ने नवीन घनों के नादों द्वारा साधुवाद किया और कहा—"हे पृथिवीश्वर श्रीधर, तुम अतिशय पुण्य वाले हो, जिसका इस प्रकार का यशस्वी पुत्र है।। छ।।

आनन्दित मुख से हँसते हुए रूपिणी के कान्त (पति कृष्ण) ने अपने तलवर (कोतवाल) से कह कर तुरन्त ही नगरी को प्रयत्नपूर्वक सुशोभित करवाया, मार्गों को साफ करवाया, पवित्र चन्दन-सा सिंचित कराया। चित्र-विचित्र श्रेष्ठ रत्नों को पूर दिया गया। प्रति पट्टों से (कपड़ों की) मालाएँ बनवाकर घर-घर में गुडिका उद्धरण कराया गया। प्रत्येक घर कुंकुम से छिड़कवा दिया गया। मोतियों की भद्र रंगावली पुराई गयी। पल्लवमय तोरण लटकवाये गये। घर-घर के प्रांगण में पूर्ण कलश रखाये गये। घर-घर में दधि, दूर्वा एवं अक्षतों से भराये गये थाल लेकर युवतिजन खड़ी की गयीं। घर-घर में मधुर तूर बजवाये गये। घर-घर में कृष्ण के पुत्र के गीत गवाये गये। त्रैलोक्य में महान् वाटिकाओं से परिपूर्ण विविध परिधियों से विभूषित जो कृष्ण का एक राजकुल था,

जो तइलोय महंतु रमाउलु विविह परिहि भूसिउ हरि राउलु।
दुमदल मालेहिमि उम्मालिउ रंभा-थंभ सयहँ सोहालिउ।
15 ठाइँ-ठाइँ दिव्वंवर छाइउ ठाइँ-ठाइँ जणु कहिंमि ण मायउ।
ठाइँ-ठाइँ वेसहिंमि विसेसइँ णव रसु-णट्ट-णडंति संतोसइँ।

घत्ता— एत्तहिं स सुण्ह भीसमहो सुव हरि-वलहद्द-दसार ससेण्हं।
वम्महँ मेलावइ जं जि सुहु तं तइलोए ण दीसइ अण्णहं।। 254।।

(16)

चउप्पदी— चल्लिउ चाउरंगु-बलु सहरिसु।
हय-गय-घडहं णिरोहिउ दसदिसु।।
पिहिउ णहंगणु छत्त धउयहिं।
दिव्व महारह वाहिय जोयहिं।। छ।।

5 सीराउहु महुमहु एक्क रहे रूविणि ससुण्ह अण्णेक्क रहे।
तणु तेयइँ रंजिय दिसि-णिवहू[1] रेहइ करि-कंधरे उवहि महू।
णं पंचाणणु हिमगिरि सिहरे सिरि संठिउ सिविया जाणवरे।

वह भी वृक्षों के पत्तों एवं मालाओं से अलंकृत केले के सैकड़ों खम्भों से सुशोभित था। प्रत्येक स्थान दिव्य-वस्त्रों से आच्छादित था। प्रत्येक स्थान पर इतने जन इकट्ठे हो गये कि वे कहीं समा नहीं पा रहे थे। स्थान-स्थान पर वेशों से विशिष्ट (बनी-ठनी) नारियाँ सन्तुष्ट मन से नवों रस का नृत्य नाच रही थीं।

घत्ता— इतने में ही बहू सहित भीष्म-सुता—रूपिणी, हरि, बलभद्र एवं सेना सहित दशार राजा का मन (प्रद्युम्न) से मिलाप हो गया। उससे (उन सभी को) जैसा सुख हुआ, वह त्रैलोक्य में अन्य किसी को हुआ हो, ऐसा दिखाई नहीं देता।। 254।।

(16)

प्रद्युम्न एवं रूपिणी सहित कृष्ण गाजे-बाजे के साथ नगर में प्रवेश करते हैं

चतुष्पदी—हर्ष सहित चतुरंग सेना चल पड़ी। हय, गज के समूहों ने दशों दिशाएँ रोक लीं और योद्धाओं द्वारा हाँके गये दिव्य महारथों के छत्रों एवं ध्वजाओं से आकाशरूपी आँगन ढँक गया।। छ।।

एक रथ में हलधर और श्रीकृष्ण बैठे तथा अन्य दूसरे रथ में बहू सहित रूपिणी बैठी। अपने शरीर के तेज से दशों दिशा समूह को प्रकाशित करनेवाला उर्दाधमाला (दुर्योधन-पुत्री) का प्रभु वह कामदेव (प्रद्युम्न) हाथी के कन्धे पर बैठकर सुशोभित हुआ। वह ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों हिमालय के शिखर पर सिंह ही बैठा हो। शोभा-सम्पन्न शिविका (पालकी) में पाण्डव एवं दशारों के प्रमुख राजा बैठे और सुख उत्पन्न करते हुए चले।

---

(16) (1) दिशासमूह।

पंडवहं-दसारहं पमुह णिव सं चल्लिय णिरु उप्पण्ण सिव।
गायणहँ-संगीयहँ गिज्जमाण कामिणि कर चमरहिं विज्जमाण।
10 वेयालिय गणहिं पढंतएहिं खुज्जय वामणहिं णडंतएहिं।
मंगल-तूरहिं रह-सद्दलेहिं वज्जंतहिं पडहहिं मद्दलेहिं।
गज्जिउ करडहँ कडयड रवेहिं हू-हू हूंवतु कंवु व सरेहिं।
रणझण-झणंत झुणि तालएहिं रस कसमसंत कंसालएहिं।
भमंत-भेरि डम-डमिय डक्क खुखुदेंक्खु रत्तु करि सज्जियहु डुक्क
15 वीणासु वंस आलावणीहिं वहु भेय-गीय-रस दावणीहिं।

घत्ता— इय पइसंति स पुरवरे रयणंचिय घरे वरिवलग्गु[2] जुवईयणु।
वोल्लंतहिं हलेसहि माअग्गए रहि वम्महु किम पेच्छमि भणु।। 255।।

(17)

चउप्पदी— काहिमि कुमरु णियंतहिं वड्ढिउ काम जरु।
केणवि कावि भणिज्जइ जेत्तहि मज्झु करु।।
अवलोयहि हे हलेसहि जाणग्गइं सरहि।
सा सक्किय थिय निय जा एयहो मणु हरइ।। छ।।

गाने वाले सुन्दर गीत गाते हुए, कामिनीजन हाथों से चमर ढुराती हुई, वैतालिकगण स्तुति पाठ पढ़ते हुए, कुब्जक वामन नाचते हुए तथा रहस-बधावा (हर्ष-बधाइयाँ) देने वाले दल, मंगल, तूर, पडह तथा मर्दल बाजे बजाते हुए चल रहे थे। करट (ऊँट) कट-कट शब्दों द्वारा गरज रहे थे। कम्ब (शंख) धू-धू धूतु स्वर कर रहे थे। तालों से रण-झण-झणन्त ध्वनि हो रही थी, कंसाल (वाद्य) रस-कस-मसन्त की ध्वनि कर रहे थे। भेरी भम-भम तथा डक्क डमडम शब्द कर रहे थे। सजे सजाये हाथियों पर खुरबुद के खुर (पैर) के समान बाजे हुडुक रहे थे। विविध भेद वाले गीतों तथा रसोद्रेक करने वाली उत्तम बाँस की बनायी गयी वीणाओं के आलाप हो रहे थे।

घत्ता— इस प्रकार जब वे सभी लोग अपने नगर में प्रवेश कर रहे थे, तब (उन्हें देखने के लिये) युवतिजन अपने-अपने रत्नजटित घरों के ऊपर चढ़ गयीं और परस्पर में बोलने लगीं कि—"हे हले, हे सखि, आगे मत रह, मैं मदन को कैसे देख पाऊँगी?"।। 255।।

(17)

नागरिक जनों द्वारा कृष्ण, रूपिणी एवं प्रद्युम्न की प्रशंसा तथा प्रद्युम्न का युवराज पट्टाभिषेक

चतुष्पदी—कुमार को देखते ही किसी कामिनी को काम-ज्वर बढ़ गया। किसी कामिनी ने दूसरी कामिनी से कहा कि—"हे सखि, जहाँ तुम हो वहीं से देखो, मेरे आगे मत सरको।" यह कहकर वह युवती सिसकती (दीर्घ श्वास लेती) हुई जिस ओर से वह मनोहर प्रद्युम्न आ रहा था, उसी ओर जा बैठी।। छ।।

---

(16) (2) अट्टालिका।

इय पउर जणु परोप्परु भासइँ भुविए वड्ढु पहा[1]उ ण दीसइ।
किर उप्पण्णु हरिउ ता असुरें पुव्ववइ रमणे वड्ढिय पसरें।
लेविणु तक्खय गिरितले णिहियउ तहि खगवइ कहि णिय पिय सहियउ।
[2]वण कीलएं गए वालु विलक्खिउ[3] दिण्णु सकंतहे सुंदरु अक्खिउ।
धण्ण सुवण्ण-माल संवर पहु वड्ढिउ जाहमि मंदिरे मणमहु।
पुण्णाहिउ वि छइल्लु वलुद्धरु चिरभवे चिण्णु सु तउ किं दुद्धरु।
तहो माहप्पएण सं[4]जायउ दप्पोब्भड थड विहु णिय कायउ।
जो पच्चक्खु होवि धणु धारउ भुवणत्तय सु पवड्ढिय गारउ।
अइ-सकियत्थ अज्जु भीसम-सुव पउमाण ण मालइ माला भुव।
किं वण्णमि हरि उण्णय मण्णउ जसु एहउ णंदण उप्पण्णउ।
थुव्वंतुवि जणेण जय घोसइँ णिय मंदिरे पइट्ठ संतोसइँ।
अहिसिंचिवि आहरणहिँ अंचिउ सयणोहु वि सभिच्चु रोमंचिउ।

घत्ता— जुवराय पट्टु सिरे वद्धु तहो रेहइ रूविणि तणउ कह।
कणयासणे आसीणु कणयगिरिहि णं सीहु जह।। 256।।

इसी प्रकार पौरजन भी परस्पर में कह रहे थे कि भुवन में ऐसा प्रताप वाला अन्य कोई दिखायी नहीं देता। इसके उत्पन्न होते ही मन में पूर्व-बैर के बढ़ते हुए प्रसार के कारण असुर ने इसका अपहरण कर लिया था और उसे लेकर तक्षकगिरि के नीचे रख दिया था। तभी कहीं से एक खगपति वनक्रीड़ा के लिये अपनी प्रिया सहित वहाँ आया, और उसने उस बालक को देखा तथा उस सुन्दर बालक को (उठाकर) अपनी कान्ता को दे दिया। कालसंवर राजा की वह रानी स्वर्णमाला (कंचनमाला) धन्य है, जिसके भवन में रहकर यह मन्मथ बड़ा हुआ था। वह मन्मथ महान् पुण्यवाला चतुर एवं बल से उत्कृष्ट है। पूर्वभव में इसने दुर्धर तप किया होगा, उसीके माहात्म्य से अत्यन्त रूपवान तथा दर्पोद्भट-समूह को धुन देने वाला हुआ। उसीके प्रभाव से वह प्रत्यक्ष ही धनुषधारी भी हुआ, जिसका गौरव तीनों लोकों में बढ़ गया है। भीष्मपुत्री कमलमुखी रूपिणी भी आज अत्यन्त कृतार्थ है, जो कृष्ण के लिए मालती की माला के समान बन गयी है। और (कवि कहता है कि—) हरि-कृष्ण के उन्नत मान का क्या वर्णन करूँ? जिसका प्रद्युम्न जैसा (सुन्दर) पुत्र उत्पन्न हुआ है। इस प्रकार लोगों द्वारा संस्तुत जयघोष पूर्वक वह कृष्ण प्रद्युम्न के साथ सन्तोष पूर्वक अपने भवन में प्रविष्ट हुआ।

स्वजनों एवं सेवकों को रोमांचित करने वाले आभूषणों से अंचित कर उसका अभिषेक किया गया तथा—

घत्ता— उसके सिर पर युवराज-पट्ट बाँधा गया। तब सुवर्णासन पर बैठा हुआ रूपिणी का वह पुत्र किस प्रकार सुशोभित हुआ? उसी प्रकार जिस प्रकार सुवर्णगिरि (सुमेरु) पर बैठा हुआ सिंह सुशोभित होता है।। 256।।

---

(17) 1. ब. 'प'। 2-3. अ. कीलएहिं विहरंतेहिं पेक्खिउ। 4. ब 'दू'।

इय पज्जुण्ण कहाए पयडिय धम्मत्थ-काम मोक्खाए बुह रल्हण सु॰ कइसीह विरइयाए। पज्जुण्ण-वासुएव-वलहद्द मेलावउ णाम तेरसमी संधी परिसमत्तो।। संधी: 13।। छ।।

पुष्फिया

छंदोऽलंकृति लक्षणं न पठितं नाश्रावित्तर्क्कागमो।
जातं हंत न कर्ण-गोचर-चरं साहित्य-नामापि च।।
सिंह: सत्कविरग्रणी: सम्भवत्प्राप्यं प्रसादं परं।
वाग्देव्या: सुकवित्व जातय जमा मान्यो मनस्वि प्रिय:।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्रकट करने वाली बुध रल्हण के पुत्र कवि सिंह द्वारा विरचित प्रद्युम्न-कथा में प्रद्युम्न, वासुदेव एवं बलभद्र के मिलन का वर्णन करने वाली **तेरहवीं सन्धि** समाप्त हुई।। सन्धि: 13।। छ।।

पुष्पिका — कवि-परिचय

न तो मैंने छन्द, अलंकार सम्बन्धी लक्षण ग्रन्थ ही पढ़े हैं और न तर्क एवं आगम ग्रन्थ ही सुने हैं। मुझे अत्यन्त दु:ख है कि साहित्य नामकी भी कोई वस्तु है, यह भी मुझे कर्णगोचर नहीं हुआ; किन्तु वाग्देवी के श्रेष्ठ प्रसाद (वरदान) को प्राप्त करके ही यह कवि—सिंह कवियों में अग्रणी बन सका है तथा सुकवियों में मनस्वी प्रिय एवं सभी के मध्य सम्मान को प्राप्त हुआ।

चउदहमी संधी

(1)

धुवकं— कुसुमसर कित्ति आयट्ठियउ[1] कणयमाल संवरेण समाणउँ।
आयउ सभज्ज सुव रइ सहिउ मारुववेउ णामु खगरणिउ।। छ।।

ते स-तणय[2] स-वंध स-सहोयर स-वल स-वाहण सयलुज्जोयर।
पेइसारिय णिय मंदिरे कण्हइँ सुवण-वयण-दंसण णिरु तण्हइँ।
दिण्णासण-णिवसण-भूसण सय पाहुण यह पावित्ति सयल वि किय।
हय-गय-कोसु-देसु तहो ढोयउ वार-वार संवर पोमाइउ।
तुहु-महु परम वंधु तुहुँ सहयरु सुव-विउय-दुह महणसु सुहयरु।
सुव णत्तणे तुहु थिउ एक्कल्लउ पइँ मुएवि को तिहुवणे भल्लउ।
कणयमाल-भीस[3]म पहु जायहिं मिलिय स सुव दंसणे सुछायहिं।
पणमिय चलण-कमल रूवए[4] कह वण देवियइमि वणदेवय जह।
ताम पयंपइ महुंमह पणइणि मज्झु जि तुहुमि भाइ चिंतामणि।

चौदहवीं सन्धि

(1)

प्रद्युम्न का यश सुनकर कनकमाला अपने पति के साथ उसे देखने पहुँची। कृष्ण एवं रूपिणी ने उनका बड़ा सम्मान किया

धुवक— कुसुमशर की कीर्त्ति से आकर्षित होकर कनकमाला भी कालसंवर के साथ आ गयी। मरुद्वेग नामक खगराज भी अपनी पत्नी एवं रति नाम की पुत्री के साथ वहाँ आ गया।। छ।।

सुन्दर गात्र वाले अपने पुत्र—प्रद्युम्न के दर्शनों के लिए अत्यन्त उत्सुक उस कृष्ण ने भी पुत्रों, बान्धवों, सहोदरों, सेना, वाहनों तथा समस्त उद्योतक सेवकों सहित उन सबको अपने भवन में प्रवेश कराया तथा उन्हें स्वयं ही आसन एवं सैकड़ों प्रकार के वस्त्राभूषण प्रदान किये। (आगत—) सभी लोगों ने पाहुन जैसी प्रवृत्ति की (अर्थात् भेंट के लिए आते समय अनेक प्रकार के उपहार साथ में लाये) राजा कालसंवर (विद्याधर) भी घोड़ा, हाथी, कोष (उपहार स्वरूप) लेकर आया और प्रदान कर बार-बार प्रमुदित हुआ। (यह सब देखकर कृष्ण ने भावाभिवेश में भरकर उस कालसंवर से कहा—) "तुम ही मेरे परम बन्धु हो, तुम्हीं मेरे सहचर हो, पुत्र-वियोग के महान् दुख का अनुभव करने वाले तुम ही मेरे शुभकारी हो। पुत्र के नर्तन में (बाल-लीला) में अकेले तुम ही (उसके रक्षक) थे। तुम्हें छोड़कर त्रिभुवन में और कौन इतना भला हो सकता है? कनकमाला पुत्र-दर्शन के उत्साह से युक्त भीष्म-पुत्री — रूपिणी से मिली और उसने रूपिणी के चरण कमलों में प्रणाम किया। किस प्रकार? जिस प्रकार कि वनदेव, वनदेवी के चरण कमलों में प्रणाम करता है। यह देखकर मधुमथन की प्रणयिनी

---

(1) (1) आकर्षित। (2) पुत्र पुण्यासह। (3) रुक्मिन्याः। (4) रुक्मिन्याः।

हउँ णिद्दइव वि सुव-सिसु कीलइँ दिट्ठु ण रंगमाणु णिय-लीलइँ।
तुहुँ पुण्णाहि संवर वल्लहि परिपालिउ पइँ अमरहँ दुल्लहि।
तुहु महु आसावेल्लिहि वइ[5] थिय तुहु महो दालिद्दि णियहिं सइसिय।
15 विहु रण्ण[6] वेअ पारि णिवडंतहें तुहुँ जि तरंडउ हुउ वुड्डंतिहें।

घत्ता— इय सुललिय महु रक्खहँ खेयर मिहुणु थुणेवि गय गावइँ।
रूविणि-वसुएवहो सुएण पीणियाइँ णिरु सविणय भावइँ।। 257।।

(2)

ता संवरेण कज्ज गइ जोइय चिरु वित्तंतु वत्त सुणि वेइय[1]।
[1]जहिं-जहिं तुव णंदणु तहिं हय-गय जहिं-जहिं तुव णंदणु महिं रह-धय[2]।
जहि तुव णंदणु तहं मणि रयणइँ जहिंतुव णंदणु तहिं वर-सयणइँ।
जहिं तुव णंदणु तहिं महि-रिद्धी जयलच्छि[2] जि लच्छि वसइँ सिद्धी।

रूपिणी ने कहा—"मुझे तो तुम चिन्तामणि-रत्न जैसी भासती हो, मैं तो भाग्यहीना एवं निर्दया हूँ, जो अपने पुत्र की शिशु-क्रीड़ाएँ देखने से वंचित रही। मैं उसकी अपनी लीलाओं से उसे रेंगते हुए भी नहीं देख सकी। मैं उसे अपनी लीलाओं में रंगा हुआ भी नहीं देख सकी। हे संवरवल्लभे, तुम अतिशय पुण्यशालिनी हो, जो तुमने देवों के लिये भी दुर्लभ इस प्रद्युम्न को पाला। तुम नि:सन्देह ही मेरी आशा रूपी लता के लिए बाड़ी के समान हों, तुम ही मुझ दरिद्रिनी के लिये लक्ष्मी के समान हो। अपार दु:ख रूपी समुद्र में पड़ी हुई मुझे डूबते से बचाने के लिये तुम ही नौका सिद्ध हुई हो।

घत्ता— इस प्रकार (कृष्ण एवं रूपिणी द्वारा) सुललित मधुर अक्षरों से संस्तुत होकर खेचर-मिथुन अपने-अपने गाँव को जाने के लिए तैयार हुए। रूपिणी वासुदेव के पुत्र ने भी अत्यन्त भावनापूर्वक उस मिथुन को प्रणाम किया।। 257।।

(2)

प्रद्युम्न का विद्याधर-पुत्री रति के साथ विवाह

तभी कालसंवर ने कार्य की गति देखकर प्रद्युम्न सम्बन्धी चिरकालीन वृत्तान्त वार्त्ता (कृष्ण आदि उपस्थित सभी के लिये) इस प्रकार निवेदित की—"जहाँ-जहाँ तुम्हारा नन्दन गया वहाँ-वहाँ घोड़े, हाथी पाये। जहाँ-जहाँ तुम्हारा नन्दन गया, वहाँ-वहाँ पृथिवी पर ध्वजा सहित रथ उपस्थित रहे। जहाँ-जहाँ तुम्हारा नन्दन गया, वहाँ-वहाँ उसने मणि-रत्न पाये। जहाँ-जहाँ तुम्हारा नन्दन गया, वहाँ-वहाँ उसने उत्तम शय्या, आसन प्राप्त किये। पृथिवी पर जहाँ-जहाँ तुम्हारा नन्दन गया, वहाँ-वहाँ उसने ऋद्धि पायी। जहाँ तुम्हारा नन्दन है, वहाँ निस्सन्देह ही जयलक्ष्मी एवं सिद्धि निवास करती है। इसकी बार-बार कितनी स्तुति की जाये? जो कुछ इसे सम्भव

---

(1) (5) वाडि। (6) समुद्दे।

(2) 1-2. अ. ×।

(2) (1) कथिता। (2) जयति लक्ष्मी।

केत्तिउ पुणु थणिज्जइ एयहो जं संभवइ ण सुरवर लोयहो।
एव पयंपिवि रइ तहो दंसिय देव-देव णरवरहँ णमंसिय।
मयरद्धयहो एह कुल उत्ती होउ सइव सुरवइहि णिवत्ती।
किज्जउ पाणिग्गहणुमि एयहो णिज्जिय चंदक्कवि तणु तेयहो।
महुमहेण तं वयणु समिच्छिउ सहसा जोइसिंदु आउच्छिउ।
लग्गुग्गमि वासरे णिरु सोहणे रिक्खे सुहावणे असुह णिरोहणे।

घत्ता— विरइउ विवाहु रइ-मणमहहो महुमहेण संवरेण सु तोसइँ।
सिद्धत्थय दहीदूवंकुरहिं जुवईयणु मंगल णिग्घोसइँ।। 258।।

(3)

ताम गव्व-पव्वयमारूढइँ रुवइँ मणि मच्छर णिव्वूढइँ।
जंपिउ सच्चहाम आयण्णहिं मइमि ण तुहुँ तिणसम कहिं मण्णहिं।
धिट्ठि पिसुणि स-केस रक्खि लहु जीवंति ण छुट्टहि एवहिं महु।
जइवि धरेइ सुसरुव सुएउ वि दसदसार संजुउ बलएउ वि।
अह पइसरहि सरणु णियणाहहो अहव सुवहो भाणुहि दिढि-वाहहो।
विज्जाहरवइ भुवणे सुसारउ जइ हले रक्खइ जण्णु तुहारउ।

है वह उत्तम देव लोकों को भी नहीं।" इस प्रकार कहकर कालसंवर ने देवेन्द्रों एवं नरेन्द्रों द्वारा नमस्कृत उस कृष्ण के लिए विद्याधर पुत्री रति को दिखाया और कहा कि—"यह रति नामक कन्या मकरध्वज के योग्य कुलीन कन्या है। उसके लिए सदैव ही सुख की कारण बनेगी। चन्द्र एवं सूर्य के तेज को भी निर्जित कर लेने वाले मकरध्वज का इस कन्या के साथ पाणिग्रहण कीजिए। मधुमथन ने कालसंवर का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और तत्काल ही ज्योतिषीन्द्र से मुहूर्त पूछा। उसने लग्नोदय का अगला दिन अत्यन्त शुभ्र, सुहावना तथा अशुभ निरोधक नक्षत्र वाला बतलाया।

घत्ता— मधुमथन एवं कालसंवर ने शुभ-सिद्धि-सूचक दही, दूब एवं अंकुरों के द्वारा तथा युवतिजनों के मंगल-घोष पूर्वक सन्तुष्ट मन से उस मन्मथ का रति के साथ विवाह करा दिया।। 258।।

(3)

वसुदेव, मधुमथन एवं बलदेव आदि की मध्यस्थता से रूपिणी एवं सत्यभामा का बैर-भाव दूर हो जाता है

प्रद्युम्न का रति के साथ पाणिग्रहण होते ही रूपिणी गर्व रूपी पर्वत पर सवार हो गयी। तब अपने मन में रूपिणी के प्रति मत्सर में डूबी हुई सत्यभामा ने कहा—"सुनो रूपिणी, मेरे समान तुम क्या हो? मैं तुम्हें तृण के बराबर भी नहीं मानती। हे धृष्टे, हे पिशुने, तूने अपने केशों की सुरक्षा इतनी जल्दी ही कर ली? मेरे जीते जी वे इस प्रकार छूट नहीं पायेंगे? यद्यपि बलदेव एवं दस हजार राजाओं के साथ तुम्हारा सुन्दर पुत्र तुम्हारी रक्षा करने वाला है, तो भी या तो तुम्हें अपने नाथ कृष्ण की शरण में जाना पड़ेगा अथवा दृढ़ भुजा वाले मेरे पुत्र भानु को मानना पड़ेगा। भुवन में सारभूत विद्याधर-पति तुम्हारा पिता भी यदि तुम्हारी रक्षा करना चाहे तो भी हे सखि, (वह असमर्थ ही रहेगा क्योंकि) मैं तुम्हारे खल्वाट का भद्रपना दिखाऊँगी ही तथा अपने पैरों

तइ खलि भद्दावणु दंसेसमि णिय-चलणहँ तुह चिहुर मलेसमि।
दुच्छिय इय वयणहिं किर जामहिं आहासइ सुकेय-सुय तामहिं।
काइँ वहिणि किर मइँ पच्चारहि दुत्तयणेण कहहिं किं खारहि।
कहिं तुहुं कहिं तुव सुउ कहि आयउ भणु मरद्दु सुहियए तुव जायउ।
णारएण एहु णरु मायारउ मेल्लिउ तुहु वहहि किं गारउ।
एम चवंति सच्च वसुएवहिँ वारिय महुमहेण बलएवहिँ।
धरि कर कमले सच्च भीसम सुव सीलायर सवणय-गुण-जुव।
सुमहुर-वयण सुट्ठु संजोएवि विणिवि महयर णरहिं पमोयवि।
कारावित्रउ खंतव्वु पयत्तइँ महएविउ थियाउ समचित्तइँ।

घत्ता— ताम असेसइँ णरवरइँ विज्जाहरवइ पुरइँ तुरंतइँ।
पेसिय हक्कारा णियय णर मयण-विवाह कज्जें सिरिकंतइँ।। 259।।

(4)

णिम्मिउ मंडउ विविह पयारहिं कणय-घडिय घण खंभ सुसारहिं।
मरगय-मणि कुंभियहिमि पयडउ पोमराय उच्छालय णिविडउ।
जरड पयंग-पयाउ वहंतिय पुव्व भित्तिवर रवि-[1]मणि मयकिय।

से तुम्हारे सिर के केशों को रौंदूँगी ही।" इस प्रकार दुर्वचन बोलकर जब वह सत्यभामा दुःख से स्थित हुई, तभी रूपिणी सुकेत-सुता से बोली—"क्या है बहिन? दुर्वचनों से मुझे क्यों फटकार रही हो? तीखे वचन क्यों कह रही हो?" तब वह सत्यभामा बोली—"तू ही कह कि तेरा जाया पुत्र कहाँ से आया? अरी मरी कलमुही बोल, तेरा पुत्र कहाँ से आ गया? नारद ने यह मायारत नर (तेरे पास) छोड़ दिया है, जिससे तुम इतना गर्व धारण कर रही हो।" जब वह सत्यभामा इस प्रकार बकझक कर रही थी तभी वसुदेव, मधुमथन एवं बलदेव ने उसे निवारा (रोका) तब सत्यभामा ने भी शीलाचार तथा विनय गुणसम्पन्न उस भीष्म पुत्री रूपिणी के हस्तकमल थामकर, सुमधुर वचनों को भली प्रकार सँजोकर उससे विनय की। इससे महत्तर नरों ने प्रमुदित होकर प्रयत्नपूर्वक उन्हें परस्पर में क्षमा कराया। महादेवी सत्यभामा भी समचित्त होकर स्थित हो गयी।

घत्ता— तब सम्पूर्ण नर प्रधानों एवं विद्याधर-पतियों के नगरों को तुरन्त ही श्रीकान्त (कृष्ण) ने मदन के विवाह की सूचना हेतु अपने विश्वस्त हलकारे (सन्देशवाहक) भेजे।। 259।।

(4)

प्रद्युम्न के विवाह-हेतु विशिष्ट मण्डप का निर्माण किया गया

विविध प्रकार के सुवर्ण-घटित सारभूत ठोस खम्भों से मण्डप का निर्माण कराया गया, जिसमें मरकत-मणि के कलशों एवं पद्मराग मणियों से अत्यन्त भरे हुए थालों को स्थापित किया गया। जरठ (प्रलयकालीन) सूर्य के समान प्रताप को धारण करने वाले उस मण्डप के पूर्व-भाग की दीवार सूर्यकान्त-मणियों द्वारा निर्मित की गयी।

---

(4) (1) सूर्यकान्तमणि।

अवरासा[2] ससि-मणिहिमि णिम्मिय णं छणइंद सो हसइ तहिं थिय।
णील-महाणीलहँ रुइ रिद्धउ उत्तर-दाहिण भित्तिउ सिद्धउ।
चउदुवार अमियासा झरण जहिं वर दिव्व वि लंविय तोरण।
कयली-दंड पउर सोहावणु णिरु विचित्त वित्तहँ मण गवणु।
मोतिय-[1]झंवुक्कहिं रेहंतउ मणि-मऊह दित्तिए मोंहतउ।
छत्त-कलस-धय-दप्पण चमरहिं कुसुम-रस[2]सएँ मंढिउ भमरहिं।
दि[3]व्वाणंवरेहिं पछाइउ तहिं सुर-णर-खेयर-जणु आयउ।
अइ सुविसालु महंतु महाकरु तं सलहेइ कवणु अवहु वि णरु।

घत्ता— जहिं सरहिं भाव णव-णट्ट-रसु गय डिज्जइ सुह-भामिणिहिं।
गमसरि सर भेयहिं गीउवरु गिज्जइ अमर-विलासिणिहिं।। 260।।

(5)

एरिसे सुरेंद गेहयारए णिविट्ठया णरिंद सोहए सारए।
जहिट्ठिराइँ पंडवा सकउरवा महा भडोह भंडणं णिरउरवा।
कलिंग-वंग-गंग-णाड-कीरिया तु[1]रुक्क-ढक्क-मगह-कस्समीरिया।

पश्चिम भाग की दीवार चन्द्रकान्त मणियों द्वारा निर्मित कराई गयी। वह ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों पूर्णचन्द्र ही वहाँ स्थित हो कर हँस रहा हो। उत्तर एवं दक्षिण दिशा की भीतें सुरुचि नील एवं महानील नामक मणियों द्वारा सिद्ध की गयीं। उस मण्डप के चारों दरवाजों पर अमृत झरने वाले दिव्य तोरण लटक रहे थे। कदली-दण्डों से वह मण्डप-भवन, चित्र-विचित्र रूप से अत्यन्त सुशोभित हो रहा था। वह ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों कामदेव का उपवन ही हो। वह मण्डप मोतियों के झुमकों (गुच्छों) से सुशोभित, मणि-किरणों की दीप्ति से मोहक छत्र, कलश, ध्वज, दर्पण, चमर, भ्रमरावलि युक्त पुष्प-मालाओं एवं दिव्य-वस्त्रों से आच्छादित था। उसमें सुर, नर तथा खेचर जन आने लगे। वह मण्डप अत्यन्त विशाल, उन्नत एवं शोभा-सम्पन्न था, उसकी संरचना क्या किसी बुद्धि-हीन व्यक्ति के लिये सम्भव थी?

घत्ता— जहाँ (जिस मण्डप में) मंगलमुखी भामनियों द्वारा नव-नाट्य-रसों के भावयुक्त स्वरों से गम्मतें की जा रही थीं और कहीं अमर-विलासिनियों द्वारा ग, म, स, रे, स आदि स्वर भेद वाले श्रेष्ठ गीत गाये जा रहे थे।। 260।।

(5)

प्रद्युम्न का 500 कन्याओं के साथ विवाह कार्य आरम्भ। इस अवसर पर लगभग 31 देशों के नरेश उपस्थित हुए

इस प्रकार अतीव सुन्दर इन्द्र-विमान की आकृति वाले उस मण्डप में नरेन्द्र-जन बैठे। युधिष्ठिर आदि पाण्डव, भयानक कौरवों सहित महाभटों की भीड़ में बैठे। उनमें से कलिंग, बंग, गंग, णाट (कर्णाटक), कीर, तुरुष्क, टक्क, मगध, काश्मीर, निर्दोष ऋद्धि वाला मालवा, सुप्रसिद्ध वराट (विदर्भ), वोट एवं लाड, आभीर,

---

(4) 1. ब. माणु। 2. ब. "मा"। 3. अ. गि"।

(4) (2) पश्चिमदिशा।

(5) 1. ब. कु"।

तहिंपि अमल-मालवी-सरिद्धिया वराड-वोड-लाडया पसिद्धया।
अहीर-गउड-गज्जणा णराहिवा फुरंत-हार कोंकणा महाहिवा।
अहंगयाल-[2]चंग-कण्ह डेसरा सकच्छयास-सोरट्ठ गुज्जरेसरा।
तिलंग-तिउर-सिंधुआ वलुद्धरा वेलाउला महाहवम्मि दुद्धरा।
ससंभरे-सकेरला समिद्धया महेसरे समुब्भिया सचिंधया।
जोजाहु [3]वास भत्तिवंत सा उहा कण्णउज्ज उत्तराहिवा हयादुहा[(1)]।
सदक्खिणे ससेणि सयल खेयरा समागया कया विवाह आयरा।

घत्ता— इयए णरणाहहँ सुललिय वावहँ कण्हहँ पंचसयइँ वरहँ।
रइ[(2)] कुरु[(3)] सुव सरिसहँ वड्ढिय हरिसहँ कणय-मउड-कंकण करहँ।। 261।।

(6)

मंगलु वि पुरंधिहिं घोसियउ जायव-वलु मणे संतोसियउ।
पुलइयउ सीरि सिरहिरइँ सहु रूविणि परिउसिय णिहय-दुहु।
वज्जंत भेरि पडुपडह वरा कंसाल-ताल-सरि विलि सुसरा।
थु[1]मु थु[2]मिय मुयंग वलास सया वज्जंतिहु-डक्कंगुलि पहया।

गौड एवं गजना (गजनी) के नराधिप, स्फुरायमान हारधारी कोंकण के महाधिप, अहंगयल, चंग, कण्ह, डेसर, कच्छ, आस, सोरट्ठ एवं गुर्ज्जर के ईश्वर—स्वामी दुर्धर एवं महासंग्राम के लिए व्याकुल तिलंग, त्रिपुर एवं सिन्धुक तथा समृद्ध सांभर एवं केरल के महेश्वर अपनी-अपनी ध्वजाओं के साथ उपस्थित हुए। कृष्ण के पुत्र-वियोग से अत्यन्त दु:खी एवं कृष्ण-भक्त कन्नौज के उत्तरवर्त्ती जोजाकभत्ति (जैजाकभुक्ति) नरेश आयुध लेकर आये। प्रद्युम्न के विवाह के प्रति आदर-भावना रखकर दक्षिण-श्रेणी के समस्त विद्याधर राजा भी उपस्थित हो गये।

घत्ता— इस प्रकार स्वर्णमुकुट एवं कंगन-धारी उस नरनाथ प्रद्युम्न का प्रवर्धित हर्षोल्लासपूर्वक विद्याधर पुत्री रतिकुमारी एवं कुरु (दुर्योधन) पुत्री उदधिकुमारी जैसी सुललित भुजाओं वाली 500 श्रेष्ठ कन्याओं के साथ वैवाहिक-कार्य प्रारम्भ हुआ।। 261।।

(6)

प्रद्युम्न का वैवाहिक-कार्य प्रारम्भ (विवाह-विधि)

पुरन्ध्रियों के द्वारा मंगल-गान घोषित किये गये। यादवों की सेना (इससे) मन में अत्यन्त सन्तुष्ट हुई। श्रीधर (कृष्ण) के साथ सीरी (बलदेव) भी पुलकित हो उठे। रूपिणी का दु:ख भाग खड़ा हुआ। भेरी बजने लगी। श्रेष्ठ पटु-पटह बजने लगे। सटि-सटि, विलि-विलि के मधुर स्वरों के साथ कंसाल, ताल एवं ढिविल बजने लगे। थुम-थुमि-थुम थुमिय स्वर के साथ मृदंगम तथा अंगुलि के प्रहत होकर सैकड़ों लासों के साथ डक्क बाजे बजने

---

(5) 2. अ वं। 3. अ. आ°।

(5) (1) स्फोटित दु:खा:। (2) रतिनाम विद्याधर पुत्री। (3) उदधिमाता दासां सह 500 कन्या विवाहिता।

(6) 1. अ. घु°। 2. अ घु°।

णच्चंति मणोहरु कामिणिहिं गयवाल-मरालइँ गामिणिहिं।
उब्भिय पवणाहय विविह धया [3]घूसिय अणेय मय-मत्त-गया।
मंडिय सवेय रहवर-तुरया सुपसाइय भिच्च स सामरिया।
गयणंगणु छत्तहँ छाइयउ सिगिरि उच्चवणु इव राइयउ।
अहिसिंचेविणु इय वहु करइँ सुपसाइयाइँ रइ-रस धरइँ।
लग्गुग्गमे आसण्णइँ कियइँ णिय पय पिह मुह दंसण थियइँ।
फेडिउ पडु पाणिग्गहणु किउ साणंदाणणु सयणोहु थिउ।

घत्ता— आयार समग्गि वि तेत्थु किय वसुएवें चलेण महुमहणइँ।
परिपुण्ण मणोरह सत्थ हुव कुसुमसरहो परिणयणइँ।। 262।।

(7)

पउमिणिहिमि [1]जह पछइ सरु[2(1)] वर-वेल्लिहिं णं वेढियउ तरु।
ताराहिमि छण-ससि-विंवु जहा दिक्करिणिहिं गउ परियरिउ तहा।
णीहरियउ वरु माइहिं घरहो[(2)] अइ विविह महासोहा हरहो।
पंचमु सए सुवहु संजुयउ चउरियहिं गंपि वइसिवि थियउ।

लगे। गज-गामिनी अथवा हंसगामिनी मनोहर कामिनियों के द्वारा नाच किये जा रहे थे। पवन से आहत होकर विविध ध्वजाएँ फहरा रही थीं। अनेक मदमत्त गज भूषित किये गये। तीव्रगति वाले घोड़े एवं रथवर सजाये गये। प्रसन्न चित्त होकर भृत्यगण अपने स्वामी के कार्यों में लीन होकर कार्यरत थे। गगनांगन छत्रों से आच्छादित था। जो मेरुपर्वत के उपवन के समान सुशोभित हो रहा था। इस प्रकार सुप्रसादित तथा रति-रस-धारी उन दोनों—वर-वधू का अभिषेक किया गया। लग्नोदय पर दोनों को साथ-साथ कर दिया गया। प्रिया अपने पति के मुख-दर्शन हेतु सम्मुख खड़ी कर दी गयी। अन्तर्पट फेरा गया, पाणिग्रहण किया गया और स्वजन समूह प्रसन्न मुख हो उठे।

घत्ता— उस कुसुमशर — प्रद्युम्न के विवाह के अवसर पर विवाह-रस में मग्न जो-जो लोग वहाँ आये, वे सभी वसुदेव के चर — मधुमथन के द्वारा परिपूर्ण मनोरथ वाले हुए।। 262।।

(7)

प्रद्युम्न के वैवाहिक कार्यक्रम

जिस प्रकार सरोवर कमलनियों से ढँका हुआ रहता है, वृक्ष जिस प्रकार उत्तम लताओं से वेष्टित रहता है, पूर्णमासी का चन्द्रबिम्ब जिस प्रकार तारागणों से घिरा हुआ रहता है और जिस प्रकार श्रेष्ठ हथिनी को गज घेरे रहता है, उसी प्रकार वह वर — प्रद्युम्न विविध प्रकार की महाशोभाओं वाले माता के घर से अपनी पाँच सौ बहुओं के साथ बाहर निकला और चौरी (विवाह-वेदी) पर जाकर स्थित हो गया। उसी समय वहाँ प्रेक्षण—

---

(6) 3. अ. भू।

(7) 1-2. अ. जिह पिहेयियउ सरु।

(7) (1) सरोवर। (2) सप्रमान्गृहात्।

पारंभिउ तहिं पेछणउ वरु पयडिय णवरसु णडु सत्त सरु।
गाइज्जइ-गेउ मणोहरउ हरि-सर-सीरिहि णामाहरउ।
काणीण दीण दालिद्दियहँ मग्गण-गण वेयालिय सयहँ।
दालिद्द-छुहाणल-तविय-तणु उण्हाविउ कणय-जलेण पुणु।
पीणिय गह तोसिउ पउरजणु[3] सम्माणिउ णिहुलु [3]सुवण्ण जणु।
इय एसु पयारहिं विहिय ताम आसंधिय दिवस चयारि जाम।

घत्ता— तइलोय पियामहु णाणहरु काम-मोह-भय-वज्जिउ।
सो सिव-सरि सह इव हंसु जह सो जिण भत्तिएँ पुज्जिउ।। 263।।

(8)

इय संजाए विवाहे णरेसर आउच्छिवि हरि-वल परमेसर।
गयणिय-णिय णयरहो आणंदइँ कुमुव णाइँ वियसाविय चंदइँ।
दुक्खु-दुक्खु वि संवरपुर राणउँ सपसायवि सलहेवि अइणाणउँ।
सपिउ ससेण्णु सवाहणु जामहिं मोक्कलिउ गउ खगवइ तामहिं।

(दृश्य-नाटक) प्रारम्भ हो गया। नव-रसों का संचार करने वाले नाटक एवं सप्तस्वर वाला संगीत सुनाई पड़ने लगा। हरि, स्मर (प्रद्युम्न), सीर (बलदेव) के नाम ले लेकर के मनोहर गीत गाये जाने लगे। दरिद्रता रूपी क्षुधा की भूख की अग्नि से सन्तप्त शरीर वाले कानीन (कुमारी कन्याओं से उत्पन्न पुत्र), दीन, दरिद्री, माँगने वाले भिखारियों के समूह तथा सैकड़ों वैतालिकों को स्वर्ण-रूपी जल से स्नान कराया गया। पौर-जनों को खिला-पिला कर खूब सन्तुष्ट किया, समस्त स्वजनों को सम्मानित किया। इस प्रकार लगातार चार दिनों तक वैवाहिक विधियाँ भली-भाँति होती रहीं।

घत्ता— त्रैलोक्य के पितामह (के समान), सम्यग्ज्ञानधारी, काम, क्रोध एवं अहंकार से रहित, शिवश्री—मोक्षलक्ष्मी की सभा के लिए हंस के समान जिनेन्द्र (नेमिनाथ) की भक्तिपूर्वक पूजा की।। 263।।

(8)

सत्यभामा प्रद्युम्न-विवाह से पराभव अनुभव कर अपने पुत्र भानु का विवाह रत्नचूल की विद्याधर-पुत्री स्वयंप्रभा से कर देती है

इस प्रकार विवाह के सम्पन्न हो जाने पर इसी नरेश्वर, परमेश्वर कृष्ण एवं बलदेव से आज्ञा लेकर चन्द्रमा द्वारा विकसित कुमुदों के समान आनन्दित होकर अपने-अपने नगर को चल दिये। मेघकूटपुर के अतिज्ञानी राजा कालसंवर प्रद्युम्न का विवाह देख-देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुए तथा प्रशंसा करने लगे और जब वह खगपति अपनी प्रियतमा, सेना और यान-वाहनों के साथ उस नगर को छोड़कर चला गया, तब उस कुसुमशर—प्रद्युम्न के

---

(7) 3. अ. सुयण।

(7) (3) नागरीलोक.।

कुसुमसरहो परिणयणु णिएप्पिणु सच्चहिं दुह-जलणइँ तप्पइ तणु।
परिहउ असहंतिएँ सुमहंतउ विज्जवेउ णामेण तुरंतउ।
पेसिउ रयणसंचपुरे मणहरे गओ सो रयणचूल खगवइ घरे।
सम्माणिउ साणंदु पयंपइ णिसुणि देवपहु पिय[1] इय जंपइ।
रविकंतहें जा धूव सयंपह दिज्जउ महो तणयहो मुणि-मण मह।
महुयर [1]वयण-पंति आयण्णिय लहु णिय सुय तें भाणुहे दिण्णिय।
किउ पाणिग्गहु तुट्ठ पहिट्ठइँ सम्माणिय असेस सयणट्ठइँ।

घत्ता— ता तिहुअण खोहणु जण-मण-मोहणु सुह-जणंतु णियसयणहँ।
महुमह पिय घरिणिहिं पह जिय तरणिहिं तित्तिदिंतु विहिंणयणइँ।। 264।।

(9)

अणुदियहु वि माणंतउ सु[1]हुसरु जुवइ वयण कंजय-रस-महुयरु।
कित्तिलया छाइय भुवणोयरु पालिय दहविह-धम्म महातरु।
सेविज्जंतु संतु बुह-विंदहिं सलहमाणु वंदारय[2] विंदहिं।

परिणय संस्कार से सत्यभामा दुःखाग्नि में तपकर क्षीण होने लगी। अपने महान् पराभव को सहन न कर पाने के कारण उस सत्यभामा ने तुरन्त ही विद्युद्वेग नामक विद्याधर को मनोहर रत्नसंचयपुर भेजा। वह रत्नचूल नामके खगपति के यहाँ पहुँचा। सम्मान प्राप्त उस विद्युद्वेग ने रत्नचूल से हर्षपूर्वक कहा—"हे देव, हे प्रभु, कृष्णप्रिया—सत्यभामा ने कहा है कि—"रविकान्ता (रत्नचूल की पत्नी) की स्वयंप्रभा नामकी जो पुत्री है, उसे महामुनि के समान मन वाले मेरे पुत्र (भानुकर्ण) को दे दीजिए।" उस महत्तर की वचन-पंक्ति सुनकर उस रत्नचूल खगपति ने तत्काल ही उस सत्यभामा के पुत्र भानुकर्ण को अपनी पुत्री स्वयंप्रभा दे दी। तुष्ट, प्रहृष्ट होकर उसने पाणिग्रहण कराया और सभी आये हुए स्वजनों को सम्मानित किया।

घत्ता— तब त्रिभुवन को भी क्षुब्ध करने वाले, जन-मन को मोहित करने वाले तथा स्वजनों में सुख उत्पन्न करते हुए कृष्ण एवं अपनी प्रभा से सूर्य किरणों को जीतने वाली रानियों के नेत्रों को उन दोनों वर-वधू रूप कर्ण एवं स्वयंप्रभा ने सन्तोष प्रदान किया।। 264।।

(9)

प्रद्युम्न भोगैश्वर्य का जीवन व्यतीत करने लगता है। सुरेश्वर कैटभ पुण्डरीकिणी नगरी में विराजमान सीमन्धर स्वामी के समवशरण में पहुँच कर प्रवचन सुनता है

वह स्मर (प्रद्युम्न) युवतियों के मुख रूपी कमल-रस का मधुकर बनकर प्रतिदिन सुख भोगने लगा। दशविध धर्म रूपी महावृक्ष का पालन करने वाले उस प्रद्युम्न की कीर्ति समस्त संसार में छा गयी। बुध-वृन्दों द्वारा सेवित, वृन्दारक वृन्दों द्वारा प्रशंसित वह मदन विविध क्रीड़ा-विनोदों को करते समय बीते हुए काल को नहीं जान पाया

---

(8) 1. अ प।

(8) (1) कृष्णस्य।

(9) (1) प्रद्युम्न। (2) देवतावृंदे।

विविह-विणोय-कील विरयंतउ मयणु ण मुणइँ कालु इय जंतउ।
ता तेत्थु जि अणोक्कु कहाणउँ संजायउ वहु सोक्ख णिहाणउँ।
अक्कव कइडिहु णाम सुरेसरु सूर सएहिं सेविउ परमेसरु।
लवणोयहि पमुहेहिं रमंतउ सिरि[3]सयंभु जलणिहि पयलंत[1]उ।
गिरि-गुह-वण-उववण वियरंतउ अकिय-जिणेसर-बिंव णमंतउ।
दीवस-पुर वर णयर णियंतउ पुव्वविदेह पढम संपत्तउ।
विसइ पुक्खलावइ सुपसिद्धी णयरि पुंडरिंकिणि जण-रिद्धी।
तहिं सीमंधरु सामि जिणेसरु समवसरण सहियउ ति जगेसरु।
दिट्ठउ णाण-पिंडु अमरिंदइँ संथुउ सविणय सुमहुर-सद्दइँ।
उवविट्ठउ णिय कोट्ठइँ गंपिणु सुणिउ कहंतु अलोउ-लोउ वि जिणु।

घत्ता— बंध-मोक्ख-दव्वाइँ गइ सुहुम पयत्थ थूल णिद्देसइँ।
णव-पय णय[4] धम्माहम्म कह णाण-भेय संहाण सलेसइँ।। 265।।

(10)

विविहाहरण-किरण-विप्फुरियउ चवइ सुरिंदु विणय-जल-भरियउ।
गय भव मज्झु पयासहि सामिय जग णे[1]सर उत्तम-गइ-गामिय।

उसी समय वहाँ विविध सुखों की खान स्वरूप अनेक घटनाएँ (कहाणउँ) घटीं।

सैकड़ों देवों द्वारा सेवित, परमेश्वर पदधारी तथा सूर्य के समान (तेजस्वी) कैटभ नामका सुरेश्वर लवण आदि प्रमुख समुद्रों में रमण करता हुआ श्री स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त पर्वतों, गुफाओं एवं वनों एवं उपवनों में विचरण करता हुआ अकृत्रिम जिनेश्वरों के बिम्बों को नमस्कार करता हुआ, द्वीपों, उत्तमपुरों एवं नगरों को देखता हुआ पूर्व विदेह के प्रथम भाग में आया। वहाँ पुष्कलावती नामके प्रसिद्ध देश में जनों से समृद्ध पुण्डरीकिणी नामकी नगरी थी। वहाँ तीनों लोकों के ईश्वर सीमन्धर स्वामी जिनेश्वर समवसरण में विराजमान थे। उस अमरेन्द्र ने उन ज्ञानपिण्ड प्रभु के दर्शन किये और विनयपूर्वक सुमधुर शब्दों से स्तुति की। फिर वह अमरेन्द्र कैटभ जाकर अपने कोठे में बैठ गया और उन जिनेन्द्र से अलोक-लोक का कथन (उपदेश) सुनने लगा।

घत्ता— बन्ध, मोक्ष, द्रव्य, गतियाँ, सूक्ष्म एवं स्थूल पदार्थों का निर्देश, नव पदार्थ, नव नय, धर्म-अधर्म की कथाएँ, ज्ञान के भेद, संस्थान एवं लेश्याएँ (आदि विषयक प्रवचन) सुने।। 265।।

(10)

सीमन्धर स्वामी द्वारा मधु एवं कैटभ के पूर्वभव वृत्तान्त कथन

विविध आभरणों की किरणों से स्फुरायमान तथा विनयजल से भरे हुए उस सुरेन्द्र ने कहा—"हे स्वामिन्, उत्तम गति में ले जाने वाले हे जगतसूर्य, मेरे पूर्वभवों को प्रकाशित कीजिए।" तब कन्दर्प रूपी सर्प के दर्प को

---

(9) 1. अ °ज्जंत।

(9) (3) स्वयम्भूरमण। (4) नैगमादि-नव नय।

(10) 1. ब जणे०।

ता कंदप्प-सप्प दप्पाहरु कहइ जिणेसरु णिसुणइँ सुरवरु।
तुम्हइँ वेवि हुंत चिरु गोमय[1] असरिस सलिल णिवाय वसइ [2]सय।
पुणु संजाय वेवि दियवर सुव अग्गिभूइ-मरुभूइ विणय जुव।
मुव तहिं सावय-वय पालेविणु [3]हुव सोहम्मि-तियस जाएवि पुणु[4]।
खयकालइँ अमरत्तु मुवाविय उज्झाउरि मणुव तणु पाविय।
पुण्णभद्द मणिभद्द वणीवर दिढ चारित्त दयालुव वयधर।
गय जीविए णरदेहु पमेल्लिवि थिय सहसारेक्क हुव पेल्लिवि।
तहिं विण्णि वि हय दइवें चालिय इंदवित्ति इंदवयहो ढालिय।
णिय माहप्पु अवर किं लेक्खइ आउक्खइँ जयम्मि को रक्खइँ।
कोसलपुरे सुवण्णणाहहो घरे धारिणि उवरे णइँ सयदलु सरे।
उप्पण्णा महु कयडिहु णामइँ दुद्धररिउ रणे रइ असमाणइ।

घत्ता— उग्गय कराल करवाल कर महि समग्ग साहेविणु।
पसइं असज्झु किउ तवयरणु सल्लेहण मणणेण मरेप्पिणु।। 266।।

हरने वाले जिनेश्वर ने कहा—"हे सुरवर, सुनो— तुम दोनों (अर्थात् कैटभ एवं मधु) पूर्व भव में शृगाल शिशु थे और सदा असदृश जल वाले झरने के पास रहा करते थे। पुनः वे दोनों (शृगाल-शिशु) एक द्विजवर के विनय-गुण सम्पन्न अग्निभूति एवं वायुभूति नामके पुत्र हुए। वहाँ वे श्रावकव्रतों का पालन करते हुए मरे और पुनः सौधर्म स्वर्ग में देव हुए। आयु पूरी होने पर अमर-पद छोड़ा ओर अयोध्यापुरी में मनुष्य शरीर पाकर दृढ़ चारित्रधारी, दयालु एवं व्रतधारी पूर्णभद्र, मणिभद्र नामके दो वणिग्वर हुए। आयु पूरी होने पर नर देह छोड़ी और वे दोनों सहस्रार-स्वर्ग में जन्म लेकर स्थित हुए। वहाँ से भी भाग्य के मारे इन्द्रवृत्ति वाले इन्द्र-पद को छोड़कर वे दोनों चले। अपने माहात्म्य का दूसरा कौन लेखा करेगा? आयु के क्षय होने पर जगत् में कोई किसी की रक्षा कर सकता है?

कोशलपुर में सुवर्णनाभ नामके राजा के घर में धारिणी माता के उदर से मधु-कैटभ नाम से उत्पन्न हुए। वे ऐसे प्रतीत होते थे मानों सरोवर में सहस्रदल कमल ही उत्पन्न हुए हैं। वे रण में दुर्धर रिपु के लिए रतिपति के समान थे।

घत्ता— उग्र कराल तलवार को हाथ में लेकर समग्र मही को वश में कर तत्पश्चात् तुमने असाध्य तपश्चरण किया और सल्लेखना मरण-विधि से मरण कर—।। 266।।

---

(10) 2. अ मु०। 3-4. अ हुअउ साणि तियस जाएविणु।

(10) (1) शृगाली।

(11)

अच्चुव सग्गोवरि संजाया सुरवरिंद दिट्ठ वरकाया।
अणुहुँजेविणु अमयासा सिरि जंबूदीवे भरहखेत्तंतरि।
अत्थि विसउ सोरट्ठु रवण्णउँ सरवर-सरि-वण उववणछण्णउँ।
तहिं वारमइ-णाम पुरि पायड पयडिय रयण णाइँ सा गयघड।
तहिं पहु वसइ अद्ध-चककेसरु किण्हु णाम-रूवणियहिं पिउवरु।
ताहँ मणोहरु सुउ विक्खायउ सग्गहो तुव भायरु तहिं आयउ।
मुणिवि वयणु जग गुरुहिं णमंतउ अमरु पयोहर-वहेण तुरंतउ।
गउ अचिरेण जेत्थु ससहोयरु सरिवि सत्त-भवणेह महाभरु।
दिणयर-कोडि-किरण इव पहयरु मणिमउ दारु करेवि करे सुरु।
सो लहु महुमह थणे पइट्ठउ णिहिल णरेसर लोयहँ दिट्ठउ।

घत्ता— जंपइ फुरियारु पहु लइ णरिंद हउँ पइँ संतोसमि।
णिय पियवत्थुच्छले जाहि तुहुँ घल्लेसहि तहे तणुरुहु होसमि।। 267।।

---

(11)

अच्युत देव एक मणिमय हार कृष्ण को भेंट करता है

—वे दोनों अच्युत स्वर्ग में उत्पन्न हुए, जहाँ उन सुरवरेन्द्रों को उत्तम काय वाला देखा गया। अमृताशन देव की श्री को भोगता रहा।

जम्बूद्वीप स्थित भरतक्षेत्र में सौराष्ट्र नामका एक सुन्दर देश है। जो सरोवर, नदी, वन एवं उपवनों से आच्छादित है। वहाँ द्वारावती नामकी सुप्रसिद्ध पुरी है, जहाँ (निरन्तर) रत्न प्रकट होते रहते हैं। वह ऐसी प्रतीत होती है मानों वह स्वागत-घट ही हो। वहाँ अर्धचक्रेश्वर प्रभु रहते हैं, जिनका नाम कृष्ण है और जो रूपिणी के पतिवर हैं। उनका प्रसिद्ध पुत्र अत्यन्त मनोहर है। उन्हीं के यहाँ स्वर्ग के मार्ग से तुम्हारा भाई भी आया है।" त्रिजगत के वचनों को समझकर तथा उन्हें नमस्कार कर वह देव मेघमार्ग से तुरन्त ही चला। वह तत्काल ही वहाँ पहुँचा जहाँ उसका सहोदर भाई था। वह महान् स्नेह से भर उठा तथा उसके सात पूर्वभवों का स्मरणकर वह देव करोड़ों सूर्यों की किरणों समान प्रभा करने वाला मणिमय हार हाथों में लेकर शीघ्र ही कृष्ण के राजभवन में प्रविष्ट हुआ जिसे वहाँ उपस्थित समस्त राजा लोगों ने देखा।

घत्ता— फड़कते हुए अधरों वाले उस प्रभु-देव ने कहा—"हे नरेन्द्र, मैं आपको सन्तुष्ट करता हूँ। अपनी प्रियवस्तु के छल से वह तुम जिसे दोगे, मैं उसी का पुत्र होऊँगा।"।। 267।।

(12)

मा वियप्पु घरि राय णियमणे अवयरेमि इह दहमे वार दिणे।
इय कहेवि गउ सुरु स-वासहे हार [1]ससहर-जोण्ह-भासहे।
ता विसज्जि अत्थाणु राइणा हार चोज्ज अणुराय गाइणा।
कइवयस्स सेवयहँ सह खणे चक्कपाणि [2]वित्तंतु णियमणे।
5 पढम पियहे अप्पमि दिहोयरो[3] पच्छुणिय घर ताम रइवरो[4]।
चवइ णियय जणणिहिं णमंतउ पुव्व वंधु महो विहि-विहित्तउ।
तुज्झु उवरे अवयरइ तह अहं करमि माइ णउ मुणहिं धीमहं।
ता चवेइ भीसमहो पहु सुवा णलिण वेल्लहल पवर वर भुवा।
णरु कहिं त चल्कवइ माणउ अमरु कहिमि सुरवइ समाणउ।
10 जिणवरोव्व सरु समु किज्जज्जए तणउं अवरु किं तुज्झु पुज्जए।
होउ मज्झु जंववइ पियसही विणयवंत गुण-गण महाणिही।
हुवउ एहि सुउ तुहुँ [5]पसाएणं णिसुणिऊण जंपिउ समाइणं।

---

(12)

जाम्बवती को कामरूप अँगूठी देकर प्रद्युम्न उसे सत्यभामा के रूप के समान बना देता है

(वह देव पुनः बोला—) "हे राय, अपने मन में विकल्प धारण मत करो। मैं दसवें दिन यहाँ जन्म लूँगा।" यह कहकर चन्द्रमा की चाँदनी के समान प्रतिभासित होने वाले हार का धारक वह देव अपने निवास स्थान में चला गया। अनुराग-गति वाले उस राजा (कृष्ण) ने हार से आश्चर्य-चकित होकर अपनी सभा विसर्जित कर दी और तत्काल ही अपने कतिपय सेवकों के साथ उस चक्रपाणि ने अपने मन में विचार किया कि—"क्यों न मैं इस हार को अपनी प्रथम पत्नी (सत्यभामा) को भेंट स्वरूप दे दूँ और बाद में अपने घर चलूँ?"

इसी बीच में रतिवर—प्रद्युम्न ने आकर अपनी माता को नमस्कार किया और बोला—"विधि के विधान से मेरा पूर्वजन्म का एक बन्धु (भाई) है, जो तुम्हारे उदर से जन्म लेना चाहता है। उसके लिए हे माता, मैं ऐसा उपाय कर दूँगा कि उस गर्भ की स्थिति को कोई भी बुद्धिमान नहीं समझ पावे।" तब कमल-लता के समान उत्तम दीर्घ भुजाओं वाली भीष्म प्रभु की पुत्री—रूपिणी ने कहा—"तुम जैसा नर-पुत्र कहाँ होगा, जिसे चक्रवर्ती भी मानता हो। अमर और देवेन्द्र भी क्या तुम्हारी बराबरी कर सकते हैं? जो स्मर कामदेव (प्रद्युम्न) जिनवरों को भी सावधान किये रहता है, ऐसा तू अकेला ही मेरे लिए पर्याप्त है, मुझे अब अन्य पुत्र की आवश्यकता नहीं। हाँ, मेरी एक प्रिय सखी जाम्बवती है, जो विनयशीला एवं गुण समूह की महानिधि है। यदि तुम उससे प्रसन्न हो, तो यह देव-पुत्र उसी से उत्पन्न हो (तो अच्छा)।" रूपिणी का कथन सुनकर रतिवर (प्रद्युम्न) ने कहा—"ऐसा ही होगा।"

---

(12) 1. ब ण्ण। 2. अ. चि। 3. ब. गे। 4. ब गे। 5. ब. समाइणं।

घत्ता— वर कामरूव अंगुच्छलिय ता दिण्णीसरेण सिक्खाविय।
णियदेहहो तेण तुरंतियए सच्चहि रूव रिद्धि मणे भाविय।। 268।।

(13)

करेवि सुकेय सुवहे समुणिय तणु तह सिंगारु [1]विण्हु परियण जणु।
ण्हाएवि सुह सलिलेण चउत्थइँ तीय भणंत जुवईयण सत्थइँ।
संचल्लिय रेवयगि[(1)]रि वर वणे कुसुमरसोव[2] सुरहि सालिवि वणे।
तरल-तमाल-ताल तरु दाविणि चंदण तरु[3]-चुवरस करि हय वणि।
5 इय णियंति गय तहिं जहिं हरि थिउ पढम पियए समु संकेउ वि किउ।
ता दिट्ठी सुंदरि सवडम्मुह सुह जल सरे सररुह वियसिय मुह।
अमुणंतेण वि तेण पवंचइँ पियदंसणे वड्ढिय रोमंचइँ।
घित्त स रयणमाल गलकंदले णं सिसु-ससि णिएवि उड्गण [(2)]चले।
दिण्ण वेल साय[(3)]रइं णहंगणे पुणु कीलेवि अणुरत्तइँ णियमणे।

घत्ता— फिर उस स्मर-प्रद्युम्न ने उत्तम कामरूप अँगूठी का छल्ला उस जाम्बवती को देकर उसे सिखा-पढ़ा दिया। उस जाम्बवती ने भी अपने शरीर से तुरन्त ही सत्यभामा के रूप की ऋद्धि का अपने मन में विचार किया।। 268।।

(13)

कृष्ण ऊर्जयन्तगिरि पर मुद्रिका के प्रभाव से सत्यभामा दिखाई देने वाली जाम्बवती को देव-प्रदत्त हार पहिना देते हैं

(जाम्बवती ने उस अँगूठी के प्रभाव से) सुकेत-पुत्री — सत्यभामा के समान शरीर बनाकर विष्णु के परिवार-जनों के योग्य शृंगार-चिह्न धारण कर लिया। पुन: चौथे दिन शुभ-जल से स्नान किया। इस कारण युवतिजनों ने उसे स्वच्छ घोषित कर दिया।

वह जाम्बवती कुसुम रसों से सुरभित, शालवृक्षों से सुशोभित, सरल देवदारु, तमाल एवं ताल वृक्षों से युक्त तथा चन्दन वृक्ष से चूते हुए रसों से आहत हाथियों से व्याप्त रैवंतगिरि (गिरनार) पर्वत की ओर चल पड़ी। वह खोज-बीन करती हुई वहाँ पहुँची, जहाँ हरि—कृष्ण विराजमान थे उस (जाम्बवती) ने उन्हें अपनी प्रथम प्रिया (सत्यभामा) के समान ही संकेत किया। तभी हरि ने अपने सम्मुख विकसित मुख वाली उस सुन्दरी को देखा मानों शुभ्र जल से भरे हुए सरोवर में विकसित कमल ही हो। कृष्ण ने (जाम्बवती के) प्रपंच को नहीं समझा। उस प्रिया को देखते ही उनका मन रोमांचित हो उठा। उन्होंने अपनी रत्नमाला उस (प्रपंचनी जाम्बवती) के गले में डाल दी। वह ऐसी प्रतीत हो रही थी मानों बालचन्द्र के निकट चंचल उडुगण ही एकत्रित हो गये हों। अथवा मानों समुद्र ने आकाशरूपी आँगन को अपनी लहरों से ही तरंगित कर दिया हो। पुन: अपने मन में अनुरक्त होकर उन दोनों ने क्रीड़ाएँ की।

---

(13) 1. अ धि। 2. अ ल्ल। 3. अ घ।

(13) (1) गिरिनारवने। (2) आकाशे। (3) समुद्रेण।

ता अच्चुव चइ देहब्भंतरे थिउ अवयरेवि णाइँ समदलु सरे।
अविरल पुलयइँ [4]फुल्लिय देहइँ रइ विरामि जिय रइ तणु सोहइँ।
फेडिवि अंगुलीउ[(4)] करसाहहो णिरु णिम्मल णह-मणि रुइराहहो।
दरिसाविउ सरूउ णिय-णाहहो रिउ-एणयहँ रणंगणे वाहहो।
अक्खिउ [5]णिसुणि देव सुहसारहो विलसिउ एहु दुक्खु धणुधारहो।

घत्ता— जंववइ णियवि कर पिहिवि मुहुँ मणेवि भिउ णारायणु।
एउ कहिंमि पवंचु ण दिट्ठ मइँ तिहुवण चोज्जुप्पायणु।। 269।।

(14)

सुर-असुरहँ किण्णरगण दीसइ असरिसु सर पवंचु किं सीसइ।
पिए जंत[(1)]हो माहप्पु पसंसमि णं पयंगु हउँ दीवं दंसमि[(2)]।
किर णव-णलिण दीहदलणेत्तहे मयणुप्पाइय परिहव तेत्तहिं।

उसी समय अच्युत-स्वर्ग से चयकर वह (कैटभ का जीव) देव उस जाम्बवती के गर्भ में अवतरित हुआ। वह ऐसा प्रतीत होता था मानों सरोवर में सहस्रदल—कमल ही अवतरित हुआ हो। प्रफुल्लित देह वाली उस जाम्बवती का शरीर अविरल पुलकों से भर गया। रति से विरमित होने पर उसकी देह कामदेव की पत्नी — रति के समान सुशोभित होने लगी। उस जाम्बवती ने अत्यन्त निर्मल प्रभावाली तथा मणियों से जटित उस सुन्दर अँगूठी को अँगुली से निकाल कर रणांगण में शत्रुरूपी मृगों के लिए व्याध (बहेलिया) के समान अपने नाथ कृष्ण को अपना वास्तविक रूप दिखा दिया और कहा — सुख के सारभूत हे धनुर्धारी, सुनो—"लो तुम अब इस दुख को भोगते रहो।"

घत्ता— जाम्बवंती को निकट में देखकर नारायण — कृष्ण ने विस्मित होकर हाथों से अपना मुँह ढँक लिया और कहा—"त्रिभुवन में चोज (आश्चर्य) उत्पन्न करने वाला ऐसा प्रपंच मैंने कहीं भी नहीं देखा।"।। 269।।

(14)

प्रपंच का रहस्य खुलने पर नारायण — कृष्ण आश्चर्यचकित हो उठते हैं। सत्यभामा के साथ वह अपने घर वापिस लौट आते हैं

"उस कामदेव — प्रद्युम्न के असाधारण प्रपंच के विषय में क्या कहा जाय? (सामान्य व्यक्ति की तो बात ही क्या) वह सुर, असुर एवं किन्नरों को भी दिखायी नहीं देता। हे प्रिये, यदि मैं नवीन नलिन के दीर्घ दल के समान नेत्र वाले उस प्रद्युम्न के माहात्म्य की प्रशंसा करूँ तो उसी प्रकार होगा, जैसे मैं सूर्य को दीपक दिखाऊँ। उस मदन—कामदेव के द्वारा किया गया पराभव भी वैसा ही आश्चर्यकारक है। सत्यभामा को वह माला भेंट

---

(13) 4. अ. पुप्फिय। 5. ब. णि।

(13) (4) मुद्रिका।

(14) (1) प्रद्युम्नस्य। (2) सूर्यस्य दीपे भउ उद्योत।

सच्चहिं देमि ताम सा टालिय तुहुं णिय द[3]इवें महु इह मेलिय।
जाहि सभवणहो पुण्ण-मणोरहे अणुहुंजहि सुहु अइ अणुवमु सहे।
गयसाता[4] विलुलंत महाधय रइ-रस-वस सुकेय खगवइ[5]-सुय।
संपत्तिय समीउ हयरिट्ठहो[6] णं सुरसरि पवाहु ससिइट्[7]ठहो।
थियइँ वेवि किसलय सयणायले कुसुमरस धवलिय अलि णहयले।
घित्तइँ विहिमि परोप्परु णेत्तइँ मिलियइँ णिरु सराइं कय चित्तइँ।
ता सउहम्महो मणिगण फुरियउ सच्चहे गब्भवासि अवयरियउ।
मेल्लेविणु विमाणु ससि पहयरु ससिसेहरु णामें सो सुरवरु।

घत्ता— गउ सरहसु सारंगधरु णियमंदिरहो स-पिउ[8] संतोसइँ।
विज्जिज्जमाणु चल-चामरहिं वंदीयण थुणंत जय घोसइँ।। 270।।

(15)

ता सोहग्ग-गव्व णिव्वूढउ विण्णिवि माण-[1]करिंदारूढउ।
विहि उप्पण्ण तणय सुमणोहर एक्कहिं दिणे अणेय लक्खणधर।
संबु-सुभाणु णाम णिम्मल मण जग-जीविय णावइँ सावण-घण।

करनी थी उसे तो उस प्रद्युम्न ने टाल दिया और भाग्य से तुम्हें यहाँ मेरे पास भेज दिया। हे सखि, अब पूर्ण मनोरथ होकर अपने निवास पर जाओ और अत्यन्त अनुपम सुखों का अनुभव करो।" यह सुनकर वह जाम्बवती अपनी महाध्वजा फहराती हुई अपने भवन को चली गयी। इधर, खगपति सुकेत की पुत्री वह सत्यभामा रतिरस के वशीभूत होकर नारायण के पास पहुँची। वह ऐसी प्रतीत हो रही थी मानों गंगानदी का प्रवाह ही समुद्र के पास पहुँच गया हो। वे दोनों आकाश में स्थित भ्रमरों से युक्त कुसुमरस से धवलित शैयातल पर स्थित हो गये। परस्पर में दोनों के नेत्र मिले। फिर हृदय से हृदय मिल कर एक दूसरे की श्वासें मिलने लगीं। तभी मणिगणों से स्फुरायमान शशिशेखर नामका वह सौधर्म देव शशिप्रभा वाले विमान से चयकर सत्यभामा के गर्भ में अवतरित हुआ।

घत्ता— ढुराए जाते हुए चंचल चमरों से सम्मानित तथा जयघोष करते हुए बन्दीजनों से युक्त वह शारंगधर — कृष्ण हर्षित होकर सन्तुष्ट प्रियतमा — सत्यभामा के साथ रथ में बैठकर अपने भवन में जा पहुँचा।। 270।।

(15)

जाम्बवती का पुत्र शम्बुकुमार सत्यभामा के पुत्र सुभानकुमार को द्यूत-विधि में बुरी तरह पराजित कर देता है

तब सौभाग्य के गर्व से परिपूर्ण सत्यभामा एवं जाम्बवती दोनों ही मान रूपी हाथी पर आरूढ़ हो गयी। एक दिन उन दोनों ने अनेक लक्षणधारी सुन्दर पुत्र उत्पन्न किये।

निर्मल मन वाले उन दोनों पुत्रों के नाम शम्बु एवं सुभानु रखे गये। वे ऐसे प्रतीत होते थे मानों जगत् को प्राण देने वाले सावन के मेघ ही हों, अथवा मानों यादव कुल रूपी आकाश के सूर्य-चन्द्र ही हों, अथवा मानों

---

(14) (3) भाग्य व्योम। (4) जंबुवती। (5) सत्यभामा। (6) नारायणस्स।
(7) शशिश्रेष्ट=समुद्रस्य। (8) प्रियासह।

(15) 1. अ. गइंदा।

णं जायवकुल णह-ससि-दिणयर णं पच्चक्ख वे वि मयणहो सर।
णं णिय जणणिहिं आसा-तरुवर णं केसव कित्तिहे विण्णि वि कर।
मेल्लेविणु सिसु-वउ सुह-सायर हुव-जुवाण विण्णाण कलायर[1]।
मउड कुंडल वरहिं विहूसिय कडिसुत्तय कंकणहिंमि भूसिय।
विण्णिवि जुवईयण मणमोहण विण्णिवि पडिभड भंड-णिरोहण।
रहवर-हय-गइंद वाहंतिवि विण्णिवि सह हिंडंति पडंतिवि।
ता एक्कहिं आणंदिय पियरहँ पारंभियउ जूउ-विहि कुमरहँ।
स धण छोह णिवडण दुह-तत्तउ संवु कोडि सोवण्णहँ जित्तउ।
परियत्तिउ सु दुम्मिय मणु मउला वेवि वयणु कुंचेवि तणु।

घत्ता— गउ संवुकुमारु पहिट्ठमणु णिय जणणिहें आवासहो।
सहयर सएहिं परिवारियउ छणउडूवइ पह भासहो।। 271।।

(16)

एवहिं विलक्ख गय सच्चहाम अत्थाणे विण्हु-वल पुरइ ताम।

वे दोनों प्रत्यक्षत: मदन के बाण ही हों अथवा मानों अपनी-अपनी माता के आशा रूपी वृक्ष ही हों। अथवा मानों वे दोनों ही केशव की कीर्त्ति रूपी दो हाथ ही हों। सुख के सागर वे दोनों ही अपना शैशव व्यतीत कर विज्ञान एवं कलाओं के धारी युवक हो गये। मुकुट एवं कुण्डलों से विभूषित तथा कटिसूत्र और कंकणों से सुशोभित वे दोनों ही युवतिजनों के मन को मोहने वाले और शत्रुभटों के भंड (कलह) को रोकने वाले थे। वे रथवर को जोतते घोड़ों पर सवारी करते और गजेन्द्रों पर आरूढ़ होते थे। इस प्रकार वे दोनों साथ ही साथ घूमते-भटकते थे। तभी एक दिन माता-पिता को आनन्दित करने वाले उन दोनों कुमारों ने द्यूत-विधि आरम्भ कर दी। अपने धन के विछोह (जुए में पराजय के कारण सुभानु कुमार) दु:ख से सन्तप्त हो उठा। शम्बुकुमार ने उससे एक कोटि सुवर्ण-मुद्राएँ जीत लीं। इस कारण सुभानु का मन भीतर ही भीतर घुटने लगा। अपना माथा नीचाकर तथा शरीर को संकुचित कर रहने लगा।

घत्ता— तारा-नक्षत्रों के बीच में सुशोभित पूर्णमासी के चन्द्रमा के समान वह शम्बुकुमार अपने सैकड़ों सहचरों के साथ प्रहृष्टमन होकर अपनी माता के आवास पर गया।। 271।।

(16)

मुर्गे की लड़ाई में पराजित कर शम्बु, सुभानु के सुगन्धित द्रव्य को भी अपने विशिष्ट सुगन्धित द्रव्य से नष्ट कर देता है

सुभानु कुमार की पराजय के कारण सत्यभामा बिलखती हुई आस्थान (राज्यसभा) में बैठे हुए विष्णु एवं बलदेव के सम्मुख गयी और (जाम्बवती के मायावी सुपुत्र की) गर्हा करती हुई बोली—"जाम्बवती के मायावी

---

(15) (1) चंद्र।

गरहंति चवइ मायाविएण कय कवडइ जंववइहि सुएण।
जुएण वि हाराविउ सुभाणु लिय कणय-कोडि णिम्महि विमाणु।
एवहँ तुम्हहँ णरवर णियंतु सुव तंवचूल[1] पणए रमंतु।
भज्जइ भिडंतु रत्तच्छु जस्स कणयहो बे-कोडिउ सो जितस्स।
देसइ जंपिवि मेल्लिय विहंग ते चलिर खलिर उद्दिर अहंग।
कयउद्ध कंठ केसर रउद्द जुज्झंति मुक्क अइ-गहिर-णद्द।
चल पक्ख घाय घुम्मंत तट्ठ णह-चंचू पहरहिं वणिउँ णट्ठ।
णिय पक्खि-पेक्खि सच्चंगएण भज्जंतु वि रोस वसंग[1]एण।
वसु वग्ग तेउ दोच्छियउ संवु किं एत्तिएण भणे वहहिं गव्वु।
मेल्लहु इह विण्णिवि विविह दव्व मयणाहि पमुह जे भुवणि भव्व।
जिज्जइ गंधेण वि गंधु जइवि[2] कोडिउ-सुवण्ण चत्तारि तइवि।
अप्पइ इय मण्णिउ विहिमि झत्ति मयणाणु एण कय बुद्धि-सत्ति।

घत्ता— तिल डहेवि पउरु किउ [2]चुण्णु लहु परिमल वहल सुवंधहँ[3]।
परिसेसिउ णिय गंधेण णिरु गंधु असेसहँ[4] गंधहँ।। 272।।

पुत्र—शम्बु ने मेरे सुपुत्र—सुभानु के साथ छल-कपट कर उसे जुए में हरा दिया है और उस निर्मम एवं अहंकारी ने उस (सुभानु) से एक करोड़ स्वर्ण (-मुद्राएँ) ले लिया है। अतः अब, हे नरवर, तुम्हारी देखरेख में (शम्बु एवं सुभानु में से) जिसका रक्त-वर्ण की आँखों वाला ताम्रचूड़ (मुर्गा) मुर्गी के साथ प्रेमपूर्वक रमण करता हुआ एवं भिडन्त करता हुआ पराजित हो जायगा वह विजेता को दो कोटि सोना देगा।" ऐसा कह कर उन्होंने अपने-अपने स्वस्थ पक्षी छोड़े। वे लड़खड़ाते हुए, उछलते हुए कण्ठ ऊँचा उठाये हुए केशर—अयालों को रौद्र बनाये हुए अत्यन्त गम्भीर नाद करते हुए जूझने लगे। चंचल पंखों से घातकर घूमते हुए नखों एवं चोंच के प्रहारों से एक-दूसरे को घायल कर भाग खड़े होते थे। (इसी बीच में) सत्यभामा के पुत्र ने अपने पक्षी को भागता हुआ देखकर वसुदेव के आगे ही रुष्ट होकर शम्बु को दोषी ठहराते हुए कहा—"मात्र इतनी विजय से ही तुम अपने मन में अहंकारी बन गये हो? भुवन में भव्य मदन—कामदेव आदि प्रमुखों के सम्मुख अब यहाँ हम दोनों ही विविध (बहुमूल्य) द्रव्य को दाँव पर लगावें और जिसका सुगन्धित द्रव्य दूसरे के सुगन्धित द्रव्य को जीत लेगा वही (विजेता) चार कोटि स्वर्ण को प्राप्त करेगा।" इसे भी उसने अपने मन में मान लिया और इस प्रसंग में भी मदन — कामदेव के अनुज शम्बु ने झट से अपनी बुद्धि की शक्ति से विचार कर लिया और उसने—

घत्ता— तत्काल ही तिलों को जलाकर प्रचुर मात्रा में चूर्ण बनाया और उसे इतना सुगन्धित बना दिया कि उसने अपनी गन्ध से सुभानु के सुगन्धित द्रव्य की समस्त सुगन्धि को नष्ट कर दिया।। 272।।

---

(16) 1. ब 'त'। 2. ब 'छ'।

(16) (1) कुर्कट युग्मेन। (2) जदिचेत्। (3) तेषां गंधाना। (4) तिल चूर्णेन।

(17)

स सच्चहाम ताम कोव जुत्तिया चवेइ होउ[1] [1]एणयवहि णिरुत्तिया।
वरं वरप्पुहाए[2] जस्स अंवरं णिहिप्पए वि तेण तस्स कव्वुरं।
सुवण्ण अट्ठ-कोडि तु समप्पए समासिऊण दिव्ववत्थ जिज्जए।
पदंसिया पसंस विज्ज थामिणं सुसंवुणा सिणिद्ध दित्ति कामिणं।
5 फुरंतया सुवत्थ विविह सुद्धया सुभाणु वत्थरुइ खणे णिसिद्धिया।
विणिज्जियं धणंपि तत्थ तेण जं गहेवि दीण लोयविंद वंदिणाण जं।
पमाण माय दिव्व-कणय-कोडिहिं पया[3] असेस पूरिया कया दिहिं।
थुउ जएण कित्ति-वेल्लि कंदउ स अम्मिया[4]स अंधिवस्स कंदउ।
सविक्कमो गुणट्ठ [2]वायवंतउ इलाइ लोउ होइ तह णिरुत्तउ।
10 थिउ सुभाणु मलिय माणु असि[3]य आणणो भणेइ सच्चहा महोउ कउतुकं पुणो।
विचित्तयं गहेवि लहु पसाहणं करेहु तुरिउ बे वि तुरिय वाहणं।
जिणेइ जस्स अस्सु[5] जो ण हरइ जणमणं सोढेइ तस्स सुप्पयासु एक्क कोडि वर धणं।

---

(17)

शम्बुकुमार दिव्य-वस्त्रों की प्रतियोगिता में भी सुभानु को पराजित कर देता है

तब निरन्तर कोप से युक्त रहने वाली उस सत्यभामा ने कहा—"अब यह विधि अपनायी जाय कि—"जिस श्रेष्ठ (व्यक्ति) की उत्तम प्रभा से उसका वस्त्र (अम्बर) कर्वुर नामक रत्न की प्रभा को जीत लेगा उसे आठ करोड़ स्वर्ण-मुद्राएँ समर्पित की जायेंगी।" यह कहकर उसने जगत को जीतने वाले दिव्य-वस्त्र उस (शम्बु) को दिखाये। तब उस कामदेव — प्रद्युम्न ने भी अपनी प्रशंसनीय विद्या का चमत्कार कर दिखाया। उसने शम्बु को अत्यन्त स्नेहपूर्वक दैदीप्यमान काम्य (अभिलषित) सुन्दर एवं विविध प्रकार के सुन्दर वस्त्र प्रदान किये। शम्बु के उन स्फुरायमान वस्त्रों ने सुभानु के वस्त्रों की रुचिरता को क्षण भर में समाप्त कर दिया। इस प्रकार उस शम्बु ने आठ करोड़ स्वर्ण मुद्रा वाले उस दिव्य धन को भी जीत लिया और उसे लेकर धैर्यशाली ने दीन-हीन एवं बन्दीगणों को दान कर दिया, जिससे समस्त प्रजाजनों की इच्छाएँ पूर्ण हो गयीं। कीर्त्ति रूपी बेल के कन्द के समान वह शम्बु अपनी माता तथा अन्धकवृष्टियों की आशाओं का पुंज था। उसकी जगत में स्तुति की गयी। वह विक्रमशाली अष्टगुणों से युक्त तथा निरन्तर दानवीर था। उसके कारण पृथिवी के लोग धन्य हो उठे। धवलानन उस सुभानु का मुख अपनी पराजय के कारण मलिन हो गया। यह देखकर सत्यभामा बोली—"मेरा एक और कौतुक हो।" विचित्र शरीर वाले दो घोड़ों को तुरन्त तैयार करो। जिसका घोड़ा जन-मन का हरण नहीं कर पायेगा। (वह एक कोटि मुद्रा हार जायगा) और जिसका घोड़ा जीतेगा, वह उससे एक कोटिवर धन प्राप्त करेगा।

---

(17) 1. अ. पण। 2. अ. चा। 3. ब. 'मि'।

(17) (1) पूर्यता। (2) प्रभया। (3) प्रजा। (4) मातास वृक्षस्य। (5) अश्व।

घत्ता— वरवत्थहार सिंगारधर कुंडल-मउडालंकरिय।
तुरया वलग्ग रेहंति कह णं सुर सग्गहो अवयरिय।। 273।।

(18)

पुलण-खलण-उल्ललवालणं भमण-दमण-दिढ वग्गु [1]चालणं।
वग्ग-लग्ग-मग्गे पयट्टणं उब्भ-खुब्भ-खुर-खोणि घट्टणं।
एम संवुणा वाह-वाहणं किउ सुभाणुणा तह ण साहणं।
ताम णायरीयणु पयंपए सर-सहोयरस्समु ण को जए।
5 रूव-पवर सेणंपि अहियरो समु हवेइ किं भाणु भायरो।
णिय विह राणिय सुवहो हरि-पिया हिम-हयाहे पोमि-णिहि णिह थिया।
चवइ सच्च सकसाय एरिसं रे हयास तुव कत्थ पउरिसं।
मयण रइव विण्णाण केण तणउ मज्झु णउ तुज्झु हाण।
अहव किंतु मित्था पलावणं करहु वेवि णिय सेण्ण दावणं।
10 होइ हीणु चमु जस्स सो तहो देह पुव्व धणइ ण इयरहो।

घत्ता— उत्तम वस्त्र एवं हार का शृंगार कर, कुण्डलों एवं मुकुटों से अलंकृत होकर वे दोनों घोड़ों पर चढ़े हुए किस प्रकार सुशोभित हो रहे थे? उसी प्रकार, मानों देव ही स्वर्ग से उतर आये हों।। 273।।

(18)

घुड़सवारी एवं सैन्य प्रदर्शन में भी शम्बु, सुभानु को पराजित कर देता है

पुलण (पुलक-पुलक कर चलाना), खलण (लड़खड़ा कर चलाना), उल्लवण (कुछ उचक-उचक कर चलाना), चलण (कुछ वेग गति से चलाना), भमण (कुछ घूम-घूमकर चलाना), दमण (रुक-रुक कर चलाना), जोर से लगाम खींच कर चलाना, लगाम खींचकर मार्ग में ले आना, लगाम खींच कर (घोड़े को) उछाल देना, लगाम खींच कर घोड़े को कुदा देना, भूमि पर खुर रगड़कर चलाना आदि क्रियाओं के साथ शम्बु कुमार ने घोड़े की सवारी की। किन्तु सुभानु घोड़े की सवारी शम्बु के समान नहीं साध सका। यह देखकर नारीसमूह कहने लगा कि "संसार में स्मर—प्रद्युम्न के भाई—शम्बु के समान कोई भी नहीं है। वह कामदेव की प्रवर सेना से भी अधिकतर ही है, भानु का भाई—सुभानु उसके समान कैसे हो सकता है? हरिप्रिया (सत्यभामा) अपने पुत्र को पराजित देखकर हिमाहत कमलिनी के समान शिथिल पड़ गयी। तब सत्यभामा ने कषाय-सहित पुनः ऐसा कहा—"रे हताश, इसमें तेरा पुरुषार्थ कहाँ? (अर्थात् तुझे अपना पुरुषार्थ दिखाने का अवसर कहाँ मिला?) यह तो मदन द्वारा रचित विज्ञान के द्वारा ही हो रहा है। इससे मेरी या तेरी हार नहीं मानी जा सकती। अथवा, इस मिथ्या प्रलाप से क्या लाभ? अब तुम दोनों अपनी-अपनी सेनाओं का प्रदर्शन करो। जिसकी सेना हीन होगी वह विशाल सेना वाले को अपूर्व धन देगा, इतर को नहीं।" सत्यभामा के इस कथन को उन दोनों ने अपने

---

(18) 1. ब. वा'।

मण्णियइँ मंतेहिं तक्खणे णिग्गयं वलं सहरिसं मणे।
तुरय-दुरय-रह-सुहड असरिसं छत्त-चमर-धय-कय णहं[1] किसं।
संवु सेणु वड्ढिसु सविक्कमं ता सुभाणु णिम्मह वि उज्जमं।
गउ मुएवि छलु णिय णिहेलणं दित्त-चित्त सोहा णिहेलणं।

15 घत्ता— अहि णिंदिवि आलिंगिउ हरि वलेइ जं चवइ सुउ।
उच्छंगे णिवेसिउ सहरिसहिं वहु विण्णाण-कला-जुउ।। 274।।

(19)

इय सच्चंगउ परिवह दुहेण णं तरुव झुलुक्किउ हुव वहेण।
कमलु व हिम-हउ परियलिय[1] छाउ थिउ तह विवणम्मणु कसण काउ।
णउ ण्हाणु-विलेवणु एक्कु भोउ ण हसइ ण रम[1]इ ण करइ विणोउ।
तं णियवि सुकेसुयाएँ चविउ सुउ सुट्ठ माण-कुंजरेण [2]खविउ।
5 परिहव हुवासु उल्हाइ जेम णिय तणयहो मणे तं करमि तेम।

मन में तत्काल ही स्वीकार कर लिया और सहर्ष अपनी-अपनी सेना निकाली। असाधारण तुरंगों (घोड़े), द्विरदों (हाथियों), रथों, सुभटों, छत्रों, चमरों एवं ध्वजाओं से नभ को भी कृश कर दिया गया। इस प्रकार शम्बु की सेना विक्रम पूर्वक बढ़ती रही। तब सुभानु ने भी अपने उद्यम का मन्थन किया और अपनी अवमानना देखकर तथा अपनी पराजय का अनुभव कर छल-कपट त्यागकर भाग खड़ा हुआ।

घत्ता— यह देखकर हरि कृष्ण ने अपने उस पुत्र — शम्बु का अभिनन्दन किया, आलिंगन कर बलैयाँ लीं और चुम्बन किया, फिर विविध विज्ञान एवं कलाओं से युक्त उसे हर्षपूर्वक अपनी गोद में बैठा लिया।। 274।।

(19)

पुत्र सुभानु की पराजय से निराश होकर सत्यभामा उसका मनोबल बढ़ाने के लिए दूसरा उपाय खोजती है

इस प्रकार पुत्र के परिभव के दुःख से वह सत्यभामा उसी प्रकार झुलस गयी जिस प्रकार अग्नि से वृक्ष। उसके शरीर की कान्ति हिमाहत कमल के समान हो गयी। वह विवर्ण-मन (उदास-चित्त) एवं कृशकाय हो गयी। न तो वह स्नान ही करती थी और न विलेपन और न कोई भोग ही भोगती थी; वह न हँसती थी, न बोलती थी और न विनोद ही करती थी। उस अपने (उदास) पुत्र को देखकर वह सुकेत-सुता (सत्यभामा) अपने मन में बोली—"मेरा पुत्र (सुभानु) शम्बु के मान रूपी कुंजर से नष्ट हो रहा है। जिस प्रकार (हवा से) अग्नि बढ़ती है उसी प्रकार परिभव से मेरे पुत्र का सन्ताप भी बढ़ता जा रहा है। अतः अपने पुत्र के मनोबल को बढ़ाने के लिये में कोई उपाय करूँ।" इस प्रकार विचार कर उसने एक महान् पत्र लिखकर तड़ित्वेग नामक विद्याधर को

---

(18) (1) आकाश।

(19) 1. अ. मे; ब स। 2. अ ठ।

(19) (1) शोभा रहित।

ले हत्थु वि मोक्कलिउ [3]महंतु तडिवेउ णाम गउ णहु तुरंतु।
पत्तउ रहणेउर-चक्कवालु जहिं पहु अगइ णर णियर कालु।
चंदोयरु खगवइ तासु घरिणि आसत्त करिंदहो णाइँ करिणि।
[4]ससिलेहा णामें णिरु सुरूव[5] णामेणाणुद्धरि तासु धूव।
10 मंडलिय-मउड संघडिय पाउ उवविट्ठउ खगवइ रायराउ।
अत्थाणे णमंतु वि सो पइट्ठु अब्भागउ पयड तहँ वइट्ठु।

घत्ता— अप्पियउ लेहु विणयायरेण लेवि तेण लहु वायउ।
परियाणिवि भेउ पहिट्ठएण सच्च दूउ पोमाइउ।। 275।।

(20)

भो महो मणे णिवसइ एहु कज्जु आएसु ससहि संपत्तु अज्जु।
जसु जीउ वि दिंतु ण करमि संक तहो कज्जो धीय रहम्मि एक्क।
इय जंपिवि दूउ विसज्जिऊण मणिमय-आहरणहिं पुज्जिऊण।
पुणु दिण्णु पयाणउ झत्ति तेण सपिएण सदुहियइँ सहरिसेण।

भेजा। वह विद्याधर भी तुरन्त ही आकाश मार्ग से चला और वह रथनूपुर चक्रवाल में पहुँचा। वहाँ चन्द्रोदर नामक खगपति राज्य करता था जो अपने पराक्रम के कारण शत्रु-मनुष्यों के लिए काल के समान था। उसकी गृहिणी का नाम शशिलेखा था, जो अत्यन्त सुन्दर थी। वह उसमें उसी प्रकार आसक्त रहता था, जिस प्रकार हाथी अपनी हथिनी में। उन दोनों के अनुन्धरी नामकी एक पुत्री उत्पन्न हुई। माण्डलिक राजाओं के मुकुटों से संघटित चरण वाले राजराजा खगपति जहाँ बैठे थे, उस आस्थान (राजसभा) में जाकर उस तड़ित्वेग ने नमस्कार करते हुए प्रवेश किया तथा वह अभ्यागत प्रकट रूप में वहाँ बैठ गया।

घत्ता— उस (सन्देशवाह तडित्वेग) ने विनय एवं आदरपूर्वक सत्यभामा का वह लेख-पत्र उस खगपति चन्द्रोदर को अर्पित कर दिया। उसने भी उस पत्र को तत्काल ही पढ़ा। प्रहृष्टमन उस खगपति ने पत्र के रहस्य को समझ लिया। इस कारण सत्यभामा का वह दूत भी प्रमुदित हो उठा।। 275।।

(20)

अनुन्धरी एवं सुभानु का पाणिसंस्कार

(वह खगपति चन्द्रोदर बोला) —"हे दूतराज तडित्वेग, यह कार्य मेरे मन में बैठ गया है। अब आज मुझे अपनी बहिन का आदेश भी प्राप्त हो गया है, जिसके लिये कि प्राण देने में भी मुझे शंका नहीं। उसी के निमित्त मेरे घर में यह कन्या सुरक्षित है।' यह कहकर हर्षित होकर उसने उस दूत को मणिमय आभरणों से सम्मानित एवं विसर्जित कर तत्काल ही प्रयाण भेरी बजवा दी। सामन्त, मन्त्री, भट, श्रेष्ठ रथ, हय, यान, विमान एवं

---

(19) 3. अ तुरंतु। 4-5. अ. ससिलेहा सा फरिसिउ चरणु निरुसरूउ।

सामंत-मंति भडरहवरेहिं हइ जाण-विमाणइँ कुंजरेहिं।
परियरिउ[1] जंतु दि[1]यहेहिं पत्तु धय-छत्तहिं छाइउ दह-दियंतु।
पइसारिउ चंदोयरु पुरम्मि वहु उच्छवेण णिय सिरेहरम्मि।
हरि-वलह णेहरस-णिब्भरेहिं सुपसंसिवि सम्माणियउ तेहिं।
विरइय सुभाणुहे मण-मणोज्जु खगवइ-सुव सहुँ परिणयण कज्जु।
मणि-गण विप्फुरियइँ मंडवेण णच्चंत ल्हासरस-तंडवेण।
वज्जिय तूरहिं गिय-मंगलेहिं धय-दप्पण सिय चमरहिं चलेहिं।
इय विविहा[2]हर-पुरंधियाहँ पयडिय किउ पाणिग्गहणु ताहँ।
तोसेवि सयण पीणिय वराय पुज्जिय खगणाहइँ सहु सहाय।

घत्ता— थिय गव्वुव्वूढ सुकेयसुव पुलइउ वउ वेल्लहल कर।
गउ चंदोयरु णिय पुरवरहो पणवेप्पिणु हरि-हलहर।। 276।।

(21)

एतथंतरे रइरमणहो जणणिए णिय दूवउ दिग्गय गइ-गमणिए।
संपेसिउ गउ सो कुंडिणपुरे पंचवण्ण मणिगण स खंचिय घरे।

कुंजरों से घिरा हुआ द्विजवरों, अपनी प्रियतमा एवं पुत्री — अनुन्धरी के साथ चला। उसकी ध्वजाओं एवं छत्रों से दशों-दिशाएँ आच्छादित हो गयीं। "जब चन्द्रोदर सत्यभामा के नगर में आया तब स्वयं नारायण ने अनेक उत्सवों के साथ उसका नगर प्रवेश कराया और हरि-बलभद्र के स्नेह-रस में पगे हुए उस चन्द्रोदर की प्रशंसा कर नारायण आदि ने सपरिवार चन्द्रोदर को सम्मानित किया। खगपति-पुत्री—अनुन्धरी के साथ परिणय-कार्य हेतु सुभानु के मन को मनोज्ञ बनाकर वह सत्यभामा मणिगणों से स्फुरायमान ताण्डव नृत्य एवं रास-लीलाओं से युक्त मण्डप में गयी और बजे हुए तूरों, मंगल-गानों, फहराती हुई ध्वजाओं, दर्पणों, शुभ्र चंचल चामरों के बीच तथा विविध आकृतियाँ धारण करने वाली पुरन्ध्रियों के सम्मुख उन दोनों वर-वधू का पाणिग्रहण-संस्कार करा दिया गया। स्वजनों को सन्तुष्ट कर सहायकों सहित खगनाथ का सम्मान किया गया।

घत्ता— विवाहोपरान्त सुकेत-सुता (सत्यभामा) गर्व से फूल उठी। बेला (लता के) समान उसका शरीर पुलकित हो गया। चन्द्रोदर भी हरि-हलधर को प्रणाम कर अपने नगर को वापिस लौट आया। ।। 276।।

(21)

राजा रूपकुमार अपनी बहिन रूपिणी द्वारा प्रेषित विवाह-प्रस्ताव को ठुकरा देता है

इसी बीच दिग्गज-गति गामिनी रतिरमण की माता रूपिणी ने अपने दूत को कुण्डिनपुर भेजा। वह दूत विशाल एवं उन्नत सुन्दर कोट वाले, दुर्गम, प्रचुर भवनों से युक्त, नागरिक-जनों से भरे हुए हाटों एवं मार्गों वाले कुण्डिनपुर में पहुँचा। वहाँ पंचवर्ण के मणि-समूह से खचित घर (राज-भवन) के अनिन्द्य दरवाजे में प्रवेश

---

(20) 1. ब. हिं। 2. अ. 'य'।

(20) (1) वेष्टितः।

साल[1] सुरुदं पउर हरि दुग्गमे हट्ट-मग्गे णायर-जण संगमे।
पइसेविणु थिउ वारि अणिंदहो पडिहारइँ दक्खविउ णरिंदहो।
अवलोइउ सह-मंडवे राणउ भीसम तणय रूउ णामाणउ।
परिमिउ णरवरहँ पियरह दुहहरु णावइ उडु-गणेहिं छण-ससहरु।
पणवंतेण तेण आहासिउ देव-देव तुव भइणिएँ पेसिउ।
करि महग्घ-मइँ जायवलोयहो दरिसिय सयणत्तणु वहु भोयहो।
माहवियाहें देहे उप्पण्णउ वइयंभी विचित्त वे कण्णउ।
देहि पढम मयणहो महो तणयहो संवुहि तहव दुइज्ज सवियणहो।
तं णिसुणेविणु हसिउ समच्छरु थिउ रउद्द णं मीण सणिच्छरु।
जंपइ अइ विरुद्ध रोसारुणु भो रूवणिहि णामु मा चवि पुणु।
वंधव पियर सयण अवमाणिणि जा अहिलसिय[2] पियहो थिय माणिणि।
कवणु कण्हु हलहरु को भण्णइँ मयणु स संवु कवणु पहु मण्णइँ।
वीर चंडाल सुवहँ णिय दुहियउ· देमि ण ताहँ जाहि मइँ कहियउ।

घत्ता— इय विरस वयण वेहावियउ दूउ णियत्तु पत्तु णिय पुरवरु।
विण्णविउ तेण तं रूविणिहिं जइ भायरहँ वुत्तु[1] णेहब्भरु।। 277 ।।

किया। वहाँ उसे नरेन्द्र के प्रतिहारी ने देखकर सभा-मण्डप में भिजवा दिया, जहाँ उस दूत ने भीष्म राजा के पुत्र "रूपकुमार" इस नाम से प्रसिद्ध राजा के दर्शन किये। दुखहारी वह राजा अपने आसपास अनेक राजाओं से उसी प्रकार घिरा हुआ बैठा था, मानों उडुगणों से पूर्णमासी का चन्द्रमा ही घिरा बैठा हो। उसे प्रणामकर उस दूत ने कहा—"हे देवाधिदेव, मुझे आपकी बहिन ने यहाँ भेजा है और कहलवाया है कि—"महार्घ मति, विविध भोगैश्वर्य वाले यादव लोगों के प्रति अपनी घनिष्ठता दिखाइये। आपकी देह से माधवी एवं वैदर्भी नामकी दो विचित्र (सुन्दर) कन्याएँ उत्पन्न हुई हैं। उनमें से प्रथम पुत्री मेरे मदन — प्रद्युम्न को तथा दूसरी पुत्री मेरे विनयशील शम्बु को दे दीजिए।" दूत का वचन सुनकर रूपकुमार मत्सर भाव से हँसा और फिर उसी प्रकार रौद्र रूप धारण कर लिया, जिस प्रकार मीन राशि का शनीचर रौद्र रूप धारण किये रहता है। पुनः क्रोध से तमतमाकर वह अत्यन्त विरुद्ध स्वर में बोला—"हे दूत, उस अहंकारिणी रूपिणी का नाम मत लो, जिसने अपने बन्धु-बान्धवों एवं स्वजनों को अपमानित कर स्वयं अपने ही अभिलषित प्रेमी का हाथ पकड़ा। कौन है वह कृष्ण, और हलधर किसे कहा जाता है? ये मदन एवं शम्बु भी कौन माने गये हैं? हमारी दोनों पुत्रियों के लिये चाण्डाल अच्छे माने जा सकते हैं किन्तु जहाँ तुमने मुझे देने को कहा है वहाँ नहीं दूँगा।"

घत्ता— इस प्रकार रूपकुमार के विरस वचन सुनकर वह दूत अपने नगर वापिस लौट आया और उसने रूपिणी को वह समस्त वृत्तान्त कह सुनाया जो उसे उसके स्नेही भाई ने कहा था।। 277।।

---

(21) 1. अ मुक्कू।

(21) (1) कोट। (2) अभिलाषित्।

(22)

जं जि सहोयरेण अवमाणिय तं हरि-भज्ज सुट्ठु विद्दाणिय।
ता मयरद्धएण आहासिउ को वलुवंतु अम्मिमहो पासिउ।
णियमणेण धरि विसाउ पमेल्लहि दे आएसु अम्मि मोक्कल्लहि।
इय जंपिवि कम-कमल णवेविणु णिग्गउ संवु-समउ विहसेविणु।
5 गल-गज्जंत वेवि संचल्लिय पलय समुद्द णाइँ उच्छल्लिय।
पुणु थोवंतरम्मि जाएविणु विहि मायंग-रूउ लहु लेविणु।
कुंडिणपुरवरें ते पइसेविणु दिट्ठु वियब्भु राउ पणवेप्पिणु।
ते जंपंति देव आयण्णहिं सइँ उल्लविउ वयणु जइ मण्णहिं
एरिसु चवइ लोउ हरि-पट्टणे दुट्ठाराइ-सेण्ण-दल वट्टणे।
10 णिय दुहियउ भीसम णिव तणुरुहु सवएहिमि देसइ सररूह मुहु।
णिसुणेविणु अम्हइँ हरि-गायण विविह गीय-रस चोज्जुप्पायण।
सुकुल सुरूव सधणु सवियक्खण आविय तुव पुरवरे गोरक्खण।
देहि सकण्ण स जुवलु परिणेसहु मणिहारुव वच्छयले घुलेसहु।

---

(22)

माता — रूपिणी के अपमान से क्रोधित होकर प्रद्युम्न एवं शम्बु डोम का रूप धारण कर कुण्डिनपुर जाते हैं और राजा रूपकुमार से उनकी पुत्रियों के साथ अपने विवाह का प्रस्ताव रखते हैं

चूंकि सहोदर ने ही अपमानित किया था, अत: वह हरि-भार्या (रूपिणी) अत्यन्त दु:खी एवं निराश हो गयी तब मकरध्वज — प्रद्युम्न ने उससे पूछा—"मेरे सामने हे मात, कौन अधिक बलवान है? अपने मन में विषाद मत धारण करो, उसे छोड़ो। हे माँ, मुझे — हमें आदेश देकर उसे छोड़ो। "यह कहकर तथा उसके चरण कमलों में नमस्कार कर, हँसकर शम्बु के साथ निकल गया। वे दोनों ही गल-गर्जना करते (गाल गजाते) हुए चले। वे ऐसे प्रतीत होते थे मानों प्रलय समुद्र ही उछालें भर रहा हो। थोड़े ही समय में जाकर उन दोनों ने शीघ्र ही मातंग (डोम) का रूप धारण कर लिया। वे कुण्डिनपुर में प्रविष्ट हुए और उस विदग्ध राजा रूपकुमार को देखा। उसे प्रणामकर उन दोनों ने कहा—आपने जो वचन कहे थे, उन्हें मानिए, दुष्ट शत्रुओं के सैन्य-दल का मन्थन कर देने वाले हरि-कृष्ण के पट्टन — द्वारावती में लोग ऐसा कह रहे हैं कि "भीष्म राजा का पुत्र — राजा रूपकुमार अपनी कमलमुखी दोनों पुत्रियाँ चाण्डाल-पुत्रों को देगा।" इस कथन को सुनकर ही हम आपके नगर में आये हैं। हम लोग हरि का गान करते हैं, गीतों में आश्चर्यजनक रीति से विविध रसों को उत्पन्न करते हैं। हम लोग अच्छे कुलवाले हैं, अच्छे रूपवाले हैं, धनी हैं, विचक्षण हैं, गोरक्षण करनेवाले हैं अर्थात् ग्वाला हैं। अत: अपनी दोनों कन्याओं का हम दोनों के साथ परिणय कर दो और मणिहार के समान ही हमारे वक्षस्थलों पर लगकर हमसे घुल-मिल जाओ।

घत्ता— आयण्णेवि वियल्भु वाड[1]वग्गि इव पज्जलिउ।
हणु-हणु-हणु पभणंतु विज्जुज्जलु असिकरे कलिउ।। 278।।

(23)

चवंति महंत[1] पमुक्कलेव तुमंपि सचरि[2]यहँ पाविउ देव।
णिवारिउ राय म एरिसु कज्जु करेहि पवड्ढइ विग्गहु अज्जु।
हरी-वलहद्द-पयाव समुद्दें व वुड्डहि सेण्ण समाणु रउद्दें।
ण थक्कु विरुद्धु वियल्भु भणेण स भिच्च असेस पवोल्लिय तेण।
हणेउ रउद्दु वि डिंडिमु ताम भवाडहु पट्टण पासहिं जाम।
पबंधहु रासहरोहेविणोहु[3] जियंतवि सूलिहिं वेवि मरहु।
इय णिसुणेविणु संवु पलित्तु हुवासणु णाइँ घिए[1]ण वसित्तु।
भणेइ हयास अहमुहु थाहि वलेण समाणु ण एत्थहो जाहि।
अहं तुव गोत्तहो पत्तु कयंतु ण चुक्कइ एक्कु जि मज्झु जियंतु।
सरेण सविज्ज पयावइ देसु णिरुंभिउ डोंवहं-सव्वु पएसु।
सो मग्गु-अमग्गु ण आवणु तत्थ सुरालउ मंदिरु सवयण जत्थ।

घत्ता— उन दोनों का प्रस्ताव सुनकर विदग्ध राजा — रूपकुमार वाडवानल की तरह प्रज्ज्वलित हो गया और हनो, हनो, हनो कहते हुए उसने बिजली के समान उज्ज्वल तलवार हाथ में ले ली।। 278।।

(23)

असह्य अपमान के कारण डोम वेशी प्रद्युम्न अपनी विद्या के चमत्कार से कुण्डिनपुर को उजाड़ देता है

(विषम परिस्थिति देखकर) मद रहित महामन्त्रीगण कहने लगे कि, "हे देव, (इस राज्य को) आपने अपने चरित्र-पुरुषार्थ से प्राप्त किया है। अतः हे राजन, इसे सुलझाइए। हे आर्य ऐसा कार्य मत कीजिए, जिससे विग्रह बढ़े। हरि एवं बलभद्र का प्रताप रौद्र समुद्र के समान है, अपनी सेना के साथ उसमें मत डूबिए। वह विदग्ध राजा रूपकुमार अपने मन से उनका विरोध करने से नहीं रुका और अपने समस्त भृत्य — सेवकों को आदेश दे दिया कि — भयानक रूप से डिंडिम नाद कर दो और समस्त पट्टन में एवं उसके पार्श्व भागों में घुमा दो। इन अविनीतों को बाँधकर गधे पर बैठा दो और जीते जी शूली पर चढ़ा दो जिससे वे मर जायें।" विदग्ध राजा रूपकुमार का यह कथन सुनकर शम्बुकुमार प्रज्ज्वलित हो उठा। ऐसा प्रतीत होता था मानों अग्नि ही घृत पा कर प्रदीप्त हो उठी हो। वह बोला—"हे हताश, अधोमुह होकर रह। इस संसार में बलदेव के समान कोई भी बली नहीं है। तेरे गोत्र के कृतान्त के रूप में मैं यहाँ पहुँच गया हूँ। मेरे जीते जी अब एक भी शत्रु नहीं बचेगा।" उस स्मर—कामदेव ने भी अपनी विद्या को आदेश दिया, जिसने इन दोनों डोमों की सुरक्षा के लिए समस्त प्रदेश घेर लिया। वहाँ मार्ग, अमार्ग में बदल गये, बाजार नष्ट हो गये, देवालय एवं भवन भी न रहे।

---

(22) 1. अ ल।

(23) 1. ब. णि। (23) (1) मंत्रिणः। (2) निजचरणेप्राप्त। (3) चढायित्वा।

घत्ता-- चंडाली हूयउ सयलपुरु अइविंभियउ लोउ जूरइ मणे।
कोलाहलु गहिरु समुच्छलिउ भिडिउ वियब्भु वि मायंगहो रणे।। 279।।

(24)

सहुँ सेण्ण-सण्णहिवि तुरंतउ दुद्धर-सर-धोरणि पेसंतउ।
किर उच्छालिउ रूउ समरंगणे ता रइरमणइँ चिंतिउ णियमणे।
मुक्क सविज्ज पवंचें धाइय हुववह[1] वेसइँ कहिमि णमाइय।
जालावलि-जलंत गय-कत्तहँ फुट्ट-तडत्ति वंस धय-छत्तहँ।
5 कय इंगाल-पुंज रह-वरसय पक्खर पज्जलंत लोट्टिय हय।
णर-णरिंद तण्हइँ ऊणल्लिय जीय विमुक्क थक्क णउ चल्लिय।
पय[2] पणट्ठ विहडप्फड कंपइ पुक्कारइ कहिं गछहु जंपइ।
धूमा[1]उल समाण परिरक्खइ णिय-णिय दविणहो कारणे कंखइ।
अइ आरिट्ठु भणेवि विहुणेवि सरु होसइ किंपि चवहिं वुहयण णिरु।
10 रणे वियब्भु [3]सवएहिं णिरुद्धउ उरे चप्पेवि चोरु इव वद्धउ।
झूरंतहँ परियण सूसयणहँ माण-विमुक्खहँ मउलिय वयणहँ।

घत्ता— नगर के समस्त जन चाण्डाल हो गये। लोग अत्यन्त आश्चर्य में पड़ गये और मन में झूरने लगे। वहाँ बड़ा भारी कोलाहल उठा तथा विदग्ध रूप राजा भी रण में उन मातंगों से भिड़ गया।। 279।।

(24)

विदग्ध राजा रूपकुमार एवं उसकी दोनों पुत्रियों का प्रद्युम्न एवं शम्बु द्वारा अपहरण

विदग्ध राजा रूपकुमार अपनी सेना के साथ तैयार हो गया और तुरन्त ही दुर्धर बाणों की पंक्तियाँ छोड़ने लगा। इस प्रकार उसने समरांगण को ऊपर उछाल दिया। यह देखकर रतिरमण अपने मन में चिन्तित हो उठा। उसने अपनी विद्याशक्ति छोड़ी और प्रपंचपूर्वक दौड़ा। उसने ऐसा अग्निवेष धारण किया कि वह कहीं भी समाया नहीं। गजों के गात्र ज्वालावलि से जलने लगे। ध्वजाओं एवं छत्रों के बाँस तड़तड़ा कर फूटने लगे। अंगारों के समूह बनकर रथों पर बरसने लगे। घोड़ो के पलान-वस्त्र जलने लगे और घोड़े लोटने लगे। नर एवं नरेन्द्र प्यास से तड़फने लगे। वे प्राण छोड़ कर निश्चेष्ट निश्चल हो गये। प्रजा हड़बड़ा कर, काँपती हुई नष्ट होने लगी और पुकारने लगी कि—"कहो कहाँ जायँ? धुएँ से व्याकुल होकर भी अपने-अपने द्रव्य की सुरक्षा की आकांक्षा से अपनी सुरक्षा का प्रयत्न करने लगे। किन्तु स्मर—प्रद्युम्न ने अति अरिष्ट कहकर सभी को विधुनित कर डाला। तब बुधजन कहने लगे कि अब क्या होगा? उन चाण्डाल रूप सखाओं ने रण में उस विदग्ध राजा को घेर लिया तथा उसकी छाती को चाँप कर उसे चोर की तरह बाँध लिया। तब उसके परिजन झूरने लगे। स्वजन मान से विमुक्त हो गये तथा उनके मुख बन्द हो गये। फिर दोनों पुत्रियों को हरकर तत्क्षण ही वे दोनों

---

(24) 1. ब चु।

(24) (1) अग्निवेषेण। (2) प्रजा। (3) चाण्डाल-रूपसखा।

दुहिएहि[4]मि सद हरेवि खणंतरे पत्तु जवेण चउब्भुव पुरवरे[5]।

घत्ता— विप्फुरिय वयणु उद्धसिय तणुसरु णयरिहिं पइसरइ कह।
णिहणेविणु गयजूह णिय मंदिरे णं सीहु जह।। 280।।

इय पज्जुण्ण कहाए पयडिय धम्मत्थ-काम-मोक्खाए बुहरल्हण सुव कइसीह विरइयाए रूवे कण्णाहरणं णाम **चउदहमी संधी** परिसमत्तो।। संधी: 14।। छ।।

पुष्पिका

यत्काव्यं साहाय्य समवाप्य नात्र सुकवेर्प्रद्युम्नकाव्यस्य य:,
कर्ताभूद्भवभेदनैक चतुर: श्री सिंह नामाशमी।
साम्यं तस्य कवित्व गर्व्व रहित: सहित: को नाम जातौ वनौ।
श्रीमज्जैनमते प्रणीत सुपथे सार्थ: प्रवृत्तिर्क्षम:।। ध्रुवकं।।

वेगपूर्वक चतुर्भुज के नगर द्वारावती में आ पहुँचे।

घत्ता— स्फुरायमान मुख तथा ओजस्वी शरीरवाला वह स्मर — प्रद्युम्न उस द्वारावती नगरी में किस प्रकार प्रविष्ट हुआ? उसी प्रकार जिस प्रकार गजयूथों को मारकर सिंह अपने निवास-स्थान पर लौटता है। ।। 280।।

इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष को प्रकट करने वाली बुध रल्हण के पुत्र कवि सिंह द्वारा विरचित प्रद्युम्न कथा में "राजा रूप और उसकी कन्या के अपहरण" नामकी **चौदहवीं** सन्धि समाप्त हुई।। सन्धि: 14।। छ।।

पुष्पिका—कवि-परिचय

काव्य-शास्त्र की सहायता पाकर सुकवि कहलाने वाला भी कवि जिस प्रद्युम्न-कथा को न लिख पाया, उसी प्रद्युम्न-कथा का कर्त्ता संसार के ज्ञान में चतुर सिंह नामक एक शमी कवि हुआ। इस पृथिवी पर उस गर्वीले कवि सिंह के समान सुप्रसिद्ध अन्य कौन सा ऐसा कवि हुआ, जो श्रीमज्जैनमत द्वारा निर्दिष्ट सुपथ में सार्थक रूप से प्रवृत्ति करने में सक्षम हो?।। ध्रुवक।।

---

(24) (4) पुत्राण्या सह रूपगता वद्धो भगनी गृहे यत्र-तत्र आगत:
(5) द्वारावती नगरे।

पण्णरहमी संधी

(1)

दुवई— जह रावण-तण[1]एण पवणंगउ वंधेविणु।
तह वियब्भु[2] मयणेण दंसिउ हरि पणवेप्पिणु।। छ।।

ता सिरिहरेण सहत्थइँ मेल्लिवि उववेसिउ आसणे उच्चल्लिवि।
पुणु सुमहुर-वयणहिं सम्माणिउ मा सुमणें जं अवमाणिउ।
तं णिय सस-सुवासु खम किज्जइ आहासइ वियब्भु पहु पुज्जइ[3]।
णियय सहोयरि मइँ णिब्भंछिय अवरु रि तुज्झु केर णउ इंछिय।
फलु संपत्तु मइंमि दुव्वयणहो एत्थु ण दोसु देव किं मयणहो।
विणउ चवंतु पसंसिउ रामें सज्ज सभुवण विणिग्गिय णामें।
दिण्ण सरयण-कोस-गय-रहवर हय-भूसण-सुवत्थ वहु पुरवर।
दुद्दम सुहड-णिवह रणे दवणहो लहु विरइउ विवाहु रइरमणहो।
वइयंभी सहु सुट्ठु सुसोहणु संवुहे तह[4] किउ असुह-णिरोहणु।
पाणिग्गहणु वि समउ विचित्तिएँ णिज्जिय छण-ससि णिय-मुह दित्तिएँ।

पन्द्रहवीं सन्धि

(1)

कृष्ण से क्षमा-याचना कर रूपकुमार अपनी दोनों पुत्रियों का विवाह प्रद्युम्न एवं शम्बु के साथ कर देता है

द्विपदी— जिस प्रकार रावण-पुत्र इन्द्रजीत ने पवनांगज हनुमान को बाँधा था, उसी प्रकार मदन-प्रद्युम्न विदग्ध राजा को बाँधकर ले आया और हरि को प्रणामकर उन्हें दिखाया।। छ।।

तब श्रीधर ने स्वयं अपने हाथों से उसके बन्धन छोड़कर तथा उसे लेकर उच्च आसन पर बैठाया। पुनः सुमधुर वचनों से उसका सम्मान किया और कहा कि—"सुमन–पुत्र प्रद्युम्न ने जो अपमान किया है, उससे उस पर क्रोध मत करना, वह आपकी बहिन का ही पुत्र है अतः उसे क्षमा कीजिएगा।" तब विदग्ध रूप राजा उन प्रभु—कृष्ण से बोला—"हे प्रभु मेरी आशा पूर्ण कीजिए। मैंने अपनी सहोदरी बहिन की भर्त्सना की है और आपके किसी सम्बन्धी को भी मैंने नहीं चाहा। अब मैंने अपने उन्हीं दुर्वचनों का फल पा लिया है। हे देव, इसमें मदन का कोई दोष नहीं। राम — कृष्ण द्वारा प्रशंसित वह रूपकुमार विनयपूर्वक अपने मन ही मन में कहने लगा कि—(अपनी इस उदारता के कारण ही) यह कृष्ण भुवन की शोभा स्वरूप एवं इनका नाम विश्व में विख्यात हो गया है।" उस (रूपकुमार) ने रत्न, कोष, गज, उत्तमरथ, घोड़े, आभूषण, सुन्दर वस्त्र, अनेक समृद्ध नगर रण में दुर्दम सुभट-समूह एवं सुवर्णादि दहेज में देकर शीघ्र ही रतिरमण — प्रद्युम्न के साथ (अपनी प्रथम कन्या का) विवाह कर दिया। विषम एवं विचित्र परिस्थितियों में भी अशुभ निरोधक सुशोभन नक्षत्र में अपनी अत्यन्त सुन्दरी तथा अपनी मुख-कान्ति से पूर्णमासी के चन्द्रमा को भी निर्जित कर देने वाली वैदर्भी नामकी दूसरी कन्या

---

(1) (1) इन्द्रजितः। (2) राजा रूपकुमार। (3) ममपूर्यताम्। (4) विवाहे।

अइ उच्छवइ सयण परिओसइँ पडह-सद्द-मंगल णिग्घोसइँ।

घत्ता— रूवेण विवाहाणंतरइँ णिय वहिणिहिं कम-कमल णवेविणु।
जं अविणउ किउ माइ मए तं खमेहि जंपिउ विहसेविणु।। 281।।

(2)

दुवई— मंति महंत सुहड सेणावइ सरयण-कोस-सय समं।
महु रज्जं समप्पि मयणस्स अहं सेवेमि तुव कमं[1]।। छ।।

ता जंपिउ भीसम णिव दुहियइँ सत्तावीसज[2]जोयण मुहियइँ।
मयणु-संवु जे तुव आणायर णंद-वड्ढणिय पुरवरे भायर।
सीराउहइँ रूउ मोक्कल्लिउ गउ ससेण्णु णव-णेह-रसोल्लिउ।
णिय-मंदिरे साणंदु पइट्ठउ उर पमाणे हरिवीढे णिविट्ठउ।
एत्तहे जुवईयण-मण-सल्लहो को वण्णइँ विलासु जगमल्लहो।
कामिणि कर-चालिय सिय-चमरहिं थुव्वंतउँ णर-खेयर-अमरहिं।
गिज्जंतउ णारय तुंबु रहमि कीलावसु वियरंतउ पुरहिमि।

का पाणिग्रहण अनेक उत्सवों (नेग-दस्तूरों) के मध्य स्वजनों के मंगल-घोष तथा पटह — वाद्यों की ध्वनियों सहित शम्बु के साथ भलीभाँति कर दिया।

घत्ता— विवाहोपरान्त उस रूपकुमार नामक विदग्ध राजा ने अपनी बहिन के चरण-कमलों में नमस्कार कर हँसते हुए कहा — हे माई, मैंने जो तुम्हारी अविनय की है, उसे क्षमा करो।" ।। 281।।

(2)

राजा रूपकुमार प्रसन्नचित्त होकर वापिस लौट जाता है। प्रद्युम्न अपने विमान से सदल-बल क्रीड़ा हेतु निकलता है

द्विपदी— "मन्त्री, महान् सुभट, सेनापति, सैकड़ों रत्न युक्त कोष के साथ-साथ अपना राज्य मदन को सौंप कर मैं तुम्हारे चरणकमलों की सेवा करूँगा।" ।। छ।।

तब 27 नक्षत्रों के स्वामी — चन्द्रमा के समान मुखवाली भीष्म राजा की पुत्री — रूपिणी उससे बोली— "नगर में आनन्दवर्धक मदन और शम्बु ये दोनों ही भाई तुम्हारे आज्ञाकारी हैं।" सीरी (बलभद्र) आदि ने उस रूपकुमार को विदाई दी। नवीन स्नेह के रस में सराबोर वह रूपकुमार भी सेना सहित वहाँ से चला और अपने भवन में सानन्द प्रवेश कर उर प्रमाण सिंहासन पर बैठ गया और इधर युवतिजनों के मन में सालने वाले उस जगद के मल्ल —प्रद्युम्न के विलासों का वर्णन कौन कर सकता है? कामिनियों के हाथों द्वारा चालित शुभ्र-चमरों से युक्त, मनुष्यों, खेचरों एवं देवेन्द्रों द्वारा स्तुत तथा नारद की तुम्बुरु (वीणा) द्वारा गीयमान वह प्रद्युम्न क्रीड़ावश नगर में भ्रमण करता हुआ सरोवरों, नदियों, वनों, उपवनों, ग्रामों, मनोहर सीमाओं वाली उभय

---

(2) (1) पदकमल। (2) चंद्र।

सरवर-सरिवण-उववण गमहिं उहयसेढि सुमणोहर सीमहिं।
विसवहे[3] दीव[4] असेस णियच्छइ गिव्वाणु वि सविमाणहिं गच्छइ।

घत्ता— आलाव णिउरे संजोइयइँ सवरिहिं[5] कंदर-वासिणिहिं।
सलहिज्जइ जसु हरिणंदणहो णच्चंतिहि सुविलासिणिहिं।। 282।।

(3)

दुवई— जं जं णिय मणम्मि पवियप्पइ तं-तं लहइ रइवरो।
भणु भुवणयले तस्स किं दुल्लहु जस्स स पुण्णु सहयरो।। छ।।

चंदणेण थोवेण[1] लेवणं विविह कुसुम-रय दिण्णु दियमणं।
अद्धवरिस[2] मोत्तियहँ सारउ अइ-पलंबु कंठयले हारउ।
दोलायाण लीलइँ रमंतउ [1]पंचमोससाला वियंतउ।
किसलयोह[3] अहिणव णियंतउ जुवइ सिहि णउरे पेल्लयंतउ[2]।
तिविहि[4] पवणु कलियंठि कलुवरो[5] महु[6] समागमे तासु सुहयरो।
जक्खयं सियं [3]धोय अंवरं चंद कि[4]रण कमलायरं वरं।

(विद्याधर) श्रेणियों, समुद्रों, समस्त सुन्दर द्वीपों एवं स्वर्ग की अपने ही विमान से यात्रा करता है।

घत्ता— कन्दराओं में निवास करने वाली भिल्लनियाँ उसके आलाप अपने हृदयों में संजोने लगीं तथा नाचती हुई सुविलासनियाँ हरिनन्दन — प्रद्युम्न के यश की प्रशंसा करने लगीं।। 282।।

(3)

कामदेव प्रद्युम्न की वसन्त एवं ग्रीष्म-कालीन क्रीड़ाएँ, वसन्त एवं ग्रीष्म ऋतु-वर्णन

द्विपदी— "वह रतिवर प्रद्युम्न—अपने मन में जिस-जिस वस्तु की कामना करता है, वह उसे स्वतः प्राप्त हो जाती है। कहो, कि जिसका मित्र (स्वयं) पुण्य हो, भुवनतल में उसे क्या दुर्लभ रहता है?"।। छ।।

वह सोने-चाँदी के स्तवक-मिश्रित चन्दन का लेप करता था। प्रतिदिन विविध कुसुम-रज का सेवन करता था और सूर्यकान्तमणि प्रदत्त अर्धतोला प्रमाण मुक्तासार (मोतियों की भस्म) का सेवन करता था। पर्याप्त लम्बा कण्ठहार धारण करता था। हिन्दोले में लीलापूर्वक रमण करता था, उसी समय कोकिलों में पंचमस्वर का संचार करता हुआ, अभिनव किसलय समूह को दिखाता हुआ, युवतिजनों में कामाग्नि जगाता हुआ, वामांग, दक्षिणांग एवं पृष्ठांग रूप त्रिविध पवन का संचार करता हुआ, कोकिलाओं के कण्ठ को मधुर बनाता हुआ उस कामदेव—प्रद्युम्न को सुख देने वाला मधुकाल—वसन्त ऋतु का समय आ गया। आकाश, यक्ष द्वारा धोए गये शुभ्र वस्त्र के समान हो गया, कमल-समूह चन्द्रकिरणों के समान सुशोभित होने लगा, सरोवर स्वच्छ एवं शीतल जल से सुन्दर दिखायी देने लगे, मल्लिकापुष्प सरस लगने लगे, उनकी सुगन्धि कस्तूरी की परिमल से मिश्रित हो उठी। कामरस में

---

(3) 1-2. अ. ×। 3. अ सें°। 4. अ °चलण।

(2) (3) समुद्र। (4) द्वीपानि। (5) भिल्लणीभिः।

(3) (1) समूहेनस्तवकेन। (2) छहमासे मात्रं मुक्ताफलैः = अर्द्ध तोला प्रमाण मुक्तानि। (3) कमलपत्र। (4) वामांगः दक्षिणांगपृष्टौ-मद सीता स्निग्ध सुगधवा। (5) कोकिला। (6) वसंत।

सच्छ सीय णिरु सरस मल्लि[7]यं एण-णा[8]हि परिमल-समल्लियं।
रमण दक्ख रमणी समल्लियं रइय सट्ट-णट्टय रसुल्लयं।
गमइँ वासरं वर लयाहरे दोलमाण चमराण समाहरे।
णालिएर दक्ख रसायणं सक्कराय-केलाण-पाणयं[9]।
थड्ढ-दहिय कप्पूरे वाणियं गिंभयम्मि ते णेय माणयं।
छूह[10] - पंकय तुंग मंदिरं अक्खजूव[11] विरइय रइ चिरं।
रसिय जलय णच्चंत वरहिणं मेहडंवराणं सुपरिहणं।
केलि-कील सीमंतिणी सहं गयण वडिय धावंतवि सवहं[12]।
ललिय-गीय कव्वंति पाइयं[13] इट्ठ-गोट्ठि जणवय विणोइयं।

घत्ता— धारा कयंव केयइ पवर मालइ स कुसुमरयालइँ।
विज्जुज्जलु सुरधणु मंडियए सुहु एरिसु वरिसालइँ।। 283।।

(4)

दुवई— भुवणत्तय जणस्स सुमणोहरु सविलासेण सक्कउ[1]।
दाणालीढ करुव रयणं सुज्जोइउ सहइ णं गउ।। छ।।

उल्लसित रमण-दक्ष वह प्रद्युम्न रमणियों के साथ मिलकर सट्टक एवं नृत्य रास रचाने लगा।

ग्रीष्म काल में दोलायमान चामरों से युक्त विमान सदृश उत्तम लतागृहों में दिन व्यतीत करने लगा। नारियल एवं द्राक्षा के रसायन, शर्करा एवं केला के पानक, कर्पूर मिश्रित गाढ़े जमे हुए दही का पानी (लस्सी) खूब छक कर पीता था।

चूना पुते हुए उन्नत भवन में दीर्घकाल तक वह रतिवर अक्ष-जुआ (चौपड़) खेलता रहता था। फव्वारों की रिमझिम-रिमझिम वर्षा में मेघाडम्बर के समान दिखायी देने वाले मयूरों के नृत्य देखता था। सीमन्तिनियों के साथ केलि-क्रीड़ाएँ करता था, आकाश-मार्ग में दौड़ते हुए (विसवह—) मेघ देखता था, ललित-गीत प्राकृत-काव्य एवं जनपद का विनोद करने वाली इष्ट-गोष्ठियाँ किया करता था।

घत्ता— (इसी बीच में) जलधारा के साथ कदम्ब, केतकी, मालती, आदि प्रवर पुष्प-रज- समूह से युक्त तथा स्फुरायमान विद्युत एवं इन्द्रधनुष से मण्डित सुखद वर्षाकाल आ गया।। 283।।

(4)

प्रद्युम्न की शरद एवं हेमन्त ऋतु कालीन विविध-क्रीड़ाएँ

द्विपदी— भुवन-त्रय के लिए अत्यन्त मनोहर, विलासों में इन्द्र के समान तथा रत्नों से विभूषित वह अनंग मदजल से युक्त हाथी के समान सुशोभित हो रहा था।। छ।।

महानील मणि के समान नील पथ वाले आकाश में मनोरम उज्ज्वल शुभ्र दिशा में कम्पायमान चंचल पत्तों वाली लताओं एवं वृक्षों से युक्त एक स्निग्ध भूमि प्रदेश को देखता है। शम्बु का वह उत्तम ज्येष्ठ भाई प्रद्युम्न

---

(3) (7) जातीपुष्प। (8) कस्तूरी। (9) पानकं। (10) चूनैः। (11) सारिपासे। (12) मेघः। (13) प्राकृतं।

(4) (1) इन्द्रवत्।

महामणि णील-पहम्मि णहम्मि मणोरम-उज्जल-आस-[1]मुहम्मि।
णिएइ सिणिद्ध पएसइ[2]लाहे लयातरु-पत्त चलंत चलाहे।
पगज्जिय संभु तणू[3] तम-मेहिं थिवेवरि चित्त पवित्तिए गेहि।
पयं[2] पिवि सक्कर पउर विसीसु[3] सुसायइ[4] सीउ[5] - सरंतु रईसु।
सुचंपय-पउम-अंतय-वउल विमुद्दिय[6] रुणिय भमर-उल।
सुहसरयम्मि रमेइ समाणु लहेइ सुइच्छइ ताह पमाणु।
हिमेण विमद्दिय सयल वणाइँ पलोयइ सालि विसा[4]ले वणाइँ।
सेवत्तिय-कुंद-कुमुअ-मचकुंद णीलोप्पल-वंधुअ[7]-वियसिय रुंद।
[5]सिरोवडि णेसइ वण्ण विचित रसेइ रसायण सुट्ठु पवित्त।
अहणिसु अयरु डहिज्जइ दिव्वु हिमागमे सेवइ एरिसु सव्वु।
णिवंधइ वेणिय-दंडु सिरम्मे वसेइ सिरम्मे णिरंध[8] घरम्मे।
ण छोल्लइ दंत ण सेल्लइ कंत वरुंचइ मंचइ सेज्ज महंत।
समोढइ रत्तउ कंवलु चारु विलेवणु कुंकुम सीयवु हारु।
सुउण्हउ भोयणु तुप्प सुअंधु[6] मलिद्धिउ माणइँ संबुहे वंधु।

घत्ता— जइ होउ त होउ अणंग समु णरु सयणासा पूरणु।
णिद्दइउ गलिज्जउ गब्भे थिउ जणणि सिहिण उल्लूरणु[9]।। 284।।

उसे परिमार्जित कर चित्त की प्रवृत्ति के अनुसार घर बनाकर उसमें रहने लगता है। वह रतीश (प्रद्युम्न) मिश्रित दुग्ध पानकर उसका आस्वादन लेता था। सीता-सरोवर के किनारे रमण करता था। रुण-झुण-रुण-झुण करते हुए भ्रमरकुलों से व्याप्त विकसित सुन्दर चम्पक, पद्म तमाल एवं बकुल-पुष्पों से सुशोभित शरद-काल में रमणियों को साथ में लेकर इच्छानुसार भोग-भोगता था, समस्त वन हिम से विमर्दित था। वह विशाल, शाल वृक्षों वाले वनों को देखता था। सेवन्ती, कुन्द, कुमुद, मचकुन्द, नीलकमल, बन्धूक (जपाकुसुम) जाति के विशाल विकसित विचित्र पुष्पों को देखता था। भली-भाँति तैयार किये गये पवित्र रसायनों का स्वाद लेता था। अहर्निश दिव्य-अगुरु जलाया जाता था। हेमन्तु ऋतु के आगमन पर यह सब सेवन किया जाता था। सिर में वेणी-दण्ड (मफलर) बाँधता था, भवन-शिखर को निरन्ध्र (छिद्र रहित) कर उसमें बसता था। न (ज्यादा देर तक) दाँत रगड़ता था, न अपनी कान्ति को सजाता था। महार्घ शैया के मंच में अधिक रुचि रखता था। शम्बु का वह भाई प्रद्युम्न भली-भाँति लाल सुन्दर कम्बल ओढ़ता था, विलेपन करता था, शीतल कुंकुम लगाता था और हार धारण करता था। सुन्दर उष्ण एवं सुगन्धित भोजन, घी को इच्छानुसार ग्रहण करता था।

घत्ता— यदि मनुष्य होना हो तो स्वजनों की आशा पूरी करने वाले अनंग—प्रद्युम्न के समान बनना चाहिए। माता के गर्भ में आकर निर्दयता पूर्वक उसके गर्भ को गलाने वाले तथा उसके स्तनों को शिथिल करके (प्रद्युम्न के विपरीत काम कर) माता को लजाने वाला मनुष्य नहीं बनना चाहिए।। 284।।

---

(4) 1. ब. सुं। 2-3. अ. पिवेइ पयंपि सुसक्कर मीसु।
4. अ. ×। 5. अ. गयोवडि। 6. अ. °भु।

(4) (2) पृथिव्यां। (3) पुत्रपटले। (4) आस्वादयति। (5) सीतासरोवर।
(6) विकसित पुष्पे। (7) जपा-कुसुम। (8) छिद्ररहित। (9) माता स्तनौशिथलीकरण।

(5)

दुवई— चित्त[1]-पयंगु णाइँ तेयड्ढुवि छण-ससि मंडलाणणो।
भोयासत्तु गवइ णिसि वासरु अरि-उरे-वंस-दारणो।। छ।।

इय जा वच्छइ पुरि वम्मीसरु संपत्तउ फग्गुण णंदीसरु।
ता चिंतइ पसणु-मणु रइवरु डज्झउ धम्म विहणउँ जो णरु।
ण मुणइँ किं पि हियाहिउ गावइ खज्जइ रवणवि पडुल्लउ पावइ।
दिज्जइ जमहो विहँ जे विणु वलि फिट्टइ णउ कयावि पुणु भव सलि।
करमि किंपि हउँ धम्महो कारणु सिव-सुहयरु दुग्गइहे णिवारणु।
भरहवि णिम्मियाइँ तिजगेसहँ कइलासोवरि जिण चउवीसहँ।
अट्ठाहियउ वियंभिवि भावइँ ण्हवण तण दीवय थुइ रावइँ।
चल्लिउ हय-गय-रह-जंपाणहिं छत्त-महाधय दिव्व-विमाणहिं।
हिमहर-हास सरिस चमरोहइँ विज्जिज्जंतु मयणु वहु सोहइँ।
गउ संवुहि समाणु तहि णरहरि दिट्ठु तरंग-भंग गंगासरि।

---

(5)

फाल्गुन मास के अठाई-पर्व के आते ही प्रद्युम्न में धर्म-प्रवृत्ति जागृत होती है और वह कैलाश-पर्वत के जिनगृहों की वन्दना हेतु वहाँ पहुँचता है

द्विपदी— चित्र (चैत्रमास) के सूर्य के समान तेजस्वी, पूर्णमासी के चन्द्रमण्डल के समान भद्र मुख वाला, अरिसमूह के वंश के हृदय को विदीर्ण करने वाला वह प्रद्युम्न भोगासक्त रहता हुआ अपने दिन-रात व्यतीत कर रहा था।। छ।।

इस प्रकार विलास-क्रीड़ाएँ कर जब वह कामदेव-प्रद्युम्न अपनी नगरी में वापिस लौटा तभी फाल्गुन-मास का नन्दीश्वर पर्व आकर उपस्थित हो गया। तब वह रतिवर प्रसन्नचित्त होकर विचार करने लगा—"जो मनुष्य धर्म-विहीन है, उसका जीवन व्यर्थ है। वह कुछ भी नहीं समझता, केवल अपने स्वार्थ की बातें ही गाता रहता है, जो रमण-भोगों में आसक्त रहता है, वह (निःसन्देह) ही संसार-पटल प्राप्त करता है।

जो बिना बलि के ही यम को अपनी बलि देते रहते हैं, उनका भव-शल्य (कभी) नहीं कटता। अतः अब मैं कुछ धर्म-कार्य करूँ, जो दुर्गति का निवारण कर सुखकारी शिवगति प्रदान करा सके। अतः भरत (चक्रवर्ती) द्वारा निर्मापित कैलाशपर्वत के ऊपर त्रिजगदीश्वर जिनेन्द्रों की चौबीसी में जाकर इस अठाई पर्व में विशेष श्रद्धा-भावना पूर्वक उन (जिनेन्द्रों) का अभिषेक कर स्तुति पूर्वक दीपक जलाना चाहिए। "यह विचारकर हय, गज, रथ, पालकी के साथ छत्र, महाध्वजा एवं अन्य शोभाओं से युक्त दिव्य-विमान में बैठकर वह प्रद्युम्न हिमगृह के हासोल्लास के समान चामर-समूहों की ढुरानों से युक्त होकर शम्बु एवं अन्य प्रधान पुरुषों के साथ चला। वहाँ (मार्ग में) उसने तरंग-भंगियों से युक्त गंगा नदी देखी। वहाँ आनन्द से भरकर गिरिवर (हिमालय) को

---

(5) (1) चित्तसूर्येन।

अवलोइउ साणंदइ गिरिवरु णं महि-महिलाए उब्भिउ णियकरु।
सावएहिं सेविउ णं मुणिवरु मोक्खु व सिद्ध सहिउ णं दुहहरु।
15 विविह-रयण रइयइँ जिण गेहइँ घंटा-धय-तोरण कय सोहइँ।
पेछेविणु सविमाणहो तुरियउ जय-जय-जय भणंतु ऊयरियउ।

घत्ता— भुवणत्तय णाहहँ केवलवाहहँ भव्वंवुरुह दिणेसरहँ।
कम्मट्ठ-विणासहँ तच्च पयासहँ थुइ आढत्त जिणेसरहँ।। 285।।

(6)

दुवई— असि-मसि-किसि सुपमुह पसु-पालणु पइँ परमेस ईरियं।
कप्पद्दुमहं - छेइ छुह वेविरु भुवण जणंपि-धीरयं।। छ।।

पणवेइ सुरिंद-[1]णरिंद णुवं रिसहंपि रिसीसर[1] संघ थुवं।
अजियं जिय अंगय मोह डरं जं इह परलोयहो सोक्खवरं।
5 संभव भवोह कय णिरु विरमं संभव देवं वंदे परमं।
अहिणंदण णंदिउ तुव चरियं जं हरिहर-वंभह णउ धरियं।
सुमयं सुमयं[2] सुपयासिरियं वंदेसु पहुं समए सुरयं।

